आज़ादी का अमृत महोत्सव

गेल (इंडिया) लिमिटेड



# हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर




























# वार्षिक रिपोर्ट 2021-22

संभावनाओं को प्रोत्साहन







## हरित ऊर्जा
## की दिशा में अग्रसर

ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के संबंध में दुनिया की बढ़ती चिंताओं ने स्थायी ऊर्जा के लिए विश्व स्तर पर ठोस बदलाव लाने का आह्वान किया है। ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते, गेल स्वच्छ और सस्ते ईंधन पर ध्यान देने के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत में प्राकृतिक गैस के नेटवर्क का विस्तार करने के लिए गेल के अथक प्रयासों से सीजीडी के नए शहरों और नगरों तक पहुंचने के स्पष्ट परिणाम सामने आ रहे हैं। कंपनी ने हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए पवन, सौर, सीबीजी और हाइड्रोजन में अपनी ऊर्जा विविधता का विस्तार किया है। इस 'हरित ऊर्जा के साथ सामन्जस्य' से गेल बेहतर दुनिया बनाने के लिए बदलाव का सूत्रपात कर रहा है।












# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 01. | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश | 02 |
| 02. | कॉर्पोरेट परिदृश्य | 05 |
| 03. | निदेशक मंडल | 16 |
| 04. | बोर्ड की रिपोर्ट | 29 |
| 05. | प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण | 41 |
| 06. | निगमित नियंत्रण संबंधी रिपोर्ट | 63 |
| 07. | सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट | 84 |
| 08. | व्यवसाय उत्तरदायित्व और स्थायित्व रिपोर्ट | 109 |
| 09. | पांच वर्ष की रूपरेखा | 145 |
| 10. | पृथक वित्तीय विवरण | 153 |
| 11. | सीएंडएजी की टिप्पणियां – पृथक वित्तीय विवरणों पर अनुपूरक लेखापरीक्षा | 261 |
| 12. | समेकित वित्तीय विवरण | 263 |
| 13. | सीएंडएजी की टिप्पणियां – समेकित वित्तीय विवरणों पर अनुपूरक लेखापरीक्षा | 368 |




# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश



> आपकी कंपनी समुदाय के कल्याण और पर्यावरण की रक्षा करने में विश्वास रखती है, जो सतत विकास की दिशा में एक अंतहीन प्रक्रिया है

**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## प्रिय शेयरधारकों,

पिछले वर्ष दुनिया भर में जो घटनाएं घटी हैं, उनमें ऊर्जा क्षेत्र के ढांचागत परिदृश्य को बदलने की क्षमता है और सभी मानकों पर नज़र डालें तो बीता वर्ष ऊर्जा और वस्तु क्षेत्रों के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है, जिसमें कीमतों में अत्यधिक उतार–चढ़ाव देखा गया। इसके अलावा, जैसा कि दुनिया भर में कोविड–19 प्रतिबंधों में ढील दिए जाने और आर्थिक गतिविधियों के पटरी पर लौटने से ऊर्जा की खपत तेजी से बढ़ रही है, परिणामस्वरूप उपलब्ध ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव पड़ रहा है जो सिस्टम में व्याप्त कमजोरियों को उजागर कर रही हैं। आपकी कंपनी ने इस मांग को पूरा करने के लिए सफलतापूर्वक कदम आगे बढ़ाया है, और इन परिस्थितियों से सशक्त बनकर उभरा है।

## वैश्विक अनिश्चितता और उथल–पुथल के बावजूद अभूतपूर्व वृद्धि

वैश्विक अनिश्चितता और कठिन समय के बावजूद, आपकी कंपनी ने पुनः अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है और वित्त वर्ष'22 में प्रचालन से राजस्व में 62% की वृद्धि के साथ ₹ 91,646 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है, जबकि वित्त वर्ष'21 में यह ₹ 56,738 करोड था, कर पूर्व लाभ (पीबीटी) में 113% की वृद्धि के साथ यह वित्त वर्ष'22 में ₹ 13,590 करोड़ था जबकि वित्त वर्ष'21 में यह ₹ 6,386 करोड़ था। कर पश्चात् लाभ (पीएटी) वित्त वर्ष'22 में 112% से बढ़कर ₹ 10,364 करोड हो गया, जबकि वित्त वर्ष'21 में यह ₹ 4,890 करोड़ था, जो मुख्य रूप से गैस विपणन और ट्रांसमिशन मात्रा के बढ़ने, बेहतर गैस विपणन विस्तार और उच्च उत्पाद की कीमतों के कारण था। आपकी कंपनी ने पिछले किसी भी वित्तीय वर्ष में प्राप्त उच्चतम राजस्व, पीबीटी और पीएटी को पार कर लिया है।

आपकी कंपनी अपने मुख्य व्यवसाय को सुदृढ़ करने के लिए अथक प्रयास कर रही है और आज देश के मौजूदा नेटवर्क के लगभग दो–तिहाई का प्रतिनिधित्व करने वाली लगभग 14,500 कि.मी. ट्रंक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का स्वामित्व और प्रचालन करती है। लगभग 5,000 कि.मी. अतिरिक्त प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है, जिसके पूरा होने पर ट्रांसमिशन की मात्रा के बढ़ने और देश में व्यापक भौगोलिक पहुंच प्राप्त होने की उम्मीद है। आपकी कंपनी मौजूदा और नए दोनों प्रकार के ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त गैस सोर्सिंग के अवसरों की भी सक्रिय रूप से तलाश कर रही है। विशेष रूप से मुख्य व्यवसाय को प्रोत्साहित और सुदृढ़ करने के लिए, आपकी कंपनी ने मुख्य रूप से पाइपलाइनों, पेट्रोकेमिकल और संयुक्त उद्यमों को इक्विटी देने पर ₹ 7,738 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया है। आपको यह जानकर भी खुशी होगी कि आपकी कंपनी ने ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी में आईएलएफएंडएस से 26% हिस्सेदारी प्राप्त की है। यह अधिग्रहण से तालमेल बढ़ेगा जो गेल को देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में सक्षम बनाएगा।

आपकी कंपनी वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे आमूल–चूल परिवर्तनों से भी अवगत है और इस क्षेत्र में पैर जमाने के लिए पहल कर रही है। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि आपकी कंपनी ने राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप इंदौर, मध्य प्रदेश में प्राकृतिक गैस प्रणाली में हाइड्रोजन मिश्रण की भारत की अपनी तरह की पहली परियोजना शुरु की है। इंदौर में कार्यरत एचपीसीएल के साथ गेल की संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी अवंतिका गैस लिमिटेड को हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जा रही है। यह परियोजना हाइड्रोजन आधारित और कार्बन मुक्त भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा का एक महत्वपूर्ण कदम है। बाद में ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन से बदल दिया जाएगा। आपकी कंपनी हमेशा से भारत में गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विकास तथा भारत के पर्यावरण और स्वच्छ वातावरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। चूंकि हमारा देश कार्बन मुक्त और आत्मनिर्भर भविष्य प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है, यह परियोजना उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विकास और मुनाफा एक दूसरे के पूरक

हमारे शेयरधारक द्वारा दिए गए समर्थन को नियमित लाभांश और शेयरों को प्रीमियम पर वापस खरीदने के माध्यम से लगातार पुरस्कृत किया गया है। आपकी कंपनी को लगातार लाभांश देने वाली कंपनी होने पर गर्व है। आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष के दौरान दो अंतरिम लाभांशों के भुगतान को मंजूरी दी थी, पहला और दूसरा अंतरिम लाभांश 40% और 50% की दर से क्रमशः ₹ 10 प्रत्येक (₹ 4.00 और ₹ 5.00 प्रति इक्विटी शेयर प्रत्येक के इक्विटी शेयर पर) कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर ₹ 3,996.35 करोड़ था। आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर 10% (₹ 1/– प्रति इक्विटी शेयर) की दर से अंतिम लाभांश के भुगतान की भी सिफारिश की है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, आपकी कंपनी ने करों को छोड़कर, कुल ₹ 1082,72,37,970 (एक हजार बयासी करोड़ बहत्तर लाख सैंतीस हजार नौ सौ सत्तर रुपए मात्र) के नकद में देय प्रति इक्विटी शेयर के ₹ 190 (एक सौ नब्बे रुपए मात्र) की कीमत पर 5,69,85,463 (पांच करोड़ उनहत्तर लाख पचासी हजार चार सौ तिरसठ) शेयरों को प्रत्येक ₹ 10/– के अंकित मूल्य के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर (पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों की कुल संख्या का 1.28%) पर वापस खरीदा। शेयरों की वापस खरीद का प्रस्ताव सफल रहा और इसे 9.04 गुना सब्सक्राइब किया गया। प्रस्तावित 5.69 करोड़ शेयरों की तुलना में निविदा किए गए शेयरों की कुल संख्या 51.52 करोड़ थी। इस प्रकार कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी ₹ 4,440.39 करोड़ से घटकर ₹ 4,383.40 करोड़ हो गई।

## सबके कल्याण के लिए प्रयास

आपकी कंपनी समुदाय के कल्याण और पर्यावरण की रक्षा करने में विश्वास करती है जो अंततः सतत प्रगति के लिए स्थिरता निर्धारित करेगा।

आपकी कंपनी 12 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के कारोबार के साथ भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस कंपनी है और एशिया में गैस उपयोगिता के रूप में शीर्ष स्थान पर है। लेकिन गेल सिर्फ एक गैस कंपनी से इतर भी है। एक जागरूक कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, संगठन का मानना है कि इसका एक सामाजिक उद्देश्य है। गेल को लगातार विश्व की शीर्ष गैस उपयोगिताओं में स्थान दिलाने के लिए कठोर और रणनीतिक सोच ने ही इसे सीएसआर पहलों को लागू करने के लिए प्रेरित किया है। गेल का आदर्श वाक्य 'संभावनाओं को प्रोत्साहित करते हुए' भी सीएसआर पहल के कई लाभार्थियों की आशाओं, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। आपकी कंपनी अनगिनत कल्याणकारी परियोजनाओं को लागू करने में सबसे आगे है, जो अपने सीएसआर उद्देश्यों को आगे बढ़ाती है, जैसे गेल उत्कर्ष– जो इंजीनियरिंग/मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए विशेष आवासीय कोचिंग के लिए सहायता प्रदान करता है, गेल विद्या– जो ग्रामीण और अर्ध–शहरी

इलाकों की गरीब छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सहायता प्रदान करती है। परियोजना आरोग्य– जो विभिन्न राज्यों में मोबाइल चिकित्सा यूनिटों के संचालन के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं आदि प्रदान करता है। कंपनी हमेशा से सीएसआर गतिविधियों के लिए समर्पित रही है और इसने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और फिटनेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित सीएसआर बजट से अधिक खर्च किया है।

## हरदम आगे और शीर्ष की ओर बढ़ते कदम

आपकी कंपनी देश में अपनी तरह के पहले प्रयास में ऑफ ग्रिड वाले स्थानों और परिवहन क्षेत्र की मांग को पूरा करने को ध्यान में रखते हुए एलएनजी उत्पादन के वितरण में कदम रखने की योजना बना रही है। इन लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए आपकी कंपनी ने प्रायोगिक आधार पर एलएनजी का उत्पादन करने में सक्षम दो छोटे पैमाने के द्रवीकरण स्किड्स का ऑर्डर दिया है। स्वामित्व प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल द्रवीकरण स्किड्स के माध्यम से द्रवीकरण प्राप्त किया जाएगा। यह आगे नए शहरों में तरलीकरण के माध्यम से प्राकृतिक गैस के वितरण, अलग–अलग क्षेत्रों में गैस को तरल बनाने में मदद करेगा और एलएनजी ईंधन स्टेशनों की स्थापना और बंकरिंग का समर्थन करेगा। पोर्टेबल और स्केलेबल द्रवीकरण इकाइयों को प्रस्तुत करने वाला यह देश में अपनी तरह का पहला होगा। इसके अलावा, आपकी कंपनी भारत में द्रवीकरण स्किड्स के निर्माण पर भी बातचीत कर रही है।

## अक्षय ऊर्जा है भविष्य

14 एमएमटीपीए से अधिक के अपने मौजूदा एलएनजी पोर्टफोलियो और आपूर्ति स्रोतों और मूल्य सूचकांकों में विविधता के साथ, गेल अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तत्पर है। जबकि, गैस पोर्टफोलियो को और सुदृढ़ करने और कोर व्यावसाय को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त गैस सोर्सिंग के अवसरों की तलाश की जा रही है, ताकि 'गैस–आधारित' अर्थव्यवस्था के राष्ट्रीय लक्ष्य में सक्रिय रूप से योगदान दिया जा सके, आपकी कंपनी ने अक्षय ऊर्जा जैसी वैकल्पिक ऊर्जा को भी अपनाया है। हाइड्रोजन, नवीकरणीय और जैव–ईंधन परियोजनाएं जो राष्ट्रीय महत्व की हैं और भविष्य में बदलाव लाएंगी।

भारत सरकार के 'राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन' के अनुरूप, आपकी कंपनी विजयपुर (म.प्र.) में 4.3 टन प्रतिदिन की क्षमता वाली ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन यूनिट स्थापित कर रही है। यह इकाई वाटर इलेक्ट्रोलिसिस पर आधारित पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन (पीईएम) तकनीक का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगी। साथ ही, एनजी/सीजीडी नेटवर्क में एच2 मिश्रित तकनीकी व्यवहार्यता पर अध्ययन शुरू किया गया है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी ने संपीड़ित बायो–गैस (सीबीजी) की तर्ज पर कुछ पहल भी की हैं जैसे (i) शहर गैस वितरण (सीजीडी) और सीबीजी उत्पादकों के साथ निष्पादित 24 टीपीए – 6 भौगोलिक क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति शुरू की गई; (ii) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गेल को सीएनजी (टी) और पीएनजी (डी) में उपयोग के लिए सीबीजी सीडीजी सिंक्रोनाइजेशन के प्रचालन के लिए अनिवार्य कर दिया है; (iii) 400 सीबीजी संयंत्रों को सहायता देने की घोषणा की गई और परिणामस्वरूप सीबीजी संयंत्रों के लिए 253 एलओआई जारी किए गए।

आपकी कंपनी ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए 10 मेगावाट पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर स्थापित कर रही है और गुजरात में 500 केएलपीडी बायो एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने की व्यवहार्यता तथा पेट्रोकेमिकल/ रासायनिक संयंत्र, सौर और पवन परिसंपत्तियों से संबंधित अन्य व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने के लिए गुजरात एल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएसीएल) के साथ समझौता–ज्ञापन भी कर रही है।

आपकी कंपनी ने सौर ऊर्जा के विकास के लिए भी पहल की है जैसे (i) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए बी.एच.ई.एल. के साथ समझौता–ज्ञापन; (ii) सौर सेल/मॉड्यूल के निर्माण के लिए अवसरों की खोज की गई; (iii) एक कॉर्पोरेट भागीदार के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के साथ सहयोग किया।

## आभार

अपनी बात समाप्त करने से पहले मैं निदेशक मंडल की ओर से निरंतर समर्थन और आस्था जताने के लिए हमारे बहुमूल्य हितधारकों के प्रति हार्दिक सम्मान और गहरा आभार व्यक्त करना चाहता हूं। आप हमेशा से प्रेरक शक्ति रहे हैं जिसने हमें कई चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ने और लक्ष्य हासिल करने में मदद की है। मैं गेल के उन सभी कर्मचारियों की भी तहे दिल से सराहना करता हूं, जिन्होंने कोविड–19 के संकट काल के दौरान भी ऊर्जा और फीडस्टॉक की आपूर्ति सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ साहसिक जिम्मेदारी निभाई। वे इस कंपनी की रीढ़ हैं और उन्होंने आपकी कंपनी को बदलने तथा इसे और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है।

मैं यह कहते हुए अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा कि आपकी कंपनी न केवल इस कठिन दौर से गुजरने में पर्याप्त रूप से सफल रही है बल्कि ऊर्जा भविष्य को आकार देने के लिए भी तैयार है। हम आपके जीवन में बदलाव लाने तथा स्वच्छ ऊर्जा और उससे भी आगे बढ़कर आपके जीवन स्तर को बढ़ाने की दिशा में काम करते रहेंगे।

**धन्यवाद,**



**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# कार्यनीति 2030

- मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति का विस्तार
- संगठनात्मक विशेषज्ञता और डिजिटल परिवर्तन
- स्थायी और स्वच्छ ऊर्जा में विविधता लाना
- उपभोक्ताओं को बढ़ता हुआ बेहतर मूल्य प्रदान करना
- वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करना

## लक्ष्य 2025*

- प्राकृतिक गैस नेटवर्क का 20,000 कि.मी. से अधिक का विस्तार
- कुल 1 करोड़ पीएनजी कनेक्शन
- 500 केटीए पीडीएचपीपी संयंत्र को चालू करना
- विशाल नवीकरणीय पोर्टफोलियो
- पूरे भारत में 3,000 सीएनजी स्टेशन
- 60 केटीए पीपी संयंत्र का शुभारंभ
- 1.65 एमटीपीए का विविधीकृत पॉलीमर विपणन पोर्टफोलियो

*सभी लक्ष्यों में समूह की कंपनियों का योगदान शामिल है।

# मिशन

स्वच्छ ऊर्जा और उससे इतर के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना





# विजन

प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला और उससे इतर क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति, हितधारकों के लिए मूल्य सृजन और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ अग्रणी बनाना।

## अपने विजन को प्राप्त करने के लिए गेल की आकांक्षाएं:

### जीवन की गुणवत्ता

कंपनी स्थायी रूप से उन्नत और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराकर लोगों के जीवन को बदलने का प्रयास करती है।

### स्टेकधारक

कंपनी स्थायी मूल्य का सृजन करके अपने व्यापक हितधारक समुदाय, अपने कर्मचारियों से लेकर ग्राहकों, भागीदारों और समाज की आकांक्षा को पूरा करने की इच्छा रखती है। यह वंचित वर्ग को बेहतर परिणाम देने, मूल्य सृजित करने और आर्थिक अवसर पैदा करने के लिए जिम्मेदार है।

### स्वच्छ ऊर्जा एवं इससे इतर

कंपनी प्राकृतिक गैस, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य स्वच्छ वैकल्पिक ऊर्जा सहित बेहतर, टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और कुशल ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देती है।

### पर्यावरण संबंधी ज़िम्मेदारी

कंपनी प्रचालन सुरक्षा, कर्मचारी स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण के उच्चतम स्तर को बढ़ावा देती है। इसके अलावा यह पर्यावरण और समुदाय पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभाव को कम करने का प्रयास करती है।

# गेल के कोर मूल्य

## सत्यनिष्ठा और नैतिकता

यह लोगों के साथ व्यवहार करने में पारदर्शी, निष्पक्ष और सुसंगत है। यह अपनी सभी गतिविधियों में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और विश्वास पर जोर देता है तथा व्यक्तिगत और संस्थागत अखंडता के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित करता है।

## संरक्षा

इसका उद्देश्य पर्यावरण का सम्मान करने के साथ–साथ अपने कार्यबल और इसके आसपास के समुदायों के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना है।

## प्रौद्योगिकी और अभिनवता

यह उद्यमशीलता की भावना का सम्मान करता है और लगातार नई प्रौद्योगिकियों के विकास, नए विचारों/उत्पादों की शुरुआत, बेहतर प्रक्रियाओं, बेहतर सेवाओं और प्रबंधन प्रक्रियाओं का समर्थन करता है।

## उत्कृष्टता

यह निरंतर सुधार और अध्ययनशीलता के द्वारा उन सभी व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्टता के शिखर को प्राप्त करने का प्रयास करता है जहां इसकी महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

## मान सम्मान

यह लोगों में विश्वास करता है, कर्मचारियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पहचानता है और उनके अद्वितीय योगदान, टीम वर्क, गरिमा, अधिकारों और गोपनीयता का सम्मान करता है।

## ग्राहक

यह अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर उत्पाद और सेवाएं प्रदान करके तथा स्थायी मूल्य का सृजन कर उनकी पहली प्राथमिकता बनने के लिए अथक प्रयास करता है।

# गेल का सफर

## 2015

- जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाइपलाइन परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ
- पाता में दुगनी पेट्रोकेमिकल उत्पादन क्षमता

## 2016

- ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित

## 2017

- बेंगलुरु सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- भुवनेश्वर में सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन
- भुवनेश्वर में पीएनजी और सीएनजी आपूर्ति का शुभारंभ



## 1984

गेल की स्थापना: प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन और विपणन कंपनी

## 1987

- भारत की पहली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन–एचवीजे का शुभारंभ

## 1999

- पाता में पहला पेट्रोकेमिकल संयंत्र

भारत में कुल प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन पाइपलाइनों के
**74%**
का प्रचालन

भारत में बिकने वाले प्रत्येक
**33वें एलपीजी**
सिलेंडर का उत्पादन

## 2018

- तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के कार्य का शुभारंभ
- वाराणसी सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- अमेरिका से भारत का पहला एलएनजी कार्गो गेल के पहले चार्टर किराए के पोत से प्राप्त
- रूस के साथ दीर्घकालिक अनुबंध के तहत पहला एलएनजी कार्गो प्राप्त
- कटक में सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन

## 2019

- जमशेदपुर सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- रांची सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- पटना सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित
- कोंकण एलएनजी लिमिटेड की स्थापना

## 2021

- कोच्चि–मेंगलुरु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित
- डोभी–दुर्गापुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित

## 2022

- वाराणसी में सीएनजी नौकाओं का समर्पण
- बोकारो–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित



## 2001

- जेएलपीएल एलपीजी ट्रांसमिशन पाइपलाइन का शुभारंभ

## 2011

- अमेरिका में शेल गैस एक्रेज हासिल करने वाली पहली पीएसयू
- अमेरिका में सहायक कंपनी

## 2012

- 2,200 कि.मी. दहेज–विजयपुर–दादरी–नंगल–भटिंडा पाइपलाइन नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित

## 2013

- महारत्न का दर्जा हासिल किया
- दाभोल एलएनजी टर्मिनल और दाभोल–बेंगलुरु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित
- अमेरिका में कोव प्वाइंट एलएनजी टर्मिनल में क्षमता बुकिंग

भारत के

**50%**

से अधिक सीएनजी स्टेशनों (सीजीडी जेवी/गेल गैस) का संचालन

### राष्ट्र की प्रगति में योगदान

भारत में बिकने वाली प्राकृतिक गैस (एनजी) में

**50%**

से अधिक का योगदान

गेल

- सहायक कंपनियां
  - घरेलू
    - बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड
    - ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड
    - गेल गैस लिमिटेड
    - कोंकण एलएनजी लिमिटेड
    - त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड
  - विदेशी
    - गेल ग्लोबल (सिंगापुर) पीटीई. लिमिटेड
    - गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक.
    - गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी (गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
- अन्य जेवी / संबद्ध
  - घरेलू
    - इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड
    - ओएनजीसी पेट्रो–एडिशंस लिमिटेड
    - ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लिमिटेड
    - पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड
    - रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
    - तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
  - विदेशी
    - एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस
    - साउथ–ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड
    - तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड

# समूह व्यापार संरचना

'ऊर्जावान विकास' के लिए आपकी कंपनी की प्रतिबद्धता को देश और दुनिया के कुछ हिस्सों में व्याप्त सहायक/संबद्ध कंपनियों और संयुक्त उद्यमों (जेवी) के इसके नेटवर्क द्वारा सशक्त किया गया है।

**शहर गैस जेवी / संबद्ध**

- **घरेलू**
  - अवंतिका गैस लिमिटेड
  - भाग्यनगर गैस लिमिटेड
  - सेंट्रल यू.पी. गैस लिमिटेड
  - ग्रीन गैस लिमिटेड
  - इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड
  - महानगर गैस लिमिटेड
  - महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड
- **विदेशी**
  - चाइना गैस होल्डिंग्स लिमिटेड
  - फॉयम गैस

## गेल का विविधकृत पोर्टफोलियो

गेल का उद्देश्य प्रत्येक पोर्टफोलियो की मूल्य क्षमता का उसकी बाजार स्थिति के अनुसार पूंजीकरण करना, और देश के अल्पविकसित क्षेत्रों को मजबूत करना है।



## गेल की व्यापक वैश्विक उपस्थिति

शीर्ष 10 वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो विपणनकर्ताओं में शामिल

कतर, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, रूस से लगभग 14 एमएमटीपीए का एलएनजी पोर्टफोलियो

**रूस**

एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस का निगमन

**चीन**

शहर गैस वितरण कंपनी में निवेश – चाइना गैस होल्डिंग्स लिमिटेड



**सिंगापुर**

पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड

**मिस्र**

मिस्र में शहर गैस वितरण कंपनियों में निवेश
- नैटगैस
- फ्यूम गैस

**अमेरिका**

- पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक
- ईगल फोर्ड शेल एकरेज में 20% ब्याज अधिग्रहित
- सबाईन पास से एलएनजी स्रोत
- कोव प्वाइंट के साथ एलएनजी टोलिंग समझौता

**म्यांमार**

- ए1 एवं ए3 ईएंडपी ब्लॉक
- म्यांमार – चाइना गैस पाइपलाइन
- म्यांमार में व्यवसाय अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए यागोन में कार्यालय खोला गया




इस खंड में, हमने देखा कि हम आपकी कंपनी के विकास के लिए संतुलित परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी परिसंपत्तियों का उपयोग कैसे करते हैं।

# मूल्य सृजन मॉडल


एलपीजी पाइपलाइनें
एलपीजी
गैस प्रोसेसिंग
96 एमएमएससीएमडी गैस विपणन
सीजीडी
एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र
डाउनस्ट्रीम गैस ग्राहक (विद्युत, उर्वरक, रिफाइनरी और उद्योग)
1,004 टीएमटी की एलएचसी बिक्री
पेट्रोकेमिकल्स
तरल हाइड्रोकार्बन
13.8 मेगावाट सौर क्षमता
740 टीएमटी पेट्रोकेमिकल्स बिक्री

## विकास के लिए अभिशासन

# निदेशक मंडल



**श्री मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
तथा निदेशक (मा. सं.)
(डीआईएनः 07556033)

**श्री एम.वी. अय्यर**
निदेशक (व्यवसाय विकास)
(डीआईएनः 08198178)

**श्री आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त) और
सीएफओ
(डीआईएनः 08788595)
(01.12.2021 से)

**श्री दीपक गुप्ता**
निदेशक (परियोजनाएं)
(डीआईएनः 09503339)
(12.02.2022 से)

**डॉ. नवनीत मोहन कोठारी**
सरकार द्वारा नामित निदेशक
(डीआईएनः 02651712)



**श्री ए.के. तिवारी**
निदेशक (वित्त) और सीएफओ
30.11.2021 तक
(डीआईएनः 07654612)



**श्री आशीष चटर्जी**
सरकार द्वारा नामित निदेशक
31.05.2021 तक
(डीआईएनः 07688473)



**श्री अखिलेश जैन**
स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन: 07731983)
(08.11.2021 से)

**श्री शेर सिंह**
स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन: 09404758)
(22.11.2021 से)

**श्री संजय कश्यप**
स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन: 09402360)
(17.11.2021 से)

**डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी**
स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन: 06535490)
(17.11.2021 से)

**श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी**
स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन: 07812922)
(18.11.2021 से)

**प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे**
स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन: 09406892)
(22.11.2021 से)



**श्रीमती उषा सुरेश**
सरकार द्वारा नामित निदेशक
31.01.2022 तक
(डीआईएन: 03433552)



**श्रीमती बंतो देवी कटारिया**
गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक
05.08.2021 तक
(डीआईएन: 08194036)

# गेल की बोर्ड समितियां

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल विवेकपूर्ण और प्रभावी नियंत्रणों के ढांचे के भीतर हितधारक मूल्य सृजन को सुरक्षित रखने के लिए नेतृत्व और कार्यनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। प्रभावी कामकाज करने के लिए बोर्ड को 13 समितियों का सहयोग प्राप्त होता है। ये समितियाँ बोर्ड को उसके कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के निर्वहन में सहायता करती हैं। बोर्ड के प्रभावी निर्णय लेने के लिए इन समितियों के कामकाज को सफलतापूर्वक प्रत्यायोजित किया जाता है।

लेखापरीक्षा समिति

व्यापार विकास और विपणन समिति

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (सीएसआर)

सशक्त संविदा एवं प्रापण समिति (ईसीपीसी)

सशक्त समिति (प्राकृतिक गैस, एलएनजी और पॉलीमर)

वित्त समिति

मानव संसाधन समिति

नामांकन और पारिश्रमिक समिति

परियोजना मूल्यांकन समिति

जोखिम प्रबंधन समिति

हितधारक शिकायत निवारण समिति

हितधारक संबंध समिति

सतत विकास समिति

आप गेल की निगमित शासन संरचना, समितियों और तंत्रों के बारे में 'निगमित शासन रिपोर्ट' में पढ़ सकते हैं, जो बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।

# गेल की बोर्ड समितियां

**लेखापरीक्षा समिति**

- श्री अखिलेश जैन – अध्यक्ष
- निदेशक (व्यापार विकास)
- प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे

**स्थायी अतिथिः**

क. निदेशक (वित्त)

ख. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के प्रमुख

**व्यापार विकास और विपणन समिति**

- डॉ. नवनीत मोहन कोठारी – अध्यक्ष
- निदेशक (व्यापार विकास)
- निदेशक (वित्त)
- डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी

**निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (सीएसआर)**

- सीएमडी – अध्यक्ष
- निदेशक (व्यापार विकास)
- श्री अखिलेश जैन
- श्री संजय कश्यप

**सशक्त संविदा एवं प्रापण समिति (ईसीपीसी)**

- सीएमडी – अध्यक्ष
- सभी कार्यात्मक निदेशक

**सशक्त समिति (प्राकृतिक गैस, एलएनजी और पॉलीमर)**

- सीएमडी – अध्यक्ष
- निदेशक (व्यापार विकास)
- निदेशक (वित्त)

**वित्त समिति**

- प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे – अध्यक्ष
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (परियोजना)

**मा. सं. समिति**

- सीएमडी – अध्यक्ष
- सभी कार्यात्मक निदेशक

**नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति**

- डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी – अध्यक्ष
- डॉ. नवनीत मोहन कोठारी
- श्री शेर सिंह

**स्थायी अतिथिः**

क) निदेशक (वित्त)

**परियोजना मूल्यांकन समिति**

- सीएमडी – अध्यक्ष
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (परियोजनाएं)
- संबंधित कार्यात्मक निदेशक

**जोखिम प्रबंधन समिति**

- श्री शेर सिंह – अध्यक्ष
- निदेशक (व्यापार विकास)
- निदेशक (वित्त)
- श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी

**स्थायी अतिथिः**

- मुख्य जोखिम अधिकारी
- विभागाध्यक्ष निगमित कार्यनीति
- विभागाध्यक्ष राजकोष
- विभागाध्यक्ष निगमित बीआईएस

**हितधारक की शिकायत निवारण समिति**

- श्री संजय कश्यप–अध्यक्ष
- निदेशक (वित्त)
- संबंधित कार्यात्मक निदेशक जो संबंधित विवाद के मामले में शामिल नहीं हैं, जैसेः
  i) परियोजना संबंधित विवाद के लिए – निदेशक (व्यापार विकास)
  ii) विपणन संबंधी विवाद के लिए – निदेशक (परियोजना)
  ii) मानव संसाधन संबंधी विवाद के लिए – निदेशक (व्यापार विकास)
  iv) व्यापार विकास संबंधित विवाद के लिए – निदेशक (परियोजना)

**शेयरधारक संबंध समिति**

- श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी – अध्यक्ष
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (परियोजना)

**सतत विकास समिति**

- सीएमडी – अध्यक्ष
- निदेशक (व्यापार विकास)
- निदेशक (परियोजना)

# वित्त वर्ष 2021–22 में पुरस्कार और मान्यता

एफआईपीआई द्वारा गेल को ऊर्जा गैस पाइपलाइन और संबद्ध सीजीडी नेटवर्क के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया

जेम पोर्टल के माध्यम से सीपीएसई में उच्चतम खरीद करने के लिए गेल को सम्मानित किया गया

गेल को आईसीएआई पुरस्कारों में वित्तीय रिपोर्टिंग में गोल्ड शील्ड से सम्मानित किया गया

गेल के दो अभियानों "इंटरडिपेंडेंस" और "हवा बदले हास्सू" ने गोवाफेस्ट 2022 एबीबीवाई वन शो अवाड्र्स में रजत और कांस्य पदक जीता

गेल ने गैसटेक प्रदर्शनी, दुबई में सर्वाधिक नवोन्मेषी बूथ डिजाइन का पुरस्कार जीता














## प्रमुख वित्तीय विशेषताएं – पृथक












## हितधारक कोष (₹ करोड़ में)




## ईपीएस, डीपीएस और प्रति शेयर बुक मूल्य (₹ में)




टिप्पण: वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, बोनस शेयर जारी किए गए थे। इसलिए, पिछले वर्षों के लिए ईपीएस, डीपीएस और प्रति शेयर बुक मूल्य को तदनुसार बदल दिया गया है।

## बाजार पूंजीकरण – बीएसई (₹ करोड़ में)




टिप्पण: वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, बोनस शेयर जारी किए गए थे, इसलिए पिछले वर्षों के शेयर की कीमत तदनुसार बदल दी गई है।

## प्रचालन निष्पादन विशेषताएं

### पेट्रोकेमिकल बिक्री (टीएमटी)




### तरल हाइड्रोकार्बन बिक्री (टीएमटी)




### एलपीजी ट्रांसमिशन (टीएमटी)




### गैस मात्रा रुझान (एमएमएससीएमडी)



# प्रचालन निष्पादन विशेषताएं

## गैस विपणन मिश्रण

- एपीएम / एनएपीएम 43%
- आरएलएनजी 37%
- स्पॉट 9%
- विदेशी बिक्री 10%
- आरआईएल और बीपी एमडीपी 1%




## गैस ट्रांसमिशन मिश्रण

- एपीएम / एनएपीएम 34%
- आरएलएनजी 55%
- स्पॉट 8%
- आरआईएल और बीपी एमडीपी 3%



## गैस का स्रोत और क्षेत्र–वार आपूर्ति (वित्त वर्ष 2021–22)

### (कुल 96.24 एमएमएससीएमडी, % शेयर)




- आयातित गैस में मुख्य रूप से दीर्घकालिक आरएलएनजी और स्पॉट शामिल होते हैं।
- घरेलू गैस के प्रमुख स्रोत ओएनजीसी (एपीएम और एमडीपी), रवा, रवा उपग्रह, सीबीएम आदि हैं।
- उर्वरक, विद्युत और सीजीडी कंपनियों से प्राकृतिक गैस की सबसे ज्यादा मांग।

* * अन्य में इस्पात, रिफाइनरियां, स्पांज लौह, पेट्रोरसायन, गेल आंतरिक खपत आदि शामिल हैं।

# कुल आय के प्रतिशत के रूप में लागत और लाभ






# प्रमुख वित्तीय विशेषताएं – समेकित

## सकल बिक्री (₹ करोड़ में)




## सकल मार्जिन (ईबीआईटीडीए) (₹ करोड़ में)




## कर पूर्व लाभ (₹ करोड़ में)




## कर पश्चात् लाभ (₹ करोड़ में)



# बोर्ड की रिपोर्ट



# बोर्ड की रिपोर्ट

**प्रिय शेयरधारकों,**

निदेशक मंडल की ओर से वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए लेखापरीक्षित पृथक और समेकित वित्तीय विवरणों के साथ आपकी कंपनी की 38वीं बोर्ड की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है:

**क. वित्त वर्ष 2021–22 के लिए पृथक आधार पर वित्तीय विशेषताएं निम्नानुसार हैं:**

| विवरण | वित्त वर्ष 2021–22 | | वित्त वर्ष 2020–21 | |
|---|---|---|---|---|
| | अमेरिकी डॉलर मिलियन में | (₹ करोड़ में) | अमेरिकी डॉलर मिलियन में | (₹ करोड़ में) |
| संचालन से राजस्व | 12,032 | 91,646 | 7,683 | 56,738 |
| अन्य आय | 269 | 2,047 | 271 | 2,004 |
| बिक्री की लागत (वित्त लागत और मूल्यह्रास को छोड़कर) | 10,216 | 77,818 | 6,810 | 50,293 |
| कुल लाभ | 2,085 | 15,875 | 1,144 | 8,450 |
| वित्तीय लागत | 23 | 174 | 21 | 156 |
| मूल्यह्रास | 277 | 2,111 | 258 | 1,908 |
| कर पूर्व लाभ (पीबीटी) | 1,785 | 13,590 | 865 | 6,386 |
| कर के लिए प्रावधान | 424 | 3,226 | 203 | 1,496 |
| कर पश्चात लाभ (पीएटी) | 1,361 | 10,364 | 662 | 4,890 |
| **विनियोजन** | | | | |
| पिछले वर्ष के लिए अंतिम लाभांश | - | - | - | - |
| चालू वर्ष के लिए अंतरिम लाभांश | 525 | 3,996 | 303 | 2,238 |
| बॉन्ड रिडेम्पशन रिजर्व में (से) निवल अंतरण | (14) | (105) | 2 | 15 |
| सामान्य रिजर्व में अंतरण | 136 | 1,036 | 66 | 489 |
| विनियोजन के बाद निवल अधिशेष | 714 | 5,437 | 291 | 2,149 |
| | **(अमेरिकी डॉलर में)** | **(₹ में)** | **(अमेरिकी डॉलर में)** | **(₹ में)** |
| प्रति शेयर आय | 0.31 | 23.34 | 0.15 | 10.85 |
| प्रति शेयर बुक मूल्य | 1.48 | 112.42 | 1.32 | 97.69 |

टिप्पणः निम्नलिखित विनिमय दरों का उपयोग गणना में किया जाता है:

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए: 31 मार्च, 2022 को 1 अमेरिकी डॉलर = ₹76.17

वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए: 31 मार्च, 2021 को 1 अमेरिकी डॉलर = ₹73.85

**ख. वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए समेकित आधार पर प्रमुख वित्तीय विशेषताएं**

कंपनी अधिनियम 2013 "अधिनियम" के प्रावधानों के अनुसार, सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 **"सेबी (एलओडीआर) विनियम"**, और लागू लेखा मानकों, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए कंपनी के लेखा–परीक्षित समेकित वित्तीय विवरण, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ इस वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

समेकित वित्तीय परिणामों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

| विवरण | वित्त वर्ष 2021–22 | | वित्त वर्ष 2020–21 | |
|---|---|---|---|---|
| | अमेरिकी डॉलर मिलियन में | (₹ करोड़ में) | अमेरिकी डॉलर मिलियन में | (₹ करोड़ में) |
| प्रचालनों से राजस्व | 12,193 | 92,874 | 7,776 | 57,428 |
| कर पूर्व लाभ (पीबीटी) | 2,030 | 15,464 | 1,046 | 7,725 |
| कर पश्चात लाभ (पीएटी) | 1,615 | 12,304 | 832 | 6,143 |
| घटाः अल्पसंख्यक का हिस्सा | 6 | 48 | 1 | 6 |
| समूह के लिए लाभ | 1,609 | 12,256 | 831 | 6,137 |

टिप्पणः निम्नलिखित विनिमय दरों का उपयोग गणना में किया जाता है:
वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए: 31 मार्च, 2022 को 1 अमेरिकी डॉलर = ₹76.17
वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए: 31 मार्च, 2021 को 1 अमेरिकी डॉलर = ₹73.85

**व्यापार अवलोकन**

**1. पाइपलाइन ट्रांसमिशन**

- **प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन**

  आपकी कंपनी ने पूरे देश में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के नेटवर्क का विस्तार 14,500 कि.मी. तक कर दिया है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान इस नेटवर्क के माध्यम से औसत गैस ट्रांसमिशन पिछले वित्तीय वर्ष में 104.20 एमएमएससीएमडी की तुलना में 110.98 एमएमएससीएमडी था। देश के प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन में हिस्सेदारी 68% है। वित्त वर्ष 2021–22 में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन से प्रचालन से राजस्व ₹ 6,392 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 5,952 करोड़ था।

- **एलपीजी ट्रांसमिशन**

  आपकी कंपनी जामनगर–लोनी पाइपलाइन (जेएलपीएल) और विजाग–सिकंदराबाद पाइपलाइन (वीएसपीएल) नामक 2,023 कि. मी. लंबा एलपीजी पाइपलाइन नेटवर्क का स्वामित्व और प्रचालन करती है। जेएलपीएल और वीएसपीएल नेटवर्क ने मिलकर वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पिछले वित्त वर्ष 2020–21 में 4.163 एमएमटीपीए की तुलना में 4.199 एमएमटीपीए का थ्रूपुट हासिल किया। वित्त वर्ष 2021–22 में एलपीजी ट्रांसमिशन से प्रचालन से राजस्व ₹ 669 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 667 करोड़ था।

**2. प्राकृतिक गैस विपणन**

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी ने 89.20 एमएमएससीएमडी (जिसमें 80.28 एमएमएससीएमडी की भारत के भीतर बिक्री और 8.91 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) की तुलना में वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान 96.24 एमएमएससीएमडी (जिसमें 86.55 एमएमएससीएमडी की भारत में बिक्री और 9.69 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) का बिक्री दर्ज किया। वित्त वर्ष 2021–22 में प्राकृतिक गैस विपणन से प्रचालन से राजस्व ₹ 77,326 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 43,846 करोड़ था। देश के घरेलू गैस विपणन में हिस्सेदारी 53% है।

**3. पेट्रोकेमिकल**

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 में 777 के.टी.ए. का कुल उत्पादन दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह 813 के.टी.ए. था और बिक्री वित्त वर्ष 2020–21 के 871 के.टी.ए. की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 में 790 के.टी.ए. रही। पिछले वित्त वर्ष 2020–21 की तुलना में कुल उत्पादन में 4.5% और कुल बिक्री में 9.2% की गिरावट आई है। तथापि, आपकी कंपनी इस खंड से वित्त वर्ष 2020–21 में ₹ 7,061 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 में उच्च पॉलिमर मूल्य प्राप्ति के कारण प्रचालन से अब तक का सबसे अधिक ₹ 8,549 करोड़ का राजस्व अर्जित करने में सफल रही।




माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बोकारो–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित करते हुए

**4. एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन**

आपकी कंपनी की देश में चार स्थानों पर पांच गैस प्रोसेसिंग यूनिटें (जीपीयू) हैं, जिनकी कुल एलपीजी और एलएचसी उत्पादन क्षमता 1.4 मिलियन मीट्रिक टन है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, जीपीयू से कुल तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन वित्त वर्ष 2020–21 में 1.14 मिलियन मीट्रिक टन की तुलना में लगभग 1.0 मिलियन मीट्रिक टन था, जिसमें से लगभग 91% एलपीजी और प्रोपेन शामिल हैं। वित्त वर्ष 2021–22 में तरल हाइड्रोकार्बन से प्रचालन से राजस्व भी वित्त वर्ष 2020–21 में ₹ 3,294 करोड़ की तुलना में ₹ 4,865 करोड़ रुपए हो गया।

**5. अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी)**

आपकी कंपनी की 13 ईएंडपी ब्लॉकों में भागीदारी हित है, जिनमें से 10 भारत में, 2 ब्लॉक म्यांमार में और 1 शेल गैस संयुक्त उद्यम ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका (पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – जीजीयूआई के माध्यम से) में है। इनमें से गेल तीन तटीय ब्लॉकों में ऑपरेटर है अर्थात् (i) कैम्बे बेसिन में सीबी–ओएनएन–2010/11 और सीबी–ओएनएचपी–2017/12 क्रमशः एनईएलपी–IX और ओएएलपी–I बोली दौर के दौरान दिए गए थे, और (ii) राजस्थान बेसिन में ब्लॉक आरजे–ओएनएचपी–2021/1 को हाल ही में ओएएलपी–VII बोली दौर के दौरान प्रदान किया गया था। विभिन्न कंसोर्शियम में इसके भागीदारी हित (पीआई) के अनुसार बारह ईएंडपी ब्लॉक (ईगल फोर्ड बेसिन में शेल गैस को छोड़कर) 2,656 कि.मी.2 एकड़ क्षेत्रफल धारण किए हुए हैं।

हाइड्रोकार्बन की बिक्री से म्यांमार में ए–1 और ए–3 तथा भारत में सीबी–ओएनएन–2000/1 और सीबी–ओएनएन–2003/2 (कैम्बे तटीय ब्लॉक) नामक 5 उत्पादक ब्लॉकों से और ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका में एक (1) शेल गैस जेवी क्षेत्रफल से राजस्व उत्पन्न हो रहा है।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान ईएंडपी गतिविधियों से ₹ 833 करोड़ के प्रचालन से राजस्व उत्पन्न हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 838 करोड़ था।

**6. नवीकरणीय ऊर्जा**

आपकी कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और नवीकरणीय परियोजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। गेल की कुल संस्थापित क्षमता 131.75 मेगावाट वैकल्पिक ऊर्जा की है; जिसमें से 117.95 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं हैं और 13.8 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं हैं जिनमें छोटी सौर इकाइयां शामिल हैं। इसके अलावा, गेल उत्तर प्रदेश के पाता में 2.6 मेगावाट, मध्य प्रदेश के विजयपुर में 10 मेगावाट और विभिन्न अन्य ओएंडएम साइटों पर 3.2 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं को भी कार्यान्वित कर रहा है। संयंत्र से उत्पन्न बिजली ग्रिड से ली गई बिजली का स्थानापन्न होगी, जो बिजली लागत को अनुकूल बनाने के अलावा इसके कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी। भारत सरकार (जीओआई) के हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप आपकी कंपनी शहर गैस नेटवर्क में हाइड्रोजन सम्मिश्रण के लिए एक प्रायोगिक परियोजना का संचालन कर रही है और विजयपुर, गुना जिला, मध्य प्रदेश में एक 10 मेगावाट का ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान बिजली उत्पादन गतिविधियों के प्रचालन से ₹ 50.95 करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 43.49 करोड़ था।

**7. परियोजना निष्पादन**

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, 1,000 कि.मी. लंबी गैस पाइपलाइन चालू होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, राष्ट्रीय गैस ग्रिड और अन्य छोटी कनेक्टिविटी के भाग के रूप में लगभग 5,400 कि.मी. पाइपलाइन परियोजना निष्पादन के विभिन्न चरणों में है। आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 में 1,139 कि.मी. पाइपलाइन कम करने का लक्ष्य हासिल किया है।

प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन परियोजना के तहत, जिसे जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के रूप में भी जाना जाता है। मैसर्स मैटिक्स फर्टिलाइजर्स, दुर्गापुर तथा गोरखपुर, सिंदरी नामक सभी 4 प्रमुख शीर्ष उर्वरक संयंत्रों और बरौनी में मैसर्स हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की 03 इकाइयों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्राप्त करते हुए 2,655 कि.मी. लंबी पाइपलाइन में से कुल 1,521 कि.मी. पाइपलाइन को चालू किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, एकीकृत हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर पाइपलाइन के विजयपुर से औरैया खंड की क्षमता वृद्धि पूरी हो चुकी है और अब मौजूदा उपभोक्ताओं की अतिरिक्त मांगों को पूरा करने और जेएचबीडीपीएल नेटवर्क को आपूर्ति करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।




श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने गेल समूह की कंपनियों के 166 सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन किया

पाइपलाइन पूरी हो चुकी है और अब मौजूदा उपभोक्ताओं की अतिरिक्त मांगों को पूरा करने और जेएचबीडीपीएल नेटवर्क को पूरा करने के लिए पूर्णतः तैयार है।

आपकी कंपनी 729 कि.मी. बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन के निर्माण के साथ असम में गुवाहाटी तक भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में जेएचबीडीपीएल परियोजना का विस्तार कर रही है। इसके अलावा, गेल, अपने संयुक्त उद्यम मैसर्स इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (गेल, आईओसीएल, ओएनजीसी, ओआईएल और एनआरएल का संयुक्त उद्यम) के माध्यम से गुवाहाटी से पूर्वोत्तर क्षेत्र नेटवर्क को भी कार्यान्वित कर रही है, जो आठ राज्यों को जोड़ने के लिए लगभग 1,656 कि.मी. प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें बिछा रहा है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी विभिन्न शहरों में सीएनजी और पीएनजी के रूप में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए ग्राहकों और शहर गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों को अंतिम मील दूरी कनेक्टिविटी प्रदान करके देश में प्राकृतिक गैस की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। गेल ने वर्ष के दौरान सीजीडी भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के लिए 27 हुक–अप कनेक्शन देने और ग्राहकों को 4 अंतिम मील दूरी कनेक्शन देने का कार्य पूरा कर लिया है। इसके अलावा, अन्य 6 ग्राहकों और 50 सीजीडी भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) को कनेक्टिविटी प्रदान करने का कार्य भी चल रहा है।

अपने प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन नेटवर्क को जोड़ते हुए निष्पादन के विभिन्न चरणों में अन्य पाइपलाइन परियोजनाएं भी चल रही हैं जिनमें मुंबई–नागपुर–झारसुगुडा पाइपलाइन (1,755 कि.मी.), श्रीकाकुलम–अंगुल पाइपलाइन (744 कि.मी.), धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (253 कि.मी.), सुल्तानपुर–झज्जर–हिसार पाइपलाइन (135 कि.मी.) और हरिद्वार–ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाइन (50 कि.मी.) शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, पीएनजीआरबी द्वारा आपकी कंपनी को दो नई प्राकृतिक गैस टाई–इन पाइपलाइनें अर्थात् (i) जम्बूसर गुजरात में जया फील्ड से दक्षिण गुजरात नेटवर्क (18 कि.मी.), और (ii) जाफराबाद में एलएनजी टर्मिनल से एकीकृत एचवीजे नेटवर्क (170 कि.मी.) तक पाइपलाइनें बिछाने के लिए अधिकृत किया गया है।

एलपीजी ट्रांसमिशन के क्षेत्र में जामनगर–लोनी एलपीजी पाइपलाइन की क्षमता को 2.5 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 3.25 एमएमटीपीए तक करने का काम भी वर्ष के दौरान पूरा कर लिया गया है।

पेट्रोकेमिकल व्यवसाय क्षेत्र के तहत उसर, महाराष्ट्र में 500 केटीए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन और पॉलीप्रोपाइलीन (पीडीएच–पीपी) परियोजना, और पाता, उत्तर प्रदेश में एक और 60 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) परियोजना स्थापित की जा रही है।

आपकी कंपनी ने मार्जिन को अनुकूल बनाने और मांग आधारित उत्पादन योजना को स्वचालित करने के लिए एसएएस आधारित उन्नत विश्लेषिकी प्रणाली भी लागू की।

### शेयरों की वापस खरीद

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी ने करों को छोड़कर, कुल ₹ 1082,72,37,970 (एक हजार बयासी करोड़ बहत्तर लाख सैंतीस हजार नौ सौ सत्तर रुपए मात्र) के नकद में देय प्रति इक्विटी शेयर के ₹ 190 (एक सौ नब्बे रुपए मात्र) की कीमत पर 5,69,85,463 (पांच करोड़ उनहत्तर लाख पचासी हजार चार सौ तिरसठ) शेयरों को प्रत्येक ₹ 10/– के अंकित मूल्य के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर (पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों की कुल संख्या का 1.28%) पर वापस खरीदा। प्रस्तावित 5.69 करोड़ शेयरों की तुलना में निविदा किए गए शेयरों की कुल संख्या 51.52 करोड़ थी। इस प्रकार कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी 21 जून, 2022 को ₹ 4,440.39 करोड़ से घटकर ₹ 4,383.40 करोड़ हो गई।

### भारत के राष्ट्रपति द्वारा विनिवेश

आपकी कंपनी भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित है। भारत सरकार ने शेयरों की वापस खरीद प्रस्ताव के तहत कंपनी के 2,62,03,384 इक्विटी शेयरों के लिए निविदा आमंत्रित की थी और उसे कंपनी ने वापस खरीद लिया। शेयरों की वापस खरीद के बाद, भारत सरकार की शेयरधारिता अब 2,25,83,86,698 इक्विटी शेयर है जो पहले के 51.45% की तुलना में प्रदत्त शेयर पूंजी के 51.52% का प्रतिनिधित्व करती है।

### लाभांश

आपकी कंपनी को लगातार लाभांश देने वाली कंपनी होने पर गर्व है। निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष के दौरान दो अंतरिम लाभांशों के भुगतान को मंजूरी दी थी, पहला और दूसरा अंतरिम लाभांश 40% और 50% की दर से क्रमशः ₹ 10 प्रत्येक (₹ 4.00 और ₹ 5.00 प्रति इक्विटी शेयर) के इक्विटी शेयर पर कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर ₹ 3,996.35 करोड़ था। पहले और दूसरे अंतरिम लाभांश का भुगतान क्रमशः जनवरी, 2022 और मार्च, 2022 में किया गया था।

निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर 10% (₹ 1/– प्रति इक्विटी शेयर) की दर से अंतिम लाभांश के भुगतान की भी सिफारिश की है।

दावा न किए गए लाभांश का विवरण निगमित शासन रिपोर्ट खंड में शामिल है, जो बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।

### कर्मचारी स्टॉक विकल्प

आपकी कंपनी ने कोई कर्मचारी स्टॉक विकल्प प्रदान नहीं किया है, इसलिए कंपनी (शेयर पूंजी और डिबेंचर) नियम, 2014 के नियम 12(9) और नियम 16(4) के तहत ईएसओपी के संबंध में प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं होती।

### राजकोष में योगदान

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 में शुल्कों, करों और अन्य के माध्यम से राजकोष में ₹ 13,090 करोड़ का योगदान दिया है, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 7,967 करोड़ था।

### क्रेडिट रेटिंग

- **घरेलू रेटिंग**

  आपकी कंपनी को आईसीआरए, केयर और इंडिया रेटिंग्स द्वारा स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'एएए' की उच्चतम घरेलू क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की गई है। यह भारत में उच्चतम घरेलू दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग को दर्शाता है और इसलिए, कंपनी के कम क्रेडिट जोखिम को दर्शाता है।

- **अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग**

  इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी मूडीज इंटरनेशनल, सिंगापुर ने स्थिर आउटलुक के साथ 'बीएए3' की दीर्घकालिक कॉरपोरेट इश्यूअर रेटिंग दी है जो भारत की सॉवरेन रेटिंग के बराबर है। इसके अलावा, फिच रेटिंग्स ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीबीबी–' की दीर्घकालिक जारीकर्ता रेटिंग दी है, जो भारत की सॉवरेन रेटिंग के बराबर है। एजेंसियों ने संकेत दिया है कि आपकी कंपनी की रेटिंग अब भारत की सॉवरेन रेटिंग तक सीमित है और भारत की सॉवरेन रेटिंग में सुधार होने पर इसे अपग्रेड किया जा सकता है।

### ऋण पोर्टफोलियो प्रबंधन

कंपनी ने अपनी नकदी आवश्यकताओं को दीर्घकालिक और अल्पकालिक उधार लेकर तथा आंतरिक उपार्जन के विवेकपूर्ण निर्णय द्वारा प्रबंधित किया। इससे कंपनी को नियोजित पूंजीगत व्यय को प्रभावित किए बिना अपनी पूंजी की लागत को कम करने में मदद मिली। पूंजी की लागत को युक्तिसंगत बनाने के लिए, कंपनी ने पुराने ऋणों को कम ब्याज दरों पर पुनः वित्त–पोषित किया। प्रतिस्पर्धी दरों पर नया उधार लेने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ दीर्घकालिक और अल्पकालिक सुविधाओं के लिए अनुबंध करने के परिणामस्वरूप निधियों की समग्र लागत में कमी आई है। इन उपायों से प्रभावी दीर्घकालिक उधार लागत में कमी आई है।

### ऋण, निवेश और कॉर्पोरेट गारंटी का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के तहत कवर किए गए निवेश, ऋण और गारंटियों का विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत वित्तीय विवरणों का हिस्सा है।

### सहायक/संबद्ध/संयुक्त उद्यम

आपकी कंपनी ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे शहर गैस वितरण (गेल गैस लिमिटेड, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड आदि), पेट्रोकेमिकल उत्पादन (ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड, ओएनजीसी पेट्रो–एडिशंस लिमिटेड), एलएनजी/पुनः गैसीकरण (कोंकण एलएनजी लिमिटेड, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड), गैस ट्रेडिंग (गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड), और शेल गैस (गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक), एलएनजी सोर्सिंग (गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी) के लिए विभिन्न सहायक कंपनियों/संबद्ध/संयुक्त उद्यम कंपनियों का गठन किया है। संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्था/लेन–देन स्वतंत्र आधार पर और व्यापार के सामान्य तरीके के अनुरूप था।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी ने ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्रा. लिमिटेड, आईओसीएल सिंगापुर प्रा. लिमिटेड, ऑयल इंडिया इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से रूस में व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए भारत एनर्जी ऑफिस एलएलसी (बीईओ), मॉस्को, रूस का गठन किया है।

गेल ने ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लिमिटेड (ओटीपीसी) में भी 26% हिस्सेदारी प्राप्त की है। ओटीपीसी का मुख्य उद्देश्य त्रिपुरा में उपलब्ध गैस का अधिकतम उपयोग करना और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की कमी वाले क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति करना है।

वर्ष के दौरान किसी भी सहायक/संयुक्त उद्यम कंपनी में निवेश का अस्तित्व समाप्त नहीं हुआ है।

सहायक/सबद्ध/संयुक्त उद्यम कंपनियों ने अपनी व्यवसाय विस्तार गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के पूर्व प्रावधान के अनुसार आपकी कंपनी की सहायक कंपनियों, संबद्ध कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों की मुख्य विशेषताओं वाला एक विवरण जिसमें कंपनी के समग्र निष्पादन के लिए इन कंपनियों के व्यक्तिगत योगदान शामिल हैं, को इस वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में अवधि के दौरान समेकित वित्तीय विवरण में दर्शाया गया है।




वरिष्ठ अधिकारियों सहित श्री राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त) (बाएं से दूसरे) की उपस्थिति में निवेशकों और विश्लेषकों की बैठक में सीएमडी श्री मनोज जैन (मध्य में)

### सतर्कता

आपकी कंपनी का कॉर्पोरेट सतर्कता विभाग आईएसओ–9001:2015 आईएसओ की आवश्यकताओं के अनुपालन में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली अपनाने के लिए प्रमाणित है।

वर्ष के दौरान अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली में निरंतर सुधार लाने के प्रयास किए गए हैं, मैनुअल हस्तक्षेप को कम करने के लिए प्रक्रियाओं को स्वचालित बनाने और विभिन्न प्रणालीगत सुधार करने के सुझाव दिए गए हैं। इसके अलावा, हितधारकों को संवेदनशील बनाने के लिए, कंपनी के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इस वर्ष, आपकी कंपनी ने सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा (पीआईडीपीआई) शिकायतों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सीवीसी के विशेष अभियान का समर्थन किया तथा पीआईडीपीआई शिकायत तंत्र के तहत विभिन्न प्रावधानों पर एक लघु वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया और पीआईडीपीआई पर एक लघु पुस्तिका प्रकाशित करके जनता को जागरूक किया।

सीवीसी के मार्गदर्शन में 26 अक्तूबर से 1 नवंबर 2021 तक गेल (इंडिया) लिमिटेड, कॉर्पोरेट कार्यालय और इसके विभिन्न साइट कार्यालयों द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह (सीवीसी) 2021 मनाया गया। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय था **"स्वतंत्र भारत @ 75% सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता**। कॉर्पोरेट कार्यालय और इसके सभी कार्य केंद्रों में गेल कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा शपथ लेकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) का आयोजन शुरू हुआ।

केंद्रीय सतर्कता आयुक्त, श्री सुरेश एन. पटेल ने गेल, कॉरपोरेट कार्यालयों के सभी गेल कर्मचारियों को संबोधित किया। गेल के सभी प्रमुख 40 स्थानों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा गया। सीवीसी द्वारा **"स्वतंत्र भारत @ 75% सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता** और गेल की वार्षिक सतर्कता पत्रिका **"जागरूक"** पर एक वीडियो फिल्म प्रदर्शित की गई।




श्री मनोज जैन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (मध्य में) ने श्री एम.वी. अय्यर, निदेशक (व्यापार विकास) (बाएं से दूसरे), श्री राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त) (दाएं से दूसरे) और श्री दीपक गुप्ता, निदेशक (परियोजना) (दाएं से पहले) की उपस्थिति में प्रेस सम्मेलन में कंपनी के वार्षिक वित्तीय परिणाम 2021–22 की घोषणा की

वीएडब्ल्यू–2021 की अन्य मुख्य विशेषताएं इस प्रकार थीं:

- सीवीओ, गेल ने केवड़िया, गुजरात में सीवीसी और सीबीआई के संयुक्त सम्मेलन के दौरान आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2021 के रन–अप कार्यक्रम में भाग लिया।
- नई दिल्ली में व्यवसाय भागीदार परस्पर चर्चा बैठक (विक्रेता बैठक) तथा एनसीआर, जयपुर और लखनऊ जोन के गैस, पेट्रोकेमिकल और एलएचसी ग्राहकों के लिए ग्राहक बैठक का आयोजन किया गया।
- जनता को जागरूक करने के लिए बंगलौर और रांची के 4 गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2021 के दौरान महाप्रबंधक (सतर्कता), नोएडा को सीवीसी द्वारा निवारक सतर्कता में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### प्राथमिकता वर्ग का प्रतिनिधित्व

आपकी कंपनी अनुसूचित जातियों (अ.जा.), अनुसूचित जनजातियों (अ.ज. जा.), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए सीधी भर्ती में आरक्षण, छूट, रियायत आदि के संबंध में भारत सरकार की नीतियों और प्रक्रियाओं से संबंधित समय–समय पर जारी राष्ट्रपति के निर्देशों और अन्य निर्देशों/दिशानिर्देशों का अनुपालन करती रही है।

31 मार्च, 2022 तक कर्मचारियों की कुल संख्या और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, पीडब्ल्यूबीडी के प्रतिनिधित्व के संबंध में समूह–वार विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

| समूह | नामावली में कर्मचारियों की कुल संख्या | अ.जा. | अ.ज.जा. | ओबीसी | पीडब्ल्यूबीडी | सामान्य के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | 3,634 | 587 | 258 | 759 | 57 | 26 |
| बी | 341 | 44 | 25 | 98 | 6 | 0 |
| सी | 727 | 136 | 33 | 261 | 33 | 0 |
| डी | 46 | 13 | 6 | 12 | 0 | 0 |
| सीएमडी, पूर्ण–कालिक निदेशक और सीवीओ | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल योग** | **4,754** | **780** | **322** | **1,130** | **96** | **26** |

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी में कुल 253 नए कर्मचारी (सीवीओ सहित) शामिल हुए। 31 मार्च, 2022 तक कंपनी की कुल जनशक्ति 4,754 (सीएमडी, पूर्णकालिक निदेशकों और सीवीओ सहित) थी, जिसमें से अनुसूचित जाति वर्ग के 16%, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 7%, अन्य पिछड़ा वर्ग के 24%, अल्पसंख्यकों के 8% और बेंचमार्क दिव्यांग (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी के 2% कर्मचारी शामिल थे। आपकी कंपनी के कार्यबल में 31 मार्च, 2022 तक 309 महिला कर्मचारी शामिल हैं।

### राजभाषा

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की निगरानी और समीक्षा करने के लिए निगमित और कार्य केंद्र स्तर पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियां हर तिमाही में बैठक करती हैं।

निगमित कार्यालय तथा जीटीआई, नोएडा और जीटीआई, जयपुर में प्रशिक्षण केंद्रों सहित सभी कार्य केंद्रों पर नियमित आधार पर हिंदी कार्यशालाओं/प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाता है। हिंदी कंप्यूटर प्रशिक्षण सत्र भी इन कार्यक्रमों का एक अभिन्न हिस्सा हैं। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 144 हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें 3,812 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

भाषाई सौहार्दता का प्रचार–प्रसार करने और कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का उत्तरोत्तर प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2021 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। कर्मचारियों को हिंदी में काम करने और अनुकूल माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कई प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

आपकी कंपनी हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए अपनी त्रैमासिक हिंदी पत्रिका **"राजभाषा सहयोग"** भी प्रकाशित करती है। वर्ष के दौरान राजभाषा के लिए **"राजभाषा कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश संबंधी पैम्पलेट का प्रकाशन"** तैयार किया गया और इसे कर्मचारियों के लाभ के लिए अपनी कंपनी के इंट्रानेट पर डाला गया है।

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप–समिति ने राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा करने के लिए गेल जयपुर, अहमदाबाद आंचलिक कार्यालय, कोलकाता आंचलिक कार्यालय, जीजीएल, नोएडा और गेल छांयसा का निरीक्षण किया।

10 जनवरी 2022 को गेल में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए निगमित कार्यालय में एक संस्मरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व हिंदी दिवस के दौरान हिंदी को बढ़ावा देने के लिए कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गेल के जयपुर कार्यालय को वर्ष 2019–20 के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न

आपकी कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण पर एक ठोस नीति लागू की है। यौन उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन किया गया है। यह अपने नियमित, आउटसोर्स कर्मचारियों और आगंतुकों सहित सभी महिलाओं को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के संबंध में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| क) | वित्तीय वर्ष की शुरुआत में लंबित शिकायतों की संख्या | शून्य |
| ख) | वित्तीय वर्ष के दौरान दायर शिकायतों की संख्या | शून्य |
| ग) | वित्तीय वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या | शून्य |
| घ) | वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या | शून्य |

### सूक्ष्म और लघु उद्यमों से खरीद

आपकी कंपनी सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यावसायिक संगठन है तथा यह विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं को अपनी सार्वजनिक खरीद नीति (पीपीपी) के माध्यम से पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। यह एमएसई को उचित अवसर देती है, तथा उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है और सतत विकास में योगदान देती है।

एमएसई के लिए अपनी सार्वजनिक क्रय नीति (पीपीपी) को लागू करते समय, आपकी कंपनी निम्नलिखित आबंटन पर ध्यान केंद्रित करती है: एमएसई से खरीद का 25%, अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 4% और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 3%। इसके अलावा, इसके पीपीपी ने स्थानीय विक्रेताओं को आत्मविश्वास से संख्या उद्धृत करने तथा लेनदेन और निविदा लागत को कम करने में मदद की है।

उक्त नीति के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, आपकी कंपनी ने एमएसई से कुल ₹ 1,478 करोड़ की खरीद की, जो ₹ 3,689 करोड़ माल के उत्पादन और एमएसई द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं (अ.जा./अ.ज.जा. और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित) वार्षिक खरीद के कुल पात्र मूल्य का लगभग 40.06% है।

इसके अलावा, एमएसई के लिए 16 विक्रेता विकास कार्यक्रम (4 विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम/विशेष रूप से अ.जा./अ.ज.जा. और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए व्यावहारिक सत्र सहित) आयोजित किए गए थे।

आपकी कंपनी पहले से ही तीनों सेवा प्रदाताओं (अर्थात मैसर्स माईंड सॉल्यूशंस, मैसर्स ए टीआरईडीएस, और मैसर्स आरएक्सआईएल) के व्यापार प्राप्ति ई–छूट प्रणाली (टीआरईडीएस) पोर्टल पर पंजीकृत है और एमएसई विक्रेताओ को टीआरईडीएस के माध्यम से भुगतान भी कर रही है।

### जेम के माध्यम से खरीद

सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जेम) सरकार द्वारा संचालित ई–कॉमर्स पोर्टल है। यह विभिन्न सरकारी विभागों, संगठनों और सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन आसान खरीद करने और उसमें सक्षम बनाने के लिए वन–स्टॉप सुविधा है।

आपकी कंपनी के सभी कार्य केंद्र जेम पोर्टल पर पंजीकृत हैं और केवल जेम के माध्यम से पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करते हैं।

वित्त वर्ष 2021–22 में, गेल ने जेम के माध्यम से ₹ 2,593 करोड़ की खरीद की थी (जो कि वर्ष में कुल खरीद का 25% से अधिक है।



श्री मनोज जैन, सीएमडी सीपीएसई सम्मेलन प्रदर्शनी, गांधीनगर में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गेल के स्टाल का उद्घाटन करते हुए

### ग्राहक संबंध

ग्राहक निष्ठा और संतुष्टि आपकी कंपनी के व्यवसाय के केंद्र में है जो इसके दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यधिक आवश्यक है। गेल अपनी कार्यनीतियों की समीक्षा करता है, अपने दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित करता है और बेहतर सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित व्यावसायिक पहल करता है। यह अपने ग्राहकों को स्थायी संबंध बनाने और बेहतर ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक प्रचालन के बारे में सूचित रखने में विश्वास रखता है।

- **ग्राहक से जुड़ाव और संतुष्टि**

ग्राहक जुड़ाव यह है कि आप अपने ग्राहकों के साथ विश्वास और संबंध कैसे बनाते हैं और उन्हें संतुष्ट रखने के लिए क्या रणनीति अपनाते हैं। आपकी कंपनी विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से पूरे वर्ष अपने ग्राहकों के साथ जुड़ी रहती है। इसका उद्देश्य संतोषजनक ग्राहक अनुभव प्रदान करना और अपने जुड़ाव कार्यक्रमों के भाग के रूप में उचित ग्राहक–केंद्रित पहल करना है। ऐसी पहल से दीर्घावधि में गेल के ब्रांड की विश्वसनीयता बढ़ती है और संभावित ग्राहकों तक पहुंच बनाने में मदद मिलती है।

आपकी कंपनी ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए अपने ग्राहकों के साथ व्यक्तिगत संबंध और स्वस्थ संबंध बनाने के लिए समर्पित है। गेल के लिए, यह विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है कि इसके प्रस्ताव ग्राहकों की अपेक्षाओं को कैसे पूरा कर रहे हैं या उससे अधिक संतुष्टि दे रहे हैं। इन अपेक्षाओं को पूरा करना व्यवसाय के विकास का एक अनिवार्य हिस्सा है जो अपने ग्राहक आधार को तेजी से विकसित करने और अपनी प्रतिष्ठा में सुधार करने में सहायता करता है।

आपकी कंपनी उत्पाद की गुणवत्ता और दी जाने वाली सेवाओं पर ग्राहकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए दो प्रकार के सर्वेक्षण करती है। एक ग्राहक संतुष्टि सूचकांक (सीएसआई) है, जो ग्राहकों से प्रतिक्रिया एकत्र करने का एक आंतरिक प्रयास है। सभी सक्रिय ग्राहकों को उनके पंजीकृत ईमेल–आईडी पर एक लिंक प्रदान किया जाता है। ग्राहक गुणवत्ता और सेवाओं पर विभिन्न मानकों पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं। उनकी प्रतिक्रिया एसएपी के माध्यम से एकत्र की जाती है और उनका विश्लेषण किया जाता है। पर्यवेक्षण को तुरंत और उचित रूप से कम किया जाता है और उसके बाद ग्राहकों को लूप पूरा करने के लिए सूचित किया जाता है।

दूसरा प्रकार ग्राहक मूल्य प्रबंधन (सीवीएम) है जिसमें ग्राहकों से प्रतिक्रिया एक तृतीय–पक्ष मूल्यांकन एजेंसी द्वारा एकत्र की जाती है। ग्राहकों से अनुरोध किया जाता है कि वे प्रश्नों के एक सेट का उत्तर दें और उनकी प्रतिक्रिया दर्ज की जाती है। एजेंसी द्वारा इस फीडबैक का आगे और विश्लेषण किया जाता है और आपकी कंपनी के प्रबंधन को प्रस्तुत किया जाता है। ग्राहकों की समस्याओं पर चर्चा की जाती है और विचार–विमर्श किया जाता है तथा एक सुधारात्मक कार्य–योजना को संस्थागत रूप दिया जाता है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) का भी हिस्सा है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों और जनता को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए एक मंच प्रदान करना है, जहां शिकायतें सीधे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) द्वारा प्राप्त की जाती हैं। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कुल 201 जन शिकायतें प्राप्त हुईं और सभी का समाधान किया गया।

- **ग्राहक गोपनीयता और शिकायत निवारण**

ग्राहक गोपनीयता आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि लोग ऑनलाइन अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। डेटा की सुरक्षा, वास्तविक नियोजित उद्देश्य के लिए सूचना/डेटा का उपयोग करना, गोपनीयता बनाए रखना और सूचना की चोरी या दुरुपयोग से बचने जैसे मामले ग्राहक की गोपनीयता के हिस्सा हैं।

ग्राहक डेटा को प्रभावी ढंग से संरक्षित करने के अलावा, आपकी कंपनी पहुंच योग्य और सहायक शिकायत तंत्र के महत्व को महसूस करते हुए ग्राहक सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है। इसकी एक विश्वसनीय शिकायत निवारण प्रक्रिया है और इसके ग्राहकों की किसी भी समस्या या असंतोष को प्रभावी ढंग से हल किया जा सकता है। अपनी व्यावसायिक इकाइयों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद, गेल का लक्ष्य इस मुद्दे पर ध्यान देना और इसे जल्द से जल्द हल करना है।

### समझौता–ज्ञापन निष्पादन

आपकी कंपनी और उसके प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात् पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बीच हर साल एक समझौता–ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाते हैं, ताकि उसमें निर्धारित लक्ष्यों के माध्यम से कंपनी के निष्पादन स्तर का जायजा लिया जा सके और उसे बढ़ाया जा सके। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए भारत सरकार के सचिव (पीएंडएनजी) और गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के बीच एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

सीपीएसई की संगठनात्मक प्रभावकारिता, आर्थिक निष्पादन, प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यावसायिक स्थान पर उपयोगिता का आकलन करने के लिए सीपीएसई के समझौता–ज्ञापनों को अंतिम रूप दिया गया है। देश में प्राकृतिक गैस क्षेत्र के विकास में सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप समझौता–ज्ञापन 2021–22 पर हस्ताक्षर किए गए। वित्तीय मापदंडों के अलावा, समझौता–ज्ञापन के मापदंडों में कार्यनीतिक राष्ट्रीय महत्व के मानदंड भी शामिल हैं जैसे अनुसंधान और विकास क्षेत्र में पूंजीगत व्यय। समझौता–ज्ञापन 2021–22 के लिए, एक नया मापदंड – बाजार पूंजीकरण में सुधार शामिल किया गया था।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए आपकी कंपनी के एमओयू का मूल्यांकन किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2020–21 के लिए एमओयू का मूल्यांकन डीपीई द्वारा पूरा कर लिया गया है और गेल ने '80.87' अंक हासिल किए हैं, जो 'बहुत अच्छा' रेटिंग के अनुरूप है।

### सूचना का अधिकार

पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुरूप पूरी कंपनी में एक उपयुक्त तंत्र स्थापित किया गया है। आपकी कंपनी ने अपनी सभी यूनिटों/कार्यालयों में आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत नागरिकों को जानकारी प्रदान करने के लिए निगमित कार्यालय में 01 केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और 01 लिंक–सीपीआईओ, 56 सहायक सीपीआईओ और 21 प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों को नामित किया है।

आपकी कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर आरटीआई दिशानिर्देश और संबंधित जानकारी होस्ट की है और इसे https://gailonline.com/RTI.html पर देखा जा सकता है। इसके अलावा, आरटीआई आवेदनों पर एमआईएस रिपोर्ट, रिकॉर्ड रखने की अनुसूची और नवीनतम आरटीआई लेखापरीक्षा रिपोर्ट को भी इसी लिंक के तहत वेब पर डाला गया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(1)(ख) में उस सूचना का उल्लेख किया गया है जिसका खुलासा किसी भी लोक प्राधिकारी द्वारा स्वतः संज्ञान या सक्रिय आधार पर किया जाना चाहिए। धारा 4(2) और धारा 4(3) में इस सूचना के प्रसार का तरीका बताया गया है। तदनुसार, धारा–4 के तहत स्वतः संज्ञान प्रकटीकरण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, गेल के कॉर्पोरेट आरटीआई सेल ने गेल की वेबसाइट पर एक समर्पित पृष्ठ होस्ट किया है, जिसके माध्यम से सक्रिय आधार पर पब्लिक डोमेन में बड़ी मात्रा में सूचना डाली गई है। ऐसा आपकी कंपनी के कामकाज को अधिक पारदर्शी बनाने और व्यक्तिगत आरटीआई आवेदन दाखिल करने की आवश्यकता को कम करने के लिए किया जा रहा है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी को जुलाई, 2016 से भारत सरकार–डीओपीटी ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल पर लाइव बनाया गया है और तब से, गेल ऑनलाइन मोड के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, भौतिक रूप से प्राप्त आरटीआई आवेदनों पर आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है और तदनुसार जानकारी प्रदान की जाती है।

वित्त वर्ष 2021–22 के लिए, गेल के कॉर्पोरेट आरटीआई सेल में प्राप्त आरटीआई आवेदनों और प्रथम चरण की आरटीआई अपील और उसके निपटान की दर 100% है। आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय–सीमा के भीतर कुल 1313 आरटीआई आवेदनों का निपटारा किया गया। इसके अलावा, आरटीआई अपीलकर्ता(ओं) द्वारा दायर दूसरी अपील के संबंध में वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान केंद्रीय सूचना आयोग की ओर से कोई दंड/प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई थी।

## जोखिम प्रबंधन

जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन, पता लगाए गए प्रमुख जोखिमों और उनके उपशमन सहित जोखिम प्रबंधन गतिविधियों का विवरण प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण खंड में शामिल किया गया है, जो बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।

## प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 34 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 7.5 के संदर्भ में, विस्तृत प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–क** के रूप में संलग्न है।

## निगमित नियंत्रण

आपकी कंपनी का मानना है कि अच्छा निगमित नियंत्रण एक सकारात्मक संगठनात्मक संस्कृति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे हमारे हितधारकों के प्रति जिम्मेदारी, जवाबदेही, निरंतरता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और निगमित नियंत्रण पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, निगमित नियंत्रण पर एक रिपोर्ट इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–ख** के रूप में संलग्न है।

बोर्ड की बैठकों और संरचना, विचारार्थ विषयों सहित बोर्ड की सांविधिक समितियों, निदेशकों की नियुक्ति पर कंपनी की नीति और उनके पारिश्रमिक, कंपनी में उनकी शेयरधारिता, व्हिसल ब्लोअर प्रणाली की स्थापना का विवरण, वार्षिक आम बैठक से संबंधित विवरण, घोषित लाभांश से संबंधित सूचना, आईईपीएफ विवरण और अन्य मामलों का ब्यौरा, आदि निगमित नियंत्रण पर रिपोर्ट में इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

विनियामकों या अदालतों या अधिकरणों द्वारा भविष्य में आपकी कंपनी के बने रहने की स्थिति और प्रचालन को प्रभावित करने के संबंध में कोई महत्वपूर्ण और भौतिक आदेश पारित नहीं किया गया है।

कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने सेबी (एलओडीआर) विनियमों, 2015 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों में शामिल शर्तों के संबंध में आपकी कंपनी के अनुपालन की जांच की है और उसे प्रमाणित किया है। प्रमाण–पत्र इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–ग** के रूप में संलग्न है।

## व्यापार उत्तरदायित्व और स्थायित्व रिपोर्ट

सेबी (एलओडीआर) विनियमों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021–22 के लिए, आपकी कंपनी स्वेच्छा से व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट के स्थान पर एक व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थायित्व रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकती है। गेल ने पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन के दृष्टिकोण से कंपनी द्वारा की गई पहलों का वर्णन करते हुए व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थायित्व रिपोर्ट (बीआरएसआर) को अपनाया है और यह वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

## लेखा परीक्षक और लेखापरीक्षा रिपोर्टें

### 1. सांविधिक लेखापरीक्षक

आपकी कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा की जाती है। मैसर्स ए.आर. एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, नई दिल्ली और गांधी मिनोचा एंड कंपनी को वित्त वर्ष 2021–22 के लिए आपकी कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर सीएंडएजी की समीक्षा और टिप्पणियां वित्तीय विवरणों का हिस्सा हैं। लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लिखित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी स्वतः स्पष्ट हैं। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा वित्तीय विवरणों को बिना किसी टिप्पणी के स्वीकार कर लिया गया है।

### 2. लागत लेखापरीक्षक

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए छह लागत लेखापरीक्षक नियुक्त किए हैं:

| क्र.सं. | लागत लेखा परीक्षक का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | मैसर्स आर.जे. गोयल एंड कंपनी, नई दिल्ली | उत्तरी क्षेत्र–I |
| 2 | मैसर्स चंद्रा वाधवा एंड कंपनी, नई दिल्ली | उत्तरी क्षेत्र–II |
| 3 | मैसर्स शोम एंड बनर्जी, कोलकाता | मध्य क्षेत्र |
| 4 | मैसर्स ए.बी.के. एंड एसोसिएट्स, मुंबई | पश्चिमी क्षेत्र |
| 5 | मैसस धनंजय वी. जोशी एंड एसोसिएट्स, पुणे | दक्षिणी क्षेत्र |
| 6 | मैसस मणि एंड कंपनी, कोलकाता | पूर्वी क्षेत्र |

मैसर्स आर.जे. गोयल एंड कंपनी, नई दिल्ली प्रमुख लागत लेखापरीक्षक हैं।

आपकी कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप–धारा (1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट कंपनी (लागत रिकॉर्ड एवं लेखापरीक्षा) नियम, 2014 के तहत निर्धारित लागत लेखा रिकॉर्ड बनाए रख रही है।

### 3. आंतरिक लेखापरीक्षक

गेल का एक आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है, जिसके प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक हैं। इसके अलावा, आपकी कंपनी ने पहली बार चयनित साइटों की आंतरिक लेखापरीक्षा को आउटसोर्स किया है और वित्त वर्ष 2021–22 और वित्त वर्ष 2022–23 के लिए प्रत्येक क्षेत्र हेतु चार आंतरिक लेखापरीक्षा फर्म(र्मों) को नियुक्त किया है। विवरण इस प्रकार हैः

| क्र.सं. | आंतरिक लेखा परीक्षक का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | मैसर्स जीएस माथुर एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली | उत्तरी |
| 2 | मैसस निरंजन और नारायण, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, हैदराबाद | दक्षिणी |
| 3 | मैसस बंदोपाध्याय भौमिक एंड कंपनी कॉस्ट अकाउंटेंट्स, कोलकाता | पूर्वी |
| 4 | मैसस केजी सोमानी एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली | पश्चिमी |

### 4. सचिवीय लेखापरीक्षक

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए मैसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स को सचिवीय लेखापरीक्षक नियुक्त किया है। कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम और अन्य लागू कानूनों के प्रावधानों के लिए कंपनी सचिव द्वारा अनुपालन की पुष्टि करने वाली सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट, इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–घ** के रूप में संलग्न है।

सचिवीय लेखापरीक्षक ने यह टिप्पणी की है कि आपकी कंपनी बोर्ड और अन्य सांविधिक समितियों (लेखापरीक्षा समिति, हितधारक संबंध समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति तथा जोखिम प्रबंधन समिति) के गठन और बोर्ड के निष्पादन मूल्यांकन के संदर्भ में सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 17, 18, 19 और 20, खंड 3.1.2, खंड 3.1.4, निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के अध्याय 4 एवं 5, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(4), 177 और 178 के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है। इसके अलावा, बोर्ड और सांविधिक समितियों के गठन का अनुपालन न होने के कारण एनएसई और बीएसई ने वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान विभिन्न तिमाहियों के लिए जुर्माना लगाया है।

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट में की गई टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर इस प्रकार हैः

गेल एक सरकारी कंपनी है और कंपनी के बोर्ड में सभी निदेशकों की नियुक्ति/नामांकन भारत सरकार द्वारा किया जाता है। भारत सरकार द्वारा पर्याप्त संख्या में गैर–कार्यकारी निदेशकों/स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के अभाव में, बोर्ड की संरचना में लेखापरीक्षा समिति तथा नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (01.04.2021 से 02.12.2021 तक), हितधारक संबंध समिति और जोखिम प्रबंधन समिति



गेल को श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय केंद्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री द्वारा गैस क्षेत्र के लिए निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व हेतु गोल्डन पीकॉक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त) ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया

(06.08.2021 से 02.12.021) में स्वतंत्र निदेशकों के अभाव में बोर्ड की संरचना से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया जा सका। तथापि, भारत सरकार ने नवंबर, 2021 में गेल के बोर्ड में छह गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशकों को नामित किया और इसलिए गेल बोर्ड के गठन, लेखापरीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति और जोखिम प्रबंधन समिति से संबंधित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 की आवश्यकताओं का पूरी तरह से अनुपालन कर रहा है। इसके अलावा, नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तों के साथ–साथ सभी निदेशकों का कार्यकाल भी भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है और भारत सरकार द्वारा निदेशकों के निष्पादन मूल्यांकन के लिए एक व्यवस्थित निर्धारित प्रक्रिया है।

## निदेशकों का निष्पादन मूल्यांकन

आपकी कंपनी एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है और स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशकों की नियुक्ति/नामांकन भारत के राष्ट्रपति द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से किया जा रहा है। इसलिए, स्वतंत्र निदेशकों सहित व्यक्तिगत निदेशकों का निष्पादन मूल्यांकन भारत सरकार द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी होने के नाते किया जा रहा है।

## निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि अपने हितधारकों के विकास में निर्णायक भूमिका निभाने की दिशा में प्रतिबद्धता समाज के वंचित वर्गों के उत्थान से जुड़ी है, जो अपने प्रचालन के क्षेत्रों में और उसके आसपास रहते हैं। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के सिद्धांत आपकी कंपनी की कॉर्पोरेट संस्कृति में गहराई से अपनाए गए हैं। प्रयासों को व्यापक रूप से बढ़ाने के लिए, गेल ने वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर 204.97 करोड़ रुपए (पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 3%) व्यय किए हैं जो पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 2% (136.46 करोड़ रुपए) के सांविधिक रूप से अनिवार्य व्यय से अधिक है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) और 135(2) के साथ पठित 22 जनवरी, 2021 को अधिसूचित कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) संशोधन नियम, 2021 के नियम 8 के तहत अपेक्षित सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट **अनुलग्नक–ड.** में प्रस्तुत की गई है।

**आपकी कंपनी की सीएसआर नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/CSRPolicy.html पर भी उपलब्ध है।**

## ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अपनाना, और विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ड) की आवश्यकता के अनुसार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी अपनाने के संरक्षण और विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय का विवरण **अनुलग्नक–च** में दिया गया है जो इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

## संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्थाओं का विवरण

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ज) की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी अधिनियम नियम, 2013 की धारा 188(1) में उल्लिखित संबंधित पक्षों के साथ अनुबंधों या व्यवस्थाओं का विवरण निर्धारित प्रपत्र एओसी–2 में **अनुलग्नक–छ** के रूप में संलग्न है।

आपकी कंपनी ने संबंधित पार्टी लेनदेन से निपटने के लिए एक नीति तैयार की है और इसे आपकी कंपनी की वेबसाइट http://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILRelatedPartyTransactionPolicyMarch2022 पर होस्ट किया है।

## कर्मचारियों का विवरण

भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 5 जून, 2015 की अधिसूचना के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों का पालन करने से छूट दी गई है। चूंकि आपकी कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए बोर्ड की रिपोर्ट के भाग के रूप में ऐसे विवरणों को शामिल नहीं किया गया है।

## वार्षिक विवरणी

वार्षिक विवरणी को अपनी कंपनी की वेबसाइट https://gailonline.com/IZAnnualReports.html पर होस्ट किया गया है।

## लाभांश वितरण नीति

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 43क के अनुसार, आपकी कंपनी ने एक लाभांश वितरण नीति तैयार की है। लाभांश का भुगतान कंपनी की लाभांश वितरण नीति के अनुसार किया जाता है।

कंपनी की लाभांश वितरण नीति कंपनी की वेबसाइट at http://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL%20Dividend%20Distribution%20Policy.pdf पर उपलब्ध है।

## शेयर जारी करना और जमा की स्वीकृति

वित्त वर्ष 2021–22 में कंपनी द्वारा कोई नया शेयर जारी नहीं किया गया।

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 सहित किसी भी सावधि जमा को स्वीकार नहीं किया है।

## निधियां जुटाना

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, आपकी कंपनी ने अधिमान आबंटन या योग्य संस्थानों के प्लेसमेंट के माध्यम से निधियां नहीं जुटाई है।

## विदेशी मुद्रा आय और व्यय

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान विदेशी मुद्रा प्रवाह 20,326 करोड़ रुपए और विदेशी मुद्रा बहिर्गमन 46,843 करोड़ रुपए रहा।

## निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी के निदेशक मंडल/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक में निम्नलिखित परिवर्तन हुए:

### नियुक्तियाँ:

- डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, सरकार द्वारा नामित निदेशक, दिनांक 16.06.2021 से
- श्री अखिलेश जैन, स्वतंत्र निदेशक, 08.11.2021 से
- श्री संजय कश्यप, स्वतंत्र निदेशक, 17.11.2021 से
- डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी, स्वतंत्र निदेशक, 17.11.2021 से
- श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी, स्वतंत्र निदेशक, 18.11.2021 से
- प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे, स्वतंत्र निदेशक, 22.1.2021 से
- श्री शेर सिंह, स्वतंत्र निदेशक, 22.1.2021 से
- श्री राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त) और सीएफओ, 01.12.2021 से
- श्री दीपक गुप्ता, निदेशक (परियोजना), 12.02.2022 से

### कार्यकाल का समापन:

- श्री आशीष चटर्जी, सरकार द्वारा नामित निदेशक, 31.05.2021 तक
- श्रीमती बंतो देवी कटारिया, स्वतंत्र निदेशक, 05.08.2021 तक
- श्री अंजनी कुमार तिवारी, निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ, 30.11.2021 तक
- श्रीमती उषा सुरेश, सरकार द्वारा नामित निदेशक, 31.01.2022 तक

बोर्ड ने निवर्तमान निदेशकों द्वारा कंपनी के साथ उनकी संबद्धता के दौरान दी गई मूल्यवान सेवाओं के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

श्री ई.एस. रंगनाथन 01.07.2020 से निदेशक (विपणन) – गेल के पद पर थे और वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति के दिनांक 18 जनवरी, 2022 के पत्र सं. सी–31022/1/2022–वीआईजी–पीएनजी द्वारा निलंबित हैं।

## स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा

कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 25(8) के अनुसार स्वतंत्र निदेशक से यह पुष्टि करते हुए आवश्यक घोषणा प्राप्त हुई है कि:

ये अधिनियम की धारा 149(6) तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम के विनियम 16(1)(ख) में निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।

उन्होंने कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के तहत भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान द्वारा रखे गए स्वतंत्र निदेशकों के डेटा बेस के साथ पंजीकरण कराया है।

## स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

स्वतंत्र निदेशकों के परिचय कार्यक्रम का विवरण कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILfamiliarization program23032022.pdf पर उपलब्ध हैं।

## आचार संहिता

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और निगमित नियंत्रण पर डीपीई दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं के अनुसार, बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

## दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016

दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत कोई आवेदन नहीं किया गया है; इसलिए वित्तीय वर्ष के अंत में उनकी स्थिति के साथ–साथ वर्ष के दौरान दिवालिया और दिवालियापन संहिता, 2016 (2016 का 31) के तहत किए गए आवेदन या किसी भी कार्यवाही के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता लागू नहीं है।

## सूचना प्रणाली और प्रौद्योगिकी

आपकी कंपनी हमेशा अपनी व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सतत रूप से बढ़ाने के लिए नई प्रौद्योगिकी समाधानों को अपनाने में सबसे आगे रही है। प्रचालन उत्कृष्टता और हितधारक मूल्य सृजन के लिए डिजिटल रूप से सशक्त संगठन बनने की दृष्टि से आपकी कंपनी ने अपनी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कई नई प्रौद्योगिकियों को अपनाया है। ऊर्जा व्यापार में अत्याधुनिक ऊर्जा व्यापार और जोखिम प्रबंधन (ईटीआरएम) प्रणाली लागू की गई है जिसने एक प्लेटफॉर्म के तहत व्यवसाय खंड की पूरी रूपरेखा दी है। नवीनतम सॉफ्टवेयर और उच्च स्तरीय विश्वसनीयता, उपलब्धता और दक्षता के साथ हाइपर कन्वर्जेंस इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित निजी क्लाउड की स्थापना की गई है ताकि व्यापार कार्यभार की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

अभूतपूर्व कोविड–19 महामारी के दौरान, कर्मचारियों को घर से काम करने की सुविधा दी गई और उन्हें कोविड–19 के संदर्भ में सरकारी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। आपकी कंपनी सहयोग और वर्चुअल बैठक प्लेटफॉर्म, ई–नोट–शीट, दूर से काम करने के लिए सिस्टम तक सुरक्षित पहुंच, ऑनलाइन लेनदेन, मोबाइल ऐप्स आदि जैसे कई तकनीकी समाधानों की मदद से भली–भांति काम कर सकती है।

आपकी कंपनी ने (i) पीएनजी ग्राहकों से भुगतान प्राप्त करने के लिए भारत बिल पे सिस्टम (बीबीपीएस), (ii) पीओ, बिल और भुगतान विवरण के आदान–प्रदान के लिए सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल, (iii) मासिक जीएसटीआईएन रिटर्न जमा करने के लिए जीएसटीआईएन पोर्टल, (iv) ऑनलाइन और सांविधिक प्रणाली के साथ आद्योपांत एकीकरण के लिए टीसीएस, ई–इन्वायस और ई–वे बिल पोर्टल (v) बिल देने और भुगतान के लिए आईजीएक्स का गैस व्यापार प्लेटफार्म (vi) सूचना के तीव्र और विश्वसनीय आदान–प्रदान के लिए स्वतः समायोजन आदि के लिए बैंकों जैसे कई बाहरी एप्लीकेशनों के साथ अपने ईआरपी सिस्टम को मूल रूप से एकीकृत किया है। आपकी कंपनी ने बोर्ड और समिति की बैठकों का संचालन करने के लिए **"जी–बोर्ड पोर्टल"** (गेल का बोर्ड/समिति की बैठकों के लिए पेपरलेस प्लेटफॉर्म) डिजिटल तरीका अपनाया है।

आपकी कंपनी ने बहुत बड़ी मात्रा में दोहरेपन वाले कार्यों को समाप्त करने के लिए रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) तकनीक अपनाई है। इसी तरह, आपकी कंपनी ने कर्मचारी के दावों की प्रोसेसिंग करने, अन्य व्यावसायिक लेनदेन के साथ–साथ हाथ से चलने वाले उपकरणों के माध्यम से उपयोग और पहुंच को आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए रिपोर्टिंग कार्यक्षमताओं हेतु कई मोबाइल ऐप विकसित किए हैं। इन कार्यान्वयनों के परिणामस्वरूप कार्यस्थल में उत्पादकता, दक्षता और सटीकता में वृद्धि हुई है।

आपकी कंपनी ने कई वेब आधारित एप्लीकेशनों को लागू किया है जैसे (i) प्रमुख जोखिमों और उनकी उपशमन योजनाओं की निगरानी के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणाली, (ii) उम्मीदवारों के दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन, (iii) व्यापार प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और पूर्णता को बढ़ाने के लिए अनुबंधों आदि को देने के बाद की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए जहाजरानी वेब एप्लीकेशन।

सीजीडी क्षेत्र में, आपकी कंपनी ने अपनी संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों द्वारा पीएनजी और सीएनजी सुविधाओं की गहन निगरानी के लिए सीजीडी डीपीआर मोबाइल ऐप लागू की है। ऐप आधारित सीजीडी मीटर रीडिंग कार्यक्षमता के साथ–साथ बीबीपीएस आधारित भुगतान प्रणाली ने सीजीडी ग्राहकों को काफी सुविधा प्रदान की है।

आपकी कंपनी ने अपनी सूचना परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए कई आधुनिक साइबर सुरक्षा समाधानों को शामिल करने के साथ अपने साइबर सुरक्षा पोर्टफोलियो में वृद्धि की है।

आपकी कंपनी क्रॉस कंट्री प्राकृतिक गैस और एलपीजी पाइपलाइनों की निगरानी और नियंत्रण के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ केंद्रीकृत स्काडा प्रणाली को उन्नत कर रही है।

**महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के बीच राष्ट्र की सेवा में गेल**

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी ने विषम परिस्थितियों का सामना किया और अपनी पाइपलाइन प्रणालियों के निर्बाध और सुरक्षित प्रचालन को बनाए रखते हुए बाद की कोविड लहरों के कारण होने वाले दुष्परिणामों को दूर करने में कामयाब रही और देश में सभी आवश्यक क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस और एलपीजी की 100% निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की। आपकी कंपनी समाज और व्यवसाय दोनों के लिए सकारात्मक, स्थायी प्रभाव पैदा करने में विश्वास करती है और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए 97.18 का समग्र एचएसई अंक हासिल किया है।

आपकी कंपनी का गैस ट्रांसमिशन और गैस विपणन मात्रा पिछले वित्तीय वर्ष के आंकड़ों से अधिक है। जबकि प्रमुख क्षेत्रों में बिक्री पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, सीजीडी क्षेत्र में गैस की बिक्री ने पहली तिमाही में सीएनजी, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं की मांग में कमी के कारण कुछ कमजोरी दिखाई। लेकिन निरंतर प्रयासों से आपकी कंपनी सीजीडी क्षेत्र में पिछले वित्तीय वर्ष के निष्पादन को बेहतर बनाने में सफल रही है। यह उल्लेखनीय है कि महामारी से उत्पन्न भय और पीएनजी कनेक्शन के लिए तकनीशियनों को अपने घरों के अंदर अनुमति देने के लिए लोगों की अनिच्छा के बावजूद आपकी कंपनी ने अपने संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के साथ वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 11.50 लाख से अधिक घरों में पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने का रिकॉर्ड प्राप्त किया है।

पेट्रोकेमिकल में आपकी कंपनी ने 777 टीएमटी पॉलीमर का उत्पादन किया है और वित्तीय वर्ष के दौरान आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण 790 टीएमटी की बिक्री की है। कोविड प्रतिबंधों में ढील के साथ परियोजनाओं की प्रगति में तेजी आई और आपकी कंपनी पाइपलाइनों के विभिन्न खंडों का कार्य पूरा करने में योगदान दे रही है और प्राकृतिक गैस ग्रिड की पहुंच का नए भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार कर रही है।

एक जिम्मेदार व्यावसायिक कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी ने कोविड–19 की दूसरी लहर की चरम अवधि के दौरान तरल ऑक्सीजन के आयात के लिए आईएसओ कंटेनरों को किराए पर लेने के लिए भरसक प्रयास किया। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक सहित भारत के विभिन्न अस्पतालों में 12 प्रेशर स्विंग एब्जॉर्प्शन (पीएसए) मेडिकल ऑक्सीजन जेनरेशन संयंत्र स्थापित करने में भी सहयोग दिया।

**निदेशक उत्तरदायित्व विवरण**

आपके निदेशक इस बात की पुष्टि करते हैं कि उन्होंने:

i) 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखाओं की तैयारी में सामग्री विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ–साथ लागू लेखांकन मानकों का पालन किया है;

ii) ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया और उन्हें लगातार लागू किया तथा ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए जो वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति और समीक्षाधीन वर्ष के लिए कंपनी के लाभ का एक सच्चा और उचित दृष्टिकोण देने के लिए उचित और विवेकपूर्ण हैं;

iii) कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकार्डों के रखरखाव हेतु उचित और पर्याप्त सावधानी बरती गई;

iv) 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखाओं को भविष्य में सतत रूप से बने रहने वाली कंपनी के आधार पर तैयार किया;

v) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की गईं और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से काम कर रही थीं; और

vi) कंपनी द्वारा अपनाए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए गए और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं।

**आभार**

आपके निदेशक भारत सरकार, विशेषकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विभिन्न राज्य सरकारों, विनियामक और सांविधिक प्राधिकरणों से प्राप्त सहायता, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

आपके निदेशक भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक और लेखापरीक्षकों से प्राप्त रचनात्मक सुझावों को स्वीकार करते हैं और उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए आभारी हैं।

आपके निदेशक सभी शेयर मालिकों, व्यापार भागीदारों और गेल परिवार के सदस्यों को आपकी कंपनी में उनकी आस्था, भरोसे और विश्वास को बनाए रखने के लिए भी धन्यवाद देते हैं।

हमने जो कुछ हासिल किया है, वह आपकी कंपनी के कर्मचारियों के अथक और संगठित प्रयासों के बिना संभव नहीं होता; हम उनकी प्रतिबद्धता के लिए तहे दिल से सराहना करते हैं।

आपके निदेशक और कर्मचारी विश्वास के साथ भविष्य के लिए तैयार हैं और सभी हितधारकों के लिए परस्पर बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं।

कृते बोर्ड की ओर से



**मनोज जैन**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**(डीआईएन: 07556033)**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 27.07.2022**

# प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण



**अनुलग्नक–क**

# प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण

## 1. उद्योग संरचना और विकास

### क. वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र

वर्ष 2021 ऊर्जा के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण वर्ष था क्योंकि यह कोविड–19 वैश्विक महामारी से पुनरुत्थान का प्रतीक है जिसने ऊर्जा के स्तर में गिरावट देखी थी। कोविड–19 सदमे से उबरने के बाद, ऊर्जा प्रणाली में निवेश लगातार बढ़ना शुरू हो गया है, और यह पिछले वर्ष के निवेश की तुलना में लगभग 10% अधिक है। वर्तमान भू–राजनीतिक संकट ने वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र को भी प्रभावित किया है और इस बात पर जोर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त करने के लिए, दुनिया भर के देशों के लिए ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण आवश्यक है।

सीओपी–26 (कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज) के बाद, दुनिया भर की सरकारें जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में काम कर रही हैं, जिसमें अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, नीले और हरे हाइड्रोजन प्रोजेक्ट, कार्बन कैप्चर यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (सीसीयूएस) आदि जैसे विभिन्न निम्न–कार्बन ऊर्जा प्रणालियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। विश्व ऊर्जा 2022 पर बीपी आउटलुक के अनुसार, वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, समग्र प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में जीवाश्म ईंधन का हिस्सा भी प्रमुख रहेगा और आसपास के दशकों में दुनिया भर में सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए जिम्मेदार केंद्र बिंदु बना रहेगा। इस समय नवीकरणीय ऊर्जा जीवाश्म ईंधन के उपयोग को पूरी तरह से प्रतिस्थापित नहीं कर सकती है, जिसका मुख्य कारण चौबीसों घंटे ऊर्जा स्रोत की उपलब्धता में भिन्नता और नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए विशाल पूंजीगत व्यय और संसाधनों की आवश्यकता है। प्राकृतिक गैस सबसे स्वच्छ जीवाश्म ईंधन होने के कारण सेतु ईंधन के रूप में कार्य करने वाले ऊर्जा संक्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्राकृतिक गैस पूंजी के सीमित परिनियोजन और उत्सर्जन पर महत्वपूर्ण प्रभाव के साथ स्वच्छ, सस्ती ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा कर सकती है।

### ख. वैश्विक गैस क्षेत्र

जैसा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कोविड–19 वैश्विक महामारी से उबर रही है, ऊर्जा की कीमतें और इसकी उपलब्धता इसके पुनरुद्धार में एक बाधा है। वैश्विक महामारी ने ऊर्जा की मांग और कीमतों में ऐतिहासिक गिरावट ला दी। वैश्विक महामारी के बाद, मांग में सुधार ने तेल, गैस और कोयले के लिए जीवाश्म ईंधन बाजारों को प्रभावित किया है।

मजबूत मांग का एक संयोजन, एलएनजी आयात के लिए कड़ी एशियाई प्रतिस्पर्धा (विशेषकर कोयला संकट के कारण चीन), वर्तमान भू–राजनीतिक संकट, विंटर हिटिंग सीजन की शुरुआत में अपेक्षाकृत कम इन्वेंट्री ने एक अल्पकालिक प्राकृतिक गैस आपूर्ति संकट का कारण बना दिया है।

बीपी सांख्यिकीय समीक्षा के अनुसार, पिछले 5 वर्षों में प्राकृतिक गैस की खपत नीचे दी गई है:

| वर्ष | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| खपत (बीसीएम में) | 3,654 | 3,837 | 3,903 | 3,822 | 4,038 |

आंकड़ों से यह देखा जा सकता है कि पिछले कुछ वर्षों में कुल प्राकृतिक गैस की खपत ने पूर्व–सीओवीआईडी चरण के दौरान 3% प्रति वर्ष की स्थिर वृद्धि दर बनाए रखी है, जबकि वर्ष 2020 में दुनिया भर के राष्ट्रों द्वारा लॉकडाउन के कारण खपत में गिरावट देखी गई।

इसके अलावा, नीचे तालिका में दिए गए एलएनजी आयात के आंकड़े अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं क्योंकि प्राकृतिक गैस को विश्व ऊर्जा बॉस्केट में बड़ा हिस्सा मिलने वाला है।

| वर्ष | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| एलएनजी आयात (बीसीएम में) | 393 | 431 | 484 | 487 | 516 |
| % वृद्धि | - | 9.67 | 12.3 | 0.62 | 5.95 |

पूर्व–कोविड चरण में एलएनजी आयात के आंकड़ों में एक स्वस्थ विकास दर देखी गई, हालांकि कोविड–19 के कारण वर्ष 2020 में विकास दर में गिरावट आई और हालांकि हमने इस वर्ष इस आंकड़े में वृद्धि देखी है, यह अभी तक पूर्व–कोविड समय के दौरान प्राप्त विकास दर तक नहीं पहुंचा है।

चूंकि निकट भविष्य में प्राकृतिक गैस का मूल्य निर्धारण मांग विघात अर्थशास्त्र (कोयला से गैस स्विचिंग) पर निर्भर है, दीर्घकालिक अनुबंधों पर स्विच करने वाले उपभोक्ताओं को स्पॉट अनुबंधों की तुलना में अधिक लाभ होगा क्योंकि यह मूल्य अस्थिरता के खिलाफ बचाव करेगा और उन्हें लचीलापन प्रदान करेगा क्योंकि वे सक्षम हैं प्रतिस्पर्धी मूल्य पर गैसों को सुरक्षित करने के लिए। आपूर्तिकर्ता भी दीर्घकालिक अनुबंधों से लाभान्वित होने के लिए खड़े हैं क्योंकि इससे उन्हें बैंकों से सुरक्षित वित्तपोषण में मदद मिलती है।

आईईए की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में वार्षिक वैश्विक ऊर्जा निवेश बढ़कर 1.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगा, जो वर्ष 2020 से लगभग 10% हो जाएगा और निवेश की कुल मात्रा को पूर्व–कोविड स्तरों की ओर वापस लाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा और बैटरियों में निवेश करने का आकर्षण बना रहेगा और वैश्विक गैस मांग में वृद्धि के वर्ष 2035 में लगातार और चरम पर पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद डीकार्बोनाइजेशन दबाव बढ़ने से परिदृश्य बदलने की उम्मीद है।

### ग. भारत ऊर्जा क्षेत्र

भारत ने अपने हालिया ऊर्जा विकास में असाधारण सफलता देखी है, लेकिन कई चुनौतियां बनी हुई हैं, कोविड–19 वैश्विक महामारी और वैश्विक बाजार में मौजूदा अनिश्चितता एक बड़ा व्यवधान है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा खपत वाला देश है। वर्ष 2000 से ऊर्जा का उपयोग दोगुना हो गया है, 80% मांग अभी भी कोयले, तेल और ठोस बायोमास द्वारा पूरी की जा रही है। प्रति व्यक्ति आधार पर, भारत का ऊर्जा उपयोग और उत्सर्जन विश्व औसत (स्रोत–आईईए) के आधे से भी कम है। जैसा कि भारत वर्ष 2020 में एक कोविड से उत्पन्न मंदी से उबर रहा है, यह अपनी ऊर्जा विकास यात्रा में एक बहुत ही गतिशील अवधि में फिर से प्रवेश कर रहा है।

वित्त वर्ष 2021–22 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा अभी भी देश में किसी भी अन्य ऊर्जा स्रोत की वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि से आगे निकल गई है। ऊर्जा के ऊष्मीय स्रोतों में उपयोगिताओं में कुल स्थापित क्षमता का सबसे बड़ा (61.42%) हिस्सा है, इसके बाद नवीकरणीय ऊर्जा 24.7% और हाइड्रो 12.09% है। कोयला भारत में सबसे महत्वपूर्ण और प्रचुर मात्रा में जीवाश्म ईंधन है और देश की ऊर्जा जरूरतों का 55% हिस्सा है।

भारत का आर्थिक विकास इसकी ऊर्जा मांग से निकटता से जुड़ा हुआ है, इसलिए तेल और गैस की आवश्यकता और बढ़ने का अनुमान है, जिससे यह क्षेत्र निवेश के लिए काफी अनुकूल हो जाएगा।

बढ़ते बुनियादी ढांचे और सहायक पर्यावरण नीतियों के कारण प्राकृतिक गैस की खपत के लिए भारत का मध्यम अवधि का दृष्टिकोण मजबूत बना हुआ है। आवासीय, परिवहन और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों द्वारा भी मांग को संचालित करने की उम्मीद है।




गेल ने श्री पीयूष गोयल, माननीय केंद्रीय मंत्री, वाणिज्य और उद्योग, कपड़ा, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य और सार्वजनिक वितरण द्वारा प्रदत्त आईसीएआई से लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। पुरस्कार श्री राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त) और श्री दीपक गुप्ता, निदेशक (परियोजना) ने प्राप्त किया।

## घ. भारत गैस क्षेत्र का विकास

प्राकृतिक गैस ग्रिड के विकास की दृष्टि से देश के हर हिस्से को जोड़ने के लिए परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। प्राकृतिक गैस की निरंतर मांग, पूर्वी तट में गैस की खोज, उत्पादन गतिविधियों में तेजी, गैस बाजार को सकारात्मक संकेत देती है। सहायक नीतियों और पहलों के साथ, भारत सरकार गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर यात्रा का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

26 अक्तूबर, 2020 को इंडिया एनर्जी फोरम में, माननीय प्रधानमंत्री ने भारत के ऊर्जा मानचित्र को निर्धारित किया जिसमें सात प्रमुख ड्राइवर शामिल हैं जो स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा मिश्रण के लिए भारत के ऊर्जा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएंगे। 7 प्रमुख ड्राइवरों में लक्ष्य शामिल हैं जैसे गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना, जीवाश्म ईंधन का स्वच्छ उपयोग, जैव–ईंधन में वृद्धि, वर्ष 2030 तक 450 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा की स्थापना, ईवी का उपयोग डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्य में मदद करने के लिए, उभरते ईंधन का पता लगाना। हाइड्रोजन की तरह और सभी ऊर्जा प्रणालियों में डिजिटल नवाचार फैलाना।

वर्तमान में, भारत की ऊर्जा बॉस्केट में प्राकृतिक गैस का प्रतिशत लगभग 6.7% है और देश वर्ष 2030 तक इसे 15% तक बढ़ने का इच्छुक है। प्राकृतिक गैस की विकास क्षमता को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में इसकी हिस्सेदारी में काफी वृद्धि होने की संभावना है।

विनियामक मोर्चे पर, भारत में गैस के उपयोग को आगे बढ़ाने और एक मजबूत गैस–आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा कई पहलें की गई हैं।

शहर के गैस और उर्वरक क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि के कारण वर्ष 2021 में भारत की गैस की मांग बढ़ी, हालांकि उच्च आयातित एलएनजी कीमतों के परिणामस्वरूप बिजली उत्पादन, रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में गैस के उपयोग में कटौती हुई थी।

**विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की खपत को दर्शाने वाला 5 वर्ष के आंकड़े (% वार)**

| क्षेत्र | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|
| उर्वरक | 27.70 | 27.83 | 28.52 | 31.70 | 30.37 |
| शहर गैस वितरण | 16.24 | 17.09 | 19.26 | 16.40 | 20.37 |
| विद्युत | 22.76 | 22.29 | 19.61 | 19.30 | 15.00 |
| रिफाइनरी | 12.36 | 13.08 | 13.78 | 14.10 | 8.92 |
| पेट्रोकेमिकल | 7.61 | 6.28 | 6.31 | 5.50 | 4.63 |
| अन्य | 13.33 | 13.43 | 12.52 | 13 | 20.71 |

(स्रोत–पीपीएसी)

तालिका से यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि शीर्ष तीन उपभोक्ताओं के बीच खपत पैटर्न में बदलाव आया है, जबकि उर्वरक उद्योग प्राकृतिक गैस का प्रमुख उपभोक्ता बना हुआ है, सीजीडी क्षेत्र अब बिजली क्षेत्र को पीछे छोड़कर प्राकृतिक गैस का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन गया है।

आपकी कंपनी नए युग के उर्वरक संयंत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाली प्राकृतिक गैस की प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और इसने संयंत्र को चालू करने और यूरिया के उत्पादन के लिए संयंत्र और मैटिक्स केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमसीएफएल), पानागढ़ की प्री–कमीशनिंग के लिए बरौनी, सिंदरी में हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) यूनिटों को आपूर्ति शुरू कर दी है।

भारत में पेट्रारसायन उद्योग में प्राकृतिक गैस का उपयोग लगभग समान रहने की उम्मीद है, जबकि रिफाइनरियां जो आमतौर पर प्रोसेसिंग के लिए कच्चे तेल/ईंधन तेल जैसे महंगे विकल्पों का उपयोग करती हैं और हाइड्रोजन उत्पादन के लिए नेफ्था का उपयोग करती हैं, वे प्राकृतिक गैस को अपना रही हैं।

घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों में पीएनजी के 11वें बोली दौर के आर्थिक और बढ़ते उपयोग के परिणामस्वरूप नए शहरों में गैस नेटवर्क को जोड़ने के कारण सीजीडी क्षेत्र के लिए प्राकृतिक गैस की मांग में लगातार वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यात्री वाहनों के सीएनजी वेरिएंट में ठोस वृद्धि हो रही है और ये कुल बिक्री के आंकड़ों में 17% का योगदान दे रहे हैं।

भारत अपने 6,000 कि.मी. लंबे स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्गों के साथ तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ईंधन स्टेशनों के एक नेटवर्क की योजना बना

रहा है, यह एक ऐसा कदम है जो हजारों ट्रक ड्राइवरों को प्रदूषण फैलाने वाले डीजल की बजाय स्वच्छ ईंधन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आपकी कंपनी एक योजना बना रही है और सभी संभावित प्रतिभागियों – शहर गैस वितरकों, गैस आपूर्तिकर्ताओं, फाइनेंसरों, फ्लीट मालिकों और ट्रक निर्माताओं – को बोर्ड पर लाने और देश में एलएनजी–ईंधन वाले वाहनों के लिए एक प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करने के लिए राजी कर रही है। डीजल चालित ट्रकों को एलएनजी चालित ट्रकों में बदलने से प्रदूषण में कमी आएगी।

आपकी कंपनी लागत प्रतिस्पर्धा, दक्षता और पर्यावरण ईंधन के मामले में भारत में प्राकृतिक गैस की भूमिका को एक परिवर्तन लाने वाले ईंधन के रूप में देखती है और जलवायु परिवर्तन और शुद्ध शून्य उत्सर्जन से संबंधित भारत सरकार की पहल के साथ जुड़ी हुई है। यह पूर्ण–शून्य उत्सर्जन की रूपरेखा तैयार कर रहा है और नवीकरणीय ऊर्जा, सीबीजी, हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में व्यावसायिक अवसरों की खोज भी कर रहा है।

## 2. गेल का कार्य निष्पादन – घरेलू और विदेशी

### 2.1 प्रचालन निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए गेल का प्रचालन निष्पादन इस प्रकार है:

| विवरण | यूओएम | 2021.22 | | 2020.21 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मात्रा | प्रचालन से राजस्व (₹ करोड़ में) | मात्रा | प्रचालन से राजस्व (₹ करोड़ में) |
| प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एमएम एससी एमडी | 110.98 | 6,392 | 104.20 | 5,952 |
| प्राकृतिक गैस विपणन | एमएम एससी एमडी | 96.24 | 77,326 | 89.20 | 43,846 |
| तरल हाइड्रोकार्बन बिक्री | टीएमटी | 1,004 | 4,865 | 1,138 | 3,294 |
| पॉलिमर बिक्री | टीएमटी | 790 | 8,549 | 871 | 7,061 |
| परिवहित एलपीजी गैस | टीएमटी | 4,199 | 669 | 4,163 | 667 |

*पस्पर खंड राजस्व सहित

» **प्राकृतिक गैस विपणन**

प्राकृतिक गैस (एनजी) व्यापार आपकी कंपनी के प्रमुख व्यवसायों में से एक बना हुआ है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, आपकी कंपनी ने 89.20 एमएमएससीएमडी (जिसमें 80.28 एमएमएससीएमडी की भारत के भीतर बिक्री और 8.92 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) की तुलना में वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान 96.24 एमएमएससीएमडी (जिसमें 86.55 एमएमएससीएमडी की भारत में बिक्री और 9.69 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) का बिक्री आंकड़ा दर्ज किया। वित्त वर्ष 2021–22 में प्राकृतिक गैस विपणन से प्रचालन से राजस्व ₹ 77,326 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 43,846 करोड़ था।

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 में 41.86 एमएमएससीएमडी घरेलू गैस का विपणन किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 42.62 एमएमएससीएमडी थी। भारत में गेल द्वारा विपणन की गई कुल प्राकृतिक गैस की मात्रा में घरेलू गैस की मात्रा का योगदान लगभग 48% है। शेष 44.69 एमएमएससीएमडी (52%) गैस का भारत में विपणन आयातित दीर्घकालिक, मध्य–अवधि और स्पॉट एलएनजी मात्रा के माध्यम से किया गया था। क्षेत्र–वार विवरण नीचे दिया गया है:

**उर्वरक क्षेत्रः** गेल ने वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान देश में उर्वरक क्षेत्र में खपत होने वाली लगभग 69% गैस की आपूर्ति की। इस वित्तीय वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने फीडस्टॉक के रूप में प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हुए संयंत्र की स्थापना और यूरिया के उत्पादन को चालू करने के लिए अगस्त, 2021 से प्लांट और मैटिक्स केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमसीएफएल), पानागढ़ की पूर्व–कमीशनिंग के लिए दिसंबर, 2021 से हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल), सिंदरी और बरौनी को गैस की आपूर्ति शुरू कर दी है।

**विद्युत क्षेत्रः** आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान देश में गैस आधारित बिजली संयंत्रों द्वारा खपत होने वाली लगभग 60% गैस की आपूर्ति की। पिछले कुछ वर्षों में, गेल ने विभिन्न बिजली उत्पादकों के साथ उनकी बंद पड़ी इकाइयों को संचालित करने के लिए सफलतापूर्वक सहयोग किया है। गेल सस्ती कीमतों पर गैस आधारित बिजली उत्पादन इकाइयों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के अवसरों का पता लगाना जारी रखे हुए है और वर्तमान में घरेलू गैस के अलावा बिजली संयंत्रों को लगभग 4.17 एमएमएससीएमडी पुनर्गैसीकृत तरल प्राकृतिक गैस (आरएलएनजी) की आपूर्ति कर रहा है।

» **प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन**

आपकी कंपनी ने देश के कोने–कोने में लगभग 14,500 कि.मी. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के अपने नेटवर्क का विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान औसत गैस ट्रांसमिशन पिछले वित्त वर्ष में 110.98 एमएमएससीएमडी की तुलना में 104.20 एमएमएससीएमडी था। वित्त वर्ष 2021–22 में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन से प्रचालन से राजस्व ₹ 6,392 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 5,952 करोड़ था।

» **तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ट्रांसमिशन**

आपकी कंपनी एलपीजी ट्रांसमिशन के लिए 2,023 कि.मी. एलपीजी पाइपलाइन नेटवर्क की मालिक है और उसका प्रचालन करती है, जैसे जामनगर–लोनी पाइपलाइन (जेएलपीएल) और विजाग–सिकंदराबाद पाइपलाइन (वीएसपीएल)। जेएलपीएल और वीएसपीएल नेटवर्क ने संयुक्त रूप से वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पिछले वित्त वर्ष 2020–21 में 4.163 एमएमटीपीए की तुलना में 4.199 एमएमटीपीए का थ्रूपुट हासिल किया है। वित्त वर्ष 2021–22 में एलपीजी ट्रांसमिशन से प्रचालन से राजस्व ₹ 669 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में ₹ 667 करोड था।

» **पेट्रोकेमिकल**

आपकी कंपनी की पाता परिसर में 810 किलो टन प्रति वर्ष (केटीए) की नेमप्लेट पॉलीमर उत्पादन क्षमता है। गेल की सहायक कंपनी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) की गेल इक्विटी 70% है, जिसकी क्षमता 280 केटीए है। बीसीपीएल संयंत्र का विपणन अधिकार गेल के पास है जो कुल विपणन पोर्टफोलियो को 1,090 केटीए तक ले जाता है।

वित्त वर्ष 2021–22 में पाता पेट्रोकेमिकल परिसर से कुल उत्पादन 777 केटीए था। आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष के दौरान लगभग 1,064 केटीए पॉलिमर (जिसमें गेल का 790 केटीए और बीसीपीएल का 274 केटीए शामिल है) का विपणन किया। इसने विभिन्न एशियाई बाजारों में 11 केटीए पॉलिमर का निर्यात भी किया। गेल ने घरेलू पॉलीथीन बाजार में अपनी बाजार हिस्सेदारी को सफलतापूर्वक बनाए रखा है और 1,000 केटीए से अधिक पॉलीथीन के पोर्टफोलियो के साथ भारतीय पेट्रोकेमिकल बाजार में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बना हुआ है। देश में उच्च घनत्व और लीनियर निम्न घनत्व वाली पॉलीइथाइलीन (एचडीपीई और एलएलडीपीई) की बाजार में गेल और बीसीपीएल की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी 18.5% है।

गेल के पाता पेट्रोकेमिकल परिसर ने वित्त वर्ष 2021–22 में लगभग 96% क्षमता उपयोग हासिल किया है। बीसीपीएल ने वित्त वर्ष



गेल ने भारत प्रकाशन लिमिटेड द्वारा हवा बदलो अभियान के लिए "ट्रेंड सेटिंग क्रिएटिव मार्केटिंग कैंपेन कैटेगरी अवार्ड" जीता। यह पुरस्कार श्री एम.वी. अय्यर, निदेशक (व्यापार विकास) और श्री राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त) ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्राप्त किया।

2021–22 में लगभग 96% क्षमता उपयोग भी हासिल किया है। आपकी कंपनी वित्त वर्ष 2021–22 में उच्च पॉलिमर कीमतों की प्राप्ति के कारण इस क्षेत्र से ₹ 8,549 करोड़ के प्रचालन से अब तक का उच्चतम राजस्व अर्जित करने में सक्षम रही, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 7,061 करोड़ थी।

आपकी कंपनी प्रचालन से अब तक का सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने में सक्षम रही।

### » एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन (एलएचसी)

आपकी कंपनी की देश में चार स्थानों पर पांच गैस प्रोसेसिंग यूनिटें (जीपीयू) हैं, जिनकी कुल एलएचसी उत्पादन क्षमता 1.4 मिलियन मीट्रिक टन है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, कुल तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन लगभग 1.0 मिलियन मीट्रिक टन था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में 1.14 मिलियन मीट्रिक टन था, जिसमें से लगभग 91ः एलपीजी और प्रोपेन शामिल हैं। वित्त वर्ष 2021–22 में तरल हाइड्रोकार्बन के प्रचालन से राजस्व भी वित्तीय वर्ष 2020–21 में 3,294 करोड़ की तुलना में ₹ 4,865 करोड़ हो गया।

### » अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी)

आपकी कंपनी के 13 ईएंडपी ब्लॉकों में भागीदारी हित हैं, जिनमें से 10 भारत में, 2 ब्लॉक म्यांमार में और 1 शेल गैस संयुक्त उद्यम ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका (पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – जीजीयूआई के माध्यम से) में है। इनमें से, गेल तीन तटीय ब्लॉकों में एक ऑपरेटर है। (i) कैम्बे बेसिन में सीबी–ओएनएन–2010/11 और सीबी–ओएनएचपी–2017/12 क्रमशः एनईएलपी–IX और ओएएलपी–I बोली दौर के दौरान प्रदान किया गया और (पप) राजस्थान बेसिन में ब्लॉक आरजे–ओएनएचपी–2021/1 को हाल ही में ओएएलपी–VII बोली दौर के दौरान प्रदान किया गया था। बारह ईएंडपी ब्लॉक (ईगल फोर्ड बेसिन में शेल गैस को छोड़कर) विभिन्न परिसंघों में अपने भागीदारी हित (पीआई) के अनुसार 2,656 कि.मी.2 एकड़ क्षेत्रफल रखते हैं।

हाइड्रोकार्बन की बिक्री से राजस्व म्यांमार में ए–1 और ए–3 और भारत में सीबी–ओएनएन–2000/1 और सीबी–ओएनएन–2003/2 (कैंबे तटीय ब्लॉक) नामक 5 उत्पादक ब्लॉकों और एक (1) ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका में शेल गैस संयुक्त उद्यम एकड़ क्षेत्रफल से प्राप्त हो रहा है।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान ईएंडपी गतिविधियों के प्रचालन से ₹ 833 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 838 करोड़ था।

### » नवीकरणीय ऊर्जा

आपकी कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और नवीकरणीय परियोजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। गेल की कुल स्थापित क्षमता 131.75 मेगावाट वैकल्पिक ऊर्जा है; जिसमें से 117.95 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं हैं और 13.8 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं हैं जिनमें लघु सौर इकाइयां शामिल हैं। इसके अलावा, गेल पाता, उत्तर प्रदेश में 2.6 मेगावाट, विजयपुर, मध्य प्रदेश में 10 मेगावाट और विभिन्न अन्य ओएंडएम साइटों पर 3.2 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं को भी कार्यान्वित कर रहा है। संयंत्र से उत्पन्न बिजली ग्रिड से ली गई बिजली का स्थान लेगी, जो बिजली लागत को अनुकूल बनाने के अलावा इसके कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी। भारत सरकार (जीओआई) हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप, आपकी कंपनी नगर गैस नेटवर्क में हाइड्रोजन सम्मिश्रण के लिए एक प्रायोगिक परियोजना चला रही है और विजयपुर, गुना जिला, मध्य प्रदेश में 10 मेगावाट का ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है।

कार्यनीति 2030 के अनुसार, आपकी कंपनी जैविक और अकार्बनिक मार्गों के माध्यम से अपने नवीकरणीय पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए विभिन्न अवसरों की तलाश कर रही है।

आपकी कंपनी संपीडित बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन और विपणन में विभिन्न व्यावसायिक अवसरों की खोज कर रही है। गेल पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की पहल – सतत (सस्ते परिवहन के लिए स्थायी विकल्प) का एक अभिन्न अंग है और तदनुसार आपकी कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों के खुदरा बिक्री केंद्रों पर सीबीजी का विपणन अनुबंध प्रदान करने के लिए विभिन्न सीबीजी उत्पादकों से अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है। इसके कारण वित्त वर्ष 2021–22 के अंत तक संभावित सीबीजी उत्पादकों को 253 'आशय–पत्र (एलओआई)' जारी किए गए हैं।

आपकी कंपनी ने सीबीजी उत्पादन संयंत्र स्थापित करके सीबीजी व्यवसाय में कदम रखने का निर्णय भी लिया है। गेल रांची में 5

टन प्रति दिन (टीपीडी) सीबीजी उत्पादन क्षमता का अपना पहला सीबीजी संयंत्र स्थापित कर रहा है। गेल ने रांची नगर निगम के साथ नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यूदिन ) की आपूर्ति और संयंत्र की स्थापना के लिए संबंधित बुनियादी ढांचे हेतु 22 वर्षों के लिए एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

» **शहर गैस वितरण**

- आपकी कंपनी (समूह की कंपनियों सहित) वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता, आदि के प्रमुख मेट्रो शहरों सहित पूरे भारत में 67 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में काम करने के लिए अधिकृत है। ये सीजीडी नेटवर्क कुल मिलाकर देश में 93.02 लाख घरेलू पीएनजी (डीपीएनजी) कनेक्शनों की लगभग 67% आवश्यकता को पूरा करते हैं। देश के कुल 4,433 सीएनजी स्टेशनों में से गेल समूह 46% हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हुए 2,030 सीएनजी स्टेशनों का प्रचालन करता है। इस वर्ष, आपकी कंपनी ने अपने संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियों के साथ मिलकर पिछले वर्ष 11.50 लाख से अधिक घरों में पीएनजी कनेक्शन देने का रिकॉर्ड दर्ज किया है।
- आपकी कंपनी को प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना नामतः वाराणसी, भुवनेश्वर, कटक, पटना, रांची और जमशेदपुर के भाग के रूप में छह शहरों में सीजीडी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अधिकृत किया गया था। इसके अलावा, गेल अपनी सहायक कंपनी – बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से कोलकाता में सीजीडी परियोजना को भी क्रियान्वित कर रहा है। इन शहरों में सीएनजी, पीएनजी ग्राहकों को गैस की आपूर्ति पहले ही शुरू हो चुकी है।
- गेल गैस लिमिटेड (आपकी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) बेंगलुरु सहित 16 भौगोलिक क्षेत्रों में नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं का निष्पादन और प्रचालन कर रही है। वर्तमान में, गेल गैस की 06 संयुक्त उद्यम कंपनियां (जेवीसी) हैं और वे 09 भौगोलिक क्षेत्रों में सीजीडी परियोजना लागू कर रही हैं। गेल गैस अपने संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ 7.79 लाख घरों को डीपीएनजी प्रदान कर रही है और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में फैले अपने 345 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से वाहनों के लिए स्वच्छ ईंधन आवश्यकताओं को पूरा कर रही है।
- वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, गेल गैस ने अपनी संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ मिलकर लगभग 1.27 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शनों का लक्ष्य प्राप्त किया है और 100 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं।
- सीजीडी विस्तार के लिए आपकी कंपनी के लिए बेंगलुरु एक प्रमुख केंद्र बना रहा। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान बेंगलुरु सीजीडी क्षेत्र में 17 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए गए और 30,681 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए।

### निष्पादन

» **वित्तीय** (₹ करोड़ में)

| विवरण | वित्त वर्ष 2021–22 | वित्त वर्ष 2020–21 | परिवर्तन वृद्धि/(कमी) |
|---|---|---|---|
| प्रचालन से राजस्व | 91,646 | 56,738 | 62% |
| कर पूर्व लाभ | 13,590 | 6,386 | 113% |
| कर पश्चात् लाभ | 10,364 | 4,890 | 112% |

» **वित्तीय मापदंड** (₹ करोड़ में)

| विवरण | वित्त वर्ष 2021–22 | वित्त वर्ष 2020–21 |
|---|---|---|
| पूंजीगत व्यय | 7,738 | 6,982 |
| (समूह कंपनियों में इक्विटी योगदान सहित) | 45,480 | 38,938 |
| रिजर्व और अधिशेष (ट्रांजिशन रिजर्व, अन्य व्यापक आय और बॉन्ड रिडेम्पशन रिज़र्व को छोड़कर) अर्थात् फ्री रिजर्व | 49,920 | 43,379 |
| निवल मूल्य | 6,353 | 5,991 |
| कुल बकाया ऋण | | |

31 मार्च 2022 तक बकाया कुल ₹ 119 करोड़ के विदेशी मुद्रा ऋणों की तुलना में, 100% ऋणों को वित्तीय डेरिवेटिव से नियंत्रित किया जाता है।

» **अनुपात विश्लेषण**

| विवरण | वित्त वर्ष 2021–22 | वित्त वर्ष 2020–21 |
|---|---|---|
| ऋण इक्विटी अनुपात | 0.15 | 0.14 |
| ऋण सेवा कवरेज अनुपात (गुना) | 7.35 | 11.78 |
| ब्याज कवरेज अनुपात (गुना) | 46.07 | 26.02 |
| निवल मूल्य पर वापसी (पीएटी/निवल मूल्य) (%) | 20.76 | 11.27 |
| नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (पीबीआईटी/नियोजित पूंजी) (%) | 20.36 | 11.48 |
| देनदार कारोबार (शुद्ध ऋण बिक्री (अर्थात सकल कारोबार)/औसत व्यापार प्राप्तियां) | 14.22 | 11.23 |
| मांग सूची कारोबार (बेची गई वस्तुओं की लागत/औसत मांग सूची) | 27.70 | 18.08 |
| वर्तमान अनुपात (वर्तमान परिसंपत्ति/वर्तमान देयताएं) | 1.10 | 0.89 |
| प्रचालन लाभ मार्जिन (संचालन आय (संचालन ईबीआईटी)/प्रचालन से राजस्व (निवल)) (%) | 15.02 | 11.53 |
| शुद्ध लाभ मार्जिन (कर पश्चात् लाभ (पीएटी)/प्रचालन से राजस्व (शुद्ध)) (%) | 11.31 | 8.62 |

» **बाजार पूंजीकरण**

कंपनी का बाजार पूंजीकरण (बीएसई) 31 मार्च 2021 को 60,189 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2022 को 69,137 करोड़ हो गया, जो शेयर की कीमत ₹ 135.55/शेयर से बढ़कर ₹ 155.70/शेयर होने के कारण हुआ।

## 2.3 कंपनी की वैश्विक उपस्थिति

आपकी कंपनी प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के साथ परियोजनाओं/उद्यमों में अपनी भागीदारी के माध्यम से अपनी वैश्विक उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रही है। अमेरिका, कतर, ऑस्ट्रेलिया, रूस आदि से लगभग 14 एमएमटीपीए के एलएनजी पोर्टफोलियो के साथ गेल अग्रणी वैश्विक एलएनजी कंपनियों में से एक के रूप में उभरा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलएनजी व्यापार व्यवसाय में सक्रिय रूप से शामिल है।

आपकी कंपनी म्यांमार में दो अपतटीय ईएंडपी ब्लॉक (ए–1 और ए–3) में एक परिसंघ का हिस्सा है। इन ब्लॉकों से लगभग 14 एमएमएससीएमडी गैस का उत्पादन किया जा रहा है और दक्षिण पूर्व एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड (एसईएजीपी) के माध्यम से चीन और म्यांमार को आपूर्ति की जाती है, जिसमें गेल भी एक इक्विटी भागीदार है। एसईएजीपी गेल को नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रहा है। म्यांमार में गेल का शाखा कार्यालय म्यांमार और अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में गैस मूल्य श्रृंखला और उससे आगे के क्षेत्रों में व्यापार के अवसरों की तलाश कर रहा है।

आपकी कंपनी तुर्कमेनिस्तान से भारत में गैस के आयात के लिए तुर्कमेनिस्तान–अफगानिस्तान–पाकिस्तान–भारत (तापी) प्राकृतिक गैस परियोजना में भारत सरकार की ओर से नामित है। तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल) को तापी पाइपलाइन के निर्माण, स्वामित्व और प्रचालन के लिए आइल ऑफ मैन में शामिल किया गया है। पाइपलाइन का निर्माण होने पर, 90 एमएमएससीएमडी




गैर–नवीकरणीय श्रेणी के तहत गेल को इकोनॉमिक टाइम्स ऊर्जा पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया। श्री दीपक गुप्ता, निदेशक (परियोजना) ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

(33 बीसीएम) प्राकृतिक गैस ले जाने की उम्मीद है, जिसमें से भारत को 38 एमएमएससीएमडी प्राप्त होगा। परियोजना वर्तमान में एफआईडी–पूर्व चरण में है, जिसमें टीपीसीएल द्वारा विभिन्न कार्यकलाप किए जा रहे हैं।

वैश्विक ऊर्जा बाजार में परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, गेल तुर्कमेनिस्तान से प्राप्त होने वाली पाइपलाइन गैस की विपणन योग्यता बढ़ाने के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य निबंधन एवं शर्तों पर निर्णय लेने के लिए तुर्कमेनगैस के साथ चर्चा कर रहा है।

आपकी कंपनी मिस्र में दो सीजीडी कंपनियों, फॉयम गैस कंपनी (एफजीसी) और नेशनल गैस कंपनी (नैटगैस) में इक्विटी हित रखती है, जो मिस्र में आवासीय, वाणिज्यिक और छोटे औद्योगिक ग्राहकों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने में शामिल है।

आपकी कंपनी चीन गैस होल्डिंग्स लिमिटेड (चाइना गैस) में एक इक्विटी भागीदार भी है, जो एक खुदरा गैस कंपनी है। यह चीन में नगर गैस और सीएनजी व्यवसाय में शामिल है और हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है। चाइना गैस अच्छा कार्य–निष्पादन कर रही है और नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रही है।

आपकी कंपनी ने 2011 के दौरान ह्यूस्टन, टेक्सास में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. ('जीजीयूआई') का गठन किया है। जीजीयूआई के टेक्सास, अमेरिका में ईगल फोर्ड शेल एकड़ में 20% हित है। मैसर्स कॉलन (ईगल फोर्ड) एलएलसी और मैसर्स टेक्सास अमेरिकन रिसोर्सेज II एलएलसी ईगल फोर्ड में संयुक्त उद्यम क्षेत्र के लिए ऑपरेटर के रूप में काम कर रहे हैं।

आपकी कंपनी ने मार्च, 2013 में गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएनजी ('जीजीयूएलएल'), जो एक पूर्ण स्वामित्व वाली स्टेपडाउन सहायक कंपनी है, का गठन किया है ताकि प्राकृतिक गैस के तरलीकरण और ट्रांसमिशन के उद्देश्य के लिए कोव प्वाइंट टर्मिनल में 2.3 एमएमटीपीए क्षमता की बुकिंग हेतु कोव प्वाइंट पाइपलाइन में संबंधित क्षमता का एक दीर्घावधि (20 वर्ष) टर्मिनल सर्विस करार ('टीएसए') और कोव प्वाइंट एलएनजी, एलपी ('सीपीएलएल'), जिसे पहले डोमिनियन एनर्जी कोव प्वाइंट एलएनजी एलपी के रूप में जाना जाता था, के साथ एक पाइपलाइन आदर्श समझौता ('पीपीए') किया जा सके। जीजीयूएलएल कोव प्वाइंट टर्मिनल से गेल को लगभग 34 एलएनजी कार्गो का निर्यात कर रहा है।

जीजीयूएलएल ने एलएनजी टर्मिनल के इनलेट पर डिलीवरी के लिए 430,000 डीटीएच/दिन प्राकृतिक गैस की खरीद और आपूर्ति के लिए डब्ल्यूजीएल मिडस्ट्रीम, इंक. ('डब्ल्यूजीएलएम') के साथ गैस बिक्री और खरीद समझौता ('जीएसपीए') भी किया है। अप्रैल 2021 में, सिक्स वन कमोडिटीज वेगा एलएलसी ने डब्ल्यूजीएलएम में 100% हित खरीदे थे और डब्ल्यूजीएलएम को सिक्स वन कमोडिटीज वेगा एलएलसी में बदल दिया गया है।

आपकी कंपनी ने सिंगापुर में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में 2004 में गेल ग्लोबल सिंगापुर प्रा. लिमिटेड (जीजीएसपीएल) का भी गठन किया है। जीजीएसपीएल एलएनजी ट्रेडिंग में लगी हुई है।

आपकी कंपनी ने ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्रा. लिमिटेड, आईओसीएल सिंगापुर प्रा. लिमिटेड, ऑयल इंडिया इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से रूस में व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए भारत एनर्जी ऑफिस एलएलसी (बीईओ), मॉस्को, रूस का गठन किया है।

## 3. भावी रूपरेखा

### 3.1 कार्यनीति

आपकी कंपनी ने देश में गैस मूल्य श्रृंखला विकसित करते हुए भारतीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंतिम उपभोक्ताओं को गैस और निम्न कार्बन वाली ऊर्जा प्रदान करके तथा पेट्रोकेमिकल में अपने विस्तार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए 2019 में 'कार्यनीति 2030' तैयार की गई थी। मुख्य गतिविधियों को संरक्षण प्रदान करने के लिए एक संतुलित व्यापार पोर्टफोलियो रखने हेतु कार्यनीति 2030 बनाई गई है।

आपकी कंपनी ने अपने विज़न और मिशन को फिर से बनाया है जिसमें प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के माध्यम से मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करके हितधारकों के लिए मूल्य सृजन के लक्ष्य के साथ कारोबारी माहौल, मुख्य दक्षताओं, मानव संसाधन और वित्तीय दृष्टिकोण जैसे कारकों पर विचार किया गया है।

गैस स्रोत और विपणन, नेशनल गैस ग्रिड (एनजीजी) के विस्तार, पीडीएचपीपी, सीजीडी आदि सहित पेट्रोकेमिकल जैसे क्षेत्रों पर विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में कई कार्यनीतिक पहलों की पहचान की गई।

आपकी कंपनी पीएनजीआरबी के माध्यम से प्रस्तावित नई पाइपलाइनों के लिए लगातार बोली लगाने की योजना बना रही है। आपकी कंपनी राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) के महत्वपूर्ण खंड बिछाकर अपने गैस ट्रांसमिशन व्यवसाय को बढ़ाना जारी रखेगी।

गैस बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, रिफाइनरियों, सीएनजी और एलएनजी का उपयोग करने वाले परिवहन खंड, ट्राइजेनरेशन आदि सहित औद्योगिक खंड में उच्च गैस के उपयोग पर जोर देना प्राथमिक ध्यान देने वाला क्षेत्र रहा है। गेल ने अपने विविध गैस पोर्टफोलियो के माध्यम से अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने की परिकल्पना की है। नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने के अलावा, आपकी कंपनी अपेक्षित क्षमताओं और संसाधनों के निर्माण की दिशा में काम कर रही है। गैस ट्रांसमिशन और गैस विपणन गेल के व्यवसाय के प्रमुख चालक हैं और इसने प्राकृतिक गैस के ~111 एमएमएससीएमडी का ट्रांसमिशन किया।

सीजीडी क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए गेल गैस और संयुक्त उद्यमों के माध्यम से कड़े प्रयास किए जा रहे हैं। आपकी कंपनी ने अपने संयुक्त उपक्रमों के साथ लगभग 11.5 लाख ग्राहकों को घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए हैं और इस अवधि के दौरान लगभग 415 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए गए।

आपकी कंपनी एलएनजी ट्रकिंग अर्थात् लंबी दूरी के परिवहन के लिए एलएनजी और ट्राइजेनरेशन सिस्टम में प्राकृतिक गैस के उपयोग जैसे नए क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति के रास्ते तलाश रही है। गेल समूह की कंपनियां स्वर्णिम चतुर्भुज और अन्य प्रमुख राजमार्गों पर एलएनजी उपग्रह स्टेशन स्थापित कर रही हैं। मंडीदीप में एलएनजी उपग्रह स्टेशन वित्त वर्ष 2021–22 में चालू किया गया था और नासिक, अजमेर, मुंबई, वडोदरा और कानपुर में अन्य एलएनजी उपग्रह स्टेशन पूरा होने के उन्नत चरणों में हैं।

पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में, आपकी कंपनी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और पीई, पीपी पॉलीमर ग्रेड के माध्यम से अपने पॉलीमर प्रस्तावों का विस्तार करने के अवसर तलाश रही है। गेल उसर (महाराष्ट्र) में 500 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र स्थापित कर रहा है, जो भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है। यह डाउनस्ट्रीम पॉलीप्रोपाइलीन यूनिट के साथ एकीकृत प्रोपलीन के उत्पादन के लिए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन तकनीक का उपयोग करेगी। पीडीएच और पीपी यूनिटों के लिए लाइसेंसकर्ता चयन के पूरा होने के बाद, खरीद गतिविधियों के साथ–साथ अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया जोरों पर है। इसके अलावा, आपकी कंपनी पीपी प्रस्ताव में विविधता लाने के लिए अपने पाता पेट्रोकेमिकल परिसर में 60 केटीए पीपी संयंत्र भी स्थापित कर रही है। पेट्रोकेमिकल के अलावा, भविष्य में उच्च विकास क्षमता वाले चुनिंदा रसायनों के लिए विशेष रसायन क्षेत्र की जांच के लिए अध्ययन किए जा रहे हैं।

इनके अलावा, नए संभावित विकास चालक जैसे एक बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो बनाना, नई प्रौद्योगिकियों में निवेश करना, स्वच्छ ऊर्जा का भी विश्लेषण किया गया है, जिससे इसका दायरा नए क्षेत्र में फैल गया है जो आपकी कंपनी को दीर्घावधि में लाभ पहुंचाएगा और बदले में इसके सभी हितधारकों को मूल्य प्रदान करेगा।

देश के जलवायु परिवर्तन के उद्देश्य से और पूर्ण शून्य आकांक्षाओं के अनुरूप, आपकी कंपनी अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसर तलाश रही है। इसके अलावा, आरई पोर्टफोलियो को 130 मेगावाट से बढ़ाने के लिए, गेल जैविक और अकार्बनिक दोनों मार्गों के माध्यम से अवसरों की तलाश कर रहा है।

नए व्यावसायिक क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाना और उत्तराधिकार योजना मॉडल को प्राथमिकता दी जाती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपकी कंपनी अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ रखती है। नई प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए, गेल ने स्टार्ट–अप में निवेश किया है जो एआई और डिजिटलीकरण, पाइपलाइन निरीक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण, जैव उत्पादों और सीबीजी, संभारतंत्र, विद्युत गतिशीलता, पोषण, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, आदि जैसी नई प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करता है।

हाइड्रोजन और जैव ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों में पहल करने से आपकी कंपनी को आने वाले वर्षों में विश्वसनीय अवसरों की तलाश करने के लिए अपेक्षित अनुभव मिलता है। इसे ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी ने अपनी तरह की पहली प्रायोगिक परियोजना शुरू की है, जहां अवंतिका गैस लिमिटेड–सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन के मिश्रण का इंजेक्शन शुरू किया गया है। इसके अलावा, आपकी कंपनी विजयपुर, मध्य प्रदेश में 10 मेगावाट की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता भी स्थापित कर रही है। इसके अलावा, पहली पीढ़ी (1जी) 500 केएलपीडी क्षमता अनाज आधारित जैव–एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आपकी कंपनी रांची में एक सीबीजी इकाई स्थापित कर रही है। सीबीजी संयंत्र प्रतिदिन 5 टन संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) और प्रतिदिन लगभग 25 टन किण्वित जैव खाद का उत्पादन करेगा।

### डिजिटल रणनीति

आपकी कंपनी हमेशा नई प्रौद्योगिकियों को लागू करने और उन्हें अपनाने में सबसे आगे रही है और उसने विगत में डिजिटल प्रौद्योगिकियों में महत्वपूर्ण निवेश किया है। गतिशील बाजार के माहौल को देखते हुए, आपकी कंपनी ने प्रभावी निर्णय लेने में सहायता करने और बेहतर व्यापार निष्पादन और प्रतिस्पर्धी लाभ के साथ अच्छे रिकार्ड वाले एक उत्तम उद्यम का निर्माण करने हेतु डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उन्नत विश्लेषण में हाल में हुई प्रगति का लाभ उठाते हुए एक 'डिजिटल रणनीति' प्रक्रिया अपनाई है। इस 'डिजिटल रणनीति' प्रक्रिया का उद्देश्य मिशन–महत्वपूर्ण सेवाओं, प्रचालन, अनुरक्षण, योजना, स्थिरता और समग्र दृष्टिकोण का समर्थन करने के मामले में आपकी कंपनी की भावी जरूरतों को पूरा करना है। आपकी कंपनी ने विभिन्न हितधारकों और संभावित डिजिटल विषयों के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए अपने डिजिटल विजन को भी परिभाषित किया है। आपकी कंपनी का नया डिजिटल विजन है:

**"प्रचालन उत्कृष्टता और हितधारक मूल्य निर्माण के लिए डिजिटल रूप से एक सशक्त संगठन बनना"**

आपकी कंपनी का नया डिजिटल विजन कर्मचारियों, ग्राहकों, विक्रेताओं, शेयरधारकों और समाज सहित सभी प्रमुख हितधारकों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करता है। 'डिजिटल रणनीति' प्रक्रिया के तहत, प्रमुख डिजिटल विषयों की पहचान की गई थी, जो ब्रांड की ताकत, ग्राहक संतुष्टि, स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण, लोगों की प्रभावशीलता, स्रोत की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता जैसे विभिन्न व्यावसायिक मूल्य घटकों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वर्तमान स्थिति और प्रमुख प्रथाओं/उभरते डिजिटल रुझानों के बीच की कमियों को दूर करने के लिए संभावित डिजिटल पहलों के साथ एक रूपरेखा बनाई गई है और विभिन्न डिजिटल पहलों के कार्यान्वयन की प्रक्रिया चल रही है।

आपकी कंपनी द्वारा नवीनतम डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने से बढ़ी हुई निगरानी और डेटा एकत्र करने के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देने में बहुत बड़ा योगदान होने की उम्मीद है। स्थिरता विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए डिजिटल समाधानों और सेवाओं को साझा करने के लिए एक व्यापक बहु–हितधारक गठबंधन और मंच आवश्यक हैं। नए डिजिटल तरीके आपके संगठन में स्थिरता को बढ़ावा देने तथा सही तरीके से प्रचालन करने में मदद करने के लिए प्रासंगिक डेटा की समय पर और सटीक निगरानी की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। प्लेटफार्मों पर डिजिटल सहयोग एक डाटाबेस बनाने में मदद कर रहा है, जिसका उपयोग बेहतर योजना और अधिकतम उपयोग करने के लिए बड़े डेटा विश्लेषण आधारित समाधानों के लिए किया जा सकता है।

## 3.2 नई पहल

### » प्राकृतिक गैस विपणन

आपकी कंपनी मौजूदा/उभरते क्षेत्रों में गैस की खपत के विस्तार पर काम करते हुए अपने मौजूदा ग्राहक आधार को मजबूत कर रही है। आपकी कंपनी ने मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, पानागढ़, एचयूआरएल बरौनी और एचयूआरएल सिंदरी जैसे नए उर्वरक संयंत्रों को गैस की आपूर्ति शुरू करते हुए, जेएचबीडीपीएल के साथ प्रमुख एंकर लोड ग्राहकों के साथ संपर्क पूरा कर लिया है। एलएनजी व्यवसाय में, गेल ने बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान भारत में लगभग 6.74 एमएमटी एलएनजी मात्रा के 105 एलएनजी कार्गो आयात करने के साथ एक नई उपलब्धि हासिल की है।

आपकी कंपनी सीबीजी उत्पादकों से संपीड़ित बायो–गैस के वाणिज्यिक ऑफ–टेक के लिए अन्य उद्योगों की कंपनियों और हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है। जून 2021 में, गुजरात के नडियाद में एक सीजीडी नेटवर्क में गोवर्धननाथजी एनर्जी एलएलपी के संयंत्र से बायोगैस का पहला इंजेक्शन माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था। अक्तूबर 2021 में, हैदराबाद में मैसर्स बीजीएल के खुदरा बिक्री केंद्रों (आरओ) के माध्यम से सीबीजी की बिक्री शुरू हुई। फरवरी 2022 में इंदौर नगर निगम इंदौर (एमपी) को सीबीजी की बिक्री शुरू हुई। आपकी कंपनी और उसके संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियां भी प्रमुख राजमार्गों पर एलएनजी स्टेशनों के निर्माण की दिशा में काम कर रही हैं ताकि एलएनजी का भारी वाहन क्षेत्र में ऑटोमोटिव ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सके। खनन क्षेत्र में भारी उपकरणों के लिए ऑटोमोटिव ईंधन के रूप में एलएनजी का उपयोग शुरू करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं जो वाणिज्यिक रूप से हाई–स्पीड डीजल (एचएसडी) का स्थान ले सकते हैं।

आपकी कंपनी ने इंदौर, मध्य प्रदेश में प्राकृतिक गैस प्रणाली में हाइड्रोजन सम्मिश्रण की भारत की ऐसी पहली परियोजना शुरू की है। हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इंदौर में मैसर्स अवंतिका गैस लिमिटेड को की जा रही है।

राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप, आपकी कंपनी ने नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क में हाइड्रोजन सम्मिश्रण की तकनीकी–व्यावसायिक व्यवहार्यता स्थापित करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में हाइड्रोजन सम्मिश्रण शुरू किया है। यह परियोजना हाइड्रोजन आधारित और कार्बन मुक्त भविष्य की दिशा में भारत के सफर का प्रारंभिक कदम है। उम्मीद है कि यह प्रायोगिक परियोजना भारत में प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन इंजेक्ट करने के पहलुओं को कवर करने के लिए एक ठोस मानक और विनियामक ढांचे का निर्माण करने में मदद करेगी। यह भारत में इसी तरह की अन्य परियोजनाओं को अंजाम देने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### » स्रोत और व्यापार

आपकी कंपनी ने खुद को एक प्रमुख वैश्विक एलएनजी कंपनी के रूप में स्थापित किया है। पिछले कई वर्षों में, गेल ने एलएनजी पोर्टफोलियो को जोखिम रहित बनाने के लिए एफओबी आधार पर टाइम स्वैप लेनदेन और तीसरे पक्ष की बिक्री सहित विभिन्न नए सौदे किए हैं। अब, गेल भारत में मांग को पूरा करने के लिए ऐसे अनुकूल ढांचों का उपयोग कर रहा है। गेल अब भारत में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी मात्रा को दीर्घावधि अनुबंधों के तहत लाने का लक्ष्य बना रहा है। इसके अलावा, भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले एलएनजी की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए कई गंतव्य स्वैप लेनदेन किए गए हैं। आपकी कंपनी ने ग्राहकों को निर्बाध एलएनजी/आरएलएनजी आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए विभिन्न दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंधों के तहत कोविड–19 वैश्विक महामारी के प्रभावों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी वस्तु मूल्य जोखिम के प्रबंधन का सक्रिय रूप से नियंत्रण कर रही है।

### » एलएनजी शिपिंग

अमेरिका से प्राप्त एलएनजी के परिवहन के लिए, आपकी कंपनी ने एनवाईके लाइन्स, जापान की एक सहायक कंपनी से एक नवनिर्मित एलएनजी वेसल 'ग्रेस एमिलिया' को किराए पर लिया। पोत को मार्च, 2022 में गेल को सुपुर्द किया गया था और यह अत्याधुनिक तकनीक और डिजाइन का है। गेल के पास अब अपने बेड़े में दो आधुनिक एलएनजी पोत हैं और इसकी योजना अपने शिपिंग बेड़े को और बढ़ाने की है और आगे की व्यापार कार्यनीति के आधार पर यह स्पॉट/अवधि के आधार पर अतिरिक्त एलएनजी जहाजों को किराए पर ले सकती है।

आपकी कंपनी एलएनजी लोडिंग और डिस्चार्ज गतिविधियों की इष्टतम यात्रा योजना सुनिश्चित करते हुए चार्टरिंग के लिए अंतरिक्ष में अवसरों की तलाश जारी रखे हुए है।

### » एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल

कोंकण एलएनजी लिमिटेड (केएलएल) गेल की सहायक कंपनी है। आपकी कंपनी केएलएल के तहत महाराष्ट्र में 5 एमएमटीपीए दाभोल टर्मिनल की वाणिज्यिक ऑपरेटर है। ब्रेकवाटर सुविधाओं से संबंधित कमीशनिंग गतिविधियों के 100% पूरा होने के बाद, केएलएल पूरे वर्ष पूरी क्षमता से काम करने में सक्षम होगा। इसके अलावा, गेल तीसरे पक्ष को अधिशेष पुनर्गैसीकरण स्लॉट उप–पट्टे पर देकर दाभोल टर्मिनल की पुनर्गैसीकरण क्षमता के पूर्ण उपयोग के लिए सभी प्रयास कर रहा है।

### » प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन

आपकी कंपनी नई प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों को विकसित करके और अपनी मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के विस्तार द्वारा अपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे की लंबाई बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी कंपनी ने निर्माणाधीन नए गैस स्रोतों को अपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के साथ जोड़ने के लिए कदम उठाए हैं जिसमें अपनी पाइपलाइनों में और अधिक और नए गैस इंजेक्शन बनाने के लिए कृष्णा गोदावरी (केजी) बेसिन, कावेरी बेसिन, कोल बेड मीथेन (सीबीएम) खोजें, बोली मार्ग और निर्माणाधीन आरएलएनजी टर्मिनलों के माध्यम से घरेलू गैस के नए स्रोत शामिल हैं। इसके अलावा, देश में अन्य पाइपलाइन कंपनियों की प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के साथ आंतरिक कनेक्शन (आईसी) भी प्रदान किए जा रहे हैं।

विभिन्न औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस का उपभोग करने और अन्य वैकल्पिक ईंधन से स्थानांतरित करने में सक्षम बनाने के लिए उन्हें अंतिम मील कनेक्टिविटी (एलएमसी) प्रदान करने के अलावा, आपकी कंपनी पीएनजीआरबी द्वारा 9वें और 10वें सीजीडी बोली दौर तक प्रदान किए गए देश के विभिन्न हिस्सों में 100 से अधिक सीजीडी नेटवर्कों को हुकिंग–अप कनेक्टिविटी (अर्थात ट्रंक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से सीजीडी नेटवर्क तक कनेक्टिविटी) भी प्रदान कर रही है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान गैस की आपूर्ति/परिवहन के लिए 8 नए एलएमसी और 29 हुक–अप पूरे किए गए थे।

आपकी कंपनी ने गैस एक्सचेंज में लेनदेन किए गए गैस के सुचारू ट्रांसमिशन के लिए नए स्थापित गैस एक्सचेंज के साथ पद्धतियों को भी सुदृढ़ किया है। इसके अलावा, आपकी कंपनी देश की पहली गैस पाइपलाइन कंपनी है जिसने अपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में सामान्य वाहक क्षमता की आसान और पारदर्शी बुकिंग के लिए एक ऑनलाइन पाइपलाइन ओपन–एक्सेस पोर्टल शुरू किया था। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पोर्टल के माध्यम से लगभग 5,000 क्षमता ट्रेंच (सीटी) अनुरोधों पर कार्रवाई की गई है, जबकि 2018 में ऑनलाइन पोर्टल के शुभारंभ के बाद से 31 मार्च 2022 तक प्राप्त कुल सीटी अनुरोध 11,000 से अधिक हैं।

» **राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) का विकास करना**

राष्ट्रीय गैस ग्रिड विकसित करने के लिए, आपकी कंपनी अपने संयुक्त उद्यमों के साथ पूरे भारत में लगभग 7,879 कि.मी. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और गेल गैस के अपने संयुक्त उद्यम/संयुक्त उद्यमों (जिसमें इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड द्वारा 1,656 कि.मी. और आंध्र प्रदेश गैस वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 391 कि.मी. शामिल है) के माध्यम से अन्य 2,047 कि.मी. पाइपलाइनें बिछाने की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। चल रही परियोजनाओं की स्थिति इस प्रकार हैः

1. जेएचबीडीपीएल के अभिन्न अंग के रूप में जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) (2,655 कि.मी.) और बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन (बीजीपीएल) (729 कि.मी.) खंडः यह पाइपलाइन नेटवर्क उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के पूर्वी हिस्से, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम से होकर गुजरेगा। पाइपलाइन नेटवर्क में दो गैस स्रोत होंगे, एक फूलपुर (इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश) में और दूसरा धामरा आरएलएनजी टर्मिनल (ओडिशा) में तथा यह गैस आपूर्ति प्राप्त करने के लिए एकीकृत एचवीजे नेटवर्क से भी जुड़ा होगा। बरौनी से गुवाहाटी तक की पाइपलाइन पूर्वोत्तर गैस ग्रिड को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। हाल ही में, पीएनजीआरबी ने जेएचबीडीपीएल नेटवर्क के क्षमता विस्तार और धामरा–पारादीप स्पर लाइन के बढ़ते आकार के लिए धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (डीएचपीएल) (253 कि.मी.) को अधिकृत किया है। इसके साथ, एकीकृत जेएचबीडीपीएल नेटवर्क की विस्तार क्षमता पहले के 16 एमएमएससीएमडी से अब 23 एमएमएससीएमडी हो गई है। 3,637 कि.मी. एकीकृत जेएचबीडीपीएल (बीजीपीएल और डीएचपीएल सहित) के सभी खंड निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

   मार्च 2022 तक, 1,521 कि.मी. जेएचबीडीपीएल को चालू किया गया है, जिसमें सिंदरी, बरौनी और गोरखपुर में 4 प्रमुख उर्वरक संयंत्रों अर्थात मैसर्स मैटिक्स फर्टिलाइजर्स, दुर्गापुर, मैसर्स हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) से कनेक्टिविटी शामिल है।

2. कोच्चि–कुट्टनाड–बैंगलोर–मैंगलोर पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल) परियोजना चरण–।। (891 कि.मी.)ः केरल और कर्नाटक से गुजरने वाली कोच्चि से मैंगलोर पाइपलाइन (केएमपीएल–450 कि.मी.) को चालू किया गया था तथा एंकर ग्राहक मैंगलोर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, ओएनजीसी मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड को भी जोड़ा गया था।

   कूटनाड से बेंगलुरू पाइपलाइन के 129 कि.मी. खंड को भी चालू कर दिया गया है। अब, केवल 310 कि.मी. का तमिलनाडु खंड शेष है जिसके लिए राज्य सरकार के साथ चर्चा की गई है। पाइपलाइन मार्ग को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है।

3. विजयपुर–औरैया–फूलपुर पाइपलाइनः जेएचबीडीपीएल परियोजना की आपूर्ति में बाधा को दूर करने के लिए, विजयपुर से फूलपुर तक औरैया (667 कि.मी.) के माध्यम से एक समानांतर पाइपलाइन को डाला गया था। औरैया से फूलपुर (315 कि.मी.) के चरण–1 को मार्च 2019 में चालू किया गया था। इसके अलावा, विजयपुर से औरैया तक 352 कि.मी. के चरण–2 को मार्च 2022 में चालू किया गया है।

4. मुंबई–नागपुर–झारसुगुड़ा पाइपलाइन (1,755 कि.मी.) एमएनजेपीएल, जो नेशनल गैस ग्रिड (एनजीजी) का हिस्सा है, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के 25 जिलों से होकर गुजरेगी। यह ठाणे (महाराष्ट्र) से शुरू होगी और झारसुगुडा (ओडिशा) में जेएचबीडीपीएल से जुड़ेगी। साथ ही स्परलाइन का विस्तार नागपुर (महाराष्ट्र) से जबलपुर (मध्य प्रदेश) तक होगा। पाइपलाइन स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी और सीजीडी उद्योगों और एंकर लोड ग्राहकों की मांग को पूरा करेगी।

   मुंबई–नागपुर खंड के लिए निर्माण कार्य जोरों पर है तथा शेष खंडों के लिए निविदा और ऑर्डर देने का कार्य चल रहा है। मुंबई–नागपुर खंड को समृद्धि राजमार्ग के साथ बिछाया जा रहा है और मार्च 2022 तक 281 कि.मी. में भूमि के अंदर पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा कर लिया गया था।

5. पाइपलाइन के रास्ते शहरों को प्राकृतिक गैस कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए श्रीकाकुलम (आंध्र प्रदेश)–अंगुल (ओडिशा) पाइपलाइन (744 कि.मी.), धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (253 कि.मी.), हरिद्वार–ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाइन (50 कि.मी.) और सुल्तानपुर–झज्जर–हिसार पाइपलाइन (135 कि.मी.) का निर्माण कार्य चल रहा है।

» **पेट्रोकेमिकल**

डिजिटल परिवर्तन समय की मांग है। पेट्रोकेमिकल बाजार में उच्च प्रतिस्पर्धा और बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी ने एसएएस डेटा एनालिटिक्स टूल को अपनाया है ताकि तेजी से काम करने, चुस्त रहने और संगठन को प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने की क्षमता को बढ़ाया जा सके। गेल पेट्रोकेमिकल व्यवसाय ने उन्नत डेटा एनालिटिक्स के लिए तीन बिजनेस एनालिटिक्स मॉड्यूल अर्थात मार्जिन ऑप्टिमाइजेशन, लागत पूर्वानुमान और उत्पादन योजना विकसित की है। इसके अलावा, आपकी कंपनी ग्राहक के सफर को मापने तथा अत्याधुनिक ग्राहक 360 और बाजार बौद्धिक प्रणाली के जरिए व्यवसाय बौद्धिकता में सुधार कर रही है।

पेट्रोकेमिकल व्यवसाय क्षेत्र के तहत, आपकी कंपनी उसर, महाराष्ट्र में 500 केटीए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन और पॉलीप्रोपाइलीन (पीडीएच–पीपी) संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसके 2025 में चालू होने की उम्मीद है। यह भारत में पहला संयंत्र होगा जिसमें प्रोपलीन के उत्पादन के लिए प्रोपेन डिहाइड्रोजनीकरण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना के लिए, मैसर्स ल्यूमस टेक्नोलॉजी एलएलसी, अमेरिका को पीडीएच यूनिट के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुना गया है और मैसर्स ग्रेस टेक्नोलॉजीज इंक को पीपी यूनिट के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुना गया है। परियोजना से संबंधित विभिन्न गतिविधियां जोर–शोर से चल रही हैं।

आपकी कंपनी पाता में 60 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) संयंत्र भी स्थापित कर रही है। परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई है। मैसर्स ग्रेस टेक्नोलॉजीज इंक, अमेरिका को पाता में पीपी यूनिट के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुना गया है।

» **कोयला गैसीकरण**

आपकी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) के साथ गठित एक जेवी–तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से कोयला गैसीकरण आधारित यूरिया परियोजना स्थापित कर रही है, इसमें प्रत्येक की 31.85ः हिस्सेदारी है और फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) की 4.45ः इक्विटी है। लगभग 13,277 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना में 2,200 एमटीपीडी अमोनिया और 3,850 एमटीपीडी यूरिया का उत्पादन करने की परिकल्पना की गई है।

परियोजना को सभी संयुक्त उद्यम भागीदारों से निवेश की मंजूरी मिल गई है और परियोजना की गतिविधियां कोयला गैसीकरण और अमोनिया/यूरिया की 02 प्रमुख एलएसटीके निविदाओं को अन्य ओएसबीएल/उपयोगिता पैकेज के साथ मैसर्स वुहान इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, चीन को लगभग 8,000 करोड़ रुपए की संचयी लागत पर प्रदान करने के साथ शुरू हो चुकी हैं। अन्य विक्रेताओं का चयन किया जा रहा है और साइट पर सभी परियोजना–पूर्व निर्माण गतिविधियों को पूरा कर लिया गया है। आर्थिक कार्यों संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 20 अप्रैल, 2021 को टीएफएल द्वारा उत्पादित यूरिया के लिए विशेष सब्सिडी नीति को मंजूरी दे दी है। परियोजना का वित्तीय समापन जून 2021 में ₹ 9,560 करोड़

(लगभग) के ऋण समझौते के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। लगभग ₹ 11,000 करोड़ मूल्य की संविदा पहले ही प्रदान की जा चुकी है और परियोजना ने कुल 23% प्रगति हासिल की है।

» **उर्वरक**

आपकी कंपनी ने 2,200 एमटीपीडी अमोनिया और 3,850 एमटीपीडी यूरिया के उत्पादन के लिए एनएफएल, ईआईएल और एफसीआईएल द्वारा निगमित रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) में 14.72% इक्विटी हिस्सेदारी ली थी। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, आरएफसीएल संयंत्र प्रचालन में काफी सुधार किया गया और प्रमुख पुराने मुद्दों का समाधान किया गया तथा आरएफसीएल ने 26 अप्रैल, 2022 को अमोनिया और यूरिया के 100% संयंत्र भार को प्राप्त करके एक प्रमुख मील का पत्थर हासिल किया है। इस मील के पत्थर की उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कुल 389 टीएमटी यूरिया और 256 टीएमटी अमोनिया का उत्पादन किया गया।

» **ओपन एक्सेस के माध्यम से बिजली की खरीद**

ओपन एक्सेस उपयोगकर्ताओं को खुले बाजार से या तो पावर एक्सचेंज से या द्विपक्षीय लेनदेन के माध्यम से सस्ती बिजली खरीदने में सक्षम बनाता है। यह उपभोक्ताओं को केवल मौजूदा डिस्कॉम पर निर्भर होने के बजाय तीसरे पक्ष के जनरेटर/ट्रेडिंग लाइसेंसधारियों से प्रतिस्पर्धी टैरिफ प्रदान करता है और स्थायी लागत में कमी के अवसर प्रदान करता है। पाता ने एक्सचेंज से बिजली खरीदना शुरू कर दिया है और 20 एमयू के लिए चौबीसों घंटे (आरटीसी) बिजली प्रदान करने की योजना बनाई है।

आपकी कंपनी ने एक प्रमुख पावर ट्रेडिंग कंपनी के साथ पाता पेट्रोकेमिकल परिसर के लिए 20 मेगावाट की द्विपक्षीय बिजली खरीद व्यवस्था को अंतिम रूप दिया है। बिजली आपूर्ति मई, 2021 से चौबीस घंटे (आरटीसी) के आधार पर शुरू हुई है, जिससे वर्तमान डिस्कॉम से खरीद की लागत में पर्याप्त बचत हुई है।

» **स्टार्ट–अप पहल**

आपकी कंपनी की स्टार्टअप पहल 'पंख' देश में नवाचार और स्टार्ट–अप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिए सफलतापूर्वक प्रयासरत है। इस पहल के तहत एआई, साजो–सामान, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पोषण, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, पाइपलाइन निरीक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण, जैव उत्पादों, आईओटी, स्वास्थ्य, पाइपलाइन ओएंडएम, आदि जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे नए और होनहार स्टार्ट–अप्स में वित्त–पोषण के लिए ₹100 करोड़ एक कोष बनाया गया है।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, आपकी कंपनी ने ₹ 7.0 करोड़ की वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ 04 स्टार्ट–अप्स के साथ निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। आपकी कंपनी ने अब तक ₹ 68.20 करोड़ की कुल निवेश प्रतिबद्धता के साथ 31 स्टार्ट–अप के लिए सहयाता है। मौजूदा बाजार रुझानों के आधार पर इनमें से कुछ स्टार्ट–अप के मूल्यांकन में कई गुना वृद्धि हुई है और आपकी कंपनी निवेश पर अच्छा प्रतिलाभ प्राप्त करने के साथ दो सफल स्टार्ट–अप से सफलतापूर्वक बाहर निकल गई है।

» **समर्थन पहल**

भारत सरकार गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन कर रही है। यह उम्मीद की जाती है कि प्राकृतिक गैस मूल्य शृंखला के विभिन्न उप–क्षेत्रों में ₹ 4 लाख करोड़ से अधिक का दीर्घकालिक निवेश किया जाएगा। गेल ने प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला में अपने मुख्य व्यवसायों को सुदृढ़ किया है।

माननीय प्रधानमंत्री ने भारत के ऊर्जा क्षेत्र के सात प्रमुख ड्राइवरों में 'गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के हमारे प्रयासों में तेजी लाते हुए भारत के लिए स्वच्छ, हरित और अधिक समावेशी भविष्य की परिकल्पना की है। आज कार्बन मुक्त दुनिया का विचार आंतरिक रूप से निर्मित मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम अवसंरचना पर निर्भर है जो भविष्य में कार्बन हटाने की पहल के लिए एक आधार के रूप में कार्य कर रहा है। दुनिया भर में निर्धारित अधिक महत्वाकांक्षी कार्बन हटाने के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उत्सर्जन में कमी पर प्रारंभिक कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में, प्राकृतिक गैस विशेष रूप से हमारी जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में एक महत्वपूर्ण और अनूठी भूमिका निभा सकती है।

प्राकृतिक गैस सबसे कम कार्बन उत्सर्जन करने वाला जीवाश्म ईंधन है; अन्य कार्बन–आधारित ईंधनों के विपरीत, प्राकृतिक गैस में उच्च हाइड्रोजन/कार्बन अनुपात होता है और इसलिए खपत की गई ऊर्जा की एक निश्चित मात्रा तक यह कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करता है। प्राकृतिक गैस कोयले या तेल की तुलना में स्वच्छ जलने वाला ईंधन है। जलाने पर यह कोयले की तुलना में 50 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) और तेल से 20–30 प्रतिशत कम सीओ2 छोड़ता है। प्राकृतिक गैस को अपेक्षाकृत कम कार्बन, किफायती ईंधन के रूप में व्यापक रूप से मान्यता–प्राप्त है। प्राकृतिक गैस के उपयोग से सीओ2 को कम करने के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सकती है और साथ ही साथ एनओएक्स, एसओएक्स और पार्टिकुलेट जैसे हानिकारक उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है। गैस को कार्बन हटाने के लिए एक ब्रिज ट्रांजिशन ईंधन के रूप में देखा जाना चाहिए और यह भारत को सतत आर्थिक विकास करने के लिए बहुआयामी समाधान प्रदान करता है।

भारत सरकार दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा विस्तार कार्यक्रम चला रही है और उसने 2030 तक 450 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। प्राकृतिक गैस अपेक्षाकृत स्वच्छ जलने वाला जीवाष्म ईंधन है। दुनिया भर में बिजली में गैस की हिस्सेदारी लगभग 40% है, जापान में 60% से अधिक है जबकि भारत में यह केवल 15% है। प्राकृतिक गैस न केवल स्वच्छ, सस्ती ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा कर सकती है, बल्कि कोयले और तेल तथा उनसे जुड़े उच्च उत्सर्जन का भी स्थान ले सकती है।

प्राकृतिक गैस को कार्बन हटाने के आधार के रूप में देखा जाना चाहिए। प्राकृतिक गैस अक्षय ऊर्जा की अस्थायी होने से निपटने में एक परिवर्तनकारी ईंधन के रूप में सहायक होगी। गैस आधारित संयंत्र के कई तकनीकी लाभ होंगे जिनमें प्रेषण क्षमता – तेज प्रतिक्रिया समय शामिल है। गैस आधारित बिजली को तेजी से घटाया और बढ़ाया जा सकता है, इसमें लचीलापन प्रदान करने की क्षमता होती है और इसे तेजी से ग्रिड में सिंक्रनाइज़ किया जा सकता है। इसका उत्पादन प्रति घंटा, दैनिक या मौसमी मांग के अनुसार बढ़ाया/घटाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, जब अक्षय ऊर्जा को थर्मल स्रोतों के साथ जोड़ने की बात आती है, तो बाहरी कारकों में शामिल मूल्य निर्धारण और प्रौद्योगिकी तटस्थता को एक तंत्र को अपनाकर प्राप्त किया जा सकता है जिसमें बंडल में बंधे उत्पादों से उत्सर्जन को सीमित किया जा सकता है।

गेल ने गैस समर्थन के क्षेत्रों पर कई अध्ययन किए हैं। इसने भारत में प्राकृतिक गैस की मांग के परिप्रेक्ष्य में कार्यनीति 2030 के विकास, भारत और वैश्विक स्तर पर एलएनजी व्यापार क्षेत्र में अपनाई गई कार्यप्रणाली जैसे क्षेत्रों पर अध्ययन किया है।

गेल अक्षय और वैकल्पिक ऊर्जा और नए मोबिलिटी समाधानों को शामिल करने के लिए व्यापार पोर्टफोलियो में विविधता लाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। एक सीजीडी भौगोलिक क्षेत्र में ईवी चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया गया था। गेल ने भारत में ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का लाभ उठाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है और एक सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन सम्मिश्रण की एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की है। इसके अतिरिक्त, गेल 10 मेगावाट का हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रहा है जो दुनिया के सबसे बड़े पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर आधारित हरित हाइड्रोजन संयंत्रों में से एक होगा।

वर्षों से, गेल एक बेहतर पर्यावरणीय ईंधन के रूप में गैस का प्रचार करने और भारत में गैस के लिए उपलब्ध बाजार के अवसरों का समर्थन करने के लिए आयोजित उद्योग कार्यक्रमों का हिस्सा रहा है। गेल एफआईपीआई, सीआईआई, फिक्की, सीएसई, टेरी नीति आयोग आदि सहित विभिन्न भारतीय उद्योग संघों के साथ बातचीत कर रहा है। गेल लगातार अंतर्राष्ट्रीय गैस संघ, विश्व बैंक की सतत ऊर्जा नीति और गैस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों जैसे वैश्विक संघों के साथ जुड़ा हुआ है। गेल विनियामक निकाय पीएनजीआरबी के साथ नियमित रूप से बातचीत भी करता है ताकि उन्हें वर्तमान स्थिति और उद्योग के दृष्टिकोण पर अद्यतन जानकारी दी जा सके। गेल भारत में प्राकृतिक गैस के समर्थन और बाजार के विकास को आगे बढ़ाने के लिए थिंक टैंक और सरकारी निकाय के साथ भी जुड़ा हुआ है।

गेल विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योग निकायों और संघों का हिस्सा है जो उद्योग के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंच प्रदान करते हैं तथा बेहतर समावेशी नीतियां बनाने और सुधार लाने के लिए सामूहिक रूप से उद्योग की आवाज सरकार तक पहुंचाते हैं। यह जनता की भलाई की उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। वित्त वर्ष 2021–22 में, गेल निम्नलिखित संघों का हिस्सा था –

- तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयातकों का अंतर्राष्ट्रीय समूह (जीआईआईजीएनएल)
- भारतीय पेट्रोलियम उद्योग संघ (एफआईपीआई)
- सार्वजनिक उद्यमों का स्थायी सम्मेलन (स्कोप)
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)
- वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई)
- केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीपीएमए)
- टेरी – सतत विकास के लिए व्यापार परिषद (टेरी– बीसीएसडी)
- भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए)
- प्राकृतिक गैस सोसायटी (एनजीएस)
- बायोगैस इंडियनटेक एसोसिएशन
- इंटरनेशनल स्वैप एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन (आईएसडीए)
- ब्रिटिश सुरक्षा परिषद
- राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा संघ (एनएफपीए)
- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई)
- दिल्ली उत्पादकता परिषद (डीपीसी)
- यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम
- भारत म्यांमार चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएमसीसी)
- अंतर्राष्ट्रीय बाजार मूल्यांकन सीएफओ फोरम
- निदेशक संस्थान (आईओडी)

### » नवीकरणीय ऊर्जा

ग्रीन हाइड्रोजन उर्वरक उत्पादन और पेट्रोलियम शोधन में हाइड्रोजन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक नवीकरणीय ऊर्जा आधारित वैकल्पिक ईंधन है। इसमें जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता को कम करने और इन औद्योगिक प्रक्रियाओं के कार्बन उत्सर्जन को कम करने की क्षमता है। यह कई प्रक्रियाओं से उत्सर्जन को रोकने में मदद कर सकता है जो इनपुट सामग्री या जीवाश्म ईंधन से प्राप्त फीडस्टॉक जैसे उर्वरकों, रसायनों, पेट्रोकेमिकल और इस्पात के उत्पादन पर निर्भर करता है। हाइड्रोजन का उपयोग लंबी दूरी के परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा के दीर्घकालिक भंडारण के लिए ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। भारत सरकार के 'राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन' के अनुरूप, आपकी कंपनी विजयपुर (म.प्र.) में 4.3 टन प्रतिदिन की क्षमता वाली ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन इकाई स्थापित कर रही है। यह इकाई जल इलेक्ट्रोलिसिस पर आधारित प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (पीईएम) तकनीक का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगी। साथ ही, एनजी/सीजीडी नेटवर्क में एच2 सम्मिश्रण की तकनीकी व्यवहार्यता पर अध्ययन शुरू किया गया है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी ने संपीड़ित बायो–गैस ('सीबीजी') के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कुछ पहल की हैं जैसे (i) शहर गैस वितरण ('सीजीडी') और सीबीजी उत्पादकों के साथ निष्पादित 24 टीपीए – 6 भौगोलिक क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति शुरू; (ii) एमओपी एंड एनजी ने सीएनजी (टी) और पीएनजी (डी) में उपयोग के लिए सीबीजी–सीजीडी सिंक्रोनाइजेशन का प्रचालन अनिवार्य किया; (iii) 400 सीबीजी संयंत्रों को समर्थन देने की घोषणा की गई और परिणामस्वरूप सीबीजी संयंत्रों के लिए 253 आशय–पत्र जारी किए गए।

आपकी कंपनी ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए 10 मेगावाट पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर स्थापित कर रही है। आपकी कंपनी ने गुजरात में 500 केएलपीडी बायोएथेनॉल संयंत्र स्थापित करने की व्यवहार्यता और पेट्रोकेमिकल/रसायन संयंत्र, सौर और पवन संपत्तियों से संबंधित अन्य व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएसीएल) के साथ समझौता–ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

आपकी कंपनी ने सौर ऊर्जा के विकास के लिए भी कुछ पहल की हैं जैसे (i) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए भेल के साथ समझौता–ज्ञापन; (ii) सौर सेल/मॉड्यूल के निर्माण के लिए अवसरों की खोज; (iii) एक कॉर्पोरेट भागीदार के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के साथ सहयोग किया गया।

## 4. जोखिम, चुनौतियाँ और न्यूनीकरण

### » पीएनजीआरबी विनियामक ढांचा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1 अक्तूबर, 2007 को पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के विभिन्न प्रावधानों को पूरा करने के लिए की गई थी। पीएनजीआरबी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन की गतिविधियों को छोड़कर, अधिनियम रिफाइनिंग, प्रोसेसिंग, भंडारण, परिवहन, वितरण, विपणन और पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस की बिक्री को विनियमित करने के लिए एक कानूनी ढांचा उपलब्ध कराता है ताकि इसमें इन गतिविधियों में लगे उपभोक्ताओं और संस्थाओं के हितों की रक्षा हो सके। पीएनजीआरबी के मुख्य कार्यों में अन्य बातों के साथ–साथ, (क) सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में नई पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करना और नया शहर गैस वितरण नेटवर्क (सीजीडी नेटवर्क) बिछाना, निर्माण, प्रचालन या विस्तार के लिए प्राधिकार प्रदान करना (ख) मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों और सीजीडी नेटवर्क को सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में घोषित करना (ग) सामान्य वाहक या संविदा वाहक तक पहुंच को विनियमित करना (घ) सामान्य वाहक या संविदा वाहक की परिवहन दरों को विनियमित करना और (ङ.) इस अधिनियम के प्रावधानों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सौंपे गए ऐसे अन्य कार्यों को करना शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, पीएनजीआरबी ने प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों, सीजीडी नेटवर्कों और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के संबंध में विनियमों में विभिन्न संशोधनों को अधिसूचित किया है। इस अवधि के दौरान, आपकी कंपनी को बोकारो और झरिया के क्षेत्रों में विभिन्न संविदा कनेक्टिविटी पाइपलाइन विकसित करने का प्राधिकार प्रदान किया गया है जो नए घरेलू स्रोतों से अधिक गैस लाएगा। आपकी कंपनी को तरल प्रोपेन के परिवहन के लिए बीपीसीएल उरन टर्मिनल से आपकी कंपनी के उसर स्थित पीडीएच–पीपी संयंत्र तक एक समर्पित पाइपलाइन बिछाने के लिए पीएनजीआरबी स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। इस अवधि में, आपकी कंपनी के सहयोगियों को भी सीजीडी बोली के 11वें दौर के तहत तेलंगाना, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्यों में स्थित भौगोलिक क्षेत्रों में शहर गैस वितरण नेटवर्क विकसित करने का प्राधिकार प्रदान किया गया है।

पीएनजीआरबी ने संबंधित मामलों में विभिन्न आदेश और निर्णय भी जारी किए हैं। उक्त विनियमों, संशोधनों, प्राधिकारों, आदेशों और निर्णयों का विवरण पीएनजीआरबी की सरकारी वेबसाइट (www.pngrb.gov.in) पर उपलब्ध है तथा व्यवसाय पर इसके

अलग–अलग प्रभाव हैं। पीएनजीआरबी के ये विनियम, संशोधन, प्राधिकार, आदेश, निर्णय पीएनजीआरबी बेंच, अपीलीय न्यायाधिकरण और न्यायालयों के समक्ष अपील योग्य हैं और तदनुसार, आपकी कंपनी से संबंधित उनमें से कुछ अपील के विभिन्न चरणों में हैं। पीएनजीआरबी द्वारा बनाए गए विनियमों में किसी भी अंतिम परिवर्तन का समय और सामग्री आपकी कंपनी के नियंत्रण में नहीं है। तथापि, क्षेत्रीय मुद्दों पर पीएनजीआरबी के साथ नियमित बातचीत, विनियामक बोर्ड द्वारा आयोजित सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया में भागीदारी और विनियामक को लिखित रूप में तार्किक प्रस्तुतिकरण करने से आपकी कंपनी को विनियमों में किसी भी औचक या अप्रत्याशित परिवर्तन से जुड़े जोखिमों का अनुमान लगाने या कम करने में मदद मिलती है।

### » प्राकृतिक गैस की कीमतें

आपकी कंपनी वर्तमान में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से खरीदी गई प्राकृतिक गैस का विपणन करती है।

भारत सरकार ने अपने दिनांक 25 अक्तूबर, 2014 के आदेश द्वारा नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 को अधिसूचित किया था। 1 नवंबर, 2014 से अधिसूचना के अनुसार, गैस की कीमत एक विशिष्ट सूत्र के अनुसार वर्ष में दो बार निर्धारित की जाती है, जो संक्षेप में, दुनिया भर के प्रमुख केंद्रों में कारोबार की जाने वाली प्राकृतिक गैस का बारह महीने का औसत मूल्य (परिवहन और उपचार शुल्क को घटाकर) है। नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 ओएनजीसी और ओआईएल, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) ब्लॉकों और पूर्व–एनईएलपी ब्लॉकों के लिए सभी नामित क्षेत्रों पर समान रूप से लागू होते हैं, जिन्हें पीएससी के अनुसार सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होती है, जबकि ये नामांकित ब्लॉकों के छोटे और अलग–अलग क्षेत्रों के मामले में लागू नहीं होते हैं जो 2013 के मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों के अंतर्गत आते हैं।

इसके अलावा, भारत सरकार ने अपने 21 मार्च, 2016 के आदेश के माध्यम से गहरे पानी, अत्यधिक–गहरे पानी और उच्च दबाव–उच्च तापमान क्षेत्रों में खोजों से उत्पादित गैस के लिए मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता सहित विपणन पर दिशानिर्देश अधिसूचित किए हैं। दिशा–निर्देशों के अनुसार, सरकार ने अधिकतम मूल्य स्तर तक इन क्षेत्रों में उत्पादित गैस के मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है, जिसकी गणना आयातित ईंधन तेल, स्थानापन्न ईंधन और एलएनजी के पहुंच मूल्य के बारह महीने के औसत का निम्नतम स्तर लेकर की जाती है।

आपकी कंपनी घरेलू प्राकृतिक गैस की बिक्री पर विपणन मार्जिन अर्जित करती है। इसके अलावा, भारत सरकार ने 24 दिसंबर, 2015 की अपनी अधिसूचना, जो 18 नवंबर, 2015 से लागू है, में उर्वरक (यूरिया) और एलपीजी उत्पादकों को घरेलू गैस की आपूर्ति के लिए विपणन मार्जिन पर ₹ 200 प्रति 1000 एससीएम तक की सीमा निर्धारित की है।

उपर्युक्त के अलावा, आपकी कंपनी मुख्य रूप से दहेज, गुजरात में पीएलएल से आयातित प्राकृतिक गैस खरीदती है। ऐसी पुनर्गैसीकृत तरल प्राकृतिक गैस (आरएलएनजी) की खरीद और बिक्री की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय क्रूड मूल्य सूचकांकों पर आधारित हैं। इसके अलावा, आपकी कंपनी दुनिया भर में विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से कैरियर के माध्यम से सीधे एलएनजी का आयात करती है और इसे दहेज, गुजरात और कोच्चि, केरल में पीएलएल के रीगैसिफिकेशन टर्मिनल पर या दाभोल, महाराष्ट्र में केएलएल रीगैसिफिकेशन टर्मिनल पर या शेल एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में हजीरा एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) में फिर से गैसीकृत करवाती है। ऐसे एलएनजी आयात या तो तीन वर्ष से ऊपर के दीर्घकालिक समझौते, तीन वर्ष तक के मध्यावधि समझौते या स्पॉट कार्गो खरीद के तहत होते हैं। दीर्घावधि और मध्यमावधि के आयात के तहत, बिक्री मूल्य काफी हद तक खरीद मूल्य पर आधारित होता है। तथापि, स्पॉट कार्गो आयात के तहत, बिक्री मूल्य मांग और आपूर्ति परिदृश्य और ग्राहक के सामर्थ्य पर निर्भर करता है। एलएनजी स्पॉट कार्गो का आयात अंतिम उपभोक्ताओं के सामर्थ्य और आवश्यकता तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एलएनजी की उपलब्धता के गहन मूल्यांकन पर आधारित है।

### » एलएनजी पोर्टफोलियो

आपकी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगी कंपनियों ने अब तक अमेरिका में दो दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध और सिंगापुर स्थित कंपनी से एक दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध किया है ताकि बढ़ती एलएनजी मांग को पूरा किया जा सके और पाइपलाइन बुनियादी ढांचे के क्षमता उपयोग को बढ़ाया जा सके:

फरवरी 2018 से आपूर्ति के साथ सबाइन पास लिक्विफैक्शन टर्मिनल, अमेरिका से 3.50 एमएमटीपीए एलएनजी प्राप्त करने के लिए एलएनजी बिक्री और खरीद समझौता सबाइन पास लिक्विफैक्शन एलएलसी के साथ शुरू हुआ।

अप्रैल, 2018 से आपूर्ति शुरू करन के साथ कोव प्वाइंट एलएनजी लिक्विफैक्शन टर्मिनल, अमेरिका में 2.30 एमएमटीपीए द्रवीकरण क्षमता की बुकिंग के लिए टर्मिनल सेवा समझौता और समान गैस मात्रा के लिए डब्ल्यूजीएल मिडस्ट्रीम (अब सिक्सवन कमोडिटीज) के साथ गैस बिक्री और खरीद समझौता किया गया।

वित्त वर्ष 2018–19 से आपूर्ति शुरू करन के साथ 2.85 एमएमटीपीए अर्थात लगभग 10.26 एमएमएससीएमडी एलएनजी की प्राप्ति के लिए जीएमटीएस सिंगापुर (गज़प्रोम) के साथ एलएनजी बिक्री और खरीद समझौता किया गया।

उपर्युक्त एलएनजी संविदा आपकी कंपनी द्वारा बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था की मांग को पूरा करने और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य से की गई थी। उपर्युक्त संबंधी बिक्री क्रय समझौते (एसपीए) को अंतिम रूप देने के दौरान, बिजली क्षेत्र को प्रमुख खरीदार के रूप में परिकल्पित किया गया था। तथापि, अक्षय ऊर्जा सहित सस्ती वैकल्पिक बिजली की उपलब्धता के कारण एलएनजी से उत्पादित बिजली मेरिट ऑर्डर डिस्पैच के तहत नहीं आती है।

उपर्युक्त जोखिमों को कम करने के लिए, आपकी कंपनी अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में या तो सीधे और/या अपनी सिंगापुर स्थित सहायक कंपनी, जीजीएसपीएल के माध्यम से एलएनजी की मात्रा का विपणन करने के अवसर तलाश रही है।

इसके साथ–साथ, आपकी कंपनी ने गंतव्य स्वैप लेनदेन के माध्यम से अमेरिका से प्राप्त एलएनजी को भी अनुकूल बनाया है ताकि भारतीय बंदरगाहों तक एलएनजी की शिपिंग की लागत को अनुकूल बनाा जा सके जिसके परिणामस्वरूप पोर्टफोलियो का अक्षम प्रबंधन हो सके।

वित्तीय वर्ष 2016–17 से, आपकी कंपनी मूल्य जोखिम को कम करने और मार्जिन को ठीक करने के लिए, अपनी आंतरिक खपत तथा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों को बिक्री के लिए उपयोग की जाने वाली एलएनजी मात्रा के एक हिस्से का नियंत्रित लेनदेन कर रही है। व्यापारिक लेनदेन से नकदी प्रवाह के प्रबंधन के नियमित मूल्यांकन के आधार पर वस्तु को नियंत्रित करने के ऐसे उपशमन उपाय चल रहे हैं।

### » नवीकरणीय ऊर्जा सहित बिजली

भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से अपनी नवीकरण ीय ऊर्जा क्षमता को तेज गति से बढ़ा रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो में वृद्धि के साथ, ग्रिड की स्थिरता उद्योग के लिए सबसे अहम है। प्राकृतिक गैस आधारित बिजली संयंत्र ग्रिड स्थिरता प्रदान करने के लिए संतुलन बनाने का कार्य कर सकते हैं क्योंकि गैस संयंत्र कोयला आधारित संयंत्रों की तुलना में परिवर्तन करने के लिए अधिक तेज़ी से प्रतिक्रिया कर सकते हैं और उत्सर्जन को कम करने में आगे और मदद कर सकते हैं। पारंपरिक ईंधन संयंत्रों के संयंत्र

लोड फैक्टर (पीएलएफ) में गिरावट आ रही है और प्राकृतिक गैस आधारित बिजली संयंत्र ढांचागत समस्याओं के साथ चल रहे हैं जिनका नीतिगत हस्तक्षेप करके समाधान किए जाने की आवश्यकता है। आपकी कंपनी विद्युत क्षेत्र द्वारा प्राकृतिक गैस के उठान को बढ़ाने/पुनर्जीवित करने के लिए मामला–दर–मामला आधार पर और एमओपीएंडएनजी और विद्युत मंत्रालय के गहन समन्वय के साथ काम कर रही है।

### » पॉलिमर, एलपीजी और अन्य एलएचसी

आपकी कंपनी पेट्रोकेमिकल, एलपीजी और अन्य एलएचसी उत्पादों का विपणन भी कर रही है। इन उत्पादों की कीमतें मांग और आपूर्ति को प्रभावित करने वाले वैश्विक और घरेलू कारकों से प्रभावित और निर्धारित होती हैं। आपकी कंपनी ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों की स्थिर खपत सुनिश्चित करने के लिए बाजार में स्वीकार्य उत्पादों की एक श्रृंखला विकसित की है और पाता (उ.प्र.) और असम में उत्पादन सुविधाओं के साथ अपने पोर्टफोलियो को अनुकूल बनाया है। एलपीजी विपणन पीएसयू तेल विपणन कंपनियों के साथ गहन समन्वय करके तय किया जाता है। आपकी कंपनी के उत्पादों की श्रेणी में मार्जिन का प्रबंधन करने के लिए निरंतर उपाय किए जाते हैं।

### » विदेशी मुद्रा में उतार–चढ़ाव जोखिम

आपकी कंपनी, बड़े पैमाने पर एलएनजी, पूंजीगत सामान और विभिन्न नई परियोजनाओं के लिए भंडार और अतिरिक्त पुर्जों का आयात करती है, तथा प्रचालन और अनुरक्षण करती है। इसने पूंजीगत व्यय की आवश्यकता को पूरा करने और विदेशी निवेश करने के लिए विदेशी मुद्रा में ऋण भी लिया है। ऋण पोर्टफोलियो पूरी तरह से डेरिवेटिव उत्पादों (मुद्रा स्वैप और ब्याज दर स्वैप) के माध्यम से और विदेशी मुद्रा प्रवाह से स्वाभाविक बचाव करके नियंत्रित किया जाता है। आपकी कंपनी में विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंधन के लिए एक अनुमोदित विदेशी मुद्रा और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन नीति विद्यमान है जिसकी वित्तीय वर्ष के दौरान समीक्षा की गई है। अनुमोदित नीति के अनुसार आपकी कंपनी की विदेशी मुद्रा के अल्पकालिक और दीर्घकालिक जोखिम की निगरानी की जा रही है।

### » वस्तु मूल्य जोखिम

प्राकृतिक गैस के मूल्य जोखिम के प्रबंधन के लिए आपकी कंपनी में एक प्राकृतिक गैस मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति है। अनुमोदित नीति के अनुसार आंतरिक खपत के साथ–साथ विभिन्न डाउनस्ट्रीम ग्राहकों को बेचने के लिए उपयोग की जाने वाली प्राकृतिक गैस के मूल्य जोखिम की निगरानी की जा रही है। जब भी बाजार में ऐसे अवसर उत्पन्न होते हैं, आपकी कंपनी आयातित प्राकृतिक गैस की कीमतों में उतार–चढ़ाव से उत्पन्न होने वाले मूल्य जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न डेरिवेटिव लेनदेन करती है।

### » प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा जोखिम

विभिन्न जोखिम गैस परिवहन और वितरण जैसे प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के विस्फोट, भूकंप, सुनामी, आतंकवादी गतिविधियों आदि से जुड़े हैं। इन जोखिमों को इन परियोजनाओं के डिजाइन चरण से ही कम किया जा रहा है। तथापि, ऐसे प्राकृतिक या मानव निर्मित जोखिम आकस्मिक घटनाएं हैं और इन्हें पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता है। यदि ऐसी कोई घटना होती है, तो कंपनी पर व्यापक देनदारियों आ जाती हैं। ऐसी घटनाओं के प्रभाव को कम करने के लिए, आपकी कंपनी के पास आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना है।

### » जोखिम प्रबंधन ढांचा

गेल में, जोखिम प्रबंधन एक सतत प्रक्रिया है और आपकी कंपनी ने एक व्यापक उद्यम जोखिम स्थापित किया है।

आपकी कंपनी के जोखिम प्रबंधन ढांचे की संरचना इस प्रकार है:




प्रबंधन (ईआरएम) ढांचे का उद्देश्य अपने समग्र कार्यनीतिक और प्रचालन प्रथाओं के साथ जोखिम प्रबंधन को एकीकृत करना है। कंपनी ने बोर्ड ने एक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है और इसकी भूमिका सेबी एलओडीआर विनियमों में निर्दिष्ट है। इसका प्राथमिक उद्देश्य जोखिम प्रबंधन के लिए एक ढांचागत दृष्टिकोण द्वारा समर्थित स्थायी और स्थिर व्यवसाय विकास सुनिश्चित करना है। ईआरएम ढांचे में संगठन के लिए जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं को डिजाइन करना, कार्यान्वित करना, निगरानी करना, समीक्षा करना और लगातार सुधार करना शामिल है।

गेल में ईआरएम ढांचा आईएसओ 31000 (जोखिम प्रबंधन – सिद्धांत और दिशानिर्देश) की आवश्यकताओं और ट्रेडवे कमीशन (सीओएसओ) के प्रायोजक संगठनों की समिति की सिफारिशों को शामिल करने के बाद तैयार किया गया है।

आपकी कंपनी में संगठन और इसके हितधारकों की सुरक्षा और मूल्यवर्धन के लिए एक जोखिम प्रबंधन नीति और प्रक्रिया उपलब्ध है जिसका उद्देश्य मौजूदा सांविधिक विनियमों के अनुपालन में निर्णयकर्ताओं द्वारा अपेक्षित/अनुमानित और मौजूदा जोखिमों के

निष्पक्ष प्रबंधन के लिए एक जोखिम आसूचना ढ़ाचा स्थापित करना है ताकि आपकी कंपनी की वित्तीय स्थिरता में सुधार और उद्देश्यों की स्पष्ट उपलब्धि सुनिश्चित हो सके।

### जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण

आपकी कंपनी जोखिमों के प्रबंधन के लिए एक ढांचागत 'अवरोह' और 'आरोह' दृष्टिकोण का उपयोग करती है। 'अवरोह' दृष्टिकोण अंतर्दृष्टि को दूर करने और प्रमुख जोखिमों पर स्पष्टता प्रदान करने में मदद करता है जबकि 'आरोह' दृष्टिकोण व्यापक जोखिम पहचान और प्राथमिकता को सुनिश्चित करने में मदद करता है, साथ ही इसमें ऐसी प्रक्रियाएं शामिल हैं जो एक मजबूत जोखिम प्रबंधन संस्कृति सुनिश्चित करने वाली कंपनी में निर्णय लेने को नियंत्रित करता है।

### जोखिम की पहचान

गेल व्यापार और वित्तीय जोखिमों के साथ–साथ गैर–वित्तीय जोखिमों जैसे जलवायु परिवर्तन, ईंधन की कीमतों, ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षा सहित विभिन्न प्रकार के जोखिमों का आकलन करता है जो भविष्य में व्यवसाय को प्रभावित कर सकते हैं और उस पर प्रभाव डाल सकते हैं। पहचाने गए जोखिमों को संगठन पर उनके प्रभाव और घटना की संभावना के आधार पर एक 'जोखिम रेटिंग' दी जाती है। किसी घटना के घटित होने और कंपनी पर उसके प्रभाव के बीच के समय के आधार पर 'जोखिम के वेग' को ध्यान में रखा जाता है।

बदलते कारोबारी परिदृश्य और आपकी कंपनी के विभिन्न अन्य गतिविधियों में विस्तार में, व्यावसायिक जोखिमों और उनकी उपशमन योजनाओं का नियमित आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। शीर्ष कॉर्पोरेट स्तर के प्रमुख जोखिम निम्नानुसार हैं:

1. महामारी/जनपदिक/आपदा की स्थिति के कारण गेल के प्रचालन और व्यवसाय पर प्रभाव।
2. उपयोग का अधिकार (आरओयू)/भूमि प्राप्त करने में देरी के कारण परियोजना निष्पादन में देरी का जोखिम
3. गैस ऊर्जा खपत में धीमी वृद्धि के कारण पाइपलाइनों के कम उपयोग का जोखिम
4. गेल का पुनर्गठन जोखिम (गेल की पाइपलाइन परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण और परिवहन प्रणाली ऑपरेटर (टीएसओ) के निर्माण के कारण चुनौतियां)
5. प्रणाली को दुर्भावनापूर्ण हमलों से बचाने के लिए अपर्याप्त नियंत्रण के परिणामस्वरूप डाटा की हानि और प्रचालन में व्यवधान की संभावना
6. उद्योग की कम मांग, कम कीमत और उच्च इनपुट लागत के कारण पेट्रोकेमिकल के मार्जिन में कमी का जोखिम।



बैंकों की बैठक को संबोधित करते हुए श्री राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त)

7. कच्चे तेल की कीमतों/एलएनजी की कीमतों में प्रतिकूल उतार–चढ़ाव और घरेलू गैस की मात्रा में अपेक्षित वृद्धि के संदर्भ में एलएनजी का बाजार जोखिम।
8. प्रमुख रिसाव का खतरा –
   (क) एलपीजी पाइपलाइन और उनके आरटी/एसवी स्टेशनों में बड़े एलपीजी रिसाव का जोखिम
   (ख) एनजी पाइपलाइनों और उनके आरटी/एसवी स्टेशनों में प्रमुख रिसाव
   (ग) पेट्रोकेमिकल और जीपीयू/सी2–सी3 रिकवरी संयंत्र में प्रमुख रिसाव
9. तीसरे पक्ष के नुकसान और अतिक्रमण का जोखिम।
10. सांविधिक/विनियामक गैर–अनुपालन का जोखिम।
11. प्रतिकूल विनियामक परिवर्तनों का जोखिम।
12. ओएनजीसी सुविधाओं के बंद होने और गेल की आंतरिक खपत के लिए एपीएम/गैर–एपीएम गैस के आबंटन में कमी के कारण गेल के कारोबार पर प्रभाव।

उपर्युक्त सभी शीर्ष कॉर्पोरेट प्रमुख जोखिमों के साथ–साथ उपशमन उपायों की निगरानी शीर्ष प्रबंधन द्वारा बारीकी से की जा रही है।

पहचाने गए जोखिमों की गहराई से जांच की जाती है और कॉर्पोरेट स्तरीय जोखिम प्रचालन समिति (सीएलआरएससी) द्वारा तिमाही समीक्षा, जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) द्वारा द्विवार्षिक समीक्षा, लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड द्वारा वार्षिक समीक्षा की जाती है।

### 5. निवेशक से संबंध और जुड़ाव

आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि समग्र विकास तब तक अधूरा है जब तक कि हितधारकों के हित और विकास के अनुरूप न हो। महारत्न कंपनियों में से एक के रूप में, आपकी कंपनी यह मानती है कि अपने हितधारकों के साथ विश्वास पर आधारित सार्थक संवाद दीर्घकालिक मूल्य सृजन और सफलता की कुंजी है। आपकी कंपनी पारदर्शी और रचनात्मक हितधारक परामर्श के महत्व से परिचित है। कंपनी हितधारकों के साथ समय–समय पर सर्वेक्षण और गतिविधियों के माध्यम से उनकी समस्याओं का पता लगाती है और यह सुनिश्चित करती है कि उनके विचार इसकी निर्णय लेने की प्रक्रिया का एक हिस्सा हों। परामर्श के विभिन्न रूपों से प्राप्त प्रतिक्रिया को वास्तविक निर्धारण प्रक्रिया में शामिल किया जाता है।

निवेशक संबंध (आईआर) आपकी कंपनी के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है और यह विभिन्न हितधारकों के लिए निरंतर जुड़ाव, समय पर खुलासा और निष्पक्ष पहुंच के माध्यम से इस क्षेत्र पर काम करता है। आपकी कंपनी लगातार आवश्यक जानकारी का खुलासा करती है और विभिन्न निवेशक संबंध गतिविधियों का प्रचालन करती है तथा निवेशक समुदाय के साथ हमारा जुड़ाव दीर्घकालिक संबंध, पारदर्शिता, विश्वास और निष्पक्षता जैसे मूल्यों द्वारा निर्देशित होता है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, आपकी कंपनी ने निवेशक संबंधों और जुड़ाव के लिए निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

क. कंपनी ने आभासी मोड के माध्यम से निवेशक और विश्लेषक बैठक 2021 का आयोजन किया

ख. 2021–22 की पहली तिमाही, 2021–22 की पहली छमाही और 2021–22 की तीसरी तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद कंपनी ने कांफ्रेंस कॉल का आयोजन किया।

ग. कंपनी ने देश के ब्रोकरेज हाउसों द्वारा आयोजित 06 निवेशक सम्मेलन में भी भाग लिया।

इन सभी बैठकों/सम्मेलनों में कंपनी के शीर्ष प्रबंधन/वरिष्ठ कार्यपालकों ने भाग लिया।

निवेशक प्रस्तुति(यों) को स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत किया जाता है और आपकी कंपनी की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाता है।

निवेशकों और विश्लेषकों को सही समय पर और सही लोगों से सूचना प्रदान करने के लिए निवेशक समुदाय द्वारा समय–समय पर आपकी कंपनी की सराहना की गई है। हितधारकों के लिए मूल्य सृजित करने की प्रतिबद्धता के साथ, आपकी कंपनी अधिक से अधिक निवेशकों और विश्लेषकों तक पहुंचने और कॉर्पोरेट प्रशासन मानकों में पारदर्शिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

निवेशकों से संबंधित जानकारी तक पहुंचने का लिंक है https://gailonline.com/IZ-InvestorsZone.html and https://gailonline.com/IZ-InvestorInformation.html

## 6. क्षमता विकास

### » मानव पूंजी

31 मार्च, 2022 तक, आपकी कंपनी में 4754 (पूर्णकालिक निदेशकों और सीवीओ सहित) कर्मचारी कार्यरत थे। आपकी कंपनी का मानना है कि रणनीतिक प्रदर्शन के लिए मानव पूंजी आवश्यक है। मानव पूंजी को व्यवसाय की मुख्य धारा में लाना और निर्णय लेने का अर्थ है मानव संसाधनों का कुशल आबंटन। यह बदले में, उच्च कौशल स्तर, उत्पादकता में वृद्धि और अधिक नवाचार में योगदान देता है।

आपकी कंपनी में प्रशिक्षण और परामर्श के माध्यम से अपनी मानव पूंजी विकसित करने के लिए समर्पित संसाधन हैं। लोग हमारे सबसे कीमती संसाधन हैं और उनका प्रभावी निवेश और प्रबंधन गेल की निरंतर सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

मानव पूंजी प्रबंधन के संबंध में आपकी कंपनी का ध्यान व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने, व्यवसाय को बनाए रखने और आवश्यक कार्य–निष्पादन प्रदान करने के साथ–साथ सुरक्षित और स्वस्थ कार्य माहौल प्रदान करना है। रणनीतिक और लक्षित विकास कार्यक्रमों तथा कर्मचारी संबद्धता पहल के माध्यम से, आपकी कंपनी कर्मचारी आधार का निर्माण कर रही है जो एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए उनकी क्षमता और प्रतिभा का लाभ उठा सकती है जहां स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच प्रदान की जाती है।

मूल्य वर्धित प्रति कर्मचारी उपलब्ध संसाधनों और व्यावसायिक अवसरों का अधिकतम और उत्पादक उपयोग करने पर बल देता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, प्रति कर्मचारी मूल्य वर्धन ₹ 379.79 लाख था।

आपकी कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि मृतक कर्मचारियों के परिवार अपने बच्चों के लिए बेहतरीन शिक्षा तक पहुंच के साथ बेहतर भविष्य के लिए अपनी आकांक्षाओं को पूरा करते हुए सम्मान के साथ जीवन जीने के अपने प्रयास में पीछे न रहें। इसी भावना के साथ सभी मृतक कर्मचारियों के परिवारों को आवास एवं चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में राहत उपाय तथा आश्रित बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता प्रदान की जा रही है।

आपकी कंपनी का यह मानना है कि उसकी सबसे बड़ी संपत्ति उसका कर्मचारी आधार है और एक प्रेरित और प्रबुद्ध कार्यबल इसके रणनीति 2030 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभिन्न अंग है। आपकी कंपनी यह भी समझती है कि अपने प्रतिभा पूल की गुणवत्ता को विकसित करने, बढ़ाने और नेतृत्व को पोषित करने के लिए निरंतर प्रयास करना अनिवार्य है। इससे यह सक्षम व्यक्तियों को कार्यनीतिक भूमिकाओं में रखने में सक्षम होगा। आपकी कंपनी ने अपने उच्च–मूल्य और सक्षम कार्यबल की क्षमता का इस्तेमाल करने, बनाए रखने और दोहन करने के लिए एक बहु–आयामी दृष्टिकोण अपनाया है।

### » नेतृत्व विकास कार्यक्रम

एचवीजे परियोजना से शुरुआत करके, आपकी कंपनी ने प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला में एक विविध पोर्टफोलियो विकसित किया है और यह एक एकीकृत इकाई बन गई है। आने वाले वर्षों की चुनौतियों का संज्ञान लेते हुए, गेल ने 2030 तक अपनी व्यापार रणनीति को परिभाषित किया है ताकि विकास पैटर्न को निरंतर जारी रखा जा सके। इन नई परियोजनाओं का नेतृत्व उन नेताओं द्वारा किया जाना चाहिए जिनके पास कंपनी के लिए नए अवसरों की सक्रिय रूप से तलाश और वकालत करके उद्यमशीलता से कार्य करने का साहस है। आपकी कंपनी का मानना है कि क्षमता निर्माण और कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि इसकी रणनीतिक योजनाओं के सफल निष्पादन की कुंजी है। आने वाली चुनौतियों से निपटने के एक भाग के रूप में, आपकी कंपनी ने नेतृत्व विकास और करियर योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए एक एकीकृत नेतृत्व विकास ढांचा और उत्तराधिकार योजना ढांचा तैयार किया है।

विकास कार्यनीति में निम्नलिखित बहुआयामी प्रतिभा विकास कार्यकलाप शामिल हैं:

- 360 डिग्री फीडबैक प्रक्रिया
- वरिष्ठ प्रबंधन विकास केंद्र (एसएमडीसी) प्रक्रिया
- केंद्रित विकास कार्यक्रम

360 डिग्री फीडबैक का उद्देश्य संबंधित कार्यपालकों को उनके साथियों, अधीनस्थों और वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से प्रभावी प्रतिक्रिया प्रदान करना है।

वरिष्ठ प्रबंधन विकास केंद्र (एसएमडीसी) प्रक्रिया मुख्य प्रबंधक (ई–5) ग्रेड और उससे ऊपर के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए शुरू की गई है। एसएमडीसी संगठन में बेहतर और प्रेरक नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए एक सहायता है। एसएमडीसी प्रक्रिया के इनपुट के आधार पर, अधिकारियों को प्रमुख बी–स्कूलों (जैसे आईआईएम) में योग्यता–विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है तथा इन्हें पुस्तकों और ई–लर्निंग मॉड्यूल के साथ पूरक बनाया जाता है।

इसके अतिरिक्त, सभी नए पदोन्नत महाप्रबंधक/मुख्य महाप्रबंधक (ई–7 और ई–8) स्तर के कार्यपालकों को एक ढांचागत प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी प्रदान किया जाता है।

आपकी कंपनी निदेशकों के लिए मास्टर क्लास और बोर्ड रूम प्रभावशीलता जैसे क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से बोर्ड के पदों के लिए कार्यकारी निदेशक और मुख्य महाप्रबंधक के स्तर पर गेल के वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को तैयार कर रही है। यह कार्यक्रम 16 से 18 फरवरी 2022 के दौरान आयोजित किया गया था और इस कार्यक्रम में ई8–ई9 स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया।

### » क्षमता विकास

गेल प्रशिक्षण संस्थान (जीटीआई) को एएसएमई बी31.8 और 31.8एस कोड जैसे एएसएमई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई) द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण प्रदाता (एटीपी) के रूप में मान्यता दी गई है। गेल के अपने विषय विशेषज्ञ हैं जो अधिकृत प्रशिक्षण प्रशिक्षक (एटीआई) के रूप में प्रमाणित हैं। ये आंतरिक प्रतिभागियों के साथ–साथ बाहरी संगठनों के प्रतिभागियों के लिए एएसएमई बी31.8 और बी31.8एस मानक पर विभिन्न सत्र ले रहे हैं।

जीटीआई ने विकासशील और पड़ोसी देशों के लिए आयोजित भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत क्षमता निर्माण पहल के माध्यम से भारत की विकास साझेदारी में विदेश मंत्रालय के साथ सहयोग किया। फ्लो मीटरिंग और सीजीडी पर ऐसे दो राजस्व सृजन कार्यक्रम भारतीय और विदेशी प्रतिभागियों के लिए आयोजित किए गए थे।

रणनीति–2030 संबंधित क्षमता निर्माण कार्यक्रमः

वैश्विक कारोबारी माहौल और भारत के निर्धारित भावी विकास के अनुसार, अक्षय और वैकल्पिक ऊर्जा (सौर और पवन ऊर्जा), जल मूल्य श्रृंखला, विशेषता रसायन खंड जैसे उभरते क्षेत्रों, तथा गतिशील भविष्य, उद्योग 4.0 तथा स्वचालन आदि जैसे अन्य आगामी क्षेत्रों पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गेल की कार्यनीति–2030 के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए जनशक्ति तैयार करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और कार्यनीतियों, पवन ऊर्जाः प्रौद्योगिकी और व्यापार, विशेषता रसायन और सौर पीवी प्रणाली के व्यापार और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत लगभग 156 कार्यकारी अधिकारियों को शामिल किया गया था, जो 2021–22 की अवधि के दौरान, कार्यनीति 2030 पहल के रूप में आईआईटी बॉम्बे, आईसीटी (पूर्व में यूडीसीटी) मुंबई, राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान, चेन्नई के माध्यम से आयोजित किए गए थे।

भारत में प्राकृतिक गैस और शहर गैस वितरण (सीजीडी) क्षेत्र के व्यापार विस्तार को देखते हुए, जीटीआई भारत में विभिन्न सीजीडी संस्थाओं को सीजीडी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर रहा है।

जीटीआई राजस्व सृजन मॉडल में बाहरी प्रतिभागियों के लिए सीजीडी (वर्चुअल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से) में तकनीकी और सामान्य प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। वर्ष 2021–22 के दौरान प्राकृतिक गैस और सीजीडी, एएसएमई और पेट्रोकेमिकल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 12 कार्यक्रम बाहरी प्रतिभागियों के लिए आयोजित किए गए थे, जिसमें कुल राजस्व लगभग 1.6 करोड़ रुपए था।

**भौतिक मोड में प्रशिक्षण कार्यक्रमः**

गेल प्रशिक्षण संस्थान ने मार्च 2020 के पहले कोविड लॉकडाउन के बाद से भौतिक मोड में प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया है। परियोजना निष्पादन और परियोजना प्रबंधन में गेल के अधिकारियों के क्षमता विकास के लिए "परियोजना प्रबंधन पर प्रशिक्षण–सह–प्रमाणन कार्यक्रम" जैसे विषयों पर भौतिक मोड में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**कौशल विकास कार्यक्रमः**

आपकी कंपनी प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन और शहर गैस वितरण परियोजनाओं के तहत हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी), रायबरेली में कौशल विकास संस्थान (एसडीआई) की स्थापना, तथा प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षा मान्यता (आरपीएल) प्रदान करने की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन का समर्थन करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

क. कौशल विकास – पूर्व शिक्षा मान्यता (आरपीएल):

ऊर्जा गंगा गैस पाइपलाइन में कुल 368 लाभार्थियों को शामिल किया गया था और 516 लाभार्थियों को गेल ओएंडएम केंद्र कौशल परियोजनाओं में शामिल किया गया था।

ख. गेल कौशल संस्थान–गुनाः

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कुल 306 युवाओं को विभिन्न कार्य भूमिकाओं/ट्रेडों में प्रशिक्षित किया गया।

ग. गेल कौशल संस्थान – नगरमः

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कुल 87 युवाओं को विभिन्न कार्य भूमिकाओं/ट्रेडों में प्रशिक्षित किया गया।

घ. कौशल विकास संस्थान– एसडीआई–रायबरेली:

i. एसडीआई रायबरेली को अक्तूबर–2021 से उ.प्र. कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के तहत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सरकारी प्रशिक्षण भागीदार (जीटीपी) के रूप में अनुमोदित किया गया है।

ii. वित्त वर्ष 2021–22 में एसडीआई में कुल 6 कार्य भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इन 6 पाठ्यक्रमों में से 5 एचएसएससी (हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद) से संबद्ध हैं। आईटी–आईटीईएस क्षेत्र कौशल परिषद के घरेलू डाटा एंट्री ऑपरेटर की नई कार्य भूमिका अक्तूबर–2021 से एसडीआई रायबरेली में लागू की गई थी। संस्थान को चार पाठ्यक्रम चलाने के लिए 5 स्टार रेटिंग के साथ स्मार्ट मान्यता (कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्र का प्रत्यायन) प्राप्त हुई है।

iii. दाखिला वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान किया गया था और ऑनलाइन/ऑफलाइन परीक्षा द्वारा उम्मीदवारों के चयन के लिए प्रेस विज्ञापन किए गए थे। महामारी के दौरान आभासी मोड के माध्यम से एसडीआई रायबरेली में प्रशिक्षुओं के लिए कक्षाएं संचालित की गईं। प्रशिक्षुओं की सुविधा के लिए एसडीआई रायबरेली के यूट्यूब चैनल पर व्याख्यान भी अपलोड किए गए थे।

iv. एसडीआई रायबरेली ने वित्त वर्ष 2021–22 से छात्राओं के लिए कौशल प्रशिक्षण शुरू किया। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 38 छात्राओं को डाटा एंट्री ऑपरेटर, औद्योगिक इलेक्ट्रीशियन और प्रोसेस इंस्टिट्यूट ऑपरेटर कार्य–भूमिकाओं में प्रशिक्षित किया गया।

आत्मनिर्भर मॉडल पर संस्थान का सफर शुरू करने के लिए 2021–22 के दौरान यूपीएसडीएम कौशल योजना के तहत प्रशिक्षित 108 उम्मीदवारों सहित कुल 265 उम्मीदवारों को बेहतर रोजगार के लिए कुशलता से प्रशिक्षित किया गया था।

» **औद्योगिक संबंध**

औद्योगिक/कर्मचारी संबंधों का माहौल अनुकूल और सौहार्दपूर्ण रहा। आपकी कंपनी में पिछले वर्ष के दौरान किसी भी प्रकार के औद्योगिक संघर्ष के कारण कोई मानव दिवसों या मानव घंटों का नुकसान नहीं हुआ। कार्य केंद्र और कॉर्पोरेट दोनों स्तरों पर मासिक/द्वि–मासिक/त्रैमासिक बैठकों के माध्यम से कर्मचारी समूहों के साथ संवाद किया गया।

बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं के साथ तालमेल बिठाने और गुणवत्तापूर्ण कार्यबल को आकर्षित करने और बनाए रखने के उद्देश्य से, संगठनात्मक रणनीति के अनुरूप मानव संसाधन कार्यनीति और नीतियों की समीक्षा सतत आधार पर की जाती है।

**कर्मचारी सुरक्षा और कल्याणः**

आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्यकर परिवेश, संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम और सुरक्षित कार्य परिस्थिति माहौल प्रदान करने की इच्छुक है। प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. स्वच्छता सूचकांकः पूरे संगठन में, कैंटीन, पेंट्री और गेस्ट हाउस में विभिन्न स्वच्छता मानकों की नियमित लेखापरीक्षा की जाती है। इन मापदंडों के आधार पर, स्वच्छता सूचकांक की गणना न्यूनतम स्वीकार्य रेटिंग 95% से अधिक के साथ की जाती है।

ii. स्वास्थ्य और सुरक्षाः आपकी कंपनी कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक स्वच्छता उपायों, नियमित चिकित्सा निगरानी और जोखिम–आधारित निगरानी को लागू करने के लिए अपनी कॉर्पोरेट एचएसई नीति के माध्यम से प्रतिबद्ध है।

साइट स्तरीय सुरक्षा समितियां, जिसमें प्रबंधन और गैर–प्रबंधन प्रतिनिधि अपनी नियत भूमिकाओं के साथ शामिल हैं, गेल के प्रचालन स्थलों पर सुरक्षा की समग्र जिम्मेदारी का नेतृत्व करते हैं। ये समितियां कम से कम तिमाही रूप से संबंधित साइटों के स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदर्शन से संबंधित मामलों की समीक्षा करती हैं तथा सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई तय करती हैं।

व्यावसायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की निगरानी के लिए कॉर्पोरेट व्यावसायिक स्वास्थ्य समिति हर तिमाही में बैठक करती है और इसकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन आंतरिक बहु–अनुशासनात्मक टीमों के माध्यम से किए गए स्वास्थ्य लेखा–परीक्षा के परिणाम के आधार पर किया जाता है।

## 7. स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन

» **कॉर्पोरेट एचएसई नीति**

आपकी कंपनी में स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण सर्वोपरि है और इसकी विशेषताएं मुख्य संगठनात्मक मूल्यों के भीतर अंतर्निहित हैं। तदनुसार, आपकी कंपनी ने अपना शीर्ष दस्तावेज अर्थात कॉर्पोरेट स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण नीति तैयार की है। यह शीर्ष दस्तावेज़ स्पष्ट रूप से शीर्ष प्रबंधन प्रतिबद्धता तथा सुदृढ़ और एकीकृत स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) प्रबंधन प्रणाली के साथ व्यापार करने के लिए कर्मचारियों की जिम्मेदारियों को दर्शाता है।

आपकी कंपनी अपने कर्मियों और प्रतिष्ठानों के व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता रखते हुए सतत विकास के माध्यम से मूल्य उत्पन्न करने का प्रयास करती है। नवीनतम तकनीकों को अपनाकर और सुरक्षा में आईटी का लाभ उठाकर आपकी कंपनी हमेशा कार्यस्थल पर एचएसई को बढ़ाने का प्रयास करती है। कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को संगठन के भीतर एचएसई संस्कृति को चलाने के लिए सुरक्षित काम करने की आदतों और सकारात्मक व्यवहार को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा किसी भी असुरक्षित कार्य, जो उत्पन्न हो सकते हैं, की सूचना देने और उसे रोकने का अधिकार है।

### » सुरक्षा निश्पादन

आपकी कंपनी ने गेल के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए हम कहां खड़े हैं और आगे क्या करना है, यह जानने के लिए गेल प्रतिष्ठानों के एचएसई निष्पादन की निगरानी करने और उसे ट्रैक करने की प्रणाली स्थापित की है। एचएसई अंक प्रणाली पूर्व–निर्धारित मापदंडों के माध्यम से एचएसई प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन पर ओएंडएम साइटों के निष्पादन को मापने के लिए एक अनूठा साधन है।

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 में 97.18% का "एचएसई अंक" हासिल किया है। आपकी कंपनी ने ओआईएसडी और पीएनजीआरबी के घटना वर्गीकरण के अनुसार 'शून्य' प्रमुख रिपोर्ट करने योग्य घटना प्राप्त की है।

### » सुरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता

ठेका श्रमिकों सहित कर्मचारियों के लिए उनके कार्यों से संबंधित सुरक्षा प्रथाओं की समझ के संबंध में सुरक्षा प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है; अन्यथा, कोई कर्मचारी कार्यस्थल पर चोट लगने और बीमार होने के लिए खुद को अधिक जोखिम में पाएगा। इसलिए, कार्यस्थल से जुड़े खतरों और जोखिमों को समझने के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता को आपकी कंपनी के एचएसई प्रबंधन प्रणाली के प्रमुख घटकों में से एक के रूप में पहचाना गया है। यह उचित उपशमन उपायों को लागू करने की सुविधा प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप हानि नियंत्रण हुआ है। आपकी कंपनी के कर्मचारियों को नियमित प्रचालन और सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नोएडा और जयपुर में उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान मौजूद हैं।

ओआईएसडी और पीएनजीआरबी कोड/मानकों के अनुसार ओएंडएम प्रतिष्ठानों में आंतरिक प्रचालन और सुरक्षा प्रशिक्षण प्रणाली भी मौजूद है, जहां कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को अपने एचएसई कार्यों को प्रभावी ढंग से करने और एक प्रभावी सुरक्षा संस्कृति विकसित करने के लिए उनके कौशल, ज्ञान और क्षमता को उन्नत करने के लिए व्यवहार आधारित सुरक्षा आदि सहित ढांचागत एचएसई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

विश्वव्यापी औद्योगिक घटनाओं (विगत में घटित) पर केस स्टडी हर महीने कर्मचारियों को परिचालित की जा रही है और महीने के हर 10वें दिन मासिक सुरक्षा दिवस बैठक के दौरान स्थापना में केस स्टडी से सीखे गए सबक पर चर्चा की जा रही है।

सभी ओएंडएम प्रतिष्ठानों में सुरक्षा नेतृत्व पर जोर देने के लिए, आपकी कंपनी ने सकारात्मक व्यवहार को और सुदृढ़ करने के लिए 'व्यवहार आधारित सुरक्षा (बीबीएस) एडवांस' लॉन्च किया है। कार्यबल के बीच बीबीएस जागरूकता लाने के लिए सलाहकारों द्वारा साइटों पर 24 मार्गदर्शी दौरे किए गए। इन मार्गदर्शी दौरों का उद्देश्य वरिष्ठ नेतृत्व, बीबीएस चैंपियन, प्रमुख प्रशिक्षकों, प्रचालन और कार्यात्मक समिति के सदस्यों के साथ बातचीत करना, बीबीएस चार्टर्स के विकास और समीक्षा में साइट की मदद करना, बीबीएस समिति की बैठकों की प्रभावशीलता की समीक्षा करना आदि था।

### » सुरक्षा लेखापरीक्षा

आपकी कंपनी ने ओएंडएम सुविधाओं की आंतरिक तकनीकी और सुरक्षा लेखापरीक्षा करने के लिए ढांचागत प्रक्रिया स्थापित की है। पीएनजीआरबी और अन्य विनियमों, ओआईएसडी मानकों, प्रबंधन शासन आदि के संदर्भ में सुधार क्षेत्रों की पहचान करने के लिए आंतरिक टीम द्वारा वर्ष में कम से कम एक बार आंतरिक लेखापरीक्षा (सक्रिय सुरक्षा लेखापरीक्षा और आंतरिक लेखापरीक्षा–सीओ) आयोजित की जा रही है।

आंतरिक लेखापरीक्षा के अलावा, लागू राष्ट्रीय कोड और मानकों के अनुसार, तीसरे पक्ष की निरीक्षण एजेंसियों द्वारा प्रतिष्ठानों की बाहरी सुरक्षा लेखापरीक्षा की जाती है। प्रमुख प्रतिष्ठानों की बाहरी सुरक्षा लेखापरीक्षा वर्ष में एक बार खतरनाक रासायनिक नियम 1989 के निर्माता, भंडारण और आयात के अनुरूप की जाती है। लागू विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पीएनजीआरबी द्वारा विधिवत अनुमोदित तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी द्वारा गेल एलपीजी भंडारण और रखरखाव सुविधाओं, एनजी/एलपीजी पाइपलाइनों और सीजीडी नेटवर्क की तकनीकी और सुरक्षा लेखापरीक्षा की जा रही है। ओआईएसडी, जो पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार की एक तकनीकी शाखा है, विभिन्न ओआईएसडी मानकों और दिशानिर्देशों की अनुरूपता की जांच करने के लिए 3/4 वर्षों में एक बार गैस प्रोसेसिंग संयंत्रों, पेट्रोकेमिकल और एनजी/एलपीजी पाइपलाइनों की सुरक्षा लेखापरीक्षा भी करती है।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हुए

### » व्यावसायिक स्वास्थ्य

आपकी कंपनी ने परिभाषित दिशानिर्देशों के आधार पर अपने कर्मचारियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य की निगरानी और नियंत्रण के लिए व्यावसायिक स्वच्छता उपायों और चिकित्सा निगरानी कार्यक्रमों को लागू किया है। कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करके पैथोलॉजिकल परीक्षणों के माध्यम से, कारखाना अधिनियम 1948 के दायरे में आने वाले ओएंडएम प्रतिष्ठानों पर वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए नियमित कर्मचारियों की व्यावसायिक स्वास्थ्य जांच की गई। गेल में व्यावसायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी के लिए कॉर्पोरेट व्यावसायिक स्वास्थ्य समिति की तिमाही आधार पर बैठक हुई। तदनुसार, व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रणाली/सुविधाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन वित्तीय वर्ष 2021–22 में खेड़ा और झाबुआ कंप्रेसर स्टेशन पर आंतरिक बहु–विषयक टीमों द्वारा किए गए नमूना व्यावसायिक स्वास्थ्य लेखा–परीक्षा के माध्यम से किया गया है।

### » एचएसई पहल और उपलब्धियां

आपकी कंपनी ने एचएसई प्रबंधन प्रणाली को और बेहतर करने के लिए विभिन्न पहल की हैं। कुछ महत्वपूर्ण एचएसई पहल और उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

- 51वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 4–10 मार्च 2022 तक मनाया गया। माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2022 के अवसर पर प्रभारी अधिकारियों (ओआईसी) को संबोधित किया।
- नवीनतम/संशोधित पीएनजीआरबी/ओआईएसडी विनियमों/मानकों पर विचार करते हुए प्रचालन और रखरखाव में सुरक्षा के प्रमुख निष्पादन क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एचएसई अंक प्रणाली में संशोधन किया गया।
- प्रचालन और सुरक्षा पहलुओं पर एक समान आंतरिक प्रशिक्षण मॉड्यूल लागू करने के लिए ओएंडएम साइटों को परिचालित किया गया।

- आपातकालीन तैयारी प्रक्रिया/मॉक ड्रिल के आयोजन के लिए एक समान प्रक्रिया तैयार की गई है और सभी स्थलों पर परिचालित की गई है।
- अग्नि सुरक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए बहु–विषयक टीम द्वारा अग्नि और सुरक्षा नीति में संशोधन किया गया।
- गेल के शहर गैस वितरण नेटवर्क और सीएनजी/एलसीएनजी के खुदरा बिक्री केंद्र के लिए एचएसई अंक लागू किया गया।
- 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी में प्रत्येक प्रचालन और रखरखाव (ओएंडएम) साइट पर प्रत्येक माह की 10 तारीख "सुरक्षा दिवस" के रूप में मनाई जाती है। इस दिन, सभी प्रतिष्ठानों के प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) अपने अधिकार क्षेत्र के तहत अपने प्रतिष्ठानों के सभी सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करते हैं। मासिक सुरक्षा दिवस पर एचएसई पहलुओं और प्रमुख असाधारण रिपोर्ट की समीक्षा के लिए कार्यात्मक निदेशक(कों) की अध्यक्षता में एचएसई समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।
- कार्यकारी निदेशक (ओएंडएम) की अध्यक्षता में वरिष्ठ स्तरीय समिति ने एम.बी. लाल समिति की सिफारिशों के अनुपालन की जांच के लिए जीपीयू विजयपुर, गांधार और वाघोडिया और पेट्रोकेमिकल परिसर, पाता का दौरा किया।
- बाहरी एजेंसी द्वारा गेल विजयपुर (गेल कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, सीआईएसएफ और संविदा सुरक्षा) का सुरक्षा जागरूकता सर्वेक्षण किया गया।
- व्यावसायिक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की प्रभावशीलता पर चर्चा/समीक्षा करने के लिए कॉर्पोरेट व्यावसायिक स्वास्थ्य समिति की 04 बैठकें आयोजित की गईं।
- गेल प्रतिष्ठानों के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना (ईआरडीएमपी) के लिए एक समान टेम्पलेट का विकास करना ताकि इसे विनियमों के अनुरूप संक्षिप्त और सूचनात्मक बनाया जा सके।
- लेखापरीक्षा सिफारिशों के अनुपालन को भौतिक रूप से सत्यापित करने के लिए ओएंडएम साइटों पर कॉर्पोरेट एचएसई अधिकारियों द्वारा 09 टी4एस/ओआईएसडी अनुपालन जांच की गईं।
- 29 मार्च 2022 को उज्जैन में केंद्रीय क्षेत्र बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय क्षेत्र ओआईसी, ओएंडएम और एफएंडएस कार्यपालकों ने भाग लिया।
- कर्मचारियों के लिए 03 विद्युत सुरक्षा वेबिनार आयोजित किए गए।
- विद्युत सुरक्षा पहलुओं की अनुरूपता जांच के लिए बहु–अनुशासनात्मक समूह द्वारा 02 विद्युत सुरक्षा लेखापरीक्षा की गई हैं।
- युवा अग्नि और सुरक्षा कार्यपालकों के विकास के लिए 5 ज्ञान आदान–प्रदान सत्र आयोजित किए गए, जिसमें 29 युवा अग्नि और सुरक्षा कार्यपालकों ने विभिन्न अग्नि सुरक्षा पहलुओं पर अपने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए।

## 8. नवाचार, अनुसंधान और विकास

आपकी कंपनी में, नवाचार को एक कौशल के रूप में माना जाता है जिसे इसे जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आत्मसात किया जा सकता है। रचनात्मकता की संस्कृति को बढ़ावा देने और सुधार के लिए प्रयास करने के लिए, आपकी कंपनी ने स्वदेशी और रचनात्मक व्यावसायिक विचारों की पहचान और पोषण के लिए अपनी केंद्रीय सुझाव योजना को जारी रखा है। विचार उन परियोजनाओं से जन्म लेते हैं जो इसकी प्रचालन गतिविधियों में लागू होते हैं। चयनित व्यक्तियों या टीमों को सीएमडी ट्रॉफी और मौद्रिक प्रोत्साहन के माध्यम से मान्यता दी जाती है। इसके अलावा, विभिन्न गुणवत्ता सर्किल परियोजनाएं साइट स्तर पर शुरू की जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप उच्च कर्मचारियो के साथ जुड़ाव होता है और उत्पादकता में वृद्धि होती है। एक दीर्घकालिक लक्ष्य के रूप में, आपकी कंपनी अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं को भी आगे बढ़ा रही है ताकि विभिन्न संगठनों की पूरक क्षमताओं का सक्रिय रूप से लाभ उठाया जा सके।

एक जिम्मेदार ऊर्जा प्रमुख के रूप में, गेल हमारे विश्व स्तरीय प्राकृतिक गैस बुनियादी ढांचे के माध्यम से आम जनता के लिए हमेशा सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल, सस्ती, अधिक विश्वसनीय और सुलभ ऊर्जा प्रदान करके नेट–जीरो अर्थव्यवस्था की दिशा में देश की ऊर्जा परिवर्तन आकांक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरएंडडी के नेतृत्व वाले नवाचार स्वच्छ ऊर्जा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमारे प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला प्रचालन में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त और स्थिरता प्रदान करते हैं।

आपकी कंपनी विभिन्न सहयोगियों के साथ सक्रिय रूप से प्रयोगशाला स्तर पर अवधारणा परीक्षण से नई और उभरती प्रौद्योगिकियों का विकास करने, क्षेत्रीय स्तर पर सत्यापन के लिए इंजीनियरिंग डिजाइन बनाकर और अंत में पूर्व–वाणिज्यिक स्तर पर काम कर रही है। प्रौद्योगिकी विकास की इस सतत यात्रा को पूरा करने के लिए, आपकी कंपनी हमेशा अनुसंधान एवं विकास और नवाचार गतिविधियों को चलाने के लिए बजट का पर्याप्त रूप से विभाजन करती है। इस वर्ष, हमारी सहयोगी अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां मुख्य रूप से निम्न पर केंद्रित हैं: हरित हाइड्रोजन; बैटरी प्रौद्योगिकी; सीओ2 उपयोग और अपशिष्ट मूल्य निर्धारण, प्रक्रिया दक्षता में सुधार आदि।

हरित हाइड्रोजन आरएंडडी पहल के तहत, आपका संगठन बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रोकेमिकल हाइड्रोजन उत्पादन के लिए नए स्व–समर्थित इलेक्ट्रोड के विकास के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), कोलकाता के साथ सहयोग कर रहा है। परियोजना का उद्देश्य उच्च शुद्धता के साथ हाइड्रोजन ईंधन का उत्पादन करने के लिए कम लागत वाले इलेक्ट्रो कैटेलिस्टों का डिजाइन और विकास करना है। इसके अलावा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–मद्रास के साथ बायोमास गैसीकरण के माध्यम से हाइड्रोजन के कुशल उत्पादन के लिए एक शोध परियोजना पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–बीएचयू के साथ एकीकृत मेंबरेन सुधारक के माध्यम से अल्ट्रा–प्योर हाइड्रोजन के उत्पादन पर शोध कार्य जारी रखा गया था। इसके अलावा, ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए "राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन" में भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए, आपका संगठन सीजीडी नेटवर्क में ग्रीन हाइड्रोजन के इंजेक्शन और इसके प्रभाव के मूल्यांकन पर ईआईएल और आईआईटी–कानपुर के सहयोग से एक प्रायोगिक परियोजना भी चला रहा है।

इलेक्ट्रोकेमिकल बैटरियों की दुनिया में, लिथियम आयन बैटरियों (एलआईबी) के विकल्पों के लिए नए सिरे से अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया गया है, क्योंकि लिथियम की उपलब्धता बहुत कम है और इसकी आपूर्ति रणनीतिक रूप से नियंत्रित है। इस पहलू में, हाल ही में सोडियम (एनए) की प्रचुरता और अनुकूल भौगोलिक वितरण के कारण सोडियम (एनए)–आयन बैटरी (एसआईबी) पर अधिक ध्यान दिया गया है। इस रणनीतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–बॉम्बे के सहयोग से पर्यावरण के अनुकूल विकास, किफायती, सुरक्षित और उच्च निष्पादन वाली ना–आयन बैटरी के लिए एक पहल की है।

सीओ2 उत्सर्जन को कम करने पर हमारा शोध प्रयास निर्णायक क्षण में पहुंच गया है और पाता में माइक्रोबियल शैवाल का उपयोग करके सीओ2 से निपटने का परीक्षण सीएसआईआर–सीआईएमएफआर के सहयोग से शुरू किया गया है और प्रक्रिया के एक बार स्थिर होने पर 1टीपीडी सीओ2 से निपटने की उम्मीद है। अपशिष्ट मूल्य निर्धारण पहल के तहत, सीएसआईआर–आईआईपी में स्थापित अपशिष्ट प्लास्टिक से डीजल निर्माण की 1टीपीडी प्रायोगिक परियोजना ने डीजल उत्पादन के डाटा के सफल उत्पादन और सत्यापन के साथ मिशन ने महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश किया है और अब संयंत्र को गैसोलीन मोड डाटा सृजन के लिए तैयार किया जा रहा है।

इसके अलावा, निवारक स्वास्थ्य प्रबंधन (पीएचएम) प्रणालियों और प्रथाओं को सुदृढ़ करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–खड़गपुर के सहयोग से इलेक्ट्रिक मोटरों और ड्राइवों में दोषों की निगरानी, निदान और पूर्वानुमान के लिए क्लाउड आधारित एआई समर्थित आईओटी प्लेटफॉर्म पर एक शोध कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा, आपकी कंपनी ने निगरानी, टोही और परिसंपत्ति निगरानी के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान – कानपुर के सहयोग से विकसित

मानव रहित हवाई प्रणाली प्रोटोटाइप का लंबी दूरी का उड़ान परीक्षण भी जारी रखा। इसके अलावा, आपकी कंपनी गैस क्रैकिंग भट्ठियों के फायरबॉक्स के लिए नई थर्मल बैरियर कोटिंग और फिलर सामग्री के विकास में सीएसआईआर–सीईसीआरआई के साथ भी शामिल है। इन सामग्रियों के सफल विकास और अनुप्रयोग से बॉक्स फर्नेस की आयु को बढ़ाने और थर्मल नुकसान को कम करने की उम्मीद है।

आपकी कंपनी को 3 भारतीय पेटेंट प्रदान किए गए हैं और 3 अनंतिम भारतीय पेटेंट आवेदन भी दायर किए गए हैं।

पूंजी गहन अनुसंधान प्रक्रिया में शामिल वित्तीय जोखिम को कम करने के लिए साझेदारी या परिसंघ में शामिल होना नवाचार प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा है। इस दिशा में, आपकी कंपनी संगठन और राष्ट्र के लाभ के लिए राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं (एनआईपी) को पूरा करने के लिए अन्य तेल और गैस पीएसयू के साथ सहयोग करने का विकल्प तलाश रही है।

इसके अलावा, अकादमिक और उद्योग की पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए, आपकी कंपनी आईआईटी–बॉम्बे में तेल उत्कृष्टता केंद्र, गैस और ऊर्जा (सीओई–ओजीई) के माध्यम से मिशन मोड वाली अनुसंधान परियोजनाओं का अनुसरण करती है, जिसे सभी केंद्रीय तेल और गैस पीएसयू द्वारा स्थापित किया गया था। वर्तमान में, आपकी कंपनी पाइपलाइन अखंडता प्रबंधन, जीवन–चक्र मूल्यांकन, वैकल्पिक पाइपलाइन सामग्री, बैटरी प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में पांच मिशन मोड परियोजनाओं की सक्रिय रूप से तलाश कर रही है।

उपर्युक्त के अलावा, आपकी कंपनी ने अनुसंधान एवं विकास बजट के माध्यम से नवाचार परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर प्रमुख रूप से जोर दिया है। इन परियोजनाओं को प्रौद्योगिकी उन्नयन और मौजूदा बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के माध्यम से प्रदर्शन और दक्षता में सुधार के लिए विभिन्न साइटों पर कार्यान्वित किया जा रहा है।

संगठन में एक नई संस्कृति स्थापित करने के लिए सुपरिभाषित नवाचार विकास प्रक्रियाओं का होना महत्वपूर्ण है। इस पहल के तहत, आपकी कंपनी ने प्राथमिकता के लिए केंद्रीय सुझाव योजना को जारी रखा है, और आंतरिक रूप से विकसित अभिनव और नए व्यावसायिक विचारों का प्रयोग किया है। सफल विचार या योजना के लिए चुनी गई टीम को संगठन स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रतिष्ठित सीएमडी ट्रॉफी और प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित किया जाता है।

## 9. सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन

आपकी कंपनी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन के माध्यम से ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को मानकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आपकी कंपनी प्रभावी गुणवत्ता प्रथाओं, नवाचार और मानकीकरण के कार्यान्वयन के माध्यम से निरंतर और सतत सुधार के लिए प्रयास करती है। गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली और ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली को विभिन्न पाइपलाइनों और प्रक्रिया यूनिटों के साथ–साथ कॉर्पोरेट और विपणन कार्यालयों में भी लागू किया गया है। आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों की भागीदारी के साथ गुणवत्ता सर्किल परियोजनाएं चलाती है जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों में उच्च मनोबल और उत्पादकता में वृद्धि होती है।

ग्राहक मूल्य प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि सूचकांक सर्वेक्षणों के माध्यम से ग्राहकों के विचारों को जाना जा रहा है।

आपकी कंपनी को यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान ग्राहक संतुष्टि सूचकांक 96ः रहा है।

## 10. स्थिरता पहल

आपकी कंपनी हमारी मूल्य श्रृंखला में ईएसजी को एकीकृत करने में दृढ़ विश्वास रखती है और अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने में योगदान करती है। आपकी कंपनी का मानना है कि स्थिरता इसकी व्यावसायिक कार्यनीति के मूल में है और यह हमें अपने हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने में मदद करती है।

वित्तीय वर्ष में निरंतर प्रयासों के कारण, आपकी कंपनी ने भारतीय पेट्रोलियम उद्योग परिसंघ (एफआईपीआई) द्वारा प्रतिष्ठित "सस्टेनेबल ग्रोइंग कॉर्पोरेशन ऑफ द ईयर" पुरस्कार जीता है।

आपकी कंपनी संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन पक्षकार सम्मेलन (कॉप26) 2021 में यूएन ग्लोबल कॉम्पेक्ट – एक्सेंचर सीईओ स्टडी ऑन सस्टेनेबिलिटी के एक भाग के रूप में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाली केवल 10 भारतीय कंपनियों में से एक है। यह ग्लासगो, स्कॉटलैंड में कॉप26 के उद्घाटन दिवस को प्रकाशित स्थिरता और जलवायु परिवर्तन पर अब तक का सबसे बड़ा सीईओ अध्ययन है। इस अध्ययन के लिए 1200 से अधिक वैश्विक सीईओ लगाए गए हैं लेकिन रिपोर्ट में केवल 110 को ही विशेष स्थान दिया गया है और हमें इसका हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।

हमारे संयंत्रों में पर्यावरण और ऊर्जा दक्षता की दिशा में कई पहलें की गई हैं जैसे कि 2.64 मेगावाट क्षमता के अतिरिक्त सौर पीवी संयंत्र की स्थापना पाता संयंत्र में चल रही है और अपशिष्ट ताप रिकवरी के लिए विजयपुर में एक ताप रिकवरी वाष्प जेनरेटर (एचआरएसजी) चालू किया गया है।

आपकी कंपनी विज्ञान आधारित नेट जीरो कार्य योजना तैयार करने की दिशा में काम कर रही है तथा इसने जीआईजेड, जर्मनी के समर्थन से और स्कोप द्वारा समन्वित एक आंतरिक कार्बन मूल्य विकसित करने के लिए एक परियोजना में भी भाग लिया है।

आपकी कंपनी यह घोषणा करते हुए उत्साहित है कि हम राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुसार भारत के सबसे बड़े हरित हाइड्रोजन संयंत्र का निर्माण कर रहे हैं।

भारत सरकार के हाइड्रोजन मिशन के अनुसार, आपकी कंपनी विजयपुर, गुना जिला, मध्य प्रदेश में अपने गैस प्रोसेसिंग संयंत्र में 10 मेगावाट का ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है। आपकी कंपनी ने प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन मिलाने के लिए भारत में अपनी तरह की पहली प्रायोगिक परियोजना भी शुरू किया है। यह उम्मीद की जाती है कि यह प्रायोगिक परियोजना प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन को इंजेक्ट करने के पहलुओं को कवर करने के लिए एक सुदृढ़ मानक और विनियामक ढांचा बनाने में मदद करेगी और पूरे भारत में ऐसी कई परियोजनाओं को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

आपकी कंपनी सीबीजी को शामिल करने की दिशा में भी काम कर रही है। गेल लगभग 150 टीपीडी नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) की प्रोसेसिंग के लिए रांची में एक संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र स्थापित कर रहा है।

## 11. पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण/नवीकरणीय ऊर्जा विकास

एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और व्यवसाय स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) प्रमाणपत्रों के साथ, आपकी कंपनी सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक प्रमुख ऊर्जा कंपनी होने के नाते, आपकी कंपनी देश के लिए स्थायी ऊर्जा भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी कंपनी में पर्यावरणीय गिरावट को रोकने के लिए एक कॉर्पोरेट एचएसई के साथ–साथ सतत विकास नीति है और इसका लक्ष्य बड़े पैमाने पर हमारे समुदायों, पर्यावरण और हितधारक के लाभ के लिए स्थायी तरीके से विकास जारी रखना है। स्थायी संचलन समिति सतत विकास नीति निर्देशों का समर्थन करती है, और वे कंपनी की स्थिरता संबंधी महत्वाकांक्षाओं और प्रासंगिक जोखिमों और प्रदर्शन के प्रबंधन को लागू करने के लिए जवाबदेह हैं।

आपकी कंपनी प्राकृतिक गैस में अपने व्यवसाय के आधार पर निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था के परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आपकी कंपनी ने पाइपलाइन नेटवर्क के विकास द्वारा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे बिजली, उर्वरक, सीजीडी और अन्य उद्योगों को ईंधन और फीडस्टॉक के रूप में गैस की आपूर्ति हुई है, जहां प्राकृतिक गैस पारंपरिक ईंधन की तुलना में 50 से 60 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जित करती है। यह वातावरण में कम जीवन चक्र वाली ग्रीनहाउस गैसों का भी उत्सर्जन करती है। कोयले से भिन्न, प्राकृतिक गैस को शुद्धि करण के लिए भारी मात्रा में पानी की आवश्यकता नहीं पड़ती है

और यह भूजल को दूषित नहीं करती है। इसके अलावा, इसे या तो पाइपलाइन के माध्यम से गैस के रूप में या बंद क्रायोजेनिक पोत को तरल के रूप में ले जाया जाता है और इसलिए परिवहन के दौरान यह हवा को दूषित नहीं करता है। जब इसका बिजली उत्पादन में या परिवहन ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है, तो प्राकृतिक गैस के परिणामस्वरूप अन्य ईंधन की तुलना में एसओ2, एनओएक्स, एचजी और पार्टिकुलेट का उत्सर्जन नाममात्र होता है। प्राकृतिक गैस का बढ़ता उपयोग स्थानीय वायु गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान देता है।

आपकी कंपनी के ओएंडएम प्रतिष्ठान पर्यावरण (संरक्षण) नियमों के प्रावधानों के अनुरूप हैं और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वैध पर्यावरण मंजूरी मिलने पर काम करते हैं। प्रचालन के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वायु और जल की सहमति प्राप्त कर ली गई है, और यह लागू अनुसार विद्यमान है। आपकी कंपनी आतरिक टीम के साथ–साथ स्वतंत्र तृतीय–पक्ष एजेंसियों द्वारा नियमित आधार पर पर्यावरणीय गुणवत्ता का आकलन करने के लिए पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी करती है। पर्यावरण की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अद्यतन और नवीनतम तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया जाता है। इसकी निगरानी नियमित रूप से की जाती है और संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को रिपोर्ट भेजी जाती है। पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों का उचित कामकाज सुनिश्चित करने के लिए प्रोसेस संयंत्रों और पाइपलाइनों की लेखा परीक्षा भी की जाती है। चूंकि आपकी कंपनी अपने फीडस्टॉक के साथ–साथ ईंधन की आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक गैस का उपयोग करती है, इसलिए उत्सर्जित प्रदूषकों का स्तर लगातार राष्ट्रीय निर्धारित मानदंडों से काफी कम है। प्रदूषकों के प्रभावी फैलाव के लिए पर्याप्त ढेर ऊंचाई प्रदान की गई है। सभी भट्टियों में निम्न एनओएक्स बर्नर का उपयोग किया जाता है। वेपर–रिटर्न सर्किट के साथ लोडिंग सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। पाता और विजयपुर में आपकी कंपनी के पेट्रोकेमिकल परिसर में सतत आधार पर स्टैक एयर और परिवेशी वायु की निगरानी की सुविधा है। अत्याधुनिक स्थायी परिवेशी वायु निगरानी स्टेशन वास्तविक समय के आधार पर सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन, कार्बन मोनोऑक्साइड और शोर के स्तर को मापते हैं।

आपकी कंपनी अपने विविध व्यवसाय खंड के साथ पर्यावरण और जैव विविधता की सुरक्षा के लिए लगातार पहल कर रही है। आपकी कंपनी के सभी प्रमुख प्रतिष्ठान अपने–अपने स्थलों पर व्यापक वनरोपण करते हैं और अपेक्षित क्षेत्र को हरित पट्टी को बनाए रखते हैं। ये हरित पट्टी क्षेत्र अनेक प्रकार के देशी पौधों और जीवों का पर्यावास हैं। इन हरित पट्टी क्षेत्रों के भीतर बड़े जलाशय भी हैं जो विभिन्न प्रकार के जलीय जंतुओं के घर हैं। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से इन हरित पट्टी क्षेत्रों की देखभाल और संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग किया जाता है।

हम समस्याओं की रोकथाम और समय पर उपशमन उपाय सुनिश्चित करने के लिए गेल यूनिटों में और आसपास के क्षेत्र के पर्यावरण और पारिस्थितिकी से संबंधित अध्ययन के साथ–साथ नियमित सर्वेक्षण भी करते हैं।

आपकी कंपनी विभिन्न जल प्रबंधन पहलों जैसे कि मीठे पानी की खपत में कमी, वर्षा जल संचयन प्रणाली/वर्षा जल संग्रह प्रणाली, अपशिष्ट जल निर्वहन की निगरानी एवं प्रबंधन, अपशिष्ट जल उपचार और हमारी पर्यावरण नीति, राष्ट्रीय, स्थानीय और क्षेत्रीय दिशानिर्देशों के आधार पर रीसाइक्लिंग के माध्यम से साइटों पर पानी के संरक्षण के लिए अभिनव और स्मार्ट दृष्टिकोण को प्रोत्साहित और समर्थन करती है। आपकी कंपनी पानी को एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन मानती है और इसलिए इसकी खपत की गहन निगरानी और नियंत्रण किया जाता है। इसके अलावा, अपशिष्ट जल के सृजन को कम करने और उसका उपचार करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाया गया है। आपकी कंपनी पानी के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की अवधारणा को अधिकतम करती है। सभी स्थानों पर डिस्चार्ज संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानदंडों के अनुरूप है। सभी स्थानों पर आपकी कंपनी का प्रचालन अत्याधुनिक है और इसमें स्वच्छ प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। उपचारित अपशिष्ट जल का पर्याप्त उपचार और पुनः उपयोग पूरी कंपनी में किया जाता है। उपचार किए गए बहिःस्राव जल को रिसाइकिल किया जाता है तथा संयंत्र और टाउनशिप परिसर के भीतर इसका आंतरिक रूप से और बागवानी के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, कचरा प्रबंधन के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं। आपकी कंपनी सृजित कचरे के प्रकार अर्थात खतरनाक और गैर–खतरनाक के आधार पर उसे कुशलतापूर्वक अलग करती है, उसका उपचार और निपटान करके अपने कचरे का प्रबंधन करती है। पानी और अपशिष्ट जल के नमूनों का विश्लेषण आंतरिक प्रयोगशाला के साथ–साथ बाहरी प्रयोगशालाओं में भी नियमित रूप से किया जाता है।

आपकी कंपनी ने रिपोर्टिंग वर्ष 2021–22 में प्रभावी प्रबंधन प्रक्रियाओं के माध्यम से ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए कई पहल की हैं, जिसमें कुशल प्रौद्योगिकियों, सर्वोत्तम प्रथाओं, ऊर्जा दक्षता प्रशिक्षण/कार्यशालाओं, और 'जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और उपशमन के उपायो' को अपनाना (प्रतिस्थापन और रेट्रोफिटिंग) शामिल है। हमारी अत्यधिक कुशल एकीकृत ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली द्वारा ऊर्जा खपत की निगरानी, ऊर्जा लेखापरीक्षा आयोजित करना, और ऊर्जा दक्षता उपायों को लागू करना आसान बना दिया गया है।

उपर्युक्त के अलावा, वर्ष 2021–22 के दौरान आपकी कंपनी द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहल/उपलब्धियां इस प्रकार हैः

प्रायोगिक पैमाने में सूक्ष्मजीवी मार्ग के माध्यम से एकत्रित सीओ2 का उपयोगः हाल के वर्षों में, एक व्यावहारिक सीओ2 पृथक्करण प्रौद्योगिकी के रूप में इसकी संभावना के कारण सूक्ष्म शैवाल की खेती पर नए सिरे से ध्यान दिया गया है। शैवाल आधारित सीओ2 रूपांतरण हमारे कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक किफायती विकल्प प्रदान करता है। गेल केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर), धनबाद के सहयोग से गेल, पाता में प्रायोगिक स्तर पर माइक्रोबियल रूट के माध्यम से सीओ2 एकत्रण परियोजना पर काम कर रहा है। शैवाल की उपयुक्त प्रजातियों की पहचान की गई है और संबंधित कार्य के लिए उनका परीक्षण किया गया है। कार्बन डाईऑक्साइड को अलग करने के लिए सूक्ष्म शैवाल खेती की कृत्रिम प्रणाली भी तैयार की गई है। निर्माण कार्यकलाप पूरा हो चुका है और परियोजना चालू हो गई है।

बटरफ्लाई गार्डन का निर्माणः गेल, पाता में बटरफ्लाई गार्डन के विकास की रूपरेखा तैयार की गई थी। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान बटरफ्लाई गार्डन के निर्माण और विकास संबंधी कार्यकलापों को पूरा कर लिया गया है और इसका उद्घाटन किया गया है।

ग्रीनको रेटिंग 'दुनिया में अपनी तरह का पहला' समग्र ढांचा है जो कंपनियों का मूल्यांकन जीवन चक्र दृष्टिकोण का उपयोग करके उनकी पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों के आधार पर करता है। गेल ने वित्त वर्ष 2019–20 में ग्रीनको रेटिंग को अपनाने की शुरुआत की थी। 2020 में, वाघोडिया सीआईआई ग्रीनको द्वारा सिल्वर रेटिंग प्राप्त करने वाला प्रथम गेल स्थान बन गया, इसके बाद विजयपुर को सीआईआई ग्रीनको द्वारा सिल्वर रेटिंग दी गई। वित्त वर्ष 2021–22 में गेल पाता सीआईआई ग्रीनको द्वारा गोल्ड रेटिंग जीतने वाली पहली गेल साइट थी।

गेल वाघोडिया ने 2021 के लिए एपेक्स इंडिया ग्रीन लीफ पुरस्कार में स्थिरता के लिए स्वर्ण पुरस्कार जीता है।

संजीवनी – एक सतत यात्राः गेल पाता सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण बनाने, बनाए रखने और सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गेल, पाता ने हमेशा सतत विकास में योगदान दिया है। गेल, पाता में समय–समय पर विभिन्न हरित पहल की गई हैं जो पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार कंपनी के रूप में देखे जाने के हमारे प्रयास का प्रमाण हैं। गेल पाता ने पत्रिका का दूसरा संस्करण, 'संजीवनी – एक स्थायी सफर' प्रकाशित किया है, जिसे पूरी तरह से आंतरिक टीम द्वारा डिजाइन और तैयार किया गया है, इसे 01.01.2022 को जारी किया गया था। गेल पाता के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने इस प्रकाशन के लिए व्यापक योगदान दिया है। यह प्रकाशन उन पहलों में से एक है जो हमारे कर्मचारियों के बीच पर्यावरण और स्थिरता जागरूकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## 12. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता

आपकी कंपनी में विशिष्ट और कुशल आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां हैं। इसके व्यवसाय का व्यवस्थित, नैतिक और कुशल प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए इसकी व्यावसायिक यूनिटो और सेवा संस्थाओं के लिए स्पष्ट रूप से परिभाषित संगठनात्मक संरचना, नियमावली और मानक प्रचालन प्रक्रियाएं हैं। कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली दक्षता, विश्वसनीयता, लेखा रिकॉर्ड की पूर्णता और विश्वसनीय वित्तीय और प्रबंधन जानकारी की समय पर तैयारी सुनिश्चित करती है। विभिन्न व्यावसायिक प्रक्रियाओं के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण ढांचा और जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स (आरसीएम) मौजूद है और प्रबंधन द्वारा इसकी लगातार समीक्षा की जाती है। इसके अलावा, यह सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन, कंपनी की परिसंपत्तियों का इष्टतम उपयोग और सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।

आपकी कंपनी में स्वतंत्र और अभिन्न आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जिसमें व्यावसायिक और तकनीकी क्षेत्र से संबंधित पहलुओं को कवर करने वाले दक्ष पेशेवर हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग कार्यात्मक रूप से लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करता है और प्रशासनिक रूप से निदेशक (वित्त) को रिपोर्ट करता है। लेखापरीक्षा कार्य लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक लेखापरीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाते हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा व्यावसायिक प्रक्रियाओं की जोखिम–आधारित लेखापरीक्षा के माध्यम से आंतरिक नियंत्रण की प्रभावकारिता की जांच करता है। आंतरिक लेखापरीक्षा के मिशन के अनुरूप "आश्वासन और सलाह जो संगठन का मूल्य वर्धन करती है", प्रबंधन को महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों के मूल कारण और प्रभाव की सूचना दी जाती है। लेखापरीक्षा समिति आंतरिक लेखापरीक्षा और सीएण्डएजी लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों की नियमित रूप से समीक्षा करती है।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने पहली बार दो साल की अवधि के लिए चयनित साइटों की आंतरिक लेखापरीक्षा को आउटसोर्स किया ताकि लेखापरीक्षा प्रथाओं और कार्यप्रणाली तथा प्रौद्योगिकी–आधारित लेखापरीक्षा तकनीकों में नई समझ प्राप्त की जा सके।

## 13. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

आपकी कंपनी सामाजिक रूप से जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में समुदायों, पर्यावरण और प्रक्रिया में शामिल अन्य सभी हितधारकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझती है और स्वीकार करती है। आपकी कंपनी में सीएसआर कार्य का उद्देश्य सामाजिक भलाई को बढ़ावा देना और कंपनी के प्रचालन और विकास के साथ आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक उद्देश्यों को एकीकृत करना है। आपकी कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप, सीएसआर पहल समाज और उन समुदायों में मूल्य सृजन को बढ़ाने का प्रयास करती है, जिसमें वह अपनी सेवाओं, आचरण और पहल के माध्यम से काम करती है, ताकि गरीबी उन्मूलन को गति प्रदान की जा सके, समाज के लिए निरंतर विकास को बढ़ावा दिया जा सके, समृद्ध और समावेशी भारत के विकास में योगदान देने के दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ समुदाय और पिरामिड के निचले भाग में रहने वाले लोगों का विकास किया जा सके। वर्ष 2021–22 में, आपकी कंपनी ने ₹ 204.97 करोड़ का व्यय किया है, जो सीएसआर गतिविधियों पर पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 3% है।

आपकी कंपनी ने अस्थायी अस्पताल के निर्माण और अस्थायी कोविड देखभाल सुविधाओं की स्थापना को इंगित करते हुए कोविड संबंधित उपायों पर विशेष ध्यान देने के साथ पहचाने गए विषयगत क्षेत्रों, अर्थात स्वास्थ्य और पोषण पर व्यय के संबंध में डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है।

## 14. पुरस्कार

### » कॉर्पोरेट

- गेल निम्नलिखित एफआईपीआई पुरस्कार के लिए विजेता बनकर उभरा है:
  - वर्ष का सतत रूप से बढ़ता कॉर्पोरेट (बीपीसीएल के साथ गेल संयुक्त विजेता है)।
  - ऊर्जा गैस पाइपलाइन और संबद्ध सीजीडी नेटवर्क के लिए विशेष पुरस्कार।
  - मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता – वर्ष की कंपनी।
- गेल को वर्ष 2020–21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के आईसीएआई पुरस्कारों की सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में गोल्ड शील्ड से सम्मानित किया गया।
- गेल पाता ने आईआरआईएम द्वारा विनिर्माण प्रतिस्पधा एनएएमसी–2021 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।
- सक्षम 2022 के दौरान सीएनजी ऑटो और कार रैली के लिए गेल विजेता बना।
- गेल विजाग–सिकंदराबाद एलपीजी पाइपलाइन (वीएसपीएल) को सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे प्रयास की स्वीकृति के रूप में सीआईआई – ग्रीनको रेटिंग सिल्वर रेटिंग से सम्मानित किया गया है।
- गेल – पाता सीआईआई "ग्रीनको गोल्ड" रेटिंग हासिल करने वाली पहली गेल यूनिट बन गई।
- गेल डन एंड ब्रैडस्ट्रीट कॉर्पोरेट अवार्ड्स 2021 द्वारा 'गैस प्रोसेसिंग, ट्रांसमिशन और विपणन में क्षेत्रीय निष्पादन' श्रेणी में विजेता के रूप में उभरा।
- गेल को जेम पोर्टल के माध्यम से सीपीएसई में उच्चतम खरीद करने के लिए सम्मानित किया गया।

### » एचएसई

- जीपीयू, वाघोडिया ने ब्रिटिश सुरक्षा परिषद से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार जीता।
- जीपीयू, वाघोड़िया ने ग्रो केयर सेफ्टी अवार्ड 2021 प्राप्त किया और प्लेटिनम का दर्जा हासिल किया।
- जीपीयू, वाघोडिया को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली से प्लेटिनम सुरक्षा पुरस्कार 2021 प्राप्त हुआ।
- गेल विजयपुर और कैलारस ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, यूपी चैप्टर से प्लेटिनम सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया।
- जीपीयू विजयपुर को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद पुरस्कार 2021 के तहत 'सुरक्षा पुरस्कार' प्राप्त हुआ।
- गांधार और वाघोड़िया को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद पुरस्कार 2021 के तहत 'प्रशसा पत्र' प्राप्त हुआ।
- जीपीयू विजयपुर ने सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड जीता।

## चेतावनी विवरण

कंपनी के उद्देश्यों, रणनीतियों, अनुमानों एवं आकलनों, अपेक्षाओं आदि को दर्शाने वाली बोर्ड की रिपोर्ट तथा प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण में दिए गए विवरण विद्यमान कानूनों और विनियमों के अर्थ में "भावी विवरण" और प्रगतिशील हो सकते हैं। अपने स्वभाव से, भावी विवरणों के लिए आपकी कंपनी को अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है और वे अंतर्निहित जोखिमों और अनिश्चितताओं के अधीन होते हैं। भावी विवरण जिसमें कई अंतर्निहित पहचाने गए/गैर–पहचाने गए जोखिम और अनिश्चितताएं शामिल हैं, वास्तविक परिणाम अपेक्षाओं से भौतिक रूप से भिन्न हो सकते हैं। कंपनी के प्रचालन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारकों में वैश्विक और घरेलू मांग और आपूर्ति की स्थिति, सरकारी नियमों/कर कानूनों में बदलाव, देश के भीतर आर्थिक विकास और मुकदमेबाजी और औद्योगिक संबंध जैसे कारक शामिल हैं। चूंकि इन मान्यताओं के अंतर्निहित कारक समय के साथ परिवर्तन होते रहते हैं, इसलिए जिन अनुमानों पर वे आधारित हैं, उनमें भी तदनुसार परिवर्तन होने की संभावना रहती है। ये भावी विवरण केवल आपकी कंपनी के मौजूदा इरादों, विश्वासों और अपेक्षाओं को दर्शाते हैं। आपकी कंपनी किसी भी भावी विवरण को संशोधित या अद्यतन करने के लिए कोई दायित्व नहीं मानती है, चाहे वह नई जानकारी, भावी घटनाओं, या अन्यथा के कारण हो। पाठकों को आगाह किया जाता है कि वे भावी कथनों पर अत्यधिक विश्वास न करें।

**अनुलग्नक–ख**

# निगमित नियंत्रण संबंधी रिपोर्ट

## 1. निगमित नियंत्रण संबंधी कंपनी का सिद्धांत

समाज के सभी वर्गों को हर तरह से समृद्ध करने में सक्षम बनाने तथा सभी प्रबंधन प्रथाओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए संगठन के साझा विचार, आस्था और नैतिक आचरण ही गेल में नियंत्रण की पहचान है।

गेल में निगमित नियंत्रण हमारी मूल्य प्रणाली को दर्शाता है। प्रभावी निगमित नियंत्रण के माध्यम से, बोर्ड एक ऐसी संस्कृति को स्थापित करने और बनाए रखने का प्रयास करता है जो गेल को उसके उद्देश्य को पूरा करने, टिकाऊ साझेदारी बनाने तथा सत्यनिष्ठा एवं आचार नीति, सम्मान, ग्राहक, उत्कृष्टता और प्रौद्योगिकी एवं अभिनवता के अपने बुनियादी मूल्यों को बनाए रखते हुए अपने दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाए।

गेल नियंत्रण, नैतिकता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का उपयोग करते हुए व्यवसाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सशक्त और प्रभावी नियंत्रण ढांचा संभावित जोखिमों का सामना करने के लिए इन मूल्यों का समर्थन करता है जो इसके व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण हैं तथा "वैश्विक उपस्थिति, पर्यावरणीय जिम्मेदारी वाले हितधारकों के लिए मूल्य पैदा करने सहित प्राकृतिक गैस मूल्य–श्रृंखला और उससे इतर कार्यों में अग्रणी बनने" के लिए इसके दृष्टिकोण को साकार करने हेतु संगठन के बोर्ड की निगरानी में प्रबंधन जिम्मेदारियों के बीच तालमेल पैदा करने में मदद करता है। कंपनी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करने पर ध्यान केंद्रित करती है। नियंत्रण मानकों को विश्व स्तर पर बेंचमार्क किया जाता है, और हम दुनिया भर में अपनाई जा रही उभरती सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने का प्रयास करते हैं। हमारी आचार संहिता, नैतिकता, अनुपालन, स्थिरता पहल और सीएसआर गतिविधियां हमें 'स्वच्छ ऊर्जा और उससे इतर जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने' के हमारे मिशन को प्राप्त करने में मदद करती हैं। सांविधिक दिशानिर्देशों का पालन करने के अलावा, कंपनी ने स्वेच्छा से व्यवसाय के उच्चतम नैतिक और जिम्मेदार मानकों के अनुरूप शासन की विभिन्न प्रथाओं को अपनाया और विकसित किया है। ये प्रथाएं व्यवसाय के संचालन और मूल्य सृजन करने के तरीके को दर्शाती हैं।

## 2. निदेशक मंडल

### i. विचारार्थ विषय

ठोस निगमित नियंत्रण ढांचे के अनुरूप, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 {सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015)}, कंपनी अधिनियम, 2013, लोक उद्यम विभाग (निगमित नियंत्रण के लिए डीपीई दिशानिर्देश) द्वारा जारी सीपीएसई, 2010 के लिए निगमित नियंत्रण पर दिशानिर्देश आदि सहित सभी सांविधिक, महत्वपूर्ण और भौतिक जानकारी को समय–समय पर बोर्ड के समक्ष रखा जाता है।

### ii. संरचना

कंपनी भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सरकारी कंपनी है। निदेशकों को भारत सरकार द्वारा नामित/नियुक्त किया जाता है।

निदेशक मंडल में कार्यकारी (कार्यात्मक) और गैर–कार्यकारी निदेशक शामिल होते हैं। 31 मार्च, 2022 को, बोर्ड में 12 (बारह) निदेशक थे, जिनमें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सहित 5 (पांच) कार्यात्मक निदेशक, 7 (सात) गैर–कार्यकारी निदेशक {जिसमें 1 (एक) सरकार द्वारा नामित निदेशक तथा 6 (छह) स्वतंत्र निदेशक शामिल थे}।

इसके अलावा 31 मार्च, 2022 को उपस्थिति, अन्य निदेशकों की संख्या और प्रत्येक निदेशक की समितियों की अध्यक्षता/सदस्यता का विवरण निम्नानुसार है:

| निदेशक का नाम और पदनाम | कार्यकाल के दौरान भाग ली गई बैठकों की संख्या | पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति | 31 मार्च, 2022 को अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद | 31 मार्च, 2022 को अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं के नाम जहां व्यक्ति निदेशक की श्रेणी के साथ निदेशक है | 31 मार्च, 2022 को अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता | 31 मार्च, 2022 को अन्य कंपनियों की समितियों में अध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **I. कार्यात्मक निदेशक (पूर्णकालिक)** | | | | | | |
| श्री मनोज जैन<br>अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, निदेशक (एचआर) (01.04.2021 से) और (11.02.2022 तक) निदेशक (परियोजना) | 15 | हाँ | 6 | • पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड–निदेशक<br>• महानगर गैस लिमिटेड –अध्यक्ष | - | - |
| श्री अंजनी कुमार तिवारी<br>निदेशक (वित्त) और सीएफओ 30.11.2021 तक | 10 | हाँ | - | - | - | - |
| श्री ई.एस. रंगनाथन<br>निदेशक (विपणन)* | 11 | हाँ | - | - | - | - |
| श्री एम.वी. अय्यर<br>निदेशक (व्यापार विकास)** | 15 | हाँ | 5 | - | - | - |
| श्री राकेश कुमार जैन<br>निदेशक (वित्त) और सीएफओ 01.12.2021 से | 5 | लागू नहीं | 6 | • इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड –निदेशक | • इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड– लेखापरीक्षा समिति | • इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड– लेखापरीक्षा समिति |

| निदेशक का नाम और पदनाम | कार्यकाल के दौरान भाग ली गई बैठकों की संख्या | पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति | 31 मार्च, 2022 को अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद | 31 मार्च, 2022 को अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं के नाम जहां व्यक्ति निदेशक की श्रेणी के साथ निदेशक है | 31 मार्च, 2022 को अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता | 31 मार्च, 2022 को अन्य कंपनियों की समितियों में अध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री दीपक गुप्ता<br>निदेशक (परियोजनाएं)<br>12.02.2022 से | 2 | लागू नहीं | 1 | - | - | - |
| **II. गैर–कार्यकारी निदेशक (सरकारी नामित)** | | | | | | |
| श्री आशीष चटर्जी 31.05.2021 से | 1 | लागू नहीं | - | - | - | - |
| डॉ. नवनीत मोहन कोठारी<br>16.06.2021 से | 13 | हाँ | 2 | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड–सरकारी नामित निदेशक | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड–लेखापरीक्षा समिति | - |
| श्रीमती उषा सुरेश<br>31.01.2022 तक | 10 | हाँ | - | - | - | - |
| **III. गैर–कार्यकारी निदेशक (स्वतंत्र)** | | | | | | |
| श्रीमती बंतो देवी कटारिया<br>05.08.2021 तक | 5 | लागू नहीं | - | - | - | - |
| श्री अखिलेश जैन 08.11.2021 से | 7 | लागू नहीं | - | - | - | - |
| श्री संजय कश्यप<br>17.11.2021 से | 7 | लागू नहीं | - | - | - | - |
| डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी<br>17.11.2021 से | 7 | लागू नहीं | - | - | - | - |
| श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी<br>18.11.2021 से | 7 | लागू नहीं | 1 | - | - | - |
| प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे<br>22.1.1.2021 से | 7 | लागू नहीं | - | - | - | - |
| श्री शेर सिंह<br>22.1.1.2021 से | 7 | लागू नहीं | - | - | - | - |

*श्री ई.एस. रंगनाथन ने 01.07.2020 से निदेशक (विपणन) –गेल का पद धारण किए हुए थे, वर्तमान में उन्हें भारत के राष्ट्रपति के दिनांक 18.01.2022 के पत्र सं. सी–31022/1/2022–वीआईजी–पीएनजी द्वारा निलंबित रखा गया है।

**श्री एम.वी. अय्यर को दिनांक 18.01.2022 के एमओपीएंडएनजी पत्र सं. सी–31022/1/2022–पीएनजी (41186) द्वारा 18.01.2022 से तीन माह की अवधि के लिए निदेशक (विपणन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**टिप्पणियाँ:**

1. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है निदेशकों द्वारा धारित निदेशक पद में, पब्लिक लिमिटेड, प्राइवेट लिमिटेड और विदेशी कंपनियों के निदेशक पद शामिल हैं।
2. समिति की सदस्यता/अध्यक्षता केवल लेखापरीक्षा समिति और हितधारक संबंध समिति के लिए मानी जाती है।
3. कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 09 सितंबर, 2021 को आयोजित की गई थी।
4. 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए संबंधित निदेशक(कों) से प्राप्त प्रकटीकरण के आधार पर:
   - i. निदेशक आपस में एक–दूसरे से संबंधित नहीं हैं और अन्य प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से भी संबंधित नहीं हैं। स्वतंत्र निदेशक(कों) ने घोषणा की है कि वे सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 में प्रदान किए गए स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।
   - ii. बोर्ड में कोई भी निदेशक 10 (दस) से अधिक समिति (समितियों) का सदस्य या सभी सार्वजनिक कंपनियों में 5 (पांच) से अधिक समिति (समितियों) का अध्यक्ष नहीं है, जिसमें वह एक निदेशक है।
   - iii. किसी भी गैर–कार्यकारी निदेशक के पास कंपनी का कोई इक्विटी शेयर नहीं है।
   - iv. 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी गैर–कार्यकारी निदेशक का कंपनी के साथ कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं था।
5. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1ग) में कहा गया है कि सूचीबद्ध इकाई यह सुनिश्चित करेगी कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी अगली आम बैठक में या नियुक्ति की तारीख से तीन महीने की समयावधि के भीतर, जो भी पहले

हो, ली जाएगी। तदनुसार, दिनांक 24.03.2022 के पोस्टल बैलेट नोटिस में नियुक्त निदेशकों का संक्षिप्त विवरण दिया गया था। इसके अलावा, आगामी 38वीं एजीएम में नियुक्त/पुनर्नियुक्त किए जाने वाले निदेशकों का संक्षिप्त विवरण 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एजीएम के नोटिस में दिया गया है।

6. गेल (इंडिया) लिमिटेड पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सरकारी कंपनी है, निदेशक(कों) को नियुक्त/नामित करने का अधिकार भारत सरकार के पास है। कंपनी के सभी निदेशक अर्थात् कार्यकारी, गैर–कार्यकारी निदेशकों को कंपनी के लिए आवश्यक कौशल/विशेषज्ञता/दक्षता के आधार पर एमओपीएंडएनजी द्वारा नियुक्त/नामित किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए, निदेशक मंडल ने सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के तहत कंपनी के अपेक्षित व्यवसाय के संदर्भ में किसी निदेशक द्वारा आवश्यक मुख्य कौशल/विशेषज्ञता/दक्षता की सूची की पहचान नहीं की है।

7. निदेशकों को सचिवीय मानकों के अनुसार बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने की सुविधा के लिए वीडियो–कांफ्रेंसिंग सुविधाओं का भी उपयोग किया जाता है।

8. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान कंपनी के बोर्ड में सभी स्वतंत्र निदेशकों को भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) की वेबसाइट पर स्वतंत्र निदेशक के डेटाबैंक पर पंजीकृत किया गया था।

### iii. बैठक का विवरण

वित्तीय वर्ष 2021–2022 के दौरान, बोर्ड की 15 (पंद्रह) बैठकें – वर्ष 2021 में 27 मई, 9 जून, 5 जुलाई, 19 जुलाई, 5 अगस्त, 12 सितंबर, 29 अक्तूबर, 16 नवंबर, 24 नवंबर, 30 नवंबर, 23 दिसंबर को, तथा वर्ष 2022 में 3 फरवरी, 12 फरवरी, 11 मार्च और 31 मार्च को आयोजित की गई थीं।

### iv. स्वतंत्र निदेशकों की बैठक

कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 की आवश्यकता के अनुसार वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान गैर–स्वतंत्र निदेशकों और प्रबंधन के सदस्यों की उपस्थिति के बिना स्वतंत्र निदेशकों की एक अलग बैठक 11 सितंबर, 2022 को आयोजित की गई थी।

### v. बोर्ड को शामिल करना और प्रशिक्षण/उत्तराधिकार योजना

नियुक्ति पर, नव नियुक्त निदेशकों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और उनके कानूनी और विनियामक दायित्वों पर आवश्यक जानकारी का विवरण देने वाली एक स्वागत किट प्रदान की जाती है। नवनियुक्त निदेशकों को कंपनी के व्यवसाय और उसकी गतिविधियों पर परिचय प्रस्तुति दी जाती है।

इसके अलावा, कंपनी ने कंपनी के बोर्ड सदस्यों के लिए एक प्रशिक्षण नीति तैयार की है। कंपनी के निदेशकों को निगमित शासन, निदेशकों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों और डीपीई, स्कोप और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित अन्य उद्योग से संबंधित मामलों पर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए समय–समय पर नामित किया जाता है।

स्वतंत्र निदेशकों के प्रशिक्षण/परिचित कार्यक्रमों का विवरण कंपनी की वेबसाइट https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILfamiliarizationprogram.pdf पर उपलब्ध है।

## 3. बोर्ड की समितियां

बोर्ड समितियां कंपनी के शासी ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इनका गठन उन विशिष्ट क्षेत्रों/गतिविधियों से निपटने के लिए किया जाता है जो कंपनी से संबंधित हैं और जिन्हें करीब से देखने की जरूरत है। बोर्ड विभिन्न समितियों के संदर्भ की शर्तों का गठन, समनुदेशन, सह–चयन और निर्धारण करता है। समितियों के सभी निर्णय और सिफारिशें सूचना या अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष रखी जाती हैं। निर्णय के कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित कार्यवृत्त समिति के सदस्यों और संबंधित विभाग/समूह को भी परिचालित किए जाते हैं। समितियों के कार्यवृत्त को समिति की अगली बैठक में सदस्यों द्वारा और बोर्ड की बैठक में सभी निदेशकों की जानकारी के लिए नोट किए जाने के लिए प्रस्तुत किया जाता है। की गई कार्रवाई रिपोर्ट जिसमें की गई कार्रवाई की आवश्यकता होती है और समिति(यों) को वापस रिपोर्ट की जाती है, भी नियमित आधार पर संबंधित समिति को प्रस्तुत की जाती है।

वर्तमान में, बोर्ड की 13 समितियां हैं जिनमें पांच सांविधिक समितियां शामिल हैं अर्थात लेखापरीक्षा समिति, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति और जोखिम प्रबंधन समिति। बोर्ड की सांविधिक समितियों का विवरण नीचे दिया गया है और बोर्ड की अन्य समितियों के बारे में जानकारी अलग से वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा हैं।

### क. लेखापरीक्षा समिति

### i. विचारार्थ विषय

लेखापरीक्षा समिति की संदर्भ शर्तें समय–समय पर यथा संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और निगमित शासन के लिए डीपीई दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार हैं। इसमें अन्य बातों के साथ–साथ वित्तीय रिपोर्टिंग का निरीक्षण प्रक्रिया, लेखा परीक्षकों के लिए शुल्क के निर्धारण की सिफारिश करना, प्रदान की गई किसी भी अन्य सेवाओं के भुगतान के लिए लेखा परीक्षकों को भुगतान की मंजूरी देना, वार्षिक और तिमाही वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना, सांविधिक/आंतरिक लेखा परीक्षकों के प्रदर्शन की समीक्षा करना और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता की समीक्षा करना, आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा करना, आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा करना, आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना, सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा करना, व्हिसल ब्लोअर तंत्र की समीक्षा करना, अनुमोदन या संबंधित पार्टियों के साथ कंपनी के लेनदेन के किसी भी बाद का संशोधन करना; अंतर–कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशों की संवीक्षा करना; कंपनी के उपक्रमों या परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करना, जहां–कहीं आवश्यक हो; आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन करना शामिल है। इसके अलावा, यह कंपनी में नैतिकता के सभी पहलुओं को देखता है और तिमाही आधार पर बजट पूंजीगत व्यय की समीक्षा भी करता है, जिसमें धारिता कंपनी द्वारा सहायक कंपनी में 100 करोड़ रुपए या 10% से अधिक के ऋण और/या अग्रिम/निवेश के उपयोग, मौजूदा ऋण/अग्रिम/निवेश सहित सहायक कंपनी की परिसंपत्ति का आकार, जो भी कम हो, की समीक्षा की जाती है।

लेखापरीक्षा समिति की भूमिका, उत्तरदायित्व और शक्तियां सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015; कंपनी अधिनियम, 2013; समय–समय पर जारी डीपीई दिशानिर्देश के अनुसार हैं।

### ii. संरचना

31 मार्च, 2022 तक, लेखापरीक्षा समिति में श्री अखिलेश जैन अध्यक्ष के रूप में, श्री एम. वी. अय्यर और प्रो. रविकांत कोहले सदस्य के रूप में शामिल थे। समिति के सभी सदस्यों को वित्तीय और प्रबंधन मामलों में अपेक्षित अनुभव है।

निदेशक (वित्त) और आंतरिक लेखापरीक्षा के प्रमुख लेखापरीक्षा समिति की बैठकों के लिए स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। समिति को आवश्यक जानकारी/स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए, जब भी आवश्यक हो, अन्य कार्यात्मक निदेशकों और वरिष्ठ कार्यात्मक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाता है। सांविधिक लेखापरीक्षकों के प्रतिनिधियों ने समिति की बैठकों में भाग लिया जिसमें तिमाही वित्तीय परिणाम/वित्तीय विवरणों पर विचार किया गया। जब भी लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट से संबंधित मामलों पर विचार किया जाता

है तो लागत लेखापरीक्षकों के प्रतिनिधियों को भी लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करता है।

### iii. बैठक विवरण

2021–22 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, लेखापरीक्षा समिति की 11 (ग्यारह) बैठकें आयोजित की गईं: वर्ष 2021 में 9 जून, 19 जुलाई, 29 जुलाई, 5 अगस्त, 11 सितंबर, 29 अक्तूबर, 23 दिसंबर को, और वर्ष 2022 में 28 जनवरी, 3 फरवरी, 3 मार्च और 30 मार्च को। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार थी:

| क्र. सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1. | श्रीमती बंतो देवी कटारिया (अध्यक्ष 05.08.2021 से) | 4 | 4 |
| 2. | श्री ई.एस. रंगनाथन (02.12.2021 तक) | 6 | 6 |
| 3. | श्री एम.वी. अय्यर (02.12.2021 तक और 01.02.2022 से) | 9 | 8 |
| 4. | श्रीमती उषा सुरेश (अध्यक्ष 06.08.2021 से 02.12.2021 तक और सदस्य 03.12.2021 से 31.01.2022 तक) | 4 | 4 |
| 5. | श्री अखिलेश जैन (अध्यक्ष 03.12.2021 से) | 5 | 5 |
| 6. | प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे (03.12.2021 से) | 5 | 5 |

### iv. सतर्कता तंत्र – व्हिसल ब्लोअर और धोखाधड़ी रोकथाम नीति

कंपनी ने 'व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी' लागू की है जिसमें कर्मचारी किसी भी अनुचित गतिविधि की सक्षम प्राधिकारी को रिपोर्ट करने के लिए स्वतंत्र हैं जिसके परिणामस्वरूप किसी भी कर्मचारी द्वारा कानूनों, नियमों, विनियमों या आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है।

यह नीति असाधारण मामलों में लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष तक सीधी पहुंच की अनुमति देती है। इसके अलावा, किसी भी शिकायत की जांच के दौरान, व्हिसल ब्लोअर नीति के तहत, शिकायत की सामग्री को छोड़कर, शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता की पहचान को जांच के लिए सौंपी गई नामित एजेंसी द्वारा, यहां तक कि लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को भी प्रकट नहीं किया जाता है

व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी के लिंक पर निम्नलिखित लिंक द्वारा पहुंचा जा सकता है– https://gailonline.com/pdf/others/Circular_Whistle%20Blower%20Policy_12.02.2019-english.pdf

इसके अलावा, कंपनी ने धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी को रोकने, उसका पता लगाने और त्वरित निपटान की अनुमति देने के लिए धोखाधड़ी रोकथाम नीति तैयार की है। सभी स्तरों पर संगठन के भीतर अपनाई गई प्रणाली को उचित रूप से संप्रेषित किया गया है और कंपनी की वेबसाइट https://gailonline.com/pdf/others/Drfat_Policy2012.pdf पर प्रदर्शित किया गया है।

"भ्रष्ट/ धोखाधड़ी/ मिलीभगत/ जबरदस्ती के व्यवहार के मामले में कार्रवाई के लिए प्रक्रिया" – के लिंक पर निम्नलिखित लिंक द्वारा पहुँचा जा सकता है– https://gailonline.com/pdf/others/Annexure-II.pdf

लेखापरीक्षा समिति व्हिसल ब्लोअर प्रणाली और धोखाधड़ी रोकथाम नीति के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा तभी करती है, जब उक्त नीतियों के तहत कोई शिकायत प्राप्त होती है।

वित्त वर्ष (2021–2022) के दौरान व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी और धोखाधड़ी रोकथाम नीति के तहत कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

## ख. हितधारक संबंध समिति

### i. विचारार्थ विषय

समिति की संदर्भ की शर्तों में अन्य बातों के साथ–साथ, कंपनी के शेयरधारकों, डिबेंचर धारकों और अन्य सुरक्षा धारकों के हित के विभिन्न पहलुओं तथा रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरएंडटीए) से संबंधित मामलों को जारी करने को मंजूरी देने, डुप्लिकेट शेयर प्रमाण–पत्र, सूचीबद्ध इकाई के सुरक्षा धारकों की शिकायतों को हल करने के लिए, जिसमें शेयरों के हस्तांतरण/संचरण से संबंधित शिकायतें, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होना, नए/डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने, आम बैठक आदि, शेयरधारकों द्वारा मतदान अधिकारों के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करने, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में सूचीबद्ध इकाई द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के पालन की समीक्षा करने, विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा करने के लिए सूचीबद्ध इकाई द्वारा दावा न किए गए लाभांश की मात्रा को कम करने तथा कंपनी के शेयरधारकों द्वारा लाभांश वारंट/वार्षिक रिपोर्टें/सांविधिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने पर विचार किया जाता है।

हितधारक संबंध समिति की भूमिका सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और समय–समय पर संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार है।

### ii. संयोजन

31 मार्च, 2022 तक, हितधारक संबंध समिति में श्रीमती कंगबाम इनोचा देवी अध्यक्ष के रूप में, श्री राकेश कुमार जैन और श्री दीपक गुप्ता सदस्य के रूप में शामिल थे।

### iii. बैठक और अन्य विवरण

2021–22 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, समिति की बैठक 11 मार्च, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार थी:

| क्र.सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1. | श्रीमती बंतो देवी कटारिया (अध्यक्ष 05.08.2021 तक) | लागू नहीं | |
| 2. | श्री ए.के. तिवारी (30.11.2021 तक) | लागू नहीं | |
| 3. | श्री ई.एस. रंगनाथन | लागू नहीं | |
| 4. | डॉ. नवनीत मोहन कोठारी (अध्यक्ष 06.08.2021 –02.12.2021 तक) | लागू नहीं | |
| 5. | श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी (अध्यक्ष 03.12.2021 से) | 1 | 1 |
| 6. | श्री राकेश कुमार जैन (03.12.2021 से) | 1 | 1 |
| 7. | श्री दीपक गुप्ता (25.02.2022 से) | 1 | 1 |

| क्र.सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 8. | श्री एम.वी. अय्यर (02.12.2021 तक और 01.02.2022 से) | लागू नहीं | |

सेबी/स्टॉक एक्सचेंज/कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए)/ डिपॉजिटरी/अन्य सांविधिक प्राधिकरणों के माध्यम से प्राप्त शेयरधारकों के पत्रों को 'शिकायत' माना जाता है। शेयरधारकों से प्राप्त दैनिक अनुरोधों को एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरएंडटीए) द्वारा सीधे लिया जाता है और शिकायतों में शामिल नहीं किया जाता है। संबंधित तिमाहियों के दौरान प्राप्त और निवारण की गई शिकायतों की स्थिति बोर्ड के समक्ष रखी जा रही है।

वर्ष 2021–22 के दौरान सेबी/स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य सांविधिक निकायों के माध्यम से शेयरधारकों/निवेशकों से 5 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो लाभांश की प्राप्ति, वार्षिक रिपोर्ट आदि जैसे मामलों से संबंधित थीं और सभी 12 शिकायतों का समाधान किया गया था।

कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं कि शेयरधारक से संबंधित मामलों/मुद्दों को उचित प्राथमिकता दी जाती है और आरएंडटीए द्वारा उचित समय के भीतर हल किया जाता है।

सदस्य (सदस्यों) को उनके अनुरोध, यदि कोई हो, दर्ज करने की सुविधा के लिए, आरएंडटीए और कंपनी के नामित ई–मेल आईडी admin@mcsregistrars.com और shareholders@gail.co.in हैं जिसका सदस्य(यों) की सूचना के लिए पर्याप्त रूप से खुलासा किया जाता है। इसके अलावा, शेयरधारकों को नवीनतम घटनाक्रम और तिमाही अनुपालन के बारे में अद्यतन जानकारी देने के लिए कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com पर 'निवेशक संबंध' नाम से एक अलग समर्पित खंड है जिसमें वित्तीय जानकारी, शेयरधारिता पैटर्न, निगमित शासन रिपोर्ट; कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट, स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित जानकारी, विभिन्न प्रेस विज्ञप्तियों सहित सामान्य जानकारी, समाचार–पत्र प्रकाशन, नोटिस, आदि, नीतियां, निवेशक की जानकारी अर्थात् लाभांश घोषणा, निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) हस्तांतरण, भुगतान न किया गया लाभांश, लाभांश इतिहास, आदि शामिल होता है।

## ग. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए इसके कार्यकारी निदेशकों का पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है। सरकारी नामित निदेशकों को कंपनी से कोई पारिश्रमिक नहीं मिलता है। तथापि, स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड और समिति की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए आनुषंगिक व्यय के अतिरिक्त क्रमशः 40,000/– रुपए और 30,000/– रुपए का बैठक शुल्क का भुगतान किया जा रहा है।

### i. विचारार्थ विषय

इस समिति के विचारार्थ विषय हैं

क. निष्पादन संबंधित वेतन (पीआरपी) पूल पर विचार–विमर्श करना और निर्णय लेना तथा कर्मचारियों को पीआरपी के वितरण की नीति।

ख. बोर्ड द्वारा विचार किए जाने से पहले पीआरपी के अलावा अन्य वेतन और भत्तों से संबंधित मुद्दों की जांच करना।

ग. निदेशक की योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं और स्वतंत्रता का निर्धारण करने के लिए मानदंडों का निर्धारण तथा निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित नीति की बोर्ड को सिफारिश करना; स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना; बोर्ड विविधता पर नीति तैयार करना; निदेशक बनने के लिए पात्र व्यक्तियों की पहचान करना जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, और बोर्ड को उनकी नियुक्ति और हटाने की सिफारिश करना।

घ. वरिष्ठ प्रबंधन को देय सभी पारिश्रमिक, जो कोई भी हों, की बोर्ड को सिफारिश करना।

ड. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की भूमिका सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015; कंपनी अधिनियम, 2013 और समय–समय पर संशोधित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, 2010 के लिए निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देश सेबी (एलओडीआर) विनियिम, 2015 के अनुसार हैं।

### ii. बोर्ड का निष्पादन मूल्यांकन

कंपनी के निदेशकों को भारत सरकार द्वारा नियुक्त/नामित किया जाता है, इसलिए निष्पादन मूल्यांकन भी भारत सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकारी के रूप में किया जाना है। इसके अलावा, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(त) के प्रावधानों का अनुपालन करने से छूट दी गई है। बोर्ड और उसकी समितियों के मूल्यांकन और सेबी (एलओडीआर) विनियमों के तहत इसी तरह की छूट की प्रतीक्षा है।

### iii. संरचना

31 मार्च 2022 तक, कंपनी की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में डॉ नंदगोपाल नारायणसामी अध्यक्ष के रूप में तथा डॉ नवनीत मोहन कोठारी और श्री शेर सिंह सदस्य के रूप में शामिल थे।

### iv. बैठक और अन्य विवरण

2021–22 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की 1 (एक) बैठक 04 अगस्त, 2021 को आयोजित की गई। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार थी:

| क्र.सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1. | श्रीमती बंतो देवी कटारिया (अध्यक्ष 05.08.2021 तक) | 1 | 1 |
| 2. | श्री ए.के. तिवारी (30.11.2021 तक) | 1 | 1 |
| 3. | श्री ई.एस. रंगनाथन | 1 | 1 |
| 4. | डॉ. नवनीत मोहन कोठारी (अध्यक्ष 06.08.2021–02.12.2021 तक) | लागू नहीं | |

| क्र.सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 5. | डॉ नंदगोपाल नारायणसामी<br>(अध्यक्ष 03.12.2021 से) | लागू नहीं | |
| 6. | श्री शेर सिंह<br>(03.12.2021 से) | लागू नहीं | |

## V. निदेशकों का पारिश्रमिक

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ लाख में)

| क्र.सं. | निदेशक का नाम | वेतन और भत्ते | पीएफ में अंशदान | अन्य लाभ और अनुलाभ | निष्पादन संबंधित भुगतान | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनोज जैन<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (परियोजना) – 11.02.2022 तक<br>निदेशक (एचआर)– 01.04.2021 से | 52.40 | 10.28 | 12.57 | 21.86 | 97.11 |
| 2. | श्री अंजनी कुमार तिवारी –<br>निदेशक (वित्त) और सीएफओ, 30.11.2021 तक | 83.03 | 6.79 | 0.44 | 16.73 | 106.99 |
| 3. | श्री एम.वी. अय्यर<br>निदेशक (व्यापार विकास) | 45.57 | 9.65 | 10.68 | 14.35 | 80.25 |
| 4. | श्री राकेश कुमार जैन<br>निदेशक (वित्त) और सीएफओ, 01.12.2021 से | 23.44 | 2.99 | 0.66 | 4.12 | 31.20 |
| 5. | श्री दीपक गुप्ता<br>निदेशक (परियोजना)<br>12.02.2022 से | 7.69 | 1.21 | 0.03 | - | 8.93 |
| 6. | श्री ई.एस. रंगनाथन<br>निदेशक (विपणन) | 49.04 | 8.09 | 0.68 | 12.92 | 70.73 |

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने कोई स्टॉक–विकल्प योजना शुरू नहीं की थी।

कार्यकारी निदेशकों का सेवा अनुबंध पांच वर्ष या सेवानिवृत्ति तक, जो भी पहले हो, के लिए है। सेवा से पृथकता के मामले में तीन महीने की नोटिस अवधि या उसके एवज में वेतन आवश्यक है। स्वतंत्र निदेशकों को आमतौर पर भारत सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा, भारत सरकार के प्रशासनिक मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी नामित निदेशकों को बोर्ड में शामिल होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया जाता है।

कंपनी स्वतंत्र निदेशकों को औपचारिक नियुक्ति पत्र जारी करती है। इसके अलावा, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 46 के अनुसार, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें कंपनी की वेबसाइट के लिंक http://www.gailonline.com/IZ-IndependentDirector.html पर उपलब्ध हैं:

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, निदेशक मंडल और उसकी समिति (समितियों) की बैठकों में भाग लेने के लिए कंपनी द्वारा भुगतान किए गए रिवर्स चार्ज प्रणाली के तहत वस्तु और सेवा कर को छोड़कर, स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान की गई बैठक शुल्क का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | स्वतंत्र निदेशक(कों) का नाम | बोर्ड की बैठकों की संख्या में भाग लिया | समिति (समितियों) की बैठकों की संख्या जिनमें भाग लिया | राशि (रुपए लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती बंतो देवी कटारिया<br>05.08.2021 तक | | 15 | 6.50 |
| 2 | श्री अखिलेश जैन<br>08.1.2021 से | 7 | 7 | 4.90 |
| 3 | श्री संजय कश्यप<br>17.11.2021 से | 7 | 4 | 4.00 |
| 4 | डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी<br>17.11.2021 से | 7 | 3 | 3.70 |
| 5 | श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी<br>18.11.2021 से | 7 | 2 | 3.40 |
| 6 | प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे<br>22.11.2021 से | 7 | 6 | 4.60 |
| 7 | श्री शेर सिंह<br>22.1.1.2021 से प्रभावी | 7 | 1 | 3.10 |

**vi. 31.03.2022 को निदेशक(कों) द्वारा धारित इक्विटी शेयर**

जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, को छोड़कर, किसी भी निदेशक के पास कंपनी को उनके द्वारा की गई घोषणा के अनुसार कंपनी में उनके नाम पर कोई इक्विटी शेयर नहीं है:

| क्र. सं. | निदेशक(कों) का नाम | धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2022 तक) |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज जैन | 1,296 |
| 2 | श्री एम.वी. अय्यर | 544 |
| 3 | श्री ई.एस. रंगनाथन | 842 |

## घ. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति

### i. विचारार्थ विषय

सीएसआर समिति के विचारार्थ विषयों में अन्य बातों के साथ–साथ, सीएसआर नीति तैयार करना और बोर्ड को सिफारिश करना, खर्च की जाने वाली राशि की सिफारिश करना और समय–समय पर कंपनी की सीएसआर नीति की निगरानी करना तथा बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित कोई अन्य गतिविधि करना शामिल है।

सीएसआर समिति की भूमिका कंपनी अधिनियम, 2013 और समय–समय पर संशोधित डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार है।

### ii. संरचना

31 मार्च, 2022 को कंपनी की सीएसआर समिति में श्री मनोज जैन अध्यक्ष के रूप में, तथा श्री अखिलेश जैन, और श्री संजय कश्यप सदस्य के रूप में शामिल थे।

### iii. बैठक और अन्य विवरण

2021–22 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, सीएसआर समिति की 4 (चार) बैठकें 08 जून, 04 अगस्त, 23 दिसंबर 2021 को और 2022 में 30 मार्च को आयोजित की गई। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार थी:

| क्र. सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1 | श्री मनोज जैन – (अध्यक्ष 02.12.2021 तक और 01.02.2022 से) | 4 | 4 |
| 2 | श्रीमती बंतो देवी कटारिया (05.08.2021 तक) | 2 | 2 |
| 3 | श्री ई.एस. रंगनाथन | 3 | 3 |
| 4 | श्रीमती उषा सुरेश (06.08.2021 से 02.12.2021 तक सदस्य और 03.12.2021 से 31.01.2022 तक अध्यक्ष के रूप में) | 1 | 1 |
| 5 | श्री अखिलेश जैन (03.12.2021 से) | 2 | 2 |
| 6 | श्री संजय कश्यप (03.12.2021 से) | 2 | 2 |
| 7 | श्री एम.वी. अय्यर (01.02.2022 से) | 1 | - |

सीएसआर गतिविधियों और उस पर किए गए व्यय का विवरण निदेशकों की रिपोर्ट/प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में एक अलग खंड में विस्तार से दिया गया है। नीति के अनुसार, प्रत्येक वर्ष कर पश्चात् लाभ का कम से कम दो प्रतिशत कंपनी के विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के लिए निर्धारित किया जाता है जो प्रभावी परिणामों के लिए निर्धारित होते हैं। यह कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुरूप स्थिरता, मापनीयता और पारदर्शिता को अधिकतम करने के लिए अपने सीएसआर कार्यक्रमों की पहचान, कार्यान्वयन, रखरखाव और निगरानी में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करता है।

## ङ. जोखिम प्रबंधन समिति

### i. प. संदर्भ की शर्तें

जोखिम प्रबंधन समिति के विचारार्थ विषय हैं:

1) एक विस्तृत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करना जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

   क. विशेष रूप से वित्तीय, प्रचालन, क्षेत्रीय, स्थिरता (विशेष रूप से, ईएसजी से संबंधित जोखिम), सूचना, साइबर सुरक्षा जोखिम या समिति द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य जोखिम सहित सूचीबद्ध इकाई द्वारा सामना किए जाने वाले आंतरिक और बाहरी जोखिमों की पहचान के लिए एक ढांचा।

   ख. पहचाने गए जोखिमों के आंतरिक नियंत्रण के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं सहित जोखिम को कम करने के उपाय।

   ग. व्यवसाय निरंतरता योजना।

2) यह सुनिश्चित करना कि कंपनी के व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन के लिए उपयुक्त कार्यप्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियां मौजूद हैं;

3) जोखिम प्रबंधन प्रणाली की पर्याप्तता का मूल्यांकन करने सहित जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी करना;

4) जोखिम प्रबंधन नीति की समय–समय पर समीक्षा करने के लिए, दो वर्ष में कम से कम एक बार, बदलते उद्योग की गतिशीलता और विकसित जटिलता पर विचार करना;

5) निदेशक मंडल को अपनी चर्चाओं, सिफारिशों और की जाने वाली कार्रवाइयों की प्रकृति और सामग्री के बारे में सूचित करना;

6) मुख्य जोखिम अधिकारी (यदि कोई हो) की नियुक्ति, हटाने और पारिश्रमिक की शर्तें जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा समीक्षा के अधीन होंगी।

7) जोखिम प्रबंधन योजना, साइबर सुरक्षा की निगरानी और समीक्षा,

8) जोखिम प्रबंधन समिति की भूमिका सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार होगी; कंपनी अधिनियम, 2013 और समय–समय पर संशोधित जोखिम प्रबंधन नीति को मंजूरी देना।

### ii. संरचना

31 मार्च, 2022 तक कंपनी की जोखिम प्रबंधन समिति में अध्यक्ष के रूप में श्री शेर सिंह, श्री एम.वी. अय्यर, श्री आर.के. जैन और श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी सदस्य के रूप में शामिल थीं।

### iii. बैठक और अन्य विवरण

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, जोखिम प्रबंधन समिति की 2 (दो) बैठकें 06 अक्तूबर 2021 और 30 मार्च 2022 को आयोजित की गईं। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार थी:

| क्र. सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1 | श्रीमती उषा सुरेश (अध्यक्ष 06.08.2021 से 02.12.2021 तक) | 1 | 1 |
| 2 | श्री ए.के. तिवारी (अध्यक्ष 01.04.2021 से 05.08.2021 तक और सदस्य 30.11.2021 तक) | 1 | 1 |
| 3 | श्री ई.एस. रंगनाथन | 1 | 1 |
| 4 | श्री एम.वी. अय्यर | 2 | 2 |
| 5 | श्रीमती बंतो देवी कटारिया (19.07.2021 से 05.08.2021 तक) | NA | NA |
| 6 | श्री शेर सिंह (अध्यक्ष 03.12.2021 से) | 1 | 1 |
| 7 | श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी (03.12.2021 से) | 1 | 1 |
| 8 | श्री आर.के. जैन (03.12.021 से) | 1 | 1 |

एक ठोस जोखिम प्रबंधन ढांचा कंपनी की व्यावसायिक कार्यनीति और प्रचालन का समर्थन करता है। व्यापार विस्तार और हितों से उत्पन्न होने वाले नए और उभरते जोखिमों के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे को लगातार अद्यतन किया जाता है।

जोखिमों का मूल्यांकन किया जाता है, उनकी मात्रा निर्धारित की जाती है और उन्हें प्राथमिकता दी जाती है तथा विभिन्न चरणों में उपशमन योजनाओं की समीक्षा और निगरानी की जाती है। जोखिम प्रबंधन नीति और प्रक्रियाओं की समय–समय पर समीक्षा की जाती है और जोखिम प्रबंधन समिति, लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड द्वारा इनकी निगरानी की जाती है। जोखिम प्रबंधन ढांचे को निदेशकों की रिपोर्ट के प्रबंधन और चर्चा विश्लेषण खंड में विस्तार से दिया गया है।

### 4. सामान्य निकाय बैठकें

#### i. स्थान और समय – पिछली तीन एजीएम

पिछली तीन एजीएम के दौरान पारित विशेष संकल्पों का स्थान, समय और विवरण इस प्रकार है:

| वित्तीय वर्ष | 2018–19 | 2019–20 | 2020–21 |
|---|---|---|---|
| **एजीएम** | 35वीं | 36वीं | 37वीं |
| **दिनांक और समय** | 20.08.2019 को प्रातः 10:30 बजे | 22.09.2020 को प्रातः 11:30 बजे | 09.09.2021 को प्रातः 11:30 बजे |
| **स्थान** | मानेकशॉ केंद्र, परेड रोड दिल्ली छावनी, नई दिल्ली–110010 | कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) | कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) |
| **विशेष संकल्प पारित** | 1) कंपनी की बहिर्नियमावली में संशोधन<br>(2) श्री अनुपम कुलश्रेष्ठ की पुनर्नियुक्ति (डीआईएन–07352288) – कंपनी के (स्वतंत्र) निदेशक<br>(3) श्री संजय टंडन की पुनर्नियुक्ति (डीआईएन–00484699) – कंपनी के (स्वतंत्र) निदेशक<br>(4) श्री एस.के. श्रीवास्तव की पुनर्नियुक्ति (डीआईएन–02163658) – कंपनी के (स्वतंत्र) निदेशक | – | – |
| **विवरण** | 1) कंपनी के शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए कंपनी की बहिर्नियमावली में संशोधन हेतु लेखाओं के एक नए सेट को अपनाने की मांग की गई थी। एसोसिएशन के पुराने लेखाओं के कई नियमों में बदलाव या विलोपन की आवश्यकता थी क्योंकि वे कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों पर आधारित थे।<br>(2) श्री अनुपम कुलश्रेष्ठ को भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 20.11.2018 के पत्र सं. –31033/5/2018–सीए/एफटीएस–26192 द्वारा उनके मौजूदा कार्यकाल के पूरा होने की तारीख अर्थात 19.11.2018 से एक वर्ष की अवधि के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त किया गया था। | – | – |

| वित्तीय वर्ष | 2018–19 | 2019–20 | 2020–21 |
|---|---|---|---|
| | (3) श्री संजय टंडन को भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 20.11.2018 के पत्र सं. –31033/5/2018–सीए/एफटीएस–26192 द्वारा उनके मौजूदा कार्यकाल के पूरा होने की तारीख अर्थात् 19.11.2018 से एक वर्ष की अवधि के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त किया गया था।<br>(4) श्री एस.के. श्रीवास्तव को भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 20.11.2018 के पत्र सं. –31033/5/2018–सीए/एफटीएस–26192 द्वारा उनके मौजूदा कार्यकाल के पूरा होने की तारीख अर्थात् 19.11.2018 से एक वर्ष की अवधि के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त किया गया था। | – | – |

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान सदस्यों की कोई असाधारण आम बैठक आयोजित नहीं की गई।

### ii. डाक मतपत्र

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ('नियम') के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के प्रावधानों, दिनांक 8 अप्रैल, 2020 के सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के सामान्य परिपत्र सं. 17/2020, दिनांक 23 जून, 2021 के सामान्य परिपत्र सं. 10/2021, दिनांक 8 दिसंबर, 2021 सामान्य परिपत्र सं. 20/2021 और और अन्य प्रासंगिक परिपत्रों के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचिबद्धताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अन्य प्रासंगिक परिपत्र और अधिसूचनाएं तथा अन्य लागू कानूनों और विनियमों (वर्तमान में लागू किसी भी सांविधिक संशोधन या पुनः अधिनियमन सहित) के अनुसरण में, डाक मतपत्र केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई–वोटिंग) से आयोजित किया गया था ताकि 24 मार्च, 2022 के पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों के लिए सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त किया जा सके।

24 मार्च, 2022 का पोस्टल बैलेट नोटिस केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजा गया था जिनके नाम शुक्रवार, 25 मार्च, 2022 (अंतिम तारीख) तक नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') से प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी मालिकों की सूची में शामिल थे और जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपने ई–मेल पते पंजीकृत किए थे। श्री सचिन अग्रवाल, पार्टनर, अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिवों को डाक मतपत्र प्रक्रिया के संचालन के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। विशेष प्रस्तावों के माध्यम से पारित पोस्टल बैलेट नोटिस में शामिल व्यावसायिक मदों का विवरण निम्नानुसार हैः

| | |
|---|---|
| पोस्टल बैलेट की अवधि | शुक्रवार, 1 अप्रैल, 2022 (प्रातः 9:00 बजे) (भारतीय समयानुसार) से शनिवार, 30 अप्रैल, 2022 (सायं 5:00 बजे) (भारतीय समयानुसार) तक। |
| मोड | रिमोट ई–वोटिंग |
| पोस्टल बैलेट प्रक्रिया पूरी करने वाले व्यक्ति का विवरण | श्री सचिन अग्रवाल, पार्टनर, अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स को मतदान की डाक मतपत्र प्रक्रिया की केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड (रिमोट ई–वोटिंग) के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। |

| | पिछले वर्ष डाक मतपत्र के माध्यम से पारित विशेष प्रस्तावों का विवरण | मतदान पैटर्न का विवरण | |
|---|---|---|---|
| | | मतदान % (पक्ष में) | मतदान % (विपक्ष में) |
| (1) | प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे (डीआईएन 09406892) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति | 98.59 | 1.41 |
| (2) | कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री शेर सिंह (डीआईएन 09404758) की नियुक्ति | 98.17 | 1.83 |
| (3) | कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में डॉ. नंदगोपाल नारायणस्वामी (डीआईएन 06535490) की नियुक्ति | 97.91 | 2.09 |
| (4) | श्री अखिलेश जैन (डीआईएन 07731983) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति | 97.74 | 2.26 |
| (5) | कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री संजय कश्यप (डीआईएन 09402360) की नियुक्ति | 98.17 | 1.83 |
| (6) | श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी (डीआईएन 07812922) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति | 98.18 | 1.82 |

### 5. संचार के साधन

वित्तीय निष्पादन पर प्रासंगिक और विश्वसनीय जानकारी का समय पर प्रकटीकरण सुशासन के मूल में है। इस दिशा में उठाए गए प्रमुख कदम इस प्रकार हैंः

- **तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामः** कंपनी के तिमाही गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम और लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणाम निर्धारित अवधि के भीतर घोषित किए जाते हैं। परिणाम प्रमुख समाचार पत्रों जैसे इकोनॉमिक टाइम्स, बिजनेस स्टैंडर्ड आदि में प्रकाशित किए जाते हैं। इसके अलावा, इन्हें कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/IZFinancialResult.html पर भी डाला जाता है।

- **एनईएपीएस (एनएसई इलेक्ट्रॉनिक एप्लिकेशन प्रोसेसिंग सिस्टम) और बीएसई कॉर्पोरेट अनुपालन और सूचीबद्धता केंद्र:** एनएसई और बीएसई ने कॉरपोरेट्स के लिए वेब–आधारित एप्लिकेशन विकसित किए हैं। वित्तीय परिणाम, शेयरधारिता पैटर्न, निगमित शासन रिपोर्ट आदि जैसे आवधिक अनुपालन इलेक्ट्रॉनिक रूप से एनईएपीएस और बीएसई सूची केंद्र पर दर्ज किए जाते हैं।
- **समाचार विज्ञप्ति, प्रस्तुतियाँ आदि:** कंपनी संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों आदि के साथ संवाद करने के लिए सालाना निवेशकों की बैठक आयोजित करती है। आधिकारिक समाचार/प्रेस विज्ञप्तियां और प्रस्तुतियाँ, निवेशकों/विश्लेषकों को की गई कॉनकॉल के टेप समय–समय पर कंपनी की वेबसाइट पर डाले जाते हैं तथा समय–समय पर स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किए जाते हैं।
- **वेबसाइट:** कंपनी की वेबसाइट www.gailonline.com में 'निवेशक क्षेत्र' नामक एक समर्पित खंड है जिसमें शेयरधारकों के लिए अद्यतन प्रासंगिक जानकारी है।
- **वार्षिक रिपोर्ट:** वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ पृथक लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, निदेशकों की रिपोर्ट, प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण, निगमित शासन रिपोर्ट शामिल हैं, को सदस्यों और अन्य पात्र लोगों को परिचालित किया जाता है। वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां संसद में रखी जाती हैं। इसे कंपनी की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाता है जिसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है– https://gailonline.com/IZAnnualReports.html
- बैठक के दौरान दिए गए **अध्यक्ष के भाषण/विज्ञप्ति** को शेयरधारकों की सूचना के लिए कंपनी की वेबसाइट पर भी डाला जाता है।
- **स्कोर्स (सेबी शिकायत निवारण प्रणाली):** सेबी निवेशकों की शिकायतों को एक केंद्रीकृत वेब–आधारित शिकायत निवारण प्रणाली अर्थात् स्कोर्स में प्रोसेस करता है। इस प्रणाली के माध्यम से, शेयरधारक कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है, कंपनी/आरटीए शिकायत पर की गई कार्रवाई को अपलोड करता है जिसे शेयरधारक द्वारा देखा जा सकता है। कंपनी और शेयरधारक सेबी के माध्यम से ऑनलाइन स्पष्टीकरण मांग सकते हैं।
- **निवेशकों को पत्र:** शेयरधारकों को हर वर्ष अवैतनिक/दावा न किए गए लाभांश/शेयरों का दावा करने के लिए नियमित अनुस्मारक भेजे जा रहे हैं।
- **हरित पहल:** ईमेल के माध्यम से शेयरधारकों को महत्वपूर्ण संचार भेजना: कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई हरित पहल के संदर्भ में, सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से दस्तावेजों की सर्विस की अनुमति देने के लिए, कंपनी पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न संचार/दस्तावेज जैसे वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम का नोटस, एनएसीएच सूचना आदि ई–मेल के माध्यम से उन शेयरधारकों को भेज रही है जिन्होंने डीपी/आरएंडटीए के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत की है।
- **निर्दिष्ट ईमेल–आईडी:** कंपनी के पास निवेशक सेवा के लिए एक निर्दिष्ट ईमेल–आईडी है: shareholders@gail.co.in.
- मौजूदा कोविड स्थिति को ध्यान में रखते हुए और एमसीए/सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, सभी पात्र शेयरधारकों को केवल ईमेल के माध्यम से वार्षिक रिपोर्ट भेजी गई थी।
- पात्र शेयरधारकों को ईमेल भेजने से पहले सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से शेयरधारकों के पंजीकृत ईमेल–आईडी को अद्यतन/सत्यापित करने के भी प्रयास किए गए हैं।
- आयकर अधिनियम, 1961 के नए अधिनियमित प्रावधानों का पालन करना और सभी पात्र शेयरधारकों को लाभांश पर टीडीएस की कटौती से छूट के संबंध में उन्हें आवश्यक दस्तावेज (फॉर्म 15छ, फॉर्म 15ज, फॉर्म 10च, घोषणा–एनआरआई, एफपीआई, एफआईआई) जमा करने का अवसर देने के लिए पत्र भेजा गया था।

## सामान्य शेयरधारक सूचना

### » आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम): दिनांक, समय और स्थान

कंपनी की 38वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022 को प्रातः 11.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस/अन्य ऑडियो वीडियो साधनों के माध्यम से होनी निश्चित हुई है।

### » लाभांश विवरण:

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, निदेशक मंडल ने लाभांश के भुगतान को मंजूरी दी, जिसके लिए रिकॉर्ड तिथि/बुक क्लोजर और लाभांश भुगतान की तारीखें निम्नलिखित विवरण के अनुसार तय की गईं:

| क्र. सं. | घोषित लाभांश | लाभांश के अनुमोदन की तिथि | लाभांश | रिकॉर्ड तिथि/बुक क्लोजर | लाभांश भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंतरिम लाभांश | बोर्ड– 23.12.2021 | 40% (₹ 4.00/– प्रति शेयर) | 31.12.2021 | 11.01.2022 |
| 2. | दूसरा अंतरिम लाभांश | बोर्ड– 11.03.2022 | 50% (₹ 5.00/– प्रति शेयर) | 22.03.2022 | 25.03.2022 |
| 3. | अंतिम लाभांश (अनुशंसित) | बोर्ड– 27.05.2022 | 10% (₹ 1.00/– प्रति शेयर) उक्त उद्देश्य के लिए निर्धारित की जाने वाली रिकॉर्ड तारीख को प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर | 02.08.2022 | - |

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार, कंपनी सदस्यों को भुगतान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग कर रही है। जहां लाभांश भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाता है, ऐसे प्रेषण के संबंध में सदस्यों को अलग से सूचना भेजी जा रही है। जहां लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से नहीं किया जा सकता है, उसका भुगतान वारंट/डीडी द्वारा किया जाता है, जिस पर बैंक खाता विवरण मुद्रित होता है। बैंक खाता विवरण उपलब्ध न होने की स्थिति में वारंट पर सदस्यों का पता मुद्रित किया जाएगा।

### » निवेशक शिक्षा और सुरक्षा कोष (आईईपीएफ)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के अनुसार, भुगतान के लिए देय होने की तारीख से सात साल की अवधि के लिए दावा नहीं की गई और भुगतान नहीं की गई लाभांश राशि को केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में स्थापित आईईपीएफ में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए दावा न किए गए/भुगतान न किए गए अंतिम लाभांश की ₹ 18.63 लाख की राशि अंतरित की है। 31 मार्च, 2022 तक ₹ 4.19 करोड़ आईईपीएफ में अंतरित किए जा चुके हैं। निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, स्थानांतरण और रिफंड) नियम, 2016 की धारा 124(6) और नियम 6(5) की आवश्यकता के अनुसार, सभी शेयर जिनके संबंध में लाभांश का भुगतान या दावा लगातार सात साल या उससे अधिक तक नहीं किया गया है, को आईईपीएफ प्राधिकरण खाते में अंतरित किया जाएगा। इस संबंध में वर्ष 2021–22 के दौरान आईईपीएफ प्राधिकरण के खाते में 1,03,474 शेयर अंतरित किए गए हैं। 31 मार्च, 2022 तक 2,47,088 शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के खाते में अंतरित किए जा चुके हैं।

आईईपीएफ प्राधिकरण खाते में भुगतान/दावा न किए गए लाभांश और शेयरों के अंतरण की बाद की देय तिथियां निम्नानुसार हैं:

| वित्तीय वर्ष | लाभांश का प्रकार | लाभांश (%) | भुगतान न किए गए लाभांश का दावा करने की अंतिम तिथि | आईईपीएफ में अंतरण की देय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2014–15 | अंतिम | 30 | 15.10.2022 | 15.11.2022 |
| 2015–16 | अंतरिम | 25 | 08.03.2023 | 08.04.2023 |

आईईपीएफ को भुगतान/दावा न की गई राशि के अंतरण के बाद, कंपनी/आरएंडटीए के खिलाफ कोई दावा नहीं होगा। जिन सदस्यों ने अभी तक अपने लाभांश वारंट को नहीं भुनाया है, वे ऐसे वारंट के एवज में डिमांड ड्राफ्ट जारी करने के लिए आरएंडटीए/कंपनी से संपर्क कर सकते हैं। तथापि, जिन शेयरधारकों का भुगतान/दावा न किया गया लाभांश आईईपीएफ को अंतरित किया गया है, वे कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और भारत सरकार द्वारा इस संबंध में बनाए गए नियमों के अनुसार ऐसे दावों के संबंध में रिफंड के पात्र होंगे। अधिक विवरण https://www.gailonline.com/IZInvestorsZone.html और https://www.gailonline.com/IZInvestorInformation.html पर उपलब्ध हैं।

कंपनी ने आईईपीएफ (कंपनियों के पास पड़ी भुगतान और दावा न की गई राशि के बारे में जानकारी अपलोड करना) नियम, 2012 के अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर दावा न किए गए लाभांश के संबंध में जानकारी अपलोड की है।

### » अन्य विवरण

सदस्य पता/बैंक विवरण/लाभांश अधिदेश/ईमेल आईडी में परिवर्तन, यदि कोई हो, के लिए संपर्क कर सकते हैं –

i) यदि शेयर **भौतिक मोड** में हैं, तो आरएंडटीए/कंपनी को।

ii) यदि शेयर **इलेक्ट्रॉनिक मोड** में रखे जाते हैं, तो उनके डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) को।

बैंक खाता विवरण और उनके बैंकरों के एमआईसीआर कोड, जैसा कि उनके डीपी के रिकॉर्ड में उल्लेख किया गया है, लाभांश वारंट पर ओवरप्रिंटिंग या राष्ट्रीय स्वचालित क्लियरिंग हाउस के माध्यम से लाभांश के प्रेषण, जहां भी लागू हो, के लिए उपयोग किया जाता है। लाभांश संबंधी गतिविधियों पर एक विस्तृत संदर्भ नोट 'निवेशक संबंध' के तहत कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### » स्टॉक एक्सचेंजों पर प्रतिभूतियों की सूची बनाना

| स्टॉक एक्सचेंज और पता | सुरक्षा कोड | सुरक्षा का प्रकार |
|---|---|---|
| बीएसई लिमिटेड (बीएसई) पहला तल, फिरोज जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई – 400001 | 532155 | इक्विटी शेयर |
| नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400051 | गेल–ईक्यू | इक्विटी शेयर |
| लंदन स्टॉक एक्सचेंज 10, पैटरनोस्टर स्क्वायर, लंदन ईसी4एम 7एलएस | जीएआईडी जीएआईए | जीडीआर |

इसके अलावा, कंपनी के गैर–परिवर्तनीय प्रतिदेय योग्य बॉन्ड–बॉन्ड सीरीज– I, 2015 (8.30:) एनएसई के थोक ऋण बाजार (डब्ल्यूडीएम) क्षेत्र में सूचीबद्ध हैं। आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड, एशियन बिल्डिंग, भूतल 17, आर. कमानी मार्ग, मुंबई – 400001 (दूरभाष: 022–40807000) उपर्युक्त बॉन्ड सीरीज के लिए बॉन्ड ट्रस्टी है। कंपनी ने 8.30: सुरक्षित, कर योग्य, प्रतिदेय, गैर–परिवर्तनीय बांडों पर अलग–अलग हस्तांतरणीय रिडीमेबल प्रिंसिपल पार्ट्स (एसटीआरपीपी), सीरीज–1, 2015 क्रमांक– 1–क, क्रमांक– 1–ख, क्रमांक– 1–ग और क्रमांक– 1–घ) का 23 फरवरी, 2022 को देय ब्याज के साथ मूल राशि का समय पर भुगतान किया है। इसके अलावा, गेल ने निम्नलिखित विवरण के अनुसार बॉन्ड श्रृंखला की ऋणमुक्ति के साथ कॉल विकल्प का प्रयोग किया है:

| क्र. सं. | आईएसआईएन कोड | प्रकृति | भुगतान की देय तिथि | भुगतान की वास्तविक तिथि | भुगतान की ब्याज अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईएनई129,07198 (क्र.– 1–क) | रिडेम्पसन | 23.02.2022 | 23.02.2022 | 23.02.2021 से 22.02.2022 तक |
| 2 | आईएनई129,07206 (क्र.– 1–ख) | कॉल विकल्प | 23.02.2023 | 23.02.2022 | 23.02.2021 से 22.02.2022 तक |
| 3 | आईएनई129,07214 (क्र.– 1–ग) | कॉल विकल्प | 23.02.2024 | 23.02.2022 | 23.02.2021 से 22.02.2022 तक |
| 4 | आईएनई129,07222 (क्र.– 1–घ) | कॉल विकल्प | 23.02.2025 | 23.02.2022 | 23.02.2021 से 22.02.2022 तक |

वित्तीय वर्ष 2021–22 से संबंधित कंपनी के सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और बांडों के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों को मांग पर किया गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) को वार्षिक अभिरक्षा शुल्क का भुगतान भी कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, कंपनी की प्रतिभूतियों को व्यापार से निलंबित नहीं किया गया था।

**बाजार मूल्य डेटा (वित्त वर्ष 2021–22)**

| बाजार मूल्य डेटाः वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रत्येक माह के दौरान उच्च, निम्न | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माह | बीएसई | | | एनएसई | | | बाजार पूंजीकरण ₹ करोड़ में) | | बाजार सूचकांक (उच्च) | |
| | उच्च (₹ में) | निम्न (₹ में) | मात्रा (शेयरों की सं.) | उच्च (₹ में) | निम्न (₹ में) | मात्रा (शेयरों की सं.) | बीएसई | एनएसई | सेंसेक्स | निफ्टी |
| अप्रैल | 142.10 | 128.55 | 14396944 | 142.40 | 128.50 | 21349478 | 60944.29 | 60922.09 | 50375.77 | 15044.35 |
| मई | 165.70 | 134.65 | 22791721 | 165.75 | 134.65 | 48104986 | 71001.76 | 71023.96 | 52013.22 | 15606.35 |
| जून | 170.00 | 149.25 | 23151777 | 170.30 | 149.25 | 10515338 | 66428.16 | 66450.36 | 53126.73 | 15915.65 |
| जुलाई | 155.05 | 136.60 | 15386658 | 155.10 | 136.60 | 14418252 | 61965.58 | 61965.58 | 53290.81 | 15962.25 |
| अगस्त | 153.95 | 139.50 | 23153896 | 153.95 | 139.35 | 14009836 | 64851.83 | 64896.23 | 57625.26 | 17153.50 |
| सितम्बर | 161.45 | 143.95 | 34530696 | 161.50 | 144.00 | 20812038 | 70579.92 | 70535.52 | 60412.32 | 17947.65 |
| अक्तूबर | 171.35 | 145.40 | 21062488 | 171.30 | 145.50 | 28347156 | 66139.54 | 66095.13 | 62245.43 | 18604.45 |
| नवम्बर | 154.75 | 128.90 | 13701605 | 154.80 | 128.95 | 12561833 | 57858.22 | 57636.20 | 61036.56 | 18210.15 |
| दिसम्बर | 137.25 | 125.20 | 12335844 | 137.25 | 125.20 | 4160624 | 57369.78 | 57369.78 | 59203.37 | 17639.50 |
| जनवरी | 148.50 | 129.20 | 14878689 | 148.50 | 129.30 | 5185472 | 64030.35 | 64074.76 | 61475.15 | 18350.95 |
| फरवरी | 151.90 | 128.10 | 14073805 | 151.95 | 128.60 | 27919955 | 64274.58 | 64318.98 | 59618.51 | 17794.60 |
| मार्च | 164.00 | 142.75 | 21334418 | 164.00 | 142.70 | 29091799 | 69136.80 | 69114.60 | 58890.92 | 17559.80 |







» **शेयर अंतरण प्रणाली**

**डीमैट अंतरणः** कंपनी के शेयरों का अनिवार्य रूप से डीमैट रूप में कारोबार किया जा रहा है और ये भारत में दोनों डिपॉजिटरी अर्थात् एनएसडीएल और सीडीएसएल के तहत व्यापार के लिए उपलब्ध हैं। एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड कंपनी का डिपॉजिटरी इंटरफेस और शेयर ट्रांसफर एजेंट है।

**भौतिक अंतरणः** कंपनी में एक शेयर अंतरण समिति है जो डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने को छोड़कर, शेयरों के हस्तांतरण/प्रसारण, पुनर्भौतिकीकरण आदि के अनुरोधों पर विचार करती है। कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (एलओडीआर) 2015 के अनुरूप, डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करना 'हितधारक संबंध समिति' के कार्यक्षेत्र में आता है। केवाईसी मानदंडों का अनुपालन करने वाले सभी स्थानांतरण/री–मैट/ट्रांसमिशन अनुरोध आरएंडटीए द्वारा प्रमाणित हैं। निदेशक मंडल ने शेयरों के अंतरण की शक्ति कार्यकारी निदेशक (वित्त और लेखा) और कंपनी सचिव को शामिल करते हुए शेयर अंतरण समिति को सौंप दी है। सेबी (एलओडीआर) 2015 के प्रावधानों के अनुरूप, प्रत्येक शेयर अंतरण समिति के कार्यवृत्त को सूचना के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

सेबी ने 8 जून, 2018 की अधिसूचना के माध्यम से सेबी (एलओडीआर) 2015 के विनियम 40 में संशोधन के तहत यह अधिदेश दिया है कि प्रतिभूतियों का हस्तांतरण जो अब केवल

01 अप्रैल, 2019 से डीमैटरियलाइज्ड रूप में किया जाएगा। इसके अलावा सेबी ने दिनांक 25.01.22 के परिपत्र सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–आरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2022/8 ने निर्णय लिया है कि सूचीबद्ध कंपनियां अब से निम्नलिखित से संबंधित अनुरोधों पर कार्रवाई करते समय केवल डीमैटरियलाइज्ड रूप में प्रतिभूतियां जारी करेंगी:

(i) डुप्लीकेट प्रतिभूति प्रमाणपत्र जारी करना;

(ii) दावारहित उचंत खाते से दावा;

(iii) प्रतिभूतियों के प्रमाणपत्र का नवीनीकरण/विनिमय;

(iv) अनुमोदन;

(v) प्रतिभूतियों के प्रमाणपत्र का उप–विभाजन/विभाजन;

(vi) प्रतिभूति प्रमाणपत्रों/फोलियो का समेकन;

(vii) ट्रांसमिशन;

(viii) स्थानान्तरण।

तदनुसार, कंपनी सेबी अधिसूचना के अनुसार उपर्युक्त अनुरोधों पर विचार कर रही है और उनका समाधान कर रही है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.gailonline.com पर निवेशक संबंध खंड देखें।

### शेयरधारिता का वितरण

31 मार्च, 2022 को कंपनी की शेयरधारिता का वितरण नीचे दिया गया है:

| धारित शेयरों की संख्या | शेयरों की संख्या | कुल की तुलना में % | शेयरधारकों की संख्या | कुल की तुलना में % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 60687 | 0.00 | 60687 | 8.34 |
| 2-10 | 960568 | 0.02 | 162599 | 22.35 |
| 11-50 | 5187226 | 0.12 | 172998 | 23.78 |
| 51-100 | 9468116 | 0.21 | 110418 | 15.18 |
| 101-200 | 12790564 | 0.29 | 79045 | 10.87 |
| 201-750 | 38493794 | 0.87 | 96171 | 13.22 |
| 751-5000 | 62971177 | 1.42 | 40893 | 5.62 |
| 5001-10000 | 16120628 | 0.36 | 2279 | 0.31 |
| 10001-15000 | 7008789 | 0.16 | 573 | 0.08 |
| 15001 और उससे अधिक | 4287323676* | 96.55 | 1750 | 0.24 |
| **कुल** | **4,44,03,85,225** | **100.00** | **727413** | **100.00** |

*भारत के राष्ट्रपति के पास धारित 228,45,90,082 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

### 31 मार्च, 2022 तक शीर्ष 10 शेयरधारक

| क्र.सं. | शेयरधारक(कों) का नाम | शेयर | % |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत के राष्ट्रपति | 2,284,590,082 | 51.45 |
| 2 | एलआईसी यूलिप–ग्रोथ फंड | 249,604,588 | 5.62 |
| 3 | ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 217,810,924 | 4.91 |
| 4 | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 108,905,460 | 2.45 |
| 5 | एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड–एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड | 102,574,995 | 2.31 |
| 6 | एसबीआई लॉन्ग टर्म इक्विटी फंड | 77,914,569 | 1.75 |
| 7 | आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड | 55,966,186 | 1.26 |
| 8 | सरकारी पेंशन फंड ग्लोबल | 41,023,724 | 0.92 |
| 9 | टेम्पलटन इंडिया इक्विटी इनकम फंड | 38,340,000 | 0.86 |
| 10 | स्टिचिंग डिपॉजिटरी एपीजी इमर्जिंग मार्केट्स इक्विटी पूल | 33,877,871 | 0.76 |
| | **कुल** | **3,210,608,399** | **72.30** |

*भारत के राष्ट्रपति की कुल शेयरधारिता में से, ऑफर फॉर सेल–2004 से संबंधित 2122 शेयर और उस पर बोनस शेयर जो शेयरधारकों के सही विवरण की अनुपलब्धता के कारण क्रेडिट के लिए लंबित हैं।

### 31 मार्च, 2022 को शेयरधारिता का पैटर्न




### शेयरों और नकदी को डीमैट करना:

31 मार्च, 2022 तक, कंपनी के पास 7,27,413 शेयरधारक थे, जिनमें से 7,26,872 शेयरधारक डीमैट मोड में इक्विटी शेयर रखे हुए थे और 541 शेयरधारक भौतिक मोड में इक्विटी शेयर रखे हुए थे। कंपनी के इक्विटी शेयरों का आईएसआईएन INE129A01019 है और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा कंपनी को आबंटित कारपोरेट पहचान सं. L40200DL1984GOI018976 है।

### शेयर पूंजी लेखापरीक्षा रिपोर्ट का समाधान

प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) और कुल जारी/प्रदत्त पूंजी के साथ भौतिक मोड में कुल शेयर पूंजी के साथ समाधान करने के लिए तिमाही आधार पर शेयर पूंजी लेखापरीक्षा की है। लेखापरीक्षा ने पुष्टि की है कि कुल जारी/प्रदत्त पूंजी, भौतिक रूपों में शेयरों की कुल संख्या और एनएसडीएल और सीडीएसएल के पास रखे गए डीमैटरियलाइज्ड शेयरों की कुल संख्या के अनुरूप है।

### वस्तु मूल्य जोखिम या विदेशी मुद्रा जोखिम और बचाव गतिविधियां

ग्राहकों के लिए खरीदे गए प्राकृतिक गैस के आयात और गैस की आंतरिक खपत पर मूल्य जोखिम का प्रबंधन करने और एलपीजी/एलएचसी उत्पादों की बिक्री और ईएंडपी ब्लॉकों से उत्पादित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की बिक्री के लिए कंपनी में एक अनुमोदित वस्तु मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी ने आयातित एलएनजी की खरीद और बिक्री से जुड़े विभिन्न सूचकांकों की अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले मूल्य जोखिम को कम करने के लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान विभिन्न बचाव लेनदेन किए हैं।

इसके अलावा, कंपनी ने विदेशी मुद्रा जोखिम के संबंध में ब्याज और मुद्रा जोखिम के प्रबंधन के लिए विदेशी मुद्रा और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन नीति को मंजूरी दी है। कंपनी ने अब तक लिए गए विभिन्न विदेशी मुद्रा ऋणों से संबंधित ब्याज और मुद्रा जोखिम का प्रबंधन किया है।

वित्तीय वर्ष 2021–2022 के दौरान गेल में उनकी कमोडिटी हेजिंग स्थिति सहित जोखिम प्रबंधन गतिविधियों के संबंध में प्रकटीकरण निम्नलिखित **अनुलग्नक** के तहत दिया गया है।

### अनुलग्नक

1. हेजिंग सहित वस्तुओं के संबंध में सूचीबद्ध इकाई की जोखिम प्रबंधन नीति (ऐसी नीति में वस्तुओं के लिए इकाई के कुल जोखिम, इकाई द्वारा सामना की जाने वाली वस्तु जोखिम, हेज्ड जोखिम आदि को नीचे निर्दिष्ट अनुसार ध्यान में रखा जाएगा)

2. पूरे वर्ष के दौरान इकाई द्वारा सामना किए गए वस्तु और वस्तु जोखिमों के लिए सूचीबद्ध इकाई जोखिम:

क) सूचीबद्ध इकाई का कुल जोखिम: ₹ 29,334.24 करोड

ख) विभिन्न वस्तुओं के लिए सूचीबद्ध इकाई का जोखिम:

| वस्तु का नाम | विशेष वस्तु के लिए जोखिम भारतीय रुपए में | विशेष वस्तु के लिए मात्रा के अनुसार जोखिम | वस्तु डेरिवेटिव्स के माध्यम से बचाव किए गए ऐसे जोखिम का % | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | घरेलू बाजार | | अंतरराष्ट्रीय बाजार | | कुल |
| | | | ओटीसी | एक्सचेंज | ओटीसी | एक्सचेंज | |
| प्राकृतिक गैस | ₹ 27,984.34 करोड़ | 453.65 टीबीटीयू | शून्य | शून्य | 21.85% | शून्य | 21.85% |
| एलपीजी और एलएचसी | ₹ 1,145 करोड | 217 टीएमटी | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ईएंडपी – कच्चा तेल | ₹ 6.44 करोड | 11,231 बीबीएल | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ईएंडपी – प्राकृतिक गैस | ₹ 198.46 करोड | 3.58 टीबीटीयू | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**टिप्पण**

1) जोखिम में बैक टू बैक आधार पर बेची गई मात्रा शामिल नहीं है।

2) जोखिम वित्तीय वर्ष 2021–22 से संबंधित है।

3) एलपीजी/एलएचसी और ईएंडपी क्षेत्र के लिए जोखिम केवल 2021–22 की चौथी तिमाही के लिए माना जाता है क्योंकि इन क्षेत्रों के लिए हेजिंग को नवंबर–दिसंबर 2021 में बोर्ड द्वारा वस्तु मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति के तहत मंजूरी दी गई थी।

**ग. वर्ष के दौरान सूचीबद्ध इकाई द्वारा सामना किए गए वस्तु जोखिम और उनका प्रबंधन कैसे किया गया है:**

कंपनी में ग्राहकों के लिए खरीदे गए प्राकृतिक गैस के आयात या गैस की आंतरिक खपत और एलपीजी/एलएचसी उत्पादों की बिक्री और ईएंडपी ब्लॉकों से उत्पादित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की बिक्री पर मूल्य जोखिम का प्रबंधन करने के लिए एक अनुमोदित वस्तु मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान विभिन्न सूचकांकों की अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले मूल्य जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न बचाव लेनदेन किए हैं।

### » बकाया जीडीआर/एडीआर/वारंट या परिवर्तनीय लिखत

31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार, कुल 2,96,90,172 जीडीआर जो 178,14,10,32 (0.67%) इक्विटी शेयरों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बकाया थे। एक जीडीआर छह अंतर्निहित इक्विटी शेयरों का प्रतिनिधित्व करता है। जीडीआर को इक्विटी शेयरों में बदलने से कुल इक्विटी पूंजी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

लंदन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध जीडीआर के समापन मूल्य को दर्शाने वाले जीडीआर का प्रदर्शन नीचे दिया गया है:




### » प्रमुख संयंत्र स्थल

कंपनी के प्रमुख संयंत्र स्थान निम्नलिखित हैं: –

**यू.पी. पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पाता**
डाकघर पाता – 206241
जिला औरैया (उ.प्र.)

**एलपीजी रिकवरी प्लांट, विजयपुर**
गेल कॉम्प्लेक्स
विजयपुर – 473112
जिला गुना (म.प्र.)

**एलपीजी रिकवरी संयंत्र, वाघोड़िया**
जीआईडीसी औद्योगिक एस्टेट
वाघोडिया – 391760
जिला बड़ौदा (गुजरात)

**एलपीजी रिकवरी प्रोजेक्ट, गांधार**
ग्राम रोजनतंकरिया
तहसील अमोद
जिला भरूच – 392140
(गुजरात)

### » पत्र व्यवहार हेतु पता

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
**फोन:** 91–11–26172580/26182955
**फैक्स नंबर:** 91–11–26185941
**वेबसाइट:** www.gailonline.com
**ई–मेल:** shareholders@gail.co.in

शेयरधारक कंपनी के आरएंडटीए से यहां संपर्क कर सकते हैं:
एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड
**यूनिटः गेल (इंडिया) लिमिटेड**
एफ–65, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया
फेज– I, नई दिल्ली–110020
**फोनः** 91–11–41406149 / 50 / 51 / 52
**फैक्सः** 91–11–41709881
**वेबसाइटः** www.mcsregistrars.com
**ई–मेलः** admin@mcsregistrars.com

## 7. प्रकटीकरण

### क. नीतियां

क. कंपनी ने सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 23 के संदर्भ में एक संबंधित पार्टी लेनदेन नीति तैयार की है। यह नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILRelatedPartyTransactionPolicyMarch2022.pdf पर उपलब्ध है।

ख. भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015 के अनुसरण में, बोर्ड ने कंपनी में उनकी स्थिति के आधार पर उन्हें उपलब्ध अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के आधार पर नामित व्यक्तियों द्वारा कंपनी के शेयरों की खरीद और/या बिक्री को रोकने के उद्देश्य से "अंतरंग व्यापार की रोकथाम के लिए आचार संहिता" और "अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के उचित प्रकटीकरण के लिए आचरण और प्रक्रिया संहिता" निर्धारित की है। उपरोक्त सभी को सेबी (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) संशोधन विनियम, 2018 में संशोधन के अनुरूप संशोधित किया गया है। इस संहिता का उद्देश्य किसी भी मूल्य संवेदनशील जानकारी के दुरुपयोग को रोकने और कंपनी के शेयरों में सौदे करके किसी भी अंतरंग व्यापार गतिविधि को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर शेयरधारकों के हितों की रक्षा करना है। अंतरंग व्यापार का संशोधित कोड कंपनी की वेबसाइट https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL-Insider%20Trading%20Code%202018-10.04.2019.pdf पर उपलब्ध है और इसके लिए संशोधित आचार संहिता और प्रक्रिया अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी का उचित प्रकटीकरण कंपनी की वेबसाइट https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL-Insider%20Trading%20Code%202018-10.04.2019.pdf पर उपलब्ध है।

ग. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज(जों) को घटनाओं या सूचनाओं के प्रकटीकरण की आवश्यकता का पता लगाने और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 30 के उप–विनियम (4) के खंड (पप) के तहत निर्दिष्ट घटनाओं और सूचनाओं की भौतिकता निर्धारित करने के लिए मानदंडों को परिभाषित करने के लिए भौतिकता और प्रकटीकरण के निर्धारण हेतु एक नीति तैयार की है। यह नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/FinalPolicyEng.pdf

घ. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 43क की आवश्यकता के अनुसार, लाभांश वितरण नीति को कंपनी की वेबसाइटhttps://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL%20Dividend%20Distribution%20Policy.pdf पर डाला गया है।

### ख. पुष्टि और अनुपालन

क. 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष तक की अवधि के लिए, कंपनी ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ पठित यथा संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित लेखा मानकों के अनुसार अपने वित्तीय विवरण तैयार किए हैं। तदनुसार, कंपनी ने अपने वित्तीय विवरण तैयार किए हैं जो 31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि के साथ–साथ 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए तुलनात्मक अवधि के आंकड़ों के साथ, जैसा कि महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के सार में वर्णित है, के लिए लागू इंड–एएस का अनुपालन करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, कोई भी महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं हुआ है, जिसका बड़े पैमाने पर कंपनी के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता हो। वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण के नोट सं. 46 **(अनुलग्नक ख)** में "संबंधित पार्टी प्रकटीकरण" के विवरण का खुलासा किया गया है।

ख. कंपनी के निदेशक मंडल ने बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए आचार संहिता को अपनाया है। कोड की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/CodeofConductason09042019.pdf पर उपलब्ध है। बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

ग. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज(जों), एमओपीएंडएनजी/डीपीई को निर्धारित समय के भीतर निर्दिष्ट प्रारूप में निगमित शासन पर रिपोर्ट दायर की है।

घ. कंपनी के सीईओ और सीएफओ ने अन्य बातों के साथ–साथ सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17(8) के तहत अपेक्षित वित्तीय विवरणों की शुद्धता, आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता और बोर्ड और लेखापरीक्षा समिति को प्रमाणित अन्य मामलों की पुष्टि की।

ड. कंपनी ने, कंपनी पर लागू कानूनों के अनुपालन को कवर करते हुए ऑनलाइन कानूनी अनुपालन प्रबंधन प्रणाली लागू की है। एक अनुपालन रिपोर्ट तैयार की जाती है और उसे बोर्ड की समीक्षा के लिए द्विवार्षिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

च. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान (अर्थात वित्त वर्ष 2021–2022), राष्ट्रपति का कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ था। इसके अलावा, "सीपीएसई में बोर्ड और बोर्ड स्तर से नीचे के अधिकारियों के वेतन संशोधन को 01.01.2020 से जारी रखने" के संबंध में गेल को एमओपीएंडएनजी से राष्ट्रपति का दिनांक 04.02.2021 का निर्देश प्राप्त हुआ था; और यह गेल में 01.01.2020 से अगले 3 वर्षों के लिए लागू है।

छ. बही खातों में व्यय की कोई भी मद डेबिट नहीं की गई है, जो व्यवसाय के प्रयोजनों के लिए न हो या व्यय जो व्यक्तिगत प्रकृति के हों। इसके अलावा, प्रशासनिक और कार्यालय खर्च तथा वित्तीय खर्च 2021–22 का कुल व्यय क्रमशः 2.67% और 0.22% है, जबकि 2020–21 में यह 3.66% और 0.3% था।

ज. बोर्ड की बैठक और आम बैठक में लागू सभी सचिवीय मानकों का विधिवत अनुपालन किया जाता है।

झ. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, किसी भी स्वतंत्र निदेशक ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से पहले अपने पद से त्याग–पत्र नहीं दिया।

ञ. किसी भी संशोधन के साथ संस्था द्वारा प्राप्त सभी क्रेडिट रेटिंग की सूची को निदेशकों की रिपोर्ट में देखा जा सकता है।

ट. मैसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, पीसीएस ने प्रमाणित किया है कि कंपनी के बोर्ड के किसी भी निदेशक को बोर्ड/एमसीए या ऐसे किसी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखने से वंचित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

ड. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, ऐसा कोई उदाहरण नहीं था, जहां बोर्ड ने बोर्ड की किसी भी समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया हो, जो अनिवार्य रूप से आवश्यक है।

ढ. सांविधिक लेखा परीक्षकों (मैसर्स एआर एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली और मैसर्स गांधी मिनोचा एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली) तथा नेटवर्क फर्म/नेटवर्क संस्था में सभी संस्थाओं जिसमें सांविधिक लेखापरीक्षक एक हिस्सा है, को सूचीबद्ध संस्था और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा समेकित आधार पर भुगतान की गई सभी सेवाओं का कुल शुल्क ₹ 1.60 करोड़ है।

ण. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण बोर्ड की रिपोर्ट 2021–22 में दिया गया है।

### ग. लंबित मामलों/गैर–अनुपालन के उदाहरणों का प्रकटीकरण

कंपनी 01.04.2021 से 21.11.2021 तक स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या के संबंध में निदेशक मंडल की संरचना, 01.04.2021 से 02.12.2021 तक की अवधि के लिए लेखापरीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना, 06.08.2021 से 02.12.2021 तक की अवधि के लिए हितधारक संबंध समिति की संरचना और 06.08.2021 से 02.12.2021 तक की अवधि के लिए जोखिम प्रबंधन समिति की संरचना से संबंधित आवश्यकता को छोड़कर, सेबी

(एलओडीआर) विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन कर रही है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, गैर–अनुपालन के कारण एनएसई और बीएसई ने सूचना दी है और 30.06.2021, 30.09.2021 और 31.12.2021 को समाप्त तिमाहियों के लिए जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने इस अवधि के दौरान कंपनी के बोर्ड में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों के नामांकन/नियुक्ति के संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के साथ मामला उठाया है। इसके अलावा, कंपनी ने एनएसई और बीएसई से इस संबंध में सेबी द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार दंड को माफ करने का भी अनुरोध किया है। बीएसई ने सितंबर और दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए पहले ही दंड माफ कर दिया है, शेष तिमाही(यों) के लिए एनएसई/ बीएसई से भी इसी तरह की छूट की उम्मीद है।

इसके अलावा, सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 की अनुसूची V के भाग ग की अनिवार्य आवश्यकता के अलावा, अनुसूची II के भाग ड. में निर्दिष्ट निम्नलिखित विवेकाधीन/गैर–अनिवार्य आवश्यकताओं को निम्नानुसार लागू किया गया है:

- कंपनी की अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की जाती है जो कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है, जिसे कंपनी की बहिर्नियमावली के संदर्भ में भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- वित्तीय परिणाम व्यापक रूप से प्रकाशित किए जा रहे हैं और कंपनी की वेबसाइट पर भी डाले जा रहे हैं।
- कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अपने वित्तीय विवरणों पर सांविधिक लेखा परीक्षकों से कोई अर्हता प्राप्त नहीं की है।
- कंपनी में एक आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जो कार्यात्मक रूप से लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करता है और प्रशासनिक रूप से निदेशक (वित्त) को रिपोर्ट करता है।
- पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर कंपनी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज(जों) या सेबी या किसी सांविधिक प्राधिकारी को कोई दंड का भुगतान, बाध्यता का अनुपालन नहीं किया गया है;
- लोक उद्यम विभाग ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशानिर्देश, 2010 तैयार किए हैं। कंपनी इन दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रही है।

## 8. सहायक कंपनियां – निगरानी ढांचा

कंपनी अपने प्रतिनिधियों को सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित करती है। इसके अलावा, सहायक कंपनियों के निदेशक मंडल की बैठकों के कार्यवृत्त समय–समय पर कंपनी के बोर्ड के समक्ष रखे जाते हैं। सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 24 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, सहायक कंपनियों के प्रदर्शन की, अन्य बातों के साथ–साथ, लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड द्वारा निम्नानुसार समीक्षा की जाती है:

(i) गैर–सूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए निवेश;

(ii) समेकित वित्तीय विवरण जिसमें सहायक कंपनियों आदि के वित्तीय विवरण शामिल हैं,

(iii) कंपनी की सहायक कंपनियों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण लेनदेन और व्यवस्थाओं का आवधिक विवरण

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 46 के अनुसार, कंपनी ने 'सामग्री सहायक कंपनी(कंपनियों) के लिए नीति' तैयार की है। यह कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILMaterialSubsidiarypolicyFinal2021.pdf पर उपलब्ध है। सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों, 2010 के अनुसार कंपनी में कोई सामग्री असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है।

## 9. अनुपालन प्रमाणपत्र

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 की अनुसूची V (ड.) के तहत निर्धारित निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करने वाले कंपनी के लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव द्वारा अनुपालन की पुष्टि करने वाली वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट, निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देश, पूंजी बाजार से संबंधित अन्य संबंधित नियम एवं विनियम तथा अन्य लागू कानून प्रपत्र बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा हैं।

अनुलग्नक – ग

## निगमित शासन पर लेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों के लिए**

हमने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") द्वारा निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम–2015") और लोक उद्यम विभाग (डीपीई दिशानिर्देश) द्वारा जारी किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशानिर्देश, 2010 में निर्धारित है।

### प्रबंधन की जिम्मेदारी

निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी में सूचीबद्धता विनियम–2015 और डीपीई दिशानिर्देशों में निर्धारित निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है।

### लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

1. हमारी जिम्मेदारी निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उसके कार्यान्वयन की जांच करने तक सीमित है। यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर राय की अभिव्यक्ति है।

2. कंपनी द्वारा निगमित शासन की आवश्यकताओं की शर्तों के अनुपालन पर उचित आश्वासन प्रदान करने के उद्देश्य से हमने कंपनी द्वारा बनाए गए बही खातों और अन्य प्रासंगिक रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की है।

3. हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी विशेष उद्देश्यों (संशोधित 2016) के लिए रिपोर्ट या प्रमाण–पत्र पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार कंपनी के प्रासंगिक रिकॉर्ड की जांच की है। मार्गदर्शन नोट के लिए यह आवश्यक है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी आचार संहिता की नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें। हमने गुणवत्ता मानक (एसक्यूसी) 1, फर्मों के गुणवत्ता नियंत्रण, जो लेखापरीक्षा और ऐतिहासिक वित्तीय जानकारी और अन्य आश्वासन और संबंधित सेवा संबद्धता की समीक्षा करती हैं, की प्रासंगिक लागू आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

### राय

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने निम्नलिखित को छोड़कर, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और डीपीई दिशानिर्देशों में निर्धारित निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन किया है:

क) जैसा कि निगमित शासन रिपोर्ट के पैरा सं. 2(ii) में कहा गया है, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में 01 अप्रैल, 2021 से 21 नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में कम से कम 50: स्वतंत्र निदेशक शामिल करने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(ख) की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया है।

ख) जैसा कि निगमित शासन रिपोर्ट के पैरा सं. 2(ii) में कहा गया है, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में 01 अप्रैल, 2021 से 21 नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में कम से कम 50% गैर–कार्यकारी निदेशक शामिल करने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(क) की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया है।

ग) जैसा कि निगमित शासन रिपोर्ट के पैरा सं. 3ग(ii) में कहा गया है, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी अधिसूचना द्वारा सरकारी कंपनियों को धारा 134(3)(च) के प्रावधानों के अनुपालन के लिए प्रदान की गई छूट को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने सूचीबद्धता विनियम–2015 के विनियम 17(10) का अनुपालन नहीं किया है, जिसके लिए संपूर्ण निदेशक मंडल द्वारा स्वतंत्र निदेशकों और सूचीबद्धता विनियम, 2015 के विनियम 25(4) द्वारा निष्पादन मूल्यांकन अपेक्षित है, जिसके गैर–स्वतंत्र निदेशकों, अध्यक्ष और समग्र रूप से निदेशक मंडल के निष्पादन के संबंध में समीक्षा की आवश्यकता है। तथापि, सूचीबद्धता समझौते के तहत समान छूट भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में विचाराधीन है।

घ) लेखापरीक्षा समिति की संरचना पर धारा 177 के सांविधिक प्रावधान, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना पर धारा 178 और कंपनी अधिनियम, 2013 के हितधारक संबंध समिति, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 18, 19, 20 और 21 तथा डीपीई दिशानिर्देशों के अध्याय 4 और 5 का कंपनी द्वारा 01 अप्रैल, 2021 से 02 दिसंबर, 2021 तक की अवधि के लिए अनुपालन नहीं किया गया था।

ड.) कंपनी अधिनियम, 2013 की हितधारक संबंध समिति और जोखिम प्रबंधन समिति की संरचना पर धारा 178 के सांविधिक प्रावधान, सेबी (एलओडीआर) 2015 के विनियम 18, 19, 20 और 21 और डीपीई दिशानिर्देशों के अध्याय 4 और 5 द्वारा 06 अगस्त, 2021 से 02 दिसंबर, 2021 तक की अवधि के लिए सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं कर रहे थे।

च) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17,18 और 19 के तहत गैर–अनुपालन के लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया है, जिसके खिलाफ कंपनी ने छूट के अनुरोध के साथ उत्तर प्रस्तुत किया है। तथापि, बीएसई ने 19 अप्रैल, 2021 के पत्र के माध्यम से 30 सितंबर, 2020 और 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए जुर्माने की माफी की सूचना दी है।

हम आगे उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

**उपयोग पर प्रतिबंध**

प्रमाणपत्र कंपनी के सदस्यों को केवल भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और डीपीई दिशानिर्देशों की आवश्यकता के अनुपालन करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है, और इसका उपयोग किसी अन्य व्यक्ति या किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। तदनुसार, हम किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए जिसे यह रिपोर्ट दिखाई गई है या जिसके हाथ में यह हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना आ सकती है, किसी भी दायित्व या देखभाल के किसी भी देयता या कर्तव्य को स्वीकार नहीं करते हैं।

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता./–
**प्रियांशु जैन**
भागीदार
सदस्यता सं. 530262
यूडीआईएनः 22530262ALOKIR8528

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता./–
**मनोज भारद्वाज**
भागीदार
सदस्यता सं. 098606
यूडीआईएनः 22098606ALOIEZ8647

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 24 जून, 2022**

अनुलग्नक –घ

# सचिवालय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

**31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**
**{कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी**
**(प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में}**

**सेवा में,**

**सदस्य,**

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

हमने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन में और गेल (इंडिया) लिमिटेड (जिसे बाद से गेल/कंपनी कहा गया है) द्वारा अच्छी कॉरपोरेट प्रथाओं के अनुपालन में सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई कि इसने हमें कॉर्पोरेट संहिता/सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन के लिए उचित आधार प्रदान किया और इस पर मैंने अपनी राय व्यक्त की है।

गेल के बही खातों, कागजात, लघु बही खातों, फॉर्म और दाखिल की गई रिटर्न तथा अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर और कंपनी द्वारा बनाए गए अन्य रिकॉर्ड और कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों को सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान, हम एतद्द्वारा यह रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह कि कंपनी में उचित बोर्ड–प्रक्रिया और अनुपालन–प्रणाली विद्यमान है और उसका नीचे दर्शाए अनुसार ढंग से अनुपालन किया गया है:

हमने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए गेल द्वारा रखे गए बही खातों, कागजातों लघु बही खातों, फार्मों, दाखिल रिटर्न और अन्य अभिलेखों की प्रावधानों के अनुसार जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(iii) भंडार अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत बनाए गए विनियम और उप–नियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधार की सीमा तक इसके अधीन बनाए गए नियम एवं विनियम;

(v) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित नियम और दिशानिर्देश:–

- (क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011;
- (ख) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015;
- (ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018;
- (घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश, 1999;
- (ड.) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और इनकी सूचीबद्धता) विनियम, 2008;
- (च) कंपनी अधिनियम और ग्राहक से निपटने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (निर्गम रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता) विनियम, 1993;
- (छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों को सूची से हटाना) विनियम, 2021;
- (ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना) विनियम, 2018;

(vi) कंपनी के निदेशक मंडल को प्रस्तुत की गई आंतरिक अनुपालन व्यवस्था के अंतर्गत आवधिक प्रमाण–पत्र के आधार पर कंपनी को सूचीबद्ध करने के लिए, नीचे सूचीबद्ध किए गए अन्य विशिष्ट लागू कानूनों (उद्योग के लिए लागू) के अधीन अनुपालन/प्रक्रिया/प्रणाली:

1) पेट्रोलियम अधिनियम, 1934
2) पेट्रोलियम नियमावली, 2002
3) ऑयलफील्ड (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948
4) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959
5) पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, 1962
6) विस्फोटक अधिनियम 1884 और भारतीय विस्फोटक नियम 1983
7) गैस सिलेण्डर नियम 2004
8) तेल उद्योग विकास अधिनियम, 1974
9) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड अधिनियम, 2006
10) सॉल्वेंट, राफिनेट एंड स्लॉप (अधिग्रहण, बिक्री, संग्रहण और ऑटोमोबाइल में उपयोग की रोकथाम) आदेश, 2000
11) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शहर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008
12) पेट्रोलियम उत्पाद (उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति का रखरखाव) आदेश, 1999
13) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 और पर्यावरण (संरक्षण नियम, 1986)
14) खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन और निपटान) नियम, 1989
15) ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000
16) जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) उपकर नियम, 1978
17) बैटरियां (प्रबंधन और निपटान) नियम, 2001
18) केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989
19) जल (प्रदूषण नियंत्रण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
20) वायु (प्रदूषण नियंत्रण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
21) खतरनाक रसायन निर्माण, संग्रहण और आयात नियम, 1989
22) एसएमपीवी (यू) नियम, 1990 द्वारा संशोधित अनुसार स्थिर और मोबाइल दबाव वेसल्स (अनफार्यड) नियम, 1981
23) भारतीय वन अधिनियम, 1927
24) ओजोन अवमूल्यन पदार्थ (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000
25) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000
26) भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय टेलीग्राफ नियम, 1951

27) भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी (वैश्विक समुद्री संकट और सुरक्षा प्रणाली का संचालन के लिए वाणिज्यिक रेडियो ऑपरेटर प्रमाण–पत्र दक्षता और लाइसेंस) नियम, 1994

28) भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933

29) खान अधिनियम, 1952

30) शस्त्र अधिनियम, 1959

हमने लागू खंडों के अनुपालन की भी निम्नानुसार जांच की है:

(क) भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित सचिवीय मानक।

(ख) भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के साथ इक्विटी सूचीकरण करार, एनएसई के साथ ऋण सूचीकरण करार तथा लंदन स्टॉक एक्सचेंज के साथ जीडीआर सूचीकरण करार; और

(ग) सीपीएसई (डीपीई दिशानिर्देश) के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देश।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने निम्नलिखित टिप्पणियों के अधीन उपर्युक्त अधिनियम, नियम, विनियम, दिशानिर्देश, मानक आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

**टिप्पणी सं. 1**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(क) का गैर–अनुपालन: कंपनी के बोर्ड में 01.04.2021 से 21.11.2021 तक गैर–कार्यकारी निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं थी और कंपनी के बोर्ड में 06.08.2021 से 17.11.2021 तक कम से कम एक महिला स्वतंत्र निदेशक नहीं थी।

**टिप्पणी सं. 2**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.4 के विनियम 17(1)(ख) का गैर–अनुपालन: कंपनी के बोर्ड में 01.04.2021 से 21.11.2021 तक अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

**टिप्पणी सं. 3**

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17(10) का गैर–अनुपालन कंपनी ने निदेशकों का निष्पादन मूल्यांकन नहीं किया है।

**टिप्पणी सं. 4**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 178, सेबी (एलओडीआर) 2015 के विनियम 18, 19 और 20 और डीपीई दिशानिर्देशों के अध्याय 4 और 5 का गैर–अनुपालन कंपनी की लेखापरीक्षा समिति तथा नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना में 01.04.2021 से 02.12.2021 तक सांविधिक आवश्यकताओं का पालन नहीं कर रही थी और हितधारक संबंध समिति और जोखिम प्रबंधन समिति की संरचना 06.08.2021 से 02.12.2021 की अवधि के लिए सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं कर रही थी।

**टिप्पणी सं. 5**

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.2 का अनुपालन न करना, बोर्ड पर कार्यात्मक निदेशकों की संरचना 01.04.2021 से 21.11.2021 की अवधि के लिए वास्तविक संख्या का 50% से अधिक थी।

**टिप्पणी सं. 6**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(4) का अनुपालन न करने पर कंपनी में 01.04.2021 से 21.11.2021 तक की अवधि के लिए कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं थी।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी ने गैर–कार्यकारी निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या के अभाव में 01.04.2021 से 21.11.2021 तक की अवधि के लिए और कंपनी के बोर्ड में कम से कम एक महिला स्वतंत्र निदेशक की अनुपस्थिति में 06.08.2021 से 17.11.2021 तक की अवधि को छोड़कर निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, जिसका गठन कंपनी अधिनियम, 2013, डीपीई दिशानिर्देशों और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसार किया जाना है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुए निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे।

आम तौर पर, सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठकें आयोजित करने के लिए पर्याप्त नोटिस दिया जाता है, कार्यसूची और कार्यसूची पर विस्तृत टिप्पणियां कम से कम सात दिन पहले भेजे गए थे और बैठक से पहले आगे सूचना एवं स्पष्टीकरण मांगने और प्राप्त करने तथा कार्यसूची मद पर सार्थक भागीदारी के लिए एक प्रणाली मौजूद है। कम समय के नोटिस पर एजेंडा भेजने सहित बैठक बुलाने के मामले में बैठक में उपस्थित सदस्यों की सहमति ली गई थी।

बोर्ड/समिति की बैठक(कों) में किए गए सभी निर्णय बैठक के दौरान उपस्थित सभी निदेशकों/सदस्यों की सर्वसम्मत सहमति से लिए गए थे।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप कंपनी में पर्याप्त प्रणालियां और प्रक्रियाएं मौजूद हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, कंपनी में उपर्युक्त संदर्भित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के मामलों पर प्रमुख प्रभाव डालने वाली कोई विशिष्ट घटना/कार्य नहीं हुआ है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17, 18, 19, 20 और 21 के तहत गैर–अनुपालन के लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया है, जिसके खिलाफ कंपनी ने छूट के अनुरोध के साथ उत्तर प्रस्तुत किया है।

**कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स,**
कंपनी सचिव,
आईसीएसआई विशिष्ट कोड: P2003DE049100
साथी समीक्षा प्रमाणपत्र सं. 626/2019

हस्ता./–
**सीएस गरिमा ग्रोवर**
भागीदार
एसीएस सं.: 27100
सी.पी.सं.: 23626

**दिनांक: 27 मई, 2022**
**स्थान: नई दिल्ली**
यूडीआईएन: A027100D000401562

इस रिपोर्ट को हमारे समसंख्यक दिनांक के पत्र के साथ पढ़ा जाए जो 'अनुलग्नक क' के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न हिस्सा है।

**अनुलग्नक – क**

प्रति,

सदस्यगण,

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

समसंख्यक तारीख की हमारी रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाए।

(i) सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। लेखापरीक्षा के लिए हमारे सामने प्रस्तुत किए गए अभिलेखों के हमारे निरीक्षण के आधार पर, इन सचिवीय अभिलेखों पर एक राय व्यक्त करना हमारा उत्तरदायित्व है।

(ii) हमने लेखापरीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया है जो सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित होते हैं, परीक्षण के आधार पर सत्यापन किया गया था। हम मानते हैं कि अनुसरण की जाने वाली प्रक्रियाएं और प्रथाएं हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं।

(iii) हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और लेखा पुस्तकों की शुद्धता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है और हमारी रिपोर्ट में अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा पहले ही बताई गई टिप्पणियों/टिप्पणियों/कमियों को शामिल नहीं किया गया है।

(iv) जहां–कहीं आवश्यक था, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाओं आदि के होने के बारे में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।

(v) कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी परीक्षा परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी और हमारी राय देने के लिए कि कंपनी के पास उचित बोर्ड–प्रक्रियाएं और अनुपालन–तंत्र है या नहीं।

(vi) सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में आश्वासन है और न ही उस प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

**कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स,**
कंपनी सचिव,
आईसीएसआई विशिष्ट कोडः P2003DE049100
साथी समीक्षा प्रमाणपत्र सं. 626/2019

हस्ता./–
**सीएस गरिमा ग्रोवर**
भागीदार
एसीएस सं.: 27100

**दिनांकः 27 मई, 2022**
**स्थानः नई दिल्ली**

**अनुलग्नक – ड.**

## निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों (कंपनी {निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसरण, (किसी भी सांविधिक आंशोधन(नों) या वर्तमान में पुनः लागू अधिनियमन सहित}) पर वार्षिक रिपोर्ट

### 1. कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा

आपकी कंपनी स्थानीय आबादी का जीवन स्तर बढ़ाने और आर्थिक कल्याण करने के लिए, सीएसआर परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है जो अपने कार्य केंद्रों और उसके आसपास के समुदायों को लाभान्वित करते हैं और समय के साथ परिणाम देते हैं। आपकी कंपनी उभरते मुद्दों की पहचान करने, परियोजनाओं को विकसित करने और चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने के प्रयास में समुदायों, सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य के साथ सहयोग करते हुए एक बहु–हितधारक दृष्टिकोण अपनाती है। आपकी कंपनी स्थिरता, मापनीयता और पारदर्शिता को अधिकतम करने के लिए अपने सीएसआर कार्यकलापों को पहचानने, उन्हें लागू करने, बनाए रखने और निगरानी में सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करने का प्रयास करती है। आपकी कंपनी का मानना है कि, यह लोगों की जरूरतों को पूरा करने, समुदायों को लाभान्वित करने और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए कार्य कर रही है जो अंततः व्यापक समुदाय को सतत प्रगति के लक्ष्य की ओर ले जाएगा।

कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप, सीएसआर नीति इस बात पर बल देती है कि अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से, आपकी कंपनी समाज/समुदाय में मूल्य सृजन को बढ़ाने का प्रयास करती है, जिसमें वह पर्यावरण की चिंता करते हुए समुदाय और समाज के लिए निरंतर विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी सेवाओं, आचरण और पहल के माध्यम से काम करती है।

सीएसआर कार्यक्रमों की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए एक सुदृढ़ निगरानी तंत्र मौजूद है। साइट का दौरा, नियमित परियोजना रिपोर्टिंग, दस्तावेजी साक्ष्य, परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आदि जैसी विभिन्न प्रणालियों के माध्यम से समय–समय पर निगरानी की जाती है।

जबकि आपकी कंपनी ने हमारे व्यावसायिक क्षेत्रों के आसपास के समुदायों के साथ काम करने के हमारे अनुभव के आधार पर, क़ानून की अनुसूची VII में पहचाने गए विभिन्न विषयों और क्षेत्रों पर सीएसआर परियोजनाओं और कार्यक्रमों को शुरू किया है, आपकी कंपनी ने अनुसूची में निर्धारित क्षेत्रों में से हस्तक्षेप किए जाने वाले सात प्रमुख क्षेत्रों को चुना है। ये सात प्रमुख क्षेत्र हमारे सभी सीएसआर कार्यकलापों के मूल में हैं, और इन्हें ठीक ही गेल हृदय कहा गया है।




आपकी कंपनी की सीएसआर पहल से वित्त वर्ष 2021–22 में देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में 25 लाख से अधिक लोगों को लाभ हुआ है।

गेल आरोग्य के तहत, स्वास्थ्य केन्द्रित पहलों जैसे कि 60 मोबाइल मेडिकल यूनिटों, एसटीआई क्लीनिकों, कोविड प्रतिक्रिया पहल, स्वास्थ्य शिविर, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों का प्रावधान, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराकर वंचित आबादी को चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में, आपकी कंपनी ने 4 राज्यों उत्तर प्रदेश (लखीमपुर खीरी, कासगंज, प्रयागराज, अयोध्या, औरैया), मध्य प्रदेश (पन्ना, सीधी, भिंड, गुना), राजस्थान (धौलपुर) और कर्नाटक (उडुपी, बीदर) में 12 सरकारी अस्पतालों में पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित और चालू किए हैं। माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने इन पीएसए संयंत्रों का उद्घाटन किया है। आपकी कंपनी द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य पहलों ने मौजूदा स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में कमियों को दूर करने में मदद की है।

गेल कौशल के तहत, लगभग 1500 व्यक्तियों को हाइड्रोकार्बन क्षेत्र, प्लास्टिक उत्पाद निर्माण, कंप्यूटर संचालन, डेटा एंट्री ऑपरेटर, कटिंग टेलरिंग, ब्यूटी कल्चर, दृष्टिबाधित लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण आदि से संबंधित व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षित लाभार्थियों में से 1200 से अधिक को विभिन्न क्षेत्रों में लाभकारी रूप से नियोजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक लाभार्थी सालाना संबंधित घरेलू आय में वृद्धि में योगदान देता है।

गेल उज्ज्वल सीएसआर पहल के तहत ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में 53000 से अधिक वंचित छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, सरकारी विद्यालयों में बुनियादी ढांचे के लिए सहायता तथा असम और म.प्र में भारत सरकार के अटल इनोवेशन मिशन। गेल उत्कर्ष परियोजना के तहत, 260 छात्रों को 4 उत्कर्ष केंद्रों – कानपुर, वाराणसी, हल्द्वानी और श्रीनगर में इंजीनियरिंग/मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए मुफ्त आवासीय कोचिंग प्रदान की गई। 2021–22 बैच की जेईई/मेडिकल परीक्षा अभी आयोजित की जानी है। तथापि, वित्त वर्ष 2021–22 में, 2020–21 बैच के परिणाम घोषित किए गए और परियोजना के तहत कुल 180 नामांकित छात्रों में से 167 छात्रों ने जेईई मेन (93% बैच परिणाम) और 94 छात्रों ने जेईई एडवांस (52% बैच परिणाम) उत्तीर्ण किया।

गेल सक्षम के तहत लगभग 1000 दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) को सहायता दी गई और सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस पहल ने दिव्यांगों में आत्मविश्वास का स्तर और गरिमा की भावना को बढ़ाया, दूसरों पर निर्भरता को कम करने के साथ–साथ आजीविका के अवसरों तक अधिक पहुंच प्राप्त करने में सशक्त बनाने में मदद की है।

### सीएसआर के तहत सहयोगात्मक परियोजनाएं

अपनी सहयोगी पहलों के भाग के रूप में, आपकी कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में छह कौशल विकास संस्थानों (एसडीआई) अर्थात् एसडीआई – रायबरेली, भुवनेश्वर, कोच्चि, विशाखापत्तनम, अहमदाबाद और गुवाहाटी को समर्थन दिया है। ये एसडीआई पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से स्थापित किए गए हैं और भारत सरकार के "कौशल भारत मिशन" के अनुरूप हैं। वित्त वर्ष 2021–22 में, आपकी कंपनी ने कौशल विकास संस्थानों (एसडीआई) के कैपेक्स और ओपेक्स के लिए ₹ 17.75 करोड़ की सहायता दी है।

एमओपीएनजी के मार्गदर्शन में, आपकी कंपनी ने तेल और गैस पीएसयू की ओर से 25,000 ऑक्सीजन सिलेंडर और रेगुलेटर खरीदे हैं, जिनमें से 3000 आपकी कंपनी द्वारा प्रदान किए गए थे। आपकी कंपनी संयुक्त रूप से चलाए गए इस अभियान की नोडल पीएसयू थी, जिसे कोविड के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्र की सहायता करने के लिए शुरू किया गया था। इसके अलावा, गेल ने तेल पीएसयू की संयुक्त रूप से संचालित पहल के तहत 1000 ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर्स की खरीद और वितरण में योगदान दिया।

**वित्त वर्ष 2021–22 के लिए कुल सीएसआर व्यय ₹ 204.97 करोड रुपए है अर्थात् पिछले तीन वित्तीय वर्षों के शुद्ध औसत लाभ का 3% इसके अलावा, डीपीई द्वारा निर्धारित अन्य अनिवार्य सीएसआर लक्ष्यों के संबंध में स्थिति निम्नानुसार है:**

| मद | वास्तव में प्राप्त ( ₹ में) |
|---|---|
| वित्त वर्ष 2021–22 में कुल सीएसआर व्यय | 204.97 करोड़ (2%) |
| विषयगत क्षेत्रः (स्वास्थ्य और पोषण जिसमें अस्थायी अस्पतालों और अस्थायी कोविड देखभाल सुविधाओं की स्थापना सहित कोविड संबंधित उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया है)<br>– लक्ष्य के मुकाबले 60% अनिवार्य सीएसआर खर्च अर्थात ₹ 81.88 करोड़। | 143.63 करोड़ |
| पीएम केयर्स फंड में योगदान | 65.00 करोड़ |
| स्वच्छता कार्य योजना | 28.39 करोड़ |
| आकांक्षी जिले | 15.62 करोड़ |

सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों और नीति के अनुपालन में है। इसके अलावा, सीएसआर गतिविधियों के लिए संवितरित निधि का उपयोग इस उद्देश्य के लिए और बोर्ड द्वारा अनुमोदित तरीके से किया गया है।

## 2. सीएसआर समिति की संरचना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(1) के प्रावधानों के अनुपालन में, 31.03.2022 को बोर्ड की सीएसआर समिति में निम्नलिखित शामिल हैं:

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | पदनाम/निदेशकता की प्रकृति | वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या | वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या में भाग लिया |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री मनोज जैन (14.02.2020 से) | अध्यक्ष, सीएसआर समिति | 4 | 4 |
| 02. | श्री एम.वी. अय्यर (01.02.022 से) | सदस्य, सीएसआर समिति | 1 | - |
| 03. | श्री अखिलेश जैन (03.12.2021 से) | सदस्य, सीएसआर समिति | 2 | 2 |
| 04. | श्री संजय कश्यप (03.12.2021 से) | सदस्य, सीएसआर समिति | 2 | 2 |

**3. कंपनी की वेबसाइट पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर समिति, सीएसआर नीति और सीएसआर परियोजनाओं की संरचना उद्धारित करने के लिए वेब–लिंक प्रदान किया गया है।**

(i) सीएसआर समिति की संरचना का वेब–लिंकः https://gailonline.com/CSRPolicy.html

(ii) सीएसआर नीति का वेब–लिंकः https://gailonline.com/CSRPolicy.html

(iii) बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं का वेब–लिंकः https://gailonline.com/pdf/CSR/CSRProjectsFY202122.pdf

**4. कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम 2014, यदि लागू हो, के नियम 8 के उप–नियम (3) के अनुसरण में किए गए सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन का विवरण प्रदान करें (रिपोर्ट संलग्न करें)।**

कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम 2014 के नियम 8 के उप–नियम (3) के अनुसरण में, वित्त वर्ष 2019–20 की पात्र सीएसआर परियोजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन वित्त वर्ष 2021–22 में स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किया गया है। (अनुलग्नक ड.1 में संलग्न रिपोर्ट)

नियम 8 के उप–नियम (3) के अनुसार, एक करोड़ रुपए या उससे अधिक के परिव्यय वाली सीएसआर परियोजनाओं जिन्होंने अध्ययन करने से पहले एक वर्ष से कम पूरा न किया हो, के प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा।

**5. 2014 कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 7 के उप–नियम (3) के अनुसरण में निर्धारित उपलब्ध राशि का विवरण, और वित्तीय वर्ष में समायोजन के लिए अपेक्षित आवश्यक राशि, यदि कोई हो।**

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | पूर्व वित्तीय वर्ष में समायोजन के लिए अपेक्षित राशि, यदि कोई हो (रुपए में) | वित्तीय वर्ष में समायोजन के लिए अपेक्षित राशि, यदि कोई हो (रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 2021-22 | 5.76 करोड | 5.76 करोड़ |

**6. धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभः ₹ 6823.02 करोड़**

7. (क) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशतः ₹ 136.46 करोड़
(ख) पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष – शून्य
(ग) वित्तीय वर्ष के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई होः ₹ 5.76 करोड़
(घ) वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर उत्तरदायित्व (7क+7ख–7ग): ₹ 130.70 करोड़

8. (क) वित्तीय वर्ष के लिए खर्च या अव्ययित सीएसआर राशिः
व्यय की गई राशि– 204.97 करोड़ रुपए,
अव्ययित राशि – शून्य
(ख) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के लिए व्यय की गई सीएसआर राशि का विवरणः ₹ 38.76 करोड़ (विवरण अनुलग्नक ड.8 (ख) प्रारूप के अनुसार संलग्न है)।

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के अलावा अन्य पर खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरणः ₹ 157.69 करोड़ (विवरण अनुलग्नक ड. 8 (ग) प्रारूप के अनुसार संलग्न है)।

(घ) प्रशासनिक उपरिव्यय में खर्च की गई राशिः ₹ 8.26 करोड़

(ड.) प्रभाव आकलन पर व्यय की गई राशि, यदि लागू होः ₹ 0.26 करोड़

(च) वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि (8ख+8ग+8घ+8ड.): ₹ 204.97 करोड़

(छ) समायोजन के लिए अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो

| क्र.सं. | विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | धारा 135(5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत | 136.46 |
| (ii) | वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गई कुल राशि | 204.97 |
| (iii) | वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गई अतिरिक्त राशि {(ii)–(i)} | 74.27* |
| (iv) | पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या | |
| | गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष, यदि कोई हो | शून्य |
| (v) | आगामी वित्तीय वर्षों में समायोजन के लिए उपलब्ध राशि {(iii)–(iv)} | 74.27 |

*वित्त वर्ष 2021–22 के लिए कुल सीएसआर उत्तरदायित्व उपर्युक्त) 7(घ) के अनुसार ₹ 130.70 करोड़ है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई अधिक राशि की गणना तदनुसार ₹ 74.27 करोड़ (204.97 करोड़ रुपए – ₹130.70 करोड) के रूप में की गई है।

**9. (क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए अव्ययित सीएसआर राशि का विवरणः शून्य**

**(ख) पिछले वित्तीय वर्ष (वर्षों) की चल रही परियोजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष में खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरणः शून्य**

**10. पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के मामले में, वित्तीय वर्ष में खर्च किए गए सीएसआर के माध्यम से इस प्रकार सृजित या अर्जित की गई संपत्ति से संबंधित विवरण प्रस्तुत करें –**

**शून्य (संपत्ति–वार विवरण)।**

**(क) पूंजीगत संपत्ति(यों) के निर्माण या अधिग्रहण की तिथिः लागू नहीं**

**(ख) पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के लिए खर्च की गई सीएसआर की राशिः लागू नहीं**

**(ग) संस्था या सार्वजनिक प्राधिकारी या लाभार्थी का विवरण, जिनके नाम पर ऐसी पूंजीगत संपत्ति पंजीकृत है, उनका पता आदिः लागू नहीं**

**(घ) सृजित या अर्जित (पूंजीगत परिसंपत्ति का पूरा पता स्थान सहित) पूंजीगत संपत्ति(यों) का विवरण प्रदान करें: लागू नहीं**

**11. यदि कंपनी धारा 135(5) के अनुसार औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है तो कारण निर्दिष्ट करें: लागू नहीं**

**हस्ता../–**<br>
**मनोज जैन**<br>
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**<br>
**और अध्यक्ष, सीएसआर समिति (डीआईएनः 07556033)**

अनुलग्नक ड.1

## डेलॉइट, केपीएमजी और लोक उद्यम संस्थान (आईपीई) के माध्यम से वित्त वर्ष 2019–20 की पात्र सीएसआर परियोजनाओं का तृतीय पक्ष प्रभाव आकलन अध्ययन

### परियोजना 1: गेल आरोग्य – विभिन्न राज्यों में 56 एमएमयू के संचालन के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाए

**परियोजना का उद्देश्य:** ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर समूहों के लिए मोबाइल चिकित्सा इकाइयों (एमएमयू) के माध्यम से सामर्थ्य, पहुंच, जागरूकता और उपलब्धता सुनिश्चित करके मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।

**प्रमुख लाभार्थी:**

- **प्राथमिक हितधारक:** इसमें प्रत्यक्ष लाभार्थी (रोगी) और उनके परिवार, एमएमयू कर्मचारी जैसे डॉक्टर, फार्मासिस्ट, कम्युनिटी मोबिलाइजर और ड्राइवर शामिल हैं।
- **माध्यमिक हितधारक:** इसमें गेल सीएसआर टीम, परियोजना प्रबंधन कर्मचारी, सरकारी सेवा प्रदाता और कार्यालय जैसे ग्राम पंचायत पदाधिकारी, पीएचसी डॉक्टर और ब्लॉक स्तर के प्रबंधक शामिल हैं।

**परियोजना का प्रभाव:** परियोजना ने 56 एमएमयू के माध्यम से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, बिहार, गुजरात, असम, झारखंड, पश्चिम बंगाल और दिल्ली एनसीआर के 43 जिलों के गांवों/दूरस्थ स्थानों को कवर किया।

**परियोजना का परिणाम:**

- विभिन्न स्वास्थ्य रोगों/समस्याओं, डब्ल्यूएएसएच आदि के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में वृद्धि ने बीपीएल परिवारों को परामर्श और उपचार प्राप्त करने में मदद की है जिससे दवा के लिए 200–2000 रुपए की बचत हुई है और यात्रा के समय में कमी आई है।
- मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन जैसी अतिरिक्त सेवाओं के प्रावधान में वृद्धि।

### परियोजना 2: गेल उत्कर्ष – इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए विशेष आवासीय कोचिंग हेतु सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश केंद्रों में 200 छात्रों के लिए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा हेतु विशेष आवासीय कोचिंग प्रदान करना।

**प्रमुख लाभार्थी:** पूर्व छात्र, संकाय सदस्य, कार्यान्वयन एजेंसी के परियोजना प्रबंधक और गेल के परियोजना समन्वयक।

**परियोजना का प्रभाव:** उत्कर्ष केंद्रों में शिक्षित 200 छात्रों में से 174 को इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला मिला। कानपुर, द्वाराहाट और श्रीनगर केंद्रों के क्रमश: 81.7%, 86.2% और 72.9% छात्रों ने प्रतिष्ठित संस्थानों में इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में दाखिला प्राप्त किया।

**परियोजना का परिणाम:**

- सभी तीन विषयों: भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में सीखने के परिणामों में वृद्धि।
- छात्रों ने बताया कि आत्म–सम्मान और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।
- एक बार जब छात्र इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के बाद नियोजित हो जाता है, तो गरीबी के दुष्चक्र को तोड़ने के लिए दीर्घकालिक सामाजिक आर्थिक लाभ की संभावना बढ़ जाती है। छात्र मानते हैं और इस बात से सहमत हैं कि इसका भविष्य पर प्रभाव पड़ता है।

### परियोजना 3: 7 राज्यों – असम (गुवाहाटी), गुजरात (अहमदाबाद), हिमाचल प्रदेश (बद्दी), राजस्थान (जयपुर), तेलंगाना (हैदराबाद), त्रिपुरा (अगरतला) और उत्तर प्रदेश (लखनऊ) में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) के माध्यम से वंचित/बेरोजगार युवाओं के लिए प्लास्टिक उत्पाद निर्माण में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**परियोजना का उद्देश्य:** वंचित और बेरोजगार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनने के लिए प्लास्टिक उत्पाद निर्माण/आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीकों में आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करना।

**प्रमुख लाभार्थी:** लाभार्थी, प्रशिक्षक, कार्यान्वयन एजेंसी के परियोजना कर्मचारी, गेल के परियोजना समन्वयक।

**परियोजना का प्रभाव:** व्यापक प्रशिक्षण मॉडल के परिणामस्वरूप कुल 230 उम्मीदवारों में से 205 (93%) को नौकरी मिली।

**परियोजना का परिणाम:**

- वैश्विक महामारी के बाद, प्लास्टिक निर्माण उद्योग में लगे उम्मीदवारों की आय और बचत में वृद्धि हुई। उन्होंने दावा किया कि उनकी नौकरी से परिवार की वार्षिक आय में लगभग 200–400 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- अधिकांश उम्मीदवार इस बात से सहमत थे कि उन्हें प्राप्त प्रशिक्षण उत्कृष्ट और बहुत व्यावहारिक था, जिससे उनकी शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि हुई।
- उम्मीदवारों के बीच आकांक्षाओं, आत्मविश्वास और सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखे गए।

### परियोजना 4: चयनित 22 एथलेटिक उम्मीदवारों के प्रशिक्षण के लिए गेल इंडियन स्पीडस्टार–सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** 11–17 वर्ष के आयु वर्ग के 22 युवा एथलीटों को स्प्रिंटिंग (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर) में प्रशिक्षित करना और उनका विकास करना।

**प्रमुख लाभार्थी:** एथलीट, प्रशिक्षण कोच, कार्यान्वयन एजेंसी के परियोजना कर्मचारी, गेल के परियोजना समन्वयक।

**परियोजना का प्रभाव:** जमीनी स्तर पर प्रतिभा खोज सुनिश्चित करने के लिए पूरे भारत के लगभग 250 जिलों में जिला स्तर के परीक्षणों के साथ, तीन सत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों से एथलीटों का चयन किया गया था। चयनित 22 उम्मीदवारों में से 13 महिलाएं थीं।

**परियोजना का परिणाम:**

- 100% सर्वेक्षण किए गए एथलीटों ने कार्यक्रम की सराहना की क्योंकि इससे उन्हें शीर्ष स्तरीय प्रशिक्षण, उपकरण और पोषण तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिली, जिसे वे अन्यथा वहन नहीं कर पाते।
- यूरेशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2019, कजाकिस्तान में मिश्रित 4x400 मीटर रिले में स्वर्ण जैसे 25 पुरस्कार, पुरस्कार और पदक; गोल्ड मेडल, 400 मीटर गर्ल्स अंडर–17, खेलो इंडिया 2020, असम आदि।

### परियोजना 5: कराईकल (पुडुचेरी), उदयपुर (राजस्थान), गिरिडीह (झारखंड) और दतिया (एमपी) में दिव्यांगजनों को सहायता और सहायक उपकरणों के वितरण के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) को सहायता और उपकरण प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना और उन्हें जीवन की सामान्य धारा में लाना।

**प्रमुख लाभार्थी:** दिव्यांग लाभार्थी, कार्यान्वयन एजेंसी के परियोजना कर्मचारी, गेल के परियोजना समन्वयक।

**परियोजना का परिणाम:** सभी लाभार्थियों के पास सहायक उपकरण और सहायता तक पहुंच थी क्योंकि उन्हें पूरी तरह से सब्सिडी दी गई थी और उनके घरों तक पहुंचाया गया था।

**परियोजना का परिणाम:**

- सहायता और सहायक उपकरणों का उपयोग करने के बाद आत्मविश्वास में वृद्धि और दूसरों पर कम निर्भरता।
- उपकरणों ने लाभार्थियों को अध्ययन करने, कम दूरी की यात्रा करने और आजीविका सृजन गतिविधियों में शामिल होने में सक्षम बनाया है।

**परियोजना 6(i): उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले में पेयजल एवं शौचालय उपलब्ध कराकर सरकारी स्कूलों के विकास में सहयोग।**

**परियोजना का उद्देश्य:** सरकारी स्कूलों में साफ–सफाई और सुरक्षित पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना

| | एनजीआरबीसी सिद्धांत | विनियामक / प्रवर्तन एजेंसियों / न्यायिक संस्थानों का नाम | मामले का संक्षिप्त विवरण | क्या अपील की गई है? (हां / नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| कारावास | 1 | सीबीआई | वर्ष के दौरान, श्री ई.एस. रंगनाथन के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। | पीएसयू के निदेशक मंडल के खिलाफ कारावास का मामला भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय के दायरे में आता है। |
| सजा: | शून्य | | | |

**3. उपर्युक्त प्रश्न 2 में प्रदर्शित मामलों में से, उन मामलों में अपील / संशोधन का विवरण दिया गया है जहां मौद्रिक या गैर–मौद्रिक कार्रवाई की अपील की गई है।**

| मामले का विवरण | विनियामक / प्रवर्तन / एजेंसियों / न्यायिक संस्थानों का नाम |
|---|---|
| इसके अलावा उल्लिखित एक दंड / जुर्माने के विवरण के मामले में कंपनी ने क्रमशः उनके पत्र दिनांक 18.05.2021, 24.08.2021, 25.11.2021, 25.02.2022 के द्वारा तिमाही–वार प्रतिक्रिया प्रस्तुत की है और जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया है, क्योंकि गेल के बोर्ड में निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। | सेबी |

**4. क्या कंपनी में भ्रष्टाचार–रोधी या रिश्वत विरोधी नीति है? यदि हां, तो संक्षेप में विवरण प्रदान करें और यदि उपलब्ध हो तो नीति का वेब–लिंक प्रदान करें।**

गेल, अपनी, इसकी सहायक कंपनियों के साथ–साथ गेल सतर्कता विभाग के अधिकार क्षेत्र वाले संयुक्त उद्यमों (जेवी) में रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए गेल केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों और परिपत्रों का पालन करता है। केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार, गेल ने कार्यों, वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एक करोड़ से अधिक मूल्य की अपनी निविदाओं में खरीद में सत्यनिष्ठा समझौते के प्रावधान को अपनाया है। सत्यनिष्ठा समझौता निविदा और शिकायतों के समाधान, यदि कोई हो, में सीवीसी की स्थापित प्रक्रियाओं, नीतियों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए स्वतंत्र मंच प्रदान करता है। वर्तमान में, गेल के पास सभी निविदाओं में आईपी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए तीन स्वतंत्र बाहरी मॉनिटरों (आईईएम) का एक पैनल है।

गेल द्वारा व्हिसल ब्लोअर नीति अपनाई गई है (Circular_Whistle Blower Policy_12.02.2019-english.pdf (gailonline.com).। यह नीति गेल के कर्मचारियों और निदेशकों पर लागू है। नीति कर्मचारियों को अनैतिक व्यवहार के बारे में वास्तविक समस्याओं की रिपोर्ट करने के लिए एक चैनल प्रदान करती है या धोखाधड़ी और किसी भी उत्पीड़न से एक व्हिसल ब्लोअर की सुरक्षा करता है।

गेल ने धोखाधड़ी निवारण नीति भी तैयार की है। यह नीति गेल के साथ व्यावसायिक लेन–देन के संबंध में धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी पर लागू होती है, जिसमें कर्मचारी (कर्मचारियों), पूर्व कर्मचारी, सलाहकार, तदर्थ / अस्थायी / अनुबंध के आधार पर काम करने वाले व्यक्तियों, विक्रेता(ओं), आपूर्तिकर्ता(ओं), ठेकेदार(रों), ग्राहक(कों), ऋणदाता(ओं), सलाहकार(रों), सेवा प्रदाता(ओं), किसी भी बाहरी एजेंसी (एजेंसियों) या उनके प्रतिनिधि(यों), ऐसी एजेंसियों और / या किसी अन्य पक्ष के कर्मचारी शामिल होते हैं।

गेल धोखाधड़ी निवारण नीति का लिंक – https://gailonline.com/pdf/others/FraudPreventionPolicy.pdf और धोखाधड़ी निवारण नीति के लिए नामित नोडल अधिकारी (अधिकारियों) का लिंक – https://www.gailonline.com/pdf/others/NominatedNodalOfficersforFraudPreventionPolicy.pdf (gailonline.com)

**5. निदेशकों / केएमपी / कर्मचारियों / कामगारों की संख्या जिनके खिलाफ रिश्वत / भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए किसी कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी।**

वर्ष के दौरान, सीबीआई द्वारा एक निदेशक के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

**6. हितों के टकराव के संबंध में शिकायतों का विवरणः**

| | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्तीय वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | टिप्पणियां | संख्या | टिप्पणियां |
| निदेशकों के हितों के टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| केएमपी के हितों के टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**नेतृत्व संकेतक**

**1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर मूल्य श्रृंखला भागीदारों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रमः**

| आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या | प्रशिक्षण के अंतर्गत शामिल विषय/सिद्धांत | जागरूकता कार्यक्रमों के तहत कवर किए गए मूल्य श्रृंखला भागीदारों का प्रतिशत (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य के अनुसार) |
|---|---|---|
| 35 औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और कई अन्य अवसरों पर अन्य कई प्रशिक्षण कार्यक्रम/समारोह/संगोष्ठी व्यवसाय आदि आयोजित किए गए। | एनजी पाइपलाइन व्यवसाय, सीजीडी व्यवसाय, एएसएमई मानक, गैस परिवहन व्यवसाय आदि। | * |

*हम नियमित व्यावसायिक आवश्यकताओं के भाग के रूप में गेल इंडिया में कई प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र आयोजित करते हैं। गेल कवर किए गए मूल्य श्रृंखला भागीदार का प्रतिशत एकत्र कर रहा है और इसका खुलासा भावी रिपोर्ट में किया जाएगा।

**2. क्या बोर्ड के सदस्यों से जुड़े हितों के टकराव से बचने/प्रबंधन के लिए कंपनी में कोई व्यवस्था हैं? (हां/नहीं) यदि हां, तो उसका विवरण दें।**

जी हां, गेल की हितों के टकराव संबंधी नीतियों में उल्लेख किया गया हैं किः जब भी किसी निदेशक का किसी एजेंडा/मामले में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा होता है, तो वे चर्चा में भाग लेने से परहेज करते हैं। प्रत्येक निदेशक किसी कंपनी या निकाय की कॉर्पोरेट फर्म, या व्यक्तियों के अन्य संघ में अपनी रुचि का प्रकटीकरण लिखित में नोटिस देकर करता है; और इसे बोर्ड के समक्ष रखा जाता है। संबंधित नीति लिंक नीचे दिया गया हैः https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILRelatedPartyTransactionPolicyMarch2022.pdf

## सिद्धांत 2 व्यवसायों को सामान और सेवाएं इस तरह से प्रदान करनी चाहिए कि वे स्थायी और सुरक्षित हों

**अनिवार्य संकेतक**

1. कंपनी द्वारा किए गए कुल अनुसंधान एवं विकास तथा पूंजीगत व्यय निवेश के लिए उत्पाद और प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों में सुधार के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में आरएंडडी और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) निवेश का प्रतिशत।

| | 2021-22 | 2020-21 | पर्यावरणीय सामाजिक प्रभावों के सुधार का विवरण |
|---|---|---|---|
| आरएंडडी (सहयोगी अनुसंधान कार्यों पर राजस्व व्यय)* | भारतीय रुपए 11.73 करोड़ | भारतीय रुपए 10.92 करोड़ | *शुरू की गई सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएं मुख्य रूप से हरित हाइड्रोजन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित हैं; बैटरी प्रौद्योगिकी; सीओ2 उपयोग और अपशिष्ट मूल्यांकन; प्रक्रिया को इष्टतम बनाना; पाइपलाइन अखंडता प्रबंधन और कैटेलिस्ट आदि का विकास। |
| पूंजीगत व्यय (नवाचार गतिविधियां)# | भारतीय रुपए 231.97 करोड | भारतीय रुपए 9.2 करोड़ | #नवाचार/विकासात्मक पहल तकनीकी उन्नयन कार्य हैं जो साइटों पर किए जाते हैं जिससे दक्षता/सुरक्षा और प्रक्रिया अनुकूलन आदि में सुधार होता है। |
| **कुल** | **243.70** | **20.12** | |

**2. क) क्या स्थायी सोर्सिंग के लिए कंपनी में प्रक्रियाएं हैं? (हां/नहीं)**

**ख) यदि हां, तो कितने प्रतिशत निवेशों को स्थायी रूप से प्राप्त किया गया?**

– जी हाँ। गेल में हरित खरीद प्रथाएं हैं जो पारदर्शी, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल खरीद प्रथाओं को सक्षम बनाती हैं। सभी ई–निविदाओं के लिए एक समर्पित पोर्टल है जिसे https://gailonline.com/Tender.html पर देखा जा सकता है।

– इसके अतिरिक्त, गेल उन सभी सरकारी नीतियों को लागू करता है जो हमारी स्थायी सोर्सिंग में योगदान करती हैं, जैसे कि घरेलू रूप से निर्मित लौह और इस्पात उत्पादों पर, घरेलू रूप से निर्मित उत्पादों, सेवाओं या दूरसंचार, घरेलू रूप से निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों (डीएमईपी) से संबंधित कार्यों को वरीयता देने के लिए खरीद वरीयता नीति – वरीय बाजार पहुंच नीति, एमओपीएंडएनजी आदि की पीपीपीःएमआईआई नीति के तहत वरीयता।

– ई–निविदाओं ने कागज के उपयोग को कम करने में योगदान दिया है और यह कंपनी की हरित पहल के रूप में विकसित हुई है। हमारा आईटी विभाग अन्य विभागों के सहयोग से पोर्टल के निर्बाध कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करता है और हमें आईटी सेवाओं का विस्तार करने में मदद करता है।

3. **(क) प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) (ख) ई–कचरा (ग) खतरनाक अपशिष्ट और (घ) अन्य अपशिष्ट के उनकी आयु पूरा होने पर उनके पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और निपटान के लिए अपने उत्पादों को सुरक्षित रूप से पुनः प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का उल्लेख करें।**

– हमारी अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया में, हमारा लक्ष्य खतरनाक और गैर–खतरनाक दोनों तरह के कचरे को कम करना है। इसके अतिरिक्त, हम गेल की साइटों पर 3–आर कार्यनीति के तहत इस कचरे को कम करने, पुनः उपयोग करने, पुनर्चक्रण का भी पालन करते हैं, जिससे हमारे कचरे को कम करने का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में प्रगति तेज होती है। स्रोत पर कचरे को कम करने की और अधिक विचारों की खोज के लिए या संचालन में छोटे बदलावों के माध्यम से हम आंतरिक और बाहरी एजेंसियों (एसपीसीबी/तृतीय पक्ष लेखापरीक्षा) के माध्यम से अपशिष्ट लेखापरीक्षा करते हैं, यह विनियमों के अनुसार हमारे अपशिष्ट प्रबंधन अनुपालन का पता लगाने में भी मदद करता है। हम गर्व से साझा कर रहे हैं कि अपशिष्ट लेखापरीक्षा के अनुसार व्यवसाय संचालन या उत्पाद का कोई अपशिष्ट संबंधी प्रभाव नहीं पाया गया।

4. **क्या विस्तारित निर्माता उत्तरदायित्व (ईपीआर) कंपनी की गतिविधियों पर लागू होता है (हां/नहीं)। यदि हां, तो क्या कचरा संग्रहण योजना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) योजना के अनुरूप है? यदि नहीं, तो इसके समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दें।**

जी नहीं, ईपीआर कंपनी की गतिविधियों पर लागू नहीं होता है। तथापि, एक जिम्मेदार और प्रतिबद्ध कंपनी होने के नाते हम सभी लागू सरकारी नियमों का पालन करते हैं।

## नेतृत्व संकेतक

1. क्या कंपनी ने अपने किसी उत्पाद (विनिर्माण उद्योग के लिए) या अपनी सेवाओं (सेवा उद्योग के लिए) के लिए जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/आकलन (एलसीए) किया है? यदि हां, तो निम्नलिखित प्रारूप में विवरण प्रदान करें?

| उत्पाद/सेवा का नाम | कुल कारोबार का % योगदान | वह सीमा जिसके लिए जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/मूल्यांकन किया गया था | क्या स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा कराया गया (हां/नहीं) | सार्वजनिक डोमेन में सूचित परिणाम (हां/नहीं) यदि हां, तो वेब–लिंक प्रदान करें |
|---|---|---|---|---|
| नेफ्था | 0.34 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर *¹ | हाँ | नहीं |
| पेंटेन | 0.20 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| प्रोपेन | 0.25 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| एलपीजी | 4.3 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| ईथीलीन | 0.00 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| प्रोपलीन | 0.24 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| मिश्रित ईंधन तेल | 0.18 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |

*¹ वर्तमान में एलसीए केवल 1 संयंत्र (अर्थात् पाता) के लिए आयोजित किया जाता है, भविष्य में अन्य संयंत्रों के लिए भी एलसीए आयोजित किया जाएगा।

2. **यदि आपके उत्पादों /सेवाओं के उत्पादन या निपटान से उत्पन्न होने वाली कोई महत्वपूर्ण सामाजिक या पर्यावरणीय समस्याएं और/या जोखिम हैं, जैसा कि जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/आकलन (एलसीए) में या किसी अन्य माध्यम से पहचाना गया है, तो उसे कम करने की कार्रवाई के साथ–साथ संक्षेप में उसका वर्णन करें।**

| क्र. सं. | उत्पाद का नाम | जोखिम का विवरण | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|---|
| 1 | नेफ्था | उच्च जोखिमः ग्लोबल वार्मिंग मध्यम जोखिमः समुद्री पारिस्थितिकी विषाक्तता, मानव कैंसर जनित विषाक्तता और शुद्ध पानी की पारिस्थितिकी विषाक्तता | गेल इनमें से कुछ जोखिमों को दूर करने के लिए कार्बन हटाने की कार्यनीति विकसित कर रहा है |
| 2 | पेंटेन | | |
| 3 | प्रोपेन | | |
| 4 | एलपीजी | | |
| 5 | ईथीलीन | | |
| 6 | प्रोपलीन | | |
| 7 | मिश्रित ईंधन तेल | | |

**3. उत्पादन (निर्माण उद्योग के लिए) या सेवाएं प्रदान करने (सेवा उद्योग के लिए) में उपयोग की जाने वाली कुल सामग्री (मूल्य के अनुसार) में रीसाइकल या पुनः उपयोग की गई इनपुट सामग्री का प्रतिशत।**

1% से कम

**4. उत्पादों की आयु के पूरा होने पर निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार पुनः उपयोग, रीसाइकल और सुरक्षित रूप से निपटाई गई मात्रा की राशि (मीट्रिक टन में):**

प्राकृतिक गैस संचरण और विपणन के मामले में उत्पाद पैकेजिंग को पुनः प्राप्त करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

गेल की पॉलीमर पैकिंग को द्वितीयक और तृतीयक बाजारों के माध्यम से रीसाइकल किया जा रहा है। हम इस डेटा को प्राप्त करने के लिए अपने सिस्टम को अंतिम रूप देने और अद्यतन करने की प्रक्रिया में हैं, और इसे वित्त वर्ष 2022–23 में अद्यतन किया जाएगा।

| | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्त वर्ष) | | | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्त वर्ष) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुनः उपयोग | रीसाइकल | सुरक्षित निपटान | पुनः उपयोग | रीसाइकल | सुरक्षित निपटान |
| प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध |
| ई–कचरा | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध |
| खतरनाक अपशिष्ट | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध |
| अन्य अपशिष्ट | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध | अनुपलब्ध |

एन/ए : अनुपलब्ध

**5. प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के लिए पुनः दावा किए गए उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री (बेचे गए उत्पादों के % के रूप में)। (पुनर्प्राप्त उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री संबंधित श्रेणी में बेचे गए कुल उत्पादों के रूप में उत्पाद श्रेणी बताएं)**

प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन और विपणन के मामले में उत्पाद पैकेजिंग को पुनः प्राप्त करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

## सिद्धांत 3: व्यवसायों को सभी कर्मचारियों का सम्मान करना चाहिए और उनके कल्याण को बढ़ावा देना चाहिए, जिसमें उनकी मूल्य श्रृंखलाएं भी शामिल हैं

### अनिवार्य संकेतक

**1. क. कर्मचारियों के कल्याण के लिए उपायों का विवरण:**

कर्मचारी लाभों में वेतन, मजदूरी, अंशदायी भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, अप्रयुक्त छुट्टी के लिए छुट्टी नकदीकरण, अनुपस्थिति के लिए भुगतान, सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ और अन्य टर्मिनल लाभ शामिल हैं। सभी अल्पकालिक कर्मचारी हितलाभों को उनकी अघोषित राशि पर उस लेखा अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें वे खर्च किए जाते हैं।

| श्रेणी | द्वारा कवर किए गए कर्मचारियों का % | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | स्वास्थ्य बीमा | | दुर्घटना बीमा | | मातृत्व लाभ | | पितृत्व लाभ | | डे केयर सुविधाएं | |
| | | संख्या (ख) | % (ख/क) | संख्या (ग) | % (ग/क) | संख्या (घ) | % (घ/क) | संख्या (ङ) | % (ङ/क) | संख्या (च) | % (च/क) |
| **स्थायी कर्मचारी** | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 3,621 | 3,621 | 100% | 3,621 | 100% | लागू नहीं | लागू नहीं | 3,621 | 100% | शून्य | 0% |
| महिला | 272 | 272 | 100% | 272 | 100% | 272 | 100% | लागू नहीं | लागू नहीं | शून्य | 0% |
| **कुल** | **3,893** | **3,893** | **100%** | **3,893** | **100%** | **272** | **7%** | **3,621** | **93%** | **शून्य** | **0%** |
| **स्थायी कर्मचारियों के अलावा** | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| महिला | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **कुल** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** | **लागू नहीं** |

एन/ए : लागू नहीं

**ख. श्रमिकों के कल्याण के लिए उपायों का विवरण:**

| श्रेणी | निम्न द्वारा कवर किए गए श्रमिकों का % | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | स्वास्थ्य बीमा | | दुर्घटना बीमा | | मातृत्व लाभ | | पितृत्व लाभ | | डे केयर सुविधाएं | |
| | | संख्या (ख) | % (ख/क) | संख्या (ग) | % (ग/क) | संख्या (घ) | % (घ/क) | संख्या (ङ) | % (ङ/क) | संख्या (च) | % (च/क) |
| **स्थायी कामगार** | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 824 | 824 | 100% | 824 | 100% | लागू नहीं | लागू नहीं | 824 | 100% | शून्य | 0% |
| महिला | 36 | 36 | 100% | 36 | 100% | 36 | 100% | लागू नहीं | लागू नहीं | शून्य | 0% |
| **कुल** | **860** | **860** | **100%** | **860** | **100%** | **36** | **4.18** | **824** | **95.82** | **शून्य** | **0%** |

| स्थायी श्रमिकों के अलावा | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 12,694 | 12,694 | 100% | 12,694 | 100% | लागू नहीं | लागू नहीं | 12,694 | 100% | शून्य | 0% |
| महिला | 380 | 380 | 100% | 380 | 100% | 380 | 100% | लागू नहीं | लागू नहीं | शून्य | 0% |
| **कुल** | **13,074** | **13,074** | **100%** | **13,074** | **100%** | **380** | **2.9%** | **12,694** | **97.09%** | **शून्य** | **0%** |

**2. चालू वित्त वर्ष और गत वित्तीय वर्ष के लिए सेवानिवृत्ति लाभों का विवरण।**

गेल के सभी स्थायी कर्मचारी भविष्य निधि के पात्र हैं और ठेका श्रमिक कर्मचारी राज्य बीमा योजना, कामगार मुआवजा अधिनियम, अन्य सांविधिक लाभ/भुगतान आदि के अंतर्गत आते हैं। गेल में, ठेकेदारों के लिए दुर्घटना बीमा के तहत अपने संबंधित श्रमिक को कवर करना अनिवार्य है।

| लाभ | वित्त वर्ष 2021–22 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2020–21 गत वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में शामिल श्रमिकों की संख्या | कटौती की गई और प्राधिकारी को जमा की गई (हां/नहीं/लागू नहीं) | कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में शामिल श्रमिकों की संख्या | कटौती की गई और प्राधिकारी को जमा की गई (हां/नहीं/लागू नहीं) |
| भविष्य निधि | 100% | 100% | हाँ | 100% | 100% | हाँ |
| ग्रेच्यूटी | 100% | 100% | हाँ | 100% | 100% | हाँ |
| ईएसआई | 0% | 100% | हाँ | 0% | 100% | हाँ |
| अन्य – कृपया उल्लेख करें | 0% | 0% | लागू नहीं | 0% | 0% | लागू नहीं |

**3. कार्यस्थलों तक पहुंच**

**दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार, क्या दिव्यांग कर्मचारियों और श्रमिकों की कंपनी के परिसर/कार्यालयों तक आसान पहुंच है? यदि नहीं, तो क्या इस संबंध में कंपनी द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है।**

जी हां, हमारे कार्यालय दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए सुलभ हैं।

**4. क्या दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार कंपनी में समान अवसर नीति है? यदि हां, तो नीति का वेब–लिंक प्रदान करें।**

गेल सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षण, छूट, रियायतें आदि प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रपति के निर्देशों तथा अन्य निर्देशों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है।

**5. पैतृक अवकाश लेने वाले स्थायी कर्मचारियों और श्रमिकों की काम पर लौटने तथा प्रतिधारण दर।**

| लिंग | स्थायी कर्मचारी (वित्त वर्ष 2021–22) | | स्थायी कामगार (वित्त वर्ष 2021–22) | |
|---|---|---|---|---|
| | काम पर लौटने की दर | प्रतिधारण दर | काम पर लौटने की दर | प्रतिधारण दर |
| पुरुष | 97.30% | * | 97.73% | * |
| महिला | 75.00% | | 33.33% | |
| **कुल** | **95.12%** | | **93.62%** | |

*बीआरएसआर मार्गदर्शन के अनुसार प्रतिधारण दर की गणना करने के फार्मूले में पिछले वर्ष के डेटा शामिल हैं, हम अपनी प्रणाली में सुधार कर रहे हैं और इसे अगले रिपोर्टिंग वर्ष में सूचित करेंगे।

हमारे पास स्थायी कर्मचारियों और कामगारों की प्रतिधारण दर की समेकित संख्या है: पुरुष – 99.35% और महिला – 100%

**6. क्या कर्मचारियों और कामगारों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए शिकायतों को प्राप्त करने और उनका निवारण करने के लिए कोई प्रणाली मौजूद है? यदि हां, तो प्रणाली का संक्षेप में विवरण दें।**

गेल में शिकायत निवारण प्रणाली, ई–पीएमएस अपील सहित कई ऑनलाइन शिकायत पोर्टल हैं जो अपने कर्मचारियों और कामगारों को कंपनी के साथ व्यवस्थित रूप से जुड़ने की अनुमति देता है और उन्हें अपने व्यक्तिगत विचार और राय व्यक्त करने में सक्षम बनाता है।

शिकायत पोर्टल का लिंक: गेल (इंडिया) लिमिटेड। ऑनलाइन शिकायतें:– (gailonline.com) https://gailonline.com/onlineComplants.html

| | हां/नहीं (यदि हां, तो प्रणाली का संक्षेप में विवरण दें) |
|---|---|
| स्थायी कामगार | हाँ |
| स्थायी कामगारों के अलावा | हाँ |
| स्थायी कर्मचारी | हाँ |
| स्थायी कर्मचारियों के अलावा | हाँ |

**7. सूचीबद्ध कंपनी द्वारा मान्यता–प्राप्त संघ(घों) या यूनियनों में कर्मचारियों और कामगारों की सदस्यता:**

गेल में, कर्मचारियों को किसी भी नकारात्मक परिणाम के बिना, खुले तौर पर या गुमनाम रूप से किसी भी समस्या को उठाने का अधिकार है। कंपनी अपने कर्मचारियों को सांविधिक प्रावधानों और आचार संहिता के दायरे में कर्मचारियों या श्रमिक संघों में शामिल होने और श्रमिक संघ बनाने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। विभिन्न कर्मचारी संघों जैसे श्रमिक संघों, महिला मंचों, अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारी संघ, आदि को मान्यता और समर्थन देकर एसोसिएशन और सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता का अधिकार किया जाता है। वर्तमान में, गेल में दो कर्मचारी संघ कार्यरत हैं, अर्थात गेल एम्पलाइज एसोसिएशन (जीईए) और गेल कर्मचारी संघ (जीकेएस)। 31 मार्च 2021 तक, 860 नियमित कर्मचारी, अर्थात गेल की कुल कर्मचारी संख्या का 18.13% जीईए और जीकेएस के सदस्य हैं।

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | | | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्तीय वर्ष) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | संबंधित श्रेणी के कुल कर्मचारी/कामगार (क) | संबंधित श्रेणी में कर्मचारियों/कामगारों की संख्या, जो संघ(घों) या यूनियन(नों) का हिस्सा हैं (ख) | % (ख/क) | संबंधित श्रेणी में कुल कर्मचारी/कामगार (ग) | संबंधित श्रेणी में कर्मचारियों/कामगारों की संख्या, जो संघ(घों) या यूनियन(नों) का हिस्सा हैं (घ) | % (घ/ग) |
| **कुल स्थायी कर्मचारी** | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| – पुरुष | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| – महिला | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| **कुल स्थायी कामगार** | 860 | 860 | 100 | 894 | 894 | 100 |
| – पुरुष | 824 | 824 | 100 | 856 | 856 | 100 |
| – महिला | 36 | 36 | 100 | 38 | 38 | 100 |

**8. कर्मचारियों और कामगारों को दिए गए प्रशिक्षण का विवरण:**

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2021–22 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | | | वित्त वर्ष 2020–21 गत वित्तीय वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय पर | | कौशल उन्नयन पर | | कुल (घ) | स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय पर | | कौशल उन्नयन पर | |
| | | सं. (ख) | % (ख/क) | सं. (ग) | % (ग/क) | | सं. (ड.) | % (ड./घ) | सं. (च.) | % (च/घ) |
| **कर्मचारी** | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 3,621 | 1,161 | 32.06 | 1,928 | 53.24 | 3,510 | 924 | 26.32 | 1296 | 36.92 |
| महिला | 272 | 56 | 20.59 | 137 | 50.37 | 265 | 132 | 49.81 | 187 | 70.57 |
| **कुल** | **3,893** | **1,217** | **31.26** | **2,065** | **53.04** | **3,775** | **1,056** | **27.97** | **1,483** | **39.28** |
| **कामगार** | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 824 | 824 | 100 | 824 | 100 | 856 | 856 | 100 | 856 | 100 |
| महिला | 36 | 36 | 100 | 36 | 100 | 38 | 38 | 100 | 38 | 100 |
| **कुल** | **860** | **860** | **100** | **860** | **100** | **894** | **894** | **100** | **894** | **100** |

सभी कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया जाता है। तथापि, उपर्युक्त तालिका के अनुसार विशिष्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों पर समर्पित दीर्घावधि और अल्पावधि प्रशिक्षण दिए गए।

**9. कर्मचारियों और कामगारों के प्रदर्शन और करियर विकास की समीक्षा का विवरणः**

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2021–22 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्तीय वर्ष 2020–21 गत वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | सं. (ख) | % (ख/क) | कुल (ग) | सं. (घ) | % (घ/ग) |
| **कर्मचारी** | | | | | | |
| पुरुष | 3,621 | 3,621 | 100% | 3,510 | 3,510 | 100% |
| महिला | 272 | 272 | 100% | 265 | 265 | 100% |
| **कुल** | **3,893** | **3,893** | **100%** | **3,775** | **3,775** | **100%** |
| **कामगार** | | | | | | |
| पुरुष | 824 | 824 | 100% | 856 | 856 | 100% |
| महिला | 36 | 36 | 100% | 38 | 38 | 100% |
| **कुल** | **860** | **860** | **100%** | **894** | **894** | **100%** |

**10. स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणालीः**

**क. क्या संस्था द्वारा व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है? (हां/नहीं)। यदि हां, तो ऐसी प्रणाली की कवरेज बताएं?**

जी हां, "पेट्रोलियम उद्योग में सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली" पर तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय मानक के अनुरूप गेल में एचएसई प्रबंधन प्रणाली तैयार की गई है। तदनुसार, 18 घटकों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (एचएसईएमएस) के भाग के रूप में पहचाना गया है जो गेल (इंडिया) लिमिटेड की सभी गतिविधियों पर लागू होते हैं।

**ख. कार्य–संबंधी खतरों की पहचान करने और संस्था द्वारा नियमित और गैर–नियमित आधार पर जोखिमों का आकलन करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं क्या हैं?**

विभिन्न खतरों की पहचान करने और जोखिम कम करने के उपायों को लागू करने के लिए डिजाइन चरण के दौरान हैजोप अध्ययन और जोखिम विश्लेषण किया जाता है। कार्य–संबंधी खतरों की पहचान करने और नियमित और गैर–नियमित कार्य/गतिविधि के लिए जोखिमों का आकलन करने की प्रणाली मौजूद है। कार्य सुरक्षा विश्लेषण के साथ मानक संचालन प्रक्रिया के माध्यम से नियमित गतिविधियों का प्रबंधन किया जा रहा है जबकि गैर–नियमित गतिविधियों को कार्य परमिट, मानक कार्य प्रक्रिया/निर्देश और कार्य सुरक्षा विश्लेषण के माध्यम से किया जाता है। इसके अलावा, हैजोप अध्ययन और जोखिम विश्लेषण भी नियमित अंतराल पर किया जाता है और उपयुक्त जोखिम उपशमन उपाय किए जाते हैं।

**ग. क्या आपके पास काम से संबंधित खतरों की रिपोर्ट करने और ऐसे जोखिमों से खुद को दूर करने के लिए श्रमिकों के लिए प्रक्रियाएं हैं। (हां/नहीं)**

जी हां, हमारे पास सुरक्षा निरीक्षण (असुरक्षित अधिनियम/शर्त) और बाल–बाल बचने की रिपोर्ट करने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली है। विकसित परस्पर चर्चा फॉर्म के माध्यम से ठेका श्रमिकों सहित सभी कर्मचारियों को सुरक्षा अवलोकन और बाल–बाल बचने की रिपोर्ट करने संबंधी पोर्टल में सूचना देने के लिए एक प्रणाली मौजूद है। ठेका कर्मचारी सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अपने गेल पर्यवेक्षक के माध्यम से ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट कर सकते हैं।

गेल सुरक्षा संबंधी घटनाओं को दूर करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु एमओपीएंडएनजी, पीएनजीआरबी और ओआईएसडी के दिशानिर्देशों का पालन करता है।

**घ. क्या संस्था के कर्मचारियों/कामगारों की गैर–व्यावसायिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच है? (हां नहीं)**

जी हाँ।

**11. निम्नलिखित प्रारूप में सुरक्षा संबंधी घटनाओं का विवरणः**

| सुरक्षा घटना/संख्या | श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2021–22 वर्तमान वित्तीय वर्ष | वित्त वर्ष 2020–21 गत वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|
| चोट लगने से समय हानि आवृत्ति दर (एलटीआईएफआर) (प्रति दस लाख व्यक्ति घंटे किया गया काम) | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 0 | 0 |
| कुल रिकॉर्ड करने योग्य कार्य–संबंधी चोटें | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कर्मचारी | 0 | 1 |
| मरने वालों की संख्या | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कर्मचारी | 0 | 0 |
| उच्च परिणाम वाली कार्य–संबंधी चोट या अस्वस्थता (मृत्यु को छोड़कर) | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कर्मचारी | 0 | 0 |

**12. एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किए गए उपायों का वर्णन करें।**

ठेका श्रमिकों सहित कर्मचारियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के लिए व्यवसायी/कारखाना प्रबंधक की अध्यक्षता में सुरक्षा समिति की बैठकें तीन महीने में एक बार आयोजित की जाती हैं। गैर–नियमित कार्यों को सुरक्षित तरीके से करने के लिए वर्क परमिट प्रणाली लागू है।

कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी गैर–नियमित महत्वपूर्ण गतिविधियों का कार्य सुरक्षा विश्लेषण किया जाता है। हम हर साल कर्मचारियों के स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए चिकित्सा निगरानी भी करते हैं।

**13. कर्मचारियों और कामगारों द्वारा निम्नलिखित पर की गई शिकायतों की संख्याः**

| | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | | | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्तीय वर्ष) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित संकल्प | टिप्पणियां | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित संकल्प | टिप्पणियां |
| कार्य स्थितियां | 05 | शून्य | | शून्य | शून्य | |
| स्वास्थ्य एवं संरक्षा | शून्य | शून्य | | शून्य | शून्य | |

**14. वर्ष का आकलनः**

| | आपके संयंत्रों और कार्यालयों का : जिनका मूल्यांकन किया गया था (कंपनी या सांविधिक प्राधिकारियों या तृतीय पक्षों द्वारा) |
|---|---|
| स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रथाएं | हमारे प्रमुख स्थानों में से 100% के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा की जाती है और सभी प्रचालन स्थलों पर तृतीय पक्ष स्वास्थ्य और सुरक्षा लेखापरीक्षा भी की जाती है। |
| कार्य स्थितियां | हमारे 100% स्थानों के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा की जाती है |

**15. सुरक्षा संबंधी घटनाओं (यदि कोई हो) और स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रथाओं तथा काम करने की स्थितियों के आकलन से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/चिंताओं के समाधान के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

चूंकि, पिछले छह वित्तीय वर्षों के दौरान एमओपी एंड एनजी, पीएनजीआरबी और ओआईएसडी के घटना वर्गीकरण के अनुसार कोई बड़ी रिपोर्ट करने योग्य घटना की सूचना नहीं दी गई थी, सुरक्षा संबंधी घटनाओं का समाधान करने के लिए कोई महत्वपूर्ण सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई थी या चल रही थी।

## नेतृत्व संकेतक

**1. क्या कंपनी (क) कर्मचारियों (हां/नहीं) (ख) कामगारों (हां/नहीं) की मृत्यु की स्थिति में कोई जीवन बीमा या कोई प्रतिपूरक पैकेज प्रदान करती है।**

जी हां, हमारे पास कर्मचारियों और कामगारों की मृत्यु के मामले में 'मृत्यु राहत कोष' नामक प्रतिपूरक पैकेज की व्यवस्था है। ठेके पर काम करने वाले कर्मचारी, कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 के तहत आते हैं और ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से एक बीमा पॉलिसी प्राप्त की जाती है। मृत्यु/दिव्यांगता लाभ जहां कर्मचारी पर राज्य बीमा अधिनियम (ईएसआई), 1948 लागू नहीं है; और जहां भी ईएसआई अधिनियम, 1948 लागू होता है, ठेकेदार के माध्यम से ठेका श्रमिकों को ईएसआई अधिनियम, 1948 के तहत लाभ सुनिश्चित किया जाता है।

**2. यह सुनिश्चित करने के लिए कि मूल्य श्रृंखला भागीदारों द्वारा सांविधिक देय राशि काट ली गई है और जमा कर दी गई है, कंपनी द्वारा किए गए उपायों का उल्लेख करें।**

हमारे पास कई तंत्र और प्रणालियां हैं, जो हमारे मूल्य श्रृंखला भागीदारों के सांविधिक बकाया को सुनिश्चित करती हैं। हमारे पास सुपरिभाषित प्रक्रियाएं और पद्धतियां हैं जिनमें सभी संभावित उपाय शामिल हैं जिनका अनुपालन कंपनी द्वारा किया गया है जैसे अनुबंध खंड, बिल अनुमोदन आदि।

**3. उन कर्मचारियों/कामगारों की संख्या उपलब्ध कराएं, जिन्हें काम से संबंधित चोट/बीमारी/मृत्यु का सामना करना पड़ा है (जैसा कि ऊपर अनिवार्य संकेतकों के प्रश्न 11 में बताया गया है), जिनका पुनर्वास किया गया है और उन्हें उपयुक्त रोजगार दिया गया है या जिनके परिवार के सदस्यों को उपयुक्त रोजगार दिया गया है।**

वित्तीय वर्ष 2021–22 और वित्त वर्ष 2020–21 में कोई मृत्यु नहीं हुई या कर्मचारी/कामगार का कोई मामला नहीं है, जिन्हें उच्च परिणाम कार्य संबंधी चोट/अस्वस्थता का सामना करना पड़ा है, इसलिए यह प्रश्न लागू नहीं होता है।

| | प्रभावित कर्मचारियों/कामगारों की कुल संख्या | | पुनर्वास किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या और उपयुक्त रोजगार दिया गया है या जिसके परिवार के सदस्यों को उपयुक्त रोजगार दिया गया है | |
|---|---|---|---|---|
| | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्तीय वर्ष) |
| कर्मचारी | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| कामगार | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**4. क्या कंपनी निरंतर रोजगार की सुविधा और सेवानिवृत्ति या रोजगार की समाप्ति के परिणामस्वरूप करियर समाप्ति का प्रबंधन करने के लिए परिवर्तन सहायता कार्यक्रम प्रदान करती है? (हां/नहीं)**

गेल ने निरंतर सहायता प्रदान करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए 178 कौशल प्रबंधन और जीवन पर्यन्त सीखने के कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

**5. मूल्य श्रृंखला भागीदारों के मूल्यांकन पर विवरणः**

| | मूल्य श्रृंखला भागीदारों का % (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य से) जिनका मूल्यांकन किया गया था |
|---|---|
| स्वास्थ्य और संरक्षा प्रथाएं | 100% |
| कार्य स्थितियां | 100% |

**6. स्वास्थ्य और संरक्षा प्रथाओं और मूल्य श्रृंखला भागीदारों की कार्य स्थितियों के आकलन से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

लागू नहीं होता, क्योंकि स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रथाओं और मूल्य श्रृंखला भागीदारों की कार्य स्थितियों के आकलन से उत्पन्न कोई महत्वपूर्ण जोखिम/समस्याएं नहीं थीं।

## सिद्धांत 4: व्यवसायों को अपने सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए

### अनिवार्य संकेतक

**1. इकाई के प्रमुख हितधारक समूहों की पहचान संबंधी प्रक्रियाओं का वर्णन करें।**

हितधारकों की भागीदारी गेल के व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण पहलू है। कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार कदम उठाती है कि उसके सभी हितधारकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को समय पर पूरा किया जाए।

गेल ने उन प्रमुख हितधारकों को सूचीबद्ध करने के लिए हितधारक पहचान प्रक्रिया शुरू की है जो कंपनी के लिए महत्वपूर्ण हैं और जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यवसाय से प्रभावित हैं। गेल में, परियोजना विभाग द्वारा सर्वेक्षण, आरओयू, अनुमति और परियोजनाओं के निष्पादन के समर्थन से हितधारकों की पहचान की जा रही है। गेल द्वारा पहचाने गए हितधारक समूह हैं – ग्राहक, समुदाय, व्यापार भागीदार/विक्रेता/ठेकेदार, कर्मचारी और ठेका कर्मचारी, विनियामक निकाय, और निवेशक/शेयरधारक।

**2. अपनी कंपनी के लिए प्रमुख के रूप में पहचाने गए हितधारक समूहों और प्रत्येक हितधारक समूह के साथ जुड़ने की अवधि की सूची बनाएं।**

| हितधारक समूह | क्या कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचान की गई है (हां/नहीं) | संचार के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार–पत्र, इश्तहार, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट), अन्य | नियुक्ति की अवधि (वार्षिक/अर्धवार्षिक/तिमाही/अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें) | इस तरह की संबद्धता के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और समस्याओं सहित जुड़ने का उद्देश्य और दायरा |
|---|---|---|---|---|
| ग्राहक | नहीं | वार्षिक ग्राहक बैठकें, क्षेत्रीय ग्राहक बैठकें, ग्राहक संवाद बैठकें, संतुष्टि और प्रतिक्रिया सर्वेक्षण, शिकायत निवारण | वार्षिक, तिमाही, आवश्यकता – आधारित | • उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा<br>• कंपनी द्वारा लॉन्च किए गए नए उत्पादों पर प्रतिक्रिया<br>• प्रचालन संबंधी समस्याएं<br>• पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद |
| समुदाय | हाँ | ग्रामीणों के लिए – 3(1)/6(1) अधिसूचना, बैठक/सुनवाई, सामुदायिक बैठक आदि। अन्य के लिए – ई–मेल और वेबसाइट | वार्षिक, आवश्यकता–आधारित | • सामुदायिक विकास गतिविधियाँ<br>• वित्तीय सहायता और समर्थन<br>• प्रमुख आवश्यकता क्षेत्र |
| व्यवसाय भागीदार/विक्रेता/ठेकेदार | जी हाँ; कंपनी के कुछ विक्रेता समाज के वंचित वर्ग के हैं | आपूर्तिकर्ता बैठकें, उद्योग सम्मेलन, अधिकार प्राप्त सीएंडपी समिति तक पहुंच, विक्रेता विकास कार्यक्रम, अ.जा./अ.ज.जा. के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए व्यावहारिक कार्यक्रम, सभी निविदाओं के लिए निविदा–पूर्व या निविदा पश्चात बैठक, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के साथ बैठकें | वार्षिक, अर्धवार्षिक, मासिक | • निष्पादन की जानकारी प्राप्त करना<br>• समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना<br>• विवाद/शिकायत समाधान<br>• आपूर्ति श्रृंखला स्थिरता |

| हितधारक समूह | क्या कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचान की गई है (हां/नहीं) | संचार के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार–पत्र, इश्तहार, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट), अन्य | नियुक्ति की अवधि (वार्षिक/अर्धवार्षिक/तिमाही/अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें) | इस तरह की संबद्धता के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और समस्याओं सहित जुड़ने का उद्देश्य और दायरा |
|---|---|---|---|---|
| कर्मचारी और संविदा कर्मचारी | नहीं | कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण, सोशल मीडिया, शिकायत निवारण तंत्र, सीएमडी ओपन हाउस, कर्मचारी नियुक्ति हस्तक्षेप, ई–मेल और जर्नल, कर्मचारी संघ और यूनियन | वार्षिक, तिमाही, मासिक, दैनिक | • गेल के व्यावसायिक लक्ष्यों, मूल्यों और सिद्धांतों पर संचार<br>• प्रमुख परियोजनाओं पर कार्य योजना<br>• सर्वोत्तम प्रथाओं का कार्यान्वयन<br>• सीखने और विकास को सुगम बनाना<br>• प्रमुख निश्पादन संकेतकों और कार्य योजनाओं की निगरानी करनां<br>• विचार सृजन, साझा करना और सीखने में समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना |
| विनियामक निकाय | नहीं | समझौता–ज्ञापन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट | वार्षिक, आवश्यकता–आधारित | • सरकारी मिशनों का समर्थन करना<br>• संबंध बनाना<br>• स्वच्छ गैस आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए सरकार का समर्थन करना<br>• प्रमुख निवेश योजनाओं पर चर्चा करना |
| शेयरधारक/निवेशक | नहीं | वार्षिक रिपोर्ट, प्रेस विज्ञप्ति, आय कॉल, निवेशक बैठकें, आमने–सामने बैठकर वार्ता और बैठकें, निवेशक सम्मेलन | वार्षिक, अर्धवार्षिक, तिमाही, आवश्यकता–आधारित | • व्यापार वृद्धि और लाभप्रदता<br>• शेयरधारक रिटर्न<br>• ईएसजी पर ध्यान देना |

**नेतृत्व संकेतक**

1. **आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक विषयों पर हितधारकों और बोर्ड के बीच परामर्श के लिए प्रक्रियाएं प्रदान करें या यदि परामर्श दिया जाता है, तो बोर्ड को इस तरह के परामर्श से फीडबैक कैसे प्रदान किया जाता है।**

   गेल अपने हितधारकों के साथ सक्रिय बातचीत के महत्व को पहचानता है क्योंकि यह कंपनी को उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने और हितधारक आस्था और विश्वास बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, कंपनी स्थिरता के मुद्दों पर अपने हितधारकों के साथ बातचीत करती है। गेल भौतिकता मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित करता है जहां इसमें इसके हितधारक शामिल होते हैं, और उन्हें कंपनी के स्थिरता लक्ष्यों पर अपना दृष्टिकोण देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कंपनी भौतिकता सर्वेक्षण और आमने–सामने बैठकर चर्चा द्वारा हितधारकों के साथ जुड़ती है। बोर्ड समिति द्वारा हितधारक परामर्श के परिणामों की समीक्षा की जाती है।

2. **क्या पर्यावरण और सामाजिक विषयों की पहचान और प्रबंधन का समर्थन करने के लिए हितधारक परामर्श का उपयोग किया जाता है (हां/नहीं)। यदि हां, तो इन विषयों पर हितधारकों से प्राप्त जानकारी को कंपनी की नीतियों और गतिविधियों में कैसे शामिल किया गया, इसके उदाहरण सहित विवरण प्रदान करें।**

   गेल व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों की जांच करने के लिए भौतिकता मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित करता है। इस दिशा में, कंपनी भौतिकता प्रक्रिया में शामिल होने वाले महत्वपूर्ण हितधारकों की पहचान करती है और प्रमुख भौतिक समस्याओं का आकलन करते समय उनके दृष्टिकोण को ध्यान में रखा जाता है। इस हितधारक प्रतिक्रिया का उपयोग प्रमुख ईएसजी क्षेत्रों को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

3. **कमजोर/वंचित हितधारक समूहों की समस्याओं को दूर करने के लिए किए गए कार्यों और उनके साथ संपर्क स्थापित करने का उदाहरणों के साथ विवरण प्रदान करें।**

   गेल का विजन और कार्यनीतिक उद्देश्य हजारों लोगों के जीवन में बदलाव लाते हुए प्राकृतिक गैस के कारोबार में अग्रणी बनना है। स्थानीय समुदायों के साथ कंपनी का सीधा संपर्क होने के कारण, यह सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पहचान करने, कम भाग्यशाली लोगों के जीवन को समझने और उपयुक्त कार्यनीतिक समाधान विकसित करने में सक्षम है। प्रत्येक समुदाय की मानसिकता, अपेक्षाओं, समस्याओं और जरूरतों को समझते हुए, कंपनी ने कम विशेषाधिकार प्राप्त और वंचित समूहों को सशक्त बनाने के लिए कई सीएसआर कार्यक्रम शुरू किए हैं।

गेल कार्यकलापों की प्रगति पर नज़र रखता है और विभिन्न चैनलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों से नियमित आधार पर जुड़कर जानकारी प्राप्त करता है। हमारे कई सीएसआर कार्यक्रमों की योजना और कार्यान्वयन में समुदाय की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह कंपनी को विश्वास बनाने में मदद करती है तथा गेल और समुदायों दोनों के लिए लाभकारी सामाजिक आर्थिक परिणामों के लिए रूपरेखा तैयार करती है।

### सिद्धांत 5: व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए।

**अनिवार्य संकेतक**

1. **कर्मचारी और कामगार जिन्हें निम्नलिखित प्रारूप में मानवाधिकारों के मुद्दों और कंपनी की नीति(यों) पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है:**

गेल में हर नए कर्मचारी को मानवाधिकारों का प्रशिक्षण दिया जाता है। वित्त वर्ष 2021–22 में, मानवाधिकार विषय पर 415 कार्मिकों (393 कर्मचारी और 22 कामगार) के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2021–22 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2020–21 गत वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | कवर किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या (ख) | % (ख/क) | कुल (ग) | कवर किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या (घ) | % (घ/ग) |
| **कर्मचारी** | | | | | | |
| स्थायी | 3893 | 393 | 10.09 | 3775 | 140 | 3.71 |
| स्थायी के अलावा | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **कुल कर्मचारी** | **3893** | **393** | **10.09** | **3775** | **140** | **3.71** |
| **कामगार** | | | | | | |
| स्थायी | 860 | 22 | 2.56 | 894 | 22 | 2.46 |
| स्थायी के अलावा | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| **कुल कामगार** | **860** | **22** | **2.56** | **894** | **22** | **2.46** |

2. **निम्नलिखित प्रारूप में कर्मचारियों और कामगारों को भुगतान की गई न्यूनतम मजदूरी का विवरण:**

गेल सुनिश्चित करता है कि उसकी सभी सुविधाएं, जो पूरे भारत में फैली हुई हैं, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नियमों को पूरा करती हैं। वास्तविक वेतन न्यूनतम मजदूरी की आवश्यकता से काफी अधिक है, और यह हर राज्य में भिन्न–भिन्न होता है।

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2021–22 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | | | वित्त वर्ष 2020–21 गत वित्तीय वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम वेतन से अधिक | | कुल (घ) | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम वेतन से अधिक | |
| | | सं. (ख) | % (ख/क) | सं. (ग) | % (ग/क) | | सं. (ड) | % (ड./घ) | सं. (च) | % (च/घ) |
| **कर्मचारी** | | | | | | | | | | |
| स्थायी | 3,893 | 0 | 0 | 3,893 | 100 | 3,775 | 0 | 0 | 3,775 | 100 |
| पुरुष | 3,621 | 0 | 0 | 3,621 | 100 | 3510 | 0 | 0 | 3,510 | 100 |
| महिला | 272 | 0 | 0 | 272 | 100 | 265 | 0 | 0 | 265 | 100 |
| **स्थायी के अलावा** | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| पुरुष | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| महिला | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **कामगार** | | | | | | | | | | |
| स्थायी | 860 | 0 | 0 | 860 | 100 | 894 | 0 | 0 | 894 | 100 |
| पुरुष | 824 | 0 | 0 | 824 | 100 | 856 | 0 | 0 | 856 | 100 |
| महिला | 36 | 0 | 0 | 36 | 100 | 38 | 0 | 0 | 38 | 100 |
| **स्थायी के अलावा** | 13,074 | 0 | 0 | 13,074 | 100 | 15,312 | 0 | 0 | 15,312 | 100 |
| पुरुष | 12,694 | 0 | 0 | 12,694 | 100 | 14,875 | 0 | 0 | 14,875 | 100 |
| महिला | 380 | 0 | 0 | 380 | 100 | 437 | 0 | 0 | 437 | 100 |

लागू नहीं: लागू नहीं

**3. निम्नलिखित प्रारूप में पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का विवरणः**

गेल सुनिश्चित करता है कि उसकी सभी सुविधाएं, जो पूरे भारत में फैली हुई हैं, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नियमों को पूरा करती हैं। वास्तविक वेतन न्यूनतम मजदूरी की आवश्यकता से काफी अधिक है, और यह हर राज्य में भिन्न–भिन्न होता है।

| | पुरुष | | महिला | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | संबंधित श्रेणी के पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का मान | संख्या | संबंधित श्रेणी के पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का मान |
| निदेशक मंडल (बीओडी) | 5 | ₹ 3,04,848 | 0 | शून्य |
| प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक | 348 | ₹ 2,75,349 | 07 | ₹ 2,85,922 |
| बीओडी और केएमपी के अलावा अन्य कर्मचारी | 3,267 | ₹ 1,49,724 | 264 | ₹ 1,31,652 |
| कामगार | 824 | ₹ 67,540 | 36 | ₹ 62,168 |

**4. क्या आपके पास कोई केंद्र बिंदु (व्यक्ति/समिति) है जो मानवाधिकारों के प्रभावों या व्यवसाय के कारण या योगदान के मुद्दों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार है? (हां/नहीं)।**

जी हां, हमारी सभी नीतियां पूरी तरह से मानवाधिकार सिद्धांतों, भारत के संविधान और सभी लागू श्रम कानूनों की पुष्टि करती हैं। हमारे सभी हितधारकों द्वारा उठाए गए मुद्दों को पंजीकृत करने और उनका समाधान करने के लिए हमारे पास अलग–अलग समिति और एक समर्पित शिकायत निवारण प्रणाली है। (–: GAIL (India) Limited | Online Complaints:– (gailonline.com)). https://www.gailonline.com/onlineComplants.html

**5. मानवाधिकारों के मुद्दों से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए मौजूद आंतरिक प्रणालियों का उल्लेख करें।**

गेल में, हम मानवाधिकारों से संबंधित किसी भी कदाचार के प्रति शून्य सहिशुणता रखते हैं। मानवाधिकारों से संबंधित किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए हमारे पास बेहद पारदर्शी और स्वीकार्य आंतरिक प्रणाली है। हमने मानवाधिकार मुद्दों से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए समर्पित ऑनलाइन पोर्टल (–: गेल (इंडिया) लिमिटेड । ऑनलाइन शिकायतें:– https://www.gailonline.com/onlineComplants.html उस और हेल्पडेस्क को समर्पित किया है।

हमारे यहां एक महिला प्रकोष्ठ है, और प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य महिला कर्मचारियों की विकास संबंधी आवश्यकताओं को देखना है। प्रकोष्ठ सदस्य नियमित रूप से हमारी महिला कार्यबल के साथ उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं या किसी भी प्रकार के समर्थन की आवश्यकता को समझने के लिए संपर्क करते हैं।

**6. कर्मचारियों और कामगारों द्वारा निम्नलिखित पर की गई शिकायतों की संख्याः**

| | वित्त वर्ष 2021–22 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2020–21 गत वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित निर्णय | टिप्पणियां | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित निर्णय | टिप्पणियां |
| यौन उत्पीड़न | 0 | 0 | | 1 | 0 | |
| कार्यस्थल पर भेदभाव | 0 | 0 | | 0 | 0 | |
| श्रम मजदूरी | 0 | 0 | | 0 | 0 | |
| बलात/अनैच्छिक श्रम | 0 | 0 | | 0 | 0 | |
| मजदूरी | 0 | 0 | | 0 | 0 | |
| मानवाधिकार से जुड़े अन्य मुद्दे | 71 | 0 | | 0 | 0 | |

**7. भेदभाव और उत्पीड़न के मामलों में शिकायतकर्ता के प्रतिकूल परिणामों को रोकने के लिए प्रणाली।**

गेल यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि कार्यबल के साथ कोई भेदभाव और उत्पीड़न न हो। कंपनी में एक समर्पित शिकायत निवारण प्रणाली है। पोर्टल तीन स्तरीय प्रक्रिया का पालन करता है और शिकायत का त्वरित समाधान तथा शिकायत की निगरानी सुनिश्चित करता है। गेल किसी भी भेदभाव और उत्पीड़न को बर्दाशत नहीं करता है, इसकी विस्तृत जांच की जाती है और दोषी पाए जाने पर गंभीर कार्रवाई की जाती है। इसमें कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण के लिए एक समर्पित नीति है। हमारे कार्यबल के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाते हैं।

**8. क्या मानवाधिकार आवश्यकताएं आपके व्यापार समझौतों और अनुबंधों का हिस्सा हैं? (हां/नहीं)**

जी हां।

हम मानवाधिकारों और श्रम प्रथाओं से संबंधित मामलों के लिए स्थानीय कानूनों के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय ढांचे (आईएलओ सम्मेलन सहित) का पालन करते हैं। इसके अतिरिक्त, हम बाल श्रम और जबरन या अनिवार्य श्रम की अस्वीकार्य प्रथाओं को समाप्त करने की दिशा में भी काम करते हैं।

प्रारंभिक जांच के लिए, गेल ने सभी निवेश समझौतों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ अनुबंध के लिए मानवाधिकार खंड शामिल किया है। सभी बोलीदाताओं को गेल के अनुबंधों की सामान्य शर्तों की स्वीकृति की पुष्टि करना आवश्यक है जिसमें वे समाज के पर्यावरण, श्रम प्रथाओं और मानवाधिकार पहलुओं पर प्रभाव से संबंधित सभी प्रावधानों का पालन करने की पुष्टि करते हैं।

**9. वर्ष के लिए आकलन:**

| | आपके संयंत्रों और कार्यालयों का प्रतिशत जिनका मूल्यांकन किया गया था (इकाई या सांविधिक प्राधिकारियों या तृतीय पक्षों द्वारा) |
|---|---|
| बाल श्रम | समय–समय पर 100% आंतरिक जांच की जाती है |
| बलात/अनैच्छिक श्रम | समय–समय पर 100% आंतरिक जांच की जाती है |
| यौन उत्पीड़न | समय–समय पर 100% आंतरिक जांच की जाती है |
| कार्यस्थल पर भेदभाव | समय–समय पर 100% आंतरिक जांच की जाती है |
| मजदूरी | समय–समय पर 100% आंतरिक जांच की जाती है |
| अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें | समय–समय पर 100% आंतरिक जांच की जाती है |

**10. उपर्युक्त प्रश्न 9 में मूल्यांकनों से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

हमारे यहां अपने हितधारकों की समस्याओं को दूर करने और हल करने के लिए कई ऑनलाइन पोर्टल और ऑफ़लाइन प्रणालियां हैं। सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने की दिशा में गेल की प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं कि सभी कर्मचारियों का किसी भी प्रकार का उत्पीड़न न हो। इस दिशा में, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए गेल की एक परिभाषित नीति है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण के लिए गेल की नीति के संदर्भ में, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संदर्भ में आंतरिक समिति कंपनी सचिव को एक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। नीति लिंक – 2018–02–06 (1) https://gailonline.com/pdf/others/Sexual%20Harassment%20of%20Women%20at%20Work%20Place_Circular_5.2.2018-new.pdf

### नेतृत्व संकेतक

**1. मानवाधिकार शिकायतों का समाधान करने के परिणामस्वरूप संशोधित/शुरू की जा रही व्यावसायिक प्रक्रिया का विवरण।**

प्रारंभिक जांच के लिए, गेल ने सभी निवेश समझौतों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ अनुबंध के लिए एक मानवाधिकार खंड शामिल किया है। सभी बोलीदाताओं को गेल की अनुबंधों की सामान्य शर्तों की स्वीकृति की पुष्टि करना आवश्यक है जिसमें वे समाज के पर्यावरण, श्रम प्रथाओं और मानवाधिकार पहलुओं पर प्रभाव से संबंधित सभी प्रावधानों का पालन करने की पुष्टि करते हैं।

**2. किए गए किसी भी मानवाधिकार विचार–विमर्श के दायरे और कवरेज का विवरण।**

100% नए आपूर्तिकर्ताओं की मानवाधिकार मानदंड के माध्यम से जांच की गई है।

**3. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार, क्या कंपनी का परिसर/कार्यालय दिव्यांग आगंतुकों के लिए सुलभ है?**

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार, 100% कार्यालय दिव्यांग आगंतुकों के लिए सुलभ हैं।

**4. मूल्य श्रृंखला भागीदारों के मूल्यांकन पर विवरण**

| | आपके संयंत्रों और कार्यालयों का % जिनका मूल्यांकन (इकाई या सांविधिक प्राधिकारियों या तृतीय पक्षों द्वारा) किया गया था |
|---|---|
| यौन उत्पीड़न | नए आपूर्तिकर्ता का 100% |
| कार्यस्थल पर भेदभाव | नए आपूर्तिकर्ता का 100% |
| बाल श्रम | नए आपूर्तिकर्ता का 100% |
| बलात श्रम/अनैच्छिक श्रम | नए आपूर्तिकर्ता का 100% |
| मजदूरी | नए आपूर्तिकर्ता का 100% |
| अन्य – ईएसजी | नए आपूर्तिकर्ता का 100% |

**5. उपर्युक्त प्रश्न 4 में मूल्यांकनों से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे आपूर्तिकर्ता आचार संहिता और अनुपालन आधारित पर्यावरण और सामाजिक मानदंडों का पालन करें, जिसमें मानवाधिकार के खंड हैं। दोनों के पालन की निगरानी गेल द्वारा भी की जाती है। जब कभी आवश्यकता होती है, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण की पहल भी करते हैं।

## सिद्धांत 6: व्यवसायों को पर्यावरण की रक्षा और बहाली का सम्मान और प्रयास करना चाहिए

### अनिवार्य संकेतके

1. निम्नलिखित प्रारूप में कुल ऊर्जा खपत (जूल या गुणकों में) और ऊर्जा तीव्रता का विवरण:

| मापदंड | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| कुल बिजली खपत (क) | 19,83,078 जीजे | 19,29,828 जीजे |
| कुल ईंधन खपत (ख) | 5,50,14,953 जीजे | 4,86,52,359 जीजे |
| अन्य स्रोतों के माध्यम से ऊर्जा की खपत (ग) | 15,28,339जीजे | 14,46,868 जीजे |
| **कुल ऊर्जा खपत (क+ख+ग)** | **5,85,26,370 जीजे** | **5,20,29,055 जीजे** |
| कारोबार की प्रति रुपए ऊर्जा तीव्रता<br>(कुल ऊर्जा खपत/कारोबार रुपए में) | 640.15 जीजे/भारतीय रुपए करोड | 920.40 जीजे/भारतीय रुपए करोड |
| ऊर्जा तीव्रता (वैकल्पिक) – इकाई द्वारा प्रासंगिक मीट्रिक का चयन किया जा सकता है | लागू नहीं | लागू नहीं |

**टिप्पणी:** क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

2. **क्या संस्था के पास भारत सरकार की प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के तहत नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के रूप में पहचान की गई कोई साइट/सुविधाएं हैं? (हां/नहीं) यदि हां, तो बताएं कि क्या पीएटी योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य हासिल किए गए हैं। यदि लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है, तो की गई उपचारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो, प्रदान करें।**

जी हां, गेल का पाता संयंत्र ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) चक्र IV के तहत एक नामित उपभोक्ता है।

जी हां, पीएटी योजना के तहत 2016–17 के आधार वर्ष के साथ 6-17% की कटौती का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

3. **जल से संबंधित निम्नलिखित खुलासे का विवरण निम्न प्रारूप में उपलब्ध कराएं:**

| मापदंड | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2020–21 (गत वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| **स्रोत से जल निकासी (किलो लीटर में)** | | |
| (i) सतही जल | 2,02,21,035 | 2,13,00,000 |
| (ii) भूजल | 2,77,308.4 | 3,00,000 |
| (iii) थर्ड पार्टी वाटर | 0 | 0 |
| (iv) समुद्री जल/विलवणीकृत जल | 0 | 0 |
| (v) अन्य (नगरपालिका) | 16,89,174 | 15,00,000 |
| **जल निकासी की कुल मात्रा (किलोलीटर में)** (i + ii + iii + iv + v) | 2,21,87,517.1 | 2,31,00,000 |
| **पानी की खपत की कुल मात्रा (किलोलीटर में)** | 2,21,87,517.1 | 2,31,00,000 |
| **प्रति रुपया कारोबार पानी की तीव्रता** (पानी की खपत/कारोबार) | 242.68 कि. ली./करोड़ रुपए | 408.64 कि. ली./करोड़ रुपए |
| **पानी की तीव्रता** (वैकल्पिक) – कंपनी द्वारा संगत मीट्रिक का चयन किया जाए | लागू नहीं | लागू नहीं |

**टिप्पणी:** क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

4. **क्या कंपनी ने शून्य तरल डिस्चार्ज के लिए कोई प्रणाली लागू की है? यदि हां, तो इसके कवरेज और कार्यान्वयन का ब्यौरा दें।**

घ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, और हमारे द्वारा निष्पादित प्रक्रियाओं के अनुसार, और कंपनी के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी द्वारा अल्पकालिक आधार पर जुटाई गई किसी भी राशि का दीर्घावधि उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया गया है।

ड.) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच करने पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के दायित्वों को पूरा करने के लिए किसी भी कंपनी या व्यक्ति से कोई निधि नहीं ली है।

च) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण और हमारे द्वारा निष्पादित प्रक्रियाओं के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में रखी प्रतिभूतियों की गिरवी रखकर वर्ष के दौरान कोई ऋण नहीं लिया है।

x. क) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव या आगे सार्वजनिक प्रस्ताव (ऋण लिखतों सहित) के माध्यम से धन नहीं जुटाया है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(x)(क) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

ख) वर्ष के दौरान, कंपनी ने शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर का अधिमान आबंटन या निजी प्लेसमेंट (पूरी तरह से, आंशिक रूप से या वैकल्पिक रूप से) नहीं किया है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(x)(ख) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

xi. क) प्रबंधन द्वारा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, तत्कालीन निदेशक विपणन के खिलाफ आपराधिक साजिश की मांग और लोक सेवक द्वारा अनुचित लाभ प्राप्त करने, लोक सेवक को प्रभावित करने के लिए अनुचित लाभ लेने, लोक सेवक को रिश्वत देने आदि के आरोप में सीबीआई जांच की गई है। जांच कार्यवाही चल रही है। प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, इस स्तर पर, कोई अनुमानित वित्तीय प्रभाव या अनुमानित राशि का पता नहीं लगाया जा सकता है।

ख) हमने वर्ष के दौरान और इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप–धारा (12) के तहत कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 13 के तहत निर्धारित प्रपत्र एडीटी–4 में कोई रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्रस्तुत नहीं की है।

ग) जैसा कि प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत किया गया है, वर्ष के दौरान कंपनी को कोई व्हिसल ब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, तदनुसार, आदेश के खंड 3(xi)(ग) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

xii. कंपनी कोई निधि कंपनी नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xii) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

xiii. हमारी राय में, कंपनी ने संबंधित पक्षों के साथ लेन–देन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के प्रावधानों का अनुपालन किया है और लागू लेखा मानकों के अनुसार पृथक वित्तीय विवरणों में विवरण का खुलासा किया गया है।

xiv. क) हमारी राय में और हमारी परीक्षण के आधार पर, कंपनी में अपने व्यवसाय के आकार और प्रकृति के अनुरूप एक आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली है।

ख) हमने लेखापरीक्षा की अवधि के लिए कंपनी की अब तक जारी आंतरिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार किया है। तथापि, संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए कवरेज करने हेतु वार्षिक आंतरिक लेखापरीक्षा योजना की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है।

xv. हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने अधिनियम की धारा 192 के तहत आने वाले निदेशकों या उनसे जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकद लेनदेन नहीं किया है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xv) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

xvi. क) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–आईए के तहत पंजीकृत होने की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड (xvi)(क) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने कोई गैर–बैंकिंग वित्तीय या आवास वित्त गतिविधियों का संचालन नहीं किया है, इसलिए कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–आईए के तहत पंजीकृत होने की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvi)(ख) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

ग) कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए नियमों में परिभाषित प्रमुख निवेश कंपनी (सीआईसी) नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(गअप)(ग) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

घ) समूह का हिस्सा बनने वाली संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा साझा की गई लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, और प्रबंधन द्वारा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, हमारी राय में, समूह (प्रमुख निवेश कंपनी (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2016 में परिभाषित अनुसार) के भीतर कोई प्रमुख निवेश कंपनी नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvi)(घ) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

xvii. कंपनी के बही–खातों और अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी को वित्तीय वर्ष में और ठीक पिछले वित्तीय वर्ष में नकद हानि नहीं हुई है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvii) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

xviii. वर्ष के दौरान सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा कोई त्यागपत्र नहीं दिया गया है। तदनुसार, आदेश के खंड 3 (xviii) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

xix हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और वित्तीय अनुपात के आधार पर, पुरानेपन और वित्तीय परिसंपत्तियों की वसूली और वित्तीय देनदारियों के भुगतान की अपेक्षित तिथियों के आधार पर, वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी, निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारी जानकारी और हमारी जांच के आधार पर मान्यताओं का समर्थन करने वाले साक्ष्य के आधार पर हमारे ध्यान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे हमें विश्वास होता है कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख को कोई भी सामग्री संबंधी अनिश्चितता मौजूद है और कंपनी तुलन–पत्र की तारीख में मौजूद अपनी देनदारियों को पूरा करने में सक्षम नहीं है। जब वे तुलन–पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय हो जाते हैं। तथापि, हमारा कहना है कि यह कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में कोई आश्वासन नहीं है। हम आगे कहते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आश्वासन देते हैं कि तुलन–पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय होने वाली सभी देनदारियों को कंपनी द्वारा कंपनी के रूप में और जब भी वे देय हो जाती हैं, चुका दिया जाएगा।

xx. क) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने अधिनियम की धारा 135 के प्रावधानों के अनुसार निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत व्यय किया है और अधिनियम के 135(5) और 135(6) के अनुसरण में ऐसी कोई भी अव्ययित राशि नहीं है जिसे धारा के अनुसार स्थानांतरित किया जाना है।

ख) चूंकि कोई अव्ययित राशि नहीं है जिसे अधिनियम की धारा 135(5) और 135(6) के अनुसार स्थानांतरित किया जाना है, इसलिए, आदेश के खंड 3(गग)(ख) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता. / –
**भूपिन्दर सिंह**
भागीदार
सदस्यता सं.: 092867
यूडीआईएनः 22092867AJRZVK8364

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता. / –
**पवन के. गोयल**
भागीदार
सदस्यता सं.: 072209
यूडीआईएनः 22072209AJVWAB8348

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई, 2022**

# स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक – ख

**31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के पृथक वित्तीय विवरणों पर "गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों को स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट के "अन्य कानूनी और विनियामक सदस्यों की आवश्यकताओं पर रिपोर्ट" विषय के पैरा 2 में संदर्भित।**

| क्र.सं. | निर्देश/उप निर्देश | कृत कार्रवाई | पृथक वित्तीय विवरण पर प्रभाव |
|---|---|---|---|
| 1 | क्या आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए कंपनी के पास प्रणाली है? यदि हाँ, तो वित्तीय निहितार्थों के साथ–साथ, यदि कोई हो, खातों की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहय लेखांकन लेनदेन की प्रोसेसिंग के निहितार्थ, यदि कोई हो, का उल्लेख किया जाए? | कंपनी आईटी प्रणाली, सैप, जो एक ईआरपी प्रणाली है, पर अपने बही खातों का लेखा–जोखा रखती है। सभी लेखांकन लेनदेन सैप पर रखे गए खातों में प्रोसेस किए जाते हैं।<br><br>की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी की आईटी प्रणाली के बाहर किसी भी लेखा लेनदेन प्रोसेस नहीं किया गया है। तदनुसार, हमारी राय में, लेखाओं की अखंडता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। | शून्य |
| 2 | क्या मौजूदा ऋण की कोई पुनर्रचना है या ऋण चुकाने में कंपनी की अक्षमता के कारण ऋणदाता द्वारा किए गए डेबिट/ऋणों/ब्याज को माफ करने/बट्टे खाते में डालने के मामले हैं? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव के बारे में बताया जाए? | की गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के अनुसार और कंपनी द्वारा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी द्वारा मौजूदा ऋण या ऋण चुकाने में कंपनी की अक्षमता के कारण कंपनी को ऋणदाता द्वारा किए गए डेबिट/ऋणों/ब्याज की छूट/बट्टे खाते में डालने के लिए कोई पुनर्गठन नहीं किया गया था। | शून्य |
| 3 | क्या केंद्रीय राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य निधियों को इसके नियमों और शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखा/उपयोग किया गया था? विचलन के मामलों की सूची बनाएं। | परियोजना जगदीशपुर हल्दिया बोकारो धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल) के लिए कंपनी द्वारा प्राप्त अनुदान के संबंध में पृथक वित्तीय विवरणों के टिप्पण सं. 55 का संदर्भ लें।<br><br>हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और जैसा कि प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और कंपनी के बही खातों और अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, इनका उपयोग इसकी निबंधन एवं शर्तों के अनुसार किया गया है। हमें किसी विचलन का सामना नहीं करना पड़ा। | शून्य |

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
भागीदार
सदस्यता सं.: 092867
यूडीआईएनः 22092867AJRZVK8364

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
भागीदार
सदस्यता सं.: 072209
यूडीआईएनः 22072209AJVWAB8348

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई, 2022**

# स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक–ग

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए पृथक वित्तीय विवरणों पर गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों को समसंख्यक तारीख की स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के "अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट" विषय के पैरा 3(च) में संदर्भित।

**कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप धारा 3 के खंड (i) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट**

हमने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के पृथक वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ गेल (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग की तुलना में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा की गई।

**आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी**

कंपनी का प्रबंधन संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पण में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी, भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी की नीतियों का पालन करने, उनकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने, उनके व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अपेक्षित अनुसार लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी को समय पर तैयार करने हेतु प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे।

**लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी**

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग की तुलना में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर एक राय व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखापरीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग ("मार्गदर्शन टिप्पण") पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पण और आईसीएआई द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानकों के अनुसार और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्धारित समझे जाने के अनुसार, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की सीमा तक, जो दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू हैं, और इन्हें भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी किया जाता है। इन मानक और मार्गदर्शन टिप्पण में यह अपेक्षित है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं तथा लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं। हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उनकी प्रचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि क्या भौतिक कमजोरी मौजूद है, और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल है। चुनी गई प्रक्रियाएं लेखापरीक्षकों के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों का आकलन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो। हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

**वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ**

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण उन नीतियों और प्रक्रियाओं को प्रेरित करता है जो

(1) रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित है, जो उचित विवरण में, कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और स्वभाव को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं;

(2) उचित आश्वासन प्रदान करते हैं कि आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए लेनदेन को आवश्यक रूप से दर्ज किया गया है, और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा

(3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

**वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं**

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, मिलीभगत की संभावना या नियंत्रणों के अनुचित प्रबंधन का प्राधिकार इस्तेमाल करने, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण सामग्री गलत बयानी हो सकता है और जिसका पता नहीं लगाया जा सकता है। साथ ही, भावी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण यह अपर्याप्त हो सकता है, या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की मात्रा गलत हो सकती है।

**राय**

हमारी राय में, कंपनी के पास सभी भौतिक मामलों में एक पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है, और 31 मार्च, 2022 तक वित्तीय रिपोर्टिंग के मुकाबले वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जो कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों की तुलना में आंतरिक नियंत्रण पर आधारित थे और जिसमें भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की तुलना में लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पण में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करना शामिल है।

हमने पता लगाए गए सुधार के क्षेत्रों पर विचार किया है जिन्हें कंपनी के 31 मार्च, 2022 के पृथक इंड एएस वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में लागू किए गए लेखापरीक्षा परीक्षणों की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में ऊपर उल्लेख किए गए अनुसार आगे और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। तथापि, सुधार के ये क्षेत्र कंपनी के पृथक इंड एएस वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को प्रभावित नहीं करते हैं।

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
भागीदार
सदस्यता सं.: 092867
यूडीआईएन: 22092867AJRZVK8364

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
भागीदार
सदस्यता सं.: 072209
यूडीआईएन: 22072209AJVWAB8348

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 27 मई, 2022**

# 31 मार्च 2022 तक पृथक तुलन–पत्र

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पणी सं. | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | 31 मार्च, 2021 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| | **परिसंपत्तियां** | | | |
| 1 | **गैर–चालू परिसंपत्तियां** | | | |
| | क) परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण | 2 | 35,736.71 | 33,374.47 |
| | ख) प्रगत्यधीन पूंजीगत कार्य | 3 | 13,071.31 | 11,903.41 |
| | ग) अमूर्त परिसंपत्तिया | 4 | 2,534.68 | 2,295.49 |
| | घ) परिसंपत्तियों के उपयोग का अधिकार | 2क | 1,509.60 | 827.98 |
| | ड.) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| | i) निवेश | 5 | 12,120.92 | 9,255.34 |
| | ii) व्यापार प्राप्तियां | 6 | 1,049.61 | 1,093.44 |
| | iii) ऋण | 7 | 3,129.72 | 3,002.57 |
| | iv) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 8 | 1,089.43 | 435.11 |
| | च) गैर–वर्तमान कर परिसंपत्तियां (निवल) | 9 | 431.96 | 413.82 |
| | छ) अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां | 12 | 797.80 | 680.63 |
| | **उप–योग (1)** | | **71,471.74** | **63,282.26** |
| 2 | **चालू परिसंपत्तियां** | | | |
| | क) माल सूची | 10 | 3,015.24 | 2,603.81 |
| | ख) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| | i) निवेश | 5क | - | 468.48 |
| | ii) व्यापार प्राप्य | 6क | 7,316.38 | 3,392.33 |
| | iii) नकद तथा उसके समकक्ष | 11 | 1,367.56 | 1,212.22 |
| | iv) नकद तथा उसके समकक्ष के अलावा बैंक शेष | 11क | 717.39 | 149.61 |
| | v) ऋण | 7क | 99.11 | 108.36 |
| | ii) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 8क | 1,686.63 | 1,058.39 |
| | ग) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां | 12क | 666.47 | 659.91 |
| | **उप–योग (2)** | | **14,868.78** | **9,653.11** |
| | **कुल परिसंपत्तियां (1+2)** | | **86,340.52** | **72,935.37** |
| | **इक्विटी तथा देयताएं** | | | |
| 1 | **इक्विटी** | | | |
| | क) इक्विटी शेयर पूंजी | 13 | 4,440.39 | 4,440.39 |
| | ख) अन्य इक्विटी | 14 | 51,146.41 | 42,170.76 |
| | **उप–योग (1)** | | **55,586.80** | **46,611.15** |
| | **देयताएं** | | | |
| 2 | **गैर–चालू देयताएं** | | | |
| | क) वित्तीय देयताएं | | | |
| | i) उधार | 15 | 4,830.09 | 4,827.08 |
| | ii) पट्टा देयताएं | | 938.68 | 413.25 |
| | iii) अन्य वित्तीय देयताएं | 16 | 873.98 | 687.16 |
| | ख) प्रावधान | 17 | 666.39 | 547.69 |
| | ग) संविदा देयताएं | | 429.71 | 324.29 |
| | घ) आस्थगित कर देयता (निवल) | 20 | 4,767.28 | 4,502.23 |
| | ड.) अन्य गैर–वर्तमान देयताएं | 19 | 4,675.95 | 4,180.94 |
| | **उप–योग (2)** | | **17,182.08** | **15,482.64** |

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टप्पणी सं. | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | 31 मार्च, 2021 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| 3 | वर्तमान देयताएं | | | |
| | क) वित्तीय देयताएं | | | |
| | i) उधार | 15A | 1,522.67 | 1,163.62 |
| | ii) पट्टा देयताएं | | 364.32 | 194.15 |
| | iii) व्यापार देयताएं | | | |
| | क) लघु उद्यमों एवं सूक्ष्म उद्यमों की कुल बकाया देयताएं | 18 | 292.37 | 230.82 |
| | ख) लघु उद्यमों एवं सूक्ष्म उद्यमों के अलावा लेनदारों के कुल बकाया देयताएं | 18 | 5,173.60 | 4,095.53 |
| | iv) अन्य वित्तीय देयताएं | 16A | 3,743.86 | 3,219.93 |
| | ख) अन्य वर्तमान देयताएं | 19A | 1,045.70 | 630.08 |
| | ग) संविदा देयताएं | | 585.24 | 495.13 |
| | घ) प्रावधान | 17A | 843.88 | 812.32 |
| | **उप–योग (3)** | | **13,571.64** | **10,841.58** |
| | **कुल इक्विटी और देयताएं (1+2+3)** | | **86,340.52** | **72,935.37** |

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न टिप्पणियां पृथक वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

| हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– |
|---|---|---|---|
| **ए.के. झा** | **आर.के. जैन** | **एम.वी. अय्यर** | **मनोज जैन** |
| कंपनी सचिव | निदेशक (वित्त) | निदेशक (बीडी) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| (एसीएस नं. 18644) | (डीआईएनः 08788595) | (डीआईएनः 08198178) | (डीआईएनः 07556033) |

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

| **कृते ए.आर. एंड कंपनी** | **कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी** |
|---|---|
| चार्टर्ड एकाउंटेंट्स | चार्टर्ड एकाउंटेंट्स |
| फर्म नं. 002744C | फर्म नं. 000458N |
| हस्ता./– | हस्ता./– |
| **पवन के. गोयल** | **भूपिन्दर सिंह** |
| (भागीदार) | (भागीदार) |
| सदस्यता सं. 072209 | सदस्यता सं. 092867 |

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई 2022**

# 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लाभ एवं हानि पृथक विवरण

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | टिप्पणी | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| I | प्रचालनों से राजस्व | 21 | 91,645.72 | 56,737.79 |
| II | अन्य आय | 22 | 2,046.86 | 2,004.46 |
| III | **कुल राजस्व (I + II)** | | **93,692.58** | **58,742.25** |
| IV | **व्यय** | | | |
| | उपभुक्त सामग्रियों की लागत | | 5,044.04 | 3,905.88 |
| | उत्पाद शुल्क | | 19.24 | 7.64 |
| | व्यापार में स्टॉक की खरीद | | 66,064.91 | 39,898.99 |
| | तैयार माल के माल सूची में परिवर्तन, व्यापार स्टॉक और प्रगत्यधीन कार्य | 23 | (326.77) | 543.69 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 24 | 1,711.17 | 1,537.70 |
| | वित्त लागत | 25 | 174.43 | 155.90 |
| | मूल्यह्रास तथा परिशोधन व्यय | 26 | 2,111.17 | 1,907.88 |
| | अन्य व्यय | 27 | 5,304.10 | 4,398.76 |
| | **कुल व्यय (IV)** | | **80,102.29** | **52,356.44** |
| V | **कर पूर्व लाभ (III+IV)** | | **13,590.29** | **6,385.81** |
| VI | **कर व्यय** | | | |
| | (1) वर्तमान कर | | | |
| | –वर्तमान वर्ष | | 3,248.41 | 1,549.58 |
| | –पूर्व अवधियों से संबंधित कर का समायोजन | | (77.57) | 6.23 |
| | (2) आस्थगित कर | | 55.48 | (60.18) |
| | **कुल कर व्यय** | | **3,226.32** | **1,495.63** |
| VII | **वर्ष हेतु लाभ (V-VI)** | | **10,363.97** | **4,890.18** |
| VIII | **अन्य व्यापक आय (ओसीआई)** | | | |
| | **(क) मद जिसे बाद की अवधियों में लाभ एवं हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा** | | | |
| | नकद प्रवाह हेज लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | | 890.80 | 134.20 |
| | घटाः उस पर प्रभावी आयकर | | (224.20) | (4.53) |
| | **निवल ओसीआई जिसे लाभ एवं हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा** | | **666.60** | **129.67** |
| | **(ख) मदें जिन्हें बाद की अवधियों में लाभ एवं हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा** | | | |
| | (i) एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर निवल लाभ/(हानि) | | 1,886.98 | 1,124.53 |
| | घटाः उस पर प्रभावी आय कर | | (1.32) | (2.69) |
| | | | **1,885.66** | **1,121.84** |
| | (ii) परिभाषित लाभ योजनाओं पर पुनर्माप लाभ/(हानि) | | 46.84 | 41.26 |
| | घटाः उस पर आयकर प्रभाव | | 8.93 | (10.38) |
| | | | **55.77** | **30.88** |
| | **निवल ओसीआई जिसे बाद की अवधियों में लाभ या हानि (ख) में पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाएगा** | | **1,941.43** | **1,152.72** |
| | **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय (क+ख)** | | **2,608.03** | **1,282.39** |
| IX | **वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (VII+VII)** | | **12,972.00** | **6,172.57** |
| | ¼ykHk@¼gkfu½ vkj vofèk dk fy, vklhvkÃ dk feykdj½ | | | |
| X | प्रति इक्विटी शेयर आय (रुपए में) (प्रत्येक का अंकित मूल्य ₹ 10) | क | | |
| | क) मूल | | 23.34 | 10.85 |
| | ख) तनूकृत | | 23.34 | 10.85 |

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न टिप्पणियां पृथक वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं। उपरोक्त अवधि के दौरान कोई प्रचालन बंद नहीं किया गया।

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

हस्ता./–
**ए.के. झा**
कंपनी सचिव
(एसीएस नं. 18644)

हस्ता./–
**आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त)
(डीआईएनः 08788595)

हस्ता./–
**एम.वी. अय्यर**
निदेशक (बीडी)
(डीआईएनः 08198178)

हस्ता./–
**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 07556033)

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 072209

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 000458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 092867

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई 2022**

टिप्पण–क

# 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

**प्रति शेयर आय (ईपीएस)**

मूल और प्रति शेयर तनुकृत ईपीएस राशियों की गणना कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण वर्ष के लाभ को वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है। प्रति शेयर तनूकृत ईपीएस की गणना कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण वर्ष के लिए लाभ को वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और इक्विटी शेयरों में सभी प्रति शेयर कम किए गए संभावित इक्विटी शेयरों के रूपांतरण पर जारी किए जाने वाले इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

निम्नलिखित मूल और प्रति शेयर कम की गई ईपीएस गणना में उपयोग की जाने वाली आय और शेयर डेटा को दर्शाता है:

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 |
|---|---|---|
| लाभ और हानि विवरण के अनुसार वर्ष के लिए लाभ | 10,363.97 | 4,890.18 |
| **मूल आय के लिए कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण लाभ** | **10,363.97** | **4,890.18** |
| | **संख्या करोड़ में** | **संख्या करोड़ में** |
| मूल ईपीएस की गणना में इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या | 444.04 | 450.82 |
| **तनूकृत ईपीएस की गणना में इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या** | **444.04** | **450.82** |
| **प्रति इक्विटी शेयर आय ( ₹ में )** | | |
| **मूल** | 23.34 | 10.85 |
| **तनूकृत आय** | 23.34 | 10.85 |
| **प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य ( ₹ में )** | **10** | **10** |

# 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का पृथक विवरण

## क. इक्विटी शेयर पूंजी

**31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**

इक्विटी शेयर पूंजी (जारी, अभिदान और प्रदत्त इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹10/–)

| विवरण | टिप्पण सं. | ₹ करोड़ में |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2021 को | 13 | 4,440.39 |
| 31 मार्च 2022 को | | 4,440.39 |

**31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**

इक्विटी शेयर पूंजी (जारी, अभिदान और प्रदत्त इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹10/–)

| विवरण | टिप्पण सं. | ₹ करोड़ में |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2020 को | 13 | 4,510.14 |
| वर्ष के दौरान शेयरों की वापस खरीद* | | (69.76) |
| 31 मार्च 2021 को | | 4,440.39 |

*वर्ष के दौरान कंपनी ने 150 प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर 6,97,56,641 इक्विटी शेयर वापस खरीदे।

## ख. अन्य इक्विटी

**31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | आरक्षित और अधिशेष | | | | | आरक्षित और अधिशेष | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिधारित आय | सुरक्षा प्रीमियम खाता | बांड मोचन रिजर्व | सामान्य रिजर्व | आरक्षित पूंजी मोचन | इक्विटी शेयरों के एफवीटीओसीआई पर निवल (हानि)/ लाभ | नकद प्रवाह बचाव लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | |
| **1 अप्रैल 2021 को शेष** | **36,399.48** | **-** | **104.77** | **2,469.09** | **69.76** | **2,786.60** | **341.06** | **42,170.76** |
| वर्ष के लिए लाभ | 10,363.97 | | | | | | | 10,363.97 |
| इक्विटी शेयरों (कर का निवल) के एफवीटीओसीआई पर शुद्ध लाभ/(हानि) प्रतिधारित आय में पुनवर्गीकृत* | 13.48 | | | | | (13.48) | | - |
| परिभाषित लाभ योजनाओं पर पुनः माप लाभ (कर का निवल) | 55.77 | | | | | | | 55.77 |
| वर्ष के दौरान रिजर्व में अंतरण | (1,044.28) | | (112.65) | - | | | | (1,156.93) |
| वर्ष के दौरान आरक्षित निधियों से अंतरण | 112.65 | | 7.88 | 1,036.40 | - | | | 1,156.93 |
| लाभांश | (3,996.35) | | | | | | | (3,996.35) |
| **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय/ (हानि)** | | | | | | | | |
| एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर शुद्ध लाभ/(हानि) | | | | | | 1,885.66 | | 1,885.66 |
| नकदी प्रवाह पर निवल संचलन लाभ/(हानि) | | | | | | | 666.60 | 666.60 |
| **31 मार्च 2022 को शेष** | **41,904.72** | **-** | **-** | **3,505.49** | **69.76** | **4,658.78** | **1,007.66** | **51,146.41** |

*मैसर्स एडवरब टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स अटेंटिव एआई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश की बिक्री के कारण, उचित मूल्य लाभ (कर का निवल) को प्रतिधारित आय में पुनर्वर्गीकृत किया गया।

**31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | आरक्षित और अधिशेष | | | | | आरक्षित और अधिशेष | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिधारित आय | सुरक्षा प्रीमियम खाता | बांड मोचन रिजर्व | सामान्य रिजर्व | आरक्षित पूंजी मोचन | इक्विटी शेयरों के एफवीटीओसीआई पर निवल (हानि)/ लाभ | नकद प्रवाह बचाव लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | |
| **1 अप्रैल 2020 को शेष** | 34,178.60 | 0.27 | 89.81 | 3,260.77 | - | 1,720.12 | 211.39 | 39,460.96 |
| वर्ष के लिए लाभ | 4,890.18 | | | | | | | 4,890.18 |
| परिभाषित लाभ योजनाओं पर पुनः माप लाभ/(हानि) (निवल कर) | 30.88 | | | | | | | 30.88 |
| इक्विटी शेयरों के एफवीटीओसीआई पर शुद्ध लाभ/(हानि) | 55.36 | | | | | (55.36) | | - |
| इक्विटी शेयरों के एफवीटीओसीआई पर शुद्ध लाभ/(हानि) पर वर्तमान कर | (13.93) | | | | | | | (13.93) |
| वर्ष के दौरान रिजर्व में अंतरण | (503.98) | | | (69.76) | | | | (573.74) |
| वर्ष के दौरान रिजर्व से अंतरण | | | 14.96 | 489.02 | 69.76 | | | 573.74 |
| शेयरों का बॉयबैक (बॉयबैक कर और व्यय सहित) | | (0.27) | | (1,210.94) | | | | (1,211.21) |
| लाभांश | (2,237.63) | | | | | | | (2,237.63) |
| वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय/(हानि) | | | | | | | | |
| एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर शुद्ध (हानि)/लाभ | - | | | | | 1,121.84 | | 1,121.84 |
| नकदी प्रवाह बचाव लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | - | | | | | | 129.67 | 129.67 |
| **31 मार्च 2021 तक शेष राशि** | **36,399.48** | **-** | **104.77** | **2,469.09** | **69.76** | **2,786.60** | **341.06** | **42,170.76** |

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

| हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– |
|---|---|---|---|
| **ए.के. झा** | **आर.के. जैन** | **एम.वी. अय्यर** | **मनोज जैन** |
| कंपनी सचिव | निदेशक (वित्त) | निदेशक (बीडी) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| (एसीएस नं. 18644) | (डीआईएन: 08788595) | (डीआईएन: 08198178) | (डीआईएन: 07556033) |

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

| **कृते ए.आर. एंड कंपनी** | **कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी** |
|---|---|
| चार्टर्ड एकाउंटेंट्स | चार्टर्ड एकाउंटेंट्स |
| फर्म नं. 002744C | फर्म नं. 000458N |
| हस्ता./– | हस्ता./– |
| **पवन के. गोयल** | **भूपिन्दर सिंह** |
| (भागीदार) | (भागीदार) |
| सदस्यता सं. 072209 | सदस्यता सं. 092867 |

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई 2022**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली
## 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का पृथक विवरण

(₹ करोड़ में)

| | विवरण | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 |
| क) | **प्रचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | 1 कर पूर्व लाभ | 13,590.29 | 6,385.81 |
| | **2 के लिए समायोजनः** | | |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 2,111.17 | 1,907.88 |
| | विदेशी मुद्रा ऋण/अग्रिम पर विनिमय दर भिन्नता | (0.82) | (22.47) |
| | वित्त लागत | 174.43 | 155.90 |
| | निवेश पर लाभांश आय | (280.80) | (87.27) |
| | संबंधित पार्टी से लाभांश आय | (590.14) | (531.07) |
| | ब्याज आय | (445.68) | (477.55) |
| | निवेश की बिक्री पर (लाभ)/हानि | (18.90) | 9.00 |
| | म्यूचुअल फंड निवेश पर एमटीएम (लाभ)/हानि | 0.42 | (0.42) |
| | परिभाषित लाभ योजनाओं पर पुनः माप लाभ/हानि | 46.84 | 41.26 |
| | कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान | 96.96 | 11.78 |
| | संभावित दायित्वों का प्रावधान | 53.29 | 63.51 |
| | संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 53.47 | (113.33) |
| | अन्य प्रावधान | (3.23) | 0.16 |
| | सरकारी अनुदान का परिशोधन | (68.91) | (46.01) |
| | वित्तीय गारंटी दायित्व का परिशोधन | (5.36) | (4.14) |
| | वित्तीय गारंटी पर संभावित ऋण हानि | 169.58 | |
| | परिसंपत्तियों की बिक्री पर (लाभ)/हानि (निवल) | 12.03 | 5.47 |
| | हानि/सीडब्ल्यूआईपी के लिए प्रावधान | (11.42) | (70.41) |
| | कमोडिटी डेरिवेटिव (नेट) पर एमटीएम हानि | 241.36 | 184.84 |
| | बट्टे खाते में डाला गया शुष्क कूप का व्यय | 0.08 | 3.70 |
| | असाधारण मद–हानि के लिए प्रावधान/(उलटना) (निवल) | - | 10.61 |
| | **उप–योग (2)** | **1,534.37** | **1,041.44** |
| | **3 कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पहले प्रचालन लाभ (1+2)** | **15,124.66** | **7,427.25** |
| | **4 कार्यशील पूंजी में परिवर्तन (नकद और नकद समकक्षों को छोड़कर)** | | |
| | व्यापार और अन्य प्राप्तियां | (5,716.32) | 1,803.00 |
| | माल सूची | (415.73) | 355.36 |
| | व्यापार और अन्य देय | 3,158.39 | 62.60 |
| | **कार्यशील पूंजी में परिवर्तन (नकदी और नकद समकक्षों को छोड़कर)** | **(2,973.66)** | **2,220.96** |
| | **5 प्रचालन से उत्पन्न नकदी (3+4)** | **12,151.00** | **9,648.21** |
| | 6 प्रत्यक्ष कर का भुगतान | (3,196.01) | (1,275.41) |
| | **प्रचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह (5+6)** | **8,954.99** | **8,372.80** |
| ख) | **ख) निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | अचल परिसंपत्तियों की खरीद/सीडब्ल्यूआईपी | (5,951.12) | (4,989.91) |
| | अचल परिसंपत्तियों की बिक्री | 32.74 | 13.24 |
| | सरकारी अनुदानों की प्राप्ति (पूंजीगत अनुदान) | 589.55 | 728.03 |
| | म्यूचुअल फंड में निवेश | (12,104.95) | (8,733.01) |
| | म्यूचुअल फंड की बिक्री | 12,591.91 | 8,274.02 |
| | अन्य कंपनियों में निवेश | (943.58) | (612.90) |

(₹ करोड़ में)

| | विवरण | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 |
| | निवेश से बिक्री | 19.43 | - |
| | ऋण और अग्रिम – संबंधित पक्ष (निवल) | (164.05) | 55.60 |
| | प्राप्त ब्याज | 444.34 | 476.79 |
| | निवेश पर प्राप्त लाभांश | 280.80 | 87.27 |
| | संबंधित पक्षों से प्राप्त लाभांश | 590.14 | 531.07 |
| | **निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह** | **(4,614.79)** | **(4,169.80)** |
| **ग)** | **ग) वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | उधार की चुकौती | (1,537.13) | (3,193.62) |
| | अवधि के दौरान उधार | 1,900.00 | 3,650.00 |
| | लीज देनदारियों का भुगतान | (234.12) | (157.50) |
| | शेयरों का बायबैक | | (1,280.97) |
| | भुगतान किया गया लाभांश | (3,994.26) | (2,237.11) |
| | भुगतान की गई वित्त लागत | (319.35) | (319.91) |
| | **वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह** | **(4,184.86)** | **(3,539.11)** |
| | **नकद और नकद समकक्षों में शुद्ध वृद्धि (क+ख+ग)** | **155.34** | **663.89** |
| | अवधि के प्रारंभ होने पर नकद और नकद समकक्ष | 1,212.22 | 548.33 |
| | अवधि के बंद होने पर नकद और नकद समकक्ष | 1,367.56 | 1,212.22 |

1. नकद प्रवाह विवरण नकद प्रवाह के इंड एएस 7 विवरण के अनुसार अप्रत्यक्ष विधि का इस्तेमाल करके तैयार किया गया है।
2. नकद और नकद समकक्ष के लिए टिप्पण 11 देखें।

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

| हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– |
|---|---|---|---|
| **ए.के. झा** | **आर.के. जैन** | **एम.वी. अय्यर** | **मनोज जैन** |
| कंपनी सचिव | निदेशक (वित्त) | निदेशक (बीडी) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| (एसीएस नं. 18644) | (डीआईएनः 08788595) | (डीआईएनः 08198178) | (डीआईएनः 07556033) |

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

| **कृते ए.आर. एंड कंपनी** | **कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी** |
|---|---|
| चार्टर्ड एकाउंटेंट्स | चार्टर्ड एकाउंटेंट्स |
| फर्म नं. 002744C | फर्म नं. 000458N |
| हस्ता./– | हस्ता./– |
| **पवन के. गोयल** | **भूपिन्दर सिंह** |
| (भागीदार) | (भागीदार) |
| सदस्यता सं. 072209 | सदस्यता सं. 092867 |

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई 2022**

# टिप्पण : 1क: कॉर्पोरेट सूचना और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

## कॉर्पोरेट सूचना

गेल (इंडिया) लिमिटेड ("गेल" या "कंपनी") भारत में स्थित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है और इसे 16 अगस्त, 1984 को गठित किया गया था। कंपनी के इक्विटी शेयर भारत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। कंपनी की ग्लोबल डिपॉजिटरी प्राप्तियां (जीडीआर) लंदन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। 31 मार्च 2022 को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी पूंजी में भारत सरकार की हिस्सेदारी 51.45% है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 16, भीकाजी कामा प्लेस, आर के पुरम, नई दिल्ली–110066 में स्थित है।

गेल भारत में सबसे बड़ी सरकारी स्वामित्व वाली प्राकृतिक गैस प्रोसेसिंग और वितरण कंपनी है। कंपनी का एक विविध व्यापार पोर्टफोलियो है और प्राकृतिक गैस के सोर्सिंग और व्यापार, एलपीजी, तरल हाइड्रोकार्बन और पेट्रोकेमिकल के उत्पादन, पाइपलाइनों के माध्यम से प्राकृतिक गैस और एलपीजी के संचरण आदि में इसके भागीदारी हित हैं। गेल की भारत और विदेशों में तेल और गैस ब्लॉक में भी भागीदारी है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के पृथक वित्तीय विवरणों को 27 मई 2022 को निदेशक मंडल के एक संकल्प के अनुसार जारी करने के लिए अधिकृत किया गया था।

## तैयारी का आधार

कंपनी के पृथक वित्तीय विवरण समय–समय पर यथा संशोधित और अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों सहित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 133 के तहत कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

वित्तीय विवरणों को लेखांकन के अर्जन के आधार पर भविष्य में बने रहने वाली एक संस्था के रूप में तैयार किया गया है। कंपनी ने कुछ मदों को छोड़कर परिसंपत्तियों और देनदारियों के लिए ऐतिहासिक लागत आधार अपनाया है जिन्हें एक अलग आधार पर मापा गया है और इस तरह के आधार को प्रासंगिक लेखा नीति में प्रकट किया गया है।

वित्तीय विवरण भारतीय रुपए (₹) में प्रस्तुत किए जाते हैं और मूल्यों को निकटतम करोड़ (दो दशमलव तक) तक पूर्णांकित किया जाता है, जब तक कि अन्यथा संकेत न दिया जाए।

## 1. लेखांकन नीतियां

### 1.1 परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

क) पीपीई की एक वस्तु की लागत को एक परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है लेकिन तभी, और केवल तभी:

i. यह संभावना हो कि भावी आर्थिक लाभ संस्था को प्राप्त हों; तथा

ii. किसी वस्तु की लागत को विश्वसनीयता से मापा जा सकता है

ख) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण मूल लागत पर प्राप्त कर/शुल्क ऋण, कम संचित मूल्यह्रास/परिशोधन और संचयी हानि/परिशोधन को घटाकर लिखा गया है। ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने तक नियत परिसंपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित सभी लागतों को पूंजीकृत किया जाता है। चालू की गई संपत्तियों के मामले में जहां ठेकेदारों को अंतिम भुगतान लंबित है, पूंजीकरण अनंतिम आधार पर किया जाता है, जो सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त होने तक अनंतिम दायित्व को शामिल करते हुए, निपटान के वर्ष में लागत और मूल्यह्रास में आवश्यक समायोजन के अधीन होते हैं।

ग) भंडार और अतिरिक्त पुर्जे जो पीपीई की परिभाषा को पूरा करते हैं (चाहे घटक के रूप में या अन्यथा) और मान्यता मानदंडों को पूरा करते हैं, अंतर्निहित परिसंपत्ति में पीपीई के रूप में पूंजीकृत होते हैं। प्रमुख निरीक्षण/पुनरुद्धार/मरम्मत को संबंधित परिसंपत्तियों की अग्रणीत राशि में एक प्रतिस्थापन के रूप में मान्यता दी जाती है बशर्ते मान्यता मानदंड पूरे होते हों। अन्य सभी मरम्मत और रखरखाव लागतों को लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के रूप में मान्यता दी गई है।

घ) पीपीई की खरीद के समय तकनीकी जानकारी/खर्च किए गए लाइसेंस शुल्क को अंतर्निहित परिसंपत्ति के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है।

ड.) इंड एएस में परिवर्तन पर, कंपनी ने 1 अप्रैल, 2015 को मान्यता–प्राप्त अपने सभी पीपीई के वहन मूल्य को जारी रखने के लिए चुना है, जिसे पिछले जीएएपी के अनुसार मापा गया है और उस वहन मूल्य को पीपीई की मानी गई लागत के रूप में उपयोग किया गया है।

### 1.2 अमूर्त परिसंपत्तियां

क) उपयोग का अधिकार (आरओयू), सॉफ्टवेयर, लाइसेंस जैसी अमूर्त परिसंपत्तियां जिनसे भविष्य में स्थायी आर्थिक लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है, उन्हें अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और अधिग्रहण की उनकी लागत कम संचित परिशोधन और किसी भी संचित हानि पर दर्ज की जाती है।

ख) इंड एएस में परिवर्तन पर, कंपनी ने 1 अप्रैल, 2015 को पिछले जीएएपी के अनुसार मापी गई अपनी सभी अमूर्त परिसंपत्तियों के वहन मूल्य को जारी रखने के लिए चुना है और उस वहन मूल्य को अमूर्त परिसंपत्ति की मानी गई लागत के रूप में उपयोग किया है।

### 1.3 प्रगत्यधीन पूंजीगत कार्य

क) कार्य शुरू होने पर जहां आरओयू का अधिग्रहण किया जाता है, वास्तविक भुगतान/अनुमानित देयता के आधार पर कार्यशील पूंजी के तहत फसल मुआवजे का हिसाब लगाया जाता है।

ख) कार्यशील पूंजी में परियोजनाओं में उपयोग के लिए साइट पर प्राप्त मार्गस्थ/उपकरण/सेवाओं आदि में सामग्री सहित निर्माण भंडार शामिल हैं।

ग) निर्माण अवधि के दौरान किए गए सभी राजस्व व्यय, जो संपत्ति के अधिग्रहण/निर्माण के लिए अत्यधिक जिम्मेदार हैं, ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने के समय पूंजीकृत होते हैं।

### 1.4 अन्वेषण और विकास लागत

**क)** कंपनी अन्वेषण, विकास और उत्पादन गतिविधियों के लिए संबंधित मेजबान सरकार और विभिन्न निकाय कॉरपोरेट्स के साथ उत्पादन हिस्सेदारी संविदा (पीएससी) और राजस्व हिस्सेदारी संविदा (आरएससी) की प्रकृति में शामिल या अनिगमित संयुक्त उद्यमों के माध्यम से की गई तेल और गैस की अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियाँ, जिनमें अन्वेषण और मूल्यांकन लागत शामिल है, इस प्रकार है:

(i) भूगर्भीय और भूभौतिकीय (जीएंडजी) की लागत जिसमें भूकंपीय सर्वेक्षण शामिल हैं, अन्वेषण और मूल्यांकन प्रस्तावों के लिए सतही पट्टा किराया आदि को राजस्व व्यय के रूप में उस वर्ष में मान्यता दी जाती है जिसमें ये शामिल हैं।

(ii) अन्वेषक/मूल्यांकन कुओं की लागत को प्रगत्यधीन पूंजीगत कार्य के तहत अमूर्त परिसंपत्तियां/कार्यशील पूंजी के रूप में लिया जाता है। इस तरह के अन्वेषी कुओं को उस वर्ष में पूंजीकृत किया जाता है जिसमें उत्पादक संपत्ति बनाई जाती है। ऐसी लागतों को उस वर्ष के बट्टे खाते में डाल दिया जाता है जब शुष्क/परित्यक्त गया निर्धारित किया जाता है।

(iii) सभी "अन्वेषी कुओं की प्रगति" की लागत को लाभ एवं हानि विवरण में डेबिट किया जाता है, उन कुपों को छोड़कर जिनके लिए पर्याप्त मात्रा में भंडार के उचित संकेत मिले हों तथा उद्यम रिजर्व और आर्थिक और परियोजना की प्रचालन व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा हो।

**ख) उत्पादन संपत्तियों का पूंजीकरण**

उत्पादन संपत्तियों को "पूर्ण कुओं/उत्पादक कुओं" के रूप में पूंजीकृत किया जाता है जब क्षेत्र/क्षेत्र में कुएं प्रमाणित विकसित तेल और गैस भंडार की स्थापना पर व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार होते हैं।

उत्पादन संपत्तियों की लागत में सफल अन्वेषी कुओं, विकास कुओं की लागत, सहायक उपकरणों की प्रारंभिक मूल्यह्रास सुविधाएं और अनुमानित भविष्य परित्याग लागत शामिल है।

**ग) उत्पादन संपत्तियों का ह्रास**

उत्पादन विधि की यूनिट (यूओपी)" का उपयोग करके उत्पादन परिसंपत्तियां समाप्त हो जाती हैं। सभी पूंजीगत लागत के लिए प्रभारित उत्पादन की कमी या यूनिट की गणना वर्ष के दौरान उत्पादन के अनुपात में वर्ष के अंत में प्रमाणित विकसित भंडार के रूप में की जाती है।

**घ) उत्पादन संपत्तियों की उत्पादन लागत**

जैसा कि ऑपरेटर द्वारा दर्शाया गया है, उत्पादन लागत में कंपनी के हिस्से में मूल्यह्रास और सहायक उपकरण और सुविधाओं की लागू प्रचालन लागत सहित कूप पूर्व शीर्ष और कूप पश्चात् शीर्ष व्यय शामिल हैं।

**ड.) संयुक्त प्रचालन के लिए लेखांकन**

कंपनी उत्पादन हिस्सेदारी संविदा (पीएससी) और राजस्व हिस्सेदारी संविदा के माध्यम से दर्ज किए गए संयुक्त प्रचालन में अपने हितों के संबंध में, वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों, देनदारियों, आउटपुट की बिक्री से राजस्व, संयुक्त प्रचालन यूनिट के खर्चों में अपने आनुपातिक हिस्से को मान्यता देती है।

## 1.5 विदेशी मुद्रा लेनदेन

क) कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपया (₹) है।

ख) विदेशी मुद्रा में लेन–देन शुरू में लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दर पर होते हैं।

ग) मौद्रिक मदों (जैसे नकद, प्राप्य, ऋण, देय आदि) विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्ग, वर्ष के अंत में बकाया, वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दरों (देयताओं के लिए बीसी बिक्री दर और प्राप्य के लिए टीटी खरीद दर) पर नामित किया जाता है।

घ) गैर–मौद्रिक मदों (जैसे निवेश, संपत्ति संयंत्र और उपकरण आदि), विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्ग को लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दर पर हिसाब में लिया जाता है।

ड.) विनिमय अंतर के कारण या तो निपटान या परिवर्तन पर होने वाले किसी भी लाभ या हानि को लाभ एवं हानि विवरण में समायोजित किया जाता है।

च) विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर मापी गई गैर–मौद्रिक वस्तुओं का विनिमय दरों का उपयोग उस तिथि पर किया जाता है जब उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है। गैर–मौद्रिक वस्तुओं के परिवर्तन पर होने वाले लाभ या हानि को ऐसी वस्तु के उचित मूल्य के निर्धारण पर उत्पन्न होने वाले लाभ या हानि के अनुरूप, या तो अन्य व्यापक आय या लाभ और हानि के विवरण में, जैसा भी मामला हो, मान्यता दी जाती है।

## 1.6 उधार लेने की लागत

अर्हक परिसंपत्तियां प्राप्त करने के उद्देश्य से विशेष रूप से उधार ली गई और परिसंपत्ति की लागत के साथ पूंजीकरण के लिए पात्र निधियों की उधार लागत को उस तारीख तक पूंजीकृत किया जाता है जब परिसंपत्ति ऐसी निधियों के अस्थायी निवेश पर अर्जित किसी भी आय को शुद्ध करने के बाद अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होती है। अन्य उधारी लागतों को वर्ष में होने वाले व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

## 1.7 सरकारी अनुदान

सरकारी अनुदानों को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि उचित आश्वासन न हो कि कंपनी उनसे जुड़ी शर्तों का पालन करेगी और अनुदान प्राप्त किया जाएगा। मूल्यह्रास योग्य परिसंपत्तियों के मामले में, परिसंपत्ति की लागत को सकल मूल्य पर दिखाया जाता है और उस पर अनुदान को आस्थगित आय में लिखा जाता है जिसे परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन पर लाभ एवं हानि विवरण में आय के रूप में मान्यता दी जाती है। गैर–मूल्यह्रास योग्य परिसंपत्तियों से संबंधित सरकारी अनुदानों को भी कुछ दायित्वों की पूर्ति की आवश्यकता हो सकती है और तब उन्हें उन अवधियों में लाभ या हानि में मान्यता दी जाएगी जो दायित्वों को पूरा करने की लागत वहन करते हैं।

## 1.8 बिक्री के लिए धारित गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां

बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों या निपटान समूहों को वहन राशि के निचले स्तर पर और बिक्री की लागत को घटाकर उचित मूल्य पर मापा जाता है। बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्तियों और देनदारियों को तुलन–पत्र में अलग से प्रस्तुत किया जाता है।

गैर–वर्तमान संपत्ति या निपटान समूहों को बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी अग्रणीत राशि मुख्य रूप से निरंतर उपयोग के बजाय बिक्री के माध्यम से वसूल की जाएगी। प्रबंधन को वर्गीकरण की तारीख से एक वर्ष के भीतर अपेक्षित बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। बिक्री की योजना को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई से यह संकेत मिलना चाहिए कि यह संभावना नहीं है कि योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे या योजना को वापस ले लिया जाएगा।

पीपीई और अमूर्त परिसंपत्तियों को एक बार बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास या परिशोधन नहीं किया जाता है।

## 1.9 माल सूची

क) पाइपलाइनों में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और प्राकृतिक गैस के स्टॉक का मूल्यांकन लागत पर पहले आओ पहले पाओ (एफआईएफओ) के आधार पर या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, के आधार पर किया जाता है।

ख) कच्चे माल और तैयार माल का मूल्यांकन भारित औसत लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। तैयार माल में उत्पाद शुल्क और जहां भी लागू हो, रॉयल्टी शामिल है।

ग) स्टॉक इन प्रोसेस का मूल्यांकन भारित औसत लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। इसका मूल्यांकन भारित औसत लागत पर किया जाता है जहां तैयार माल जिसमें इन्हें शामिल किया जाना है, भारित औसत लागत पर या उससे ऊपर बेचे जाने की उम्मीद है।

घ) माल के उत्पादन में उपयोग के लिए भंडार और पुर्जे तथा अन्य सामग्री का मूल्यांकन भारित औसत लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। इसका मूल्यांकन भारित औसत लागत पर किया जाता है, जहां तैयार माल जिसमें उन्हें शामिल किया जाएगा, को/या उससे अधिक लागत पर बेचे जाने की उम्मीद है।

ड.) अधिशेष/अप्रचलित पूंजी भंडार और पुर्जों का मूल्यांकन लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है।

च) पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण में उपयोग के लिए रखे गए अधिशेष/अप्रचलित पूंजी भंडारों का मूल्यांकन लागत से कम या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर किया जाता है।

छ) पारगमन में आयातित एलएनजी का मूल्यांकन सीआईएफ मूल्य या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य जो भी कम हो, पर किया जाता है।

ज) नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) का मूल्यांकन लागत पर पहले आओ पहले पाओ (एफआईएफओ) के आधार पर या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, के आधार पर किया जाता है।

### 1.10 राजस्व मान्यता

कंपनी ने इंड एएस 115 में परिवर्तन पर संशोधित पूर्वव्यापी दृष्टिकोण को लागू किया है।

क) राजस्व को अनुबंध के तहत निष्पादन दायित्व की संतुष्टि पर ग्राहकों को वादा किए गए सामान या सेवाओं के नियंत्रण के हस्तांतरण को दर्शाने के लिए मान्यता दी जाती है, जो उस विचार को दर्शाता है जिसके लिए यूनिट उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले पात्र होने की उम्मीद करती है। प्रतिफल में ग्राहकों द्वारा उन परिसंपत्तियों का योगदान शामिल होता है जिन पर कंपनी का नियंत्रण होता है।

ख) जहां निष्पादन दायित्व समय के साथ पूरा हो जाता है, कंपनी रिपोर्टिंग की तारीख तक निष्पादन पूर्णता के आधार पर इनपुट/आउटपुट पद्धति का उपयोग करके राजस्व का पता लगाती है। जहां एक समय पर निष्पादन दायित्व पूरा हो जाता है, कंपनी राजस्व का पता लगाती है जब ग्राहक अनुबंध में वादा किए गए सामान और सेवाओं का नियंत्रण प्राप्त करता है।

ग) कंपनी सेवाओं की बिक्री के संबंध में राजस्व के लेखांकन में आउटपुट पद्धति का उपयोग करती है। आउटपुट पद्धति के उपयोग के लिए कंपनी को निष्पादन पूर्ण होने की तिथि उदाहरण के लिए कालातीत समय के आधार पर राजस्व की पहचान करने की आवश्यकता होती है। अनुबंध की अवधि के दौरान अनुमानों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है और कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समय के साथ पूरा हुए अपने निष्पादन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति को फिर से मापती है।

घ) कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अपने अनुमानित लेनदेन मूल्य को अपडेट करती है, ताकि रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परिस्थितियों में बदलाव, दंड, छूट और क्षति आदि को निष्ठापूर्वक प्रस्तुत किया जा सके।

ड.) बीमा दावों का हिसाब बीमाकर्ताओं द्वारा स्वीकार किए गए दावों के आधार पर किया जाता है।

च) दावों (ग्राहकों से विलंबित वसूली पर ब्याज सहित) को तब हिसाब में लिया जाता है, जब इस बात की पर्याप्त निश्चितता हो कि दावा वसूली योग्य हैं।

छ) प्राकृतिक गैस के न्यूनतम गारंटीशुदा ऑफटेक (एमजीओ) के संबंध में देयता प्रदान नहीं की जाती है जहां इसे ग्राहकों से वसूली योग्य एमजीओ द्वारा सुरक्षित किया जाता है। वर्ष के दौरान एमजीओ के भुगतान/प्राप्तियों को प्राप्ति के आधार पर समायोजित किया जाता है।

ज) एलपीजी के परिवहन से संबंधित न्यूनतम प्रभार प्राप्ति के आधार पर दर्ज किए जाते हैं।

झ) ग्राहकों के साथ गैस बिक्री समझौते के अनुसार, गैस के वार्षिक ऑफटेक या भुगतान मात्रा (एटीओपीक्यू) के लिए प्राप्त राशि का हिसाब वसूली के आधार पर किया जाता है और देयता के रूप में दिखाया जाता है जब तक कि अनुबंध के अनुसार ग्राहक को गैस की डिलीवरी नहीं की जाती है।

### 1.11 मूल्यह्रास/परिशोधन

**क) संपत्ति संयंत्र और उपकरण (पीपीई)**

i. पीपीई पर मूल्यह्रास (सहायक संपत्तियों को शामिल करते हुए) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची।। में निर्दिष्ट तरीके और उपयोगी जीवन के अनुसार, सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) पर आनुपातिक आधार पर प्रदान किया जाता है (खरीदी गई परिसंपत्तियों के लिए मासिक अनुपात), नीचे उल्लिखित परिसंपत्तियों को छोड़कर जहां बाह्य/आंतरिक तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न उपयोगी जीवन लिया गया है:

| विवरण | वर्ष |
|---|---|
| कर्मचारियों के उपयोग के लिए प्रदान किया गया फर्नीचर | 6 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग के लिए प्रदान किए गए बिजली के उपकरण | 4 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराए गए मोबाइल फोन | 2 वर्ष |

ii. पट्टाधारित भूमि की लागत स्थायी पट्टों को छोड़कर पट्टा अवधि के दौरान परिशोधित की जाती है।

iii. अचल संपत्तियों की मूल लागत में मूल्य समायोजन के कारण मूल्यह्रास संभावित रूप से लगाया जाता है।

**ख) अमूर्त परिसंपत्तियां**

i. उपयोग का अधिकार (आरओयू) अनिश्चित काल तक बना रहता है (जिस अवधि के लिए उनसे शुद्ध नकदी प्रवाह उत्पन्न करने की उम्मीद की जाती है, इस तथ्य को देखते हुए कि इन अधिकारों का उपयोग संबंधित पाइपलाइनों के जीवन के बाद भी किया जा सकता है) परिशोधन नहीं किया जाता है, लेकिन सालाना हानि के लिए परीक्षण किया जाता है।

ii. सॉफ्टवेयर और लाइसेंस आदि वाली अमूर्त परिसंपत्तियां पूंजीकरण की तारीख से उपयोगी जीवन पर स्ट्रेट लाइन पद्धति (एसएलएम) पर परिशोधित की जाती हैं, जिसे 5 वर्ष/वास्तविक उपयोग जीवन से अधिक नहीं माना जाता है।

iii. परिसंपत्तियों की हानि, यदि कोई हो, के बाद उसके शेष उपयोगी जीवन पर परिसंपत्तियों की संशोधित वहन राशि पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

ग) **उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित पूंजीगत परिसंपत्ति सुविधाएं**

जिस भूमि का स्वामित्व कंपनी के पास नहीं है, उस भूमि पर उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित पूंजीगत परिसंपत्ति सुविधाओं का कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्दिष्ट उपयोगी जीवन के अनुसार एसएलएम आधार पर मूल्यह्रास किया गया है।

## 1.12 कर्मचारी लाभ

(क) सभी अल्पकालिक कर्मचारी लाभों को लेखांकन अवधि में बिना छूट वाली राशि के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें वे खर्च किए जाते हैं।

(ख) भविष्य निधि में कंपनी का योगदान योग्य कर्मचारी के वेतन के एक निश्चित प्रतिशत के आधार पर इस उद्देश्य के लिए स्थापित एक अलग ट्रस्ट को प्रेषित किया जाता है और इसे लाभ एवं हानि विवरण/सीडब्ल्यूआईपी में डेबिट किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी भविष्य निधि ट्रस्ट को कंपनी द्वारा मुआवजा दिए जाने के लिए भावी अवधि में ब्याज की वैधानिक दर को पूरा करने के लिए फंड परिसंपत्तियों में किसी भी कमी के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार प्रावधान करती है।

(ग) सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा योजना के संबंध में परिभाषित लाभ योजनाओं के तहत कर्मचारी लाभ और उपदान को परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के आधार पर मान्यता दी जाती है, जिसकी गणना अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती है। संबंधित योजनागत परिसंपत्तियों से अधिक बीमांकिक देयता को वर्ष के दौरान मान्यता दी गई है।

(घ) वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति का उपयोग करके अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों पर दायित्व, जैसे, छुट्टी का नकद भुगतान, मुआवजा अनुपस्थिति और दीर्घ सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

(ड.) बीमांकिक लाभ और हानि को शामिल करते हुए पुनर्मापन को तुलन–पत्र में संबंधित डेबिट या क्रेडिट के साथ लाभ एवं हानि या अन्य व्यापक आय विवरण के माध्यम से घटित होने वाले वर्ष में, जैसा भी मामला हो, मान्यता दी जाती है। बाद की अवधियों में लाभ एवं हानि विवरण के लिए पुनः मापों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाता है।

(च) कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभ के लिए एक परिभाषित योगदान योजना भी संचालित करती है और अंशदान एक अलग ट्रस्ट को प्रेषित किया जाता है।

(छ) बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार उपदान और सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा योजना (पीआरएमएस) के लिए देयता एक अलग ट्रस्ट के साथ वित्त पोषित है।

## 1.13 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर नकद उत्पादन इकाई की वहन राशि की समीक्षा की जाती है। यदि आंतरिक/बाह्य कारकों के आधार पर हानि का कोई संकेत मिलता है, तो हानि को स्वीकार किया जाता है जहां परिसंपत्ति की अग्रणीत राशि उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होती है।

## 1.14 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं, आकस्मिक परिसंपत्तियां और पूंजीगत प्रतिबद्धताएं

(क) माप में पर्याप्त मात्रा में अनुमान लगाने वाले प्रावधानों को मान्यता दी जाती है जब पिछली घटनाओं के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व होता है और यह संभावना है कि संसाधनों का बहिर्वाह होगा। प्रत्येक मामले में 5 लाख रुपए से अधिक की आकस्मिक देनदारियों/परिसंपत्तियों का भुगतान लेखाओं में टिप्पणियों के रूप में किया जाता है, सिवाय इसके कि जब निपटान/वसूली की काफी कम संभावना हो।

(ख) पूंजीगत लेखाओं पर निष्पादित की जाने वाली शेष अनुबंधों की अनुमानित राशि ₹ 5 लाख से अधिक के प्रत्येक मामले में प्रकट की जाती है।

## 1.15 आय पर कर

वर्तमान कर का प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। रिपोर्टिंग तिथि पर सभी अस्थायी अंतरों पर परिसंपत्तियों और देनदारियों के कर आधारों और उनकी वहन राशियों के लिए रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित किए गए कर की दर और कर कानूनों पर विचार करते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्य के लिए तुलन–पत्र पद्धति का उपयोग करते हुए आस्थगित कर प्रदान किया जाता है।

लाभ एवं हानि विवरण के बाहर मान्यता–प्राप्त मदों से संबंधित आस्थगित कर, लाभ एवं हानि विवरण (या तो अन्य व्यापक आय या इक्विटी में) के बाहर मान्यता–प्राप्त है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की अग्रणीत राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर की जाती है और इसे इस सीमा तक समायोजित किया जाता है कि अब यह संभावना नहीं है कि परिसंपत्ति के सभी या उसके हिस्से को वसूल करने की अनुमति देने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

## 1.16 अनुसंधान एवं विकास व्यय

अनुसंधान और विकास पर राजस्व व्यय को उस वर्ष के लाभ एवं हानि विवरण में दर्ज किया जाता है जिसमें यह खर्च किया गया है। अनुसंधान और विकास पर पूंजीगत व्यय को पूंजीकृत किया जाता है यदि वह संपत्ति के रूप में योग्य हो।

## 1.17 नकद और नकद समकक्ष

नकद और नकद समकक्ष में बैंक और हाथ में नकद तथा तीन महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता के साथ अल्पकालिक जमा राशि शामिल हैं, जो मूल्य में परिवर्तन के एक मामूली जोखिम के अधीन हैं।

## 1.18 खंड रिपोर्टिंग

कंपनी का प्रबंधन संसाधन आबंटन और निष्पादन मूल्यांकन के बारे में निर्णय लेने के उद्देश्य से अपने व्यावसायिक खंडों के प्रचालन परिणामों की निगरानी करता है। खंड प्रदर्शन का मूल्यांकन लाभ या हानि के आधार पर किया जाता है और वित्तीय विवरणों में लाभ या हानि के साथ लगातार मापा जाता है।

उत्पादों/सेवाओं की प्रकृति के आधार पर प्रचालन खंडों की पहचान की गई है।

क) खंड राजस्व में अंतर–खंड राजस्व सहित खंड के साथ/आबंटित करने योग्य सीधे पहचाना गया राजस्व शामिल है।

ख) खंड के परिणाम निर्धारित करने के लिए उन व्ययों पर विचार किया जाता है जो सीधे तौर पर पहचाने जा सकते हैं/खंडों के लिए आबंटित किए जा सकते हैं।

ग) व्यय जो समग्र रूप से कंपनी से संबंधित हैं और जो खंडों के लिए आबंटित नहीं हैं, उन्हें गैर–आबंटित व्यय के तहत शामिल किया गया है।

घ) आय जो समग्र रूप से कंपनी से संबंधित है और खंडों के लिए आबंटित नहीं है, को असंबद्ध आय में शामिल किया गया है।

ङ.) सीडब्ल्यूआईपी और देनदारियों को शामिल करने वाली खंड परिसंपत्तियां संबंधित खंडों के साथ सीधे पहचान योग्य हैं। गैर–आबंटित संपत्ति और देनदारियां उन परिसंपत्तियों और देनदारियों का प्रतिनिधित्व करती हैं जो समग्र रूप से कंपनी से संबंधित हैं और किसी भी खंड के लिए आबंटित नहीं हैं।

### 1.19 प्रति शेयर आय

प्रति इक्विटी शेयर मूल आय की गणना वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से इक्विटी शेयरधारकों के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ को विभाजित करके की जाती है। वर्ष के दौरान इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम किए गए संभावित इक्विटी शेयरों के योग से कर के बाद समायोजित शुद्ध लाभ को विभाजित करके प्रति इक्विटी शेयर कम की गई आय की गणना की जाती है।

### 1.20 परिसमापन हानि/मूल्य में कमी अनुसूची

परिसमाप्त क्षतियों/मूल्य कटौती अनुसूची के लिए वसूल की गई राशि को जब भी मामला सुलझाया जाता है, समायोजित/विनियोजित किया जाता है।

### 1.21 नकदी प्रवाह का विवरण

नकदी प्रवाह का विवरण इंड एएस 7, 'नकद प्रवाह का विवरण' में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार तैयार किया जाता है।

### 1.22 उचित मूल्य मापन

कंपनी प्रत्येक तुलन–पत्र तिथि पर उचित मूल्य पर डेरिवेटिव और विशिष्ट निवेश (सहायक, संयुक्त उद्यम और सहयोगियों के अलावा) को शामिल करते हुए वित्तीय साधनों को मापती है।

सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां जिनके लिए वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य को मापा जाता है या उनका निपटान किया जाता है, उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम के भीतर वर्गीकृत किया जाता है, जो कि निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर वर्णित है, और जो समग्र रूप से उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण है:

(i) स्तर 1 – समान परिसंपत्तियों या देनदारियों के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (गैर–समायोजित) बाजार मूल्य

(ii) स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर का इनपुट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखने योग्य है।

(iii) स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर इनपुट अप्राप्य है।

आवर्ती आधार पर तुलन–पत्र में पहचाने जाने वाली परिसंपत्तियों और देनदारियों के लिए, कंपनी यह निर्धारित करती है कि क्या प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्गीकरण के पुनर्मूल्यांकन द्वारा (निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर जो पूर्ण रूप से उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण है) पदानुक्रम में स्तरों के बीच स्थानांतरण हुआ है।

उचित मूल्य विसंगतियों के उद्देश्य के लिए, कंपनी ने परिसंपत्ति या देयता की प्रकृति, विशेषताओं और जोखिमों तथा उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर परिसंपत्ति और देनदारियों का जोखिम निर्धारित किया है जैसा कि ऊपर बताया गया है।

### 1.23 वित्तीय तंत्र

वित्तीय साधन कोई भी ऐसा अनुबंध है जो किसी इकाई की वित्तीय परिसंपत्ति और दूसरी इकाई की वित्तीय देयता या इक्विटी साधन को जन्म देता है।

### (क) वित्तीय परिसंपत्तियां

**क) वर्गीकरण**

कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए अपने व्यापार मॉडल और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक नकदी प्रवाह विशेषताओं के आधार पर लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से अन्य व्यापक आय या उचित मूल्य के माध्यम से परिशोधित लागत, उचित मूल्य के माध्यम से वर्गीकृत करती है।

**ख) प्रारंभिक मान्यता और माप**

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरू में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है, साथ ही वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में लाभ एवं हानि विवरण, लेनदेन लागत जो वित्तीय संपत्ति के अधिग्रहण के कारण होती है, के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज नहीं की जाती है।

**ग) परवर्ती माप**

परवर्ती माप के प्रयोजनों के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

**i. परिशोधन लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

डेरिवेटिव और विशिष्ट निवेशों के अलावा एक वित्तीय परिसंपत्ति को बाद में परिशोधन लागत पर मापा जाता है यदि इसे एक व्यवसाय मॉडल के भीतर रखा जाता है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करने के लिए परिसंपत्ति को धारित करना है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तारीख को नकदी प्रवाह बढ़ाती हैं जो केवल मूलधन और बकाया मूलधन पर ब्याज का भुगतान होता है।

**ii. अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

विशिष्ट निवेश वाले डेरिवेटिव के अलावा किसी वित्तीय परिसंपत्ति को बाद में अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है यदि इसे एक व्यवसाय मॉडल के भीतर रखा गया हो जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करना और वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तों दोनों द्वारा प्राप्त किया जाता है। वृद्धि नकदी प्रवाह के लिए निर्दिष्ट तिथियों पर जो केवल मूलधन और बकाया मूलधन पर ब्याज का भुगतान है। कंपनी ने अपने निवेशों के लिए एक अपरिवर्तनीय चुनाव किया है जिसे इक्विटी इंस्ट्रूमेंट के रूप में वर्गीकृत किया गया है ताकि इसके व्यापार मॉडल के आधार पर अन्य व्यापक आय में उचित मूल्य में परवर्ती परिवर्तनों को प्रस्तुत किया जा सके।

**iii. लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

किसी वित्तीय परिसंपत्ति जिसमें डेरिवेटिव शामिल हैं जिसे उपरोक्त किसी भी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया है, का बाद में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्यांकन किया जाता है।

**घ) अमान्य**

किसी वित्तीय परिसंपत्ति को प्राथमिक रूप से तब अमान्य कर दिया जाता है जब परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार समाप्त हो गए हों या कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया हो।

ङ.) **सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों में निवेश**

i. कंपनी ने लागत पर सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों में अपने निवेश का हिसाब लगाया है। कंपनी यह आकलन करती है कि क्या कोई संकेत है कि इन निवेशों को नुकसान हो सकता है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है, तो निवेश को उसके उचित मूल्य के आधार पर हानि के लिए माना जाता है।

ii. जब कंपनी सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध की ओर से वित्तीय गारंटी जारी करती है, तो यह शुरू में वित्तीय गारंटी को उनके उचित मूल्यों पर मापती है और बाद में निम्न में से उच्चतर उपाय करती है:

- इंड एएस 109 की हानि आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित हानि भत्ते की राशि, और
- शुरुआत में कम मान्यता प्राप्त राशि, जब उचित हो, भारतीय लेखा मानक 115 'ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व' के सिद्धांतों के अनुसार मान्यता–प्राप्त आय की संचयी राशि।

iii. कंपनी वित्तीय गारंटी के प्रारंभिक उचित मूल्य को वित्तीय गारंटी दायित्व के रूप में दर्ज की गई संबंधित देयता के साथ मानित निवेश के रूप में मान्यता देती है। इस तरह के समझे गए निवेश को सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यम और संबद्ध कंपनी में निवेश की अग्रणीत मूल्य राशि में जोड़ा जाता है। वित्तीय गारंटी की शेष अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में वित्तीय गारंटी दायित्व को अन्य आय के रूप में मान्यता दी गई है।

च) **अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि**

कंपनी व्यापार प्राप्य या अनुबंध राजस्व प्राप्य और सभी पट्टा प्राप्य आदि वित्तीय परिसंपत्तियों पर हानि की माप और मान्यता के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल के आधार पर हानि का आकलन करती है।

## (ख) वित्तीय देयताएं

क) **वर्गीकरण**

कंपनी लाभ और हानि के विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियों को छोड़कर, सभी वित्तीय देनदारियों को बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है। इस तरह की देनदारियों, डेरिवेटिव को शामिल करने के बाद उचित मूल्य पर मापा जाएगा।

ख) **प्रारंभिक मान्यता और माप**

सभी वित्तीय देनदारियों को शुरू में उचित मूल्य पर, तथा ऋण और उधार एवं देय राशि के मामले में, सीधे जिम्मेदार लेनदेन लागतों को घटाकर मान्यता दी जाती है। कंपनी की वित्तीय देनदारियों में व्यापार और अन्य भुगतान, ऋण और उधार शामिल हैं, जिसमें बैंक ओवरड्राफ्ट, और व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल हैं।

ग) **परवर्ती माप**

वित्तीय देनदारियों की माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करती है, जैसा कि नीचे वर्णित है:

i. **परिशोधन लागत पर वित्तीय देनदारियां**

प्रारंभिक मान्यता के बाद, ब्याज वाले ऋणों और उधारों को बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है। लाभ और हानि को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है जब देनदारियों को और साथ ही ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता नहीं दी जाती है।

परिशोधन लागत की गणना अधिग्रहण पर किसी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है और शुल्क या लागत जो ईआईआर का एक अभिन्न अंग है। ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया गया है।

ii. **लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियां**

लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियों में व्यापार के लिए धारित वित्तीय देनदारियां और लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर नामित वित्तीय देनदारियां शामिल हैं। वित्तीय देनदारियों को व्यापार के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि वे निकट अवधि में पुनर्खरीद के उद्देश्य से खर्च की जाती हैं। इस श्रेणी में कंपनी जो इंड एएस 109 द्वारा परिभाषित हेजिंग संबंधों में हेजिंग उपकरणों के रूप में नामित नहीं हैं, द्वारा दर्ज किए गए व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल होते हैं। अलग किए गए अंतर्निहित डेरिवेटिव को भी व्यापार के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब तक कि उन्हें प्रभावी बचाव इंस्ट्रूमेंट के रूप में नामित नहीं किया जाता है।

व्यापार के लिए धारित देनदारियों पर लाभ या हानि को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

घ) **अमान्य**

किसी वित्तीय दायित्व को अमान्य कर दिया जाता है जब दायित्व के तहत दायित्व का निर्वहन किया जाता है या रद्द कर दिया जाता है या समाप्त हो जाता है।

## (ग) अंतर्निहित डेरिवेटिव्स

क) यदि हाइब्रिड संविदा होस्ट है जो इंड एएस 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति है, तो कंपनी अंतर्निहित डेरिवेटिव को अलग नहीं करती है। बल्कि, यह पूरे हाइब्रिड संविदा के लिए इंड एएस 109 में निहित वर्गीकरण आवश्यकताओं को लागू करती है।

ख) यदि हाइब्रिड संविदा होस्ट है जो भारतीय लेखा मानक 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति नहीं है, तो कंपनी होस्ट से अंतर्निहित डेरिवेटिव को अलग करती है और उचित मूल्य पर उपायों को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता–प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तन के साथ मापती है, और केवल तभी जब:

(i) अंतर्निहित व्युत्पन्न की आर्थिक विशेषताएं और जोखिम होस्ट की आर्थिक विशेषताओं और जोखिमों से संबंधित नहीं हैं।

(ii) अंतर्निहित व्युत्पन्न के समान शर्तों वाला एक अलग साधन किसी व्युत्पन्न की परिभाषा को पूरा करेगा; तथा

(iii) लाभ या हानि में मान्यता–प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तन के साथ हाइब्रिड अनुबंध को उचित मूल्य पर नहीं मापा जाता है।

## (घ) वित्तीय साधनों की ऑफसेटिंग

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों को समायोजित किया

जाता है और शुद्ध राशि को तुलन–पत्र में रिपोर्ट किया जाता है यदि मान्यता–प्राप्त राशियों को समायोजित करने के लिए वर्तमान में लागू करने योग्य कानूनी अधिकार है और परिसंपत्तियों को प्राप्त करने तथा देनदारियों का एक–साथ निपटान करने के लिए निवल आधार पर निपटान करने का इरादा हो।

### (ड.) व्युत्पन्न वित्तीय साधन और हेज लेखांकन

कंपनी अपने विदेशी मुद्रा जोखिमों, ब्याज दर जोखिमों और वस्तु मूल्य जोखिमों को हेज करने के लिए भावी मुद्रा संविदा, ब्याज दर स्वैप्स, क्रॉस करेंसी ब्याज दर स्वैप्स, वस्तु स्वैप संविदा के रूप में डेरिवेटिव वित्तीय साधनों का उपयोग करती है।

**क) डेरिवेटिव संविदाएं जिन्हें हेजिंग इंस्ट्रूमेंट के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया गया है**

i. इंड–एएस 109 के तहत जिन डेरिवेटिव्स को हेजिंग इंस्ट्रूमेंट के रूप में नामित नहीं किया गया है, उन्हें शुरू में उस तारीख को उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है जिस दिन एक डेरिवेटिव संविदा की जाती है और बाद में उसे उचित मूल्य पर फिर से मापा जाता है। डेरिवेटिव्स को वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में तब ले जाया जाता है जब उचित मूल्य सकारात्मक होता है और वित्तीय देनदारियों के रूप में जब उचित मूल्य नकारात्मक होता है।

ii. डेरिवेटिव के उचित मूल्य में परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले किसी भी लाभ या हानि को सीधे लाभ एवं हानि विवरण में लिखा जाता है।

**ख) हेजिंग इंस्ट्रूमेंट के रूप में नामित डेरिवेटिव संविदाएं**

i. विदेशी मुद्रा और कमोडिटी हेजिंग लेनदेन से उत्पन्न होने वाले जोखिम को कम करने के लिए इंड एएस 109 के तहत हेजिंग इंस्ट्रूमेंट के रूप में नामित डेरिवेटिव को नकदी प्रवाह हेज के रूप में माना जाता है।

ii. कंपनी निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार हेजिंग इंस्ट्रूमेंट करती है, लिखित सिद्धांत प्रदान करती है जो कंपनी की जोखिम प्रबंधन रणनीति के अनुरूप होता है।

iii. हेजिंग इंस्ट्रूमेंट को संविदा की शुरुआत में बचाव के रूप में नामित और प्रलेखित किया जाता है। हेजिंग उपकरणों की प्रभावशीलता का आकलन और मूल्यांकन स्थापना के समय तथा निरंतर आधार पर किया जाता है। नामित हेजिंग इंस्ट्रूमेंट के उचित मूल्य में परिवर्तन के प्रभावी भाग को "अन्य व्यापक आय" में "नकद प्रवाह बचाव रिजर्व" के रूप में मान्यता दी गई है। अप्रभावी भाग के उत्पन्न होते ही इसे लाभ एवं हानि विवरण में तुरंत दर्ज किया जाता है। नकद प्रवाह हेजिंग रिजर्व में जमा राशि को उसी अवधि (अवधियों) में लाभ या हानि के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जाता है, जिसके दौरान बचाव की गई वस्तु लाभ या हानि खाते के विवरण को प्रभावित करती है। यदि बचाव की गई मद गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों/देयताओं की लागत है, तो नकद प्रवाह बचाव रिजर्व के रूप में मान्यता प्राप्त राशि को गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों/देयताओं की प्रारंभिक अग्रणीत राशि में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

iv. यदि हेजिंग संबंध अब हेज लेखांकन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो हेज लेखांकन को संभावित रूप से बंद कर दिया जाता है। यदि हेजिंग इंस्ट्रूमेंट समाप्त हो जाती है या बेच दी जाती है, समाप्त कर दी जाती है या उसका प्रयोग किया जाता है, तो नकद प्रवाह हेजिंग रिजर्व में मान्यता–प्राप्त हेजिंग लिखितों पर संचयी लाभ या हानि नकद प्रवाह हेजिंग रिजर्व में रहती है, जब तक कि हेज प्रभावी नहीं था। नकद प्रवाह हेजिंग रिजर्व में पहले से मान्यता–प्राप्त संचयी लाभ या हानि को अंतर्निहित लेनदेन होने पर लाभ एवं हानि विवरण में अंतरित कर दिया जाता है। यदि पूर्वानुमानित लेन–देन अब होने की उम्मीद नहीं है, तो नकदी प्रवाह हेजिंग रिजर्व में जमा राशि को लाभ एवं हानि विवरण में पुनर्मूल्यांकन किया जाता है।

## 1.24 पट्टे

कंपनी ने इंड एएस 116 "पट्टों" के रूप में अपनाया और संशोधित पूर्वव्यापी पद्धति का उपयोग करते हुए 1 अप्रैल, 2019 को मौजूद सभी पट्टा संविदाओं के लिए मानक लागू किया। कंपनी संविदा की शुरुआत में मूल्यांकन करती है कि क्या संविदा में कोई पट्टा शामिल है, अर्थात् यदि संविदा प्रतिफल के बदले में किसी पहचान की गई परिसंपत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार देती है।

### एक पट्टेदार के रूप में

### क) पट्टे की पहचान करना

संविदा की शुरुआत में, कंपनी यह आकलन करती है कि संविदा कोई पट्टा है या नहीं। यदि कोई संविदा एक पट्टा है, या इसमें शामिल है, क्या संविदा किसी पहचान की गई परिसंपत्ति के उपयोग को विचार के बदले में समय की अवधि के लिए नियंत्रित करने का अधिकार देती है।

कंपनी मूल्यांकन करती है कि क्याः

i. संविदा में पहचानी गई परिसंपत्ति का उपयोग शामिल है, जो स्पष्ट रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से निर्दिष्ट है।

ii. कंपनी को उपयोग की पूरी अवधि के दौरान परिसंपत्ति के उपयोग से सभी आर्थिक लाभों को पर्याप्त रूप से प्राप्त करने का अधिकार है, और

iii. कंपनी को परिसंपत्ति के उपयोग को निर्देशित करने का अधिकार है।

कंपनी पट्टा भुगतान करने के लिए पट्टा देनदारियों को पहचानती है और उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियों में अंतर्निहित परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार का प्रतिनिधित्व करती है।

### ख) उपयोग का अधिकार परिसंपत्ति (आरओयू) की प्रारंभिक मान्यता

कंपनी पट्टा प्रारंभ तिथि (अर्थात्, अंतर्निहित परिसंपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तिथि) पर किसी आरओयू परिसंपत्ति की पहचान करती है। आरओयू परिसंपत्तियों को शुरू में किसी भी संचित मूल्यह्रास और हानि को कम लागत पर मापा जाता है, और पट्टा देनदारियों के किसी भी पुनर्माप के लिए समायोजित किया जाता है। उपयोग के अधिकार की परिसंपत्तियों की लागत में मान्यता–प्राप्त पट्टा देनदारियों की राशि, प्रारंभ तिथि पर या उससे पहले किए गए किसी भी पट्टा भुगतान के लिए समायोजित, साथ ही किसी भी प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत और अंतर्निहित परिसंपत्ति को हटाने और समाप्त करने के लिए लागत का अनुमान लगाना या प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर अंतर्निहित परिसंपत्ति या साइट को बहाल करना जहां वे स्थित हैं, शामिल है।

### ग) उपयोग का अधिकार परिसंपत्ति (आरओयू) के बाद के माप

आरओयू परिसंपत्तियों को बाद में प्रारंभ तिथि से आरओयू परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन की समाप्ति या पट्टे की अवधि की समाप्ति तक

सीधी–रेखा पद्धति का उपयोग करके परिशोधित किया जाता है। यदि पट्टे पर दी गई परिसंपत्ति का स्वामित्व पट्टा अवधि के अंत में कंपनी को अंतरित हो जाता है या लागत खरीद विकल्प के प्रयोग को दर्शाती है, तो मूल्यह्रास की गणना परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन का उपयोग करके की जाती है। इसके अलावा, परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार समय–समय पर हानियों, यदि कोई हो, द्व ारा कम किया जाता है, और पट्टा देयता के कुछ पुनर्माप के लिए समायोजित किया जाता है। खंड 1.12 में गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि में लेखांकन नीतियां देखें।

### घ) पट्टा दायित्व की प्रारंभिक मान्यता

पट्टा देनदारियों को शुरू में पट्टा अवधि में भुगतान किए जाने वाले पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है। पट्टा देनदारियों के मापन में शामिल पट्टा भुगतान में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. निश्चित भुगतान, जिसमें महत्वपूर्ण निश्चित भुगतान शामिल है

ii. परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो एक सूचकांक या दर पर निर्भर करता है

iii. अवशिष्ट मूल्य गारंटी के तहत देय होने वाली राशियां; तथा

iv. एक खरीद विकल्प, विस्तार विकल्प और शीघ्र समाप्ति के लिए दंड के तहत प्रति शेयर मूल्य केवल तभी होता है जब कंपनी उन विकल्पों का प्रयोग करने के लिए पूरी तरह से निश्चित हो।

### ड.) परवर्ती में पट्टा दायित्व का मापन

पट्टा देनदारियों को बाद में ब्याज की वृद्धि को दर्शाने के लिए बढ़ाया जाता है और पट्टा भुगतान के लिए कम किया जाता है। इसके अलावा, पट्टा देयताओं की वाहक राशि का पुनः मूल्यांकन किया जाता है क्या पट्टा अवधि में कोई आशोधन, परिवर्तन किया गया है (उदाहरण के लिए, इस तरह के पट्टा भुगतानों को निर्धारित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सूचकांक या दर में परिवर्तन के परिण ामस्वरूप भविष्य के भुगतान में परिवर्तन) या अंतर्निहित परिसंपत्ति को खरीदने के विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किया गया है।

### च) अल्पकालिक पट्टे और कम मूल्य की परिसंपत्ति के पट्टे

कंपनी अपने अल्पकालिक पट्टों पर अल्पकालिक पट्टा मान्यता छूट लागू करती है (अर्थात् वे पट्टे जिनकी पट्टे की अवधि शुरू होने की तारीख से 12 महीने या उससे कम है और जिसमें खरीद विकल्प शामिल नहीं है)। यह कम मूल्य की परिसंपत्तियां मान्यता छूट के पट्टे को भी लागू करती हैं। अल्पकालिक पट्टों और कम मूल्य की परिसंपत्तियों के पट्टों पर लीज भुगतान को लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

### एक पट्टेदार के रूप में

जिन पट्टों में कंपनी किसी परिसंपत्ति सभी जोखिमों और स्वामित्व प्रदान करने को पर्याप्त रूप से अंतरित नहीं करती है, उन्हें प्रचालन पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। प्रचालन पट्टे से किराया आय को पट्टा अवधि में सीधी रेखा आधार पर मान्यता दी जाती है।

पट्टों को वित्तीय पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब कंपनी से पट्टेदार को स्वामित्व अंतरण के सभी जोखिम और अवार्ड पर्याप्त रूप से होते हैं। वित्त पट्टों के तहत पट्टेदारों से देय राशि को प्राप्य के रूप में दर्ज किया जाता है और वित्त पट्टा आय को लेखा अवधि के लिए आबंटित किया जाता है ताकि पट्टे के संबंध में बकाया शुद्ध निवेश पर वापसी की निरंतर आवधिक दर को दर्शाया जा सके।

### अनुमान और पूर्वानुमान

### पट्टेदार के रूप में छूट दर का निर्धारण

कंपनी पट्टे में निहित ब्याज दर को आसानी से निर्धारित नहीं कर सकती है, इसलिए, यह पट्टा देनदारियों को मापने के लिए अपनी वृद्धिशील उधार दर (आईबीआर) का उपयोग करती है। कंपनी अपनी वृद्धिशील उधार दर का अनुमान लगाती है, जो कि ब्याज की वह दर है जिसे कंपनी को एक समान अवधि में संपार्श्विक आधार पर उधार लेने के लिए भुगतान करना होगा, जो समान आर्थिक वातावरण में देखने योग्य उपलब्ध इनपुट (जैसे बाजार ब्याज दर) का उपयोग करके पट्टे के भुगतान के बराबर है।

## 1.25 हाल की लेखा घोषणाएं – मानक जारी किंतु अभी तक प्रभावी नहीं हैं:

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने 1 अप्रैल 2022 से प्रभावी, 23 मार्च 2022 की अधिसूचना सं. जीएसआर 255 (ड.) के तहत कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2022 को अधिसूचित किया है। प्रमुख संशोधन निम्नलिखित हैं:

**इंड एएस 103 – अवधारणात्मक ढांचे का संदर्भ**

संशोधन में यह निर्दिष्ट किया गया है कि अधिग्रहण पद्धति को लागू करने के भाग के रूप में मान्यता के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु अर्जित की गई पहचान योग्य संपत्ति और ग्रहण की गई देनदारियों को अधिग्रहण की तारीख में भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी भारतीय लेखा मानकों (वैचारिक ढांचे) के तहत वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए अवधारणात्मक ढांचे में संपत्ति और देनदारियों की परिभाषाओं को पूरा करना चाहिए।

**उद्योग एएस 16 – परीक्षण की लागत से अधिक उत्पादित वस्तुओं की शुद्ध बिक्री आय**

संशोधन स्पष्ट करते हैं कि परीक्षण की लागत से अधिक उत्पादित वस्तुओं की शुद्ध बिक्री आय की अधिकता, यदि कोई हो, को लाभ या हानि में मान्यता नहीं दी जाएगी, लेकिन संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की लागत के भाग के रूप में मानी जाने वाली प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार लागत से घटाई जाएगी। कंपनी यह अपेक्षा नहीं करती कि संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

**इंड एएस 37 – भारी अनुबंध – अनुबंध को पूरा करने की लागत**

संशोधन निर्दिष्ट करते हैं कि किसी अनुबंध को पूरा करने की लागत में वह लागत शामिल होती है जो सीधे अनुबंध से संबंधित होती है। किसी अनुबंध से सीधे संबंधित लागत या तो उस अनुबंध को पूरा करने की वृद्धिशील लागत हो सकती है (उदाहरण के लिए प्रत्यक्ष श्रम, सामग्री) या अन्य लागतों का आबंटन जो सीधे अनुबंधों को पूरा करने से संबंधित हैं। संशोधन अनिवार्य रूप से एक स्पष्टीकरण है और कंपनी को अपने वित्तीय विवरणों में संशोधन का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव होने की उम्मीद नहीं है।

**इंड एएस 109 – इंड एएस (2021) में वार्षिक सुधार**

संशोधन स्पष्ट करता है कि वित्तीय दायित्व की मान्यता समाप्त करने के लिए क्या यह आकलन करने के लिए 109 के इंड एएस 109 के '10 प्रतिशत' परीक्षण को लागू करते समय किसी कंपनी में कौन सा शुल्क शामिल है। कंपनी को उम्मीद नहीं है कि संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

**इंड एएस 116 – इंड एएस (2021) में वार्षिक सुधार**

संशोधन पट्टा प्रोत्साहनों के उपचार के संबंध में किसी भी संभावित भ्रम को हल करने के लिए पट्टेदार द्वारा लीजहोल्ड सुधारों की प्रतिपूर्ति के चित्रण को हटा देता है, जो कि उस मामले में पट्टा प्रोत्साहनों का वर्णन करने के तरीके के कारण उत्पन्न हो सकता है। कंपनी यह अपेक्षा नहीं करती कि संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

# टिप्पणः 1खः महत्वपूर्ण लेखांकन निर्णय, अनुमान और पूर्वानुमान

कंपनी के पृथक वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन को निर्णय, अनुमान और पूर्वानुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो पृथक वित्तीय विवरणों की तिथि पर राजस्व, व्यय, परिसंपत्ति और देनदारियों की रिपोर्ट की गई मात्रा को प्रभावित करते हैं। अनुमान और पूर्वानुमानों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है तथा ये प्रबंधन के अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित होते हैं, जिनमें भावी घटनाओं की अपेक्षाएं शामिल होती हैं जिन्हें परिस्थितियों में उचित माना जाता है। इन अनुमानों और पूर्वानुमानों के बारे में अनिश्चितता के परिणामस्वरूप ऐसे परिणाम हो सकते हैं जिनके लिए भावी अवधि में प्रभावित परिसंपत्तियों या देनदारियों की अग्रेनीत राशि के समायोजन की आवश्यकता होती है।

विशेष रूप से, कंपनी ने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां महत्वपूर्ण निर्णयों, अनुमानों और मान्यताओं की आवश्यकता होती है। इन क्षेत्रों में से प्रत्येक के बारे में अधिक जानकारी और वे विभिन्न लेखा नीतियों को कैसे प्रभावित करते हैं, नीचे दी गई हैं तथा ये वित्तीय विवरणों से संबंधित टिप्पणियों में भी शामिल हैं। अनुमानों में परिवर्तन की भी संभावित रूप से गणना की जाती है।

**1. निर्णय**

कंपनी की लेखा नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निर्णय लिए हैं, जिनका पृथक वित्तीय विवरणों में शामिल राशियों पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता हैः

**1.1 आकस्मिकताएं**

आकस्मिक देनदारियां और संपत्तियां जो कंपनी के खिलाफ दावे के संबंध में व्यवसाय के सामान्य कार्यों से उत्पन्न हो सकती हैं जिनमें विधि, ठेकेदार, भूमि तक पहुंच और अन्य दावे शामिल होते हैं। उनकी प्रकृति से, आकस्मिकताओं का समाधान तभी होगा जब एक या अधिक अनिश्चित भावी घटनाएँ घटित होंगी या घटित होने से रह जाएंगी। आकस्मिकताओं के अस्तित्व और संभावित मात्रा के आकलन में स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण निर्णय लेने और भावी घटनाओं के परिणाम के बारे में अनुमानों का उपयोग शामिल है।

**2. अनुमान और पूर्वानुमान**

रिपोर्टिंग तिथि पर भविष्य और अनुमान अनिश्चितता के अन्य प्रमुख स्रोतों से संबंधित प्रमुख धारणाएं, जिनमें अगले वित्तीय वर्ष के भीतर परिसंपत्तियों और देनदारियों की अग्रेनीत राशियों के समायोजन का व्यापक जोखिम शामिल है, नीचे दी गई हैं। कंपनी वित्तीय विवरण तैयार करते समय उपलब्ध मापदंडों पर अपनी मान्यताओं और अनुमानों को निर्धारित करती है। तथापि, मौजूदा परिस्थितियों और भावी विकास के बारे में धारणाएं बाजार परिवर्तन या कंपनी के नियंत्रण से परे उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के कारण बदल सकती हैं। ऐसे परिवर्तन होने पर इन्हें अनुमानों में दर्शाया जाता है।

**2.1 कोविड–19 से वैश्विक स्वास्थ्य महामारी से संबंधित अनिश्चितताओं का अनुमानः**

11 मार्च, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नए कोरोना वायरस ("कोविड–19") के प्रकोप को वैश्विक महामारी के रूप में घोषित किया। यह प्रकोप महत्वपूर्ण उथल–पुथल और आर्थिक गतिविधियों की मंदी का कारण बन रहा है। मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह में कंपनी का संचालन मामूली रूप से प्रभावित हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार द्वारा कोविड–19 के मद्देनज़र लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के कारण बिक्री की मात्रा में मामूली कमी आई।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, व्यापार प्राप्तियों जैसी कंपनी की संपत्ति की वहन राशि की वसूली का आकलन करने में, ऋण/अग्रिम, अमूर्त परिसंपत्ति, निवेश और अन्य परिसंपत्तियां आदि, कंपनी ने इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तारीख तक विभिन्न आंतरिक और बाहरी सूचनाओं पर विचार किया है और यह निष्कर्ष निकाला है कि ये नकदी प्रवाह अनुमानों के आधार पर वसूली योग्य हैं।

कंपनी ने वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर कोविड–19 के संभावित प्रभाव का आकलन किया है और उम्मीद है कि दीर्घकालिक आधार पर/परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन पर/वित्तीय स्थिति आदि पर व्यवसाय के संचालन को बनाए रखने पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**2.2 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि**

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर मूल्यांकन करती है कि क्या कोई संकेत है कि कोई परिसंपत्ति खराब हो सकती है। उपयोग में मूल्य का आकलन करने में, भावी नकदी प्रवाह के अनुमान को कर–पूर्व छूट दर का उपयोग करके उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है जो धन के समय मूल्य और परिसंपत्ति के लिए विशिष्ट जोखिमों के वर्तमान बाजार आकलन को दर्शाता है। उचित मूल्य निर्धारित करने में, हाल के बाजार लेनदेन को ध्यान में रखा जाता है। यदि ऐसे किसी भी लेन–देन की पहचान नहीं की जा सकती है, तो एक उपयुक्त मूल्यांकन मॉडल का उपयोग किया जाता है।

**2.3 परिभाषित लाभ योजनाएं**

परिभाषित लाभ योजना की लागत और अन्य रोजगार के बाद के लाभ और इस तरह के दायित्व का वर्तमान मूल्य बीमांकिक मूल्यांकन का उपयोग करके निर्धारित किया जाता है। किसी बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न धारणाएँ बनाना शामिल है जो भविष्य में वास्तविक विकास से भिन्न हो सकती हैं। इनमें छूट दर, भावी वेतन वृद्धि, मृत्यु दर और भावी पेंशन वृद्धि का निर्धारण शामिल है। मूल्यांकन में शामिल जटिलताओं और इसकी दीर्घकालिक प्रकृति के कारण, परिभाषित लाभ दायित्व इन मान्यताओं में परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर सभी मान्यताओं की समीक्षा की जाती है।

**2.4 वित्तीय लिखतों का उचित मूल्य मापन**

जब तुलन–पत्र में दर्ज वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों के उचित मूल्यों को सक्रिय बाजारों में उद्धृत कीमतों के आधार पर नहीं मापा जा सकता है, तो उनके उचित मूल्य को डीसीएफ मॉडल को शामिल करते हुए मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करके मापा जाता है। इन मॉडलों के इनपुट, जहां संभव हो, हाल के बाजार उद्धृत मूल्यों से लिए जाते हैं, लेकिन जहां यह संभव नहीं है, वहां उचित मूल्यों को स्थापित करने के लिए कुछ हद तक निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। निर्णयों में नकदी जोखिम, ऋण जोखिम और अस्थिरता जैसे सूचना शामिल होते हैं। इन धारणाओं के बारे में अनुमानों में परिवर्तन वित्तीय लिखतों के रिपोर्ट किए गए उचित मूल्य को प्रभावित कर सकते हैं।

**2.5 वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि**

वित्तीय परिसंपत्तियों के हानि प्रावधान चूक के जोखिम और अपेक्षित हानि दरों की धारणाओं पर आधारित हैं। कंपनी इन अनुमानों को बनाने और कंपनी के पिछले इतिहास, मौजूदा बाजार स्थितियों के साथ–साथ प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में भावी अनुमानों के आधार पर, हानि गणना के लिए इनपुट का चयन करने में निर्णय का उपयोग करती है। सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों या संबद्ध कंपनियों में निवेश पर हुई हानि का हिसाब रियायती नकदी प्रवाह/निवल संपत्ति मूल्य पद्धति, बाहरी एजेंसियों की मूल्यांकन रिपोर्ट, निवेशकर्ता कंपनी के पिछले इतिहास आदि को ध्यान में रखकर लगाया जाता है।

## टिप्पणः 2 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | हानि* | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान में वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| भूमि : फ्रीहोल्ड | 538.17 | 25.72 | 32.98 | - | 596.87 | - | - | - | - | - | | - | 596.87 |
| भवन : कार्यालय/अन्य | 989.15 | 4.20 | 95.74 | (0.32) | 1,088.77 | 214.17 | 34.63 | (0.12) | 248.68 | - | | - | 840.09 |
| भवन : आवासीय | 334.83 | 0.60 | 27.01 | (0.01) | 362.43 | 66.95 | 10.59 | - | 77.54 | - | | - | 284.89 |
| बंक हाउस | 2.81 | 0.89 | 0.05 | - | 3.75 | 2.37 | 0.26 | - | 2.63 | - | | - | 1.12 |
| संयंत्र और मशीनरी | 38,604.77 | 329.48 | 3,628.23 | (85.57) | 42,476.91 | 7,791.51 | 1,610.67 | (31.29) | 9,370.89 | 40.84 | (1.70) | 39.14 | 33,066.88 |
| रेलवे लाइन और साइडिंग | 0.27 | - | - | - | 0.27 | - | - | - | - | - | | - | 0.27 |
| विद्युत उपकरण | 410.34 | 17.17 | 28.16 | (10.39) | 445.28 | 229.28 | 43.47 | (9.26) | 263.49 | - | | - | 181.79 |
| फर्नीचर और फिक्स्चर | 159.49 | 9.53 | 2.08 | (4.69) | 166.41 | 70.08 | 15.88 | (3.56) | 82.40 | - | | - | 84.01 |
| कार्यालय उपकरण | 279.58 | 4.67 | 17.63 | (2.66) | 299.22 | 172.57 | 35.34 | (2.33) | 205.58 | - | | - | 93.64 |
| अन्य उपकरण | 231.52 | 35.73 | 5.99 | (17.38) | 255.86 | 112.64 | 34.87 | (15.38) | 132.13 | - | | - | 123.73 |
| परिवहन उपकरण | 9.43 | 0.02 | - | - | 9.45 | 4.85 | 0.82 | - | 5.67 | - | | - | 3.78 |
| **ईएंडपी परिसंपत्तियां** | | | | | | | | | | | | | |
| उत्पादक संपत्ति | 980.10 | - | 13.13 | - | 993.24 | 463.59 | 73.83 | - | 537.42 | - | | - | 455.82 |
| सहायता उपकरण और सुविधाएं | 4.91 | - | 1.33 | - | 6.24 | 2.05 | 0.36 | - | 2.42 | - | | - | 3.82 |
| **कुल** | **42,545.37** | **428.01** | **3,852.33** | **(121.02)** | **46,704.70** | **9,130.06** | **1,860.72** | **(61.93)** | **10,928.85** | **40.84** | **(1.70)** | **39.14** | **35,736.71** |

*परिसंपत्तियों की क्षति के लिए टिप्पण सं. 48 देखें

## टिप्पण: 2 – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | हानि* | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के दौरान में वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| भूमि : फ्रीहोल्ड | 475.57 | 10.30 | 52.36 | (0.06) | 538.17 | - | - | - | - | - | | - | 538.17 |
| भवन : कार्यालय/अन्य | 935.36 | (3.88) | 57.74 | (0.07) | 989.15 | 180.19 | 34.02 | (0.04) | 214.17 | - | | - | 774.98 |
| भवन : आवासीय | 323.47 | 0.29 | 11.06 | 0.01 | 334.83 | 56.17 | 10.78 | - | 66.95 | - | | - | 267.88 |
| बंक हाउस | 2.46 | 0.36 | - | (0.01) | 2.81 | 1.82 | 0.55 | - | 2.37 | - | | - | 0.44 |
| संयंत्र और मशीनरी | 35,127.26 | 304.36 | 3,195.03 | (21.88) | 38,604.77 | 6,302.84 | 1,495.69 | (7.02) | 7,791.51 | 34.62 | 6.22 | 40.84 | 30,772.42 |
| रेलवे लाइन और साइडिंग | 0.27 | - | - | - | 0.27 | - | - | - | - | - | | - | 0.27 |
| विद्युत उपकरण | 401.99 | 18.39 | 6.76 | (16.80) | 410.34 | 196.79 | 47.81 | (15.32) | 229.28 | - | | - | 181.06 |
| फर्नीचर और फिक्स्चर | 154.92 | 9.02 | 0.22 | (4.67) | 159.49 | 58.84 | 15.23 | (3.99) | 70.08 | - | | - | 89.41 |
| कार्यालय उपकरण | 235.79 | 35.58 | 18.38 | (10.17) | 279.58 | 149.72 | 31.85 | (9.00) | 172.57 | - | | - | 107.01 |
| अन्य उपकरण | 209.20 | 30.24 | 7.45 | (15.37) | 231.52 | 95.30 | 30.97 | (13.63) | 112.64 | - | | - | 118.88 |
| परिवहन उपकरण | 9.44 | 0.12 | - | (0.13) | 9.43 | 4.06 | 0.92 | (0.13) | 4.85 | - | | - | 4.58 |
| **ईएंडपी परिसंपत्तियां** | | | | | | | | | | | | | |
| उत्पादक संपत्ति | 980.10 | - | - | - | 980.10 | 385.34 | 78.26 | (0.01) | 463.59 | - | | - | 516.51 |
| सहायता उपकरण और सुविधाएं | 4.84 | 0.07 | - | - | 4.91 | 1.69 | 0.36 | - | 2.05 | - | | - | 2.86 |
| **कुल** | **38,860.67** | **404.85** | **3,349.00** | **(69.15)** | **42,545.37** | **7,432.76** | **1,746.44** | **(49.14)** | **9,130.06** | **34.62** | **6.22** | **40.84** | **33,374.47** |

*परिसंपत्तियों की क्षति के लिए टिप्पण सं. 48 देखें

## टिप्पणः 2क – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए उपयोग का अधिकार

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जोड़ | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| भूमि : लीजहोल्ड | 273.57 | 10.44 | 3.59 | - | 287.60 | 17.60 | 13.00 | - | 30.60 | 257.00 |
| भवन : लीजहोल्ड | 58.13 | 22.42 | - | (21.68) | 58.87 | 30.80 | 17.75 | (21.67) | 26.88 | 31.99 |
| संयंत्र और मशीनरी: लीज़होल्ड | 543.34 | 871.54 | - | - | 1,414.88 | 8.24 | 194.08 | - | 202.32 | 1,212.56 |
| वाहनः लीजहोल्ड | 14.54 | 7.25 | - | (6.88) | 14.91 | 4.96 | 8.79 | (6.89) | 6.86 | 8.05 |
| **कुल** | **889.58** | **911.65** | **3.59** | **(28.56)** | **1,776.26** | **61.60** | **233.62** | **(28.56)** | **266.66** | **1,509.60** |

## टिप्पणः 2क – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए उपयोग का अधिकार

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के दौरान जोड़ | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| भूमि : लीजहोल्ड | 233.10 | 3.86 | 37.16 | (0.55) | 273.57 | 10.77 | 7.22 | (0.39) | 17.60 | 255.97 |
| भवन : लीजहोल्ड | 62.07 | 6.80 | (0.09) | (10.65) | 58.13 | 19.88 | 21.33 | (10.41) | 30.80 | 27.33 |
| संयंत्र और मशीनरी: लीज़होल्ड | 220.99 | 534.22 | - | (211.87) | 543.34 | 115.35 | 104.76 | (211.87) | 8.24 | 535.10 |
| वाहनः लीजहोल्ड | 10.16 | 6.54 | - | (2.16) | 14.54 | 1.57 | 4.87 | (1.48) | 4.96 | 9.58 |
| **कुल** | **526.32** | **551.42** | **37.07** | **(225.23)** | **889.58** | **147.57** | **138.18** | **(224.15)** | **61.60** | **827.98** |

## टिप्पण: 3 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए कार्यशील पूंजी

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | प्रावधान और हानि | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जमा/समायोजन | वर्ष के दौरान पूंजीकरण | सेवानिवृत्ति/स्थानांतरण | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| **क. मूर्त** | | | | | | | | | |
| **संयत्र और मशीनरी** | | | | | | | | | |
| लाइनपाइप निर्माण और संबंधित सुविधाएं | 7,094.48 | 4,305.13 | (3,733.95) | (0.26) | 7,665.40 | 10.76 | 0.29 | 11.05 | 7,654.35 |
| प्रेषण/प्राप्ति टर्मिनल | 38.95 | 3.21 | (0.08) | - | 42.08 | - | - | - | 42.08 |
| कंप्रेसर स्टेशन | 0.91 | 3.99 | (0.53) | - | 4.37 | - | - | - | 4.37 |
| दूरसंचार/टेलीसुपरवाइजरी प्रणाली | 3.65 | (0.87) | (0.75) | - | 2.03 | - | - | - | 2.03 |
| अन्य | 369.28 | 347.37 | (274.63) | (0.08) | 441.94 | - | - | - | 441.94 |
| पेट्रोरसायन | 67.69 | 193.57 | (13.15) | - | 248.11 | - | - | - | 248.11 |
| खोजे जा रहे कुएं | 268.83 | (1.66) | (9.11) | - | 258.06 | 194.50 | (3.30) | 191.20 | 66.86 |
| चल रहा विकास | 252.72 | 345.58 | (5.35) | - | 592.95 | 14.95 | (0.76) | 14.19 | 578.76 |
| भवन | 38.94 | 15.56 | (41.42) | (0.02) | 13.06 | 5.28 | - | 5.28 | 7.78 |
| लाइनपाइप, स्टॉक/ मार्गस्थ में पूंजीगत वस्तुएं | 4,007.54 | 24.75 | (0.99) | - | 4,031.30 | 14.09 | (7.65) | 6.44 | 4,024.86 |
| **ख. अमूर्त** | **-** | **0.33** | **(0.16)** | **-** | **0.17** | **-** | **-** | **-** | **0.17** |
| **कुल** | **12,142.99** | **5,236.96** | **(4,080.12)** | **(0.36)** | **13,299.47** | **239.58** | **(11.42)** | **228.16** | **13,071.31** |

## टिप्पण: 3 – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए कार्यशील पूंजी

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | प्रावधान और हानि | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के दौरान जमा/समायोजन | वर्ष के दौरान पूंजीकरण | सेवानिवृत्ति/स्थानांतरण | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| **क. मूर्त** | | | | | | | | | |
| **संयत्र और मशीनरी** | | | | | | | | | |
| लाइनपाइप निर्माण और संबंधित सुविधाएं | 6,264.35 | 3,459.74 | (3,573.08) | 943.47 | 7,094.48 | 106.27 | (95.51) | 10.76 | 7,083.72 |
| प्रेषण/प्राप्ति टर्मिनल | 35.13 | 3.82 | - | - | 38.95 | - | - | - | 38.95 |
| कंप्रेसर स्टेशन | 24.72 | 2.71 | (26.52) | - | 0.91 | - | - | - | 0.91 |
| दूरसंचार/टेलीसुपरवाइजरी प्रणाली | 2.87 | 1.51 | (0.73) | - | 3.65 | - | - | - | 3.65 |
| अन्य | 228.66 | 279.76 | (139.08) | (0.06) | 369.28 | - | - | - | 369.28 |
| पेट्रोरसायन | 49.05 | 67.58 | (48.94) | - | 67.69 | - | - | - | 67.69 |
| खोजे जा रहे कुएं | 259.78 | 9.05 | - | - | 268.83 | 169.45 | 25.05 | 194.50 | 74.33 |
| चल रहा विकास | 139.19 | 113.53 | - | - | 252.72 | 13.27 | 1.68 | 14.95 | 237.77 |
| भवन | 36.97 | 40.09 | (38.12) | - | 38.94 | 5.28 | - | 5.28 | 33.66 |
| लाइनपाइप, स्टॉक/ मार्गस्थ में पूंजीगत वस्तुएं | 3,850.73 | 1,100.44 | (0.16) | (943.47) | 4,007.54 | 15.73 | (1.64) | 14.09 | 3,993.45 |
| **ख. अमूर्त** | **0.42** | **0.10** | **(0.42)** | **(0.10)** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** |
| **कुल** | **10,891.87** | **5,078.33** | **(3,827.05)** | **(0.16)** | **12,142.99** | **310.00** | **(70.42)** | **239.58** | **11,903.41** |

## टिप्पणी: 4 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए अमूर्त परिसंपत्तियां

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जमा | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| संपत्ति के उपयोग का अधिकार | 2,235.89 | 33.99 | 213.63 | - | 2,483.50 | 0.22 | - | - | 0.22 | 2,483.28 |
| सॉफ्टवेयर/लाइसेंस | 155.58 | 5.64 | 10.57 | (6.55) | 165.25 | 95.76 | 24.59 | (6.51) | 113.85 | 51.40 |
| **कुल** | **2,391.47** | **39.63** | **224.20** | **(6.55)** | **2,648.75** | **95.98** | **24.59** | **(6.51)** | **114.07** | **2,534.68** |

## टिप्पणी: 4 – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए अमूर्त परिसंपत्तियां

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के दौरान जमा | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| संपत्ति के उपयोग का अधिकार | 1,796.66 | (1.42) | 440.66 | - | 2,235.89 | 0.22 | - | - | 0.22 | 2,235.67 |
| सॉफ्टवेयर/लाइसेंस | 149.42 | 8.15 | 0.32 | (2.31) | 155.58 | 72.93 | 24.66 | (1.81) | 95.76 | 59.82 |
| **कुल** | **1,946.08** | **6.73** | **440.98** | **(2.31)** | **2,391.47** | **73.15** | **24.66** | **(1.81)** | **95.98** | **2,295.49** |

## टिप्पणः 5 – गैर–वर्तमान निवेश

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | | 31 मार्च 2021 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| **क)** | **सहायक कंपनियों में इक्विटी शेयरों में गैर–उद्धृत, लागत पर** | | | | |
| 1 | गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड<br>(इसमें ₹ 0.02 करोड़ का मानित निवेश शामिल है (पिछले वर्षः शून्य) जो बिना किसी प्रतिफल के दी गई वित्तीय गारंटी के लिए गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है) | 71,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 41.96 | 71,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 41.94 |
| 2 | गेल गैस लिमिटेड<br>(₹ 23.43 करोड का मानित निवेश (पिछले वर्षः ₹ 11.32 करोड़) के मानित निवेश सहित जो किसी प्रतिफल पर विचार किए बिना वित्तीय गारंटी के लिए गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है) | 1,62,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 1,648.43 | 1,59,07,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 1,602.02 |
| 3 | गेल ग्लोबल यूएसए इंक.<br>(₹ 6.97 करोड का मानित निवेश (पिछले वर्षः शून्य) के मानित निवेश सहित जो किसी प्रतिफल पर विचार किए बिना वित्तीय गारंटी के लिए गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है) | 3,60,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 186.14 | 3,60,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 179.17 |
| | क्षति हानि के लिए प्रावधान (टिप्पणः संख्या 49 देखें) | | (179.17) | | (179.17) |
| 4 | त्रिपुरा प्राकृतिक गैस कंपनी लिमिटेड | 14,69,388<br>(₹ 100 प्रत्येक) | 14.69 | 14,69,388<br>(₹ 100 प्रत्येक) | 14.69 |
| 5 | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड | 20,00,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 200.00 | 2,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 25.00 |
| 6 | कोंकण एलएनजी लिमिटेड*<br>(प्रत्येक ₹ 10 के 39,97,77,422 पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर, प्रत्येक ₹ 10 के 19,44,11,603 पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर ₹ 8.01 प्रति शेयर पर प्राप्त किए गए और प्रत्येक ₹ 10 के 13,97,52,264 इक्विटी शेयर, ₹ 1 पर अर्जित किए गए) | 73,39,41,289<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 555.45 | 73,39,41,289<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 438.44 |
| | अधिमान शेयरों में गैर–उद्धृत, लागत पर | | | | |
| 1 | कोंकण एलएनजी लिमिटेड<br>(10% संचयी अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय अधिमान शेयर) | 25,20,03,718<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 252.00 | 25,20,03,718<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 252.00 |
| | **उप योग (क)** | | **2,719.50** | | **2,374.09** |

*पिछले वर्ष के दौरान ₹ 10 प्रत्येक के 26,00,16,509 इक्विटी शेयर और ₹ 5.50 आंशिक रूप से प्रदत्त तथा 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान यह पूरी तरह से प्रदत्त है।

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | | 31 मार्च 2021 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| **क)** | **संयुक्त उद्यम कंपनियों में गैर–उद्धृत इक्विटी शेयरों में, लागत पर** | | | | |
| 1 | सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | 1,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 15.00 | 1,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 15.00 |
| 2 | ग्रीन गैस लिमिटेड<br>(₹ 83.39/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहीत 5,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं) | 2,30,47,250<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 23.09 | 2,30,42,250<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 23.04 |
| 3 | महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड | 2,25,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 22.50 | 2,25,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 22.50 |
| 4 | अवंतिका गैस लिमिटेड<br>(₹ 29/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर आबंटित 70,57,038 इक्विटी शेयर सहित) | 2,95,57,038<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 50.02 | 2,95,57,038<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 50.02 |
| 5 | भाग्यनगर गैस लिमिटेड<br>(₹ 40/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर आबंटित 2,11,50,000 इक्विटी शेयर सहित) | 4,36,50,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 128.25 | 4,36,50,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 128.25 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | | 31 मार्च 2021 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| 6 | वडोदरा गैस लिमिटेड | 7,91,37,831 (₹ 10 प्रत्येक) | 79.14 | 7,91,37,831 (₹ 10 प्रत्येक) | 79.14 |
| 7 | तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | 80,54,80,825 (₹ 10 प्रत्येक) | 805.48 | 53,54,80,423 (₹ 10 प्रत्येक) | 535.48 |
| 8 | तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड | 8,25,025 प्रत्येक 10 अमेरिकी डॉलर | 55.38 | 8,25,025 प्रत्येक 10 अमेरिकी डॉलर | 55.38 |
| 9 | इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड | 8,50,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 85.00 | 6,10,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 61.00 |
| | उप योग (ख) | | 1,263.86 | | |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | | 31 मार्च 2021 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| ग) | **संबद्ध कंपनियों में इक्विटी शेयरों में, लागत पर** | | | | |
| 1 | चाइना गैस होल्डिंग्स लिमिटेड (एचके डॉलर 1.148 प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त) | 15,00,00,000 (एचके डॉलर 0.01 प्रत्येक) | 97.37 | 15,00,00,000 (एचके डॉलर 0.01 प्रत्येक) | 97.37 |
| 2 | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (₹ 5/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर आबंटित 1,00,00,000 इक्विटी शेयर सहित, 05 जुलाई 2017 को 1:1 बोनस जारी किया गया) | 18,75,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 98.75 | 18,75,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 98.75 |
| 3 | महानगर गैस लिमिटेड | 3,21,02,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 32.10 | 3,21,02,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 32.10 |
| 4 | इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (11 नवंबर 2017 को 5:1 के अनुपात में शेयर विभाजन) | 15,75,00,000 (₹ 2 प्रत्येक) | 31.50 | 15,75,00,000 (₹ 2 प्रत्येक) | 31.50 |
| | गैर–उद्धृत, लागत पर | | | | |
| 1 | ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड | 99,23,69,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 992.37 | 99,23,69,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 992.37 |
| 2 | फयूम गैस कंपनी (एलई 478.95 प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त) | 19,000 (एलई 100 प्रत्येक) प्रत्येक) | 8.10 | 19,000 (एलई 100 प्रत्येक) प्रत्येक) | 8.10 |
| 3 | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड | 99,49,45,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 994.95 | 99,49,45,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 994.95 |
| 4 | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | 27,03,04,320 (₹ 10 प्रत्येक) | 270.30 | 24,61,90,510 (₹ 10 प्रत्येक) | 246.19 |
| 5 | ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लिमिटेड (₹ 0.96 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहीत) | 29,12,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 319.05 | | - |
| | एलएलसी की सदस्यता/भागीदारी हित में – गैर–उद्धृत | | | | |
| 1 | एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस (20: शेयरधारिता) | | 0.76 | | - |
| | उप योग (ग) | | 2,845.25 | | 2,501.33 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | | 31 मार्च 2021 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| घ) | **इक्विटी शेयरों में अन्य निवेश उद्धृत, अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य** | | | | |
| 1 | गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड (₹ 15/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित 1,90,200 इक्विटी शेयर सहित) | 5,70,600 (₹ 10 प्रत्येक) | 4.19 | 5,70,600 (₹ 10 प्रत्येक) | 4.32 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | | 31 मार्च 2021 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| 2 | ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (वित्त वर्ष 1999–2000 के दौरान ₹ 10/– के 3,42,66,845 शेयर 162.34 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर हासिल किए, वित्तीय वर्ष 2006–07 के दौरान प्रत्येक ₹ 10/– के 1,71,33,422 बोनस शेयर प्राप्त हुए, वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान ₹ 10/– के 5,14,00,267 इक्विटी शेयरों को ₹ 5/– के इक्विटी शेयरों में विभाजित किया गया था तथा वित्त वर्ष 2010–11 के दौरान विभाजन के बाद प्रत्येक ₹ 5/– के 1:1 इक्विटी शेयरों का बोनस जारी किया गया, इसके बाद, वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान 1:2 इक्विटी शेयरों का बोनस इश्यू प्राप्त हुआ है) | 30,84,01,602 (₹ 5 प्रत्येक) | 5,054.70 | 30,84,01,602 (₹ 5 प्रत्येक) | 3,150.32 |
| | **अन्य व्यापक आय के माध्यम से गैर–उद्धृत, उचित मूल्य** | | | | |
| 1 | साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड | 8,347 (यूएसडी 1 प्रत्येक) | 168.27 | 8,347 (यूएसडी 1 प्रत्येक) | 192.76 |
| 2 | गुजरात स्टेट एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड | 2,07,60,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 8.98 | 2,07,60,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 9.12 |
### II. प्रतिबद्धताएं:

**(क) पूंजीगत प्रतिबद्धता:**

31 मार्च 2022 को पूंजी खाते पर निष्पादित की जाने वाली संविदाओं की अनुमानित राशि (कर और अग्रिमों के निवल सहित) ₹ 6,891.28 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 7,094.70 करोड़) है।

**(ख) पट्टा प्रतिबद्धताएं:**

कंपनी के पास विभिन्न पट्टा संविदाएं हैं जो अभी तक 31 मार्च 2022 तक शुरू नहीं हुई हैं। इन गैर–रद्द करने योग्य पट्टा संविदाओं के लिए भावी पट्टे के भुगतान इस प्रकार हैं:

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|
| एक वर्ष के भीतर | 0.00 | 0.77 |
| एक वर्ष के बाद लेकिन पांच वर्ष से अधिक नहीं | 0.00 | 0.83 |
| **कुल** | **0.00** | **1.60** |

**ग. अन्य प्रतिबद्धताएं:**

(i) कंपनी के पास सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों, संबद्ध कंपनियों और अन्य कंपनियों में ऋण के आगे निवेश और वितरण के लिए 4,559.88 करोड़ (पिछले वर्ष: 3,535.19 करोड) की प्रतिबद्धता है। उपरोक्त में बोर्ड द्वारा 31 मार्च, 2022 को हुई अपनी बैठक में अनुमोदित ₹ 190 प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर प्रत्येक कंपनी के अंकित मूल्य ₹ 10/– के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों के 5,69,85,463 के बायबैक के लिए ₹ 1,321.71 करोड़ (बायबैक टैक्स सहित) शामिल हैं।

(ii) संयुक्त रूप से नियंत्रित परिसंपत्तियों के संबंध में न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के प्रति कंपनी द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं का टिप्पण 47 (ख)(पअ) में दी गई हैं।

(iii) कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी), भारत सरकार द्वारा जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के साथ छह भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में शहर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए अधिकृत किया गया है। इसके लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) (उपलब्धि बनाम लक्ष्य) का विवरण निम्नानुसार है:

| | | एमडब्ल्यूपी लक्ष्य (पांच वर्ष) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शहर | समापन तारीख – संशोधित लक्ष्य तारीख | पीएनजीआरबी – एमडब्ल्यूपी कुल पाइपलाइन इंच कि.मी. में | 31 मार्च, 2022 तक संचयी उपलब्धि (पाइपलाइन इंच कि. मी. में) | पीएनजी कनेक्शन के लिए बुनियादी ढांचा (संख्या में) | 31 मार्च, 2022 तक संचयी उपलब्धि (संख्या में) |
| | | **लक्ष्य** | **वास्तविक** | **लक्ष्य** | **वास्तविक** |
| वाराणसी | 31 मार्च, 2025 | 1,899 | 1,655 | 40,211 | 51,112 |
| भुवनेश्वर | | 1,513 | 870 | 26,900 | 31,564 |
| कटक | | 1,416 | 490 | 28,959 | 14,776 |
| पटना | | 2,445 | 1,564 | 50,154 | 49,736 |
| रांची | | 1,800 | 1,080 | 29,962 | 33,385 |
| जमशेदपुर | | 1,282 | 404 | 24,278 | 21,000 |
| **कुल** | | **10,355** | **6,063** | **2,00,464** | **2,01,573** |

30 **कोविड–19 का प्रभावः**

कोविड–19 महामारी के जारी रहने से विश्व स्तर पर आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है। कंपनी प्राकृतिक गैस की प्रोसेसिंग, व्यापार और ट्रांसमिशन में लगी हुई है और प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से खोलने के साथ, वर्ष 2021–22 के दौरान इसके संचालन पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा और निकट भविष्य में कोविड–19 के कारण कंपनी के व्यवसाय के संचालन की निरंतरता पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

31 **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से संबंधित प्रकटीकरणः**

लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार, कंपनी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में, अपनी सीएसआर नीति के अनुसार पहले के तीन वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम दो प्रतिशत खर्च करना आवश्यक है।

**(क) वित्त वर्ष 2021–22 के लिए सीएसआर व्यय के संबंध में प्रकटीकरण निम्नानुसार हैः**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 2021–22 | 2020–21 |
|---|---|---|
| **(i) वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा खर्च की जाने वाली कुल राशि** | | |
| वार्षिक सीएसआर आबंटन | 214.14 | 143.41 |
| पिछले वर्ष से अग्रेनीत राशि | 0.00 | 0.00 |
| खर्च करने के लिए अपेक्षित कुल राशि, 2ः की दर से (कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के प्रावधान के अनुसार) | 136.46 | 141.91 |
| (ii) किए गए व्यय की राशि | 203.74 | 145.22 |
| (iii) वर्ष के अंत में कमी | 0.00 | 0.00 |
| (iv) पिछले वर्षों की कुल कमी | 0.00 | 0.00 |
| (v) कमी के कारण | लागू नहीं | लागू नहीं |
| (ii) सीएसआर गतिविधियों की प्रकृति | नीचे 31(ख) के अनुसार | |
| (vii) संबंधित पार्टी लेनदेन का विवरणः प्रासंगिक लेखा मानकों के अनुसार सीएसआर व्यय के संबंध में कंपनी द्वारा नियंत्रित ट्रस्ट में योगदान | शून्य | शून्य |
| **(viii) सीएसआर व्यय के लिए प्रावधानों का संचलन** | | |
| प्रारंभिक शेष | 19.38 | 17.14 |
| वर्ष के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रावधान | 203.74 | 145.22 |
| वर्ष के दौरान भुगतान की गई राशि* | 202.26 | 142.98 |
| अंतिम शेष | 20.86 | 19.38 |

*भुगतान की गई राशि में पिछले वर्षों में सृजित देयता का भुगतान भी शामिल है।

**(ख) प्रमुख शीर्षों के तहत सीएसआर व्यय का ब्योरा निम्नानुसार है:** (₹ करोड़ मे)

| विवरण | 2021–22 | | | 2020–21 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | भुगतान | अभी भुगतान किया जाना है** | कुल | भुगतान | अभी भुगतान किया जाना है** | कुल |
| (i) किन्हीं परिसंपत्तियों का निर्माण/अधिग्रहण | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| (ii) उपरोक्त (i) के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए | | | | | | |
| आरोग्य (स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल और स्वच्छता) | 32.79 | 3.40 | 36.19 | 33.13 | 7.15 | 40.28 |
| कौशल (कौशल विकास और आजीविका पहल) | 21.36 | 1.20 | 22.56 | 13.70 | 0.06 | 13.76 |
| उज्ज्वला (शिक्षा केंद्रित पहल) | 15.46 | 2.66 | 18.12 | 20.81 | 2.01 | 22.82 |
| उन्नति (ग्रामीण विकास परियोजनाएं) | 3.76 | 0.88 | 4.64 | 3.92 | 0.27 | 4.19 |
| शक्ति (महिला अधिकारिता) | 0.72 | 0.23 | 0.95 | 1.63 | 0.23 | 1.86 |
| सक्षम (बुजुर्गों और दिव्यांगों की देखभाल) | 0.97 | 1.39 | 2.36 | 2.85 | 0.23 | 3.08 |
| हरित (हरित पहल) | 19.49 | 1.50 | 20.99 | 0.99 | 0.12 | 1.11 |
| अन्य – पीएम केयर, राष्ट्रीय खेलकूद, आपदा प्रबंधन आदि को बढ़ावा देना | 90.54 | 0.11 | 90.65 | 59.15 | 0.73 | 59.88 |
| **कुल व्यय (ii)** | **185.08** | **11.37** | **196.45** | **136.18** | **10.80** | **146.98** |
| प्रभाव आकलन (iii) | 0.15 | 0.11 | 0.26 | - | - | - |
| क्षमता निर्माण/प्रशासन उपरिशीर्ष (iv) | 8.26 | - | 8.26 | 0.64 | 0.08 | 0.72 |
| **कुल योग (i) और (iv)** | 193.49 | 11.48 | 204.97 | 136.82 | 10.88 | 147.7 |
| पिछले वर्षों की परियोजनाओं के लिए धनवापसी/समायोजन (v) | (1.23) | - | (1.23) | (2.48) | - | (2.48) |
| निवल राशि (vi) से (iv) – (v) | **192.26** | **11.48** | **203.74** | **134.34** | **10.88** | **145.22** |

**व्यय की गई देनदारियों के लिए किए गए प्रावधानक

## 32 कंपनी द्वारा दावों को आय/दायित्व के रूप में स्वीकार नहीं किया गया

क. कुछ ग्राहकों के संबंध में पोत या भुगतान शुल्क के संबंध में, मामला विचाराधीन/विवादाधीन होने के कारण, कंपनी दावा पत्र जारी कर रही है, जो कि 31 मार्च 2022 तक ₹ 1,758.25 करोड (पिछले वर्ष: ₹ 1,750.51 करोड़) की राशि है। इसके संबंध में जब भी मामला अंतिम रूप से तय हो जाएगा, आय को मान्यता दी जाएगी।

ख. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के दिशानिर्देशों के अनुसार उर्वरक कंपनियों द्वारा गैर–निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए एपीएम गैस के उपयोग हेतु कंपनी द्वारा प्रस्तुत चालानों की वसूली के लिए कुछ ग्राहकों के संबंध में न्यायालय में मामले लंबित होने के कारण, कंपनी ने उर्वरक उद्योग समन्वय समिति (एफआईसीसी) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर ₹ 1,704.56 करोड़ (पिछले वर्ष: 3,143.57 करोड़ रुपए) की राशि के दावे पत्र जारी किए हैं। इनके प्राप्त होने पर, आय को गैस पूल में अंतरित कर दिया जाएगा।

## 33 मूल्य निर्धारण और टैरिफ

क. 1 अप्रैल 2002 से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कीमतों को नियंत्रणमुक्त किया गया है और तेल विपणन कंपनियों द्वारा इन्हें निर्धारित आयात सममूल्य कीमतों के आधार पर तय किया जाता है। तथापि, मूल्य निर्धारण प्रणाली अनंतिम है और इसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) द्वारा अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। मूल्य निर्धारण पर प्रभाव, यदि कोई हो, का मामले को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही पता लगेगा।

ख. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परिवहन टैरिफ समय–समय पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा जारी किए गए विभिन्न विनियमों के अधीन हैं। लाभ पर प्रभाव, यदि कोई हो, को पीएनजीआरबी के आदेशों द्वारा पाइपलाइन शुल्क में संशोधन के रूप में लगातार पहचाना जा रहा है।

ग. (i) कंपनी ने दादरी–बवाना–नंगल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (डीबीएनपीएल), छाँयसा–झज्जर–हिसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (सीजेएचपीएल), कावेरी बेसिन, कोच्चि–कुट्टनाड–बेंगलुरु–मंगलुरु पाइपलाइन (केकेएमबीपीएल), कृष्णा गोदावरी बेसिन (केजी बेसिन) और दाभोल–बैंगलोर पाइपलाइन (डीबीपीएल) नेटवर्क के लिए पीएनजीआरबी द्वारा जारी अंतिम टैरिफ आदेश (आदेशों) के संबंध में पीएनजीआरबी द्वारा किए गए विभिन्न संशोधनों के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) के समक्ष अपील दायर की है। ये अंतिम अधिनिर्णय के लिए लंबित हैं।

(ii) पीएनजीआरबी ने दिनांक 27 सितंबर 2018 के अपने टैरिफ आदेश सं. टीओ/07/2018 द्वारा दक्षिण गुजरात क्षेत्रीय पाइपलाइन नेटवर्क के लिए अंतिम पाइपलाइन टैरिफ को मंजूरी दे दी है, जिसे कुछ ग्राहकों ने न्यायालय में चुनौती दी थी। गुजरात के माननीय उच्च न्यायालय ने अपने दिनांक 17 जून 2019 के आदेश में कंपनी को 17 जून 2019 से नई टैरिफ दरों को प्रभावी ढंग से चार्ज करने की अनुमति दी है। कंपनी ने 01 अप्रैल 2018 से 16 जून 2019 की अवधि की अंतर राशि के लिए गुजरात के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की है जो निपटान के लिए लंबित है।

घ. वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की है जिसमें उपभोक्ताओं के लिए विपणन प्राकृतिक गैस के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ तय करने

के पीएनजीआरबी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी गई है। माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त रिट याचिका को अपने दिनांक 11 अप्रैल 2017 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया है। इस संबंध में, कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष 12 मई 2017 को एक समीक्षा याचिका दायर की है जिसे माननीय न्यायालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और यह अंतिम निर्णय के लिए लंबित है।

ड. पीएनजीआरबी ने 14 दिसंबर, 2021 की राजपत्र अधिसूचना सं. एफ. सं. पीएनजीआरबी/कॉम/ 3–पीपीपीएल टैरिफ (1)/2012 खंड–IV(पी–1018) के माध्यम से मौजूदा एलपीजी पाइपलाइन टैरिफ को 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दिया है।

**34** 19 फरवरी 2014 को, पीएनजीआरबी ने विनियम 5क को सम्मिलित करके संशोधित संबद्ध आचार संहिता विनियमों को अधिसूचित किया, जिसमें कहा गया था कि प्राकृतिक गैस के विपणन और परिवहन दोनों में लगी एक यूनिट 31 मार्च 2017 को या उससे पहले एक अलग कानूनी यूनिट बनाएगी ताकि प्राकृतिक गैस के परिवहन की गतिविधि ऐसी अलग कानूनी यूनिट द्वारा की जाए और पहले उपयोग का अधिकार, हालांकि, ऐसी अलग कानूनी यूनिट की संबद्ध इकाई को उपलब्ध होगा। कंपनी ने उक्त पीएनजीआरबी विनियमन को एक रिट याचिका के माध्यम से माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी है और यह अंतिम निर्णय के लिए लंबित है।

**35** 23 नवंबर, 2020 को पीएनजीआरबी ने विभिन्न संस्थाओं की चौदह परस्पर संबद्ध पाइपलाइनों के लिए एकल भारित औसत टैरिफ के निर्धारण के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ दूसरा संशोधन विनियम 2020 का निर्धारण अधिसूचित किया था। तथापि, ये अभी तक कानूनी तौर पर लागू नहीं हुए हैं।

**36 भूमि और निर्माण:**

क. 31 मार्च, 2022 को कंपनी के नाम निष्पादन के लिए लंबित स्वामित्व विलेख ₹ 26.93 करोड़ है (विवरण **अनुलग्नक–क** के रूप में संलग्न है)।

ख. वर्ष 1990 में, गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) ने वाघोडिया, गुजरात में एलपीजी रिकवरी की स्थापना के लिए 99 वर्षों के लिए कंपनी को 70.8734 हेक्टेयर की लीजहोल्ड भूमि आबंटित की। निष्पादित पट्टा विलेख लगभग 66.3038 हेक्टेयर भूमि के लिए है, जबकि गुजरात सरकार ने अभी तक शेष राशि जीआईडीसी को अंतरित नहीं की है।

कंपनी शेष भूमि के नियमितीकरण के लिए जीआईडीसी और गुजरात सरकार के साथ मामले को उठा रही है। कंपनी ने उत्तर दिया कि जीआईडीसी से कोई मांग न किए जाने पर कोई और राशि देय नहीं है। कंपनी की राय है कि चूंकि आबंटित भूमि के लिए राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और जीआईडीसी से कोई अतिरिक्त मांग नहीं है, अतः कंपनी की ओर से कोई देयता/ आकस्मिक देयता नहीं बनती है।

ग. सीएसआर गतिविधियों के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि और भवनों का विवरण और सीएसआर व्यय के रूप में लेखा, संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) के तहत शामिल नहीं किया गया है, जो निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|---|
| (i) | उत्तर प्रदेश में 1 फ्रीहोल्ड भूमि (3.28 एकड़) | 0.31 | 0.31 |
| (ii) | क्र.सं. 1 में उल्लिखित फ्रीहोल्ड भूमि पर निर्मित भवन। | 4.44 | 4.44 |
| (iii) | (पूर्ण होने की तिथि – 27 जनवरी, 2017) मध्य प्रदेश में पट्टा धारित भूमि (2 हेक्टेयर) | 0.80 | 0.80 |
| (iv) | क्र.सं. 3 में उल्लिखित लीजहोल्ड भूमि पर निर्मित भवन। (पूर्ण होने की तिथि – 13 फरवरी, 2015) | 6.51 | 6.51 |

घ. कंपनी ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ एक स्थायी भूमि पट्टा समझौता किया है। किराया अर्ध–वार्षिक देय है, जो दिनांक 1 जनवरी, 2018 से संशोधन के अधीन है। तदनुसार, कंपनी ने पूर्व–संशोधित पट्टा समझौते के अनुसार 14 जुलाई 2022 तक किराया जमा कर दिया है। कंपनी ने उक्त भूमि के अधिकार विलेख को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए एक आवेदन भी प्रस्तुत किया है, जिसके लिए डीडीए से पुष्टि की प्रतीक्षा है।

**37 बेचने के लिए रखी गई परिसंपत्तियां:**

क. "पाईपलाइन" के निवल ब्लॉक में ₹ 7.54 करोड़ (गत वर्षः ₹ शून्य) शामिल है।

ख. "भवन" के निवल ब्लॉक में ₹ 0.78 करोड़ (प्रति वर्षः ₹ 0.78 करोड़) शामिल है।

**38. निर्धारित शेष:**

क. बैंकों में निम्नलिखित अल्पकालिक जमा राशियों के संबंध में देयताएं निर्धारित शेष के रूप में रखी जाती हैं:

(₹ करोड़ में)

| विवरण | बैंकों में अल्पावधि जमा में निर्धारित शेष (टिप्पण 11क देखें) | | अर्जित ब्याज लेकिन देय नहीं* | |
|---|---|---|---|---|
| | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
| गैस पूल खाते के कारण देयता (एमओपीएनजी के निर्देशों के अनुसार अभिरक्षा के रूप में रखी गई) | 87.05 | 92.11 | 1.23 | 0.86 |

*निर्धारित शेष राशि, जिसमें बैंकों में अल्पकालिक जमा पर अर्जित ब्याज शामिल है, कंपनी से संबंधित नहीं है और इसे आय के रूप में शामिल नहीं किया गया है।

ख. "अन्य वित्तीय देनदारियों–गैर–वर्तमान" के तहत ₹ 581.86 करोड़ (गत वर्षः ₹ 581.86 करोड़) की गैस पूल मनी (अनंतिम) दिखाई गई है जिसके अनुरूप डेबिट के साथ व्यापार प्राप्तियों के तहत ग्राहकों से उक्त राशि प्राप्त होने पर निवेश/भुगतान किया जाएगा।

**39.** क. कंपनी यूरिया संयंत्रों के लिए प्राकृतिक गैस की पूलिंग के लिए भारत सरकार के निर्णय के संदर्भ में पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रही है। इस योजना में उद्योग के लिए प्रत्येक संयंत्र की गैस के भारित औसत मूल्य में भारित औसत मूल्य के अंतर का निपटान करके यूरिया उत्पादन के लिए गैस की एक–समान लागत के रूप में परिकल्पना की गई है। आज की तारीख में यूरिया संयंत्रों को देय राशि ₹ 82.79 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ शून्य) है।

ख. कंपनी अधिसूचित गैस आधारित बिजली संयंत्रों के क्षमता उपयोग के लिए भारत सरकार के निर्णय के अनुसार पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रही है। योजना, जो 31 मार्च 2017 तक लागू थी, में भारत सरकार के विद्युत क्षेत्र विकास निधि (पीएसडीएफ) से बिजली संयंत्रों को सहायता की परिकल्पना की गई थी। गैस की आपूर्ति अनंतिम/अनुमानित मूल्य के आधार पर थी, जिसका समाधान वास्तविक लागत के आधार पर किया जाना था। तदनुसार, वर्तमान देनदारियों में इस मद में 31 मार्च, 2022 को ₹ 87.63 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष: ₹ 87.63 करोड़ रुपए) उक्त विद्युत संयंत्रों और/अथवा भारत सरकार को देय हैं।

## 40. इंड एएस 115 – ग्राहकों के साथ संविदाओं से प्राप्त राजस्व

इंड एएस 115 ग्राहकों के साथ संविदाओं से होने वाले राजस्व के हिसाब से एक पांच–चरणीय मॉडल स्थापित करता है और यह आवश्यक है कि राजस्व को उस राशि पर मान्यता दी जाए जो उस प्रतिफल को दर्शाती है जिसके लिए कोई यूनिट ग्राहक को सामान या सेवाओं के हस्तांतरण के बदले में पात्र होने की उम्मीद करती है।

इंड एएस 115 को अपने ग्राहकों के साथ संविदा करने के लिए मॉडल के प्रत्येक चरण को लागू करते समय सभी प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संस्थाओं को निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। मानक संविदा प्राप्त करने की उत्तरोत्तर लागतों और संविदा को पूरा करने से सीधे संबंधित लागतों की गणना को भी निर्दिष्ट करता है। इसके अलावा, मानक को व्यापक प्रकटनों की आवश्यकता होती है।

**इंड एएस 115 के तहत अपेक्षित अनुसार राजस्व का पृथक्करण**
**31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए**

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एलपीजी गैस ट्रांसमिशन | प्राकृतिक गैस व्यापार/ विपणन | पेट्रो–रसायन | एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रो.कार्बन | अन्य खंड | गैर–आबंटन योग्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. | **राजस्व** | | | | | | | | |
| | प्रचालन से राजस्व | 5,794.74 | 661.98 | 70,892.36 | 8,547.05 | 4,652.84 | 1,091.90 | 4.85 | 91,645.72 |
| जोड़ें: | अंतर क्षेत्र बिक्री | 597.74 | 6.61 | 6,433.59 | 1.47 | 212.32 | 21.31 | - | 7,273.04 |
| | **कुल राजस्व** | **6,392.48** | **668.59** | **77,325.95** | **8,548.52** | **4,865.16** | **1,113.21** | **4.85** | **98,918.76** |
| ख. | **प्राथमिक भौगोलिक बाजार** | | | | | | | | |
| | घरेलू बिक्री | 6,392.48 | 668.59 | 68,465.09 | 8,438.14 | 4,865.16 | 1,094.53 | 4.85 | 89,928.84 |
| जोड़ें: | अंतर्राष्ट्रीय बिक्री | - | - | 8,860.86 | 110.38 | - | 18.68 | - | 8,989.92 |
| | **कुल राजस्व** | **6,392.48** | **668.59** | **77,325.95** | **8,548.52** | **4,865.16** | **1,113.21** | **4.85** | **98,918.76** |
| ग. | **राजस्व मान्यता का समय** | | | | | | | | |
| | बिंदु पर | - | - | 8,860.86 | 8,548.52 | 4,865.16 | 1,113.21 | - | 23,387.75 |
| जोड़ें: | समय के साथ | 6,392.48 | 668.59 | 68,465.09 | - | - | - | 4.85 | 75,531.01 |
| | **कुल राजस्व** | **6,392.48** | **668.59** | **77,325.95** | **8,548.52** | **4,865.16** | **1,113.21** | **4.85** | **98,918.76** |

**31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए**

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एलपीजी गैस ट्रांसमिशन | प्राकृतिक गैस व्यापार/ विपणन | पेट्रो–रसायन | एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रो.कार्बन | अन्य खंड | गैर–आबंटन योग्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. | **राजस्व** | | | | | | | | |
| | प्रचालन से राजस्व | 5,357.79 | 661.00 | 39,695.73 | 7,060.16 | 2,994.07 | 968.26 | 0.78 | 56,737.79 |
| जोड़ें: | अंतर क्षेत्र बिक्री | 594.80 | 6.26 | 4,149.88 | 0.73 | 299.80 | 14.42 | - | 5,065.89 |
| | **कुल राजस्व** | **5,952.59** | **667.26** | **43,845.61** | **7,060.89** | **3,293.87** | **982.68** | **0.78** | **61,803.68** |
| ख. | **प्राथमिक भौगोलिक बाजार** | | | | | | | | |
| | घरेलू बिक्री | 5,952.59 | 667.26 | 39,343.21 | 6,984.08 | 3,293.87 | 968.63 | 0.78 | 57,210.42 |
| जोड़ें: | अंतर्राष्ट्रीय बिक्री | - | - | 4,502.40 | 76.81 | - | 14.05 | - | 4,593.26 |
| | **कुल राजस्व** | **5,952.59** | **667.26** | **43,845.61** | **7,060.89** | **3,293.87** | **982.68** | **0.78** | **61,803.68** |
| ग. | **राजस्व मान्यता का समय** | | | | | | | | |
| | बिंदु पर | - | - | 4,502.40 | 7,060.89 | 3,293.87 | 14.05 | - | 14,871.21 |

| क्र. सं. | विवरण | प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एलपीजी गैस ट्रांसमिशन | प्राकृतिक गैस व्यापार/विपणन | पेट्रो–रसायन | एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रो.कार्बन | अन्य खंड | गैर–आबंटन योग्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जोड़ें: | समय के साथ | 5,952.59 | 667.26 | 39,343.21 | - | - | 968.63 | 0.78 | 46,932.47 |
| | **कुल राजस्व** | **5,952.59** | **667.26** | **43,845.61** | **7,060.89** | **3,293.87** | **982.68** | **0.78** | **61,803.68** |

टिप्पणः 31 मार्च 2022 और 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान कोई एकल ग्राहक कंपनी के कुल राजस्व के 10% या उससे अधिक का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

**व्यापार प्राप्य और संविदा शेषः**

निम्नलिखित तालिका ग्राहकों के साथ संविदाओं से प्राप्य और संविदा देनदारियों के बारे में जानकारी प्रदान करती हैः

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|
| **व्यापार प्राप्य** | | |
| व्यापार प्राप्य (गैर–वर्तमान) | 1,049.61 | 1,093.44 |
| व्यापार प्राप्य (वर्तमान) | 7,315.75 | 3,392.33 |
| **संविदा परिसंपत्तियां** | | |
| बिल न की गई प्राप्य राशियां | 0.63 | - |
| **संविदा देयताएं** | | |
| – ग्राहकों से अग्रिम | 1,014.95 | 819.42 |

व्यापार प्राप्य गैर–ब्याज वाले और आम तौर पर 0 से 30 दिनों तक की क्रेडिट शर्तों पर होते हैं। संविदा परिसंपत्तियां नगर गैस वितरण व्यवसाय में घरेलू और वाणिज्यिक ग्राहकों को आपूर्ति की जाने वाली गैस का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसके लिए बाद की तारीख में चालान दिया जाएगा। संविदा देनदारियां ग्राहकों द्वारा भुगतान किए गए अग्रिम हैं, जिसके लिए रिपोर्टिंग तिथि के बाद उत्पादों की आपूर्ति की जानी है।

(₹ करोड़ में)

| संविदा परिसंपत्तियों में परिवर्तन | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|
| वर्ष की शुरुआत में शेष राशि | 819.42 | 785.52 |
| मान्यता प्राप्त राजस्व जिसे वर्ष की शुरुआत में अग्रिम शेष में शामिल किया गया था | 1,758.96 | 1,673.08 |
| वर्ष के दौरान राजस्व के रूप में मान्यता प्राप्त राशियों को छोड़कर, वर्ष के दौरान चालान–प्रक्रिया के कारण वृद्धि | 1,563.43 | 1,706.98 |
| वर्ष के अंत में शेष राशि | 1,014.95 | 819.42 |

प्रबंधन को उम्मीद है कि 31 मार्च 2022 को असंतोषजनक संविदा के लिए आबंटित लेनदेन मूल्य के 58% को वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ₹ 585.24 करोड़ को राजस्व के रूप में मान्यता दी जाएगी। 31 मार्च 2022 तक असंतोषजनक संविदा के लिए आबंटित लेनदेन मूल्य की 5% राशि अर्थात् ₹ 48.82 करोड़ को वित्त वर्ष 2023–24 से वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान मान्यता दी जाएगी। शेष 37% राशि अर्थात् ₹ 380.88 करोड़ 2025–26 में प्राप्त किए जाएंगे।

**41. इंड एएस116 – पट्टाः**

iênkj d : i e d iuh%

d½ iêk n; rk,%

iêk n; rkvk dk lekèkku%

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| **प्रारंभिक शेष** | **607.40** | **205.60** |
| **के लिए समायोजन** | | |
| वर्ष के दौरान जमा | 900.62 | 555.21 |
| वर्ष के दौरान विलोपन | - | (0.47) |
| ब्याज का प्रत्यायन | 29.10 | 10.20 |
| पट्टा देनदारियों के पुनः दर्ज करने पर विदेशी मुद्रा हानि | - | 4.56 |
| वर्ष के दौरान भुगतान की गई पट्टा देयताएं | (234.12) | (167.70) |
| **अंतिम शेष** | **1,303.00** | **607.40** |
| वर्तमान | 364.32 | 194.15 |
| गैर–वर्तमान | 938.68 | 413.25 |

**पट्टा देनदारियों का परिपक्वता विश्लेषणः**

**31 मार्च 2022 तक** (₹ करोड़ में)

| विवरण | 3 माह से कम | 3 से 12 माह | > से 5 वर्ष | > 5 वर्ष | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| पट्टा देयताएं (वर्तमान) | 89.45 | 274.87 | - | - | 364.32 |
| पट्टा देयताएं (गैर–वर्तमान) | - | - | 908.08 | 30.60 | 938.68 |

**31 मार्च 2021 तक** (₹ करोड़ में)

| विवरण | 3 माह से कम | 3 से 12 माह | > से 5 वर्ष | > 5 वर्ष | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| पट्टा देयताएं (वर्तमान) | 48.67 | 145.48 | - | - | 194.15 |
| पट्टा देयताएं (गैर–वर्तमान) | - | - | 382.85 | 30.40 | 413.25 |

**लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता प्राप्त राशि:**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| उपयोग के अधिकार की संपत्ति पर मूल्यह्रास | 233.61 | 138.18 |
| पट्टा देनदारियों पर ब्याज व्यय | 29.10 | 10.20 |
| अल्पकालिक पट्टों से संबंधित व्यय | 6.17 | 1.05 |
| कम मूल्य की संपत्ति पट्टों से संबंधित व्यय | 1.04 | 0.01 |
| परिवर्तनीय पट्टा भुगतान | - | - |
| **कुल** | **269.92** | **149.44** |

**ख) उपयोग का अधिकार परिसंपत्तियां:**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| **प्रारंभिक शेष** | **827.98** | **378.75** |
| जोड़ें: वर्ष के दौरान अतिरिक्त | 915.24 | 588.49 |
| घटा: वर्ष के दौरान विलोपन | - | 1.08 |
| घटा: वर्ष के लिए मूल्यह्रास | 233.62 | 138.18 |
| **अंतिम शेष** | **1,509.60** | **827.98** |

**कंपनी पट्टेदार के रूप में:**

**क) प्रचालन पट्टा**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| प्रचालन पट्टे से किराए की आय | 5.75 | 0.19 |

प्रचालन पट्टों पर प्राप्य न्यूनतम पट्टा भुगतान इस प्रकार हैं:

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| 1 वर्ष के भीतर | 2.12 | 0.18 |
| एक वर्ष के बाद लेकिन पांच साल से ज्यादा नहीं | 1.09 | 1.04 |
| 5 वर्ष बाद | 8.71 | 8.95 |
| **कुल** | **11.92** | **10.17** |

**क) वित्त पट्टा**

**वित्त पट्टों के तहत भावी न्यूनतम पट्टा भुगतान (एमएलपी) तथा निवल एमएलपी का वर्तमान मूल्य इस प्रकार हैं:**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| **न्यूनतम पट्टा भुगतान प्राप्य** | | |
| 1 वर्ष के भीतर | 2.23 | 2.23 |
| एक वर्ष बाद लेकिन पांच वर्ष से ज्यादा नहीं | 8.93 | 8.93 |
| 5 वर्ष बाद | 0.93 | 3.16 |
| **कुल** | **12.09** | **14.32** |
| घटा: अनर्जित वित्त आय | 0.38 | 0.53 |
| **पट्टे में निवल निवेश** | **11.71** | **13.79** |
| **न्यूनतम पट्टा भुगतान प्राप्तियों का वर्तमान मूल्य** | | |
| 1 वर्ष के भीतर | 2.11 | 2.08 |
| एक वर्ष के बाद लेकिन पांच वर्ष से अधिक नहीं | 8.68 | 8.57 |
| 5 वर्ष बाद | 0.92 | 3.14 |
| **कुल** | **11.71** | **13.79** |
| **अनर्जित वित्त आय** | | |
| 1 वर्ष के भीतर | 0.13 | 0.15 |
| एक वर्ष के बाद लेकिन पांच वर्ष से अधिक नहीं | 0.25 | 0.35 |
| 5 वर्ष बाद | - | - |
| **कुल** | **0.38** | **0.53** |

## 42. निर्दिष्ट व्यक्तियों को दिए गए ऋणों और अग्रिमों का विवरण

(₹ करोड़ में)

| | 2021–22 | | 2020–21 | |
|---|---|---|---|---|
| उधारकर्ता का प्रकार | बकाया राशि | % का कुल | बकाया राशि | % का कुल |
| प्रमोटर | - | - | - | - |
| निदेशक | 0.07 | - | 0.12 | 0.01 |
| केएमपी | 0.20 | 0.01 | 0.25 | 0.01 |
| निदेशक के रिश्तेदार | 0.43 | 0.01 | 0.44 | 0.01 |
| संबंधित पार्टी कोंकण एलएनजी लिमिटेड | 2,861.72 | 88.83 | 2,697.67 | 86.72 |

## 43 कर्मचारी लाभ पर इंड एएस 19 के तहत प्रकटन नीचे दिया गया है:

**क. सेवानिवृत्ति लाभ निधि (परिभाषित अंशदान निधि)**

कंपनी ने सेवानिवृत्ति लाभ निधि ट्रस्ट और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में योगदान के रूप में ₹ 108.10 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 101.89 करोड़) की राशि का भुगतान किया है तथा इसे लाभ एवं हानि विवरण में दर्ज किया गया है।

**ख. भविष्य निधि**

कंपनी ने पात्र कर्मचारियों के वेतन के पूर्व निर्धारित निश्चित प्रतिशत पर भविष्य निधि न्यास को 81.89 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष: 76.77 करोड़ रुपए) के अंशदान का भुगतान किया है और इसे तथा लाभ एवं हानि विवरण में दर्ज किया गया है। इसके अलावा, कंपनी का दायित्व भावी अवधि में ब्याज की सांविधि दर के आधार पर निधि परिसंपत्ति में कमी, यदि कोई हो, का प्रावधान करना है।

**ग. अन्य लाभ योजनाएं**

**(i) ग्रेच्युटी:**

उपदान भुगतान अधिनियम 1972 के अनुसार, सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 15 दिनों के वेतन की दर से ग्रेच्युटी देय है, जो न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा अवधि के अधीन है। केंद्र सरकार की दिनांक 29 मार्च, 2018 की सां.आ. 1420 (अ.) अधिसूचना के अनुसार देय कुल ग्रेच्युटी ₹ 20 लाख रुपए तक सीमित है।

**(ii) सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा योजना (पीआरएमएस)**

कंपनी बीमांकिक मूल्यांकन की अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा योजना के लिए परिभाषित लाभ योजनाओं में अंशदान करती है। योजना के तहत पात्र पूर्व कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। वर्ष के दौरान, कंपनी ने पीआरएमएस के लिए ₹ 16.87 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 19.13 करोड) उपलब्ध कराए हैं।

**(iii) अर्जित अवकाश लाभ (ईएल)**

एक वर्ष में अर्जित अवकाश 30 दिन दिया जाता है। अर्जित अवकाश को सेवा में रहते हुए संचित अर्जित अवकाश शेष का 75: तक भुनाया जा सकता है, जो एक बार में अधिकतम 90 दिनों तक हो सकता है; बशर्ते संबंधित कर्मचारी के खाते में न्यूनतम 15 दिनों की शेष राशि शेष हो। सेवानिवृत्ति या सेवानिवृत्ति पर नकद भुगतान 300 दिनों तक सीमित है।

**(iv) सेवानिवृत्ति लाभ (टीबी)**

सेवानिवृत्ति के समय, कर्मचारी को अपनी पसंद के स्थान पर बसने का अधिकार हैं और वे अपने अंतिम तैनाती स्थान से स्थानांतरण यात्रा भत्ता पाने के लिए पात्र हैं।

**(v) अर्द्ध वेतन अवकाश (एचपीएल)**

एचपीएल प्रति वर्ष 20 दिन अर्जित किया जाता है। अनुपयुक्त एचपीएल को अधिवर्षिता के समय अनुमोदित कंपनी नियम के अनुसार भुनाने की अनुमति है।

**(vi) दीर्घ सेवा पुरस्कार (एलएसए)**

कंपनी की अनुमोदित नीति के अनुसार, कंपनी के साथ सेवा की निर्दिष्ट अवधि पूरी होने पर और सेवानिवृत्ति के समय भी, कर्मचारियों को पूरी की गई सेवा की अवधि के आधार पर मौद्रिक रूप से पुरस्कृत किया जाता है।

बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता–प्राप्त निवल लाभ व्यय के घटकों का सार अनुलग्नक–ख में दिया गया है।

**(vii) अन्य प्रकटन:**

(i) तुलन–पत्र में मान्यता प्राप्त निवल परिसंपत्ति/(देयता) (अनुभव समायोजन प्रभाव सहित)

(₹ करोड़ में)

| उपदान | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2020 | 31 मार्च 2019 | 31 मार्च 2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य | 392.44 | 388.16 | 370.06 | 328.52 | 366.65 |
| वर्ष के अंत में योजनागत संपत्ति का उचित मूल्य | 404.75 | 405.48 | 389.43 | 379.68 | 162.49 |
| स्थिति {अधिशेष/(घाटा)} | 12.31 | 17.32 | 19.37 | 51.16 | -204.16 |
| योजनागत परिसंपत्तियों का अनुभव समायोजन (लाभ/(हानि)) | - | -0.55 | 3.15 | 8.86 | 9.17 |
| दायित्व का अनुभव समायोजन {(लाभ)/हानि} | -45.55 | -29.26 | -6.75 | -26.94 | -55.26 |

(₹ करोड़ में)

| पीआरएमएस | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2020 | 31 मार्च 2019 | 31 मार्च 2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य | 485.92 | 441.37 | 408.46 | 328.08 | 290.17 |
| वर्ष के अंत में संयंत्र संपत्ति का उचित मूल्य | 489.13 | 459.70 | 336.30 | - | - |
| स्थिति {अधिशेष/(घाटा)} | 3.21 | 18.33 | -72.16 | - | - |
| योजनागत परिसंपत्तियों का अनुभव समायोजन {लाभ/(हानि)} | - | 4.25 | - | - | - |
| दायित्व का अनुभव समायोजन {(लाभ)/हानि} | 2.53 | -8.30 | 24.91 | -11.71 | -20.76 |

(₹ करोड़ में)

| अर्जित अवकाश | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2020 | 31 मार्च 2019 | 31 मार्च 2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य | 372.37 | 306.94 | 252.62 | 171.07 | 110.91 |
| दायित्व का अनुभव समायोजन {(लाभ)/हानि} | -21.76 | 8.83 | 33.45 | 7.03 | -18.69 |

(₹ करोड़ में)

| सेवानिवृत्ति लाभ | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2020 | 31 मार्च 2019 | 31 मार्च 2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य | 23.99 | 21.81 | 18.90 | 16.72 | 13.55 |
| दायित्व का अनुभव समायोजन {(लाभ)/हानि} | 2.80 | 2.94 | 1.63 | 2.23 | 0.79 |

(₹ करोड़ में)

| एचपीएल | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2020 | 31 मार्च 2019 | 31 मार्च 2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य | 276.00 | 257.77 | 239.58 | 199.20 | 171.65 |
| दायित्व का अनुभव समायोजन {(लाभ)/हानि} | -33.47 | -9.28 | 20.67 | 7.87 | -23.71 |

(₹ करोड़ में)

| दीर्घ सेवा पुरस्कार | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2020 | 31 मार्च 2019 | 31 मार्च 2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य | 25.93 | 25.55 | 25.85 | 23.21 | 22.42 |
| दायित्व का अनुभव समायोजन {(लाभ)/हानि} | 0.63 | -1.32 | 1.80 | 0.49 | 0.15 |

**(viii) लागत की वृद्धि/कमी का प्रभाव**

(₹ करोड़ में)

| संवेदनशीलता विश्लेषण | ग्रेच्युटी | | | | पीआरएमएस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वित्त पोषित | | | | गैर–वित्त पोषित | | | |
| | 2021–22 | | 2020–21 | | 2021–22 | | 2020–21 | |
| | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी |
| छूट दर (–/+ 0.5%) | 377.24 | 408.89 | 375.29 | 407.86 | 444.82 | 532.79 | 397.20 | 490.86 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | -3.87% | 4.19% | -4.00% | 4.33% | -8.46% | 9.64% | -9.85% | 11.41% |
| वेतन वृद्धि (–/+ 0.5%) | 394.05 | 390.72 | 392.45 | 389.25 | NA | NA | NA | NA |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | 0.41% | -0.44% | 0.39% | -0.43% | NA | NA | NA | NA |
| कंपनी छोड़ने की दर (–/+ 0.5%) | 392.80 | 392.08 | 391.25 | 390.63 | 485.04 | 487.53 | 439.78 | 442.02 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | 0.091% | -0.091% | 0.079% | -0.080% | -0.18% | 0.33% | -0.18% | 0.33% |
| मृत्यु दर (–/+ 10%) | 393.09 | 391.79 | 391.55 | 390.32 | 467.18 | 506.40 | 424.60 | 458.04 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | 0.17% | -0.17% | 0.16% | -0.16% | -3.86% | 4.22% | -3.63% | 3.96% |

(₹ करोड़ में)

| संवेदनशीलता विश्लेषण | अर्जित अवकाश | | | | अर्द्ध वेतन अवकाश | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | गैर–वित्त पोषित | | | | गैर–वित्त पोषित | | | |
| | 2021–22 | | 2020–21 | | 2021–22 | | 2020–21 | |
| | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी |
| छूट दर (–/+ 0.5%) | 350.64 | 396.31 | 288.4 | 327.4 | 263.66 | 289.32 | 245.85 | 270.63 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | -5.84% | 6.43% | -6.04% | 6.66% | -4.47% | 4.83% | -4.62% | 4.99% |
| वेतन वृद्धि (–/+ 0.5%) | 395.47 | 351.15 | 326.63 | 288.88 | 288.86 | 263.96 | 270.15 | 246.17 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | 6.20% | -5.70% | 6.42% | -5.88% | 4.66% | -4.37% | 4.80% | -4.50% |
| कंपनी छोड़ने की दर (–/+ 0.5%) | 371.91 | 372.84 | 306.51 | 307.37 | 275.81 | 276.2 | 257.56 | 257.97 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | -0.124% | 0.125% | -0.140% | 0.141% | -0.07% | 0.07% | -0.08% | 0.08% |
| कंपनी छोड़ने की दर (–/+ 10%) | 371.91 | 372.83 | 306.53 | 307.36 | 275.73 | 276.27 | 257.49 | 258.04 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | -0.123% | 0.123% | -0.135% | 0.136% | -0.097% | 0.097% | -0.107% | 0.107% |

(₹ करोड़ में)

| संवेदनशीलता विश्लेषण | सेवानिवृत्ति लाभ | | | | दीर्घ सेवा पुरस्कार | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | गैर–वित्त पोषित | | | | गैर–वित्त पोषित | | | |
| | 2020–21 | | 2019–20 | | 2020–21 | | 2019–20 | |
| | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी | वृद्धि | कमी |
| छूट दर (–/+ 0.5%) | 23-02 | 25-05 | 20-88 | 22-81 | 24-95 | 26-99 | 24-61 | 26-58 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | &4-06% | 4-41% | &4-24% | 4-61% | &3-79% | 4-09% | &3-70% | 3-99% |
| वेतन वृद्धि (–/+ 0.5%) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| कंपनी छोड़कर जाने की दर (–/+ 0.5%) | 23-02 | 23-02 | 21-74 | 21-74 | 25-84 | 26-03 | 25-47 | 25-65 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | &0-27% | &0-27% | &0-27% | &0-27% | &0-36% | 0-36% | &0-36% | 0-36% |
| कंपनी छोड़ने की दर (–/+ 10%) | 22-89 | 23-14 | 21-67 | 21-94 | 25-80 | 26-06 | 25-43 | 25-69 |
| संवेदनशीलता के कारण आधार की तुलना में : परिवर्तन | &0-61% | 0-62% | &0-61% | 0-62% | &0-49% | 0-50% | &0-49% | 0-50% |

**(ix) ग्रेच्युटी ट्रस्ट की योजना परिसंपत्तियों के निवेश पैटर्न का विवरण**

| विवरण | (निवेश का %) | |
|---|---|---|
| | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 |
| केंद्र सरकार प्रतिभूतियाँ | 1.72 | 1.86 |
| राज्य सरकार प्रतिभूतियाँ | 0.36 | 0.39 |
| पीएसयू बांड | - | - |
| निजी बांड | - | - |
| बीमा निवेश | 97.92 | 97.75 |
| **कुल** | **100.00** | **100.00** |

| संदर्भित मृत्यु दर तालिका | | आईएएलएम 2012–2014 अंतिम | आईएएलएम 2006–2008 अंतिम |
|---|---|---|---|
| | आयु | निकासी दर % (2021–22) | निकासी दर % (2020–21) |
| निकासी दर/कर्मचारी कारोबार दर | 30 वर्ष तक | 3% | 3% |
| | 44 वर्ष तक | 2% | 2% |
| | 44 वर्ष से ऊपर | 1% | 1% |

**टिप्पण:**

i. बीमांकिक मूल्यांकन में भावी वेतन वृद्धि, मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति और अन्य प्रासंगिक कारकों के अनुमानों को ध्यान में रखा जाता है।

ii. प्रबंधन ने बीमांकक द्वारा किए गए समग्र बीमांकिक मूल्यांकन पर भरोसा किया है।

## 44. 'उधार लागत' पर इंड एएस 23 के अनुसार प्रकटन:

वर्ष के दौरान चल रहे पूंजीगत कार्य के लिए आबंटित राशि सहित परिसंपत्तियों में पूंजीकृत उधार लागत 173.94 करोड़ रुपए (गत वर्ष: 175.63 करोड़ रुपए) थी।

## 45. "प्रचालन खंड" पर इंड एएस 108 के अनुपालन में, कंपनी ने अपने रिपोर्ट करने योग्य खंड के रूप में निम्नलिखित व्यवसाय क्षेत्र को अपनाया है:

**(क) ट्रांसमिशन सेवाएं**

(i) प्राकृतिक गैस

(ii) एलपीजी

**(ख) प्राकृतिक गैस विपणन**

**(ग) पेट्रोरसायन**

**(घ) एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन**

**(ड.) अन्य खंड (गेलटेल, ईएंडपी, विद्युत उत्पादन और शहर गैस वितरण शामिल हैं)**

कंपनी में कोई भौगोलिक खंड नहीं हैं।

खंड–वार सूचना का प्रकटन **अनुलग्नक–ग** में दिया गया है।

46 "संबंधित पार्टी प्रकटन" पर इंड एएस 24 के अनुपालन में संबंधित पार्टियों के नाम, संबंध की प्रकृति और उनके साथ किए गए लेनदेन का विवरण अनुलग्नक–घ में दिया गया है।

47 "अन्य संस्थाओं में हितों का प्रकटन" पर इंड एएस 112 के तहत प्रकटन:

**क. सहायक/संयुक्त उद्यम/संबद्ध कंपनी**

| क्र.सं. | कंपनियों का नाम | संबंध | स्वामित्व का अनुपात | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 |
| 1 | गेल गैस लिमिटेड | सहायक कंपनी | 100.00% | 100.00% |
| 2 | गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. | सहायक कंपनी | 100.00% | 100.00% |
| 3 | गेल ग्लोबल सिंगापुर प्रा. लि. | सहायक कंपनी | 100.00% | 100.00% |
| 4 | त्रिपुरा प्राकृतिक गैस कंपनी लिमिटेड | सहायक कंपनी | 48.98% | 48.98% |
| 5 | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड सहायक | सहायक कंपनी | 77.20% | 50.00% |
| 6 | कोंकण एलएनजी लिमिटेड*** | सहायक कंपनी | 90.83% | 89.28% |
| 7 | अवंतिका गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 49.99% | 49.99% |
| 8 | भाग्यनगर गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 48.73% | 48.73% |
| 9 | महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 22.50% | 22.50% |
| 10 | सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 25.00% | 25.00% |

| क्र.सं. | कंपनियों का नाम | संबंध | स्वामित्व का अनुपात | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 |
| 11 | ग्रीन गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 49.98% | 49.97% |
| 12 | इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 20.00% | 20.00% |
| 13 | तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 33.33% | 33.33% |
| 14 | वडोदरा गैस लिमिटेड* | संयुक्त उद्यम | 50.00% | 50.00% |
| 15 | तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 5.00% | 5.00% |
| 16 | महानगर गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 32.50% | 32.50% |
| 17 | इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड | संबद्ध कंपनी | 22.50% | 22.50% |
| 18 | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड | संबद्ध कंपनी | 12.50% | 12.50% |
| 19 | ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड | संबद्ध कंपनी | 70.00% | 70.00% |
| 20 | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड** | संबद्ध कंपनी | 49.21% | 49.21% |
| 21 | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | संबद्ध कंपनी | 14.72% | 14.69% |
| 22 | फ्यूम गैस कंपनी | संबद्ध कंपनी | 19.00% | 19.00% |
| 23 | चाइना गैस होल्डिंग्स लिमिटेड | संबद्ध कंपनी | 2.71% | 2.88% |
| 24 | ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी लिमिटेड | संबद्ध कंपनी | 26.00% | - |
| 25 | एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस | संबद्ध कंपनी | 20.00% | - |

*गेल गैस लिमिटेड की 17.07% धारिता सहित

**पूरी तरह प्रति शेयर कम की गई लागत के आधार पर धारिता 7.56% है

***31.03.2021 को आंशिक रूप से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के संबंध में भुगतान की गई राशि के अनुपात में मतदान अधिकार के आधार पर धारिता की गणना की जाती है।

इन कंपनियों द्वारा प्रस्तुत लेखापरीक्षित/गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपरोक्त सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों/संबद्ध कंपनियों के संबंध में वर्ष के लिए परिसंपत्तियों और देनदारियों तथा आय एवं व्यय में कंपनी का हिस्सा निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | विवरण | 2021–22 | 2020–21 |
|---|---|---|---|
| **क** | **तुलन–पत्र का सारांश** | | |
| **1** | **परिसंपत्तियां** | | |
| | गैर–वर्तमान संपत्तियां | 37,205.60 | 34,682.85 |
| | वर्तमान संपत्ति | 10,193.74 | 8,616.11 |
| | **कुल** | **47,399.34** | **43,298.96** |
| 2 | **देयताएं और प्रावधान** | | |
| | गैर–वर्तमान देयताएं | 17,826.98 | 18,515.97 |
| | वर्तमान देयताएं और प्रावधान | 13,155.94 | 11,046.42 |
| | **कुल** | **30,982.92** | **29,562.39** |
| **ख.** | **लाभ और हानि खाते का सार** | | |
| 1 | आय | 42,458.61 | 25,951.68 |
| 2 | व्यय | 40,350.44 | 24,441.16 |
| **ग.** | **आकस्मिक देयताएं (*)** | 5,001.36 | 8,358.52 |

(*) कंपनी के पास उपलब्ध जानकारी की सीमा तक

**ख. संयुक्त रूप से नियंत्रित परिसंपत्तियां**

i) कंपनी के पास 9 ब्लॉक (पिछले वर्ष: 9 ब्लॉक) में नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी)/हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) के तहत प्रस्तावित ब्लॉकों में भागीदारी हित है, जिसके लिए कंपनी ने भारत सरकार तथा तेल और गैस के अन्वेषण और उत्पादन के लिए अन्य भागीदारों के साथ क्रमशः एनईएलपी और एचईएलपी के लिए उत्पादन हिस्सेधारी संविदा(एं) पीएससी)/राजस्व हिस्सेदारी संविदा (आरएससी) की हैं। कंपनी 2 ब्लॉकों अर्थात् सीबी–ओएनएन–2010/11 और सीबी–ओएनएचपी–2017/12 में संचालक है और यह शेष 7 ब्लॉकों में गैर–संचालक भागीदार है। व्यय, आय, परिसंपत्तियों और देनदारियों को कंपनी द्वारा संबंधित ब्लॉकों के पीएससी/आरएससी में अपनी भागीदारी हित के आधार पर साझा किया जाता है।

**31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार ब्लॉकों का विवरण इस प्रकार है:**

| क्र.सं. | ई एंड पी ब्लॉक का नाम | भागीदारी हित | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1,2 | सीबी–ओएनएन–2000 / 1 और इसकी रिंग फेंस्ड संविदा | 50 % | गैर–संचालक |
| 3 | एए–ओएनएन–2002 / 1 | 80 % | गैर–संचालक |
| 4 | सीबी–ओएनएन–2003 / 2 | 20 % | गैर–संचालक |
| 5 | सीबी–ओएनएन–2010 / 11 | 25 % | संचालक |
| 6 | एए–ओएनएन–2010 / 2 | 20 % | गैर–संचालक |
| 7 | जीके–ओएसएन–2010 / 1 | 10 % | गैर–संचालक |
| 8 | सीबी–ओएनएन–2010 / 8 | 25 % | गैर–संचालक |
| 9 | सीबी–ओएनएचपी–2017 / 12 | 100 % | संचालक |

ii) एनईएलपी / सहायता ब्लॉकों के अलावा, कंपनी ने निम्नलिखित 3 ब्लॉकों में गैर–संचालक के रूप में प्रवेश किया है:–

| क्र.सं. | ब्लॉक का नाम | भागीदारी हित |
|---|---|---|
| 1 | ए–1, म्यांमार* | 8.50 % |
| 2 | ए–3, म्यांमार* | 8.50 % |
| 3 | सीवाई–ओएस / 2 | 25.00 % |

*इसके अलावा, म्यांमार में अपतटीय डिलीवरी स्थल से लैंडफॉल स्थल तक गैस के परिवहन के उद्देश्य से म्यांमार में "श्वे अपतटीय पाइपलाइन" में कंपनी की 8.5% भागीदारी है।

iii) संयुक्त रूप से संचालित ब्लॉकों के संबंध में वर्ष के लिए परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय में कंपनी के हिस्से को कंपनी के वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है जो संचालक द्वारा प्रस्तुत गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण पर आधारित है और नीचे दिए गए हैं (अंतिम समायोजन उस वर्ष से लागू होते हैं जिसमें लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण प्राप्त होते हैं):

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 2021–22 | 2020–21 |
|---|---|---|
| आय (बिक्री) | 834.07 | 841.62 |
| व्यय (मूल्यह्रास सहित) | 515.23 | 467.13 |
| कर पूर्व लाभ | 318.84 | 374.49 |
| कुल व्यापक आय | 318.84 | 374.49 |
| निवल परिसंपत्तियां | 1,324.74 | 1,058.45 |
| देयताएं | 107.89 | 112.72 |

उपर्युक्त में 31 मार्च 2022 तक (31 मार्च 2021 तक त्यागे गए 32 ईएंडपी ब्लॉकों सहित) त्यागे गए 32 ईएंडपी ब्लॉकों से संबंधित निम्नलिखित राशि शामिल है, जहां कंपनी गैर–संचालक थी।

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 2021–22 | 2020–21 |
|---|---|---|
| आय (बिक्री) | 1.17 | 0.06 |
| व्यय | 3.24 | 10.10 |
| अचल संपत्ति (सकल ब्लॉक) | - | - |
| अन्य परिसंपत्तियां | 3.32 | 12.41 |
| देयताएं | 52.31 | 50.29 |

iv) ईएंडपी संयुक्त उद्यमों के संबंध में विभिन्न उत्पादन हिस्सेदारी संविदा / राजस्व हिस्सेदारी संविदा के तहत प्रतिबद्ध न्यूनतम कार्य कार्यक्रम का हिस्सा ₹ 63.59 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 61.52 करोड़) है।

v) मात्रात्मक जानकारी:

क. कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कंपनी की हिस्सेदारी का विवरण:

**(1) क्रूड ऑयल ब्लॉक सीबी–ओएनएन–2000 / 1 और सीबी–ओएनएन–2003 / 2**

| विवरण | प्रारंभिक स्टॉक | | उत्पादन (उपचारित और संसाधित कच्चा तेल) | | बिक्री | | अंतिम स्टॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कच्चा तेल | मात्रा (मी.टन) | मूल्य (₹ करोड़ में) | मात्रा (मी.टन) | मूल्य* (₹ करोड़ में) | मात्रा (मी.टन) | मूल्य (₹ करोड़ में) | मात्रा (मी.टन) | मूल्य (₹ करोड़ में) |
| 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष | 300.05 | 0.38 | 5,610.43 | - | 5,694.80 | 18.70 | 215.68 | 0.70 |
| 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष | 536.28 | 0.66 | 6,626.16 | - | 6,862.39 | 14.05 | 300.05 | 0.38 |

*उत्पादन मूल्य ऑपरेटर द्वारा प्रदान नहीं किया गया

(2) प्राकृतिक गैस ब्लॉक ए–1 और ए–3 (म्यांमार)

| विवरण | प्रारंभिक स्टॉक | | उत्पादन (उपचारित और संसाधित कच्चा तेल) | | बिक्री | | अंतिम स्टॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य* | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य |
| कच्चा तेल | (मी.टन) | (₹ करोड़ में) | (मी.टन) | (₹ करोड़ में) | (मी.टन) | (₹ करोड़ में) | (मी.टन) | (₹ करोड़ में) |
| 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष | 0.45 | 0.35 | 451.73 | - | 451.71 | 706.72 | 0.47 | 0.47 |
| 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष | 0.53 | 0.35 | 485.50 | - | 485.58 | 714.70 | 0.45 | 0.35 |

*उत्पादन मूल्य ऑपरेटर द्वारा प्रदान नहीं किया गया

**ख. प्रमाणित रिजर्व और प्रमाणित विकसित रिजर्व में कंपनी के हित की निवल मात्राः**

| विवरण | प्रमाणित रिजर्व | | प्रमाणित विकसित रिजर्व | |
|---|---|---|---|---|
| | 2021–22 | 2020–21 | 2021–22 | 2020–21 |
| **कच्चा तेल ('000 मीट्रिक टन में)** | | | | |
| वर्ष की शुरुआत | 87.799 | 94.83 | 68.242 | 74.33 |
| जोड़ | 38.321 | 0.057 | 57.878 | 1.00 |
| विलोपन | | | | |
| उत्पादन | 5.610 | 7.088 | 5.610 | 7.088 |
| अंतिम शेष | 120.51 | 87.799 | 120.51 | 68.242 |
| **प्राकृतिक गैस (मिलियन एम$^3$ में)** | | | | |
| **क) म्यांमार** | | | | |
| वर्ष की शुरुआत | 3,809.98 | 4,295.48 | 3,070.96 | 3,556.46 |
| जोड़ना | | | | |
| विलोपन | | | | |
| उत्पादन | 451.73 | 485.50 | 451.73 | 485.50 |
| अंतिम शेष | 3,358.25 | 3,809.98 | 2,619.22 | 3,070.96 |
| **ख) भारत** | | | | |
| वर्ष की शुरुआत | 1,812.28 | 1,812.28 | - | - |
| जोड़ना | - | - | - | - |
| विलोपन | - | - | - | - |
| उत्पादन | - | - | - | - |
| अंतिम शेष | 1,812.28 | 1,812.28 | - | - |
| **अंतिम शेष कुल (क+ख)** | **5,170.53** | **5,622.26** | **2,619.22** | **3,070.96** |

**टिप्पणियाँः**

(i) कंपनी ईएंडपी ब्लॉकों में गैर–संचालन भागीदार है जिसके लिए आरक्षित निधियों को समाप्त कर दिया गया है।

(ii) प्रारंभिक तेल और गैस भंडार का मूल्यांकन विशेषज्ञ तृतीय पक्ष एजेंसी/ईएंडपी ब्लॉकों के संबंधित संचालकों द्वारा आंतरिक विशेषज्ञ मूल्यांकन के माध्यम से किया गया था। वर्ष के अंत में तेल भंडार का अनुमान संचालक से प्राप्त जानकारी के आधार पर/वर्ष के दौरान कमी के आधार पर लगाया जाता है। संबंधित ब्लॉक में नए महत्वपूर्ण डेटा या हाइड्रोकार्बन की खोज के रूप में संबंधित ऑपरेटर द्वारा किए गए तेल और गैस भंडार का पुनर्मूल्यांकन किया गया है।

(iii) ईएंडपी ब्लॉकों का मूल्यांकन व्यक्तिगत रूप से हानि के लिए किया जाता है।

ग. शेष लागत वसूली में कंपनी का हिस्सा ₹ 352.36 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 208.15 करोड़) है जिसे भविष्य के राजस्व से ईएंडपी ब्लॉकों से वसूला जाना है, जिनके पास उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं के अनुसार आरक्षित भंडार है।

## 48 लेखा मानक – परिसंपत्तियों की हानि – इंडएएस–36:

इंड एएस–36, परिसंपत्तियों की हानि' और 'इंड एएस 109, वित्तीय उपकरणों' के अनुपालन में कंपनी ने 31 मार्च 2022 को ईएंडपी, गेल टेल, पाइपलाइनों के लिए उपयोग का अधिकार (आरओयू) के संबंध में हानि का आकलन किया:

क. कंपनी ने ईएंडपी परिसंपत्तियों के संबंध में ₹ 0.46 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 1.41 करोड़ की हानि का हिसाब लगाया है।

ख. कंपनी ने गेल टेल की परिसम्पत्तियों के संबंध में ₹ 0.83 करोड़ (पिछले वर्ष हानि का प्रत्यावर्तन ₹ 6.53 करोड़) की हानि का हिसाब लगाया है।

ग. कंपनी ने परिसंपत्तियां बट्टे खाते में डालने के लिए संयंत्र और मशीनरी के संबंध में पूर्व प्रावधान में ₹ 0.86 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 0.31 करोड़) की हानि को उलट दिया है।

घ. कंपनी ने इंड–एएस 36 के प्रावधानों के अनुपालन में पाइपलाइनों के लिए आरओयू का हानि अध्ययन किया। आरओयू के संबंध में कोई हानि नहीं पाई गई।

**49** वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि पर भारतीय लेखा मानक 109 के अनुपालन में, कंपनी ने 31 मार्च 2022 को अपने निम्नलिखित निवेशों के संबंध में हानि मूल्यांकन किया है:

वर्ष के दौरान, गेल ग्लोबल यूएसए इंक. (जीजीयूआई) में कंपनी के निवेश के उचित मूल्यांकन के आधार पर, कंपनी ने पिछले वर्ष में ₹ 10.61 करोड़ की हानि के प्रावधानकी तुलना में शून्य रुपए की हानि का प्रावधान किया है। 31.03.2022 को जीजीयूआई में कंपनी के निवेश का वहन मूल्य ₹ 6.97 करोड़ (पिछले वर्ष: शून्य रुपए) है।

वर्ष के दौरान, गेल ग्लोबल यूएसए इंक जीजीयूआई के उचित मूल्यांकन के आधार पर, कंपनी ने जीजीयूआई की ओर से कंपनी द्वारा प्रदान की गई कॉर्पोरेट गारंटी के खिलाफ कुल अपेक्षित क्रेडिट हानि ₹ 169.58 करोड़ भी प्रदान की है।

**50** "प्रावधानों, आकस्मिक देनदारियों और आकस्मिक परिसंपत्तियों" पर इंड एएस 37 के अनुपालन में, संभावित दायित्व के प्रावधान पर आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

| प्रावधान | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान राशि में वृद्धि (ओसीआई सहित) | वर्ष के दौरान निरसन/समायोजित (ओसीआई सहित) | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|
| अप्रत्यक्ष कर | 318.97 | 18.02 | 23.90 | 313.09 |
| कर्मचारी लाभ | 611.92 | 165.02 | 68.06 | 708.88 |
| परित्याग लागत की देयता | 1.41 | - | - | 1.41 |
| कानूनी और मध्यस्थता मामले | 427.71 | 86.32 | 27.14 | 486.89 |
| **कुल** | **1,360.01** | **269.36** | **119.10** | **1,510.27** |

## 51. अप्रतिबंधित विदेशी मुद्रा जोखिम

(₹ करोड़ में)

| विवरण | मुद्राएं | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2021 |
|---|---|---|---|
| उधार, उपार्जित ब्याज लेकिन देय नहीं* | अमेरीकी डालर | 0.03 | 7.51 |
| व्यापार देय/जमा और प्रतिधारण धनराशि | अमेरीकी डालर | 3,410.50 | 2,191.46 |
| | यूरो | 0.52 | 2.05 |
| | अन्य | 1.48 | 19.59 |
| व्यापार/अन्य प्राप्य और बैंक शेष | अमेरीकी डालर | 839.68 | 72.23 |
| | यूरो | - | - |
| | अन्य | 0.35 | 0.08 |
| निष्पादित किए जाने के लिए शेष संविदाओं की अप्रयुक्त राशि | अमेरीकी डालर | 166.69 | 82.75 |
| | यूरो | 42.67 | 22.17 |
| | अन्य | 84.46 | 12.27 |
| एसईएजीपी से प्राप्य ऋण | अमेरीकी डालर | 36.52 | 88.31 |
| एसईएजीपी से पूंजी अंशदान प्राप्य ऋण | अमेरीकी डालर | 109.09 | 128.63 |

*विदेशी मुद्रा प्रवाह की तुलना में स्वाभाविक रूप से हेज की गई राशि शामिल नहीं है।

52 कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186(4) के तहत कंपनी द्वारा दिए गए ऋण, निवेश, गारंटी और सुरक्षा का विवरण।

क. किए गए निवेश और दिए गए ऋणों का खुलासा संबंधित नोट सं. 5 और 7 के तहत किया जाता है।

ख. (i) विभिन्न शहर गैस परियोजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में कंपनी की निम्नलिखित सहायक कंपनी को निष्पादन बैंक गारंटी जारी करने के लिए कंपनी द्वारा बैंकों को दी गई कॉर्पोरेट गारंटी निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं | कंपनी का नाम | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|---|
| 1 | गेल गैस लिमिटेड | 5,951.99 | 6,084.99 |

(ii) कंपनी द्वारा अपनी अमेरिकी सहायक कंपनियों के अलावा अपनी सहायक कंपनी की ओर से दी गई कॉर्पोरेट गारंटियां निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं | कंपनी का नाम | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|---|
| 1 | गेल गैस लिमिटेड | 1,500.00 | 1,500.00 |
| 2 | ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड | 652.34 | 652.34 |
| 3 | गेल ग्लोबल सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड | 1,713.83 | 1,107.75 |
| | **कुल** | **3,866.17** | **3,260.09** |

(iii) कंपनी द्वारा टर्मिनल सेवा करार (टीएसए) और पाइपलाइन सेवा करार (पीएसए), गैस बिक्री क्रय करार (जीएसपीए) के लिए निष्पादन गारंटी और स्टैंडबॉय लेटर ऑफ क्रेडिट (एसबीएलसी) सुविधा प्राप्त करने का विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं | कंपनी का नाम | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|---|
| 1 | गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. | 533.19 | 535.41 |
| 2 | गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी | 7,503.22 | 7,274.74 |
| | **कुल** | **8,036.41** | **7,810.15** |

कंपनी ने अपनी अमेरिकी सहायक और स्टेप डाउन सहायक कंपनी की ओर से 1055.06 मिलियन अमरीकी डॉलर (8,036.41 करोड़ रुपए) की कॉर्पोरेट गारंटी जारी की है। अमेरिकी सहायक कंपनी को जारी 70.00 मिलियन अमरीकी डॉलर (533.19 करोड़ रुपए) की गारंटी अपने दायित्व को पूरा करने और कंपनी के आकलन के अनुसार है; अमेरिकी सहायक कंपनी द्वारा चूक की कोई संभावना नहीं है। इसके अलावा, 985.06 मिलियन अमरीकी डॉलर (7,503.22 करोड़ रुपए) की सहायक कंपनी को छोड़ने के लिए जारी गारंटियां कंपनी के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए जारी की गई हैं। भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) की विशेषज्ञ सलाहकार समिति (ईएसी) की राय के आधार पर, गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक को जारी गारंटियों के लिए कंपनी के बही खातों में ₹ 169.58 करोड़ की संभावित क्रेडिट हानि का प्रावधान किया गया है। कंपनी द्वारा कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की गई है।

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड के पृथक वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139(5) के तहत भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक, अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्धारित लेखांकन पर मानकों के अनुसार राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह उनके द्वारा दिनांक 27 मई 2021 की अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट के द्वारा किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143(6)(क) के तहत 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की एक पूरक लेखापरीक्षा की है। यह पूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखा परीक्षकों के कामकाजी कागजातों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और यह मुख्य रूप से सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी के कार्मिकों से पूछताछ और कुछ लेखा अभिलेखों की चुनिंदा जांच तक सीमित है।

मेरी अनुपूरक लेखापरीक्षा के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं आया है जिससे अधिनियम की धारा 143(6)(ख) के तहत सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर किसी टिप्पणी या अनुपूरकता उत्पन्न हो।

कृते भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
और उनकी ओर से

हस्ता./–

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 जुलाई, 2022**

**(डी.के. सेकर)**
महालेखापरीक्षक (ऊर्जा), दिल्ली



# समेकित वित्तीय विवरण



# स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों के लिए**

**समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट**

**राय**

हमने गेल (इंडिया) लिमिटेड (इसमें आगे 'धारक कंपनी' के रूप में उल्लेख किया गया है) और इसकी सहायक कंपनियों (धारक कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों का 'समूह' के रूप में उल्लेख किया गया है), इसकी सम्बद्ध कंपनियों तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों जिन्हें दिनांक 31 मार्च, 2022 के समेकित तुलन–पत्र में शामिल किया गया है, के लाभ और हानि (अन्य प्रमुख आय सहित) के समेकित विवरण, इक्विटी में परिवर्तन के समेकित विवरण, उस समय समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह के समेकित विवरण, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों तथा अन्य स्थितिमूलक सूचना (इसमें आगे समेकित वित्तीय विवरण के रूप में उल्लेख किया गया है) के सार सहित समेकित वित्तीय विवरण पर टिप्पणियों के साथ–साथ समेकित वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा की है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण में कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के साथ पठित और यथा–संशोधित धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक के अनुरूप कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) में यथा–अपेक्षित स्वरूप में समूह, इसकी सम्बद्ध कंपनियों तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों और सामान्यतः भारत में स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के कार्यों की दिनांक 31 मार्च, 2022 के अनुसार समेकित स्थिति, इनके समेकित निवल लाभ (अन्य प्रमुख आय सहित वित्तीय निष्पादन), इनकी इक्विटी में समेकित परिवर्तन और उस समय समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह के बारे में सूचना दी गई है और इस संबंध में सही तथा निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाया गया है।

**राय का आधार**

हमने इस अधिनियम की धारा 143(10) के तहत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार इस समेकित वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा की है। इन मानकों के तहत निर्धारित किए गए हमारे उत्तरदायित्व का हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरण खण्ड की लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों के उत्तरदायित्व में और उल्लेख किया गया है। हम इस अधिनियम और इसके नियमों के प्रावधानों के तहत समेकित वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के संबंध में नैतिक अपेक्षा के साथ–साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ('आईसीएआई') द्वारा जारी की गई नैतिक संहिता के अनुसार समूह, इसकी संबद्ध और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं तथा नैतिक संहिता के अनुसार अपने उत्तरदायित्व को पूरा किया है। हमें विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं वे हमारी राय का आधार प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

**मामले पर बल**

1. हम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा जारी किए गए विभिन्न अंतिम परिवहन टैरिफ आदेशों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पण सं. 33(ग) पर ध्यान आकर्षित करते हैं, जिन्हें कंपनी द्वारा विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में चुनौती दी गई है और कुछ ग्राहकों ने पीएनजीआरबी के इन आदेशों को न्यायालय में चुनौती दी है। जब भी मामला अंतिम रूप से तय होने पर समायोजन, यदि कोई हो, को मान्यता दी जाएगी।

2. हम कंपनी द्वारा निर्मित 'नाफ्था' के वर्गीकरण से संबंधित मामले में केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा अंतर राशि की मांग की पुष्टि करने वाले सीईएसटीएटी आदेश के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पण सं. 30( I)(क)(iii) की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जिसमें लागू दंड और उस पर ब्याज सहित ₹ 3,266 करोड़ शामिल हैं। मामले के गुण–दोष को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की है। प्राप्त कानूनी राय के आधार पर, कंपनी को अपने पक्ष में इस मामले में किसी भी संभावित निर्णय की उम्मीद नहीं है और तदनुसार आकस्मिक देयता के तहत इसे समाप्त कर दिया गया है।

उपरोक्त पैराओं में उल्लिखित मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**प्रमुख लेखापरीक्षा मामले**

मुख्य लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के पृथक वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्र रूप से समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में और उस पर अपनी राय बनाने के संदर्भ में समाधान किया गया था, और हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक मामले के लिए, उस संदर्भ में हमारी लेखापरीक्षा ने मामले का कैसे समाधान किया, इसका विवरण दिया गया है। सामग्री सहित 'एक अन्य लेखा परीक्षक के काम का उपयोग' पर लेखांकन में मानक (एसए 600) की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, धारिता कंपनी के पृथक वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट से नीचे प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों को पुनः प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. सं. | मुख्य लेखापरीक्षा मामला | हमारी लेखापरीक्षा ने मुख्य लेखापरीक्षा मामले का कैसे समाधान किया |
|---|---|---|
| 1. | **bM ,,l 115 Þxkgdks ds lkFk vuqcèkksa ls jktLoÞ dks viukus ds eíutj jktLo dh igpku vkSj eki**<br>हमने उपर्युक्त की मुख्य लेखापरीक्षा मामले के रूप में पहचान की है क्योंकि राजस्व लेखा मानक के आवेदन में विशिष्ट प्रदर्शन दायित्वों की पहचान, पहचान किए गए प्रदर्शन दायित्वों के लेनदेन मूल्य का निर्धारण, आधार की उपयुक्तता से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं, जो एक अवधि में मान्यता–प्राप्त राजस्व को मापने के लिए उपयोग किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, राजस्व लेखा मानक में प्रकटीकरण शामिल हैं जिसमें अलग–अलग राजस्व के संबंध में सूचनाओं का मिलान शामिल है और वह अवधि जिसके दौरान तुलन–पत्र की तारीख के बाद शेष प्रदर्शन दायित्वों को पूरा किया जाएगा।<br>समेकित वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पण 21 और 39 देखें। | **प्रधान लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं**<br>हमने राजस्व लेखांकन मानक को अपनाने के प्रभाव की पहचान करने और लेखांकन नीति की उपयुक्तता की जाँच करने के लिए कंपनी की प्रक्रिया का आकलन किया। हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण शामिल था जो इस प्रकार है:<br>1. जहां–कहीं लागू था, राजस्व लेखा मानक के कार्यान्वयन से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन का मूल्यांकन किया।<br>2. जारी और नए अनुबंधों का एक नमूना चुना गया, और विशिष्ट निष्पादन दायित्वों की पहचान और लेनदेन मूल्य के निर्धारण से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया। हमने इन नियंत्रणों के संचालन के संबंध में जांच और अवलोकन, पुनः निष्पादन और साक्ष्य के निरीक्षण से संबंधित प्रक्रियाओं का संयोजन किया। |

| क्र. सं. | मुख्य लेखापरीक्षा मामला | हमारी लेखापरीक्षा ने मुख्य लेखापरीक्षा मामले का कैसे समाधान किया |
|---|---|---|
| | | 3. राजस्व लेखा मानक के अनुसार राजस्व रिकॉर्डिंग और निपटान में प्रयुक्त अनुबंधों और संबंधित जानकारी से संबंधित प्रासंगिक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों की पहुंच और परिवर्तन प्रबंधन नियंत्रण का परीक्षण किया।<br><br>जारी और नए अनुबंधों का एक नमूना चुना गया और निम्नलिखित मूल प्रक्रियाओं का निष्पादन किया गया:<br><br>1. इन अनुबंधों में अलग–अलग निष्पादन दायित्वों को पढ़ा, विश्लेषण किया और पहचान की।<br>2. कंपनी द्वारा इन निष्पादन दायित्वों की तुलना की गई, उन्हें पहचाना गया और दर्ज किया गया।<br>3. राजस्व की गणना के लिए उपयोग किए गए लेनदेन मूल्य को सत्यापित करने और परिवर्तनीय विचार के अनुमान के आधार का परीक्षण करने के लिए किसी भी परिवर्तनीय विचार सहित लेनदेन मूल्य निर्धारित करने के लिए अनुबंधों की शर्तों पर विचार किया गया। |
| 2. | **अनिश्चित कर स्थितियों और आकस्मिक देनदारियों का मूल्यांकन**<br><br>कंपनी कई क्षेत्राधिकारों में काम करती है और अप्रत्यक्ष कर मामलों को छोड़कर व्यापार के सामान्य कार्यों के दौरान अनेक मामलों पर स्थानीय कर अधिकारियों और पीएनजीआरबी जैसे अन्य विनियामक प्राधिकारियों द्वारा आवधिक चुनौतियों के अधीन है। हमने उपर्युक्त की मुख्य लेखापरीक्षा मामले के रूप में पहचान की है क्योंकि इनमें विवादास्पद मामलों को शामिल करते हुए वास्तविक अनिश्चित कर स्थिति और आकस्मिक देनदारियों के संभावित परिणाम का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप संबंधित लेखांकन और विसंगतियों पर प्रभाव पड़ता है।<br><br>पृथक वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पण 30(1) देखें। | **हमने इस संबंध में निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं लागू की हैं:**<br><br>1. प्रमुख कर मामलों और अन्य आकस्मिक देनदारियों की जानकारी प्राप्त की।<br>2. कंपनी द्वारा प्राप्त प्रमुख पत्राचारों, बाहरी कानूनी राय/परामर्शों को पढ़ा और उनका विश्लेषण किया।<br>3. वर्तमान और आस्थगित कर शेष का आकलन करने में कंपनी द्वारा की गई प्रमुख मान्यताओं का मूल्यांकन किया और उन्हें चुनौती दी।<br>4. कानूनी वरीयता और अन्य न्यायिक निर्णयों पर विचार करके विवादित मामलों के संभावित परिणाम के कंपनी के अनुमान का आकलन किया और उसे चुनौती दी।<br>5. अनिश्चित कर स्थितियों और आकस्मिक देनदारियों से संबंधित प्रस्तुति और विसंगतियों का आकलन और परीक्षण किया गया। |
| 3. | **व्युत्पन्न लेनदेन और बचाव लेनदेन का लेखांकन**<br><br>हमने उपर्युक्त मुख्य लेखापरीक्षा मामले की पहचान की है क्योंकि हेज (बचाव) लेखांकन ने वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, इसके लेखांकन की जटिलता, गणना और हेज संबंध स्थापित करने के लिए जटिल/कई धारणाओं को लिया गया है। इन व्युत्पन्न अनुबंधों से संबंधित मार्क से बाजार लाभ/हानि को अन्य व्यापक आय में मान्यता दी गई है।<br><br>पृथक वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पण 56 देखें। | **हमने इस संबंध में निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं लागू की हैं:**<br><br>1. व्युत्पन्न लेनदेन की रिकॉर्डिंग और बचाव लेखांकन के आवेदन पर प्रबंधन के नियंत्रण की समझ प्राप्त की।<br>2. व्युत्पन्न लेनदेन की सटीकता और पूर्णता का परीक्षण किया।<br>3. हमने व्युत्पन्न वित्तीय लिखतों के मूल्यांकन के नमूने के आधार पर लागू और परीक्षण की गई मूल्यांकन पद्धतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने वाली मूल्यांकन रिपोर्ट पर भरोसा किया है।<br>4. मान्य है कि व्युत्पन्न वित्तीय लिखत नमूना आधार पर बचाव लेखांकन और बचाव प्रभावशीलता और गैर–प्रभावकारिता की परीक्षण सटीकता के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं। |
| 4. | **तकनीकी मापदंड और व्यापक लेन–देन एकीकृत प्रणाली तथा उसमें शामिल जटिलताओं के माध्यम से राजस्व और सूची को मापने के लिए प्राकृतिक गैस व्यापार और पारेषण प्राप्त किया गया।**<br><br>हमने उपर्युक्त मुख्य लेखापरीक्षा मामले की पहचान की है क्योंकि गैस–पाइपलाइनों के माध्यम से बेची गई और स्टॉक में प्राकृतिक गैस की मात्रा के निर्धारण में प्राकृतिक गैस के विभिन्न तकनीकी पहलुओं जैसे दबाव, तापमान आदि का उपयोग शामिल है, जो गैस पाइपलाइन पर स्थापित माप उपकरणों से प्राप्त होता है। हमें सूचित किया गया था कि कार्यप्रणाली मानक है और पूरे उद्योग में उपयोग की जाती है। इससे 31 मार्च, 2022 तक बेची गई प्राकृतिक गैस और पाइपलाइन में स्टॉक की मात्रा को मान्य करने की जटिलता बढ़ जाती है।<br><br>पृथक वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पण 10 और 21 देखें। | **हमने इस संबंध में निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं लागू की हैं:**<br><br>1. हमने अपने आईटी विशेषज्ञों की सहायता से, लेखांकन सॉफ्टवेयर के माध्यम से आईटी प्रणाली द्वारा प्राप्त मात्रा की सटीकता और पूर्णता पर नियंत्रणों का परीक्षण किया है।<br>2. हमने प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है कि आईटी प्रणाली राजस्व और सूची माप के उद्देश्य से प्राकृतिक गैस की मात्रा को प्राप्त करने के लिए एक मानक पद्धति लागू करती है।<br>3. हमने प्रबंधन द्वारा हमें उपलब्ध कराए गए विभिन्न पहलुओं जैसे रूपांतरण कारक, मीटर रीडिंग इत्यादि को लागू करके मांग सूची के मूल्यांकन का सत्यापन किया है। |

| क्र. सं. | मुख्य लेखापरीक्षा मामला | हमारी लेखापरीक्षा ने मुख्य लेखापरीक्षा मामले का कैसे समाधान किया |
|---|---|---|
| 5. | **कुछ सहायक कंपनियों में निवेश और अग्रिमों की वसूली योग्य राशि का मूल्यांकन**<br><br>कुछ सहायक कंपनियों में निवेश और अग्रिमों की वसूली योग्य राशियों के कंपनी के मूल्यांकन में उनके वसूली योग्य मूल्य और वाहक राशि की तुलना शामिल है। प्रबंधन भावी नकदी प्रवाह के प्रबंधन के अनुमानों के आधार पर वसूली योग्य राशि निर्धारित करता है। रियायती नकदी प्रवाह मॉडल में प्रयुक्त पूर्वोक्त मान्यताओं को निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों की आवश्यकता होती है। भावी नकदी प्रवाह के पूर्वानुमान और छूट की अनिश्चितता के कारण, स्वाभाविक रूप से व्यक्तिपरक होने के कारण, इसमें प्रबंधन का निर्णय शामिल होता है और 31 मार्च, 2022 को कंपनी के निवेश के महत्व को देखते हुए हमने इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना है।<br><br>समेकित वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पणः 5 और 7 देखें। | **हमने इस संबंध में निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं लागू की हैं:**<br><br>1. हमने प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए भावी नकदी प्रवाह के पूर्वानुमानों का आकलन, अनुमानों का मूल्यांकन किया है और अनुमानों की तुलना बाहरी रूप से उपलब्ध उद्योग, आर्थिक और वित्तीय आंकड़ों से की है।<br>2. प्रबंधन की योजना को समझने और पूर्वव्यापी परीक्षण करके राजस्व वृद्धि और ईबीआईटीडीए मार्जिन जैसी प्रमुख व्यावसायिक मान्यताओं की तर्कसंगतता का आकलन किया।<br>3. हमने निवेश के उचित मूल्य के निर्धारण में कंपनी की मूल्यांकन पद्धति का मूल्यांकन किया है। यह आकलन करने में, हमने प्रबंधन द्वारा लगाए गए मूल्यांकन विशेषज्ञ की व्यावसायिक क्षमता, निष्पक्षता और क्षमताओं का भी आकलन किया।<br>4. हमारे आंतरिक मूल्यांकन विशेषज्ञों की सहायता से नकदी प्रवाह पूर्वानुमानों में अपनाई गई प्रमुख मान्यताओं की तर्कसंगतता का आकलन किया।<br>5. हमने पिछले वर्ष की तुलना में कंपनी के निवेश के निष्पादन पर प्रबंधन के साथ विचार–विमर्श किया है ताकि यह मूल्यांकन किया जा सके कि नकदी प्रवाह पूर्वानुमानों में उपयोग किए गए इनपुट और अनुमान उपयुक्त थे या नहीं।<br>6. प्रमुख मान्यताओं के आसपास प्रबंधन की संवेदनशीलता विश्लेषण का मूल्यांकन किया है। |
| 6. | **निष्पादन संबंधी वेतन के लिए प्रावधान**<br><br>वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए निष्पादन संबंधी वेतन का प्रावधान सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों (डीपीई) के आधार पर किया गया है। रेटिंग कारकों को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना बाकी है। | **हमने इस संबंध में निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं लागू की हैं:**<br><br>1. हमने डीपीई द्वारा जारी परिपत्र की समीक्षा की है और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए प्रबंधन द्वारा साझा की गई गणनाओं को सत्यापित किया है ताकि यह संतुष्ट हो सके कि परिपत्र में निर्धारित कार्यप्रणाली का पालन किया गया है और प्रावधान उचित है।<br>2. हमने वित्त वर्ष 2020–21 के लिए गेल के समझौता–ज्ञापन (एमओयू) की स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट का सत्यापन किया है, जहां वित्त वर्ष 2021–22 के लिए उपयोग की गई धारणाओं की तर्कसंगतता निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल द्वारा रेटिंग को मंजूरी दी गई है।<br>3. हमने वित्त वर्ष 2020–21 के लिए डीपीई द्वारा कंपनी के स्कोर और रेटिंग का उल्लेख करते हुए एमओयू रेटिंग भी प्राप्त की है। |

**समेकित वित्तीय विवरणों और उन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी**

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में निदेशक की रिपोर्ट, निगमित नियंत्रण रिपोर्ट, व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट और प्रबंधन चर्चा और वार्षिक रिपोर्ट का विश्लेषण शामिल है, लेकिन समेकित वित्तीय विवरण और उस पर हमारी रिपोर्ट शामिल नहीं है। निदेशक की रिपोर्ट, निगमित नियंत्रण रिपोर्ट, व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट की प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण इस लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करेंगे।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऊपर पहचानी गई अन्य जानकारी को पढ़ें, जब यह हमारे लिए उपलब्ध हो जाए और ऐसा करते हुए विचार करें कि क्या अन्य जानकारी समेकित वित्तीय विवरणों के साथ असंगत है या हमारी जानकारी के दौरान प्राप्त की गई सूचना हमारी लेखापरीक्षा के दौरान, या अन्यथा भौतिक रूप से गलत बताई गई प्रतीत होती है।

जब हम ऐसी अन्य सूचना पढ़ते हैं और यह जब भी हमें उपलब्ध कराई जाती है और यदि हम मानते हैं कि इसमें कोई भौतिक गलत विवरण है, तो हमें अभिशासन के प्रभार वाले लोगों को मामले से अवगत कराना आवश्यक होता है।

**समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी और जिन्हें अभिशासन का प्रभार सौंपा गया है**

धारिता कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार और प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार है, जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन सहित अन्य व्यापक आय, परिवर्तनों का एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिसमें यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) को शामिल करते हुए, भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की अन्य व्यापक आय, इक्विटी और नकदी प्रवाह में परिवर्तन शामिल है। इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी, अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड का रखरखाव भी शामिल है; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; ऐसे निर्णय लेना और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हों; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, तथा समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक हों, जो एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण

प्रदान करते हैं और सामग्री के गलत कथन, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, से मुक्त होते हैं, जिनका धारिता कंपनी के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी के उद्देश्य के लिए उपयोग किया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, समूह और उसकी सम्बद्ध और संयुक्त नियंत्रित कंपनियों में शामिल कंपनियों के संबंधित निदेशक मंडल भविष्य में कंपनी के बने रहने की क्षमता का आकलन करने के लिए जिम्मेदार हैं, जब तक कि प्रबंधन या तो कंपनी को बंद करने का इरादा न रखता हो, तब तक कंपनी के भविष्य मे बने रहने से संबंधित मामलों का निपटान करने, जैसा लागू हो, और भविष्य मे लेखांकन के बने रहने के आधार का उपयोग करने या कंपनी के संचालन को बंद करने, या ऐसा करने का कोई वास्तविक विकल्प न हो।

इस समूह और इसकी सम्बद्ध तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों में शामिल की गई कंपनियों का संबंधित निदेशक मंडल इस समूह, इसकी सम्बद्ध तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए उत्तरदायी है।

**समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियां**

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से समेकित वित्तीय विवरण भौतिक गलत विवरण से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, और एक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जो हमारी राय को प्रभावित करता है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार आयोजित कोई लेखापरीक्षा हमेशा ही किसी महत्वपूर्ण गलत विवरण का पता लगाएगी जब वह मौजूद हो। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें सामग्री माना जाता है, यदि व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद की जा सकती है।

एसए के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा में पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। हमः

- पृथक वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों को पहचानते और उनका आकलन करते हैं, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हों, उन जोखिमों के प्रति उत्तरदायी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिज़ाइन और निष्पादित करते हैं, और लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हो। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाली सामग्री गलत कथन का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने की संभावना अधिक है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर की गई चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है।
- हमने इस लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की जानकारी प्राप्त की है ताकि ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रिया को निर्धारित किया जा सके जो इन परिस्थितियों में उपयुक्त है। इस अधिनियम की धारा 143(3)(प) के तहत हम इस संबंध में अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी है कि क्या भारत में निगमित धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी, इसकी सम्बद्ध और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनी ने पर्याप्त रूप से आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और इस प्रकार के नियंत्रण की प्रचालन कारगरता की व्यवस्था कर रखी है।
- उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित विसंगतियों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करते हैं।
- हमने लेखांकन की वर्तमान व्यवस्था का उपयोग करके और प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा के साक्ष्य के आधार पर प्रबंधन और निदेशक मंडल की उपयुक्तता के संबंध में निर्णय लिया है कि क्या कार्यकलापों अथवा इन दशाओं से संबंधित ऐसी कोई प्रमुख अनिश्चितता मौजूद है जो वर्तमान कारोबार को जारी रखने के लिए इस समूह और इसकी सम्बद्ध तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों की योग्यता के बारे में काफी संदेह पैदा कर सकती है। यदि हमारा निश्कर्ष यह है कि समेकित वित्तीय विवरण में ऐसी प्रमुख अनिश्चितता मौजूद है अथवा इस प्रकार की जानकारी हमारी राय को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त है तो हमसे यह अपेक्षा की जाती है कि हम अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इस प्रकार की संबंधित जानकारी के बारे में ध्यान आकर्षित करें। हमारा निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में प्राप्त किए गए अद्यतन लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित है। तथापि भावी गतिविधियों अथवा दशाओं के कारण इस समूह और इसकी सम्बद्ध तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों के वर्तमान कारोबार को भविष्य में बंद करना पड़ सकता है।
- हमने संबंधित जानकारी सहित समग्र विवरण, संरचना और समेकित वित्तीय विवरण की विषय–वस्तु का इसलिए मूल्यांकन किया है कि क्या समेकित वित्तीय विवरण में निर्धारित लेन–देन तथा कार्यकलापों को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है जिससे सही विवरण प्राप्त किया जा सके।
- हमने इस समेकित वित्तीय विवरण के संबंध में अपनी राय व्यक्त करने के लिए इस समूह और इसकी सम्बद्ध तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों के कारोबार कार्यकलाप अथवा कंपनियों की वित्तीय सूचना से संबंधित पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है। हम समेकित वित्तीय विवरण सहित इस प्रकार की कंपनियों जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं, के वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के निदेश, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं। इस समेकित वित्तीय विवरण में शामिल की गई अन्य कंपनियों जिनकी लेखापरीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों ने की है, वे स्वयं द्वारा की गई लेखापरीक्षा के निदेश, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी रहेंगे। हम केवल अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए ही उत्तरदायी रहेंगे।

हमने धारक कंपनी और इस समेकित वित्तीय विवरण में शामिल की गई उन कंपनियों जिनके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं, के अभिशासन प्रभारी को आंतरिक नियंत्रण में किसी प्रमुख कमी जिसे हमने अपनी लेखा परीक्षा में निर्धारित किया है, सहित लेखा परीक्षा के नियोजित क्षेत्राधिकार तथा समय और महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्ष के साथ–साथ अन्य मामलों से अवगत कराया है।

हमने अभिशासन प्रभारी को ऐसा विवरण प्रदान किया है जिसे हमने स्वतंत्रता से संबंधित प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं के अनुरूप संकलित किया है और इसके साथ–साथ उन्हें ऐसे सभी संबंधों तथा मामलों से भी अवगत कराया है जो हमारी स्वतंत्रता और जहां लागू हो संबंधित सुरक्षा उपायों पर प्रभाव डाल सकते हैं।

अभिशासन प्रभारी को सूचित किए गए मामलों के आधार पर हमने उन मामलों को निर्धारित किया है जो वर्तमान अवधि के समेकित वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे और इसलिए ये प्रमुख लेखा परीक्षा मामले हैं। हमने अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इन मामलों का उल्लेख किया है जब तक कि कानून अथवा नियम के तहत इस प्रकार के मामले पर प्रतिबंध न लगाया गया हो अथवा अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में ऐसा करना हो, हमने यह निर्धारित किया है कि ऐसे मामले को अपनी रिपोर्ट में सूचित नहीं करना चाहिए क्योंकि इस प्रकार की सूचना से सार्वजनिक हित लाभ पर अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

**अन्य मामले**

हमने समेकित वित्तीय विवरण से संबंधित नोट में निम्नलिखित मामलों पर ध्यान दिया है :

हमने इस समेकित वित्तीय विवरण में शामिल की गई उन 6 (छह) सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना की लेखापरीक्षा नहीं की है जिनके वित्तीय विवरण में दिनांक 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार नीचे दिए गए ब्यौरे, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व और निवल नकदी प्रवाह जिस पर समेकित वित्तीय विवरण में विचार किया गया है, दर्शाए गए हैं।

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | कंपनी का नाम | कुल परिसंपत्तियां | प्रचालन से कुल राजस्व | निवल नकद अंतर्वाह/बहिर्गमन |
|---|---|---|---|---|
| i. | गेल ग्लोबल सिंगापुर प्राटीई. लिमिटेड | 68.13 | 4,176.92 | 1.16 |
| ii. | गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. | 1,535,55 | 7,561.15 | 6.84 |
| iii. | त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड | 257.73 | 169.17 | 27.84 |
| iv. | गेल गैस लिमिटेड | 4,461.69 | 6,853.08 | (147.83) |
| v. | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड | 369.96 | 1.02 | 48.42 |
| vi. | कोंकण एलएनजी लिमिटेड | 4,179.09 | 868.94 | (78.57) |
| | **कुल** | **10,872.15** | **19,630.28** | **(142.14)** |

इस समेकित वित्तीय विवरण में दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी पद्धति का उपयोग करके निवल लाभ/हानि और विस्तृत आय के कंपनी के शेयर को भी शामिल किया गया है जिस पर ऐसी 7 (सात) सम्बद्ध और 5 (पांच) संयुक्त उद्यम कंपनियों जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना की हमने लेखापरीक्षा नहीं की है, के समेकित वित्तीय विवरण में विचार किया गया है।

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | कंपनी का नाम | वर्गीकरण | इक्विटी पद्धति का उपयोग करके अन्य विस्तृत आय सहित निवल लाभ/हानि में समूह का शेयर |
|---|---|---|---|
| i. | महानगर गैस लिमिटेड | सम्बद्ध | 194.05 |
| ii. | इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड | सम्बद्ध | 338.31 |
| iii. | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड | सम्बद्ध | 418.87 |
| iv. | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड | सम्बद्ध | |
| v. | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | सम्बद्ध | (111.78) |
| vi. | फेयम गैस कंपनी | सम्बद्ध | 3.50 |
| vii. | ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी लिमिटेड | सम्बद्ध | 20.45 |
| viii. | भाग्यनगर गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 21.61 |
| ix. | अवंतिका गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 33.21 |
| x. | महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 74.85 |
| xi. | ग्रीन गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 31.31 |
| xii. | इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लि0 | संयुक्त उद्यम | 0.39 |
| | **कुल** | | **1,024.77** |

इन वित्तीय विवरण की अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है जिनकी रिपोर्ट हमें धारक कंपनी के प्रबंधन ने अग्रेषित की है और इन वित्तीय विवरण के संबंध में हमारी राय इन सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यम और सम्बद्ध कंपनियों के संदर्भ में जहां तक राशि और जानकारी शामिल की गई है तथा उपर्युक्त सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यम और सम्बद्ध कंपनियों के बारे में इस अधिनियम की धारा 143 की उप–धारा (3) और (11) के अनुसार हमारी रिपोर्ट पूर्णतः अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

2. इस समेकित वित्तीय विवरण में दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए इक्विटी पद्धति का उपयोग करके निवल लाभ/(हानि) (अन्य विस्तृत आय सहित) में समूह के शेयर को भी शामिल किया गया है जो कि जिस पर ऐसी 3 (तीन) सम्बद्ध और 4 (चार) संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के समेकित वित्तीय विवरण में विचार किया है जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना की लेखापरीक्षा नहीं की गई है और जिन्हें धारक कंपनी के प्रबंधन ने हमें अग्रेषित किया है।

(₹ करोड़ में)

| क.सं. | कंपनी का नाम | वर्गीकरण | इक्विटी पद्धति का उपयोग करके अन्य विस्तृत आय सहित निवल लाभ/हानि में समूह का शेयर |
|---|---|---|---|
| i. | ब्रह्मपुत्र क्रैकर्स एंड पॉलिमर्स लिमिटेड | सम्बद्ध | 484.08 |
| ii. | चाइना गैस होल्डिंग्स लिमिटेड | सम्बद्ध | 329.96 |
| iii. | एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस | सम्बद्ध | (0.06) |
| iv. | सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 29.70 |
| v. | तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | (2.33) |
| vi. | तापी पाइपलाइन्स कंपनी लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | (0.08) |
| vii. | वडोदरा गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 5.40 |
| | **कुल** | | **846.67** |

ये वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना हमें धारक कंपनी के प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई हैं और समेकित वित्तीय विवरण के संबंध में हमारी जहां तक यह सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम और सम्बद्ध कंपनी की राशि तथा जानकारी के बारे में है और इस अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (3) और (11) के अनुसार हमारी रिपोर्ट जहां तक यह सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम और सम्बद्ध कंपनी के संबंध में है, पूर्णतः इसे गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना पर आधारित है।

3. गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. का समेकित वित्तीय विवरण दिनांक 31 मार्च, 2022 को उनके लेखापरीक्षकों द्वारा की गई समीक्षा पर आधारित है जिसमें 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार कुल परिसम्पत्ति ₹ 1,535.55 करोड़ की और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व ₹ 7,561.15 करोड़ तथा निवल नकदी प्रवाह ₹ 6.84 करोड़ दर्शाया गया है। पिछली बार इन वित्तीय विवरण की 31 दिसम्बर, 2021 तक लेखापरीक्षा की गई थी।

4. धारक कंपनी के समेकित वित्तीय विवरण में संयुक्त नियंत्रणाधीन प्रचालनों में आनुपातिक शेयर को शामिल करने के बारे में कुल आनुपातिक शेयर में नकदी प्रवाह विवरण के घटकों तथा संबंधित जानकारी के साथ–साथ ₹ 1,324.74 करोड़ की परिसम्पत्ति, ₹ 107.89 करोड़ की देनदारी, ₹ 515.23 करोड़ के व्यय, ₹ 834.07 करोड़ की आय को शामिल किया गया है। यह उपर्युक्त राशि इन कंपनियों के गैर–लेखा परीक्षित विवरण के आधार पर शामिल की गई है। प्रबंधन की यह राय है कि इसका धारक कंपनी के वित्तीय विवरण पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उपर्युक्त उल्लिखित लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण और गैर–लेखा परीक्षित प्रबंधन लेखाओं की स्थिति हमें दिनांक 20 मई, 2022 (अंतिम तारीख) तक प्रदान की गई सूचना पर आधारित है।

समेकित वित्तीय विवरण पर हमारी राय और नीचे उल्लिखित अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर हमारी रिपोर्ट हमसे संबंधित उपर्युक्त मामलों के बारे में अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्यों और रिपोर्ट तथा प्रबंधन द्वारा सत्यापित वित्तीय विवरण तथा सूचना के आधार पर संशोधित नहीं की गई है।

**अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट**

1. जैसा कि अधिनियम की धारा 143(11) के अनुसार भारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आदेश") द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि धारिता कंपनी के पृथक वित्तीय विवरणों के संबंध में सीएआरओ रिपोर्ट में कोई योग्यता या प्रतिकूल टिप्पणी शामिल नहीं है, जो इन समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल हैं। सहायक कंपनियों और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के संबंध में जिनके खातों की लेखापरीक्षा की जाती है, संबंधित लेखा परीक्षकों द्वारा कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश (सीएआरओ) में दी गई योग्यताएं या प्रतिकूल टिप्पणियां समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल कंपनियों की रिपोर्ट के साथ–साथ सहायक कंपनियों और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों जिनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट अंतिम तिथि तक उपलब्ध नहीं हैं, अनुलग्नक "क" में दी गई हैं।

2. जैसा कि इस अधिनियम की धारा 143(3) में अपेक्षित है, हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर और सहायक कंपनी, सम्बद्ध कंपनी और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनी के अलग वित्तीय विवरण पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद, क्योंकि अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षा की गई थी जिसका 'अन्य मामले' पैरा में उल्लेख किया गया है, हम यथा–उपयुक्त लागू सीमा तक यह सूचित करते हैं कि :

   क) हमने वे सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण की हमारी लेखा परीक्षा के उद्देश्य के लिए अनिवार्य थे।

   ख) हमारी राय में उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण को तैयार करने के संबंध में कानून द्वारा यथा–अपेक्षित उपयुक्त बही खाते रखे गए हैं जहां तक इन बही खातों की हमारी जांच तथा अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है।

   ग) समेकित तुलन–पत्र, लाभ और हानि (अन्य प्रमुख आय सहित) का समेकित विवरण, इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण तथा समेकित नकदी प्रवाह विवरण जिसका इस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, समेकित वित्तीय विवरण को तैयार करने के उद्देश्य के लिए रखी गई प्रासंगिक बही खातों के अनुरूप है।

   घ) हमारी राय में उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण को तैयार करने में कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली 2015 यथा–संशोधित के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 133 के तहत यथा–विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है।

   ङ.) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना सं. जी.एस.आर.463(अ.) के अनुसार इस अधिनियम की धारा 164 की उप–धारा (2) के प्रावधान सरकारी कंपनी होने के कारण धारक कंपनी और भारत में निगमित 4 सहायक कंपनियों पर लागू नहीं होते। इसके अलावा, भारत में निगमित 11 संयुक्त उद्यम और संबद्ध कंपनियों के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, अधिनियम की धारा 164(2), जहां कहीं लागू हो, के अनुसार भारत में शामिल संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं में से कोई भी निदेशक 31 मार्च, 2022 को निदेशक के रूप में नियुक्त होने से अयोग्य नहीं है।

   च) हम मौजूदा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की उपयुक्तता तथा इस प्रकार के नियंत्रण की प्रचालन कारगरता के संबंध में भारत में निगमित सहायक कंपनियों, सम्बद्ध कंपनियों और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों के अन्य लेखा परीक्षकों की राय पर विचार करने के बाद अपनी राय के बारे में अनुलग्नक–ख में एक रिपोर्ट इसके साथ संलग्न कर रहे हैं।

   छ) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 463(अ.) के अनुसार इस अधिनियम की धारा 197 के प्रावधान सरकारी कंपनी होने के कारण धारक कंपनी पर लागू नहीं होते। तदनुसार, अधिनियम की धारा 197(16) के प्रावधानों की आवश्यकता के अनुसार रिपोर्टिंग, धारिता कंपनी और उसकी चार सहायक कंपनियों पर लागू नहीं होती है। इसके अलावा, भारत में शामिल 11 संयुक्त उद्यम और संबद्ध कंपनियों की रिपोर्ट के आधार पर, वर्ष के दौरान इस तरह के संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं और संबद्ध कंपनियों द्वारा अपने निदेशकों को भुगतान प्रदान किया गया जो अधिनियम, जहां कहीं लागू हो, रिपोर्ट की गई सीमा तक प्रबंधकीय पारिश्रमिक अनुसूची ट के साथ पठित धारा 197 के प्रावधानों के अनुसार था।

   ज) हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना में तथा हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों में कंपनी (लेखा और लेखा परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और अलग–अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और "अन्य मामले" पैरा में उल्लिखित सहायक कंपनियों, संबद्ध कंपनियों और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों की अन्य वित्तीय जानकारी पर विचार के आधार परः–

(i) 31 मार्च, 2022 तक के समेकित वित्तीय विवरण में समूह, इसकी सम्बद्ध और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों की समेकित वित्तीय स्थिति पर लंबित विवादों के प्रभाव की जानकारी दी गई है – समेकित वित्तीय विवरण के टिप्पण 30(I) का अवलोकन करें।

(ii) समूह, इसकी सम्बद्ध कंपनियों और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों ने यथा–लागू कानून अथवा लेखांकन मानकों में विचलन संविदा सहित दीर्घकालिक संविदाओं पर सुनिश्चित की जा सकने वाली सीमा तक संभावित प्रमुख हानि के लिए यथा–अपेक्षित प्रावधान किया है।

(iii) समूह, भारत में निगमित इसकी सम्बद्ध कंपनियों तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों ने निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित की जाने वाली अपेक्षित राशि को अंतरित करने में कोई विलम्ब नहीं किया है।

(iv) (1) धारिता कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों, संबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के संबंधित प्रबंधन, जो भारत में निगमित कंपनियां हैं, जिनके वित्तीय विवरण अधिनियम के तहत लेखा–परीक्षित किए गए हैं और हमें प्रस्तुत किए गए हैं, ने हमें और अन्य ऐसी सहायक, संबद्ध और उसके संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के लेखापरीक्षक, जिन्होंने उनकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, किसी भी निधि के लिए अग्रिम या उधार या निवेश नहीं किया गया है (या तो उधार ली गई निधि से या शेयर प्रीमियम या किसी अन्य स्रोत या किसी प्रकार की निधि से) धारिता कंपनी या ऐसी कोई सहायक, संबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों या किसी अन्य व्यक्ति(यों) या कंपनी (कंपनियों) में, विदेशी संस्थाओं ("मध्यस्थ") सहित, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज किया गया हो या अन्यथा, कि मध्यस्थ धारिता कंपनी या ऐसी किसी सहायक कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या कंपनियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों ("अंतिम लाभार्थी") या अंतिम लाभार्थियों की ओर से उधार नही लेगा या निवेश करेगा या कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा।

(2) धारिता कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों, संबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के संबंधित प्रबंधन, जिनके वित्तीय विवरण अधिनियम के तहत लेखा–परीक्षित किए गए हैं और हमें प्रस्तुत किए गए हैं, ने हमें और ऐसी सहायक कंपनियों, संबंद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के अन्य लेखा परीक्षकों का प्रतिनिधित्व किया है कि उनके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, धारिता कंपनी या ऐसी किसी भी सहायक कंपनी, संबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों द्वारा विदेशी कंपनियों ("वित्त–पोषण पार्टियां"), सहित किसी भी व्यक्ति(यों) या कंपनी (कंपनियों) से कोई धन प्राप्त नहीं किया गया है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज किया गया हो या अन्यथा, कि धारित कंपनी या ऐसी कोई भी सहायक, संबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी भी तरह से या उसकी ओर से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या कंपनियों में फंडिंग पार्टी ("अंतिम लाभार्थी") या अंतिम लाभार्थियों की ओर से उधार नहीं लेगा या निवेश करगा या कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करेंगा।

(3) लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर जिन्हें हमारे द्वारा निष्पादित परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना गया है और जो सहायक कंपनियों, संबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के लेखा परीक्षकों द्वारा निष्पादित की जाती हैं, जो भारत में निगमित कंपनियां हैं, के वित्तीय विवरणों की अधिनियम के तहत लेखापरीक्षा की गई है, हमारे या अन्य लेखा परीक्षकों के ध्यान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें या अन्य लेखा परीक्षकों को यह विश्वास हो गया हो कि नियम 11 (ड.) के उप–खंड (i) और (ii) के तहत अभ्यावेदन में कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण है।

(अ) (1) भारत में निगमित धारिता कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों, सबद्ध और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों द्वारा वर्ष के दौरान घोषित या भुगतान किया गया लाभांश अधिनियम की धारा 123 के अनुपालन में है।

(2) जैसा कि धारिता कंपनी के वित्तीय विवरणों के टिप्पण 14 (पप) में कहा गया है, धारिता कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए अंतिम लाभांश का प्रस्ताव दिया है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है। प्रस्तावित लाभांश की राशि अधिनियम की धारा 123 के अनुसार उस सीमा तक है जहां तक यह लाभांश की घोषणा पर लागू होती है।

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
भागीदार
सदस्यता सं.: 092867
यूडीआईएनः 22092867AJRZVK8364

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
भागीदार
सदस्यता सं.: 072209
यूडीआईएनः 22072209AJVWAB8348

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई, 2022**

# स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक – क

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरणों पर गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों को समसंख्यक तारीख की स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के "अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट" के पैरा 1 में संदर्भित।

कंपनियों (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आदेश"/"सीएआरओ") के पैरा 3(xxi) में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में, हम कहते हैं कि:

i) नीचे उल्लिखित सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम और संबद्ध कंपनियों की टिप्पणियां इस प्रकार हैं: –

| क्र. सं. | कंपनी का नाम | सीआईएन | धारिता/सहायक/ संबद्ध/ संयुक्त उद्यम | सीएआरओ रिपोर्ट की खंड संख्या जिनमें प्रतिकूल टिप्पणियां की गई हैं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गेल गैस लिमिटेड | U40200DL2008GOI178614 | सहायक कंपनी | 11(क) |
| 2 | त्रिपुरा प्राकृतिक गैस कंपनी लिमिटेड | U23201TR1990SGC003451 | सहायक कंपनी | 1(ख), 2 |
| 3 | अवंतिका गैस लिमिटेड | U40107MP2006PLC018684 | संयुक्त उद्यम | 1(ख), 20(क) |
| 4 | ग्रीन गैस लिमिटेड | U23201UP2005PLC030834 | संयुक्त उद्यम | 6, 14(क), 20(क) |
| 5 | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड | U23209GJ2006PLC060282 | संबद्ध कंपनी | 2(ख) |
| 6 | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | U24100DL2015PLC276753 | संबद्ध कंपनी | 2(ख) |

ii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, भारत में निगमित और समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल निम्नलिखित कंपनियों के संबंध में, उनसे संबंधित सीएआरओ रिपोर्ट हमें अंतिम तिथि तक प्रदान नहीं की गई है।

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | सीआईएन | धारिता/सहायक/ संबद्ध/संयुक्त उद्यम |
|---|---|---|---|
| 1 | सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | U40200TG2003PLC041566 | संयुक्त उद्यम |
| 2 | ब्रह्मपुत्र क्रैकर्स एंड पॉलिमर्स लिमिटेड | U11101AS2007GOI008290 | संबद्ध |
| 3 | तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | U24120OR2015PLC019575 | संयुक्त उद्यम |
| 4 | वडोदरा गैस लिमिटेड | U40106GJ2013PLC076828 | संयुक्त उद्यम |

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
भागीदार
सदस्यता सं.: 092867
यूडीआईएन: 22092867AJRZVK8364

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
भागीदार
सदस्यता सं.: 072209
यूडीआईएन: 22072209AJVWAB8348

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 27 मई, 2022**

# स्वंतत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक–ख

दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरण पर **गेल (इंडिया) लिमिटेड** के सदस्यों को इसी तारीख को भेजी गई स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट की 'अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट' के पैरा 2(च) में संदर्भित।

**कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 143 की उप–धारा 3 के खण्ड (पद्ध के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण से संबंधित रिपोर्ट**

दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के समेकित वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के संबंधे में हमने गेल (इंडिया) लिमिटेड (इसमें आगे 'धारक कंपनी के रूप में उल्लेख किया गया है'), इसकी सहायक कंपनियों (धारक कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों का एक साथ "समूह" के रूप में उल्लेख किया गया है), इसकी सम्बद्ध कंपनियों तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों, जो इस तारीख को भारत में निगमित कंपनियां हैं, की वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा की है।

**आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व**

धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी, इसकी सम्बद्ध कंपनी तथा संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनी जो भारत में निगमित कंपनी है, के संबंधित निदेशक मंडल भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आई.सी.ए.आई.) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग के बारे में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शक नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए धारक कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदण्ड पर आधारित आंतरिक नियंत्रण से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को स्थापित करने तथा बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। इस प्रकार के उत्तरदायित्व ऐसे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण शामिल है, जो संबंधित कंपनी नीतियों के अनुपालन, इसकी परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी तथा गलती को रोकने तथा उसका पता लगाने, लेखांकन रिकार्ड की उपयुक्तता तथा पूर्णता एवं यथा–समय विश्वसनीय वित्तीय सूचना तैयार करने सहित, इसके कारोबार के सुव्यवस्थित और कारगर प्रचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे, जैसी कि कंपनी अधिनियम 2013 के तहत अपेक्षा की गई है।

**लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व**

हमारा उत्तरदायित्व धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी, इसकी सम्बद्ध कंपनी और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनी जो भारत में निगमित है, के संबंध में हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग के बारे में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में राय व्यक्त करना है। हमने यह लेखापरीक्षा आई.सी.ए.आई. द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग (मार्गदर्शक नोट) से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शक नोट और समेकित वित्तीय विवरण के संदर्भ में आई.सी.ए.आई. द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्धारित और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर यथा–लागू सीमा, दोनों भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए अनुसार है। इन मानकों और मार्गदर्शक नोट में यह अपेक्षा की गई है कि हमने नैतिक अपेक्षाओं तथा योजना का अनुपालन किया है और इस संबंध में प्रासंगिक आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की है कि क्या समेकित वित्तीय विवरण के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था की गई थी और उसका रखरखाव किया गया था तथा यदि वह नियंत्रण सभी संबंधित मामलों के लिए कारगर ढंग से कार्य कर रहा था।

इस लेखा परीक्षा में समेकित वित्तीय विवरण के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग के बारे में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की उपयुक्तता और उनकी प्रचालन कारगरता के संबंध में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया है।

समेकित वित्तीय विवरण के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखापरीक्षा में समेकित वित्तीय विवरण के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण समझबूझ प्राप्त करना और उस जोखिम का मूल्यांकन करना जिसमें पर्याप्त कमजोरी मौजूद है और इस जोखिम मूल्यांकन के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन तथा प्रचालन कारगरता की जांच और मूल्यांकन करना शामिल है। प्रक्रिया का चयन किसी धोखाधड़ी अथवा गलती के कारण वित्तीय विवरण में किसी महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिम के मूल्यांकन सहित लेखापरीक्षकों के निर्णय के आधार पर किया गया है।

हमारा यह विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किया गया लेखापरीक्षा साक्ष्य और नीचे अन्य मामले पैरा में यथा–उल्लिखित अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में उनके द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य समेकित वित्तीय विवरणों के संबंध में भारत में निगमित समूह, इसकी संबद्ध कंपनियों और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के बारे में हमारी लेखापरीक्षा राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और यथा–उपयुक्त हैं।

**वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अभिप्राय**

किसी कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जो सामान्य रूप से स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में प्रासंगिक आश्वासन प्रदान करने और बाह्य उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए निर्धारित की गई है। किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रिया शामिल है, जो –

(1) ऐसा रिकार्ड रखने से संबंधित है जिसमें कंपनी के लेन–देन और परिसंपत्तियों की स्थिति का ब्यौरा सही–सही और उपयुक्त रूप से दर्शाया गया है;

(2) इस संबंध में प्रासंगिक आश्वासन प्रदान करती है कि सामान्य रूप से स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति प्रदान करने के लिए लेन–देन को अनिवार्य रूप से रिकार्ड किया जाता है और यह कि कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किए जा रहे हैं।

(3) कंपनी की ऐसी परिसंपत्तियों के अप्राधिकृत अधिग्रहण, उपयोग को रोकने अथवा स्थिति का समय पर पता लगाने, जिनका वित्तीय विवरण पर काफी प्रभाव पड़ सकता है, के बारे में प्रासंगिक आश्वासन प्रदान करती है।

**समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं**

नियंत्रण की अवहेलना से संभावित प्रबंधन में संघर्ष अथवा अनुपयुक्त प्रबंधन की किसी गलती अथवा धोखाधड़ी के कारण महत्वपूर्ण गलत विवरण की संभावना सहित समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाओं के कारण इसका पता नहीं लगाया जा सकता। इसके अलावा, भावी अवधि के बारे में वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के मूल्यांकन के बारे में कोई अनुमान भी जोखिम की शर्त के अधीन है क्योंकि स्थितियों में परिवर्तन होने अथवा नीतियों अथवा प्रक्रिया के अनुपालन की मात्रा के घटने–बढ़ने से समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है।

**राय**

हमारी राय में और हमें दी गई उत्कृष्ट सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार धारक कंपनी, इसकी सहायक, सम्बद्ध कंपनी और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनी जो भारत में निगमित कंपनियां हैं, में धारक कंपनी के मामले में संविदाओं को समय पर बंद करने को छोड़कर समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली मौजूद हैं तथा 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में ऐसा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी की गई आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शक नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए समूह, उसकी संबद्ध कंपनियों और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदण्ड के अनुसार आंतरिक नियंत्रण पर आधारित है।

**अन्य मामले**

1. वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की उपयुक्तता और प्रचालन कारगरता पर इस अधिनियम की धारा 14(3)(प) के तहत हमारी उपर्युक्त रिपोर्ट जहां तक यह भारत में निगमित 4 (चार) सहायक कंपनियों, और 11 (ग्यारह) संयुक्त नियंत्रणाधीन/सम्बद्ध कंपनियों से संबंधित है, भारत में निगमित ऐसी कंपनियों के लेखा परीक्षकों की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित है।

2. समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की उपयुक्तता और प्रचालन कारगरता के बारे में इस अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत हमारी उपर्युक्त रिपोर्ट जहां तक भारत में निगमित उन 4 (चार) संयुक्त रूपसे नियंत्रित कंपनियों/सम्बद्ध कंपनियों से संबंधित है जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना की लेखापरीक्षा नहीं की गई है और समूह, इसकी सम्बद्ध और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों के समेकित वित्तीय विवरण के बारे में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की उपयुक्तता तथा प्रचालन कारगरता पर हमारी राय प्रभावित नहीं हुई है क्योंकि समूह, इसकी सम्बद्ध और संयुक्त नियंत्रणाधीन कंपनियों का इन समेकित वित्तीय विवरणों में इन सम्बद्ध/संयुक्त उद्यम के संबंध में शामिल किए गए निवल लाभ/हानि (अन्य प्रमुख आय सहित) और अन्य विवरण में उलिखित शेयर समूह के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

उपर्युक्त मामलों के संबंध में हमारी रिपोर्ट आशोधित नहीं है।

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
भागीदार
सदस्यता सं.: 092867
यूडीआईएनः 22092867AJRZVK8364

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
भागीदार
सदस्यता सं.: 072209
यूडीआईएनः
22072209AJVWAB8348

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई, 2022**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली
# 31 मार्च, 2022 के अनुसार समेकित तुलन–पत्र

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टप्पणी सं. | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | 31 मार्च, 2021 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **परिसंपत्तियां** | | | |
| | **गैर वर्तमान परिसंपत्तियां** | | | |
| | क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति | | | |
| | i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण | 2 | 40,410.09 | 37,952.80 |
| | ii) प्रगतिशील पूंजीगत कार्य | 3 | 15,490.40 | 13,399.66 |
| | iii) अमूर्त परिसंपत्तियां | 4 | 2,536.61 | 2,300.68 |
| | iv) परिसंपत्तियों के उपयोग का अधिकार | 2क | 1,625.36 | 906.86 |
| | ख) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| | i) इक्विटी पद्धति के अनुसार लेखांकित निवेश | 5 | 10,978.18 | 9,042.74 |
| | ii) अन्य निवेश | 5क | 5,429.97 | 3,546.52 |
| | iii) व्यापार प्राप्य | 6 | 1,055.54 | 1,093.47 |
| | iv) ऋण एवं अन्य प्राप्य | 7 | 285.37 | 327.13 |
| | v) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 8 | 1,144.03 | 419.34 |
| | ग) गैर–वर्तमान कर परिसंपत्तियां (निवल) | 9 | 432.04 | 413.57 |
| | घ) अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां | 12 | 864.66 | 739.88 |
| | **कुल गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां (1)** | | **80,252.25** | **70,142.65** |
| | **वर्तमान परिसंपत्तियां** | | | |
| | क) माल सूची | 10 | 3,576.61 | 2,989.73 |
| | ख) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| | i) निवेश | 5क | - | 468.48 |
| | ii) व्यापार प्राप्य | 6क | 7,446.53 | 3,501.50 |
| | iii) नकद और नकद समकक्ष | 11 | 1,519.80 | 1,506.59 |
| | iv) नकद और नकद समकक्ष के अलावा बैंक शेष | 11क | 1,284.23 | 518.05 |
| | v) ऋण और अन्य प्राप्य | 7क | 99.54 | 108.63 |
| | vi) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 8क | 1,679.42 | 1,064.23 |
| | ग) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां | 12क | 701.02 | 710.03 |
| | **कुल वर्तमान परिसंपत्तियां (2)** | | **16,307.15** | **10,867.24** |
| | **कुल परिसंपत्तियां (1+2)** | | **96,559.40** | **81,009.89** |
| | **इक्विटी और देयताएं** | | | |
| | **इक्विटी** | | | |
| | क) इक्विटी शेयर पूंजी | 13 | 4,440.39 | 4,440.39 |
| | ख) अन्य इक्विटी | 14 | 59,673.89 | 48,741.95 |
| | ग) गैर–नियंत्रक ब्याज | | 191.18 | 97.49 |
| | **कुल इक्विटी (1)** | | **64,305.46** | **53,279.83** |

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पणी सं. | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | 31 मार्च, 2021 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| | **देयताएं** | | | |
| | **गैर–वर्तमान देयताएं** | | | |
| | क) वित्तीय देयताएं | | | |
| | i) उधार | 15 | 5,468.06 | 5,237.40 |
| | ii) पट्टा देयताएं | | 1,001.90 | 453.34 |
| | iii) अन्य वित्तीय देयताएं | 16 | 692.15 | 689.72 |
| | ख) प्रावधान | 17 | 676.08 | 557.02 |
| | ग) अनुबंध देयताएं | | 447.22 | 345.16 |
| | घ) आस्थगित कर देयताएं (निवल) | 20 | 4,199.17 | 4,088.46 |
| | ड.) अन्य गैर–वर्तमान देयताएं | 19 | 4,676.63 | 4,181.70 |
| | **कुल गैर–वर्तमान देयताएं (2)** | | **17,161.21** | **15,552.80** |
| | **वर्तमान देयताएं** | | | |
| | क) वित्तीय देयताएं | | | |
| | i) उधार | 15क | 2,362.26 | 1,967.96 |
| | ii) पट्टा देयताएं | | 383.50 | 213.91 |
| | iii) व्यापार देयताएं | | | |
| | –सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए देय | 18 | 303.91 | 241.26 |
| | –सूक्ष्म और लघु उद्यमों के अलावा अन्य देय | 18 | 5,057.35 | 4,211.92 |
| | iv) अन्य वित्तीय देयताएं | 16क | 4,341.75 | 3,451.48 |
| | ख) अन्य वर्तमान देयताएं | 19क | 1,183.04 | 764.54 |
| | ग) अनुबंध देयताएं | | 587.72 | 497.48 |
| | घ) प्रावधान | 17क | 873.20 | 828.71 |
| | **कुल वर्तमान देयताएं (3)** | | **15,092.73** | **12,177.26** |
| | **कुल इक्विटी देयताएं (1+2+3)** | | **96,559.40** | **81,009.89** |

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न नोट समेकित वित्तीय विवरण का एक अभिन्न भाग हैं।

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

हस्ता./–
**ए.के. झा**
कंपनी सचिव
(एसीएस नं. 18644)

हस्ता./–
**आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त)
(डीआईएन: 08788595)

हस्ता./–
**एम.वी. अय्यर**
निदेशक (बीडी)
(डीआईएन: 08198178)

हस्ता./–
**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन: 07556033)

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 072209

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 000458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 092867

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 27 मई 2022**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली
## 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु लाभ और हानि का समेकित विवरण

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टप्पणी सं. | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | 31 मार्च, 2021 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **आय** | | | |
| | प्रचालन से राजस्व | 21 | 92,873.82 | 57,428.26 |
| | अन्य आय | 22 | 1,172.25 | 1,120.20 |
| | **कुल आय (1)** | | **94,046.07** | **58,548.46** |
| 2 | **व्यय** | | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | | 11,103.28 | 3,905.88 |
| | व्यापार में स्टॉक की खरीद | | 59,266.68 | 39,379.13 |
| | तैयार माल की सूची, व्यापार में स्टॉक और प्रगतिशील कार्य में परिवर्तन | 23 | (262.78) | 440.20 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 24 | 1,815.55 | 1,652.61 |
| | वित्त लागत | 25 | 202.48 | 179.27 |
| | मूल्यहास और परिशोधन व्यय | 26 | 2,420.17 | 2,173.82 |
| | उत्पाद शुल्क | | 103.99 | 56.35 |
| | अन्य व्यय | 27 | 5,695.52 | 4,750.33 |
| | **कुल व्यय (2)** | | **80,344.89** | **52,537.59** |
| 3 | **संबद्ध और संयुक्त उद्यमों के लाभ/(हानि) के शेयर से पहले लाभ/(हानि) (1–2)** | | 13,701.18 | 6,010.87 |
| 4 | **वर्ष हेतु संयुक्त उद्यमों/सहायोगी कंपनियों में लाभ/(हानि) का शेयर (4)** | | 1,762.34 | 1,714.58 |
| 5 | **कर पूर्व लाभ/(हानि) (3+4)** | | **15,463.52** | **7,725.45** |
| 6 | **कर व्यय :** | | | |
| | **वर्तमान कर** | | | |
| | वर्तमान वर्ष | | 3,333.25 | 1,591.88 |
| | पूर्व वर्ष | | (77.24) | 6.32 |
| | आस्थगित कर | | (96.12) | (15.57) |
| | **कुल कर व्यय** | | **3,159.89** | **1,582.63** |
| 7 | **वर्ष के लिए लाभ (5–6)** | | 12,303.63 | 6,142.82 |
| 8 | **अन्य व्यापक आय (ओसीआई)** | | | |
| | **मदों को लाभ या हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा :** | | | |
| | विदेशी प्रचालनों के परिवर्तन पर विनिमय अंतर | | (53.95) | 52.72 |
| | आय कर प्रभाव : | | - | - |
| | | | **(53.95)** | **52.72** |
| | नकद प्रवाह हेजिज लाभ (+)/हानि (–) पर निवल प्रवाह | | 890.80 | 134.20 |
| | इस पर आयकर प्रभाव | | (224.20) | (4.53) |
| | | | **666.60** | **129.67** |
| | निवल अन्य व्यापक आय को लाभ या हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा | | **612.65** | **182.39** |
| | मदों को लाभ या हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा : | | | |
| | निश्चित लाभ योजनाओं पर पुनः आंकलन लाभ (हानि) | | 46.72 | 41.27 |
| | इस पर आयकर प्रभाव | | 8.96 | (10.38) |
| | | | **55.68** | **30.89** |
| | एफवीटीओसीआई इक्विटी प्रतिभूतियों पर निवल (हानि)/वृद्धि | | **1,886.99** | **1,124.53** |
| | इस पर आयकर प्रभाव | | (1.32) | (2.69) |
| | | | **1,885.67** | **1,121.84** |
| | वर्ष हेतु संबद्ध कंपनियों/संयुक्त उद्यमों में अन्य व्यापक आय का शेयर | | 115.73 | (9.17) |
| | इस पर आयकर प्रभाव | | - | - |
| | | | **115.73** | **(9.17)** |
| | **निवल ओसीआई को लाभ या हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा:** | | **2,057.08** | **1,143.56** |
| | **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय, कर का निवल (8)** | | **2,669.73** | **1,325.95** |

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पणी सं. | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | 31 मार्च, 2021 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| 9 | **अवधि हेतु (लाभ और हानि तथा अन्य व्यापक आय) के लिए कुल व्यापक आय (7+8):** | | **14,973.36** | **7,468.77** |
| | **वर्ष के लिए लाभ** | | **12,303.63** | **6,142.82** |
| | **के कारण :** | | | |
| | मूल कंपनी के इक्विटी धारक (पीएटी) | | 12,256.07 | 6,136.35 |
| | गैर–नियंत्रक ब्याज | | 47.56 | 6.47 |
| | **वर्ष के लिए कुल व्यापक आय** | | **2,669.73** | **1,325.95** |
| | **के कारण :** | | | |
| | मूल कंपनी के इक्विटी धारक | | 2,669.78 | 1,325.95 |
| | गैर–नियंत्रक ब्याज | | (0.05) | - |
| | **वर्ष के लिए कुल व्यापक आय** | | **14,973.36** | **7,468.77** |
| | **के कारण :** | | | |
| | मूल कंपनी के इक्विटी धारक (टीसीओआई) | | 14,925.85 | 7,462.30 |
| | गैर–नियंत्रक ब्याज | | 47.51 | 6.47 |
| 10 | **सतत प्रचालन के लिए प्रति शेयर आय (रूपए में)** | 48 | | |
| | मूल कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण मूल | | 27.60 | 13.61 |
| | मूल कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण कम किए गए शेयर का मूल्य | | 27.60 | 13.61 |

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न नोट समेकित वित्तीय विवरण का एक अभिन्न भाग हैं।

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

हस्ता./–
**ए.के. झा**
कंपनी सचिव
(एसीएस नं. 18644)

हस्ता./–
**आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त)
(डीआईएन: 08788595)

हस्ता./–
**एम.वी. अय्यर**
निदेशक (बीडी)
(डीआईएन: 08198178)

हस्ता./–
**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन: 07556033)

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 072209

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 000458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 092867

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई 2022**

# 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु इक्विटी में परिवर्तनों का समेकित विवरण

## क. इक्विटी शेयर पूंजी

**31 मार्च, 2022 समाप्त वर्ष हेतु**

**मूल कंपनी के मालिकों के कारण इक्विटी शेयर पूंजी प्रत्येक 10/– रूपए के जारी, अभिदत्त और प्रदत्त हेतु इक्विटी शेयर पूंजी**

| विवरण | टिप्पणी सं. | राशि ( ₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2021 के अनुसार | 13 | 4,440.39 |
| वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन | | - |
| **31 मार्च, 2022 के अनुसार** | | 4,440.39 |

**31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए**

**मूल कंपनी के मालिकों के कारण इक्विटी शेयर पूंजी प्रत्येक 10/– रूपए के जारी, अभिदत्त और प्रदत्त हेतु इक्विटी शेयर पूंजी**

| विवरण | टिप्पणी सं. | राशि ( ₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2020 के अनुसार | 13 | 4,510.14 |
| वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन* | | (69.76) |
| **31 मार्च, 2021 के अनुसार** | | 4,440.39 |

***वर्ष के दौरान कंपनी ने ₹ 150 प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर 6,97,56,641 इक्विटी शेयर वापस खरीदे हैं।**

## ख अन्य इक्विटी (टिप्पणी सं.14 देखें)

**31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए** **( ₹ करोड़ में)**

| विवरण | रिजर्व और अधिशेष | | | | | | अन्य व्यापक आय | | | कुल | अनियंत्रित ब्याज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिधारित प्राप्तियां | सुरक्षा प्रीमियम खाता | बांड ऋण मुक्ति रिजर्व | पूंजी रिजर्व | सामान्य रिजर्व | पूंजी ऋण मुक्ति रिजर्व | एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर निवल (हानि)/लाभ | नकद प्रवाह हेजेज (हानि)/लाभ पर निवल आवागमन | विदेशी मुद्रा परिवर्तन रिजर्व | | |
| **1 अप्रैल, 2021 को शेष** | **41,877.71** | **-** | **104.78** | **947.92** | **2,469.09** | **69.76** | **2,689.85** | **341.06** | **241.78** | **48,741.95** | **97.49** |
| प्रारंभिक शेष में समायोजन*/एनसीआई में परिवर्तन | (32.62) | | | | | | - | | | **(32.62)** | 46.18 |
| एफवीटीओसीआई के इक्विटी शेयरों पर निवल लाभ/(हानि) | 13.48 | | | | | | (13.48) | | | **-** | |
| वर्ष के लिए लाभ | 12,256.07 | | | | | | | | | **12,256.07** | 47.56 |
| निश्चित लाभ योजनाओं पर पुनः आकलन लाभ (हानि) | 171.41 | | | | | | | | | **171.41** | (0.05) |
| अवधि के दौरान रिजर्व को अंतरित | (1,044.28) | | 7.88 | | 1,036.40 | | | | | **-** | |
| अवधि के दौरान रिजर्व से अंतरित | 112.66 | | (112.66) | | - | - | | | | **-** | |
| पूंजी रिजर्व का अंतरण | | - | | 36.21 | - | | | | | **36.21** | |
| लाभांश | (3,997.45) | | | | | | | | | **(3,997.45)** | |
| कारपोरेट लाभांश कर | - | | | | | | | | | **-** | |
| **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय/(हानि)** | | | | | | | | | | **-** | |
| –एफवीटीओसीआई इक्विटी प्रतिभूतियों पर निवल लाभ/(हानि) | | | | | | | 1,885.67 | | | **1,885.67** | |
| –नकद प्रवाह हेजेज लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | | | | | | | | 666.60 | | **666.60** | |
| –विदेशी प्रचालन के परिवर्तन पर विनिमय में भिन्नता | | | | | | | | | (53.95) | **(53.95)** | |
| 31 मार्च, 2022 के अनुसार शेष | **49,356.98** | **-** | **-** | **984.13** | **3,505.49** | **69.76** | **4,562.04** | **1,007.66** | **187.83** | **59,673.89** | **191.18** |

*मैसर्स एडवरब टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स अटेंटिव एआई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश की बिक्री के कारण, उचित मूल्य लाभ (कर का निवल) को प्रतिधारित आय में पुनर्वर्गीकृत किया गया।

**31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए** **( ₹ करोड़ में)**

| विवरण | रिजर्व और अधिशेष | | | | | | अन्य व्यापक आय | | | कुल | अनियंत्रित ब्याज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिधारित प्राप्तियां | सुरक्षा प्रीमियम खाता | बांड ऋण मुक्ति रिजर्व | पूंजी रिजर्व | सामान्य रिजर्व | पूंजी ऋण मुक्ति रिजर्व | एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर निवल (हानि)/लाभ | नकद प्रवाह हेजेज (हानि)/लाभ पर निवल आवागमन | विदेशी मुद्रा परिवर्तन रिजर्व | | |
| **1 अप्रैल, 2021 को शेष** | 38,575.26 | 0.27 | 89.81 | 808.18 | 3,260.77 | - | 1,623.37 | 211.39 | 189.06 | 44,758.11 | 87.04 |
| प्रारंभिक शेष में समायोजन/एनसीआई में परिवर्तन | (154.48) | | | | | | | | | **(154.48)** | 3.98 |
| एफवीटीओसीआई के इक्विटी शेयरों पर निवल लाभ/(हानि) | 55.36 | | | | | | (55.36) | | | - | |
| वर्ष के लिए लाभ | (13.93) | | | | | | | | | **(13.93)** | |
| निश्चित लाभ योजनाओं पर पुन: आकलन लाभ (हानि) | 6,136.35 | | | | | | | | | **6,136.35** | 6.47 |
| अवधि के दौरान रिजर्व को अंतरित | 21.72 | | | | | | | | | **21.72** | - |
| अवधि के दौरान रिजर्व से अंतरित | | | 14.97 | | 489.02 | | | | | **503.99** | |
| पूंजी रिजर्व का अंतरण | (503.99) | | | 139.74 | | | | | | **(364.25)** | |
| लाभांश | | (0.27) | | | (1,210.94) | | | | | **(1,211.21)** | |
| कारपोरेट लाभांश कर | | | | | (69.76) | 69.76 | | | | - | |
| **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय/(हानि)** | (2,238.58) | | | | | | | | | **(2,238.58)** | |
| –एफवीटीओसीआई इक्विटी प्रतिभूतियों पर निवल लाभ/(हानि) | - | | | | | | | | | - | |
| –नकद प्रवाह हेजेज लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | | | | | | | | | | - | |
| –विदेशी प्रचालन के परिवर्तन पर विनिमय में भिन्नता | | | | | | | 1,121.84 | | | **1,121.84** | |
| 31 मार्च, 2022 के अनुसार शेष | | | | | | | | 129.67 | - | **129.67** | |
| -Exchange Difference on Translation of Foreign Operation | | | | | | | | | 52.72 | **52.72** | |
| **Balance as at 31st March 2021** | 41,877.71 | - | 104.78 | 947.92 | 2,469.09 | 69.76 | 2,689.85 | 341.06 | 241.78 | 48,741.95 | 97.49 |

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

हस्ता./–
**ए.के. झा**
कंपनी सचिव
(एसीएस नं. 18644)

हस्ता./–
**आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त)
(डीआईएन: 08788595)

हस्ता./–
**एम.वी. अय्यर**
निदेशक (बीडी)
(डीआईएन: 08198178)

हस्ता./–
**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन: 07556033)

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 072209

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 000458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 092867

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 27 मई 2022**

## गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली

## 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु समेकित नकदी प्रवाह विवरण

( ₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 31 मार्च, 2022 लेखा परीक्षित | 31 मार्च, 2021 लेखा परीक्षित |
|---|---|---|---|
| क) | **प्रचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | 1 कर पूर्व लाभ | 15,463.52 | 7,725.45 |
| | 2 निम्न के लिए समायोजन : | | |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 2,420.17 | 2,173.82 |
| | विदेशी मुद्रा ऋण/अग्रिम पर विनिमय दर अंतर | (0.82) | (22.47) |
| | वित्त लागत | 202.48 | 179.27 |
| | निवेशों पर लाभांश आय | (285.18) | (89.37) |
| | ब्याज आय | (98.57) | (433.79) |
| | निवेशों की बिक्री पर (लाभ)/हानि | (18.90) | (9.07) |
| | म्युचुअल फंड निवेश पर एमटीएम (लाभ)/हानि | 0.42 | (0.42) |
| | निश्चित लाभ योजनाओं पर पुनः आंकलन लाभ/हानि | 162.45 | 32.10 |
| | कर्मचारी लाभ हेतु प्रावधान | 104.56 | 8.79 |
| | संभावित दायित्वों के लिए प्रावधान | 58.49 | 62.82 |
| | संदिग्ध ऋण हेतु प्रावधान | 54.49 | (112.05) |
| | अन्य प्रावधान | (2.73) | 0.60 |
| | सरकारी अनुदान का परिशोधन | (68.91) | (46.01) |
| | वित्तीय गारंटी दायित्व का परिशोधन | (0.14) | (4.14) |
| | परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ/हानि (निवल) | 12.08 | 5.51 |
| | क्षति हानि/सीडब्ल्यूआईपी के लिए प्रावधान | (22.05) | (70.57) |
| | वस्तु व्युत्पन्न (निवल) पर एमटीएम हानि | 241.36 | 184.84 |
| | बट्टे खाते में डाला गया शुष्क कूप व्यय | 0.87 | 3.70 |
| | संयुक्त उद्यमों का लाभ/हानि का शेयर | (1,762.34) | (1,714.58) |
| | **उप कुल (2)** | **997.73** | **148.98** |
| | **3. कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से प्रचालन पूर्व लाभ (1+2)** | **16,461.25** | **7,874.43** |
| | **4. कार्यशील पूंजी में परिवर्तन (नकदी और नकद समकक्ष को छोड़कर)** | | |
| | व्यापार और अन्य प्राप्य | (5,942.33) | 1,942.11 |
| | माल–सूची | (591.18) | 192.37 |
| | व्यापार और अन्य भुगतान योग्य राशि | 2,985.05 | 286.49 |
| | **कार्यगत पूंजी में परिवर्तन (नकद और नकद समकक्षों को छोड़कर)** | **(3,548.46)** | **2,420.97** |
| | 5 प्रचालनों से उत्पन्न नकदी (3+4) | **12,912.79** | **10,295.40** |
| | 6 प्रदत्त प्रत्यक्ष कर | (3,284.20) | (1,302.00) |
| | **प्रचालन गतिविधियों से निवल नकद प्रवाह (5+6)** | **9,628.59** | **8,993.40** |
| **ख)** | **निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | स्थायी परिसंपत्तियों/सीडब्ल्यूआईपी की खरीद | (6,971.28) | (5,697.21) |
| | स्थायी परिसंपत्तियों की बिक्री | 32.74 | 13.24 |
| | सरकारी अनुदानों की प्राप्ति (पूंजी अनुदान) | 589.47 | 727.94 |
| | म्यूचुअल फंड में निवेश | (12,104.95) | (8,733.01) |
| | म्यूचुअल फंड की बिक्री | 12,591.91 | 8,274.02 |
| | अन्य कंपनियों में निवेश | (182.34) | 128.22 |
| | निवेशों की बिक्री | 19.43 | |
| | संबंधित पार्टियों को ऋण और अग्रिम (निवल) | 1.18 | 68.83 |
| | प्राप्त ब्याज | 93.12 | 435.56 |
| | निवेश पर प्राप्त लाभांश | 285.18 | 89.37 |

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च, 2022 | 31 मार्च, 2021 |
| | | लेखा परीक्षित | लेखा परीक्षित |
| | **निवेश गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह** | **(5,645.54)** | **(4,693.04)** |
| ग) | **वित्तीय गतिविधियों में नकदी प्रवाह** | | |
| | उधार की चुकौती | (1,614.38) | (3,349.49) |
| | अवधि के दौरान उधार | 2,240.16 | 3,924.42 |
| | अनियंत्रित ब्याज में परिवर्तन | 34.07 | - |
| | पट्टा देयताएं भुगतान | (216.98) | (176.58) |
| | शेयरों का वापस खरीद | | (1,280.97) |
| | लाभांश और लाभांश कर भुगतान | (3,995.37) | (2,238.06) |
| | वित्त लागत भुगतान | (363.39) | (349.94) |
| | **वित्त गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह** | (3,915.89) | (3,470.62) |
| | **नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि (क+ख+ग)** | 67.16 | 829.74 |
| | अवधि के प्रारंभ में नकद और नकद समतुल्य | 1,506.59 | 624.13 |
| | नकद और नकदी समकक्ष के संतुलन पर पर विनिमय दर परिवर्तन के प्रभाव | (53.95) | 52.72 |
| | अवधि के समापन पर नकद और नकद समतुल्य | 1,519.80 | 1,506.59 |

1. नकदी प्रवाह विवरण इंड एएस 7 'नकदी प्रवाह विवरण' के अनुसार अप्रत्यक्ष प्रणाली का उपयोग करते हुए तैयार किया गया है
2. नकद और नकद समकक्ष के लिए टिप्पणी संख्या 11 देखें।

**निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से**

हस्ता./–
**ए.के. झा**
कंपनी सचिव
(एसीएस नं. 18644)

हस्ता./–
**आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त)
(डीआईएनः 08788595)

हस्ता./–
**एम.वी. अय्यर**
निदेशक (बीडी)
(डीआईएनः 08198178)

हस्ता./–
**मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 07556033)

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 072209

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म नं. 000458N

हस्ता./–
**भूपिन्दर सिंह**
(भागीदार)
सदस्यता सं. 092867

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 27 मई 2022**

# 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरण के साथ टिप्पणियां

## निगमित सूचना

भारत में गेल (इंडिया) लिमिटेड ('गेल' या 'कंपनी' या 'मूल') एक लिमिटेड कंपनी है और इसे 16 अगस्त, 1984 को निगमित किया गया था। कंपनी का इक्विटी शेयर भारत में बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज और राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है। इसके अलावा, गेल जीडीआर को लंदन स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्ध किया गया है। दिनांक 31 मार्च, 2022 को भारत सरकार की कंपनी में 51.45% प्रदत्त इक्विटी पूंजी धारिता है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 16, भीकाजी कामा पलेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110066 में स्थित है।

कंपनी के साथ सहायक (समूह) और इसके संयुक्त उद्यम तथा संबद्ध कंपनी भारत में सबसे बड़ी राज्य–स्वामित्व वाली प्राकृतिक गैस प्रोसेसिंग और वितरण कंपनी है। कंपनी का व्यापार पोर्टफोलियो विविध है और इसकी प्राकृतिक गैस के उत्पादन, एलपीजी, तरल हाइड्रोकार्बन और पेट्रोरसायन के निर्माण, प्राकृतिक गैस के संचरण और पाइपलाइनों, शहर गैस, आदि का स्रोत उपलब्ध कराने एवं व्यापार में रूचि है। गेल तेल और गैस अन्वेषण तथा उत्पादन के कारोबार में संलग्न है और इक्विटी तथा संयुक्त उद्यम भागीदारी के माध्यम से गैस की आपूर्ति तक पहुंच बढ़ा रही है।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों को 27 मई, 2022 को कंपनी के निदेशकों के प्रस्ताव के अनुसार जारी करने के लिए अधिकृत किया गया था।

## तैयारी का आधार

समूह सहित संबद्ध कंपनियां और संयुक्त उद्यम के समेकित वित्तीय विवरण को भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार तैयार किया गया है जो कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 तथा कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2016 के अंतर्गत अधिसूचित हैं।

लेखा तथा प्रोदभवन आधार पर समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं। समूह ने परिसंपत्तियों और देयताओं के लिए ऐतिहासिक लागत आधार को लागू किया है, जहां परिसंपत्तियों और देयताओं की अलग–अलग आधार पर गणना की गई है, वहां इस तथ्य को संगत लेखांकन नीति में दर्शाया गया है।

वित्तीय विवरणों को भारतीय रुपए ('₹') में प्रस्तुत किया जाता है जो कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा है और मूल्य को निकटतम करोड़ (2 दशमलव तक) तक पूर्णांकित किया गया है जब तक कि अन्यथा दर्शाया न गया हो।

## समेकन का आधार

समेकित वित्तीय विवरणों में गेल और संबद्ध कंपनियों के 31 मार्च, 2022 तक के वित्तीय विवरणों को शामिल किया गया है। नियंत्रण तब प्राप्त होता है जब समूह को निवेश प्राप्तकर्ता सहित अपनी भागीदारी से परिवर्तनीय प्रतिलाभ की जानकारी हो या अधिकार हो तथा उसमें निवेशक पर अपने अधिकार के द्वारा उस प्रतिलाभ को प्रभावित करने की क्षमता हो। विशेष रूप से, समूह तभी किसी निवेशक को नियंत्रित करता है यदि उसे निम्नलिखित का अधिकार हो:

- निवेशक पर अधिकार (अर्थात मौजूदा अधिकार जो उसे निवेशक की संगत गतिविधियों को निर्देशित करने की मौजूदा क्षमता देता है)
- निवेशक के साथ अपनी भागीदारी से परिवर्तनीय प्रतिलाभ की जानकारी, या अधिकार, और
- निवेशक को अपने प्रतिलाभ पर प्रभाव डालने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग करने की क्षमता।

आम तौर पर, ऐसा माना जाता है कि मताधिकारों के बहुमत से ही नियंत्रण होता है। इस धारणा का समर्थन करने के लिए और जब समूह में मतदाता का बहुमत या निवेशक का समान अधिकार कम हो, तो समूह सभी संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों का यह आकलन करने में विचार करता है कि क्या इसमें किसी निवेशक के पास अधिकार है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- निवेशक की अन्य मतदाताओं के साथ संविदात्मक व्यवस्था
- अन्य संविदागत व्यवस्था से उत्पन्न होने वाले अधिकार
- समूह के मतदान अधिकार और संभावित मतदान अधिकार
- समूह के दूसरे मताधिकार धारकों की संख्या और विस्तार के अनुपात में मतदान अधिकारों की संख्या

समूह पुनः आकलन करता है कि क्या यह किसी निवेशक को नियंत्रित करता है अथवा नहीं, और यदि तथ्य और परिस्थितियां यह दर्शाती हैं कि नियंत्रण के एक या एक से अधिक घटकों में परिवर्तन हुआ है। किसी सहायक कंपनी का सुदृढ़ीकरण तब शुरू होता है जब समूह सहायक कंपनी पर नियंत्रण प्राप्त करता है और जब समूह सहायक कंपनी का नियंत्रण खो देता है। वर्ष के दौरान अर्जित या निपटान की गई सहायक कंपनी की परिसंपत्तियां, देयताएं, आय और व्यय को समूह द्वारा नियंत्रण प्राप्त किए जाने की तारीख से तब तक समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया जाता है, जब तक समूह का सहायक कंपनी पर नियंत्रण समाप्त नहीं हो जाता।

समूह और उसकी सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों को ऐसे लेनदेन के लिए समान लेखांकन नीतियों और समान परिस्थितियों में अन्य घटनाओं का उपयोग करके समेकित किया गया है। यदि आवश्यकता हो तो, सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरणों में समायोजन किया जाता है ताकि उनकी लेखांकन नीतियों का समूह की लेखांकन नीतियों के समान किया जा सके।

समेकन में प्रयुक्त सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरण मूल वर्ष अर्थात 31 मार्च, 2022 को, टिप्पणी 29(ख) में उल्लिखित अनुसार को छोड़कर समान रिपोर्टिंग तारीख से निकाले जाते हैं।

## समेकन प्रक्रिया

क) कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों के समेकित वित्तीय विवरणों को आंतरिक–समूह बकाया राशि और इंट्रा–ग्रुप लेनदेन को पूरी तरह समाप्त करने के बाद परिसंपत्तियों, देयताओं, आय और व्यय के बही खातों में जोड़कर क्रमानुसार जोड़ा जाता है जिससे परिणामस्वरूप वसूल नहीं किए गए लाभ या हानि होती है।

ख) प्रत्येक सहायक कंपनी में मूल निवेश का बही–खाता मूल्य और प्रत्येक सहायक कंपनी की इक्विटी के मूल भाग को समाप्त करना।

ग) समूह की संस्थाओं के बीच लेनदेन (इंट्राग्रुप लेनदेन से हुई लाभ या हानि को परिसंपत्तियों, जैसे मांग सूची और नियत परिसंपत्तियों के रूप में माना जाता है, को पूरी तरह समाप्त करना) से संबंधित पूर्ण इंट्राग्रुप परिसंपत्तियों और देयताओं, आय, व्यय और नकद प्रवाह समूह की संस्थाओं के बीच लेनदेन से संबंधित नकदी प्रवाह को हटाना। इंट्राग्रुप हानि उस हानि का संकेतक है जिसके लिए समेकित वित्तीय विवरणों में मान्यता की आवश्यकता होती है। भारतीय लेखांकन मानक 12 आय कर अस्थायी अंतर पर लागू होता है जो आंतरिक लेनदेन से उत्पन्न लाभ और हानि के हटाने से उत्पन्न होते हैं।

घ) लाभ या हानि और अन्य व्यापक आय (ओसीआई) का प्रत्येक घटक समूह के मूल के इक्विटी धारकों और गैर–नियंत्रित हितों के लिए जिम्मेदार है, भले ही यह गैर–नियंत्रण वाले हितों में घाटा संतुलन होने के कारण होता है।

## संबद्ध कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश

संबद्ध कंपनी वह कंपनी है जिस पर समूह का महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। महत्वपूर्ण प्रभाव का अर्थ निवेशक की वित्तीय और परिचालन नीति के निर्णय में भाग लेने के अधिकार से है, लेकिन उन नीतियों पर उसका नियंत्रण या संयुक्त नियंत्रण नहीं होता।

संयुक्त उद्यम एक प्रकार की संयुक्त व्यवस्था है जिसके द्वारा जिन पार्टियों का व्यवस्था पर संयुक्त नियंत्रण होता है, उनका संयुक्त उद्यम की निवल संपत्तियों पर अधिकार होता है। संयुक्त नियंत्रण एक करार के द्वारा नियंत्रण के लिए साझा होने की व्यवस्था है, जो तभी मौजूद होती है जब नियंत्रण के बारे में पार्टियां एकमत से सहमत हों।

अपनी संबद्ध कंपनी और संयुक्त उद्यम में समूह का निवेश इक्विटी पद्धति का उपयोग करने के लिए किया जाता है। इक्विटी विधि के तहत, संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम में निवेश शुरू में लागत पर आधारित होता है। अधिग्रहण की तारीख के बाद से संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम की निवल परिसंपत्तियों में समूह के शेयर में हुए परिवर्तनों को देखते हुए निवेश के बही मूल्य को समायोजित किया जाता है। संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम की साख को दीर्घावधि निवेश के रूप में बही मूल्य में शामिल किया गया है और इसे व्यक्तिगत हानि के तौर पर नहीं परखा जाता।

लाभ और हानि विवरण संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम के संचालन के परिणामों में समूह के शेयर को दर्शाता है। उन निवेशकों के ओसीआई में कोई भी परिवर्तन समूह के ओसीआई के शेयर के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा, जब संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम की इक्विटी में सीधे तौर पर परिवर्तन देखा जाता है, तो समूह इक्विटी में हुए परिवर्तनों जहां लागू हों, के विवरण में किसी भी परिवर्तन के कारण अपने हिस्से में बदलाव लाता है। समूह और संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम में हित की सीमा तक समाप्त कर दिया जाता है। किसी संबद्ध कंपनी और किसी संयुक्त उद्यम में समूह के लाभ या हानि के हिस्से को लाभ और हानि विवरण में दर्शाया गया है।

समूह की सहायोगी कंपनी और संयुक्त उद्यम के वित्तीय विवरणों को समूह के रूप में उसी रिपोर्टिंग अवधि के लिए तैयार किया जाता है, जैसे कि टिप्पणी 29 में उल्लेख किया गया है। जब कभी आवश्यक होता है, लेखांकन नीतियों में ऐसे समूह के अनुसार समायोजन किया जाता है।

## 1. लेखांकन नीतियां

### 1.1 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

क) पीपीई की किसी मद की लागत को तभी परिसंपत्ति के तौर पर मान्यता प्रदान की जाती है, यदि –

(i) यह संभव हो कि भविष्य में संस्था को आर्थिक लाभ हो, और

(ii) किसी मद की लागत का मापन विश्वसनीय तौर पर किया जा सके।

ख) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को मूल्यह्रास को घटाने के बाद एवं संचयी हानि को उनकी मूल कर/ड्यूटी क्रेडिट की निवल लागत पर दर्शाया गया है। ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने तक अचल संपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित सभी लागत पूंजीकृत हैं। संस्थापित परिसंपत्तियों के मामले में, जहां ठेकेदारों को अंतिम भुगतान किया जाना है, वहां पूंजीकरण अनंतिम आधार पर किया गया है, जिसमें सक्षम प्राधिकारी की अनंतिम लंबित स्वीकृति शामिल है, बशर्ते कि निपटान वर्ष में लागत और मूल्यह्रास में आवश्यक समायोजन किया जाए।

ग) भण्डार और पुर्जे, जो पीपीई (घटक के रूप में या अन्यथा) की परिभाषा को पूरा करते हैं और मान्यता प्राप्त मानदंडों को पूरा करते हैं, को अंतर्निहित परिसंपत्तियों में पीपीई के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। संबंधित परिसंपत्तियों की एक निर्धारित राशि को निरीक्षण/जीर्णोद्धार/मरम्मत के लिए रखा जाता है जिन्हें मान्य मानदंड के संतुष्ट पाए जाने पर बदला गया है। लाभ और हानि विवरण में अन्य सभी मरम्मत और रखरखाव लागत को दर्ज किया गया है।

घ) पीपीई की खरीद के समय तकनीकी जानकारी/लाइसेंस शुल्क पर किए गए व्यय को अंतर्निहित परिसंपत्ति के भाग के रूप में पूंजीकृत किया गया है।

ड.) भारतीय लेखांकन मानक अपनाए जाने पर, कंपनी ने दिनांक 01.04.2015 को मान्यता प्राप्त अपने सभी पीपीई के अग्रेनीत मूल्य, जिसका मापन गत जीएएपी के अनुसार किया गया है और अग्रेनीत मूल्य को पीपीई की लागत समझा गया है, को जारी रखने का विकल्प चुना है।

### 1.2 अमूर्त परिसंपत्तियां

क) उपयोग का अधिकार (आरओयू), सॉफ्टवेयर, लाइसेंस जैसी अमूर्त संपत्तियां, जिनसे भावी आर्थिक लाभ उपलब्ध कराने की अपेक्षा की जाती है, को अमूर्त संपत्ति के रूप में पूंजीकृत किया गया है और संचित परिशोधन और किसी भी संचित हानि के नुकसान को घटाकर उनकी अधिग्रहण लागत को लिखा गया है।

ख) भारतीय लेखांकन मानक अपनाए जाने पर, कंपनी ने दिनांक 01.04.2015 को मान्यता–प्राप्त अपनी सभी अमूर्त परिसंपत्तियों के अग्रेनीत मूल्य, जिसका मापन पिछले जीएएपी के अनुसार किया गया है और अग्रेनीत मूल्य को पीपीई की लागत समझा गया है, को जारी रखने का विकल्प चुना है।

### 1.3 कार्यशील कार्य

क) वास्तविक भुगतान/अनुमानित दायित्व के आधार पर प्रगत्यधीन पूंजीगत कार्य के अंतर्गत जहां उपयोग का अधिकार अपेक्षित हो, वहां जब कभी कार्य शुरू होता है, फसल के मुआवजे का हिसाब लगाया जाता है।

ख) कार्यशील पूंजी कार्य में परियोजनाओं में उपयोग के लिए साइट पर प्राप्त सामग्री/उपकरण/सेवाओं आदि सहित निर्माण अवधि शामिल है, जिसे ऐसी परिसंपत्तियों की स्थापना के समय पूंजीकृत किया जाता है।

ग) निर्माण अवधि के दौरान हुए सभी राजस्व व्यय, जो विशेष रूप से अधिग्रहण/निर्माण परिसंपत्तियों के कारण होते हैं, को ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने के समय पूंजीकृत किया जाता है।

### 1.4 अन्वेषण और विकास लागत

**क)** कंपनी, संयुक्त उद्यमों के माध्यम से तेल एवं गैस अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों के लेखांकन के लिए सफल प्रयास पद्धति अपनाती है, जिसमें संबंधित मेजबान सरकार और अन्वेषण, विकास और उत्पादन गतिविधियों के लिए विभिन्न निकायों के साथ उत्पादन शेयरिंग संविदा (पीएससी) और राजस्व शेयरिंग संविदा (आरएससी) शामिल होती है, जिसमें अन्वेषण और उत्पादन लागत को निम्नानुसार शामिल किया जाता है :

(i) भूगर्भीय और भूभौतिकीय लागतों सहित भूकंपीय सर्वेक्षण, भूतल पट्टा किराया आदि अन्वेषण और मूल्यांकन प्रस्तावों के लिए उस वर्ष में राजस्व व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, जिसमें इन पर खर्च किया जाता है।

(ii) कार्यशील विकास/पूंजीगत कार्य के अंतर्गत अमूर्त परिसंपत्तियों के रूप में अन्वेषणीय/विकास कूपों की लागत वर्ष में ऐसे अन्वेषी कूपों को पूंजीकृत किया जाता है जिसमें उत्पादक परिसंपत्ति का सृजन किया जाता है। सूखे/परित्यक्त कूपों के रूप में निर्धारित होने पर इसकी लागत को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

(iii) सभी 'कार्यशील अन्वेषी कूपों' की लागत को उन कुंओं को छोड़कर लाभ एवं हानि विवरण में से घटा दिया जाता है, जिनके लिए वहां उचित मात्रा में भंडार मिलने का उचित संकेत हो, और उद्यम भंडार तथा परियोजना की आर्थिक और प्रचालन व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा हो।

**ख) उत्पादक परिसंपत्तियों का पूंजीकरण**

उत्पादक परिसंपत्तियों का पूंजीकरण 'पूर्ण कुएं/उत्पादक कुएं' के तौर पर तब किया जाता है जब क्षेत्र/फील्ड में कुएं वाणिज्यिक उत्पादन करने के लिए तैयार हों और उनसे तेल एवं गैस भंडार का विकास प्रमाणित हो गया है।

उत्पादक परिसंपत्ति की लागत में सफल अन्वेषण कूपों, विकासशील कूपों की लागत और उपकरणों एवं सुविधाओं के समर्थन का प्रारंभिक मूल्यह्रास तथा सुविधाएं और अनुमानित भावी परित्याग करने की लागत शामिल होती है।

**ग) उत्पादक परिसंपत्तियों में कमी**

उत्पादक परिसंपत्तियों में कमी, 'उत्पादन पद्धति की इकाई (यूओपी)' का प्रयोग करके की जाती है। सभी पूंजीगत लागत के लिए प्रभारित

उत्पादन की कमी या इकाई की गणना वर्ष के दौरान उत्पादन के अनुपात में की जाती है जिसे वर्ष के अंत में विकसित रिजर्व प्रमाणित किया जाता है।

**घ) उत्पादन परिसंपत्तियों की उत्पादन लागत**

प्रचालक द्वारा दर्शाए गए अनुसार कंपनी के उत्पादन लागत के शेयर में कूप लेने से पूर्व तथा कूप लेने के पश्चात शीर्ष व्यय शामिल होता है जिसमें सहायक उपकरण और सुविधाओं का मूल्यह्रास एवं वर्तमान प्रचालन लागत शामिल होती है।

**ड.) संयुक्त प्रचालनों का लेखांकन**

उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं (पीएससी) के जरिए किए गए संयुक्त प्रचालनों में अपने हितों के संबंध में, कंपनी अपने आनुपातिक शेयरों को परिसंपत्तियों, देयताओं, आउटपुट की बिक्री से प्राप्त राजस्व, वित्तीय विवरणों में संयुक्त प्रचालन कंपनी के व्यय के रूप में मानती है।

## 1.5 विदेशी मुद्रा लेनदेन

क) कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपए (₹) है।

ख) विदेशी मुद्रा में लेनदेन की प्रारंभिक गणना लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर की जाती है।

ग) वर्ष के अंत में बकाया विदेशी मुद्रा में नामित मौद्रिक मदों (जैसे नकद, वसूली योग्य राशि, ऋण देयताएं आदि) को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दरों (देयता के लिए बीसी विक्रय दर तथा प्राप्ति योग्य राशि के लिए टीटी क्रय दर) में परिवर्तित किया जाता है।

घ) विदेशी मुद्रा में नामित गैर–मौद्रिक मदों (निवेश, संपत्ति, संयंत्र और उपकरण आदि) की गणना लेनदेन(नों) की तिथि पर प्रचलित विनिमय दर पर की जाती है।

ड.) निपटान या लेनदेन में विनिमय अंतर के कारण हुए किसी भी लाभ या हानि को लाभ एवं हानि विवरण में समायोजित किया जाता है।

च) किसी विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर मापी गई गैर–मौद्रिक मदों को उचित मूल्य का निर्धारण करते हुए उस तारीख को विनिमय दरों का प्रयोग करके निकाला जाता है। गैर–मौद्रिक मदों के अंतरण से होने वाले लाभ या हानि को ऐसी मद के उचित मूल्य के निर्धारण से उत्पन्न मद के लाभ या हानि के अनुसार स्वीकार किया जाता है, जो अन्य व्यापक आय में या लाभ एवं हानि विवरण, जैसी भी स्थिति हो, में होती है।

## 1.6 उधार लागत

विशेष तौर पर अर्हक परिसंपत्ति प्राप्तकरने के उद्देश्य से निधियों की उधार लागत और परिसंपत्तियों की लागत को पूंजीकरण की योग्यता के साथ उस तिथि तक गणना की जाती है जब परिसंपत्ति ऐसी निधियों के अस्थाई निवेश से अर्जित किसी आय में से हानि को निकालने के बाद प्रयोग हेतु तैयार होती है। वर्ष के दौरान ज्ञात अन्य उधार लागतों की गणना व्यय के रूप में की गई है।

## 1.7 सरकारी अनुदान

सरकारी अनुदान को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि उचित आश्वासन नहीं दिया जाता है कि कंपनी उनसे जुड़ी शर्तों का अनुपालन करेगी और अनुदान प्राप्त होगा। मूल्यह्रास वाली परिसंपत्तियों के मामले में, परिसंपत्तियों की लागत को सकल मूल्य पर दर्शाया गया है और उस पर अनुदान को आस्थगित आय पर लिया जाता है जिसे परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन की तुलना में लाभ एवं हानि विवरण में आय के रूप में माना जाता है। गैर–मूल्यह्रास परिसंपत्तियों से संबंधित अनुदान को कुछ दायित्वों की पूर्ति की भी आवश्यकता हो सकती है और फिर दायित्वों को पूरा करने की लागत को वहन करने वाली अवधि में लाभ या हानि में मान्यता दी जाएगी।

## 1.8 बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्ति

बिक्री के लिए वर्गीकृत की गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों या प्रयोज्य समूहों को ले जाने की मात्रा के आधार पर मापा जाता है और बिक्री हेतु उचित मूल्य कम होता है। बिक्री के लिए वर्गीकृत परिसंपत्तियों और देयताओं को अलग–अलग तुलन–पत्र में प्रस्तुत किया गया है।

गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों या प्रयोज्य समूहों की बिक्री हेतु वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी वहन राशि को निरंतर उपभोग के बजाय बिक्री के माध्यम से मुख्य रूप से पुनः प्राप्त किया जाएगा। प्रबंधन वर्गीकरण की तिथि से एक वर्ष के अंदर अपेक्षित बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। बिक्री की योजना को पूरा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई से संकेत मिलता है कि यह संभावना नहीं है कि योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे या यह योजना वापस ले ली जाएगी।

बिक्री के लिए एक बार वर्गीकृत पीपीई और अमूर्त परिसंपत्ति का मूल्यह्रास या परिशोधन नहीं किया जाता है।

## 1.9 माल सूची

क) पाइपलाइनों में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और प्राकृतिक गैस के भंडार को पहले आओ, पहले पाओ (एफआईएफओ) आधार पर या वसूली योग्य मूल्य पर, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

ख) कच्चे माल एवं तैयार उत्पादों को भारित औसत लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है। तैयार उत्पादों में उत्पाद शुल्क और रॉयल्टी, जहां–कहीं भी हो, शामिल की जाती है।

ग) कच्चे स्टॉक का मूल्य भारित औसत लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर लगाया जाता है। इसका उस भारित औसत लागत पर मूल्य लगाया जाता है, जहां तैयार उत्पाद, जिसमें इसे बेचे जाने के लिए शामिल किया जाना है, या उपर्युक्त भारित औसत लागत पर बेचे जाने की संभावना है।

घ) मालसूची के उत्पादन के लिए प्रयोग हेतु भंडार और पुर्जे तथा अन्य सामग्री का मूल्य भारित औसत मूल्य या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर लगाया जाता है। इसका मूल्य भारित औसत लागत जहां तैयार उत्पाद, जिनमें इन्हें बेचे जाने के लिए शामिल किया जाएगा, को उपर्युक्त लागत पर बेचे जाने की संभावना होती है।

ड.) अधिशेष/अप्रचलित स्टोर तथा पुर्जों का मूल्य लागत या निवल प्राप्त योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर लगाया जाता है।

च) पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण में प्रयोग हेतु रखे गए अधिशेष/अप्रचलित स्टोर तथा पूर्जों का मूल्य लागत या निवल प्राप्ति योग्य मूल्य, इसके न्यूनतम पर लगाया जाता है।

छ) मार्गस्थ आयातित एलएनजी का मूल्य या निवल प्राप्ति योग्य मूल्य, जो भी कम हो, के सीआईएफ मूल्य पर लगाया जाता है।

ज) अक्षय उर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) का मूल्यांकन पहले आओ, पहले पाओ (एफआईएफओ) आधार पर या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकन किया जाता है।

## 1.10 राजस्व की गणना

कंपनी ने भारतीय लेखांकन मानक 115 के लिए परिवर्तन पर संशोधित पूर्वव्यापी दृष्टिकोण लागू किया है।

क) राजस्व को उन वस्तुओं या सेवाओं के नियंत्रण के हस्तांतरण के रूप में मान्यता दी गई है जो संविदा के तहत निष्पादन दायित्व की संतुष्टि पर ग्राहकों को एक राशि में संविदा के तहत दर्शाती हैं, जो उस विचार को दर्शाता है जिसके अनुसार इकाई उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले में हकदार होने की उम्मीद करती है। इस विचार में ग्राहकों द्वारा उन परिसंपत्तियों के लिए योगदान शामिल है जिन पर कंपनी का नियंत्रण है।

ख) जहां निष्पादन की बाध्यता समय के साथ संतुष्ट हो जाती है, कंपनी रिपोर्टिंग तिथि तक निष्पादन पूरा होने के आधार पर इनपुट/आउटपुट विधि का उपयोग करते हुए राजस्व को मान्यता देती है। जहां निष्पादन दायित्व समय में एक समय बिंदु पर संतुष्ट हो जाता है, कंपनी राजस्व को मान्यता देती है जब ग्राहक को अनुबंध में तय की गई वस्तुओं और सेवाओं का नियंत्रण प्राप्त होता है।

ग) कंपनी सेवाओं की बिक्री के संबंध में राजस्व के लिए लेखांकन में आउटपुट विधि का उपयोगी करती है। आउटपुट विधि के उपयोग के लिए कंपनी को प्रदर्शन के आधार पर राजस्व को पहचानने की आवश्यकता होती है, जैसे कि आज तक, कालातीत में अनुबंध की अवधि के दौरान अनुमानों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है और कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समय के साथ संतुष्ट अपने निष्पादन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति का फिर से मापन करती है।

घ) कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों और जुर्मानों, छूट एवं नुकसान आदिसहित रिपोर्टिंग अवधि के दौरान मौजूद परिस्थितियों का ईमानदारी से प्रतिनिधित्व करने हेतु प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अपने अनुमानित लेनदेन मूल्य को अपडेट करती है।

ड.) बीमे के दावों की गणना तब की जाती है जब बीमाकर्ताओं द्वारा इसका दावा प्राप्त हो जाता है।

च) दावों (जिनमें ग्राहकों से विलंब से प्राप्त ब्याज सहित) की गणना तब की जाती है, जब यह निश्चत हो जाए कि दावे प्राप्त हो जाएंगे।

छ) प्राकृतिक गैस की न्यूनतम गारंटी आफटेक (एमजीओ) के संबंध में देयता उपलब्ध नहीं कराई जाती है क्योंकि इसके ग्राहकों से वसूली योग्य एमजीओ द्वारा प्राप्त किया जाता है। एमजीओ के कारण वर्ष के दौरान भुगतान/प्राप्तियों को उनकी प्राप्ति के आधारपर समायोजित किया जाता है।

ज) एलपीजी के परिवहन से संबंधित न्यूनतम प्रभारों की गणना प्राप्ति आधार पर की जाती है।

झ) ग्राहकों के साथ गैस बिक्री समझौते के संदर्भ में, गैस की वार्षिक टेक या पे क्वांटिटी (एटीओपीक्यू) की ओर प्राप्त राशि का एहसास होने के आधार पर हिसाब लगाया जाता है और जब तक गैस अनुबंध के अनुसार ग्राहक तक नहीं पहुंचाई जाती है, तब तक देयता के रूप में दिखाया जाता है।

## 1.11 मूल्यह्रास/परिशोधन

**क) परिसंपत्तियां, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)**

नीचे दी गई परिसंपत्तियों जहां विभिन्न उपयोग अवधि को बाहरी/आंतरिक तकनीकी के आधार पर मूल्यांकन के बाद हिसाब में लिया जाता है, इनको छोड़कर पीपीई मूर्त परिसंपत्तियों (परिसंपत्ति को सक्षम करने सहित) पर मूल्यह्रास का प्रावधान यथानुपात आधार (मासिक यथानुपात खरीदी गई परिसंपत्तियों के लिए) पर स्ट्रेट लाइन पद्धति (एसएलएम) पर कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची।। में विनिर्दिष्ट पद्धति एवं उपयोग अवधि के अनुसार किया जाता है:

| विवरण | वर्ष |
|---|---|
| कर्मचारियों के उपयोग हेतु प्रदत्त फर्नीचर | 6 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग हेतु प्रदत्त विद्युत उपकरण | 4 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग हेतु प्रदत्त मोबाइल फोन | 2 वर्ष |

पट्टे वाली भूमि की लागत शाश्वत पट्टे को छोड़कर पट्टा अवधि के दौरान परिशोधित की जाती है।

स्थायी परिसंपत्तियों की मूल लागत में कमी के समायोजन के कारण मूल्यह्रास भावी परिस्थिति को देखते हुए प्रभारित किया जाता है।

**[k½ verl ifjlifRr;k**

(i) अनिश्चित आयु (जिसके लिए ऐसी किसी अवधि हेतु कोई प्रत्याशित सीमा नहीं है, जिससे इस बात को देखते हुए उनसे निवल नकद प्रवाह का सृजन करने की संभावना हो कि इन अधिकारों का संबंधित पाइपलाइनों की आयु के बाद भी उपयोग किया जा सकता है) परिशोधित नहीं होती, लेकिन इसकी वार्षिक क्षति की दृष्टि से जांच की जाती है।

(ii) अमूर्त परिसंतियों का पंजीकरण की तारीख से पांच वर्ष के अनधिक लाभदायक जीवन अवधि पर स्ट्रेट लाइन विधि (एलएलएम) पर साफ्टवेयर और लाइसेंस को परिशोधित किया जाता है।

(iii) परिसंपत्तियों की क्षति, यदि कोई हो, के बाद मूल्यह्रास इसके शेष लाभदायक उपयोग अवधि पर मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है।

**x½ xkgd dh ifjlj ij lLFkkfir iwthxr ifjlifRr;k**

ऐसी भूमि, जिसका स्वामित्व कंपनी के पास नहीं है, ग्राहक के परिसर पर संस्थापित पूंजीगत परिसंपत्तियों की सुविधाओं को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–।। में विनिर्दिष्ट लाभदायक उपयोग अवधिके अनुसार एसएलएम आधार पर मूल्यहासित किया जाता है।

## 1.12 कर्मचारी हितलाभ

क) सभी संक्षिप्त अवधि कर्मचारी हितलाभ के लिए लेखांकन अवधि में छूट से वंचित राशि पर पहचान की जाती है जिसमें उन्हें खर्च किया जाता है।

ख) भविष्य निधि में कंपनी का अंशदान, पात्र कर्मचारी के वेतन के एक नियत प्रतिशत के आधार पर इस प्रयोजन के लिए स्थापित एक अलग ट्रस्ट में जमा किया जाता है तथा उसे लाभ एवं हानि/सीडब्ल्यूआईपी विवरण में दर्ज किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी भावी अवधि में ब्याज की सांविधिक दर, जिसकी प्रतिपूर्ति कंपनी द्वारा भविष्य निधि ट्रस्ट में की जाएगी, को पूरा करने के लिए निधि परिसंपत्तियों में किसी कमी के लिए वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार प्रावधान किया जाता है।

ग) सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा योजना और उपदान के अंतर्गत कर्मचारी हितलाभों के लिए परिभाषित बाध्यता के वर्तमान मूल्य के आधार पर मान्यता दी जाती है, जिसकी गणना अनुमानित इकाई की ऋण प्रक्रिया का उपयोग करके वास्तविक मूल्यांकन आधार पर की जाती है। वर्ष के दौरान, संबंधित योजना परिसंपत्तियों से अधिक बीमांकिक दायित्वों को मान्यता दी जाती है।

घ) अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों पर दायित्व, जैसे अवकाश नकदीकरण, अनुपस्थिति के मुआवजे और दीर्घ सेवा पुरस्कार साल के अंत में किए गए वास्तविक मूल्यांकन के अनुमानित यूनिट क्रेडिट विधि का उपयोग करके प्रदान किए जाते हैं।

ड.) पुनः माप में वास्तविक लाभ और हानि को लाभ एवं हानि विवरण या वर्ष के दौरान होने वाली अन्य व्यापक आय के माध्यम से प्रतिधारित आय में संबंधित ऋण या जमा के रूप में तुलन–पत्र में दर्शाया जाता है। पुनः माप को बाद की अवधियों में लाभ और हानि विवरण में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाता है।

च) कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभ के लिए एक परिभाषित योगदान योजना भी प्रचालित करती है और योगदान एक अलग ट्रस्ट को भेज दिया जाता है।

छ) उपदान एवं सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा योजनो (पीआरएमएस) हेतु प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के अनुरूप एक अलग ट्रस्ट में वित्तपोषित किया जाता है।

## 1.13 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

नकदी उत्पादन यूनिट की अग्रेनीत राशि की समीक्षा प्रत्येक समीक्षाधीन तिथि को की जाती है। यदि आंतरिक/बाहरी तथ्यों के आधार पर नुकसान होने का कोई संकेत हो तो ऐसी हानि की पहचान की जाती है, जहां किसी अन्य परिसंपत्ति की वर्तमान राशि उसकी वसूली योग्य राशि से बढ़ जाती है।

## 1.14 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं, आकस्मिक परिसंपत्तियां और पूंजीगत प्रतिबद्धताऐं

(क) मापन में अनुमान की व्यावहारिक मात्रा वाले प्रावधानों की पहचान की जाती है, पिछली घटनाओं के परिणामस्वरूप वर्तमान बाध्यता हो तथा ऐसी संभावना हो कि संसाधनों का प्रवाह होगा। प्रत्येक मामले में ₹ 5 लाख से अधिक देयताओं/परिसंपत्तियों को लेखा टिप्पणियों के माध्यम से प्रकट किया जाता है, केवल उन मामलों को छोड़कर जहां निपटान/समायोजन में किसी प्रवाह की बहुत कम संभावना हो।

(ख) पूंजी खातों में लागू किए जाने वाली संविदाओं की अनुमानित राशि के मामले में ₹ 5 लाख से अधिक के प्रत्येक मामले में प्रकटन किया जाता है।

## 1.15 आय पर कर

वर्तमान कर के प्रावधान आय कर अधिनियम, 1961 के उपबंधों के अनुसार किए गए हैं। परिसंपत्तियों और देयताओं के कर आधार के बीच रिपोर्टिंग तारीख को सभी अस्थायी अंतर पर तुलन–पत्र पद्धति का प्रयोग करके आस्थगित कर उपलब्ध कराया जाता है तथा कर दर और अन्य कर कानूनों पर विचार करते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग के प्रयोजनों के लिए उनके बही मूल्य को सूचित तारीख को लागू किया गया है या पर्याप्त तौर पर अधिनियमित किया गया है।

लाभ और हानि विवरण (अन्य व्यापक आय या इक्विटी में) शामिल न की गई मान्य मदों से संबंधित आस्थगित कर सम्पत्ति को मान्यता प्रदान की गई है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को आस्थगित कर संपत्तियों के बही मूल्य की समीक्षा की जाती है और उसका उस सीमा तक समायोजन किया जाता है जिसमें यह संभावना न हो कि इससे पर्याप्त तौर पर कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा ताकि परिसंपत्ति के सभी या कुछ भागी की वसूली की जा सके।

## 1.16 अनुसंधान एवं विकास व्यय

अनुसंधान एवं विकास पर राजस्व व्ययको उपार्जित किए जाने वाले वर्ष के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है। अनुसंधान एवं विकास पर पूंजीगत व्यय को मूर्त परिसंपत्ति के रूप में समान अर्हता के मामले में पूंजीकृत किया जाता है।

## 1.17 नकद एवं नकद समकक्ष

नकद और नकद समकक्ष बैंक में जमा और नकद के तौर पर तीन महीने या उससे पूर्व मूल परिपक्वता वाली अवधि अल्पावधि जमा राशि शामिल है, जो कि मूल्य में परिवर्तनों के नगण्य जोखिम के अधीन रहता है।

## 1.18 खंड रिपोर्टिंग

कंपनी का प्रबंधन संसाधन आबंटन और प्रदर्शन मूल्यांकन के बारे में निर्णय लेने के उद्देश्य से अपने व्यावसायिक खंड के प्रचालन परिणाम की निगरानी करता है। खंड निष्पादन का मूल्यांकन लाभ या हानि के आधार पर किया जाता है और इसे वित्तीय विवरणों में सतत तौर पर लाभ या हानि के साथ मापा जाता है।

प्रारंभिक खंड का अभिनिर्धारण उत्पादों/सेवाओं की प्रकृति के आधार पर किया जाता है।

क) खंड राजस्व में अंतर–खंड राजस्व सहित खंडपर प्रत्यक्ष तौर पर लागू किया जाने वाला/आबंटन योग्य राजस्व शामिल है।

ख) खंड के परिणामों का अभिनिर्धारण करने के लिए खंड के लिए प्रत्यक्ष तौर पर अभिनिर्धारण योग्य/आबंटन योग्य व्यय पर विचार किया जाता है।

ग) कंपनी से पूर्ण तौर पर संबंधित व्यय, जिसे खंडों के लिए आबंटित नहीं किया जा सकता, उसे आबंटित न किए जाने वाले व्यय में शामिल किया जाता है।

घ) कंपनी की ऐसी सम्पूर्ण आय, जिसे खंडों के लिए आबंटित नहीं किया जा सकता, उसे आबंटित न की जाने वाली आय में शामिल किया जाता है।

ड.) खंड परिसंपत्तियों और देयताओं में प्रत्यक्ष तौर पर अभिनिर्धारित किए जाने वाले संबंधित खंड शामिल हैं। आबंटित न की जा सकने वाली परिसंपत्तियां और देयताएं उन परिसंपत्तियों और देयताओं को दर्शाती हैं जो पूर्ण तौर पर कंपनी से संबंधित हैं और किसी भी क्षेत्र के लिए आबंटन योग्य नहीं हैं।

## 1.19 प्रति शेयर आय

प्रति इक्विटी शेयर मूल आय की गणना वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा इक्विटी शेयरधारकों को देय कर पश्चात निवल लाभ को विभाजित करके की जाती है।

प्रति शेयर कम की गई आय की गणना इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या के औसत तथा वर्ष के दौरान प्रति शेयर कम किए गए संभावित इक्विटी शेयरों को समायोजित निवल लाभ से विभाजित करके की जाती है।

## 1.20 परिसमापन क्षतियां/मूल्य में कटौती अनुसूची

जब कभी मामले का निपटान किया जाता है, तो परिसमापन क्षति/मूल्य कटौती अनुसूची के लिए वसूली गई राशि को समायोजित/विनियोजित किया जाता है।

## 1.21 नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाह विवरण भारतीय लेखांकन मानक 7 'नकदी प्रवाह विवरण' में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार किया जाता है।

## 1.22 उचित मूल्य माप

कंपनी प्रत्येक तुलन–पत्र की तारीख को उचित मूल्य पर व्युत्पन्न और विशिष्ट निवेश (सहायक कंपनी, संयुक्त उपक्रम और संबद्ध कंपनी के अतिरिक्त) सहित वित्तीय साधनों का मापन करती है।

सभी परिसंपत्तियां और देयताएं, जिनके उचित मूल्य की गणना वित्तीय विवरणों में की जाती है अथवा उनका प्रकटीकरण किया जाता है, को उचित मूल्य पदानुक्रम के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और निम्न वर्णित इनपुट स्तर के आधार पर दर्ज किया जाता है, जो पूर्ण तौर पर उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण हैं :

(i) स्तर 1 – समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (असमायोजित) बाजार मूल्य

(ii) स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीक, जिनके लिए निम्नतम स्तर इनपुट उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण होता है, को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष माना जाता है।

(iii) स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीक, जिनके लिए निम्नतम स्तर इनपुट उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण होता है, को स्वीकार योग्य नहीं माना जाता है।

परिसंपत्तियां और देयताएं, जिन्हें आवर्ती आधार पर तुलन–पत्र में दर्ज किया जाता है, के लिए कंपनी यह निर्धारित करती है कि क्या अंतरण प्रत्येक सूचित अवधि के अंत में पुनः मूल्यांकन श्रेणी के पदानुक्रम स्तर के आधार पर हुआ है (न्यूनतम स्तर इनपुट के आधार पर पूर्ण तौर पर उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण होता है)।

उचित मूल्य प्रकटीकरण के प्रयोजन के लिए, कंपनी ने परिसंपत्तियों और देयताओं के वर्गों का निर्धारण परिसंपत्तियों या देयताओं के गुणों और जोखिम की प्रकृति के आधार पर किया है और उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर को ऊपर स्पष्ट किया गया है।

## 1.23 वित्तीय साधन

वित्तीय साधन वह संविदा है जो किसी कंपनी की वित्तीय परिसंपत्ति और किसी अन्य कंपनी की वित्तीय देयता पर इक्विटी को बढ़ाता है।

**(क) वित्तीय परिसंपत्तियां**

**क) वर्गीकरण**

कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण करती है, जिन्हें बाद में परिशोधित लागत पर, अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर या वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए अपने व्यापार मॉडल के आधार पर लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है।

**ख) प्रारंभिक मान्यता और माप**

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरू में उचित मूल्य पर दर्ज किया जाता है और यदि लेनदेन लागत, जो वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के कारण होती है, को लाभ एवं हानि विवरण में दर्ज नहीं किया जाता है।

**ग) परवर्ती माप**

परवर्ती माप के उद्देश्य से वित्तीय परिसंपत्तियों को नीचे दी गई श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है :

(i) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

व्युत्पन्न और विशिष्ट निवेश के अलावा अन्य किसी वित्तीय परिसंपत्ति, यदि यह किसी व्यवसाय मॉडल में शामिल है, को बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है, जिसका उद्देश्य संविदागत नकदी प्रवाह को एकत्रित करने के लिए परिसंपत्ति को बनाए रखना है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह की विशिष्ट तारीखों के अनुसार निर्धारित होती हैं जो केवल मूलधन का और बकाया मूलधन राशि के ब्याज का भुगतान होती हैं।

(ii) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां

विशिष्ट निवेश सहित व्युत्पन्न के अलावा किसी वित्तीय परिसंपत्ति को बाद में अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य के रूप में मापा जाता है, यदि यह किसी व्यवसाय मॉडल में डाला जाता है जिसका उद्देश्य संविदागत नकदी प्रवाह और वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचना दोनों को हासिल करना होता है तथा वित्तीय परिसंपत्तियों की संविदागत शर्तों की नकदी प्रवाह की तारीखों के अनुसार निर्धारित होती हैं जो केवल मूलधन का और बकाया मूलधन राशि के ब्याज का भुगतान होती हैं। कंपनी ने अपने निवेश के लिए स्थिर चयन किया है जिसे इक्विटी साधनों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ताकि बाद में इसके व्यापार मॉडल पर आधारित अन्य व्यापक आय के उचित मूल्य में होने वाले बदलाव किए जा सकें।

(iii) लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां

व्युत्पन्न सहित वित्तीय परिसंपत्ति, जिसे उपरोक्त किसी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया है, को बाद में लाभ या हानि के माध्यम से उचित रूप से मूल्य निर्धारण किया जाता है।

**घ) मान्यता समाप्त करना**

किसी वित्तीय परिसंपत्ति की मुख्य रूप से तब मान्यता समाप्त कर दी जाती है जब किसी परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार की समय–सीमा समाप्त हो गई हो या कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया हो।

**ड.) सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों में निवेश**

(i) कंपनी ने लागत पर सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों को अपने निवेश के लिए जिम्मेदार बताया है। कंपनी यह मूल्यांकन करती है कि क्या इस बात के कोई संकेत हैं कि इन निवेशों से हानि हो सकती है और यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद होता है, तो निवेश को उसके उचित मूल्य के आधार पर क्षति माना जाता है।

(ii) जब कंपनी आनुषंगिक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों और सहायक कंपनियों के लिए वित्तीय प्रतिभूतियां जारी करती है, तो प्रारंभ में कंपनी द्वारा वित्तीय प्रतिभूति की गणना उचित मूल्य पर और तदुपरांत उससेअधिकमूल्य पर की जाती है –

- भारतीय लेखांकन मानक 109 की हानि अपेक्षाओं के अनुसार नियत हानि भत्ते की राशि; और
- प्रारंभ में कम दर्शाई गई धनराशि को उपयुक्त समय पर भारतीय लेखांकन मानक 115 'ग्राहकों के साथ संविदाओं से भारतीय लेखांकन मानक 115' ग्राहकों के साथ संविदाओं से प्राप्त राजस्व के सिद्धांतों के अनुरूप आय की संचयी राशि को मान्यता प्रदान की जाती है।

(iii) कंपनी वित्तीय प्रतिभूति के प्रारंभिक उचित मूल्य को निवेश समकक्ष मानती है, और इसकी समदृश देयता को वित्तीय प्रतिभूति बाध्यता के तौर पर दर्ज किया जाता है। ऐसे मानित निवेश को सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों और संबद्ध कंपनियों में निवेश की अग्रेनीत धनराशि के तौर पर जोड़ा जाता है। वित्तीय प्रतिभूति बाध्यता को वित्तीय प्रतिभूति की शेष अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में अन्य आय के तौर पर मान्यता प्रदान की जाती है।

**च) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि**

कंपनी माप के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के मॉडल के आधार पर नुकसान का आकलन करती है और वित्तीय परिसंपत्तियों पर हानि को दर्ज करती है जो व्यापार प्राप्तियों या अनुबंध राजस्व प्राप्तियों और पट्टे की सभी प्राप्तियों आदि से होती हैं।

## (ख) वित्तीय देयताएं

**क) वर्गीकरण**

कंपनी सभी वित्तीय देयताओं का वर्गीकरण करती है जिन्हें बाद में लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं को छोड़कर परिशोधित लागत पर मापा जाता है। व्युत्पन्नों सहित ऐसी देयताओं को बाद में उचित मूल्य पर मापा जाएगा।

**ख) प्रारंभिक मान्यता और माप**

सभी वित्तीय देयताओं को शुरू में उचित मूल्य पर तथा ऋण और उधार एवं देयताओं के मामले में प्रत्यक्ष लेनदेन लागतों के निवल पर मापा जाता है। कंपनी की वित्तीय देयताओं में व्यापार और अन्य देयताएं, ऋण और उधार सहित बैंक ओवरड्राफ्ट, और व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल होते हैं।

**ग) परवर्ती माप**

वित्तीय देयताओं का माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है :

**(i) परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं**

प्रारंभिक मान्यता के बाद, प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके ब्याज–आधारित ऋण और उधार को परिशोधित लागत पर मापा जाता है। जब देयताएं और ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया समाप्त की जाती हैं तो लाभ और हानि को लाभ और हानि विवरण में दर्ज किया जाता है।

परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण और शुल्क या लागत जो ईआईआर का अभिन्न अंग हैं, पर किसी भी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखते हुए की जाती है। ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया गया है।

**(ii) लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं**

विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में, लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर व्यापारिक और वित्तीय देयताओं के लिए निर्धारित वित्तीय देयताएं शामिल हैं। वित्तीय देयताओं को व्यापार के लिए निर्धारित अनुसार वर्गीकृत किया जाता है, यदि उन्हें निकट अवधि में पुनः खरीद के प्रयोजन के लिए खर्च किया जाता है। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा दर्ज व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल होते हैं जिन्हें हेजिंग साधनों के रूप में विनिर्दिष्ट नहीं किया जाता है, जैसा कि भारतीय लेखांकन मानक 109 में परिभाषित है। अलग–अलग समाहित व्युत्पन्न को भी व्यापार के लिए वर्गीकृत किया जाता है, जब तक कि उन्हें प्रभावी हेजिंग साधन के रूप में विनिर्दिष्ट नहीं कर दिया जाता है।

व्यापार के लिए रखी गई देयताओं पर लाभ या हानि को लाभ और हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**(घ) मान्यता समाप्त करना**

देयताओं के अंतर्गत दायित्व का निर्वहन या रद्द अथवा समाप्त होने पर वित्तीय देयता को समाप्त कर दिया जाता है।

## (ग) अंतर्निहित व्युत्पन्न

(क) यदि हाइब्रिड संविदा में ऐसा मेजबान शामिल है जो भारतीय लेखांकन मानक 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति है, तो कंपनी अंतर्निहित व्युत्पन्न को पृथक तौर पर नहीं दर्शाती है। इसके बजाय, कंपनी सम्पूर्ण 'हाइब्रिड' संविदा के लिए भारतीय लेखांकन मानक 109 में निहित वर्गीकरण अपेक्षाओं को लागू करती है।

(ख) यदि हाइब्रिड संविदा में ऐसा मेजबान शामिल है, जो भारतीय लेखांकन मानक 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति नहीं है, तो कंपनी अंतर्निहित व्युत्पन्नों को मेजबान से पृथक तौर पर दर्शाते हुए लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तनों सहित उचित मूल्य का मापन करती है, और यदि केवल :

(i) अंतर्निहित व्युत्पन्न की आर्थिक विशेषताएं और जोखिम आर्थिक विशेषताओं तथा मेजबान के जोखिमों से निकट तौर पर संबंधित नहीं है;

(ii) अंतर्निहित व्युत्पन्न की समान शर्तों वाला एक पृथक लिखत व्युत्पन्न की परिभाषा को पूरा करेगा; और

(iii) 'हाइब्रिड' संविदा का मापन लाभ एवं हानि में मान्यता प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तनों सहित उचित मूल्य पर नहीं किया जाता है।

## (घ) वित्तीय साधनों का पूरा होना

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताएं पूरी होने पर और तुलन–पत्र में निवल राशि की सूचना दी जाती है, यदि वर्तमान में स्वीकृत राशि को हटाने, और निवल आधार पर समझौता करने, परिसंपत्ति को स्वीकार करने और साथ ही देयताओं के लिए निपटान का अधिकार हो।

## (ङ.) व्युत्पन्न वित्तीय साधन और हेज लेखांकन

कंपनी अपने विदेशी मुद्रा जोखिम, ब्याज दर जोखिम और वस्तु मूल्य जोखिम को कम करने के लिए व्युत्पन्न वित्तीय साधनों जैसे अग्रिम मुद्रा संविदा, ब्याज दर स्वैप, क्रॉस मुद्रा दर स्वैप, वस्तु स्वैप संविदा का उपयोग करती है।

**क) व्युत्पन्न जो संविदा हेजिंग उपकरण के रूप में नामित नहीं हैं**

(i) व्युत्पन्न जो भारतीय लेखा मानक 109 के तहत हेजिंग उपकरण के रूप में नामित नहीं किया गया है, शुरुआत उस तारीख से उचित मूल्य पर की जाती है, जिस पर कोई व्युत्पन्न संविदा की गई है और बाद में उचित मूल्य पर इसका लाभ उठाया जाता है। व्युत्पन्न को वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में लिया जाता है जब उचित मूल्य सकारात्मक हो और देनदारियों के रूप में जब उचित मूल्य नकारात्मक होता है।

(ii) व्युत्पन्न के निष्पक्ष मूल्य में होने वाले परिवर्तनों से होने वाला कोई भी लाभ या हानि प्रत्यक्ष रूप से लाभ और हानि विवरण में दर्ज किया जाता है।

**ख) व्युत्पन्न हेजिंग साधनों के रूप में नामित संविदा**

(i) भारतीय लेखांकन मानक 109 के तहत हेजिंग साधनों के रूप में नामित व्युत्पन्न को विदेशी मुद्रा और कमोडिटी हेज लेनदेन से उत्पन्न होने वाले जोखिम को कम करने के लिए नकद प्रवाह हेजेज के रूप में माना जाता है।

(ii) कंपनी निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार हेजिंग साधनों में प्रवेश करती है, लिखित सिद्धांत प्रदान करती है जो कंपनी की जोखिम प्रबंधन कार्यनीति के अनुरूप है।

(iii) हेज साधनों को संविदा की शुरूआत में हेजेज के रूप में नामित किया गया है और दस्तावेज बनाया गया है। हेज साधनों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन और मापन चालू आधार पर किया जाता है। नामित हेजिंग साधन के उचित मूल्य में परिवर्तन का प्रभावी हिस्सा 'अन्य व्यापक आय' में 'नकद प्रवाह हेज आरक्षित' के रूप में पहचाना जाता है। अप्रभावी हिस्सा तुरंत लाभ और हानि विवरण से पहचाना जाता है। नकद प्रवाह हेज आरक्षण में जमा राशि को उसी अवधि में लाभ या हानि के लिए पुनः वर्गीकृत किया जाता है, जिसके दौरान हेज की गई वस्तु लाभ या हानि खाते के विवरण को प्रभावित करते हैं। यदि हेज की गई वस्तुत गैर–वित्तीय संपत्ति/देनदारियों की लागत है, तो नकद प्रवाह हेज आरक्षण के रूप में मान्यता–प्राप्त राशि गैर–वित्तीय संपत्ति/देनदारियों की आरंभिक अग्रेनित की जाने वाली राशि में स्थानांतरित की जाती है।

(iv) यदि हेजिंग रिलेशनशिप हेज एमाउंटिंग के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो हेज लेखांकन संभावित रूप से बंद हो जाता है। यदि हेजिंग साधन समाप्त हो जाता है या बेचा जाता है, समाप्त या प्रयोग किया जाता है, तो नकद प्रवाह हेजिंग रिवर्ज में मान्यता प्राप्त हेजिंग उपकरण पर संचयी लाभ या हानि नकद प्रवाह हेज रिजर्व में रहता है जब तक कि हेज प्रभावी न हो। नकद प्रवाह हेज रिजर्व में पहले मान्यता प्राप्त संचयी लाभ या हानि को अंतर्निहित लेनदेन की घटना पर लाभ और हानि के विवरण में स्थानांतरित कर दिया जाता है। यदि पूर्वानुमानित लेनदेन की उम्मीद नहीं की जाती है, तो नकद प्रवाह हेज रिजर्व में जमा राशि को लाभ और हानि के विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाता है।

## 1.24 पट्टे

**पट्टेदार के रूप में**

**क) पट्टे का अभिनिर्धारण**

संविदा के प्रारंभ में कंपनी यह मूल्यांकन करती है कि क्या यह एक संविदा है अथवा इसमें पट्टा अंतर्विष्ट है। एक संविदा, अथवा इसमें पट्टा, में तब पट्टा अंतर्विष्ट होता है यदि संविदा धनराशि के बदले एक निश्चित समयावधि हेतु किसी अभिनिर्धारित परिसम्पत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार प्रदान करती हो।

कंपनी यह मूल्यांकन करती है कि :

(i) संविदा में किसी अभिनिर्धारित परिसिंपत्ति के उपयोग का अधिकार स्पष्ट तौर पर अथवा अंतर्निहित तौर पर शामिल है अथवा नहीं।

(ii) कंपनी के पास सम्पूर्ण उपयोग अवधि के दौरान परिसंपत्ति के उपयोग से अनुभूत होने वाले सभी आर्थिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है; और

(iii) कंपनी के पास परिसंपत्ति के उपयोग का निदेश देने का अधिकार है।

कंपनी पट्टा भुगतान करने के लिए पट्टा देनदारियों और अंतर्निहित परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार का प्रतिनिधित्व करने वाली उपयोग की जाने वाली संपत्ति को मान्यता देती है।

**ख) परिसंपत्ति के उपयोग अधिकार (आरओयू) को प्रारंभिक तौर पर मान्यता प्रदान करना**

कंपनी पट्टे पर ली गई परिसंपत्ति के उपयोग अधिकार को इसके प्रारंभ होने की तारीख (अर्थात यह रेखांकित करने वाली तारीख कि परिसंपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध है) को मान्यता प्रदान करती है। आरओयू परिसंपत्तियों का मापन प्रारंभ में लागत में से किसी संचित मूल्यह्रास और क्षति हानि को घटाकर किया जाता है तथा

इसका समायोजन पट्टा देयताओं के किसी पुनः मापन के लिए किया जाता है। परिसंपत्तियों के उपयोग अधिकार की लागत का निर्धारण मान्यता प्रदान की गई पट्टा देयताओं की धनराशि, इसके प्रारंभ होने की तारीख अथवा इससे पूर्व किए गए किसी पट्टा भुगतानों के लिए समायोजन किया जाता है, और परिसंपत्ति का परिचालन बंद करने अथवा इसे हटाने या रेखांकित परिसंपत्ति अथवा इसके अवस्थिति स्थल का परिचालन पुनः प्रारंभ करने के लिए लागतों के प्राक्कलन पर वहन की गई प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागतों में से किसी प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर किया जाता है।

**ग) परिसंपत्ति के उपयोग अधिकार (आरओयू) का परवर्ती मापन**

आरओयू परिसंपत्तियों का परवर्ती परिशोधन इसके प्रारंभ होने की तारीख से आरओयू परिसंपत्ति की उपयोगिता अवधि की समाप्ति से पूर्व अथवा पट्टा अवधि के समापन पर 'स्ट्रेट लाइन' पद्धति का उपयोग करते हुए किया जाता है। यदि पट्टा अवधि समाप्त होने पर पट्टे पर ली गई परिसंपत्ति का स्वामित्व कंपनी के नाम अंतरित कर दिया जाता है अथवा इसकी लागत में क्रय विकल्प को दर्शाया गया है, तो मूल्यह्रास की गणना परिसंपत्ति की प्राक्कलित उपयोगिता अवधि का उपयोग करके की जाती है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति के उपयोग अधिकार में क्षति हानि, यदि कोई हो, द्वारा आवधिक तौर पर कमी की जाती है और पट्टा देयता के कतिपय पुनः मापन हेतु इसका समायोजन किया जाता है। कृप्या खंड 1.12 'गैर वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि' में लेखांकन नीतियों का संदर्भ ग्रहण करें।

**घ) पट्टा देयता की प्रारंभिक मान्यता**

पट्टा देयताओं का प्रारंभिक मापन पट्टा अवधि में भुगतान किए जाने वाले पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य पर किया जाता है। पट्टा देयताओं के मापन में शामिल पट्टा भुगतानों में निम्नलिखित शामिल हैं :–

(i) नियत भुगतान, जिसमें 'अनिवार्य' नियत भुगतान शामिल हैं;

(ii) विभिन्न पट्टा भुगतान जो किसी सूची या दर पर निर्भर होते हैं;

(iii) अवशेषी मूल्य प्रतिभूति के अंतर्गत भुगतान की जाने वाली संभावित राशि; और

(iv) क्रय विकल्प, विस्तार विकल्प के अधीन मूल्य निर्धारण और समय से पूर्व समापन हेतु शास्तियां, यदि कंपनी इन विकल्पों को अपनाने के लिए युक्तिसंगत तौर पर सुनिश्चित हो।

**ड.) पट्टा देयताओं का परवर्ती मापन**

पट्टा देयताओं में ब्याज प्रोद्भवन और किए गए पट्टा भुगतानों की कमी को दर्शाने के लिए परवर्ती तौर पर वृद्धि की जाती है। इसके अतिरिक्त, यदि पट्टा शर्तों में कोई संशोधन अथवा परिवर्तन किया जाता है, पट्टा भुगतानों में परिवर्तन किया जाता है (अर्थात सूची अथवा ऐसे पट्टा भुगतानों के निर्धारण हेतु उपयोग की जाने वाली दर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भविष्य में किए जाने वाले भुगतानों में परिवर्तन) अथवा अंतर्निहित परिसंपत्ति के क्रय विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किया जाता है, तो इन पट्टा देयताओं की अग्रेनीत राशि का पुनः निर्धारण किया जाता है।

**च) अल्पावधि पट्टे और कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के पट्टे**

कंपनी अपने अल्पावधि पट्टों (अर्थात ऐसे पट्टे जिनकी पट्टा अवधि प्रारंभ होने की तारीख से 12 माह अथवा इससे कम होती है और इनमें क्रय विकल्प नहीं होता) को अल्पावधि पट्टा मान्यता की रियायत प्रदान करती है। कंपनी द्वारा कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के लिए भी मान्यता रियायत प्रदान की जाती है। अल्पावधि पट्टों और कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के पट्टों के पट्टा भुगतान को लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के तौर पर दर्शाया जाता है।

**पट्टेदार के रूप में**

ऐसे पट्टे जिनमें कंपनी किसी परिसंपत्ति स्वामित्व के सभी जोखिमों और लाभों का व्यापक तौर पर अंतरण नहीं करती है, उन्हें प्रचालन पट्टे के तौर पर वर्गीकृत किया जाता है। प्रचालन पट्टों से प्राप्त किराया आय को पट्टा अवधि में 'स्ट्रेट लाइन' आधार पर दर्शाया जाता है।

ऐसे पट्टों को वित्त पट्टों के तौर पर वर्गीकृत किया जाता है, जब स्वामित्व के सभी जोखिमों और लाभों को कंपनी से पट्टेदार को व्यापक तौर पर अंतरित किया जाता है। वित्त पट्टों के अंतर्गत पट्टेदारों से बकाया राशि को प्राप्य के तौर पर दर्शाते हुए वित्त पट्टों की आय को लेखांकन अवधियों में आबंटित किया जाता है ताकि पट्टे के संबंध में निवल निवेश बकाया संबंधी सतत आवधिक प्रतिलाभ दर को दर्शाया जा सके।

**प्राक्कलन एवं अवधारणाएं**

**पट्टे के तौर पर रियायत दर का निर्धारण**

कंपनी पट्टे में अंतर्निहित ब्याज दर का तत्काल निर्धारण नहीं कर सकती और इसलिए कंपनी द्वारा पट्टा देयताओं के मापन हेतु वृद्धि कारक उधार दर का उपयोग किया जाता है। कंपनी अपनी वृद्धि कारक उधार दर का प्राक्कलन करती है, यह वह ब्याज दर होती है जिसका भुगतान कंपनी को समान अवधि के लिए पट्टे भुगतानों के समान धनराशि तथा समान आर्थिक परिवेश में उपलब्ध इनपुट्स (जैसे बाजार ब्याज दर) का उपयोग करते हुए समानांतर आधार पर धनराशि उधार लेने के लिए करना होता है।

## 1.25 अद्यतन लेखांकन घोषणाएं – मानक जारी किए गए परंतु अभी प्रभावी नहीं

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी, 23 मार्च, 2022 की अधिसूचना सं. जीएसआर 255(अ.) के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2022 को अधिसूचित किया है। निम्नलिखित प्रमुख संशोधन हैं:

### इंड एएस 103 – अवधारणात्मक ढांचे का संदर्भ

संशोधन में यह निर्दिष्ट किया गया है कि अधिग्रहण पद्धति को लागू करने के भाग के रूप में मान्यता के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु अर्जित की गई पहचान योग्य संपत्ति और ग्रहण की गई देनदारियों को अधिग्रहण की तारीख में भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी भारतीय लेखा मानकों (वैचारिक ढांचे) के तहत वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए अवधारणात्मक ढांचे में संपत्ति और देनदारियों की परिभाषाओं को पूरा करना चाहिए। ये परिवर्तन इंड एएस 103 की आवश्यकताओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं करते हैं। कंपनी को अपने वित्तीय विवरणों में संशोधन का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव होने की उम्मीद नहीं है।

### इंड एएस 16 – परीक्षण की लागत से अधिक उत्पादित वस्तुओं की निवल बिक्री आय

संशोधन स्पष्ट करते हैं कि परीक्षण की लागत से अधिक उत्पादित वस्तुओं की शुद्ध बिक्री आय की अधिकता, यदि कोई हो, को लाभ या हानि में मान्यता नहीं दी जाएगी, लेकिन संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की लागत के भाग के रूप में मानी जाने वाली प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार लागत से घटाई जाएगी। कंपनी यह अपेक्षा नहीं करती कि संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

### इंड एएस 37 – भारी अनुबंध – अनुबंध को पूरा करने की लागत

संशोधन निर्दिष्ट करते हैं कि किसी अनुबंध को पूरा करने की लागत में वह लागत शामिल होती है जो सीधे अनुबंध से संबंधित होती है। किसी अनुबंध से सीधे संबंधित लागत या तो उस अनुबंध को पूरा करने की वृद्धिशील लागत हो सकती है (उदाहरण के लिए प्रत्यक्ष श्रम, सामग्री) या अन्य लागतों का आबंटन जो सीधे अनुबंधों को पूरा करने से संबंधित हैं। संशोधन अनिवार्य रूप से एक स्पष्टीकरण है और कंपनी को अपने वित्तीय विवरणों में संशोधन का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव होने की उम्मीद नहीं है।

## इंड एएस 109 – इंड एएस (2021) में वार्षिक सुधार

संशोधन स्पष्ट करता है कि वित्तीय दायित्व की मान्यता समाप्त करने के लिए क्या यह आकलन करने के लिए 109 के इंड एएस 109 के '10 प्रतिशत' परीक्षण को लागू करते समय किसी कंपनी में कौन सा शुल्क शामिल है। कंपनी को उम्मीद नहीं है कि संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

## इंड एएस 116 – इंड एएस (2021) में वार्षिक सुधार

संशोधन पट्टा प्रोत्साहनों के उपचार के संबंध में किसी भी संभावित भ्रम को हल करने के लिए पट्टेदार द्वारा लीजहोल्ड सुधारों की प्रतिपूर्ति के चित्रण को हटा देता है, जो कि उस मामले में पट्टा प्रोत्साहनों का वर्णन करने के तरीके के कारण उत्पन्न हो सकता है। कंपनी यह अपेक्षा नहीं करती कि संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

## टिप्पणी–1 खः महत्वपूर्ण लेखांकन निर्णय, अनुमान और पूर्वानुमान

कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन को निर्णय लेने, अनुमान और पूर्वानुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो राजस्व, व्यय, परिसंपत्तियों और देनदारियों की सूचित राशि तथा संबंधित प्रकटनों और समेकित वित्तीय विवरणों की तारीख को आकस्मिक देयताओं/परिसंपत्तियों को प्रभावित करते हैं। अनुमानों और पूर्वानुमानों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है और ये प्रबंधन के अनुभव तथा अन्य तथ्यों पर आधारित होते हैं, जिनमें भावी कार्यक्रमों की अपेक्षाएं शामिल होती हैं जो परिस्थितियों के अंतर्गत उपयुक्त मानी जाती हैं। इन पूर्वानुमानों और अनुमानों के बारे में अनिश्चितता से ऐसे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिनके लिए भावी अवधियों में प्रभावित परिसंपत्तियों का अथवा देनदारियों की राशि का समायोजन करने की आवश्यकता होती है।

विशेष रूप से, कंपनी ने निम्नलिखित क्षेत्रों की पहचान की है जहां महत्वपूर्ण निर्णयों, अनुमानों और पूर्वानुमानों की आवश्यकता होती है। इन प्रत्येक क्षेत्रों पर आगे सूचना, तथा ये विभिन्न लेखांकन नीतियों को किस प्रकार प्रभावित करेंगे, का नीचे तथा वित्तीय विवरणों की संगत टिप्पणियों में उल्लेख किया गया है। अनुमानों में परिवर्तनों की गणना संभावना के आधार पर की जाती है।

### 1. निर्णय

कंपनी की लेखांकन नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णय लिए हैं जिनका समेकित वित्तीय विवरणों में पता लगाई गई राशि पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है :

**1.1 आकस्मिकताएं**

आकस्मिक देयताएं और परिसंपत्तियां, जो कंपनी के खिलाफ दावों के संबंध में व्यवसाय के सामान्य कार्यों से उत्पन्न हो सकती हैं, में कानूनी, संविदाकार, भूमि उपलब्धता और अन्य दावे शामिल होते हैं। अपनी प्रकृति द्वारा आकस्मिकताओं का समाधान तभी किया जाएगा जब एक या अधिक अनिश्चित भावी कार्यक्रम उत्पन्न होंगे या नहीं होंगे। आकस्मिकताओं के मौजूदा तथा संभावित मात्रा के आकलन में महत्वपूर्ण निर्णयों की प्रक्रिया और भावी कार्यक्रमों के निष्कर्षों के संबंध में अनुमानों का उपयोग शामिल होगा।

**2. अनुमान और पूर्वानुमान**

किसी निर्धारित तारीख को भविष्य से संबंधित मुख्य अनुमान तथा अनुमान के अन्य प्रमुख स्रोतों में अनिश्चितता होने से अगले वित्तीय वर्ष में परिसंपत्तियों और देयताओं की राशि का समायोजन करने में पर्याप्त जोखिम होता है, जिसका नीचे उल्लेख किया गया है। कंपनी का अपना अनुमान और पूर्वानुमान समेकित वित्तीय विवरणों के तैयार होने पर उपलब्ध मानदण्डों पर आधारित है। तथापि, भावी विकास के बारे में मौजूदा परिस्थितियों और पूर्वानुमान कंपनी के नियंत्रण से परे उत्पन्न होने वाले बाजार परिवर्तन या परिस्थितियों के कारण बदल सकता है। ऐसे परिवर्तन पूर्वानुमान के होने पर प्रदर्शित होते हैं।

**2.1 कोविड–19 वैश्विक स्वास्थ्य महामारी के संबंध में अनुमान अनिश्चितताएं**

11 मार्च, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नए कोरोना वायरस (कोविड–19) को एक वैश्विक महामारी घोषित किया। इसके प्रसार से अत्यधिक व्यवधान पैदा होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों में मंदी आई है। मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह में कंपनी का संचालन थोड़ा प्रभावित हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार द्वारा कोविड–19 के मद्देनजर लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के कारण बिक्री की मात्रा में मामूली कमी आई।

कंपनी की परिसंपत्तियों जैसे परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण, व्यापार प्राप्य, ऋण/अग्रिम, अमूर्त परिसंपत्तियां, निवेश और अन्य परिसंपत्तियों इत्यादि की अग्रेनीत राशि की वसूली का मूल्यांकन करते समय कंपनी ने इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तारीख तक विभिन्न आंतरिक और बाहय सूचनाओं पर विचार किया और यह निष्कर्ष निकाला कि नकदी प्रवाह संभावनाओं के आधार पर वसूली योग्य है।

कंपनी ने वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर कोविड–19 के संभावित प्रभाव का मूल्यांकन किया है और यह संभावना व्यक्त की है कि दीर्घकालिक आधार पर/परिसंपत्तियों की उपयोगिता अवधि/वित्तीय स्थिति इत्यादि पर कोई दीर्घकालिक आधार पर कारोबार प्रचालन निरंतरता पर कोई उल्लेखनीय प्रभाव नहीं पड़ेग।

**2.2 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति**

कंपनी प्रत्येक सूचित तारीख को यह आकलन करती है कि क्या ऐसा कोई संकेतक है जिससे किसी परिसंपत्ति की हानि का पता लग सके। प्रयुक्त मूल्य का आकलन करने में, अनुमानित भावी प्रवाह को कर–पूर्व छूट दर का प्रयोग करके उनके वर्तमान मूल्य पर अनुमानित भावी नकद प्रवाह की छूट दी जाती है जो धनराशि के समय मूल्य के वर्तमान बाजार अनुमानों तथा परिसंपत्तियों के विशिष्ट जोखिमों को दर्शाता है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए हाल के बाजार लेनदेन को ध्यान में रखा जाता है। यदि ऐसे किसी लेनदेन का पता न चल सके तो एक उपयुक्त मूल्यांकन मॉडल का उपयोग किया जाता है।

**2.3 परिभाषित लाभ योजनाएं**

परिभाषित लाभ योजना की लागत तथा अन्य रोजगार उपरांत लाभ तथा ऐसी बाध्यता के वर्तमान मूल्य को वास्तविक मूल्य का प्रयोग करके निर्धारित किया जाता है। वास्तविक मूल्यांकन में अनेक अनुमान लगाना शामिल होता है जो भविष्य में वास्तविक विकास से भिन्न होते हैं। इनमें छूट दर, भावी वेतन वृद्धि, मूल्य दर तथा भावी पेंशन वृद्धि शामिल होती है। मूल्य में शामिल जटिलताओं तथा इसकी दीर्घावधि प्रकृतिके कारण इन अनुमानों में परिवर्तन लाने के लिए एक निश्चित लाभ बाध्यता अत्यधिक संवेदनशील होती है। प्रत्येक सूचित तारीख को सभी अनुमानों की समीक्षा की जाती है।

**2.4 वित्तीय उपकरणों का उचित मूल्य माप**

जब तुलन–पत्र में दर्ज वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य को सक्रिय बाजार में उद्धृत मूल्यों के आधार पर आंका न जा सकता हो, तो डीसीएफ मॉडल सहित मूल्य तकनीकों का प्रयोग करके उनके उचित मूल्य को आंका जाता है। इन मॉडलों के इनपुट को जहां संभव हो, सक्रिय बाजार से लिया जाता है, लेकिन जहां ऐसा संभव न हो, वहां उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए निर्णय लेने की क्षमता की आवश्यकता होती है। निर्णयमें परिसंपत्ति जोखिम, ऋण जोखिम तथा अस्थिरता जैसे इनपुट की आवश्यकता होती है। इन तथ्यों के बारे में पूर्वानुमानों में परिवर्तन से वित्तीय प्रणाली का सूचित उचित मूल्य प्रभावित हो सकता है।

**2.5 वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति**

वित्तीय परिसंपत्तियों का क्षति प्रावधान डिफॉल्ट के जोखिम तथा संभावित हानि दरों के अनुमान पर आधारित होता है। कंपनी पूर्वानुमान लगाने तथा क्षति का हिसाब लगाने के इनपुट का चयन करने का निर्णय लेती है जिसमें कंपनी का पिछला विवरण, मौजूदा बाजार स्थिति तथा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में भावी अनुमान लगाना शामिल होता है। सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों या संबद्ध कंपनियों में निवेश की क्षति का अनुमान नकद प्रवाह में छूट देकर, नकद प्रवाह/निवल परिसंपत्ति मूल्य विधि, बाहरी एजेंसियों की मूल्य रिपोर्ट, निवेश करने वाली कंपनी के पिछले विवरण आदि पर आधारित होता है।

## टिप्पण: 2 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | | हानि | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | अंतरित आरओयूए | वर्ष के दौरान वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/ निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | अंतरित आरओयूए | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| संपत्ति, संयंत्र और उपकरण | | | | | | | | | | | | | | | |
| भूमि : फ्रीहोल्ड | 568.91 | | 25.73 | 39.12 | - | 633.76 | - | | - | - | - | - | | - | 633.76 |
| भवन : कार्यालय/अन्य | 1,087.40 | | 4.83 | 98.54 | (0.32) | 1,190.45 | 226.24 | | 37.90 | (0.11) | 264.03 | - | | - | 926.42 |
| भवन : आवासीय | 334.83 | | 0.60 | 27.01 | (0.01) | 362.43 | 66.95 | | 10.59 | - | 77.54 | - | | - | 284.89 |
| बंक हाउस | 2.81 | | 0.89 | 0.05 | - | 3.75 | 2.37 | | 0.26 | - | 2.63 | - | | - | 1.12 |
| संयंत्र और मशीनरी | 44,111.40 | | 350.40 | 3,919.44 | (85.79) | 48,295.45 | 8,896.74 | | 1,814.38 | (17.74) | 10,693.38 | 458.12 | (46.05) | 412.07 | 37,190.00 |
| रेलवे लाइन और साइडिंग | 2.39 | | 4.31 | - | - | 6.70 | 0.24 | | 0.64 | - | 0.88 | - | | - | 5.82 |
| विद्युत उपकरण | 412.09 | | 18.08 | 28.16 | (10.39) | 447.94 | 230.24 | | 43.87 | (9.27) | 264.84 | 0.04 | | 0.03 | 183.07 |
| फर्नीचर और फिक्स्चर | 162.76 | | 9.71 | 2.29 | (4.70) | 170.06 | 71.21 | | 16.24 | (3.58) | 83.87 | - | | - | 86.19 |
| कार्यालय उपकरण | 307.31 | | 5.20 | 23.41 | (2.87) | 333.05 | 183.56 | | 39.25 | (2.51) | 220.30 | 0.01 | | 0.01 | 112.74 |
| अन्य उपकरण | 232.29 | | 35.84 | 5.99 | (17.21) | 256.91 | 112.96 | | 34.94 | (15.22) | 132.68 | 0.02 | | 0.02 | 124.21 |
| परिवहन उपकरण | 9.44 | | 0.01 | - | - | 9.45 | 4.86 | | 0.82 | (0.01) | 5.67 | - | | - | 3.78 |
| ईएंडपी परिसंपत्तियां | | | | | | | | | | | | | | | |
| उत्पादक संपत्ति | 1,962.63 | | 2.24 | 13.13 | 33.31 | 2,011.31 | 990.76 | | 147.19 | 19.09 | 1,157.04 | - | | - | 854.27 |
| सहायता उपकरण और सुविधाएं | 4.91 | | - | 1.33 | - | 6.24 | 2.05 | | 0.36 | 0.01 | 2.42 | - | | - | 3.82 |
| **कुल** | **49,199.17** | **-** | **457.82** | **4,158.47** | **(87.96)** | **53,727.50** | **10,788.18** | **-** | **2,146.44** | **(29.34)** | **12,905.28** | **458.19** | **(46.05)** | **412.13** | **40,410.09** |

## टिप्पण: 2 – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | | हानि* | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2020 को | अंतरित आरओयूए | वर्ष के दौरान वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | इंड एएस 116 के परिवर्तन का प्रभाव | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| संपत्ति, संयंत्र और उपकरण | | | | | | | | | | | | | | | |
| भूमि : फ्रीहोल्ड | 505.63 | | 10.99 | 52.36 | (0.07) | 568.91 | - | | - | - | - | - | | - | 568.91 |
| भूमि : लीजहोल्ड | 287.03 | (287.03) | - | - | - | - | 17.75 | (17.75) | - | - | - | - | - | - | - |
| भवन : कार्यालय/अन्य | 1,011.98 | | 1.67 | 73.82 | (0.07) | 1,087.40 | 189.44 | | 36.85 | (0.05) | 226.24 | - | | - | 861.16 |
| भवन : आवासीय | 323.47 | | 0.29 | 11.06 | 0.01 | 334.83 | 56.17 | | 10.78 | 0.01 | 66.95 | - | | - | 267.88 |
| बंक हाउस | 2.46 | | 0.36 | - | (0.01) | 2.81 | 1.82 | | 0.55 | - | 2.37 | - | | - | 0.44 |
| संयंत्र और मशीनरी | 40,347.66 | | 361.94 | 3,424.20 | (22.40) | 44,111.40 | 7,229.06 | | 1,674.75 | (7.08) | 8,896.74 | 451.90 | 6.22 | 458.12 | 34,756.54 |
| रेलवे लाइन और साइडिंग | 0.34 | | 2.05 | - | - | 2.39 | 0.07 | | 0.17 | - | 0.24 | - | | - | 2.15 |
| विद्युत उपकरण | 403.61 | | 18.75 | 6.76 | (17.03) | 412.09 | 197.49 | | 48.15 | (15.40) | 230.24 | 0.03 | | 0.04 | 181.81 |
| फर्नीचर और फिक्स्चर | 157.27 | | 9.28 | 0.92 | (4.71) | 162.76 | 59.66 | | 15.54 | (3.99) | 71.21 | - | | - | 91.55 |
| कार्यालय उपकरण | 256.15 | | 36.14 | 25.40 | (10.38) | 307.31 | 157.87 | | 34.85 | (9.16) | 183.56 | 0.01 | | 0.01 | 123.74 |
| अन्य उपकरण | 209.98 | | 30.25 | 7.45 | (15.39) | 232.29 | 95.49 | | 31.03 | (13.56) | 112.96 | 0.02 | | 0.02 | 119.31 |
| परिवहन उपकरण | 9.45 | | 0.12 | - | (0.13) | 9.44 | 4.06 | | 0.92 | (0.12) | 4.86 | - | | - | 4.58 |
| ईएंडपी परिसंपत्तियां | - | | - | - | - | - | - | | - | - | - | - | | - | - |
| उत्पादक संपत्ति | 1,980.77 | | 84.42 | - | (102.56) | 1,962.63 | 872.25 | | 133.61 | (15.10) | 990.76 | - | | - | 971.87 |
| सहायता उपकरण और सुविधाएं | 4.84 | | 0.07 | - | - | 4.91 | 1.69 | | 0.36 | - | 2.05 | - | | - | 2.86 |
| **कुल** | **45,500.64** | **(287.03)** | **556.33** | **3,601.97** | **(172.74)** | **49,199.17** | **8,882.82** | **(17.75)** | **1,987.56** | **(64.45)** | **10,788.18** | **451.96** | **6.22** | **458.19** | **37,952.80** |

## टिप्पण : 2क – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए उपयोग का अधिकार

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | पीपीई से अंतरित | वर्ष के दौरान वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/ निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | पीपीई से अंतरित | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| **उपयोग का अधिकार परिसंपत्तियां** | | | | | | | | | | | | |
| भूमि : लीजहोल्ड | 343.34 | | 60.96 | 3.59 | (2.24) | 405.65 | 34.52 | - | 21.52 | (1.91) | 54.13 | 351.52 |
| भवन : लीजहोल्ड | 80.22 | - | 23.76 | - | (24.75) | 79.23 | 38.40 | | 24.09 | (24.99) | 37.50 | 41.73 |
| संयंत्र और मशीनरी: लीज़होल्ड | 543.46 | - | 871.55 | - | (0.13) | 1,414.88 | 16.67 | | 194.11 | (8.45) | 202.33 | 1,212.55 |
| वाहन: लीजहोल्ड | 37.76 | - | 17.14 | - | (15.34) | 39.56 | 8.32 | | 18.68 | (7.00) | 20.00 | 19.56 |
| **कुल** | **1,004.78** | **-** | **973.41** | **3.59** | **(42.46)** | **1,939.32** | **97.91** | **-** | **258.40** | **(42.35)** | **313.96** | **1,625.36** |

## टिप्पण : 2क – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए उपयोग का अधिकार

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2020 को | पीपीई से अंतरित | वर्ष के दौरान वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/ निपटान | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | पीपीई से अंतरित | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| **उपयोग का अधिकार परिसंपत्तियां** | | | | | | | | | | | | |
| भूमि : लीजहोल्ड | - | 287.03 | 19.76 | 37.16 | (0.61) | 343.34 | - | 17.75 | 17.19 | (0.42) | 34.52 | 308.82 |
| भवन : लीजहोल्ड | 78.04 | | 14.47 | (0.09) | (12.20) | 80.22 | 22.89 | | 27.37 | (11.86) | 38.40 | 41.82 |
| संयंत्र और मशीनरी: लीज़होल्ड | 221.11 | | 534.22 | - | (211.87) | 543.46 | 6.42 | | 104.81 | (102.90) | 8.33 | 535.13 |
| वाहन: लीजहोल्ड | 28.94 | | 12.72 | - | (3.90) | 37.76 | 115.39 | | 13.33 | (112.05) | 16.67 | 21.09 |
| **कुल** | **328.09** | **287.03** | **581.17** | **37.07** | **(228.58)** | **1,004.78** | **144.70** | **17.75** | **162.70** | **(227.23)** | **97.92** | **906.86** |

## टिप्पणः 3 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए कार्यशील पूंजी

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | प्रावधान और हानि** | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जमा | वर्ष के दौरान पूंजीकरण | सेवानिवृत्ति/ स्थानांतरण | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| **क. मूर्त** | | | | | | | | | |
| संयत्र और मशीनरी लाइनपाइप निर्माण और संबंधित सुविधाएं | 8,588.20 | 5,352.40 | (4,047.33) | (53.23) | 9,840.04 | 10.76 | 0.29 | 11.05 | 9,828.99 |
| प्रेषण/प्राप्ति टर्मिनल | 38.95 | 3.21 | (0.08) | - | 42.08 | - | - | - | 42.08 |
| कंप्रेसर स्टेशन | 0.91 | 3.99 | (0.53) | - | 4.37 | - | - | - | 4.37 |
| दूरसंचार/टेलीसुपरवाइजरी प्रणाली | 3.65 | (0.87) | (0.75) | - | 2.03 | - | - | - | 2.03 |
| अन्य | 394.83 | 391.42 | (277.99) | (0.08) | 508.18 | - | - | - | 508.18 |
| पेट्रोरसायन | 67.69 | 193.57 | (13.15) | - | 248.11 | - | - | - | 248.11 |
| खोजे जा रहे कुएं | 268.83 | (1.66) | (9.11) | - | 258.06 | 194.50 | (3.30) | 191.20 | 66.86 |
| चल रहा विकास | 252.72 | 345.58 | (5.35) | - | 592.95 | 14.95 | (0.76) | 14.19 | 578.76 |
| रेलवे साइडिंग | - | - | - | - | - | - | 0.02 | - | - |
| भवन | 38.94 | 15.56 | (41.42) | (0.02) | 13.06 | 5.28 | - | 5.28 | 7.78 |
| लाइनपाइप, स्टॉक/ मार्गस्थ में पूंजीगत वस्तुएं | 3,994.82 | 221.90 | (9.38) | - | 4,207.34 | 14.09 | (7.65) | 6.44 | 4,200.90 |
| **ख. अमूर्त** | 0.22 | 2.28 | (0.16) | - | 2.34 | - | - | - | 2.34 |
| **कुल** | **13,649.76** | **6,527.38** | **(4,405.25)** | **(53.33)** | **15,718.56** | **239.58** | **(11.40)** | **228.16** | **15,490.40** |

## टिप्पणः 3 – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए कार्यशील पूंजी

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | प्रावधान और हानि** | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के दौरान जमा | वर्ष के दौरान पूंजीकरण | सेवानिवृत्ति/ स्थानांतरण | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| **क. मूर्त** | | | | | | | | | |
| संयत्र और मशीनरी लाइनपाइप निर्माण और संबंधित सुविधाएं | 7,388.50 | 4,053.63 | (3,846.25) | 992.32 | 8,588.20 | 106.27 | (95.52) | 10.76 | 8,577.44 |
| प्रेषण/प्राप्ति टर्मिनल | 35.13 | 3.82 | - | - | 38.95 | - | - | - | 38.95 |
| कंप्रेसर स्टेशन | 24.72 | 2.71 | (26.52) | - | 0.91 | - | - | - | 0.91 |
| दूरसंचार/टेलीसुपरवाइजरी प्रणाली | 2.87 | 1.51 | (0.73) | - | 3.65 | - | - | - | 3.65 |
| अन्य | 240.25 | 298.28 | (143.64) | (0.06) | 394.83 | - | - | - | 394.83 |
| पेट्रोरसायन | 49.05 | 67.58 | (48.94) | - | 67.69 | - | - | - | 67.69 |
| खोजे जा रहे कुएं | 259.78 | 9.05 | - | - | 268.83 | 169.45 | 25.04 | 194.50 | 74.33 |
| चल रहा विकास | 139.19 | 113.53 | - | - | 252.72 | 13.27 | 1.68 | 14.95 | 237.77 |
| भवन | 36.97 | 40.09 | (38.12) | - | 38.94 | 5.28 | - | 5.28 | 33.66 |
| लाइनपाइप, स्टॉक/ मार्गस्थ में पूंजीगत वस्तुएं | 3,854.71 | 1,141.12 | (0.16) | (1,011.37) | 3,984.30 | 15.73 | (1.64) | 14.09 | 3,970.21 |
| **ख. अमूर्त** | 0.42 | 0.32 | (0.42) | (0.10) | 0.22 | - | - | - | 0.22 |
| **कुल** | **12,031.59** | **5,731.64** | **(4,104.78)** | **(19.21)** | **13,639.24** | **310.00** | **(70.44)** | **239.58** | **13,399.66** |

## टिप्पणः 4 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए अमूर्त परिसंपत्तियां

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जमा | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| **अमूर्त परिसंपत्ति** | | | | | | | | | | |
| संपत्ति के उपयोग का अधिकार | 2,236.24 | 33.99 | 213.63 | - | 2,483.86 | 0.22 | - | - | 0.22 | 2,483.64 |
| सॉफ्टवेयर/लाइसेंस | 176.72 | 5.81 | 10.57 | (6.55) | 186.55 | 112.06 | 28.04 | (6.52) | 133.58 | 52.97 |
| **कुल** | **2,412.96** | **39.80** | **224.20** | **(6.55)** | **2,670.41** | **112.28** | **28.04** | **(6.52)** | **133.80** | **2,536.61** |

## टिप्पणः 4 – 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए अमूर्त परिसंपत्तियां

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के दौरान जमा | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2021 को | 1 अप्रैल 2020 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2021 को | 31 मार्च 2021 को |
| **अमूर्त परिसंपत्ति** | | | | | | | | | | |
| संपत्ति के उपयोग का अधिकार | 1,797.01 | (1.42) | 440.66 | (0.01) | 2,236.24 | 0.22 | - | - | 0.22 | 2,236.02 |
| सॉफ्टवेयर/लाइसेंस | 169.48 | 8.86 | 0.69 | (2.31) | 176.72 | 85.91 | 27.96 | (1.81) | 112.06 | 64.66 |
| **कुल** | **1,966.49** | **7.44** | **441.35** | **(2.32)** | **2,412.96** | **86.13** | **27.96** | **(1.81)** | **112.28** | **2,300.68** |

## 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

### टिप्पणी : 5 – इक्विटी पद्धति के अनुसार लेखांकित निवेश

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | | 31 मार्च, 2021 के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| (क) | **संयुक्त उद्यम कंपनियों में :**<br>अनुद्धृत निवेश (इक्विटी शेयर) | | | | |
| 1 | –सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | 1,50,00,000<br>(₹10 प्रत्येक) | 131.41 | 1,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 105.91 |
| 2 | –ग्रीन गैस लिमिटेड | 2,30,47,250<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 258.68 | 2,30,42,250<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 229.62 |
| 3 | –महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड | 2,25,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 247.07 | 2,25,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 185.73 |
| 4 | –अवंतिका गैस लिमिटेड<br>(₹ 29/– प्रति शेयर के प्रीमियम में आबंटित 70,57,038 इक्विटी शेयरों सहित) | 2,95,57,038<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 165.19 | 2,95,57,038<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 136.57 |
| 5 | –भाग्यनगर गैस लिमिटेड<br>(₹ 40/– प्रति शेयर के प्रीमियम में आबंटित 2,11,50,000 इक्विटी शेयरों सहित) | 4,36,50,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 195.14 | 4,36,50,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 173.54 |
| 6 | –वडोदरा गैस लिमिटेड | 12,01,46,774<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 141.39 | 12,01,46,774<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 136.40 |
| 7 | –तालचर फर्टीलाइजर्स लिमिटेड | 80,54,80,825<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 798.02 | 53,54,80,423<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 530.38 |
| 8 | –तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड | 8,25,025<br>(यूएस डॉलर 10 प्रत्येक) | 49.32 | 8,25,025<br>(यूएस डॉलर 10 प्रत्येक) | 48.32 |
| 9 | –इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड | 8,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 82.31 | 6,10,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 57.92 |
| | **गेल गैस लिमिटेड के माध्यम से** | | | | |
| 10 | –आंध्र प्रदेश गैस वितरण निगम लिमिटेड | 3,83,70,849<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 58.08 | 3,83,70,849<br>(₹10 प्रत्येक) | 30.81 |
| 11 | –केरल गेल गैस लिमिटेड | 5,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | - | 5,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 2.05 |
| 12 | –राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड | 650,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 71.70 | 650,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 68.44 |
| 13 | –हरिद्वार नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड | 2,22,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 21.82 | 2,22,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 20.15 |
| 14 | –गोवा नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड | 2,63,80,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 31.62 | 1,75,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 25.99 |
| 15 | –पूरबा भारती गैस प्राइवेट लिमिटेड | 2,60,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 26.07 | 2,60,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 25.81 |
| | **कुल (क)** | | **2,277.82** | | **1,777.64** |
| (ख) | **संबद्ध कंपनियों में :**<br>**उद्धृत निवेश (इक्विटी शेयर)** | | | | |
| 1 | –चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड चीन<br>(प्रति शेयर एचके डॉलर 1.148 के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 15,00,00,000<br>(एचके डॉलर 0.01 प्रत्येक) | 1,314.28 | 15,00,00,000<br>(एचके डॉलर 0.01 प्रत्येक) | 1,117.41 |
| 2 | –इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड<br>(11 नवम्बर, 2017 को 5:1 के अनुपात में विभाजित शेयर) | 15,75,00,000<br>(₹ 2 प्रत्येक) | 1,706.86 | 15,75,00,000<br>(₹ 2 प्रत्येक) | 1,420.79 |
| 3 | –पेट्रोनेट एलएनजी लि० (पीएलएल)<br>(05 जुलाई, 2017 को प्रति शेयर ₹ 5/– के प्रीमियम पर 1,00,00,000 इक्विटी शेयर सहित, 1:1 बोनस जारी हैं) | 18,75,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 1,678.18 | 18,75,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 1,465.65 |
| 4 | –महानगर गैस लिमिटेड | 3,21,02,750<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 1,169.13 | 3,21,02,750<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 1,050.52 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | | 31 मार्च, 2021 के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| | **अनुद्धृत निवेश (इक्विटी शेयर)** | | | | |
| 1 | –ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड | 99,49,45,000 (₹ 10 प्रत्येक) | - | 99,49,45,000 (₹ 10 प्रत्येक) | - |
| 2 | –फेयम गैस कंपनी (प्रति शेयर 478.95 एलई के प्रीमियम पर प्राप्त) | 19,000 (एलई 100 प्रत्येक) | 17.37 | 19,000 (एलई 100 प्रत्येक) | 13.53 |
| 3 | –ब्रह्मपुत्र कैकर एंड पॉलीकर लिमिटेड | 99,23,69,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 2,296.55 | 99,23,69,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 1,967.88 |
| 4 | –रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड | 27,03,04,320 (₹ 10 प्रत्येक) | 141.57 | 24,61,90,510 (₹ 10 प्रत्येक) | 229.32 |
| 5 | ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी लिमिटेड | 29,12,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 375.71 | | - |
| | **एलएलसी की सदस्यता/भागीदारी हित में – गैर–उद्धृत** | | | | |
| 1 | एलएलसी भारत ऊर्जा कार्यालय (20% भागीदारी हित) | | 0.71 | | - |
| | **कुल(ख)** | | **8,700.36** | | **7,265.10** |
| | **इक्विटी पद्धति के अनुसार लेखांकित कुल निवेश (क+ख)** | | **10,978.18** | | **9,042.74** |

## टिप्पणी 5क –अन्य गैर–वर्तमान निवेश

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | | 31 मार्च, 2021 के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| **क)** | **उद्धृत इक्विटी शेयर (ओआईसी के माध्यम से उचित मूल्य** | | | | |
| 1 | गुजरात इंडस्ट्रिज पावर कंपनी लिमिटेड (₹ 15/– रूपए प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त ₹ 1,90,200 के इक्विटी शेयर सहित) | 5,70,600 (₹ 10 प्रत्येक) | 4.19 | 5,70,600 (₹ 10 प्रत्येक) | 4.32 |
| 2 | –ऑयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड (1999–2000 के दौरान ₹ 10/– के 3,42,66,845 शेयर ₹ 162.34 प्रति शेयर मूल्य पर प्राप्त, वर्ष 2006–07 के दौरान प्रत्येक ₹ 10/– के 1,71,33,422 बोनस शेयर प्राप्त, वर्ष 2010–11 के दौरान प्रत्येक ₹ 10/– के 5,14,00,267 इक्विटी शेयरों को प्रत्येक ₹ 5/– के इक्विटी शेयरों में तथा ₹ 5/– के जारी 1:1 बोनस में बांटा गया, इसके बाद वर्ष 2016–17 के दौरान 1:2 इक्विटी शेयरों के बोनस इश्यू प्राप्त हुए हैं)। | 30,84,01,602 (₹ 5 प्रत्येक) | 5,054.70 | 30,84,01,602 (₹ 5 प्रत्येक) | 3,150.32 |
| **ख)** | **अनुद्धृत इक्विटी शेयर (ओसीआई के माध्यमसे उचित मूल्य)** | | | | |
| 1 | –साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन लिमिटेड | 8,347 (यूएस डॉलर 1 प्रत्येक) | 168.27 | 8,347 (यूएस डॉलर 1 प्रत्येक) | 192.76 |
| 2 | –गुजरात स्टेट एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड | 2,07,60,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 8.98 | 2,07,60,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 9.12 |
| 3 | –नेचुरल गैस कंपनी 'नेट गैस'* | 30,00,000 (एलई 100 प्रत्येक) | 37.66 | 30,00,000 (एलई 100 प्रत्येक) | 36.41 |
| 4 | –इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड | 36,93,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.85 | 36,93,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.69 |
| 5 | एडवर्ब टेक्नोलाजिज प्रा. लिमिटेड (₹ 2,574.06 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | ... | - | 2,902 (₹ 10 प्रत्येक) | 11.45 |
| **ग)** | **अनुद्धृत वरीयता शेयर** | | | | |
| 1 | –आंध्र प्रदेश गैस डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड (एपीजीडीसीएल) ₹ 10 प्रत्येक पूर्ण प्रदत्त के 9: संचयी अनिवार्य परिवर्तनीय वरीयता शेयर | 10,00,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 100.00 | 10,00,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 100.00 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | | 31 मार्च, 2021 के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| **ध)** | **–लागत स्टार्ट–अप कंपनियों पर अनुद्धृत इक्विटी शेयर** | | | | |
| 1 | –जेवी फूडवर्क्स प्रा. लिमिटेड (₹ 5,524.49 प्रति शेयर के प्रीमियम पर 180 इक्विटी शेयर अधिग्रहित किए गए और ₹ 4,459.27 प्रति शेयर के प्रीमियम पर 2,909 इक्विटी शेयर अधिग्रहित किए गए) | 3,854 (₹ 10 प्रत्येक) | - | 3,854 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.59 |
| 2 | –भगवानदास रिटेल प्रा. लिमिटेड (₹ 8,976 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 467 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.42 | 467 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.42 |
| 3 | –एटेंटिव एआई सोल्यूशंस प्रा. लिमिटेड (₹ 10,790 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | ... | - | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.20 |
| 4 | –टाचे टेक्नोलॉजिज प्रा. लिमिटेड (₹ 890.98. प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,307 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.12 | 1,307 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.12 |
| 5 | –क्षुमत एनर्जी प्रा. लिमिटेड (₹ 5,990 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 2,499 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 | 2,499 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 |
| 6 | –सर्वोदय इंफोटेक प्रा. लिमिटेड (₹ 2,240.23 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 5,555 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.25 | 5,555 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.25 |
| 7 | –परसेपियन इनोवेशंस प्रा. लिमिटेड (₹ 3,79,994.18 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 52 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.98 | 52 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.98 |
| 8 | –टिचीजुनो स्पेशियलिटी टायर्स प्रा. लिमिटेड (₹ 13,418.57 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 2,234 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.00 | 2,234 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.00 |
| 9 | –वीडीटी पाइपलाइन सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड (₹ 22,490 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.50 | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.50 |
| 10 | –फेदरडाइन प्राइवेट लिमिटेड (₹ 8,490 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,764 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 | 1,411 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.20 |
| 11 | –आरडी ग्रो ग्रीन इंडिया प्रा0 लिमिटेड (₹ 752.72 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 10,095 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.77 | 10,095 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.77 |
| 12 | –जुनिक एनर्जिज प्रा. लिमिटेड (₹ 8,387.14 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,190 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 | 1,190 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 |
| 13 | –वासिटर्स प्रा. लिमिटेड (₹ 3,250 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 2,453 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.80 | 2,453 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.80 |
| 14 | –जिओ क्लाइमेट रिस्क सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड (₹ 17,990 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.00 | 888 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.60 |
| 15 | –आईआरओवी टेक्नोलॉजी प्रा0 लि0 (₹ 15,740 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,904 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.00 | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.75 |
| 16 | –आर्कटरस बिजनेस सॉल्यूश्ज्ञन प्रा. लिमिटेड (₹ 1,037.14 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 9,549 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 | 9,549 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 |
| 17 | –क्रिया लेब्स प्रा. लिमिटेड (₹ 1,000 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 5,940 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.60 | 5,940 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.60 |
| 18 | –क्वानटिओन पावरट्रेन प्रा. लिमिटेड (₹ 1,249.26 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 25,808 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.25 | 19,852 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.50 |
| 19 | –प्रायोगिक टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड (₹ 286.30 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 20,248 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.60 | 10,124 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.30 |
| 20 | –याली मोबिलिटी प्रा. लिमिटेड (₹ 11,728.21 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,073 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.26 | 681 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.80 |
| 21 | –सेलेट्रिक ऑटोमोटिव ड्राइव्य प्रा. लिमिटेड (₹ 13,322.34 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,770 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.36 | 1,582 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.11 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | | 31 मार्च, 2021 के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| 22 | –ओरक्सा एनर्जिज प्रा. लिमिटेड (₹ 3,631.33 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 14,033 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.11 | 14,033 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.11 |
| 23 | –पीआई बीम लेब्स प्रा. लिमिटेड (₹ 14,319.45 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 3,489 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 | 3,489 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 |
| 24 | –क्लीनर्जी टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (₹ 14,319.45 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,290 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.50 | 903 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.35 |
| 25 | –जोंटा इंफ्राटेक प्रा. लिमिटेड (₹ 9,018.78 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 5,537 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 | | - |
| 26 | –सीईआईडी कंसल्टेंट्स एंड इंजीनियरिंग प्रा. लिमिटेड (₹ 555.70 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 88,386 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 | | - |
| 27 | –एलआर एनर्जी वृंदावन प्रा. लिमिटेड | 8,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.80 | | - |
| | **वरीयता शेयर (गैर–उद्धृत, लागत पर)** | | | | |
| 1 | एडवर्ब टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड | | | 725 (₹ 100 प्रत्येक) | - |
| **ड़)** | **लागत पर गैर–उद्धृत इक्विटी शेयर (सहकारी समितियां)** | | | | |
| 1 | –ग्रीन फील्ड (बी) को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मुंबई (₹ 2,750/–) | 40 (₹ 50 प्रत्येक) | - | 40 (₹ 50 प्रत्येक) | - |
| 2 | – एविलियन ग्रीनफील्ड्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मुंबई (₹ 250/–) | 5 (₹ 50 प्रत्येक) | - | 5 (₹ 50 प्रत्येक) | - |
| 3 | – सूरज हाइट्स ए को–ऑपरेटिंग हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मुंबई (₹ 1,500/–) | 15 (₹ 50 प्रत्येक) | - | 15 (₹ 50 प्रत्येक) | - |
| | **कुल अन्य निवेश** | | **5,429.97** | | **3,546.52** |

**टिप्पणियां :**

| | | |
|---|---|---|
| उद्धृत निवेशों की औसत राशि | | |
| –बही मूल्य (वहन मूल्य पर) | 10,927.34 | 8,209.01 |
| –बाजार मूल्य | 18,329.05 | 23,636.85 |
| अनुद्धृत निवेश की औसत राशि (वहन मूल्य पर) | 5,480.81 | 4,380.25 |

क) सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों/संबद्ध कंपनियों में से, कुछ शेयर गेल सहित संयुक्त रूप से गेल कर्मचारियों के नाम पर हैं।

ख) निवेश का मूल्य लेखांकन नीति सं. 1.23 के अनुसार टिप्पणी सं.1 में दिया गया है।

ग) सहायक कंपनी, सम्बद्ध और संयुक्त उद्यमों के अलावा निवेश का मूल्य प्रत्येक तुलन–पत्र की तारीख को ओसीआई के जरिए उचित मूल्य पर लगाया गया है।

घ) वर्ष के दौरान स्टार्ट–अप कंपनियों में किए गए निवेश और इसके उचित मूल्य को बही मूल्य के बराबर माना जाता है।

## टिप्पणी 5ख – वर्तमान निवेश

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2022 के अनुसार | | 31 मार्च, 2021 के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | निवेश की प्रकृति | राशि | निवेश की प्रकृति | राशि |
| | उद्धृत निवेश<br>म्यूचुअल फंड में निवेश<br>(लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा गया) | म्यूचुअल फंड | - | - | 468.48 |
| | **कुल** | | **-** | | **468.48** |
| | **प्रारंभिक** | | 468.48 | | - |
| | वर्ष के दौरान आबंटन/निवेश | | 12,104.94 | | 8,733.00 |
| अन्य | 1,731.75 | 668.68 | 281.24 | 2,119.19 |
| **कुल** | **6,969.44** | **1,006.43** | **316.53** | **7,659.34** |

(v) कुछ ग्राहकों ने गैस की आपूर्ति नहीं करने के लिए जहाज या भुगतान शुल्क/परिणामी नुकसान के लिए ₹ 12,184 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 10,014 करोड़) की राशि के प्रति दावे प्रस्तुत किए हैं। मामला 2016 से न्यायाधीन है।

(vi) लेखापरीक्षित/गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के आधार पर समूह कंपनियों की आकस्मिक देयताओं में हिस्सा:–

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | 2021–22 | 2020–21 |
|---|---|---|---|
| क) | सहायक कंपनियां | 1,835.99 | 7,483.38 |
| ख) | संयुक्त उद्यम | 232.57 | 162.76 |
| ग) | संबद्ध कंपनियां | 2,932.80 | 712.38 |

**(ख) कॉर्पोरेट गारंटी**

कंपनी ने ऋण जुटाने के लिए संबंधित पक्षों की ओर से ₹ 4,361.27 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 3,759.00 करोड़) की कॉर्पोरेट गारंटी जारी की है। इन कॉर्पोरेट गारंटियों के तहत 31 मार्च, 2022 तक बकाया ऋणों की राशि ₹ 1,166.27 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 1,140.72 करोड़) है।

## II. प्रतिबद्धताएं:

**(क) पूंजीगत प्रतिबद्धताः**

31 मार्च 2022 को पूंजी खाते पर निष्पादित की जाने वाली संविदाओं की अनुमानित राशि (कर और अग्रिमों के निवल सहित) ₹ 6,891.28 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 7,094.70 करोड) है।

(ख) समूह कंपनियों के लेखापरीक्षित/गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के आधार पर प्रदान नहीं किए गए पूंजी खाते पर निष्पादित की जाने वाली शेष संविदाओं की अनुमानित राशि में कंपनी का हिस्साः–

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | 2021–22 | 2020–21 |
|---|---|---|---|
| क) | सहायक कंपनियां | 3,214.30 | 2,960.38 |
| ख) | संयुक्त उद्यम | 3,969.04 | 3,095.82 |
| ग) | संबद्ध कंपनियां | 1,040.22 | 1,486.46 |

**(ग) पट्टा प्रतिबद्धताएं:**

कंपनी के पास विभिन्न पट्टा संविदाएं हैं जो अभी तक 31 मार्च 2022 तक शुरू नहीं हुई हैं। इन गैर–रद्द करने योग्य पट्टा संविदाओं के लिए भावी पट्टे के भुगतान इस प्रकार हैं:

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|
| एक वर्ष के भीतर | 0.00 | 0.77 |
| एक वर्ष के बाद लेकिन पांच वर्ष से अधिक नहीं | 0.00 | 0.83 |
| **कुल** | **0.00** | **1.60** |

**(घ) अन्य प्रतिबद्धताएं:**

(i) कंपनी के पास सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों, संबद्ध कंपनियों और अन्य कंपनियों में ऋण के आगे निवेश और वितरण के लिए 4,559.88 करोड़ (पिछले वर्षः 3,535.19 करोड) की प्रतिबद्धता है। उपरोक्त में बोर्ड द्वारा 31 मार्च, 2022 को हुई अपनी बैठक में अनुमोदित ₹ 190/– प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर प्रत्येक कंपनी के अंकित मूल्य ₹ 10/– के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों के 5,69,85,463 के बायबैक के लिए ₹ 1,321.71 करोड़ (बायबैक कर सहित) शामिल हैं।

(ii) मूल कंपनी द्वारा ईएंडपी संयुक्त उद्यमों के संबंध में विभिन्न उत्पादन शेयरिंग संविदाओं/राजस्व शेयरिंग संविदाओं के तहत किए गए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के भाग के प्रति प्रतिबद्धता ₹ 63.59 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 61.52 करोड़) है।

(iii) कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी), भारत सरकार द्वारा जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के साथ छह भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए अधिकृत किया गया है। इसके लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) (उपलब्धि बनाम लक्ष्य) का विवरण निम्नानुसार है:

| नगर | समापन तारीख – संशोधित लक्ष्य तारीख | एमडब्ल्यूपी लक्ष्य (पांच वर्ष) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पीएनजीआरबी – एमडब्ल्यूपी कुल पाइपलाइन इंच कि.मी. में | 31 मार्च, 2022 तक संचयी उपलब्धि (पाइपलाइन इंच कि.मी. में) | पीएनजी कनेक्शन के लिए बुनियादी ढांचा (संख्या में) | 31 मार्च, 2022 तक संचयी उपलब्धि (संख्या में) |
| | | y{; | okLrfod | y{; | okLrfod |
| वाराणसी | 31 मार्च, 2025 | 1899 | 1655 | 40211 | 51112 |
| भुवनेश्वर | | 1513 | 870 | 26900 | 31564 |
| कटक | | 1416 | 490 | 28959 | 14776 |
| पटना | | 2445 | 1564 | 50154 | 49736 |
| रांची | | 1800 | 1080 | 29962 | 33385 |
| जमशेदपुर | | 1282 | 404 | 24278 | 21000 |
| **कुल** | | 10355 | 6063 | 200464 | 201573 |

## 31) कोविड–19 का प्रभावः

कोविड–19 महामारी के जारी रहने से विश्व स्तर पर आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है। कंपनी प्राकृतिक गैस की प्रोसेसिंग, व्यापार और ट्रांसमिशन में लगी हुई है और प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से खोलने के साथ, वर्ष 2021–22 के दौरान इसके संचालन पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा और निकट भविष्य में कोविड–19 के कारण कंपनी के व्यवसाय के संचालन की निरंतरता पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

## 32) कंपनी द्वारा दावों को आय/दायित्व के रूप में स्वीकार नहीं किया गया

क) कुछ ग्राहकों के संबंध में पोत या भुगतान शुल्क के संबंध में, मामला विचाराधीन/विवादाधीन होने के कारण, कंपनी दावा पत्र जारी कर रही है, जो कि 31 मार्च 2022 तक ₹ 1,758.25 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 1,750.51 करोड़) की राशि है। इसके संबंध में जब भी मामला अंतिम रूप से तय हो जाएगा, आय को मान्यता दी जाएगी।

ख) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के दिशानिर्देशों के अनुसार उर्वरक कंपनियों द्वारा गैर–निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए एपीएम गैस के उपयोग हेतु कंपनी द्वारा प्रस्तुत चालानों की वसूली के लिए कुछ ग्राहकों के संबंध में न्यायालय में मामले लंबित होने के कारण, कंपनी ने उर्वरक उद्योग समन्वय समिति (एफआईसीसी) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर ₹ 1,704.56 करोड़ (पिछले वर्षः 3,143.57 करोड़ रुपए) की राशि के दावे पत्र जारी किए हैं। इनके प्राप्त होने पर, आय को गैस पूल में अंतरित कर दिया जाएगा।

## 33) मूल्य निर्धारण और टैरिफः–

क) 1 अप्रैल 2002 से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कीमतों को नियंत्रणमुक्त किया गया है और तेल विपणन कंपनियों द्वारा इन्हें निर्धारित आयात सममूल्य कीमतों के आधार पर तय किया जाता है। तथापि, मूल्य निर्धारण प्रणाली अनंतिम है और इसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) द्वारा अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। मूल्य निर्धारण पर प्रभाव, यदि कोई हो, का मामले को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही पता लगेगा।

ख) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परिवहन टैरिफ समय–समय पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा जारी किए गए विभिन्न विनियमों के अधीन हैं। लाभ पर प्रभाव, यदि कोई हो, को पीएनजीआरबी के आदेशों द्वारा पाइपलाइन शुल्क में संशोधन के रूप में लगातार पहचाना जा रहा है।

ग. (i) कंपनी ने दादरी–बवाना–नंगल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (डीबीएनपीएल), चैनसा–झज्जर–हिसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (सीजेएचपीएल), कावेरी बेसिन, कोच्चि–कुट्टनाड–बेंगलुरु–मंगलुरु पाइपलाइन (केकेएमबीपीएल), कृष्णा गोदावरी बेसिन (केजी बेसिन) और दाभोल–बैंगलोर पाइपलाइन (डीबीपीएल) नेटवर्क के लिए पीएनजीआरबी द्वारा जारी अंतिम टैरिफ आदेश (आदेशों) के संबंध में पीएनजीआरबी द्वारा किए गए विभिन्न संशोधनों के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) के समक्ष अपील दायर की है। ये अंतिम अधिनिर्णय के लिए लंबित हैं।

(ii) पीएनजीआरबी ने दिनांक 27 सितंबर 2018 के अपने टैरिफ आदेश सं. टीओ/07/2018 द्वारा दक्षिण गुजरात क्षेत्रीय पाइपलाइन नेटवर्क के लिए अंतिम पाइपलाइन टैरिफ को मंजूरी दे दी है, जिसे कुछ ग्राहकों ने न्यायालय में चुनौती दी थी। गुजरात के माननीय उच्च न्यायालय ने अपने दिनांक 17 जून 2019 के आदेश में कंपनी को 17 जून 2019 से नई टैरिफ दरों को प्रभावी ढंग से चार्ज करने की अनुमति दी है। कंपनी ने 01 अप्रैल 2018 से 16 जून 2019 की अवधि की अंतर राशि के लिए गुजरात के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की है जो निपटान के लिए लंबित है।

घ) वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की है जिसमें उपभोक्ताओं के लिए विपणन प्राकृतिक गैस के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ तय करने के पीएनजीआरबी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी गई है। माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त रिट याचिका को अपने दिनांक 11 अप्रैल 2017 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया है। इस संबंध में, कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष 12 मई 2017 को एक समीक्षा याचिका दायर की है जिसे माननीय न्यायालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और यह अंतिम निर्णय के लिए लंबित है।

ड) पीएनजीआरबी ने 14 दिसंबर 2021 की राजपत्र अधिसूचना सं. एफ. सं. पीएनजीआरबी/कॉम/ 3–पीपीपीएल टैरिफ (1)/2012 खंड–प्ट(पी–1018) के माध्यम से मौजूदा एलपीजी पाइपलाइन टैरिफ को 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दिया है।

च) 23 नवंबर 2020 को, पीएनजीआरबी ने विभिन्न संस्थाओं की चौदह इंटर–कनेक्टेड पाइपलाइनों के लिए एकल भारित औसत टैरिफ के निर्धारण हेतु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ दूसरा संशोधन विनियम 2020 का निर्धारण अधिसूचित किया था। तथापि, ये अभी तक कानूनी तौर पर लागू नहीं हुए हैं।

**34)** 19 फरवरी 2014 को, पीएनजीआरबी ने विनियम 5क को सम्मिलित करके संशोधित संबद्ध आचार संहिता विनियमों को अधिसूचित किया, जिसमें कहा गया था कि प्राकृतिक गैस के विपणन और परिवहन दोनों में लगी एक यूनिट 31 मार्च 2017 को या उससे पहले एक अलग कानूनी यूनिट बनाएगी ताकि प्राकृतिक गैस के परिवहन की गतिविधि ऐसी अलग कानूनी यूनिट द्वारा की जाए और पहले उपयोग का अधिकार, हालांकि, ऐसी अलग कानूनी यूनिट की संबद्ध इकाई को उपलब्ध होगा। कंपनी ने उक्त पीएनजीआरबी विनियमन को एक रिट याचिका के माध्यम से माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी है और यह अंतिम निर्णय के लिए लंबित है।

## 35) भूमि और निर्माण

क) 31 मार्च, 2022 को कंपनी के नाम निष्पादन के लिए लंबित स्वामित्व विलेख ₹ 26.93 करोड़ है (विवरण **अनुलग्नक–ग** के रूप में संलग्न है)।

ख) वर्ष 1990 में, गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) ने वाघोडिया, गुजरात में एलपीजी रिकवरी की स्थापना के लिए 99 वर्षों के लिए कंपनी को 70.8734 हेक्टेयर की लीजहोल्ड भूमि आबंटित की। निष्पादित पट्टा विलेख लगभग 66.3038 हेक्टेयर भूमि के लिए है, जबकि गुजरात सरकार ने अभी तक शेष राशि जीआईडीसी को अंतरित नहीं की है।

कंपनी शेष भूमि के नियमितीकरण के लिए जीआईडीसी और गुजरात सरकार के साथ मामले को उठा रही है। कंपनी ने उत्तर दिया कि जीआईडीसी से कोई मांग न किए जाने पर कोई और राशि देय नहीं है। कंपनी की राय है कि चूंकि आबंटित भूमि के लिए राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और जीआईडीसी से कोई अतिरिक्त मांग नहीं है, अतः कंपनी की ओर से कोई देयता/आकस्मिक देयता नहीं बनती है।

ग) सीएसआर गतिविधियों के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि और भवनों का विवरण और सीएसआर व्यय के रूप में लेखा, संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) के तहत शामिल नहीं किया गया है, जो निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश में 1 फ्रीहोल्ड भूमि (3.28 एकड़) | 0.31 | 0.31 |
| 2 | क्र.सं. 1 में उल्लिखित फ्रीहोल्ड भूमि पर निर्मित भवन।<br>(पूर्ण होने की तिथि – 27 जनवरी, 2017) | 4-44 | 4-44 |
| 3 | मध्य प्रदेश में पट्टा धारित भूमि (2 हेक्टेयर) | 0.80 | 0.80 |
| 4 | क्र.सं. 3 में उल्लिखित लीजहोल्ड भूमि पर निर्मित भवन।<br>(पूर्ण होने की तिथि – 13 फरवरी, 2015) | 6.51 | 6.51 |

घ) कंपनी ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ एक स्थायी भूमि पट्टा समझौता किया है। किराया अर्ध–वार्षिक देय है, जो दिनांक 1 जनवरी, 2018 से संशोधन के अधीन है। तदनुसार, कंपनी ने पूर्व–संशोधित पट्टा समझौते के अनुसार 14 जुलाई 2022 तक किराया जमा कर दिया है। कंपनी ने उक्त भूमि के अधिकार विलेख को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए एक आवेदन भी प्रस्तुत किया है, जिसके लिए डीडीए से पुष्टि की प्रतीक्षा है।

## 36) बेचने के लिए रखी गई परिसंपत्तियां:

क. "पाइपलाइन" के निवल ब्लॉक में निपटान के लिए निर्धारित ₹ 7.54 करोड़ (गत वर्षः ₹ शून्य) शामिल है, लेकिन उपयोग में नहीं है।

ख. "भवन" के निवल ब्लॉक में निपटान के लिए निर्धारित ₹ 0.78 करोड़ (प्रति वर्षः ₹ 0.78 करोड़) शामिल है, लेकिन उपयोग में नहीं है।

## 37) निर्धारित शेषः

क) बैंकों में निम्नलिखित अल्पकालिक जमा राशियों के संबंध में देयताएं निर्धारित शेष के रूप में रखी जाती हैं:

₹ करोड़ में)

| विवरण | बैंकों में अल्पावधि जमा में निर्धारित शेष (टिप्पण 11क देखें) | | अर्जित ब्याज लेकिन देय नहीं' | |
|---|---|---|---|---|
| | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
| गैस पूल खाते के कारण देयता (एमओपीएनजी के निर्देशों के अनुसार अभिरक्षा के रूप में रखी गई) | 87.05 | 92.11 | 1.23 | 0.86 |

'निर्धारित शेष राशि, जिसमें बैंकों में अल्पकालिक जमा पर अर्जित ब्याज शामिल है, कंपनी से संबंधित नहीं है और इसे आय के रूप में शामिल नहीं किया गया है।

ख) "अन्य वित्तीय देनदारियों–गैर–वर्तमान" के तहत ₹ 581.87 करोड़ (गत वर्षः ₹ 581.86 करोड़) की गैस पूल मनी (अनंतिम) दिखाई गई है जिसके अनुरूप डेबिट के साथ व्यापार प्राप्तियों के तहत ग्राहकों से उक्त राशि प्राप्त होने पर निवेश/भुगतान किया जाएगा।

**38)** क) कंपनी यूरिया संयंत्रों के लिए प्राकृतिक गैस की पूलिंग के लिए भारत सरकार के निर्णय के संदर्भ में पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रही है। इस योजना में उद्योग के लिए प्रत्येक संयंत्र की गैस

के भारित औसत मूल्य में भारित औसत मूल्य के अंतर का निपटान करके यूरिया उत्पादन के लिए गैस की एक–समान लागत के रूप में परिकल्पना की गई है। आज की तारीख में यूरिया संयंत्रों को देय राशि ₹ 82.79 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ शून्य) है।

ख) कंपनी अधिसूचित गैस आधारित बिजली संयंत्रों के क्षमता उपयोग के लिए भारत सरकार के निर्णय के अनुसार पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रही है। योजना, जो 31 मार्च 2017 तक लागू थी, में भारत सरकार के विद्युत क्षेत्र विकास निधि (पीएसडीएफ) से बिजली संयंत्रों को सहायता की परिकल्पना की गई थी। गैस की आपूर्ति अनंतिम/अनुमानित मूल्य के आधार पर थी, जिसका समाधान वास्तविक लागत के आधार पर किया जाना था। तदनुसार, वर्तमान देनदारियों में इस मद में 31 मार्च, 2022 को ₹ 87.63 करोड़ रुपए (पिछले वर्षः ₹ 87.63 करोड़ रुपए) उक्त विद्युत संयंत्रों और/अथवा भारत सरकार को देय हैं।

## 39) इंड एएस 115 – ग्राहकों के साथ संविदाओं से प्राप्त होने वाले राजस्व

इंड एएस 115 ग्राहकों के साथ संविदाओं से होने वाले राजस्व के हिसाब से एक पांच–चरणीय मॉडल स्थापित करता है और यह आवश्यक है कि राजस्व को उस राशि पर मान्यता दी जाए जो उस प्रतिफल को दर्शाती है जिसके लिए कोई यूनिट ग्राहक को सामान या सेवाओं के हस्तांतरण के बदले में पात्र होने की उम्मीद करती है।

इंड एएस 115 को अपने ग्राहकों के साथ संविदा करने के लिए मॉडल के प्रत्येक चरण को लागू करते समय सभी प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संस्थाओं को निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। मानक संविदा प्राप्त करने की उत्तरोत्तर लागतों और संविदा को पूरा करने से सीधे संबंधित लागतों की गणना को भी निर्दिष्ट करता है। इसके अलावा, मानक को व्यापक प्रकटनों की आवश्यकता होती है।

**इंड एएस 115 के तहत अपेक्षित अनुसार राजस्व का पृथक्करण**

**31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए**

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं | विवरण | प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एलपीजी गैस ट्रांसमिशन | प्राकृतिक गैस व्यापार/विपणन | पेट्रो–रसायन | एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रो.कार्बन | नगर गैस | अन्य खंड | गैर–आबंटन योग्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **राजस्व** | | | | | | | | | |
| | प्रचालन से राजस्व | 5,794.75 | 661.98 | 65,067.19 | 8,547.05 | 4,652.84 | 7,218.73 | 896.42 | 4.86 | 92,873.82 |
| | जोड़ेंः अंतर क्षेत्र बिक्री | 597.73 | 6.61 | 24,835.76 | 1.47 | 212.32 | 2.99 | 18.34 | (0.01) | 25,675.21 |
| | **कुल राजस्व** | **6,392.48** | **668.59** | **89,932.95** | **8,548.52** | **4,865.16** | **7,221.72** | **914.76** | **4.85** | **1,18,549.03** |
| 2 | **प्राथमिक भौगोलिक बाजार** | | | | | | | | | |
| | अंतर्राष्ट्रीय बिक्री | - | - | 8,860.86 | 110.38 | - | - | 18.68 | - | 8,989.92 |
| | घरेलू बिक्री | 6,392.48 | 668.59 | 81,072.09 | 8,438.14 | 4,865.16 | 7,221.72 | 896.08 | 4.85 | 1,09,559.11 |
| | **कुल राजस्व** | **6,392.48** | **668.59** | **89,932.95** | **8,548.52** | **4,865.16** | **7,221.72** | **914.76** | **4.85** | **1,18,549.03** |
| 3 | **राजस्व मान्यता का समय** | | | | | | | | | |
| | बिंदु पर | - | - | 8,860.86 | 8,548.52 | 4,865.16 | - | 18.68 | - | 8,989.92 |
| | समय के साथ | 6,392.48 | 668.59 | 81,072.09 | - | - | 7,221.72 | 896.08 | 4.85 | 1,09,559.11 |
| | **कुल राजस्व** | **6,392.48** | **668.59** | **89,932.95** | **8,548.52** | **4,865.16** | **7,221.72** | **914.76** | **4.85** | **1,18,549.03** |

**31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए**

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं | विवरण | प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एलपीजी गैस ट्रांसमिशन | प्राकृतिक गैस व्यापार/विपणन | पेट्रो–रसायन | एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रो.कार्बन | नगर गैस | अन्य खंड | गैर–आबंटन योग्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **राजस्व** | | | | | | | | | |
| | प्रचालन से राजस्व | 5,357.79 | 660.99 | 36,249.74 | 7,060.15 | 2,994.07 | 4218.12 | 886.61 | 0.79 | 57,428.26 |
| | जोड़ेंः अंतर क्षेत्र बिक्री | 594.80 | 6.27 | 16,486.61 | 0.74 | 299.80 | - | 14.41 | (0.01) | 17,402.62 |
| | **कुल राजस्व** | **5,952.59** | **667.26** | **52,736.35** | **7,060.89** | **3,293.87** | **4,218.12** | **901.02** | **0.78** | **74,830.88** |
| 2 | **प्राथमिक भौगोलिक बाजार** | | | | | | | | | |
| | अंतर्राष्ट्रीय बिक्री | - | - | 4,502.40 | 76.81 | - | - | 14.05 | - | 4,593.26 |
| | घरेलू बिक्री | 5,952.59 | 667.26 | 48,233.95 | 6,984.08 | 3,293.87 | 4,218.12 | 886.97 | 0.78 | 70,237.62 |
| | **कुल राजस्व** | **5,952.59** | **667.26** | **52,736.35** | **7,060.89** | **3,293.87** | **4,218.12** | **901.02** | **0.78** | **74,830.88** |
| 3 | **राजस्व मान्यता का समय** | | | | | | | | | |
| | बिंदु पर | - | - | 4,502.40 | 7,060.89 | 3,293.87 | - | 14.05 | - | 4,593.26 |
| | समय के साथ | 5,952.59 | 667.26 | 48,233.95 | - | - | 4,218.12 | 886.97 | 0.78 | 70,237.62 |
| | **कुल राजस्व** | **5,952.59** | **667.26** | **52,736.35** | **7,060.89** | **3,293.87** | **4,218.12** | **901.02** | **0.78** | **74,830.88** |

**टिप्पणः** 31 मार्च 2022 और 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान कोई एकल ग्राहक कंपनी के कुल राजस्व के 10% या उससे अधिक का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

## व्यापार प्राप्य और संविदा शेष:

निम्नलिखित तालिका ग्राहकों के साथ संविदाओं से प्राप्य और संविदा देनदारियों के बारे में जानकारी प्रदान करती है:

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|
| व्यापार प्राप्य (गैर–वर्तमान) | 1,055.54 | 1,093.47 |
| व्यापार प्राप्य (वर्तमान) | 7,446.53 | 3,501.50 |
| संविदा परिसंपत्तियां | | |
| बिल न की गई प्राप्य राशियां | 0.63 | - |
| संविदा देयताएं | | |
| – ग्राहकों से अग्रिम | 1,034.94 | 842.64 |

व्यापार प्राप्य गैर–ब्याज वाले और आम तौर पर 0 से 30 दिनों तक की क्रेडिट शर्तों पर होते हैं। संविदा परिसंपत्तियां नगर गैस वितरण व्यवसाय में घरेलू और वाणिज्यिक ग्राहकों को आपूर्ति की जाने वाली गैस का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसके लिए बाद की तारीख में चालान दिया जाएगा। संविदा देनदारियां ग्राहकों द्वारा भुगतान किए गए अग्रिम हैं, जिसके लिए रिपोर्टिंग तिथि के बाद उत्पादों की आपूर्ति की जानी है।

(₹ करोड़ में)

| संविदा परिसंपत्तियों में परिवर्तन | 31 मार्च 2022 तक | 31 मार्च 2021 तक |
|---|---|---|
| वर्ष की शुरुआत में शेष राशि | 842.64 | 822.92 |
| मान्यता प्राप्त राजस्व जिसे वर्ष की शुरुआत में अग्रिम शेष में शामिल किया गया था | 1,762.93 | 5,705.63 |
| वर्ष के दौरान राजस्व के रूप में मान्यता प्राप्त राशियों को छोड़कर, वर्ष के दौरान चालान–प्रक्रिया के कारण वृद्धि | 1,570.63 | 5,725.35 |
| वर्ष के अंत में शेष राशि | 1,034.94 | 842.64 |

प्रबंधन को उम्मीद है कि 31 मार्च 2022 को असंतोषजनक संविदा के लिए आबंटित लेनदेन मूल्य के 58% को वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ₹ 585.24 करोड़ को राजस्व के रूप में मान्यता दी जाएगी। 31 मार्च 2022 तक असंतोषजनक संविदा के लिए आबंटित लेनदेन मूल्य की 5% राशि अर्थात् ₹ 48.82 करोड़ को वित्त वर्ष 2023–24 से वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान मान्यता दी जाएगी। शेष 37% राशि अर्थात् ₹ 380.88 करोड़ 2025–26 में प्राप्त किए जाएंगे।

## 40) 'उधार लागत' पर भारतीय लेखा मानक 23 के अनुसार प्रकटीकरण:

वर्ष के दौरान चल रहे पूंजीगत कार्य के लिए आबंटित राशि सहित परिसंपत्तियों में पूंजीकृत उधार लागत ₹195.36 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 187.14 करोड़) थी।

**41)** "प्रचालन क्षेत्र" पर इंड एएस 108 के अनुपालन में, कंपनी ने अपने रिपोर्ट करने योग्य क्षेत्र के रूप में निम्नलिखित व्यवसाय क्षेत्र को अपनाया है: –

(i) ट्रांसमिशन सेवाएं
  - क) प्राकृतिक गैस
  - ख) एलपीजी

(ii) प्राकृतिक गैस ट्रेडिंग

(iii) पेट्रोरसायन

(iv) एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन

(v) नगर गैस वितरण

(ii) अन्य खंड (गेलटेल, ईएंडपी, और विद्युत उत्पादन शामिल हैं)

कंपनी में कोई भौगोलिक खंड नहीं हैं।

अपेक्षित सूचना **अनुलग्नक–घ** के अनुसार दी गई है

**42)** "संबंधित पार्टी प्रकटीकरण" पर इंड – एएस 24 के अनुपालन में संबंधित पक्षों का नाम, संबंध की प्रकृति और उसके साथ किए गए लेनदेन का विवरण **अनुलग्नक–ङ.** में दिया गया है।

**43)** मूल कंपनी और भारत सरकार के बीच एक समझौता–ज्ञापन (एमओयू) किया गया है, जो मूल कंपनी के लिए विभिन्न निष्पादन मानकों को निर्धारित करता है। संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण, अमूर्त परिसंपत्तियां, पूंजीगत कार्य में किया जा रहा परिवर्तन, पूंजीगत अग्रिम आदि पर किए गए पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में से एक मापदंड है। इस संबंध में, वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान मूल कंपनी, इसकी सहायक कंपनियों द्वारा किए गए कैपेक्स व्यय तथा इसके संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों द्वारा और इसके आनुपातिक भाग के रूप में किए गए समान कैपेक्स का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | कंपनी/सहायक कंपनी का नाम | 31.12.2021 को गेल का शेयर (%) | वित्त वर्ष 2021–22 की तीसरी तिमाही तक कैपेक्स | वित्त वर्ष 2021–22 की तीसरी तिमाही तक आनुपातिक कैपेक्स | 31.03.2022 के अनुसार गेल का हिस्सा (%) | वित्त वर्ष 2021–22 के लिए कैपेक्स | वित्त वर्ष 2021–22 के लिए आनुपातिक कैपेक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क** | **गेल (इंडिया) लिमिटेड** | | 4513.00 | 4513.00 | | 6797.81 | 6797.81 |
| **ख** | **सहायक कंपनियां** | | | | | | |
| 1 | गेल गैस लिमिटेड | 100.00 | 546.37 | 546.37 | 100.00 | 851.54 | 851.54 |
| 2 | **कोंकण एलएनजी लिमिटेड** | 90.83 | 87.09 | 87.09 | 90.83 | 136.18 | 136.18 |
| 3 | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड | 67.91 | 72.63 | 72.63 | 77.20 | 228.34 | 228.34 |
| 4 | त्रिपुरा प्राकृतिक गैस कंपनी लिमिटेड | 48.98 | 21.49 | 21.49 | 48.98 | 26.82 | 26.82 |
| **ग** | **संयुक्त उद्यम एवं संबद्ध कंपनियां** | | | | | | |
| 1 | ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड | 70.00 | 22.57 | 15.80 | 70.00 | 52.79 | 36.95 |
| 2 | अवंतिका गैस लिमिटेड | 49.99 | 21.45 | 10.72 | 49.99 | 55.05 | 27.52 |
| 3 | भाग्यनगर गैस लिमिटेड | 48.73 | 99.83 | 48.65 | 48.73 | 132.54 | 64.59 |
| 4 | सेंट्रल यू.पी. गैस लिमिटेड | 25.00 | 94.14 | 23.54 | 25.00 | 121.11 | 30.28 |
| 5 | ग्रीन गैस लिमिटेड | 49.97 | 197.72 | 98.80 | 49.98 | 312.65 | 156.26 |
| 6 | इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड | 20.00 | 953.51 | 190.70 | 20.00 | 1556.46 | 311.29 |
| 7 | महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड | 22.50 | 209.09 | 47.05 | 22.50 | 402.90 | 90.65 |
| 8 | तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | 33.33 | 421.03 | 140.33 | 33.33 | 685.12 | 228.35 |

| क्र. सं. | कंपनी/सहायक कंपनी का नाम | 31.12.2021 को गेल का शेयर (%) | वित्त वर्ष 2021–22 की तीसरी तिमाही तक कैपेक्स | वित्त वर्ष 2021–22 की तीसरी तिमाही तक आनुपातिक कैपेक्स | 31.03.2022 के अनुसार गेल का हिस्सा (%) | वित्त वर्ष 2021–22 के लिए कैपेक्स | वित्त वर्ष 2021–22 के लिए आनुपातिक कैपेक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | वडोदरा गैस लिमिटेड | 32.93 | 30.21 | 9.95 | 32.93 | 48.62 | 16.01 |
| 10 | इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड | 22.50 | 1026.29 | 230.92 | 22.50 | 1474.06 | 331.66 |
| 11 | महानगर गैस लिमिटेड | 32.50 | 427.86 | 139.05 | 32.50 | 701.57 | 228.01 |
| 12 | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड | 12.50 | 71.71 | 8.96 | 12.50 | 237.51 | 29.69 |
| 13 | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड | 49.21 | 192.70 | 94.83 | 49.21 | 486.42 | 239.37 |
| 14 | ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी (भारत) | | | | 26.00 | 64.07 | 16.66 |
| 15 | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स कंपनी लिमिटेड | 14.80 | 6.54 | 0.97 | 14.72 | 217.06 | 31.95 |
| | **कुल पूंजीगत व्यय** | | | **6300.84** | | | **9879.93** |

**44)** "प्रति शेयर आय" पर इंड एएस – 33 के अनुपालन में मूल और कम किए गए शेयर मूल्य ईपीएस राशियों की गणना वर्ष के दौरान मूल इक्विटी धारकों के कारण वर्ष के लाभ को वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है। कम किए गए शेयर मूल्य ईपीएस की गणना मूल इक्विटी धारकों के कारण वर्ष के लाभ को वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और इक्विटी शेयरों में सभी कम किए गए संभावित इक्विटी शेयरों के रूपांतरण पर जारी किए गए इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

निम्नलिखित मूल और कम की गई शेयर मूल्य ईपीएस गणना में उपयोग की जाने वाली आय और शेयर डेटा को दर्शाता है:

| विवरण | 2021–22 | 2021–22 |
|---|---|---|
| निरंतर संचालन से कर पश्चात शुद्ध लाभ – (₹ करोड़) | 12,256.07 | 6,136.35 |
| बंद परिचालन से कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) – (₹ करोड़) | - | - |
| विभाजक के रूप में प्रयुक्त इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या | 4,44,03,85,225 | 4,50,82,30,725 |
| प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य | 10 | 10 |
| निरंतर संचालन से प्रति शेयर आय (मूल और कम किया गया शेयर मूल्य) – (₹) | 27.60 | 13.61 |
| बंद संचालन से प्रति शेयर आय (मूल और कम किया गया शेयर मूल्य) – (₹) | - | - |
| सतत और बंद संचालन से प्रति शेयर आय (मूल और कम किया गया शेयर मूल्य) – (₹) | 27.60 | 13.61 |

**45)** कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।।। के तहत सहायक/संबद्ध/संयुक्त उद्यमों के रूप में समेकित उद्यमों की अपेक्षित अतिरिक्त सूचना अनुलग्नक–च में दी गई है।

**46)** सहायक कंपनियों और संयुक्त उपक्रमों/संबद्ध कंपनियों के संबंध में लेखाओं में निम्नलिखित विशिष्ट टिप्पणियों का प्रकटीकरण किया गया है:

## I) गेल गैस लिमिटेड

क) कंपनी प्राधिकार के अनुसार न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 9वें और 10वें सीजीडी बोली दौर में पीएनजीआरबी द्वारा प्रदान किए गए 9 भौगोलिक क्षेत्रों में पूंजीगत परियोजनाओं के लिए निर्माण गतिविधियां चला रही है। इन भौगोलिक क्षेत्रों में गैस स्रोत से पाइपलाइन कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता और कोविड–19 महामारी के कारण मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने पीएनजीआरबी विनियम, 2008 के विनियम 11 और 12 के तहत एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों को पूरा करने की अवधि को स्थगित करने का अनुरोध किया है। 07 भौगोलिक क्षेत्रों के लिए संविदा वर्ष की शुरुआती मूल तिथि का विस्तार प्राप्त किया गया है और शेष 2 भौगोलिक क्षेत्रों के लिए पीएनजीआरबी से विस्तार प्राप्त किया जा रहा है। इसलिए, 31 मार्च, 2022 तक कुल ₹ 7.92 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 23.16 करोड़) के एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों को पूरा नहीं करने के लिए दंड को आकस्मिक देयता के रूप में प्रकट किया गया है। प्रबंधन को उम्मीद है कि पीएनजीआरबी बोर्ड इस अनुरोध पर विचार करेगा और कोई दंड नहीं लगाएगा।

ख) दिनांक 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार, कंपनी ने आंध्र प्रदेश गैस डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एपीजीडीसीएल), जो एक संयुक्त उद्यम की कंपनी है, में ₹ 94.52 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 47.50 करोड़) का इक्विटी निवेश किया है, जिसमें संयुक्त उद्यम करार के अनुसार ₹ 26.15 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 9.13 करोड़) का अग्रिम लंबित आबंटन भी शामिल है। कंपनी के निदेशक मंडल ने सैद्धांतिक तौर पर कंपनी द्वारा एपीजीडीसीएल में धारित शेयरों गेल (इंडिया) लिमिटेड के बोर्ड द्वारा अंतिम अनुमोदन प्रदान किए जाने तक धारित शेयरों, इक्विटी मांगे गए अंशदान, सीसीपीएस और एपीजीडीसीएल में किसी और निवेश सहित, को धारक कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड को अंतरित करने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान कर दी है, जो आंध्र प्रदेश सरकार की कंपनियों (अर्थात संयुक्त उद्यम कंपनी और गेल (इंडिया) लिमिटेड के अन्य संयुक्त उद्यम भागीदारों) की सहमति के अध्यधीन होगी। अभी यह सहमति प्राप्त नहीं हुई है।

ग) एक संयुक्त उद्यम कंपनी, केरल गेल गैस लिमिटेड (केजीजीएल) का एनसीएलटी, कोच्चि बेंच के 09 फरवरी 2022 के आदेश के तहत स्वैच्छिक परिसमापन किया गया है। परिसमापन पर 27 दिसंबर, 2021 को केजीजीएल से ₹ 1.65 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है।

## II) गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक.

क) दिसम्बर, 2021 के दौरान, कंपनी ने एक बैंक के साथ 70,000,000 अमरीकी डॉलर ('न्यू लाइन ऑफ क्रेडिट'(ऋण व्यवस्था)) ऋण की प्राप्ति के लिए क्रेडिट सुविधा करार पर हस्ताक्षर किए। 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार, नई ऋण व्यवस्था के तहत बकाया शेष 67,000,000 अमरीकी डॉलर था और यह 16 दिसम्बर, 2022 को परिपक्व हुआ। 'न्यू लाइन ऑफ क्रेडिट' के तहत उधार ली गई राशि पर प्रोद्भूत ब्याज एक माह लिबोर सहित 0.39% था और इसका भुगतान मासिक आधार पर किया जाना है। 'न्यू लाइन ऑफ क्रेडिट' बकाया मूलधन और अतिदेय ब्याज के आधार पर गणना की गई बकाया राशि में तिमाही रूप से देय 0.24% के वार्षिक शुल्क के लिए मूल राशि द्वारा न्यू लाइन ऑफ क्रेडिट की गारंटी दी जाती है।

निम्नलिखित तालिका में 31 मार्च, 2022 और 2021 की स्थिति के अनुसार बकाया ऋण व्यवस्था (लाइन ऑफ क्रेडिट) शेष को दर्शाया गया है:–

(अमरीकी डॉलर् में)

| विवरण | 2022 | 2021 |
|---|---|---|
| लाइन ऑफ क्रेडिट (ऋण व्यवस्था) | 67,000,000 | 72,000,000 |
| कार्यशील पूंजी ऋण व्यवस्था | 41,821,565 | 35,672,660 |
| लाइन ऑफ क्रेडिट (ऋण व्यवस्था) | 108,821,565 | 107,672,660 |

## III) महानगर गैस लिमिटेड

क) गेल (इंडिया) लिमिटेड (गेल) ने अप्रैल 2014 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के दिनांक 31 दिसंबर, 2013 के आदेश के आधार पर ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा उनसे की गई मांग के अनुसार एक सामान्य वाहक के रूप में ओएनजीसी की यूरेन ट्रॉम्बे पाइपलाइन (यूटीपीएल) के लिए टैरिफ का निर्धारण करने हेतु अतिरिक्त परिवहन शुल्क का अनुरोध किया। कंपनी ने संविदात्मक प्रावधानों के आधार पर गेल की मांग का विरोध किया और चूंकि परिवहन शुल्क का भुगतान किसी तीसरे पक्ष के उपयोगकर्ता द्वारा ओएनजीसी को सामान्य वाहक के रूप में यूटीपीएल के उपयोग के लिए किया जाता है, न कि ओएनजीसी द्वारा अपनी गैस के परिवहन के लिए।

शिकायत फरवरी 2015 में पीएनजीआरबी में दर्ज की गई थी। इसे अक्तूबर 2015 में खारिज कर दिया गया था। रिट याचिका नवंबर 2015 में दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर की गई थी। न्यायालय ने नवंबर 2016 में पीएनजीआरबी के अपीलीय प्राधिकरण होने के नाते विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) के समक्ष अपील करने के लिए कहा। इस मामले की एपीटीईएल द्वारा सुनवाई की गई और इसे सितंबर 2019 में तकनीकी आधार पर पीएनजीआरबी को वापस भेज दिया गया। पीएनजीआरबी ने 18 मार्च 2020 को एक आदेश पारित किया था जिसके माध्यम से उसने एमजीएल और गेल को ओएनजीसी को भुगतान करने का निर्देश दिया। एमजीएल ने लॉकडाउन के दौरान 20 अप्रैल 2020 को एपीटीईएल के समक्ष अपनी अपील दायर की। इस मामले की सुनवाई एपीटीईएल ने 9 अक्तूबर 2020 को की थी। एपीटीईएल ने 16 जुलाई 2021 को फैसला सुनाया था और मामले को उचित निर्णय के लिए पीएनजीआरबी को वापस भेज दिया गया था। पीएनजीआरबी द्वारा 7 अप्रैल, 2022 को इस मामले की सुनवाई की गई और सभी पक्षों को 29 अप्रैल, 2022 तक एपीटीईएल के फैसले में उल्लिखित मुद्दों पर अपनी लिखित प्रस्तुति देने का आदेश दिया गया। मामले को अगली सुनवाई के लिए 11 मई, 2022 को सूचीबद्ध किया गया है। नवंबर 2008 से जुलाई 2021 तक की कुल मांग ₹ 33,180.09 लाख (पिछले वर्ष ₹ 31,463.35 लाख) (एपीटीईएल के साथ दायर मामले में कवर ₹ 22,332.14 लाख और ₹ 10,847.95 लाख (पिछले वर्ष ₹ 9,131.21 लाख) बाद में प्राप्त मांग सहित)। कानूनी राय के आधार पर, कंपनी का मानना है कि यह एक ठोस मामला है और इसमें संसाधनों के किसी भी बाह्य प्रवाह की उम्मीद नहीं है। इसलिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

ख) रायगढ़ भौगोलिक क्षेत्र के लिए पीएनजीआरबी के प्राधिकार की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार, कंपनी को मार्च 2020 तक न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्यों को पूरा करना आवश्यक है (कनेक्शन और पाइपलाइन इंच कि.मी. मीटर के संदर्भ में) और कंपनी ने पीएनजीआरबी को दिनांक 19 मार्च, 2015 को ₹ 10,520.00 लाख की निष्पादन बैंक गारंटी गा जमा कर दी थी। पीएनजीआरबी द्वारा आवधिक एमडब्ल्यूपी में कमी के लिए दिनांक 23 जुलाई, 2018 को कारण बताओ नोटिस दिया गया था, जिसमें कंपनी को यह बताने के लिए कहा गया था कि अंतरिम एमडब्ल्यूपी लक्ष्य की कमी के लिए उस पर क्यों न दंड लगाया जाना चाहिए। कंपनी ने दिनांक 2 अगस्त, 2018 के पत्र के माध्यम से कैच अप योजना प्रस्तुत की और 15 नवंबर, 2019 के पत्र के माध्यम से संशोधित कैचअप योजना को 30 सितंबर, 2021 तक विस्तार की मांग करते हुए पीएनजीआरबी को प्रस्तुत किया गया। कोविड–19 के प्रकोप के बाद, कंपनी ने पीएनजीआरबी से अप्रैल 2020 में 31 मार्च, 2022 तक इंच–कि.मी. एमडब्ल्यूपी के लिए संशोधित कैच–अप योजना को प्राप्त करने की समय–सीमा का विस्तार करने का अनुरोध किया था। पीएनजीआरबी ने जुलाई 2020 में नगर गैस वितरण कंपनियों से कोविड–19 लॉकडाउन के बारे में जानकारी मांगी तथा कोविड–19 लॉकडाउन के कारण विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लिए एमडब्ल्यूपी की समय–सीमा बढ़ाने के लिए दिनांक 5 नवंबर, 2020 को एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है, जहां रायगढ़ के लिए यह समय–सीमा 251 दिनों के लिए बढ़ाई गई थी। कंपनी ने 9 फरवरी, 2021 के पत्र के माध्यम से पीएनजीआरबी को रायगढ़ में जमीनी स्तर की चुनौतियों का सामना करने के लिए अवगत कराया है और मार्च 2022 तक विस्तार के लिए अनुरोध किया है। कंपनी ने 31 मार्च, 2020 तक पीएनजीआरबी एमडब्ल्यूपी लक्ष्य के अनुसार घरेलू कनेक्शन की संचयी संख्या हासिल कर ली है, और जनवरी 2022 में इंच कि.मी. लक्ष्य और तदनुसार, पीएनजीआरबी को जारी बैंक गारंटी के संबंध में कोई प्रावधान आवश्यक नहीं समझा जाता है।

ग) तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के साथ व्यापार छूट का संशोधन पिछले वर्षों से लंबित है। नवंबर 2021 में, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) ने संशोधित व्यापार छूट से संबंधित दिशा–निर्देश जारी किए और बाद में एमओपीएंडएनजी दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए, ओएमसी ने कंपनी को अपनी मांग उठाई। हालांकि, ओएमसी द्वारा उठाई गई मांग एमओपी एंड एनजी द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार नहीं है और इसलिए कंपनी ने ओएमसी द्वारा उठाई गई मांग का विरोध किया है। इसके अलावा, कंपनी ने दिनांक 30 दिसंबर 2021 के अपने पत्र के माध्यम से मामले को एमओपीएंडएनजी के साथ उठाया है, उनसे हस्तक्षेप के लिए अनुरोध किया है और ओएमसी को एमओपीएंडएनजी द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन का पालन करने की सलाह दी है। समझौता होने तक, कंपनी को उसके द्वारा उचित समझी जाने वाली सीमा तक देयता प्रदान की जाती है।

## IV) ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड

क) कंपनी ने गुजरात राज्य के दहेज में स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में एक पेट्रोरसायन परिसर स्थापित किया है। पिछले कुछ वर्षों में बाजार के उतार–चढ़ाव में बदलाव को देखते हुए, घरेलू बाजार में पेट्रोरसायन उत्पादों की मांग बढ़ी है और भारत अब पॉलिमर का शुद्ध आयातक है। इसलिए, कंपनी अपने अधिकांश उत्पादों को घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) में बेच रही है, जो आयात का स्थान ले रहा है और देश से विदेशी मुद्रा के बाहर जाने को बचाया जा रहा है। तथापि, एसईजेड से डीटीए को उत्पादों की बिक्री पर मूल सीमा शुल्क लागू होता है जिसका सीधा असर कंपनी के मार्जिन पर पड़ रहा है। इसलिए, निदेशक मंडल ने एसईजेड से स्वैच्छिक निकासी के लिए आवेदन करने की मंजूरी दे दी है।

विकास आयुक्त, दहेज एसईजेड ने क्षेत्र की गैर–अधिसूचना के अधीन एसईजेड से बाहर निकलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है; विदेश व्यापार महानिदेशक से ईपीसीजी प्राधिकार; सभी लागू शुल्कों और करों का भुगतान जिसे अंतिम निकास की तारीख और एसईजेड अधिनियम और अन्य नियमों के सभी प्रावधानों के अनुपालन के आधार पर अंतिम रूप दिया जा सकता है। यूनिट अभी भी एसईजेड के अधीन है और अंतिम निकास के अनुमोदन के प्रस्ताव पर अनुमोदन बोर्ड, एमओसीआई, नई दिल्ली से अधिसूचना हटाने के अनुमोदन के अधीन विचार किया जाएगा।

एसईजेड विकासकर्ता को अन्य बातों के साथ–साथ राज्य सरकार से अनापत्ति प्रमाण–पत्र, निर्दिष्ट अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण–पत्र और एसईजेड से क्षेत्र के सीमांकन के साथ अधिसूचना हटाने के लिए एक आवेदन करना होगा। ये अनुमोदन/गतिविधियां चल रही हैं।

एसईजेड से बाहर निकलने से भविष्य के मार्जिन में एकमुश्त लागत के साथ महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है। उपलब्ध सूचना के आधार पर, एसईजेड से बाहर निकलने के कारण अनंतिम अनुमानित राशि ₹ 2,734.4 करोड़ है। इसमें (i) पूंजीगत वस्तुओं पर शुल्क ₹ 1,558.5 करोड़, जिसे ईपीसीजी योजना के तहत निपटाने की

अनुमति है; (ii) इन्वेंट्री पर शुल्क ₹ 524 करोड़ है जिसमें से ₹ 375 करोड़ इनपुट कर क्रेडिट के लिए पात्र हैं; (iii) भूमि और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ₹ 193.6 करोड़ का पूंजीगत व्यय; (iv) विकासकर्ता और अन्य को देय शुल्क, कर और प्रभार ₹ 364.5 करोड़; (v) ओएनजीसी सी2सी3 संयंत्र का एसईजेड निकास व्यय ₹ 93.8 करोड़ शामिल है। उपर्युक्त राशि में अचल संपत्तियों पर निर्दिष्ट अधिकारी, दहेज एसईजेड द्वारा हिसाब लगाए गए अनंतिम शुल्क और राज्य कर विभाग द्वारा अनुमानित अनंतिम वैट राशि शामिल नहीं है।

यह उल्लेख करना उचित है कि शुल्क राशि और अन्य अनुमान अनंतिम हैं। एसईजेड से बाहर निकलने के कारण वास्तविक बहिर्वाह और इसकी मात्रा उन नियमों और शर्तों पर निर्भर करती है जिन पर विभिन्न अनुमोदन प्रदान किए जा सकते हैं।

चूंकि निकास की प्रकृति स्वैच्छिक है, ओपल ने संबंधित प्राधिकार के भावी आर्थिक लाभ पर विचार करते हुए एसईजेड से बाहर निकलने का अनुरोध किया है। चूंकि एसईजेड से बाहर निकलने के लिए विभिन्न एनओसी, अनुमोदन और शुल्क मूल्यांकन सक्षम अधिकारियों के पास विचाराधीन हैं, प्रबंधन का मानना है कि बाहर निकलने पर अंतिम निर्णय केवल इन अनुमोदनों में उल्लिखित निबंधन एवं शर्तों के आधार पर ही लिया जा सकता है। इसे देखते हुए प्रबंधन ने माना है कि आज की तारीख में ओपीएएल के पास बही खातों पर विचार करने की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

ख) कंपनी को 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 533 करोड़ (31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्षः ₹ 796.6 करोड़) का शुद्ध घाटा हुआ है और 31 मार्च, 2022 तक संचयी हानि ₹ 8,867.7 करोड़ तक पहुंच गई है। 31 मार्च, 2022 को ₹ 8,486.7 करोड़ (31 मार्च, 2021 ₹ 7,211 करोड़) की ऋणात्मक कार्यशील पूंजी है। इस स्थिति के बावजूद, कंपनी को इसकी स्थिरता पर संदेह नहीं है क्योंकि यह मार्जिन में सुधार के लिए अपने संचालन की लगातार समीक्षा कर रही है। इसने निम्नलिखित उपाय किए हैं जिससे लाभप्रदता में सुधार होगाः–

i) वर्ष दर वर्ष आधार पर उत्पादन में वृद्धि।

ii) एसईजेड क्षेत्र से बाहर निकलने का विकल्प तलाशना।

iii) उत्पाद मिश्रण में सुधार।

iv) नेट बैक में सुधार करने और समग्र लाभप्रदता में सुधार के लिए लागत कम करने हेतु और कदमों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

v) विदेशी मुद्रा ऋण के माध्यम से वित्त लागत में कमी।

vi) उत्पादन सुधार के लिए अनुसूचित प्रमुख कारोबार गतिविधि (एमटीए)।

इसलिए उपर्युक्त उपायों को ध्यान में रखते हुए, इन वित्तीय विवरणों को कंपनी के भविष्य में बने रहने के आधार पर तैयार किया गया है।

## V) ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पालीमर लिमिटेड

**क) पूंजीगत सब्सिडीः** बीसीपीएल द्वारा असम राज्य में लागू किए जा रहे एजीसीपी की स्थापना के लिए भारत सरकार के अनुमोदन के आधार पर, ₹ 5239.45 करोड़ की पूंजीगत सब्सिडी के खिलाफ, कंपनी को 31 मार्च, 2022 तक ₹ 5221.33 करोड़ की पूंजीगत सब्सिडी प्राप्त हुई है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कोई पूंजीगत सब्सिडी जारी नहीं की गई। पूंजीगत सब्सिडी पर अर्जित ब्याज को पूंजीगत सब्सिडी का हिस्सा माना गया है और इसे प्राप्य पूंजीगत सब्सिडी से समायोजित किया गया है। प्राप्य पूंजीगत सब्सिडी की शेष राशि ₹ 18.12 करोड़ है और इसे जारी करने के लिए भारत सरकार से आरई 2022–23 में अनुरोध किया जाएगा। भारत सरकार से प्राप्त पूंजीगत सब्सिडी को इंड एएस 20 के संदर्भ में आस्थगित आय के रूप में माना गया है और पेट्रोरसायन परिसर के उपयोगी जीवन पर लाभ एवं हानि के विवरण में आय के रूप में मान्यता प्राप्त है। तदनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में ₹ 211.65 करोड़ की राशि को अन्य आय के रूप में लाभ–हानि विवरण में स्थानांतरित कर दिया गया है (पिछले वर्ष ₹ 211.64 करोड़) और पूंजीगत सब्सिडी खाते में शेष को "गैर–वित्तीय दायित्व" के तहत "सरकारी अनुदान" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**ख) राजस्व अनुदान**

**i) फीड स्टॉक सब्सिडीः**

फीडस्टॉक सब्सिडी को बीसीपीएल द्वारा कार्यान्वित असम गैस क्रैकर परियोजना (एजीसीपी) के 10% की न्यूनतम कर पश्चात परियोजना आईआरआर बनाए रखने के लिए संयंत्र संचालन के 15 वर्षों की अवधि हेतु सीसीईए द्वारा अनुमोदित किया गया था। फीडस्टॉक सब्सिडी इसके चालू होने की तारीख से लागू है और तदनुसार, बीसीपीएल ने अनुमोदित पद्धति के अनुसार 2015–16 से 2020–21 तक की अवधि के लिए वर्षवार दावे प्रस्तुत किए हैं। 31 मार्च, 2021 तक बीसीपीएल को वित्त वर्ष 2020–21 और वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से ₹ 2742.92 करोड़ का पूरा दावा प्राप्त हुआ था। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कार्यप्रणाली के अनुसार ₹ 31.00 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 391.78 करोड़) की राशि की फीडस्टॉक सब्सिडी के रूप में 'अन्य परिचालन आय' के तहत गणना की गई है।

**ii) फीडस्टॉक/कच्ची सामग्री पर बिक्री कर/वैट से छूटः–**

कंपनी के प्रमोटरों के बीच हस्ताक्षरित संयुक्त उद्यम समझौते के अनुसार, असम सरकार ने दिनांक 19 जून, 2020 की अधिसूचना सं. एफटी.22/2018/61 के माध्यम से ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) को असम मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2003 के तहत वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से पंद्रह वर्ष की अवधि अर्थात 02 जनवरी, 2016 से 01 जनवरी, 2031 तक के लिए प्राकृतिक गैस की खरीद के संबंध में भुगतान से छूट प्रदान की है। उक्त अधिसूचना के अनुसार, 02 जनवरी, 2016 से 31 मार्च, 2020 तक की अवधि के लिए पंजीकृत डीलरों से प्राकृतिक गैस की खरीद पर बीसीपीएल द्वारा पहले भुगतान की जा चुकी ₹ 278.50 करोड़ की कर राशि का प्राधिकरण से दावा किया गया था और वही कंपनी द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान प्राप्त किया गया था।

**iii) पूर्वोत्तर औद्योगिक और निवेश संवर्धन नीति (एनईआईआईपीपी) सब्सिडी**

कंपनी एनईआईआईपी (पूर्वोत्तर औद्योगिक और निवेश प्रोत्साहन नीति) के तहत पंजीकृत है और विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लिए पात्र है। तदनुसार, कंपनी ने प्रोद्भवन आधार पर विभिन्न योजनाओं के तहत निम्नलिखित पात्र सब्सिडी का हिसाब लगाया है।

(₹ करोड़ में)

| विवरण | प्राप्य | वर्तमान वर्ष के दौरान | वर्तमान वर्ष के दौरान प्राप्त | अपात्र रिफंड | वर्ष के दौरान के खर्चे किए गए /बट्टे खाते में डाले गए | प्राप्त अंतिम दावे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भाड़ा सब्सिडी | 101.43 | - | - | - | - | 101.43 |
| बीमा सब्सिडी | 41.14 | 24.55 | (14.63) | - | (0.91) | 50.15 |
| ब्याज सब्सिडी | (4.71) | - | - | 4.71 | - | - |
| **कुल योग** | **137.86** | **24.55** | **(14.63)** | **4.71** | **(0.91)** | **151.58** |

चालू वित्त वर्ष में सब्सिडी के लिए राशि ₹ 24.55 करोड़ के दावे को संबंधित व्यय (पिछले वित्तीय वर्षः 40.74 करोड़) के साथ समायोजित किया गया है। इसके अलावा, उपर्युक्त कुल प्राप्य दावे में से ₹ 50.15 करोड़ की राशि जमा करने के लिए लंबित है। इसके अलावा, उद्योग विभाग से पत्राचार के आधार पर 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2020 तक की अवधि से संबंधित ब्याज सब्सिडी दावों की ₹ 14.35 करोड़ की राशि वित्त वर्ष 20–21 के दौरान बट्टे खाते में डाल दी गई थी।

पत्राचार के अनुसार, नवंबर 2016 के दौरान योजना में शामिल किए गए परिवर्तनों के कारण, बीसीपीएल द्वारा किए गए ब्याज सब्सिडी के दावे, प्रचलित संशोधित योजना के तहत अपात्र हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए बीसीपीएल को पूर्व में अनुमत ब्याज सब्सिडी को लौटाने के लिए ₹ 4.71 की देयता बनाई गई थी और इसे चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोष खाते में लौटा दिया गया था।

iv) **बजटीय सहायता योजना (एसबीएस):**

दिनांक 25 अप्रैल, 2007 की अधिसूचना सं. 20/2007–सीई के अनुसार समय–समय पर संशोधित, एनईआर में पात्र यूनिटें उत्पाद शुल्क रिफंड का लाभ उठा रही थीं। बीसीपीएल जीएसटी में परिवर्तन तक इस योजना के तहत पात्र था। एनईआर में पात्र उद्योगों को विशेष लाभ योजना के तहत जारी रखने के लिए, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) ने दिनांक 05 अक्तूबर, 2017 का अधिसूचना परिपत्र स. 1060/9/2017–सीएक्स दिनांक 27 नवंबर, 2017 जारी किया। केंद्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड ने एनईआर में सभी पात्र यूनिटों को लाभ दिया। योजना के तहत, बीसीपीएल प्राथमिक तैयार माल की आपूर्ति पर बजटीय सहायता की पात्र है। तदनुसार, बीसीपीएल ने बजटीय सहायता योजना के तहत जीएसटी रिफंड के लिए ₹ 72.18 करोड़ (गत वित्तीय वर्षः ₹ 61.18 करोड़) का दावा प्रस्तुत किया है और इसे "अन्य परिचालन आय" के रूप में मान्यता दी गई है।

## VI) ग्रीन गैस लिमिटेड

क) कंपनी ने आगरा में स्टील पाइपलाइन बिछाने के शेष कार्य को पूरा करने के लिए ठेकेदार मैसर्स तौरंत प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को तीन ठेके प्रदान किए थे। ठेकेदार ने 'रनिंग बिल्स' के माध्यम से लगभग सम्पूर्ण भुगतान प्राप्त करने के बाद भी मध्यस्थता के तहत उपर्युक्त परियोजना के संबंध में विविध प्रभारों के लिए ₹ 5.32 करोड़ का दावा किया है।

जबकि कंपनी ने परियोजना में विलंब तथा कंपनी को हुई लाभ क्षति के लिए ठेकेदार पर ₹ 10.31 करोड़ का प्रतिदावा किया है।

मैसर्स तौरंत प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा दायर मध्यस्थता दावे और मैसर्स ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा दायर सभी तीनों दावों के संबंध में विद्वान एकल मध्यस्थ द्वारा 18 मई, 2018 को अंतिम निर्णय पारित किया गया।

मैसर्स टीपीएल ने उपर्युक्त तीनों निर्णयों के खिलाफ वाणिज्यिक न्यायालय, लखनऊ के समक्ष अपील दायर की हैं, जिन्हें 2018 के विविध मामला सं. 15, 16 और 17 के तौर पर दर्ज किया गया है जबकि हमारी आपत्तियां पहले ही दर्ज करवाई जा चुकी हैं। मैसर्स तौरंत प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा दायर अपील को विविध मामलों के तौर पर दर्ज किया गया है और न्यायालय द्वारा इसे अपील के तौर पर स्वीकार किया जाना शेष है।

ख) दुबग्गा मदर स्टेशन – कंपनी ने दुबग्गा मदर स्टेशन के भवन निर्माण में ₹ 4.16 करोड़ और संयंत्र एवं मशीनरी में ₹ 5.34 करोड़ का निवेश किया है। संयंत्र संचालन के लिए तैयार है लेकिन उक्त परिसर में सीएनजी की बिक्री से संबंधित वाणिज्यिक संचालन/गतिविधियां वन विभाग से सांविधिक मंजूरी लंबित होने के कारण नहीं की जा सकीं। चूंकि कंपनी संयंत्र से आर्थिक लाभ प्राप्त नहीं कर रही है इसलिए इंड–एएस 16 के अनुपालन में पूंजीकरण अभी भी नहीं किया गया है।

## VII) भाग्यनगर गैस लिमिटेड

क) कंपनी से पीएनजीआरबी द्वारा प्रदान की संविदा शर्तों के अनुसार पाइपलाइन द्वारा गैस आपूर्ति के न्यूनतम आवासीय कनेक्शन पूरा किया जाना अपेक्षित है। न्यूनतम संख्या में कनेक्शन पूरा करने में विफल रहने पर कंपनी पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसके लिए कंपनी ने पीएनजीआरबी को बैंक गारंटी प्रदान की है। कंपनी को न्यूनतम कनेक्शन में विलंब के लिए नोटिस मिला है। इस स्तर पर न्यूनतम संख्या में कनेक्शन न किए जाने की स्थिति में प्रभारों का मापन नहीं किया जा सकता और कंपनी ने संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष यह मुद्दा उठाया है कि विलंब के विविध कारण हैं और उनमें से अधिकांश पर कंपनी का नियंत्रण नहीं है।

ख) काकीनाडा में शहरी गैस वितरण कार्यकलापों के संबंध में, पीएनजीआरबी ने प्राधिकार में निर्धारित महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त न किए जाने पर मई, 2013 में पीबीजी पर ₹ 1,33,54,500 का दावा किया। इसको चुनौती देते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में तत्काल रिट याचिका दायर की गई, जिसपर 'स्टे' लगा दिया गया। यह मामला न्यायाधीन है।

ग) बीजीएल ने स्वतः संज्ञान लेते हुए नवम्बर 2015 में माननीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना उच्च न्यायालय में पीएनजीआरबी के खिलाफ रिट याचिका दायर करते हुए गैर–कार्यनिष्पादन की अप्रत्याशित स्थितियों के आधार पर उन्हें क्रमशः हैदराबाद और विजयवाड़ा के संबंध में जारी किए गए ₹ 10,00,00,000 और ₹ 4,00,00,000 के पीबीजी की वसूली पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया। यह मामला न्याय निर्णयाधीन है।

घ) बीजीएल ने विजयवाड़ा के विद्याधरापुरम, गवरनरपेट–।। और इब्राहिमपट्टनम डिपो तथा हैदराबाद में संचालित मेधकल, हाकिमपेट और छावनी डिपो में संचालित की जा रही बसों के लिए विविध मात्रा में सीएनजी आपूर्ति हेतु एपीएसआरटीसी के साथ करार किया है (इसके बाद टीएसआरटीसी के लिए वैध)।

## VIII) फेयम गैस कंपनी

क) कंपनी और इजिप्टियन नेचुरल गैस होल्डिंग कंपनी गैस (ईजीएएस) के बीच सितम्बर 2016 में 'मूल्य सवंर्धित कर विधि निर्गम की तारीख' से गैस की बिक्री पर मूल्य सवंर्धित कर को आंशिक तौर पर वहन करने को लेकर विवाद की स्थिति है। कर शोधकर्ताओं और कंपनी के कर सलाहकारों के मतानुसार, कंपनी प्रबंधन का यह मानना है कि यह कर इजिप्टियन नेचुरल गैस होल्डिंग कंपनी गैस (ईजीएएस) के उत्तरदायित्वों से परे है।

ख) एक ग्राहक द्वारा अपनी परियोजना के लिए प्राकृतिक गैस आदेश के कार्यान्वयन और आपूर्ति में विलंब के परिणामस्वरूप हुई क्षति के संबंधे में दावा करते हुए कंपनी के खिलाफ मामला दायर किया गया है। यह मामला अभी न्यायालय में लंबित है। न्यायालय ने ग्राहक द्वारा दायर मामला तथा कंपनी द्वारा दायर उप–मामले को निरस्त कर दिया है। निर्णय कंपनी के पक्ष में पारित किया गया था और ग्राहक ने निर्णय में अपील दायर की है।

## IX) कोंकण एलएनजी लिमिटेड

क) एमएसईडीसीएल को क्रॉस सब्सिडी शुल्क और अतिरिक्त अधिभार का भुगतानः कंपनी ने एलएनजी टर्मिनल के लिए बिजली की खरीद हेतु आरजीपीपीएल के साथ वित्तीय वर्ष 19–20 में समझौता–ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। उक्त एमओयू के अनुसार, संबंधित प्राधिकारियों/सरकार द्वारा मांग के मामले में, सहमत बिजली टैरिफ के अलावा, कंपनी किसी भी क्रॉस सब्सिडी, अन्य सांविधिक शुल्क और समय–समय पर लागू करों का भुगतान करेगी। यदि ये शुल्क संबंधित अधिकारियों/सरकार द्वारा आरजीपीपीएल पर लगाए जाते हैं, तो कंपनी इन शुल्कों की प्रतिपूर्ति आरजीपीपीएल को करेगी। जब तक संबंधित प्राधिकारियों/सरकार द्वारा इस संबंध में कोई औपचारिक मांग नहीं की जाती है, तब तक कंपनी द्वारा प्रभारों की गणना नहीं की जा सकती।

आरजीपीपीएल ने 22 जुलाई, 2021 के पत्र द्वारा सूचित किया कि रेलवे के साथ पीपीए के विस्तार को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और हमारी ओर से स्वतंत्र बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। केएलएल ने दिनांक 22 जुलाई, 2021 के पत्र द्वारा एमएसईडीसीएल से बिजली की आपूर्ति के कनेक्शन के लिए आवेदन किया। एमएसईडीसीएल ने पहली बार 24 मार्च, 2022 के पत्र के माध्यम से केएलएल पर क्रॉस सब्सिडी शुल्क (सीएससी) और अतिरिक्त अधिभार (एएससी) की मांग उठाई है।

एमएसईडीसीएल को सीएसएस और एसीएस के लिए शुल्क का भुगतान (26 मार्च, 2018 से 28 फरवरी, 2022 की अवधि के लिए) 31 मार्च, 2022 को मांग पत्र सं. एसआर/आरसी/

टेक/एचटीसी–न्यू/1439 दिनांक 30 मार्च, 2022 के अनुसार किया गया ताकि केएलएल को स्वीकृत भार जारी किया जा सके।

ख) एमआईडीसी को भूमि के उप–विभाजन के लिए भुगतानः आरजीपीपीएल ने एनसीएलएटी के दिनांक 28 फरवरी, 2018 के आदेश के अनुसार, कंपनी के पक्ष में भूखंड के उप–विभाजन के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) में एक आवेदन दायर किया था। उक्त आवेदन के जवाब में एमआईडीसी द्वारा आरजीपीपीएल को उनके 29 अक्तूबर, 2020 के पत्र के माध्यम से निम्नलिखित मांगें की गई हैं।

i) आरजीपीपीएल से कंपनी को भूमि के उप विभाजन के लिए ₹ 0.80 करोड का अंतर प्रीमियम।.

ii) दाभोल पावर कंपनी (डीपीसी) से आरजीपीपीएल को भूखंड के पिछले हस्तांतरण के लिए अंतर प्रीमियम हेतु 9.09 करोड़।

iii) 2013 से 2020 तक ₹ 7/– की दर से वार्षिक पट्टा किराया।

आरजीपीपीएल ने दिनांक 21 दिसंबर, 2020 के उनके पत्र द्वारा क्र.सं. (ii) के अनुसार मांग की है।

केएलएल ने दिनांक 11 मई, 2021 के अपने पत्र द्वारा एमआईडीसी से आरजीपीपीएल के दिनांक 21 दिसंबर, 2020 के पत्र के निर्णय के अनुसार क्र.सं. (प) की मांग पर विचार करने का अनुरोध किया और आरजीपीपीएल से भूमि हस्तांतरण के लिए लागू शुल्क हेतु सीधे कंपनी को उचित मांग करने का भी अनुरोध किया।

केएलएल को एमआईडीसी से क्र.सं. (प) के अनुसार प्रभारों के लिए उनके दिनांक 24 मार्च, 2022 के पत्र सं. एमआईडीसी/आरओआर/डीबीएल/ए–1/ बी–02315/2022 द्वारा और कंपनी को क्र.सं. (पप) के अनुपात के अनुसार मांग प्राप्त हुई है। तदनुसार, 3,49,64,208/– की राशि का भुगतान किया गया और 28 मार्च, 2022 को भूमि उपखंड आदेश प्राप्त हुआ। यह एमएसईडीसीएल से बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की एक पूर्व शर्त थी।

